श्रीश्रीगुरुगौराङ्गौ जयतः

गौडीय सेनाधिपति श्रील श्रीजीवगोस्वामी प्रभुपाद विरचितः

सर्वसम्बादिनी एवं विनोदिनी टीकापेतः

श्रीकृष्ण सन्दर्भः

हिन्दी अनुवाद सहित

गौडीयसम्प्रदायाचार्य
श्रीहरिदास शास्त्रीणा सम्पादितः

आधुनिक प्रतिलिपि संस्करण

पण्डित श्रीरघुनाथ दास शास्त्रीजी महाराज

व्याकरण,वेदान्तदर्शन,(श्रीधामवृन्दावन)

www.bhaktidarshan.org

Whatsapp +918218476676

श्रीश्रीगौरगदाधरौ विजयेताम्

श्रील श्रीजीवगोस्वामिप्रभुपाद-विरचिते

श्रीभागवतसन्दर्भे
चतुर्थः

("सर्वसम्वादिनी एवं विनोदिनी"-टीकोपेतः)

श्रीकृष्णसन्दर्भः

श्रीवृन्दावनधामवास्तव्येन न्यायवैशेषिकशास्त्रि, नव्यन्यायाचार्य्य,
काव्यव्याकरणसांख्यमीमांसा वेदान्ततर्कतर्कतर्क
वैष्णवदर्शनतीर्थाद्युपाध्यलङ्कृतेन
श्रीहरिदासशास्त्रिणा
सम्पादितः ।

सद्ग्रन्थ प्रकाशक :—
श्रीहरिदासशास्त्री
श्रीगदाधरगौरहरि प्रेस,
श्रीहरिदास निवास, कालीदह, पो० वृन्दावन ।
जिला-मथुरा (उत्तर प्रदेश)

प्रकाशक :—

श्रीहरिदासशास्त्री

श्रीगदाधरगौरहरि प्रेस,
श्रीहरिदास निवास।
पुराणा कालीदह।
पो०—वृन्दावन।
जिला—मथुरा। (उत्तर प्रदेश)

द्वितीयसंस्करणम्—पञ्चशतम्

प्रकाशनतिथि

ॐ विष्णुपाद अष्टोत्तरशत
श्री-श्रीमद् विनोदविहारी गोस्वामी प्रभु विरह तिथि
पौष कृष्णा द्वितीया १०।१२।८४
श्रीगौराङ्गाब्द ४९८

मुद्रकः—

श्रीहरिदास शास्त्री
श्रीहरिदास निवास, कालीदह,
पो० वृन्दावन, जिला—मथुरा,
(उत्तर प्रदेश) पिन—२८११२१

* श्रीश्रीगौरगदाधरौ विजयेताम् *

विज्ञप्ति

"श्रीकृष्णसन्दर्भ" श्रीजीवगोस्वामि प्रणीत दर्शन ग्रन्थ है, यह ग्रन्थ श्रीभागवतसन्दर्भ एवं षट्सन्दर्भ नाम से सुविख्यात है, श्रीमद् भागवतस्थ सम्बन्ध, अभिधेय, प्रयोजन तत्त्व प्रतिपादन में प्रवृत्त होने के कारण—नाम—श्रीभागवतसन्दर्भ है, एवं तत्त्व, भगवत्, परमात्म, श्रीकृष्ण, भक्ति, प्रीति रूप षट् खण्ड में विभक्त हेतु षट् सन्दर्भ नाम हुआ है।

तन्मध्य में तत्त्व, भगवत्, परमात्म, श्रीकृष्णसन्दर्भ में श्रीमद् भागवतोक्त सम्बन्ध तत्त्व का प्रतिपादन हुआ है, भक्ति सन्दर्भ में अभिधेय तत्त्व भक्ति का, एवं प्रीति सन्दर्भ में प्रयोजन तत्त्व,—प्रीति का वर्णन है।

उत्तम शिक्षा के द्वारा ही मानवीय सर्वाङ्गीण ऐक्य सम्भव है, निखिल प्रमाण शिरोमणि श्रीमद् भागवत ग्रन्थ के अवलम्बन से सर्व मानवीय साध्य साधन में एकता स्थापन सम्भव है, इस में एक अद्वय ज्ञानतत्त्व ही परतत्त्व है, साधक की दृष्टि भेद से वह परतत्त्व ब्रह्म, परमात्मा, भगवान् एवं श्रीकृष्ण रूप में दृष्ट होते हैं सुशील मृदुवदान्य एवं सर्वहित कारी श्रीकृष्णके आदर्श से प्रेरित होकर मानव सर्वक्षेत्रमें हार्दिक ऐक्य प्राप्त कर सकता है। कारण—श्रीकृष्ण ही एकमात्र घनीभूत परमानन्द हैं।

यह ग्रन्थ केवलमात्र श्रीमन्महाप्रभु श्रीचैतन्य देव प्रवर्त्तित वैष्णवधर्मावलम्बियों की धार्मिक भित्ति है, यह नहीं, किन्तु सर्वमानवीय आभ्युदयिक धर्मभित्ति यह ही है।

विश्वसमुज्ज्वलकारी शिक्षा एक मात्र वृन्दावनीय शिक्षा ही है, इस में ही निज कायिक वाचिक मानसिक समस्त आचरणों के द्वारा अपर को सदा उल्लसित देखने की पद्धति है।

श्रीमद् भागवत को प्रमाण रूप में स्थापन करना जिस प्रकार दुरूह व्यापार है, उससे भी अत्यन्त दुरूह है, श्रीमद् भागवत के अवलम्बन से श्रीकृष्ण तत्त्व, उनके परिकर तत्त्व, भक्ति तत्त्व एवं धामतत्त्वका प्रतिपादन।

सन्दर्भ ग्रन्थ में ही श्रीजीव गोस्वामी महोदय की अलोकसामान्य प्रतिभा द्वारा उक्त तत्त्व समूह का स्थापन निःसन्दिग्ध रूप से हुआ है।

यह ग्रन्थ केवल कपोलकल्पित नहीं है, किन्तु श्रुति प्रभृति प्रमाण सम्मत है, तथा श्रीमन् मध्वाचार्य्य श्रीरामानुजाचार्य्य प्रतिपादित शास्त्रसिद्धान्त सम्मत है, श्रीचैतन्यचरणानुचर श्रीरूपसनातन गोस्वामिद्वय के सन्तोषार्थ दाक्षिणात्य विप्रकुलोद्भव श्रीगोपालभट्ट गोस्वामिचरण के द्वारा संगृहीत ग्रन्थ ही प्रस्तुत सन्दर्भ का आदर्श है, ग्रन्थारम्भ में उसका उल्लेख इस प्रकार है—

'तौ सन्तोषयता सन्तौ श्रीलरूपसनातनौ
दाक्षिणात्येन भट्टेन पुनरेतद्विविच्यते।
तस्याद्यं ग्रन्थनालेखं क्रान्तव्युत्क्रान्तखण्डितम्।
पर्य्यालोच्याथ पर्य्यायं कृत्वा लिखति जीवकः॥"

जिस ग्रन्थमें गूढ़ार्थ का प्रकाश, सारोक्ति, श्रेष्ठता, एवं विविध ज्ञातव्य विषय निर्दिष्ट रूपसे सन्निविष्ट है, उसे सन्दर्भ कहते हैं।

"गूढ़ार्थस्य प्रकाशश्च सारोक्तिः श्रेष्ठता तथा
नानार्थवत्त्वं वेद्यत्वं सन्दर्भः कथ्यते बुधैः" ।।

निखिल उपनिषद् समुद्र मन्थन पूर्वक महर्षिवेदव्यास—वेदान्त सूत्र अथवा ब्रह्मसूत्र का प्रणयन किये हैं, अनन्तर उक्त ब्रह्म सूत्रार्थ का तात्पर्य्य प्रकाश हेतु श्रीमद् भागवत ग्रन्थ प्रणयन किये थे, अतएव गरुड़ पुराणोक्त वचनानुसार "अर्थोऽयं ब्रह्मसूत्राणां" श्रीमद् भागवत ही वेदान्त सूत्र कार व्यासदेव कृत अकृत्रिम वेदान्तसूत्रभाष्य है, जिसका समन्वय--श्रीहरिदास शास्त्रिकृत 'वेदान्त दर्शन' नामक ग्रन्थ में समुपलब्ध है ।

श्रीमद् भागवत में वर्णित है—'वदन्ति तत्तत्त्व विदस्तत्त्वं यज्ज्ञानमद्वयं ब्रह्मेति परमात्मेति भगवानिति शब्द्यते ।

एवं अद्वय ज्ञानतत्त्व की ज्ञान योग भक्ति नामक साधनत्रय से त्रिधा अभिव्यक्ति होती है, परतत्त्व किसी भी अवस्था में निःशक्तिक नहीं है,साधक की दृष्टि से ही अनभिव्यक्तशक्तिक प्रतीत होते हैं । कारण–"परास्य शक्ति विविधैव श्रूयते स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च" श्रुति संवाद है । अतः श्रीवेदव्यास के अभीप्सित ब्रह्म निःशक्तिक नहीं हैं, किन्तु सविशेष हैं, अनन्त शक्ति सम्पन्न ब्रह्म में शक्ति त्रय का प्राधान्य है, अन्तरङ्गाचिच्छक्ति, वहिरङ्गा माया शक्ति एवं तटस्था शक्ति—जीव शक्ति है ।

चिच्छक्ति—नित्य ही स्वरूप में अवस्थित होने से उसका नाम स्वरूप शक्ति भी है ।

मायाशक्ति—कभी भी ब्रह्म स्वरूप को स्पर्श नहीं करती है, अतः उसका नाम वहिरङ्गाशक्ति है, अन्तरङ्गा वहिरङ्गा उभय शक्ति के सहित ही जीवशक्ति का योग सम्भव है, तज्जन्य उसे तटस्थाशक्ति कहते हैं, जीव शक्ति विशिष्ट ब्रह्म का अंश ही जीव है, जीव,—ब्रह्मका चित्कण अंश है, स्वरूपतः ब्रह्म का दास है ।

"दासभूतो हरेरेव नान्यस्यैव कदाचन" श्रुति ।

"कारणस्य आत्मभूता शक्तिः, शक्तेश्च आत्मभूतं कार्य्यम्" इस नियम से ब्रह्म नित्य सक्रिय शक्ति समन्वित हैं, शक्ति भी निरन्तर सक्रिय है, कारण, शक्ति नित्य सक्रिय न होने से उसका अस्तित्व का ज्ञान ही नहीं होगा । चिच्छक्ति की विलास वैचित्री के प्रकार भेद से ब्रह्म भी अनादि काल से विभिन्न रूप से अभिव्यक्त होते रहते हैं, उक्त चिच्छक्ति का ही विलास फल स्वरूप विभिन्न स्वरूप के विभिन्न धाम भी हैं, एवं तत्तत् धाम में उक्त विभिन्न स्वरूप निज निज स्वरूपानुकूल लीलादि में भी विलसित हैं । तज्जन्य, प्रत्येक धाम में ही स्वरूप शक्ति के विलासोपयोगी परिकरादि भी हैं, स्वरूप शक्ति का विलास विद्यमान होने के कारण ही उक्त स्वरूप समूह को भगवान् कहते हैं ।

सच्चिदानन्द ब्रह्म वस्तु एवं उनकी शक्ति, तथा स्वरूप शक्ति का विलास वैचित्र्य नित्य होने के कारण, उक्त समस्त भगवत् स्वरूप, उनके धाम, एवं परिकर, लीलादि भी नित्य हैं ।

परतत्त्व में स्वरूप शक्ति का विलास तारतम्य जब है, तब जिस अवस्था में स्वरूप शक्ति का विलास सुपरिस्फुट नहीं है, इस प्रकार एक स्वरूप स्वीकार करना भी कर्त्तव्य है, इस स्वरूप को निर्विशेष ब्रह्म कहते हैं, जहाँपर यह स्वरूप विद्यमान है, वह धाम भी निर्विशेष है, वहाँ चिच्छक्ति अवश्य है, किन्तु चिच्छक्ति का विलास नहीं है ।

जिस में समस्त शक्ति की पूर्णतम रूप में अभिव्यक्ति है, इस प्रकार एक स्वरूप भी स्वीकार्य्य है, इस स्वरूप में ही ब्रह्म का ब्रह्मत्व की पूर्णतम अभिव्यक्ति है, इस स्वरूप का नाम ही नराकृति पर ब्रह्म व्रजेन्द्र नन्दन श्रीकृष्ण हैं, अद्वय ज्ञान तत्त्व रूप परतत्त्व की पर्य्याप्ति भी व्रजेन्द्र नन्दन श्रीकृष्ण में है । अतः

"यस्यां वै श्रूयमाणायां कृष्णे परमपूरुषे भक्ति रुत्पद्यते पुंसां शोकमोहभयापहा" के द्वारा एक अद्वय ज्ञान तत्त्व के नाम चतुष्टय का प्रदर्शन श्रीमद्भागवत में हुआ है ।

व्रजीय श्रीकृष्ण में समस्त शक्ति की पूर्णतम अभिव्यक्ति होने के कारण श्रीकृष्णचन्द्र ही पूर्णतम भगवान्, अथवा स्वयं भगवान् हैं, श्रीकृष्ण ही लीला पुरुषोत्तम हैं, "कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्, कृष्ण वै परम दैवतम्" से उनका ही कथन हुआ है ।

श्रीकृष्ण की भगवत्ता,—अन्य निरपेक्ष है, श्रीकृष्ण,—स्वयं सिद्ध—सजातीय—विजातीय—स्वगत भेदत्रय शून्य हैं । अतएव श्रीकृष्ण ही अद्वय ज्ञान तत्त्व हैं ।

अन्यान्य भगवत् स्वरूप में श्रीकृष्ण की ही स्वरूप शक्ति का आंशिक विकाश है, एवं उन सब की भगवत्ता,- श्रीकृष्ण की भगवत्ता से विनिःसृत होने के कारण—वे सब कोई भी स्वयं भगवान् नहीं हैं ।

श्रीकृष्ण धाम का साधारण परिचायक शब्द श्री कृष्ण लोक है, इस की द्वारका, मथुरा, एवं गोकुल रूप में त्रिविध अभिव्यक्ति हैं । किन्तु द्वारका, मथुरा की अपेक्षा श्रीगोकुल का ही असमोर्द्ध्व वैशिष्ट्य है, श्रीगोकुल ही स्वयं रूप श्रीनन्द नन्दन का निजस्व धाम है । गोलोक उक्त धामका वैभव विशेष है ।

अपरापर भगवत् स्वरूप के विभिन्न धाम समूह का साधारण नाम 'परव्योम' है । परव्योमस्थ सविशेष धाम समष्टि के वहिर्देश में 'सिद्ध लोक' नामक एक निर्विशेष ज्योतिर्मय स्थान है, यह ही निर्विशेष ब्रह्म का धाम है ।

सिद्ध लोक के बाहर चिन्मय वेदाङ्ग जल पूर्ण कारणसमुद्र परिखावत् परव्योम को वेष्टन कर अवस्थित है । इस कारण समुद्र के बाहर वहिरङ्गामाया शक्ति का विलासस्थल— प्राकृत ब्रह्माण्ड हैं ।

श्रीकृष्ण की विलास मूर्त्ति—परव्योमाधिपति चतुर्भुज श्रीनारायण हैं, वासुदेव, सङ्कर्षण, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध नामक उनके चतुर्व्यूह हैं । सङ्कर्षण के अंशावतार सहस्रशीर्षा पुरुष, कारणार्णव में स्थित हैं, इनका अपर नाम, महाविष्णु हैं, इनकी प्रथम पुरुष संज्ञा भी है । महाप्रलय में जीव निचय, इनके शरीर में अवस्थित होते हैं, एवं सृष्टि के प्रारम्भ में भगवदिच्छा से साम्यावस्थापन्ना त्रिगुणात्मिका प्रकृति के प्रति आप दृष्टि द्वारा शक्ति सञ्चार करते हैं, एवं निज देह में लीन जीव निवह को समर्पण करते हैं । प्रकृति क्षोभिता होकर विकार प्राप्त होती है, एवं उक्त पुरुष की शक्ति से प्रकृति से अनन्त ब्रह्माण्ड की सृष्टि होती है ।

कारणार्णवशायी प्रथम पुरुष, समष्टि ब्रह्माण्ड के अन्तर्यामी अथवा नियन्ता हैं, ब्रह्माण्ड सृष्टि के अनन्तर आप व्यष्टि ब्रह्माण्ड के अन्तर्य्यामिरूप से एक एक ब्रह्माण्ड में प्रविष्ट होते हैं, व्यष्टि ब्रह्माण्ड के अन्तर्य्यामी भी सहस्रशीर्षा पुरुष हैं, उनको द्वितीय पुरुष एवं गर्भोदकशायी भी कहते हैं । इनसे ब्रह्मा, विष्णु, एवं रुद्र का आविर्भाव होता है । रजोगुण को अवलम्बन कर ब्रह्मा चतुर्दश भुवन एवं व्यष्टि जीवकी सृष्टि करते हैं, तमोगुण को अङ्गीकार कर रुद्र,— प्रलय समय में ब्रह्माण्ड को विनष्ट करते हैं, श्रीविष्णु सत्त्व गुण के प्रति दृष्टि निक्षेप करतः ब्रह्माण्ड का पालन करते हैं ।

यह विष्णु ही व्यष्टि जीवान्तर्य्यामी हैं, चतुर्भुज हैं, एवं क्षीर समुद्र में अवस्थान हेतु उनको क्षीरोदशायी तृतीय पुरुष, अनिरुद्ध कहते हैं । पुरुषत्रय का नाम ही अन्तर्य्यामी है, सुतरां परमात्मा-नियन्ता हैं । पुरुषत्रय का कार्य्य वहिरङ्गा माया शक्ति के अवलम्बन से है । वे सब ही सङ्कर्षण के अंशांश हेतु स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण के अंश कलामात्र हैं ।

अन्तर्य्यामी में शक्ति विकाश निबन्धन अन्तर्य्यामी परमात्मवृन्द, शक्ति विकाश हीन निर्विशेष ब्रह्म से श्रेष्ठ हैं, इन सब के अंशी होने के कारण, परव्योमाधिपति नारायण—परमात्मवृन्द से श्रेष्ठ हैं, श्रीनारायण से द्वारका मथुराधिपति श्रीकृष्ण श्रेष्ठ हैं, द्वारका मथुराधिपति श्रीकृष्ण से स्वयं भगवान्

नन्दनन्दन श्रीकृष्ण श्रेष्ठ हैं।

श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता केवल सन्दर्भ ग्रन्थ में श्री जीव गोस्वामि चरण के द्वारा अविसंवादित सत्य रूप में प्रतिपादित हुई है, एतद्व्यतीत परतत्त्व में शक्ति स्वीकार करने वाले आचार्यों के मत में श्रीकृष्ण स्वयं भगवान् स्वीकृत नहीं हैं, मतवाद इस प्रकार है—श्रीकृष्ण—नारायण के अंश हैं, वासुदेव हैं, महाविष्णु का अवतार है, केशावतार हैं, कारणार्णवशायी का अवतार हैं, भूमापुरुष का अवतार हैं, अनिरुद्ध का अवतार हैं, विकुण्ठासुत हैं, वामन का अवतार हैं, राम का अवतार हैं ?

अतएव गौड़ीय सम्प्रदाय व्यतीत अन्यत्र श्रीकृष्ण स्वरूप, व्रज एवं व्रजपरिकर एवं व्रज भक्ति की नित्यता स्वीकृत नहीं है। अवतार ग्रहण के अनन्तर निज अंशी में श्रीकृष्ण लीन होते हैं। अतएव श्रीकृष्ण व्रजभक्ति, व्रज परिकर व्रज धाम, श्रीकृष्ण नाम को स्वीकार, एक मात्र भागवत सन्दर्भ से ही होता है। श्रीश्रीभागवत सन्दर्भ ग्रन्थ निखिल दर्शन शास्त्र समूह के मध्य में अपूर्व रत्न विशेष है। उस में भी श्रीकृष्ण सन्दर्भ कौस्तुभ मणि तुल्य है।

स्वीय अचिन्त्य शक्ति के प्रभाव से नराकृति पर ब्रह्म श्रीकृष्ण, समस्त विरुद्ध धर्म का आश्रय हैं, उन में अणुत्व विभुत्व युगपत् वर्त्तमान हैं, एवं भगवद्धामादि भी "सर्वग, अनन्त, विभु कृष्ण तनुसम हैं।"

भगवत् स्वरूप समूह के धाम, लीला एवं परिकरादि तत्तत् भगवत् स्वरूप के अनुरूप हैं। सुतरां स्वरूप शक्ति के विलास वैचित्री के तारतम्य के अनुसार अन्यान्य भगवत् स्वरूप के धाम, परिकर लीलादि से श्रीनारायण के धाम परिकर लीलादि श्रेष्ठ हैं, श्रीनारायण से द्वारका मथुरा का धाम माहात्म्य परिकर लीलादि श्रेष्ठ हैं। एवं द्वारका मथुरा से श्रीगोकुल के धाम माहात्म्य परिकर लीलादि का अपूर्व वैशिष्ट्य है।

नन्द नन्दन श्रीकृष्ण,—गोकुल में, दास सखा पिता माता एवं प्रेयसी वृन्द के सहित दास्य सख्य वात्सल्य एवं मधुर रस आस्वादन करते हैं, एवं स्वीय परिकर वृन्द को अपूर्व आनन्द चमत्कारिता का आस्वादन कराते रहते हैं।

श्रीकृष्ण के गोकुल परिकर वृन्द के मध्य में श्रीकृष्ण प्रेयसी वृन्द का विशेषत्व सर्वातिशायी है। वे सब श्रीकृष्ण क्रीड़ा तनु हैं, एवं प्रेयसी हैं, तथा श्रीकृष्ण के द्वारा अपरिणीत सम्बन्धान्वित हैं, अन्तरङ्ग प्रेम सम्बन्ध से ही श्रीकृष्ण के सहित स्वाभाविक सम्बन्धान्वित हैं, भङ्गुर सामाजिक विवाह बन्धनान्वित नहीं हैं। जिस प्रकार लक्ष्मी नारायण में आनुष्ठानिक सम्पर्क नहीं है। तद्रूप ही जानना होगा।

उक्त प्रेयसीवृन्द के मध्य में अखण्ड रसवल्लभा वृषभानुनन्दिनी श्रीमती राधिका की रूप, गुण माधुर्य्य एवं रस परिवेशन परिपाटी सर्वातिशायी है।

अखण्ड रस स्वरूप चिदानन्द घन मूर्त्ति श्रीनन्दनन्दन में ही परब्रह्मत्व का चरम विकाश है, एवं अखण्ड रस वल्लभा श्रीमती राधिका में ही स्वरूप शक्ति की चरम अभिव्यक्ति है। सुतरां शक्ति शक्तिमान् के परम अभिव्यक्ति स्वरूप युगलित श्रीराधाकृष्ण ही परम स्वरूप हैं।

उक्त विषय समूह प्रतिपादन निबन्धन निम्नोक्त षोड़श प्रकरण अङ्कित हुये हैं—

श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता का विचार, परमात्मा के स्थान, स्वरूपादि निर्णय, स्वरूप, एवं तटस्थ लक्षण, परमात्मा का आकार, (१) लीलावतार का विचार, श्रीकृष्ण बलराम का वैशिष्ट्य, अवतार समूह का नित्यत्व एवं प्रकार भेद, अंशत्व का विवरण, विभूति विमर्श प्रभृति। (२) स्वयं भगवत्ता का विचार

प्रपञ्च में श्रीकृष्णावतरण का हेतु निर्देश, स्वांश, विभिन्नांश, स्वयं भगवत्ता के सम्बन्ध में यावतीय सन्देह निरसन, केशावतारत्व का खण्डन, विष्णु पुराण, महाभारत, नृसिंह पुराण एवं हरिवंश पुराण के सहित प्रस्तुत ग्रन्थोक्ति का विरोध एवं समाधान, श्रीभगवान् का लीलावतार कर्त्तृत्व एवं पुरुषावतार कर्त्तृत्व। (३) श्रीकृष्ण स्वरूप की नित्यता, श्रीमद् भागवत के महावक्ता एवं श्रोतृवृन्द का तात्पर्य्य श्रीकृष्ण में ही है, श्रीमद् भागवत में अभ्यास अर्थात् बहुश उक्ति श्रीकृष्ण की ही है। एवं उक्त उक्ति समूह 'कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" परिभाषा वाक्य के प्रतिनिधि वाक्य हैं। श्रीकृष्ण प्रतिनिधि रूप श्रीमद् भागवत का भी मुख्य तात्पर्य्य श्रीकृष्ण में ही है, श्रीकृष्ण का ही पारतम्य, एवं द्विभुजत्वादि का विचार (४)।

श्रीबलदेव, प्रद्युम्न, एवं अनिरुद्ध का स्वरूप। (५) श्रीकृष्ण का रूप, विभुत्व, स्वयं रूपत्व, नराकारत्व, (६) श्रीधामतत्त्व, श्रीवृन्दावन एवं गोलोक का एकत्व, पृथिवी में प्रकाश मान धाम समूह, अप्राकृतत्व, धाम का नित्यत्व, गोलोक का नित्यत्व (८) श्रीकृष्ण परिकर की वर्णना, (९) यादवादि की श्रीकृष्णपार्षदता, गोपी निरह का नित्य पार्षदत्व, गोपीवृन्द की गुणमय देहत्याग मीमांसा, (१०) श्रीकृष्ण के नन्द यशोदा पुत्रत्वादि (११) श्रीकृष्ण लीला रहस्य, अप्रकट एवं प्रकट लीला, मन्त्रोपासनामयी एवं स्वारसिकी उपासना, परिकर गण की अभिमानक्रिया, एवं उन का प्रकाश भेद, (१२) प्रकट एवं अप्रकट लीला का समन्वय, श्रीकृष्ण का व्रज में स्थिति काल निर्णय, पुनर्वार व्रजागमन वृत्तान्त, अप्रकट लीला में प्रवेश, नन्दादि का परम वैकुण्ठ में प्रवेश एवं श्री कृष्ण का द्वारका गमन (१३) श्रीमद् भागवत में श्रीकृष्ण का व्रजागमन अस्पष्ट क्यों? (१४)

अप्रकट लीलागत भावविचार, यादव, एवं व्रजवासि वृन्द का स्वरूप विचार महिषीवृन्द का स्वरूप निर्णय। (१५)

व्रजदेवी का माहात्म्य, स्वरूप, श्रीराधा का स्वरूप, उत्कर्ष, श्रीराधामाधव युगलमाधुरी (१६) प्रभृति वर्णन के द्वारा प्रस्तुत ग्रन्थ में सम्बन्ध तत्त्व निरूपित हुआ है।

श्रीजीव गोस्वामिरचित ग्रन्थावली—

षट्सन्दर्भ, सर्वसम्वादिनी, श्रीहरिनामामृत व्याकरण, सूत्र मालिका, धातु संग्रह, भक्ति रसामृतशेष, श्रीमाधवमहोत्सव, श्रीगोपाल चम्पू, संकल्प कल्प वृक्ष, श्रीगोपाल विरुदावली, श्रीगोपाल तापनी टीका, ब्रह्मसंहिता टीका, रसामृतसिन्धु टीका, उज्ज्वलनीलमणि टीका, गायत्री भाष्य, क्रमसन्दर्भ, बृहत्क्रमसन्दर्भ, वैष्णव तोषणी, श्रीराधाकृष्णार्चन दीपिका, श्रीराधाकृष्ण करपद चिह्न समाहृति प्रभृति हैं।

परिचय—

प्रसिद्ध श्रीकृष्ण चैतन्य मतीय भक्ति ग्रन्थ प्रणेता श्रीजीव गोस्वामि चरण हैं, लघु वैष्णव तोषणी नाम्नी श्रीमद् भागवतीय टीका के उपसंहार में आत्म परिचय उन्होंने इस प्रकार अङ्कित किया है—

ऊर्द्ध्वतन सप्तम पुरुष 'सर्वज्ञ' कर्णाटदेशीय ब्राह्मणवृन्द वरिष्ठ जगद् गुरु नाम से प्रख्यात थे, एवं तत्रत्य नृपति भी थे, आप सर्वशास्त्र विशारद एवं भरद्वाज गोत्रीय यजुर्वेदी ब्राह्मण थे। सर्वज्ञ का पुत्र—अनिरुद्ध, यजुर्वेद के सुपण्डित महायशाः एवं वरेण्य थे। उनके रूपेश्वर एवं हरिहर पुत्रद्वय शास्त्र एवं शस्त्र विद्या में निपुण थे, अतः हरिहर के द्वारा पितृ प्रदत्त राज्य अपहृत होने पर रूपेश्वर पौरस्त्य प्रदेश में निवास किये थे। उनका 'पद्मनाभ' नामक रूप गुण विद्यादि सम्पन्न एक पुत्र थे, जिन्होंने नव हट्ट 'नैहाटि' ग्राम में आवास स्थापन किया था, पद्मनाभ के आठार कन्या एवं पाँच पुत्र थे, कनिष्ठ पुत्र का नाम मुकुन्द था, उनका 'कुमारदेव' परम आचार निष्ठ व्यक्ति थे। नैहाटि में धर्म विप्लव उपस्थित होने पर वाक्ला चन्द्र द्वीप में निवास किये थे।

कुमारदेव के अनेक पुत्र के मध्य में सनातन, रूप एवं अनुपम प्रसिद्ध थे। पितृ वियोग होने पर आप

सब गौड़ राजधानी के सन्निकटवर्त्ती साकुर्मा नामक पल्ली में विद्याशिक्षार्थ मातुलालय में निवास करते थे। अनन्तर उपयुक्त समय में गौड़राज हुसेन साह के मन्त्रित्व पद में सनातन रूप वृत होकर शाकर मल्लिक दबीर खास नाम से भूषित हुये थे। अनुपम के पुत्र ही श्रीजीव हैं।

श्रीजीव का पितृ वियोग बाल्य काल में ही हुआ था, श्रीजीव, बाल्यकाल से ही श्रीभगवान् में अनुरागी थे। बाल्योचित क्रीड़ा में पराङ्मुख होकर पुष्प चन्दनादिके द्वारा श्रीकृष्णार्चन का अनुष्ठान करते थे।

भक्ति रत्नाकर में उक्त है—

"श्री जीव बालक काले बालकेर सने।
श्रीकृष्ण सम्बन्धविना खेला नाहि जाने॥
कृष्ण बलराम मूर्त्ति निर्म्माण करिया।
करितेन पूजा पुष्प चन्दनादि दिया॥" (१।७१९)

श्रीजीव गोस्वामी की वंशवल्ली।

श्रीसर्वज्ञ (जगद्‌गुरु कर्णाटक राजा १२०३ शक)
|
अनिरुद्ध (१२३८ शक में राजा)
| |
हरिहर रूपेश्वर
|
पद्मनाभ १३०८ शक में जन्म
पुरुषोत्तम, जगन्नाथ, नारायण, मुरारि, मुकुन्द देव
|
कुमार देव
| | |
३ श्रीसनातन, ४ श्रीरूप, श्रीवल्लभ (अनुपम)
| | |
(१३८६-१४७६) (१३९२-१४७६) (१३९५-१४३७)
|
श्रीजीव (१४३३-१५१८)।

श्रीचैतन्य देवकी प्रेरणा से श्रीरूप सनातन जीव हितकर कार्य्य में आत्म नियोग करने पर श्रीजीव में प्रबल विषय वितृष्णा का उदय हुआ, भक्ति रत्नाकर में उल्लेख इस प्रकार है—

"नानारत्न भूषा परिधेय सूक्ष्म वास।
अपूर्व शयन शय्या भोजन विलास।
ए सब छाड़िल किछु नाहिभाय चिते।
राज्यादि विषयवार्त्ता ना पारे शुनिते॥"

क्रमशः वृन्दावन निवासी श्रीरूप सनातन गोस्वामी के आकर्षण से श्रीजीव का मन गृह में संसक्त नहीं हुआ, एकदिन स्वप्न में श्रीमन् महाप्रभु को देखकर अधीर होकर परिजन वर्ग को कहे थे "मैं अध्ययन निमित्त नवद्वीप जाऊँगा" इस छल से आप बाक्‌ला चन्द्रद्वीप से नवद्वीप आये थे एवं श्रीवास अङ्गन में उपस्थित होकर श्रीनित्यानन्द प्रभु की कृपा प्राप्त किये थे।

" नित्यानन्द प्रभु महावात्सल्य विह्वल।
धरिला श्रीजीव माथे चरण युगल ॥ (भक्तिरत्नाकर १।६७५)

श्रीनित्यानन्द प्रभु ने कहा "मैं खड़दह से तुम्हारे निमित्त यहाँ आया हूँ, कुछ दिन नवद्वीप में अवस्थान कर तुम श्रीवृन्दावन जाओ।"

श्रीजीव,—श्रीनित्यानन्द प्रभु से आदेश प्राप्त कर नवद्वीप से काशी आये थे, एवं वहाँ शास्त्र अध्ययन पूर्वक श्रीवृन्दावन में आकर श्रीरूप सनातन के श्रीचरणाश्रित हुये थे। श्रीजीव, अलौकिक प्रतिभा सम्पन्न व्यक्ति थे, उनका अवदान चिरकाल मनुष्य समाज को उद्भासित करता रहेगा।

एतत् ग्रन्थसह श्रीजीवकृत श्रीकृष्णसन्दर्भ की अणुव्याख्या 'सर्वसम्वादिनी" सन्निविष्ट है, उस में निम्नोक्त विषय समूह अङ्कित हैं।

अवतार तत्त्व विचार (१) श्रीकृष्ण का केशावतारत्वखण्डन (२) श्रीकृष्णनाम की श्रेष्ठता प्रयुक्त श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता (३) श्रीकृष्ण भजन की सर्वगुह्यतमता (४) श्रीचरणचिह्न (५) श्रीगोपी भजन की सर्व श्रेष्ठता प्रभृति (६)

श्रीहरिदास शास्त्री

❋ श्रीश्रीगौरगदाधरौ जयतः ❋

❀ सूचीपत्र ❀

मूल—१८९—श्लोक ५८१ लेख ३१७५ श्लोक

श्रीहरिदास शास्त्री

※ श्रीश्रीगौरगदाधरौ विजयेताम् ※

श्रील श्रीजीवगोस्वामि-प्रभुपाद-विरचिते

श्री भागवतसन्दर्भे

चतुर्थः

श्रीकृष्णसन्दर्भः

तौ सन्तोषयता सन्तौ श्रील-रूप-सनातनौ ।
दाक्षिणात्येन भट्टेन पुनरेतद्विविच्यते ॥१॥
तस्याद्यं ग्रन्थनालेखं क्रान्त-व्युत्क्रान्त-खण्डितम् ।
पर्य्यालोच्याथ पर्य्यायं कृत्वा लिखति जीवकः ॥२॥

श्रीजीवगोस्वामि-प्रभुपाद-विरचिता

श्रीसर्वसम्वादिनी

श्रीकृष्णसन्दर्भानुव्याख्या

'अथ' इति निर्द्धारणम्,—बहुष्वेकस्य निर्णयः।

[मूलसन्दर्भे ५म अनु०] "एतत्" इति ;—यस्य शक्तित्वेनांशौ प्रकृति-शुद्धसमष्टिजीवौ ;—तयोरंशेन

कृष्णचन्द्रं प्रणम्याथ ह्लादिन्याश्लिष्टमीश्वरम् ।
सन्दर्भेषु चतुर्थस्य व्याख्यां कुर्वे यथामति ॥

परमात्मसन्दर्भ वर्णन के अनन्तर वर्णन क्रम से श्रीकृष्णसन्दर्भ का वर्णन करते हैं। "गूढ़ार्थस्य प्रकाशश्च सारोक्तिः श्रेष्ठता तथा, नानार्थवत्त्ववेद्यत्वं सन्दर्भः कथ्यते बुधैः" जिस प्रबन्ध में गूढ़ार्थ का प्रकाश, सारोक्ति, श्रेष्ठता एवं ज्ञातव्य विषय की बहुलता विद्यमान है। उसे सन्दर्भ कहते हैं,—यह सन्दर्भ भागवतसन्दर्भ षट् के मध्य में चतुर्थ सन्दर्भ है, सम्बन्धाभिधेय प्रयोजन वर्णनात्मक रूप षट्सन्दर्भ में प्रथम तत्त्व भगवत्, परमात्म, श्रीकृष्णसन्दर्भ में सम्बन्धितत्त्व का वर्णन है, भक्तिसन्दर्भ में अभिधेय तत्त्व एवं प्रीतिसन्दर्भ में प्रयोजन तत्त्व का वर्णन है। (१)

षट्सन्दर्भ एक परिपूर्ण भक्तिदर्शन ग्रन्थ है, अतएव प्रत्येक ग्रन्थ के आरम्भ में एक ही मङ्गलाचरण विन्यस्त है। "मद्भक्त पूजाभ्यधिका" भक्त का सन्तोष विधान करना ही भगवत् सन्तोष के प्रति प्रकृष्ट साधन है, तज्जन्य दाक्षिणात्य विप्रकुलोत्पन्न श्रील-गोपालभट्ट गोस्वामीचरण, भगवत् श्रीकृष्ण-चैतन्यानुचर श्रील-रूपसनातन के सन्तोषार्थ जिस भागवतसन्दर्भ का प्रणयनारम्भ किए थे। उक्त ग्रन्थ, स्थल विशेष में क्रमबद्ध, व्युत्क्रमयुक्त, एवं खण्डित था, तज्जन्य श्रीजीवगोस्वामिचरण, उक्त ग्रन्थ की पर्य्यालोचना करके क्रमबद्ध रूप से प्रणयन कर रहे हैं। द्वितीय श्लोक के अन्तिम भाग में 'लिखति जीवकः" प्रयोग है, उससे ग्रन्थ कर्त्ता श्रीजीवगोस्वामिचरण का परिचय प्राप्त होता है। जीव शब्द के उत्तर हीनार्थ में कन्-प्रत्यय से उक्त पद सिद्ध हुआ है। दैन्यातिशय्य बोधन के निमित्त ही उक्त पद का प्रयोग हुआ है, "भक्तिर्हि दैन्यबोधिनी" अकृत्रिम दैन्य प्रकाश से ही भगवान् प्रसन्न होते हैं। अपर पक्षीय व्याख्या में 'जीवयति सर्वजीवान् भागवतसिद्धान्तदानेनेति जीवकः" अर्थात् जो श्रीमद्भागवत सिद्धान्त प्रदान के द्वारा सर्व जीव को जीवित करते हैं, वह जीवक है। श्रीजीवगोस्वामिचरण की प्रतिभा के

१। अथ पूर्वं सन्दर्भत्रयेण यस्य सर्वपरत्वं साधितम्, तस्य श्रीभगवतो निर्द्धारणाय सन्दर्भोऽयमारभ्यते। अथ तत्र प्रथमस्य द्वितीये (भा० १।२।११) "वदन्ति" इत्यादिना तदेकमेव तत्त्वं ब्रह्मादितया शब्द्यत इत्युक्तम्। तदेव ब्रह्मादित्रयं तस्य तृतीये विविच्यते। ब्रह्म त्विह, (भा० १।३।३३)—

सर्वसम्वादिनी

परस्पर-संयुक्तेन वृत्तिसमूहद्वयेन (भा० १०।८७।३१) "न घटत उद्भवः प्रकृति-पुरुषयोरजयो-,रुभययुजा भवन्त्यसुभृतो जलबुद्बुदवत्" इत्युक्तत्वात्।

फल से ही मानव जीवित है, श्रीमद्भागवत प्रमाण से निर्दिष्ट परिपूर्ण भक्ति दर्शन का प्रणयन कर्त्ता आप ही हैं। स्वीय निरभिमानता को सूचित करने के लिए ही उत्तम पुरुष की क्रिया के परिवर्त्त में "लिखति" प्रथम पुरुष की क्रिया का प्रयोग हुआ। (२)

अनन्तर तत्त्व, भगवत्, परमात्म नामक सन्दर्भ त्रय में जिन भगवत् तत्त्व का सर्वश्रेष्ठत्व स्थापित हुआ है, उन श्रीभगवत्तत्त्व का परिचय, सुनिर्दिष्ट रूप से प्रदान करने के निमित्त ही चतुर्थ सन्दर्भात्मक श्रीकृष्णसन्दर्भ का आरम्भ हुआ है। कारण—'भगवान्' शब्द से श्रीराम, नृसिंह, वामनादि अनन्त भगवत् स्वरूप का ही ग्रहण होता है, उन सबके मध्य में निरपेक्ष सर्वश्रेष्ठ रूप में प्रकाशमान भगवत् स्वरूप कौन है? निखिल शास्त्र सार-स्वरूप श्रीमद्भागवत प्रमाण के द्वारा उक्त तत्त्व का निर्द्धारण के लिए ग्रन्थारम्भ करते हैं। ग्रन्थारम्भ का 'अथ' शब्द का अर्थ आनन्तर्य्य है, परमात्मसन्दर्भ में सामान्य रूप से भगवत्तत्त्व निरूपण के अनन्तर विशेषरूप से भगवत्तत्त्व निरूपणार्थ प्रस्तुत ग्रन्थारम्भ होता है। "ओँकारश्चाथ शब्दश्च द्वावेतौ ब्रह्मण पुरा, कण्ठं भित्वाविनिर्यातौ तस्मात् माङ्गलिकावुभौ", इस नियम से 'अथ' शब्द के द्वारा आनुषङ्गिक मङ्गल बोधित हुआ है। वस्तुत प्रकृत ग्रन्थ स्वयं ही मङ्गलात्मक है।

श्रीमद्भागवतस्थ (१।२।११)—

"वदन्ति तत्तत्त्वविदस्तत्त्वं यज्ज्ञानमद्वयम्। ब्रह्मेति परमात्मेति भगवानिति शब्द्यते॥"

परतत्त्व एक ही अद्वय ज्ञान स्वरूप है, उपासक की ज्ञान-दृष्टि के क्रमसे एक ही तत्त्व ब्रह्म, परमात्म, भगवत् नाम से अभिहित होते हैं। अर्थात् स्वरूपानुसन्धानरत ज्ञानिगण—ब्रह्म रूप में भावना करते हैं, योगिगण—हृदय में परमात्म रूप में ध्यान करते हैं, भक्तगण—भक्तियोग के द्वारा अन्तर बाहर परम मनोहर सर्वसुहृत् श्यामलसुन्दर रूप में देखते हैं।

टीका—ननु तत्त्व जिज्ञासा नाम धर्मजिज्ञासैव धर्म एव हि तत्त्वमिति केचित् तत्राह वदन्तीति। तत्त्वविदस्तुतदेव तत्त्वं वदन्ति। किं तत्? यत् ज्ञानं नाम। अद्वयमिति, क्षणिक ज्ञानपक्षं व्यावर्त्तयति। ननु तत्त्वविदोऽपि विगीत वचना एव? मैवं तस्यैव तत्त्वस्य नामान्तरैरभिधानादित्याह। औपनिषदै ब्रह्मेति, हैरण्यगर्भैः परमात्मेति, सात्वतै र्भगवानिति शब्द्यते अभिधीयते॥

क्रमसन्दर्भः—वदन्तीति तैर्व्याख्यातम्; तत्र "विगीत वचनाः" इत्यत्र परस्परमितिशेषः। "तत्त्वस्य नामान्तरैरभिधानात्" इति धर्मिणि सर्वेषामभ्रमात्, धर्म एव तु भ्रमादिति। यद्वा किं तत्त्वं? इत्यपेक्षायामाह,- वदन्तीति, ज्ञानं चिदेकरूपम्; अद्वयत्वं,—चात्र स्वयं सिद्ध तादृश तत्त्वान्तराभावात् स्वशक्त्येक सहायत्वात् परमाश्रयं तं विना तासामसिद्धत्वाच्च। तत्त्वमिति परपुरुषता द्योतनया परमसुखरूपत्वं तस्य ज्ञानस्य बोध्यते। अतएव तस्य नित्यत्वञ्च दर्शितम्। अत्र श्रीमद्भागवताख्य शास्त्रे क्वचिदन्यत्रापि तदेकं तत्त्वं त्रिधा शब्द्यते, क्वचिद् ब्रह्मेति, क्वचिद् परमात्मेति, क्वचिद् भगवानिति

च। किन्त्वत्र व्यास समाधिलब्धाद् भेदाद् जीव इति च शब्द्यते। इति नोक्तमिति ज्ञेयम्।

तत्र शक्तिवर्गलक्षण तद्धर्मातिरिक्तं केवलं ज्ञानं ब्रह्मेति शब्द्यते, अन्तर्यामित्वमयमायाशक्तिप्रचुर चिच्छक्त्यंशविशिष्टं परमात्मेति; परिपूर्णसर्वशक्तिविशिष्टं भगवानिति। एवमेवोक्तं श्रीजड़भरतेन (भा० ५।१२।११) "ज्ञानं विशुद्धं परमात्ममेकमनन्तरं त्वबहिर्ब्रह्मसत्यम्। प्रत्यक् प्रशान्तं भगवच्छब्दसंज्ञं, यद् वासुदेवं कवयो वदन्ति" इति। (भा० १०।२८।७) "तस्मैनमो भगवते ब्रह्मणे परमात्मने" इत्यत्र वरुणकृतस्तुतौ, अत्र टीका,—'परमात्मने सर्वजीवनियन्त्रे' इत्येषा; ध्रुवं प्रति श्रीमनुना च (भा० ४।११।३०) "त्वं प्रत्यगात्मनि तदा भगवत्यनन्ते, आनन्दमात्र उपपन्न समस्तशक्तौ" इति। अत्रानन्दमात्रं विशेष्यम्। समस्ताः शक्तयो विशेषणानि विशिष्टो भगवानित्यायातम्। भगवच्छब्दार्थश्च विष्णुपुराणे प्रोक्तः,— (६।५।७९) "ज्ञानशक्तिबलैश्वर्यवीर्यतेजांस्यशेषतः, भगवच्छब्दवाच्यानि विना हेयैर्गुणादिभिः।" इति॥

'वदन्ति" श्लोक की व्याख्या स्वामिपाद ने की है, उसमें एक अद्वय ज्ञान तत्त्व का उपासक योग्यता भेद से प्रकाश होता है। ब्रह्म, परमात्मा, भगवान्—ज्ञानी, योगी, भक्त की दृष्टि के भेद से एकतत्त्व त्रिविध रूप से दृष्ट होता है। वर्णित है। एकतत्त्व में भी विभिन्न दृष्टि भङ्गी से जो मतद्वैध उपस्थित होता है, एवं स्वमत प्रतिपादन हेतु अपर मत को असम्यक् कहते हैं। इस प्रकार पारस्परिक निन्दित व्यवहार के प्रति हेतु है, धर्मांश में भ्रम, अर्थात् जो व्यक्ति ज्ञानोपदेश प्राप्त किया है, वह निर्विशेष मानता है। जो योगोपदेश में श्रद्धालु है, वह परमात्मा रूप से उक्त तत्त्व को मानता है। भक्ति में विश्वासी भक्तगण उक्त अद्वय ज्ञान तत्त्व को परिपूर्ण रूप से जान कर अपना प्रिय बनाते हैं। एकतत्त्व का नामान्तर से ही कथन होता है, अतएव धर्मी में भ्रम नहीं है, किन्तु धर्म में भ्रम है। किंवा परतत्त्व एक ही है, वह तत्त्व किस प्रकार है? उत्तर में कहते हैं,—एक अद्वय ज्ञानतत्त्व है, उनका ही तीन नाम हैं,—ब्रह्म, परमात्मा, भगवान्। विवेक रूप को ज्ञान कहते हैं, वह चैतन्य स्वरूप है। अद्वय इसलिए है, जिस में स्वयं सिद्ध तत्त्वान्तर है हो नहीं। निज स्वरूपभूत शक्ति में महीयान् हैं, शक्ति का आश्रय भी उक्त ज्ञानतत्त्व है, उसके बिना शक्ति की पृथक् रूप से अवस्थिति नहीं होती है, शक्तिमान् के विना शक्ति, असिद्ध होती है। "तत्त्व" कहने का अभिप्राय यह है—वह तत्त्व, परमपुरुषार्थ है, परमसुखरूप है, अतएव उक्त ज्ञान स्वरूप नित्य है। श्रीमद्भागवत शास्त्र में उक्त ज्ञानतत्त्व का त्रिविध नाम से सुस्पष्ट कथन है, अन्यत्र भी वर्णन है। स्थान विशेष में उन तत्त्व को ब्रह्म शब्द से कहते हैं, शास्त्र विशेष में परमात्मा नामोल्लेख है, भक्ति प्रधान शास्त्र में उक्त अद्वय ज्ञानतत्त्व ही भगवान् नाम से अभिहित होते हैं। किन्तु आश्चर्य्य का विषय यह है कि—श्रीमद्भागवतस्थ उक्त तत्त्व वर्णनात्मक श्लोक में उक्त तत्त्व का नामकरण के समय उक्त अद्वय ज्ञानतत्त्व को ब्रह्म, परमात्मा, भगवान् एवं जीव नाम से कहते हैं, ऐसा नहीं कहा है। प्रत्युत व्यासदेव ने भक्तियोग के द्वारा समाधिस्थ होकर वर्णनार्थ जिस तत्त्व का दर्शन किया, उसमें पूर्ण अद्वय ज्ञानतत्त्व को पृथक् रूप से देखा, और जीव को पृथक् रूप से ही देखा है। माया प्रभाव रहित अद्वय ज्ञानतत्त्व को देखा, जीव को मायामोहित रूप से देखा है। शक्तिवर्गस्वरूप धर्मातिरिक्त केवल ज्ञान को ब्रह्म कहते हैं, अन्तर्यामित्वमय मायाशक्ति प्रचुरचिच्छक्त्यंश विशिष्ट को परमात्मा शब्द से कहते हैं, परिपूर्ण सर्वशक्ति विशिष्ट को भगवान् कहते हैं। श्रीजड़भरत ने भी कहा हैं,—विशुद्ध ज्ञानस्वरूप, व्यापक, ब्रह्म, सत्य, प्रत्यक्, प्रशान्तरूप भगवन्नामक पदार्थ है, कविगण जिन को वासुदेव कहते हैं। श्रीभागवतस्थ वरुणकृत स्तुति में उक्त है,— ब्रह्म परमात्मा भगवान् को प्रणाम। यहाँ की टीका,—परमात्मा - सर्वजीव नियन्ता, ध्रुव के प्रति श्रीमनु ने भी कहा है—प्रत्यगात्मा अनन्त भगवान् आनन्द स्वरूप हैं, उनमें स्वाभाविक समस्त शक्ति हैं। यहाँ आनन्दमात्र विशेष्य है, समस्त शक्ति विशेषण है, इससे समस्त शक्ति विशिष्ट ही भगवान् हैं, यह बोध होता है। "भगवत्" शब्द का अर्थ विष्णुपुराण में है—"अशेष ज्ञान-शक्ति-बलैश्वर्य्य-वीर्य्य-तेज को

"यत्रेमे सदसद्रूपे प्रतिसिद्धे स्वसम्विदा ।
अविद्ययात्मनि कृते इति तत्ब्रह्मदर्शनम् ।।"३।।

सर्वसम्वादिनी

[मूल० ७म अनु०] "द्वितीयम्" इत्यनेन पृथिव्युद्धरणं द्विरपि कृतम् ; लीला-साजात्येन त्वेकवद्वर्ण्यते । पूर्वं हि स्वायम्भुव-मन्वन्तरादौ पृथिवी-मज्जने तामुद्धरिष्यन् पश्चाच्च षष्ठ-मन्वन्तरजात-प्राचेतसदक्ष-कन्याया

भगवान् कहते हैं, जिन में हेयगुणादि नहीं है ।"

श्रीमद्भागवत के (३।३२।३३) में उक्त है—

"यथेन्द्रियैः पृथग् द्वारैरर्थो बहुगुणाश्रयः । एको नानेयते तद्वद्भगवान् शास्त्रवर्त्मभिः ।।"

जिस प्रकार दुग्ध पदार्थ, श्वेतत्वादि बहुगुणाश्रय है, किन्तु पृथक् पृथक् इन्द्रिय द्वारा पृथक् पृथक् अनुभूत होता है । चक्षु के द्वारा श्वेतत्व, त्वक् द्वारा शीतलत्व, जिह्वा के द्वारा मधुरत्व की उपलब्धि होती है । उस प्रकार एक ही अखण्ड ज्ञानतत्त्व वस्तु की ज्ञानयोग से निर्विशेष रूप में योगमार्ग से परमात्म रूप में एवं भक्तियोग से भगवद्रूप में उपलब्धि होती है । एक ही अद्वयतत्त्व की निर्विशेष सविशेष रूप से उपलब्धि का दृष्टान्त माघकाव्य में है,—'यस्त्विषामित्यवधारितं पुरा ततः शरीरिति विभाविताकृतिम् । विभुर्विभक्तावयवं पुमानिति क्रमादमुं नारद इत्यबोधि सः ।।' जिस समय राजसूय यज्ञ में श्रीकृष्ण को निमन्त्रण करने के लिए गगन पथ से देवर्षि नारद का आगमन द्वारका में हुआ था, उस समय का दृश्य इस प्रकार है,—प्रथम श्रीकृष्ण ने तेजःपुञ्ज रूप से नारद को देखा, निकटवर्त्ती होनेसे आकृति को देखकर शरीरी रूप से निर्द्धारण किया, सन्निकटवर्त्ती होनेसे चिरपरिचित नारद को जाना था । यहाँ नारद रूप से दर्शन ही जिस प्रकार मुख्य है, ज्योतिःपुञ्ज, शरीरी प्रभृति रूप से दर्शन गौण है, एक नारद का दर्शन, दूरत्व निकटत्व निबन्धन तारतम्य से हुआ है । परतत्त्व दर्शन में भी उक्त नियम को जानना आवश्यक है, अर्थात् भगवद्रूप में परतत्त्व वस्तु का साक्षात्कार ही मुख्य है, ज्योतिः प्रभृति का दर्शन गौण है । उक्त अखण्ड तत्त्ववस्तु में स्वीय स्वरूप शक्ति का वैचित्र्य समधिक विद्यमान होने पर भी उक्त तत्त्व के सहित तादात्म्य भावनाक्रान्त चित्त से स्वरूपशक्ति वैचित्र्य विशिष्ट स्वरूप साक्षात्कार की अयोग्यता निबन्धन निर्विशेष रूप में अभिव्यक्त तत्त्व को ब्रह्म नाम से कहते हैं ।

(भा० १।३।३३) में उक्त ब्रह्म परमात्मा भगवान् का आविर्भाव विवरण वर्णित है,—

"यत्रेमे सदसद्रूपे प्रतिषिद्धे स्वसम्विदा । अविद्ययात्मनि कृते इति तत्ब्रह्मदर्शनम् ।।३३।।
यद्येषोपरता देवी माया वैशारदीमतिः । सम्पन्न एवेति विदु र्महिम्नि स्वे महीयते ।।"३४।।

टीका—तदेवमुपाधिद्वयमुक्त्वा तदपवादेन जीवस्य ब्रह्मतामाह यत्रेति । यत्र यदा इमे स्थूलसूक्ष्मरूपे स्वसंविदा स्वरूपसम्यक्ज्ञानेन प्रतिषिद्धे भवतः । ज्ञानेन प्रतिषेधार्हत्वे तमेव हेतुमाह, अविद्यया आत्मनि कृते कल्पिते इति हेतोः । तद् ब्रह्म, तदा जीवो ब्रह्मैव भवतीत्यर्थः कथम्भूतम् ? दर्शनम्—ज्ञानैक स्वरूपम् । (३३)

तथापि भगवन्मायायाः संसृतिकारणभूताया विद्यमानत्वात् कथं ब्रह्मता ? तत्राह यदीति । यदीति—असन्देहे सन्देह वचनं, यदि वेदाः प्रमाणं स्युरितिवत् ।। वैशारदी,—विशारदः सर्वज्ञ ईश्वरः, तदीया देवी, संसारचक्रेण क्रीड़न्ती, एषा माया यदि उपरता भवति, किमित्युपरता भवेत्—तत्राह मतिर्विद्या, अयम्भावः—यावदेषा अविद्या आत्मना आवरण विक्षेपौ करोति तावन्नोपरमति । यदा तु सैव विद्यारूपेण परिणता तदा सदसद्रूपं जीवोपाधिं दग्धा निरिन्धनाग्निवत् स्वयमेवोपरमेत्, इति—तदा सम्पन्नः ब्रह्म स्वरूपं प्राप्त एवेति विदुः, तत्त्वज्ञाः । किमतः ? यद्येवं स्वेमहिम्नि परमानन्द स्वरूपे महीयते

पूज्यते विराजते इत्यर्थः। (३४)

उक्त श्लोक द्वय के द्वारा ब्रह्म तत्त्व का निरूपण हुआ है। "सत् एवं असत्" स्वरूपात्मक स्थूल सूक्ष्म देह,—अविद्या कर्त्तृक आत्मा में आरोपित है, आत्म विषयक ज्ञान आविर्भूत होनेसे उक्त स्थूल-सूक्ष्म देह का अध्यास का बोध होता है, उक्त ज्ञान का नाम ही ब्रह्म साक्षात्कार है। किन्तु विचार्य्य यह है कि—केवल जीवस्वरूप ज्ञान के द्वारा ही परिपूर्ण अध्यास की उपलब्धि नहीं होती है, कारण—परतत्त्व ज्ञानाधीन ही जीवस्वरूप का ज्ञान होता है, परतत्त्व विषयक ज्ञानाविर्भाव व्यतीत जीव का स्वरूप ज्ञान स्वतन्त्र रूप से नहीं हो सकता है।

क्रमसन्दर्भः—अथ जीवस्वरूपे भगवत्स्वरूपे च तत् सम्बन्धं वारयति, पूर्वाध्यायोक्तं ब्रह्म च लक्षयति, यत्रेति द्वाभ्याम्। यत्र—यस्मिन् दर्शने स्थूलसूक्ष्मरूपे शरीरे स्वसंविदा जीवात्मनः स्वरूपज्ञानेन प्रतिसिद्धे भवतः; केन प्रकारेण? वस्तुत आत्मनि न स्त एव, किन्तु अविद्ययैवात्मनि कृते अध्यस्त इत्येतत् प्रकारेणेत्यर्थः। तद्ब्रह्मदर्शनमिति यत्तदोरन्वयः। ब्रह्मणोदर्शनं साक्षात्कारः। यत्र स्वसंविदेत्युक्त्या जीवस्वरूपज्ञानमपि तदाश्रयमेव भवतीति तथा केवल स्वसंविदा ते निषिद्धे न भवतः, इति च ज्ञापितम्। ततश्च जीवत एवाविद्याकल्पित—माया–कार्य्य–सम्बन्ध–मिथ्यात्व–ज्ञापकजीवस्वरूपसाक्षात्करण तादात्म्यापन्नब्रह्मसाक्षात्कारो जीवन्मुक्तिविशेष इत्यर्थः। ईदृशमेव तन्मुक्तिलक्षणं श्रीकापिलेये—(३।२८।३५-३८) दर्शितम्।

मुक्ताश्रयं यर्हि निर्विषयं विरक्तं निर्वाणमृच्छति मनःसहसा यथार्चिः।
आत्मानमत्रपुरुषोऽव्यवधानमेकमन्वीक्षते प्रतिनिवृत्तगुणप्रवाहः॥
सोऽप्येतयाचरमया मनसोनिवृत्त्या तस्मिन् महिम्न्यवसितः सुखदुःखबाह्ये।
हेतुत्वमप्यसति कर्त्तरि दुःखयोर्यत् स्वात्मन् विधत उपलब्धपरात्मकाष्ठः॥
देहञ्च तं न चरमः स्थितमुत्थितं वा सिद्धो विपश्यति यतोऽध्यगमत् स्वरूपम्।
दैवादपेतमथदैववशादुपेतं वासो यथा परिकृतं मदिरामदान्धः॥
देहोऽपि दैववशगः खलु कर्म यावत् स्वारम्भकं प्रतिसमीक्षत एव साधुः।
तं स प्रपञ्चमधिरूढ़समाधियोगं स्वाप्नं पुनर्नभजते प्रतिबुद्धवस्तु॥

तस्मादस्य प्रारब्ध कर्ममात्राणामनभिनिवेशेनैवोपभोगः। एवोमेवोक्तम्—(ईशो ७) 'तत्र को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यतः' इति। अथान्तिमां ब्रह्मसाक्षात्कार लक्षणां मुक्तिमाह—यदीति एषा जीवन्मुक्तिदशायां स्थिता। विशारदेन परमेश्वरेण दत्ता; देवी-द्योतमानामति विद्या, तद्रूपा या माया स्वरूपशक्तिवृत्तिभूतविद्याविर्भावद्वारलक्षणा सत्त्वमयी मायावृत्तिः, सा यद्युपरता निवृत्ता भवति, तदा व्यवधानाभासस्यापि राहित्यात् सम्पन्नोलब्धो ब्रह्मानन्दसम्पत्तिरेषेतिविदुर्मुनयः। ततश्च तत् सम्पत्ति लाभात् स्वेमहिम्नि स्वरूपसम्पत्तावपि महीयते पूज्यते प्रकृष्ट प्रकाशो भवतीत्यर्थः॥ (३३-३४)

जीव के स्वरूप में एवं भगवत् के स्वरूप में माया का सम्बन्ध नहीं है, उसको कह कर पूर्वाध्यायोक्त ब्रह्म का निरूपण करते है, "यत्र" दो श्लोकों के द्वारा। जिसके दर्शन से स्थूल-सूक्ष्म शरीर में आत्माध्यास निवृत्त हो जाता है, किस प्रकार से? वस्तुत आत्मा में उक्त देहद्वय नहीं है, किन्तु अविद्या के द्वारा ही आत्मा में अध्यास होता है। इस प्रकार ज्ञान से ही वह विदूरित होता है, वह ही ब्रह्म दर्शन है। 'यत् एवं तद्' का अन्वय होता है, ब्रह्म का दर्शन अर्थात् साक्षात्कार होता है। जीव का स्वरूप ज्ञान के द्वारा मायापसारण अध्यास निवृत्ति नहीं होती है, किन्तु परमात्म ज्ञानपूर्वक आत्मज्ञान से ही अविद्या निवृत्ति होती है। अतएव जीवद्दशा में ही अविद्या कल्पित मायाकार्य्य सम्बन्ध मित्थ्यात्व ज्ञापक जीव स्वरूप साक्षात्कार ब्रह्म तादात्म्यपन्न होने से ही जीवन्मुक्ति होती है। इस प्रकार मुक्ति

इत्यादिना तत्र विविक्तमप्येकाकाराविर्भावतया संशयाभावात्तन्निद्धारणार्थं तत्तद्वचनं नोद्ध्रियते। श्रीभगवत्-परमात्मनोस्तु नानाविर्भावत्वात्तानि वचनानि तत्तन्निर्द्धारणार्थमुद्ध्रियन्ते। तत्रेश्वरो निराकारो नास्तीति प्राङ्निर्णीतम्। 'परमात्म'-शब्देन च सर्वान्तर्यामि-पुरुषः प्रतिपादितस्तेष्वेव सन्दर्भेषु। तथा च सति तस्मिस्तृतीयाध्यायारम्भ एवमाभास्यम्।

ननु पूर्वं ब्रह्मादितया त्रिधैव तत्त्वमेकमुक्तम्; तत्र ब्रह्मणः किं लक्षणं भगवत्-परमात्मनोर्वा, तत्र तत्र विशेषः कश्चिद्वा किमस्तीति श्रीशौनकादि-प्रश्नमाशङ्क्य श्रीसूत उवाच (भा० १।३।१)—

सर्वसम्वादिनी

अदितेर्गर्भोद्भवेन हिरण्याक्षेण सह युद्धेऽष्टम-मन्वन्तरजात-पृथिवी-मज्जने तामुद्धरिष्यन्नित्यर्थः। तत्रादौ "विधेर्घ्राणादन्ते नीरात्" इति पुराणान्तरम्; (सं-श्रीभा० १००, १०१)—

स्वरूप का वर्णन (भा० ३।२८।३५-३८) में है। जिस समय मन ध्येय का साक्षात्कार करता है, ध्येय का साक्षात्कार व्यतीत ध्यान कर्त्ता की मुक्ति नहीं होती है। उक्त साक्षात्कार से निरेन्धन अनल की भाँति अविद्या शान्त हो जाती है। अनन्तर विषय से मन उपरत होने पर विषय जनित सुख-दुःख का अनुभव नहीं होता है, केवल आत्मानुभव ही होता है। शरीर की स्थिति मदिरामदान्ध व्यक्ति के परिधेय वसन के समान अननुसन्धान से रहता है। देह भी पूर्वसंस्कार से संस्कारायित होकर व्यवहार निर्वाहक होता है। किन्तु स्वप्नदृष्ट वस्तु की अनुभूति जाग्रत् काल में जिस प्रकार नहीं रहती है, उस प्रकार ही विषय ग्रहण से भी पुनर्बार भोगेच्छा नहीं होती है। मनः स्व-स्वरूप में परिनिष्ठित रहता है। अतएव प्रारब्ध कर्मों का भोग अनभिनिवेश से ही होता है। ईशोपनिषद् में भी उक्त हैं,—एकत्वानुभव-कारियों का शोक-मोह का प्रसङ्ग ही कहाँ है। अनन्तर ब्रह्म साक्षात्कार स्वरूप अन्तिम मुक्ति का विवरण कहते हैं। जो व्यक्ति जीवन्मुक्ति दशा में स्थित है, वह परामुक्ति का अधिकारी होता है। विशारद परमेश्वर के द्वारा प्रदत्तामति, विद्या, वह माया,— भगवत् स्वरूपशक्ति वृत्तिभूत विद्याविर्भाव का द्वार है। वह सत्त्वमयी मायावृत्ति है, वह यदि निवृत्ता हो जाती है, तब व्यवधानाभास भी नहीं रहता है, तब वह सम्पन्न होता है, अर्थात् ब्रह्मानन्द सम्पत्ति लाभ करता है। यह कथन मुनिवृन्द का है। अनन्तर उक्त सम्पत्ति लाभ के पश्चात् स्वरूप सम्पत्ति में भी महीयान् होता है, पूजित होता, प्रकृष्ट प्रकाश को प्राप्त करता है। उक्त वचनों से एकाकार वृत्ति के द्वारा ब्रह्मतादात्म्यापन्न होनेसे ब्रह्माविर्भाव होता है। इस विषय में किसी प्रकार संशय नहीं है, अतएव उक्त ब्रह्मतत्त्व निर्द्धारणार्थ वचन समूह का उपस्थापन करना निष्प्रयोजन है। श्रीभगवत्तत्त्व एवं परमात्म तत्त्वाविर्भाव का तारतम्य विशेष रूप से है, अतः उक्त तारतम्य निर्द्धारण के लिए उक्त प्रमाण समूह का उल्लेख करते हैं। उक्त परमतत्त्व रूप ईश्वरतत्त्व निराकार नहीं है, इस विषय का निर्द्धारण भगवत्सन्दर्भ एवं परमात्मसन्दर्भ में विशेष रूप से हुआ है। परमात्म शब्द से सर्वान्तर्य्यामि पुरुष का बोध होता है। उपासना मार्ग में प्रादेशमात्र परिमित चतुर्भुजाकृति परमात्मा का वर्णन हैं। गीता में उक्त है,—

"ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुनस्तिष्ठति। भ्रामयन् सर्वभूतानि यन्त्रारूढ़ानि मायया॥"

इसका विवेचन पूर्व सन्दर्भत्रय में हुआ है। भगवत् परमात्म तत्त्व ही विचारणीय है, ऐसा होने पर उक्त भगवत् परमात्म विचार सम्बन्धीय भागवत के (१।३।१) अध्यायस्थ विषयों का उट्टङ्कन करना आवश्यक है। उक्त अध्यायस्थ प्रथम श्लोक का विवरण से ही भगवत् परमात्म तत्त्व की समीचीन सङ्गति होगी।

(१) "जगृहे पौरुषं रूपं भगवान् महदादिभिः ।
सम्भूतं षोड़शकलमादौ लोकसिसृक्षया ॥"४॥

यः श्रीभगवान् पूर्णषड़ैश्वर्य्यत्वेन पूर्वं निर्दिष्टः, स एव पौरुषं रूपं पुरुषत्वेनाम्नायते यद्रूपं तदेवादौ सर्गारम्भे जगृहे ; प्राकृत-प्रलयेष्वस्मिन् लीनं सत् प्रकटतया स्वीकृतवान् । किमर्थम् ? तत्राह—लोकसिसृक्षया । तस्मिन्नेव लीनानां लोकानां समष्टिव्यष्टुचपाधिजीवानां सिसृक्षया प्रादुर्भावनार्थमित्यर्थः । कीदृशं सत्तद्रूपं लीनमासीत्तत्राह—महदादिभिः सम्भूतं मिलितमन्तर्भूतमहदादितत्त्वमित्यर्थः । "सम्भूयाम्भोधिमभ्येति महानद्यो नगापगाः" इत्यादौ हि सम्भवतिर्मिलनार्थः ; तत्र हि महदादीनि लीनान्यासन्निति । तदेवं 'विष्णोस्तु त्रीणि रूपाणि' इत्यादौ महत्स्रष्टृत्वेन प्रथमं पुरुषाख्यं रूपं यच्छ्रूयते, यच्च ब्रह्मसंहितादौ कारणार्णवशायिसङ्कर्षणत्वेन श्रूयते, तदेव 'जगृहे' इति प्रतिपादितम् । पुनः कीदृशं तद्रूपम् ? तत्राह,—षोड़शकलं तत्सृष्टुचपयोगिपूर्णशक्तीत्यर्थः । तदेवं यस्तद्रूपं जगृहे, स भगवान् । यत्तु तेन गृहीतं तत्तु स्वसृज्यानामाश्रयत्वात् परमात्मेति पर्य्यवसितम् ॥

सर्वसम्वादिनी

अयं क्वचिच्चतुष्पात् स्यात् क्वचित् स्यान्नृवराहकः । कदाचिज्जलदश्यामः कदाचिच्चन्द्रपाण्डुरः ॥१॥ इति।
उक्तश्च प्रलयश्चाक्षुषादौ देवादि-सृष्टिश्च चतुर्थे (भा० ४।३०।४६)—

उसका आभास इस प्रकार है,—(भा० १।३।१) अद्वयाखण्ड ज्ञानतत्त्व स्वरूप श्रीभगवान् उपासक की योग्यता के अनुसार ब्रह्म, परमात्मा, श्रीभगवान् रूप में साधक के निकट आविर्भूत होते हैं । उक्त अखण्ड मूर्त्तिमत् परतत्त्व वस्तु भगवान् विश्वसृष्टि के प्रारम्भ में विश्वसृजन् करने की इच्छा से महत्तत्त्व प्रभृति के सम्भूत षोड़शकला समन्वित अर्थात् लोक सृष्टि के लिए उपयुक्त परिपूर्ण शक्ति युक्त पुरुषाकार ग्रहण करते हैं । इसके पहले षड़ैश्वर्य्यपूर्ण रूप से जिन श्रीभगवान् का वर्णन हुआ है । उक्त श्रीभगवान् ही पुरुष आख्या से विभूषित रूप को विश्व सृष्टि के प्रारम्भ में ग्रहण किए थे । 'ग्रहण' शब्द का अर्थ प्रकटन है । प्राकृत प्रलय के समय इस स्वरूप में ही था, उन स्वरूप को ही आप ने प्रकट किया । यह पुरुषरूप पहले भी था, किन्तु कार्य्यक्षेत्र जगत् की स्थिति उस समय न होनेसे आप प्रकट नहीं थे । सम्प्रति प्रकट हुए, अर्थात् जगत् सृष्ट्यादि के निमित्त सृष्ट्यादि के उपयोगी क्रियाशक्ति का प्रकटन आपने किया । अर्थात् समष्टि जीव (हिरण्यगर्भ ब्रह्मा), व्यष्टि जीव एवं उसका अधिष्ठान चतुर्द्दशभुवन एवं देह समूह का प्रादुर्भाव करने के निमित्त ही उक्त रूप का प्रकटन किया । सृष्टि के पूर्व में समष्टि व्यष्टि-जीव एवं उसका अधिष्ठान उक्त पुरुषरूप में लीन था । किस प्रयोजन से पुरुषरूप प्रकटन किया ? लोकसृजनेच्छा से । (भा० ३।५।२३) में वर्णित है—

"भगवानेक आसेदमग्र आत्मात्मनां विभुः । आत्मेच्छानुगतावात्मा नानामत्युपलक्षणः ॥"

टीका—तत्रसृष्टिलीलां वर्णयितुं ततः पूर्वावस्थामाह । इदं विश्वं, अग्रे सृष्टेः पूर्वं परमात्मा भगवान् एक एवास आसीत् । आत्मनां जीवानां आत्मास्वरूपम्, विभुः च । नान्यद्—द्रष्टृदृश्यात्मकं किञ्चिदासीत् । कारणात्मना सत्त्वेऽपि पृथक् प्रतीत्यभावादित्याह—अनानामत्युपलक्षणः । नानाद्रष्टृदृश्यादिमतिभिनोपलक्ष्यते इति तथा । यद्वा अकार प्रश्लेषं विनैवायमर्थः । यः सृष्टौ नानामतिभिः उपलक्ष्यते स तदा एकएवासीति । कुतः ? आत्मेच्छा या माया अस्या अनुगतौ लये सति । यद्वा आत्मन

एकाकित्वेन अवस्थानेच्छायामनुवृत्तायामित्यर्थः ॥

किस प्रकार उक्त सद्रूप पुरुषाकार में लीन था, कहते हैं,—चिच्छक्ति समन्वित परमात्मा काल शक्ति के द्वारा क्षोभिता गुणमयी माया में प्रकृति द्रष्टा रूप में वीर्य्याधान करते हैं, अर्थात् जीवाख्याचिदाभास का अर्पण करते हैं। अनन्तर प्रलय के समय उक्त पुरुषरूप में उभयविध व्यष्टि समष्टि जीव एवं उसका अधिष्ठान चतुर्दश भुवन उनमें लीन था। उसका पुनर्बार प्रकाश करने के निमित्त, कहते हैं,—महदादि के सहित सम्भूत, अर्थात् महत्तत्त्व प्रभृति के सहित मिलित होकर था, अर्थात् महदादि तत्त्व समूह उनमें अन्तर्भूत होकर रहा। "सम्भूयाम्भोधिमभ्येति महानद्यो नगापगाः" पर्वत से निर्गत महानदी समूह परस्पर मिलित होकर समुद्र को प्राप्त करती हैं। यहाँ "सम्भूय" शब्द का मिलन अर्थ हुआ है, उस प्रकार "सम्भूत" शब्द का अर्थ भी मिलन है, अर्थात् प्रलय समय में महदादि तत्त्व समूह मिलित होकर उनमें लीन थे। (भा० ३।८।११) में उक्त है,—

"सोऽन्तः शरीरेऽर्पित भूतसूक्ष्मः कालात्मिकां शक्तिमुदीरयाणः।
उवास तस्मिन् सलिलेपदे स्वे यथानलो दारुनिरुद्धवीर्य्यः॥"

भगवान् निज शरीर के मध्य में भूतसूक्ष्म अर्थात् त्रिलोकगत देव-मनुष्यादि तत्त्व समूह को लीन करने पर भी पुनर्वार सृष्टि के समय उक्त तत्त्व समूह को प्रकट करने के निमित्त कालरूपा शक्ति को प्रेरण किये थे॥ श्रीविष्णुपुराण में उक्त है.—विष्णोस्तु त्रीणि रूपाणि पुरुषाख्यान्यथो विदुः, प्रथमं महतः स्रष्टृ, द्वितीयं त्वण्ड संस्थितम्, तृतीयं सर्वभूतस्थं तानि ज्ञात्वा विमुच्यते॥" श्रीविष्णु के पुरुष आख्या से विभूषित तीन रूप हैं, प्रथम—महत्तत्त्व का सृष्टिकर्त्ता कारणार्णवशायी महाविष्णु, द्वितीय—ब्रह्माण्ड मध्यस्थ प्रतिब्रह्माण्डान्तर्य्यामी गर्भोदकशायी प्रद्युम्न, एवं तृतीय—सर्वभूतान्तर्य्यामी क्षीरोदशायी अनिरुद्ध हैं। उक्त श्लोक में महत्तत्त्व के सृष्टिकर्त्ता रूप में जिनका वर्णन है, ब्रह्मसंहिता में उनको कारणार्णवशायिसङ्कर्षण रूप से कहा गया है।

सहस्रशीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात्। सहस्रबाहु विश्वात्मा सहस्रांशः सहस्रसूः॥
नारायणः स भगवानापस्तस्मात् सनातनात्। आविरासीत् कारणार्णोनिधिः सङ्कर्षणात्मकः॥
योगनिद्रागतस्तस्मिन् सहस्रांश स्वयं महान्। तद्रोमविलजालेषु वीजं सङ्कर्षणस्य च॥
हैमान्यण्डानि जातानि महाभूतावृतानि च॥१३॥ (ब्रह्मसंहिता)

आप ही भगवान् कारणर्णवशायी नित्यस्वरूप नारायण हैं, उनसे प्रथम प्रथम जिस कारण समुद्र की उत्पत्ति हुई, उसका नाम कारण-समुद्र है। वह नारायण सङ्कर्षणात्मक है, पहले गोलोक के आवरण के मध्य में चतुर्व्यूह का कथन है, उनमें से द्वितीय व्यूह सङ्कर्षण हैं। उनका अंश ही यह नारायण सहस्रांश स्वयं महान् नाम से ख्यात हैं। उनकी लीला को कहते हैं.—आप योगनिद्रा में अवस्थित हैं, अर्थात् स्वरूपानन्दरूप समाधि में अवस्थित हैं, आप अर्थात् जलको 'नारा' कहते हैं, मनुष्य को 'आप' कहते हैं, उस तत्त्व का आश्रय को नारायण कहते हैं।

टीका—अयमेव कारणार्णवशायीत्याह—नारायण इति सार्द्धेन। ताः आप एव कारणार्णोनिधिराविरासीत्, स तु नारायणः, सङ्कर्षणात्मकः, इति; पूर्वं गोलोकावरणतया यश्चतुर्व्यूह मध्ये सङ्कर्षणः सम्मतः, तस्यैवांशोऽयमित्यर्थः। तदुक्तं आपोनारा इति प्रोक्ता आपो वै नरसूनवः, तस्य ता अयनं पूर्वं तेन नारायणः स्मृत इति। तस्मादेव ब्रह्माण्डानामुत्पत्तिमाह—तस्य सङ्कर्षणस्य वीजं रोमविलजालेषु महाभूतावृतानि तु हैमानि अण्डानि जातानि॥१३॥

उस तत्त्व का ही प्रतिपादन (भा० १।३।१) "जगृहे पौरुषं रूपं भगवान् महादिभिः, सम्भूतं षोड़शकलमादौ लोकसिसृक्षया" के द्वारा हुआ है।

टीका—यदुक्तं अथाख्याहि हरेर्धीमन्नवतारकथाः शुभा इति तदुत्तरत्वेनावतारानतुक्रमिष्यन् प्रथम पुरुषावतारमाह—जगृहे, इति पञ्चभिः। महदादिभिर्महदहङ्कारपञ्चतन्मात्रैः सम्भूतं सुनिष्पन्नम्। एकादशेन्द्रियाणि पञ्चमहाभूतानि इति षोड़शकला अंशा यस्मिन् तत्। यद्यपि भगवद्विग्रहो नैवम्भूतः तथापि विराड़् जीवान्तर्यामिणो भगवतो विराड़्-रूपेण उपासनार्थमेवमुक्तमिति द्रष्टव्यम्।

क्रमसन्दर्भः—यस्य च तादृशत्वेन तत्र शयानस्यावयव संस्थानैः साक्षाच्छ्रीचरणादि सन्निवेशै र्लोकस्य विस्तरो विस्तारोविराड़ाकारः प्रपञ्चः कल्पितः—यथा तदवयवसन्निवेशस्तथैव (भा० २।१।२६)—"पातालमेतस्य हि पादमूलम्" इत्यादिना नवीनोपासकान् प्रति मनःस्थैर्य्याय प्रख्यापितः, नतु वस्तुतस्तदेव यस्य रूपमित्यर्थः। यद्वा, (ऋक्० १०।६०।१३-१४) "चन्द्रमा मनसो जातः" इत्यारभ्य "पद्भ्यां भूमिर्दिशः श्रोत्रात्तथा लोकानकल्पयन्" इत्यादि श्रुतेस्तैर्हेतुभूतैर्लोकविस्तारो रचित इत्यर्थः। तथा च मोक्षधर्मे नारायणीये (म० भा० शान्ति-प० ३३६।७२-७४) गर्भोदके शयानस्य रूपान्तरेण श्वेतद्वीपपतेर्वाक्यम्,—

"अस्मन्मूर्त्तिश्चतुर्थी या साऽसृजत् शेषमव्ययम्॥
स हि सङ्कर्षणः प्रोक्तः प्रद्युम्नं सोऽप्यजीजनत्। प्रद्युम्नादनिरुद्धोऽहं सर्गो मम पुनः पुनः॥
अनिरुद्धात्तथा ब्रह्मा तन्नाभिकमलोद्भवः। ब्रह्मणः सर्वभूतानि स्थावराणि चराणि च॥"

तत्रैव वेदव्यासः (म० भा० शान्ति-प० ३४०।२८-३१)—

"परमात्मेति यं प्राहुः सांख्ययोगविदो जनाः॥
महापुरुष-संज्ञां स लभते स्वे कर्मणा। तस्मात् प्रभूतमव्यक्तं प्रधानं तद्विदुर्बुधाः॥
अव्यक्ताद्व्यक्तमुत्पन्नं लोकसृष्ट्यर्थमीश्वरात्। अनिरुद्धो हि लोकेषु महानात्मेति कथ्यते॥
योऽसौ व्यक्तत्वमापन्नो निर्ममे च पितामहम्॥" इति।

तदेवं सङ्कर्षणस्य वैभवमुक्त्वा अनिरुद्धस्यापि आह,—अनिरुद्धो हीति, लोकेषु प्रत्येकं ब्रह्माण्डेषु; महानात्मा परमात्मा। व्यक्तत्वं प्राकट्यम् प्रद्युम्नादिति शेषः। सूतेन त्वभेदविवक्षया प्रद्युम्नः पृथङ्नोक्तः;—विष्णोस्तु त्रीणि "रूपाणि" इतिवत्। सेयं प्रक्रिया द्वितीयस्कन्धस्य षष्ठे दृश्यते, यथा (भा० २।६।३९)—"स एष आद्यः पुरुषः" इत्यादिपद्ये टीका,—"स एष आद्यो भगवान्, यः पुरुषावतारः सन् सृष्ट्यादिकं करोति" इत्येषा। एवम् (भा० २।६।४२) "आद्योऽवतारः पुरुषः परस्य" इत्यस्य टीका—"परस्य भूम्नः पुरुषः प्रकृतिप्रवर्त्तकः। यस्य सहस्रशीर्षेत्याद्युक्तो लीलाविग्रहः, स आद्योऽवतारः" इत्येषा। तथा तृतीयस्य विंशे (भा० ३।२०।१२) "दैवेन" इत्यादिकं (भा० ३।२०।१७) "सोऽनु-" इत्यन्तं सटीक प्रकरणमत्रानुसन्धेयम्। तस्माद्विराट्त्वेन तद्रूपं न व्याख्यातम्। तस्माच्च वासुदेवस्थानीयो भगवान् पुरुषादन्य एवेत्यायातम्॥

"यस्याम्भसि शयानस्य योगनिद्रां वितन्वतः। नाभिह्रदाम्बुजादासीत् ब्रह्मा विश्वसृजां पतिः॥२॥
यस्यावयवसंस्थानैः कल्पितो लोकविस्तरः। तद्वै भगवतोरूपं विशुद्धं सत्त्वमूर्ज्जितम्॥३॥"

टीका—कोऽसौ भगवानित्यपेक्षायां तं विशिनष्टि, यस्येति, यस्याम्भसि एकार्णवे शयानस्य विश्रान्तस्य। तत्र योगं समाधिः, तद्रूपां निद्रां विस्तारयतः, नाभिरेव ह्रदः, तस्मिन् यदम्बुजं तस्मात् सकाशात् ब्रह्मासीत् अभूत्। पाद्मे कल्पे स पौरुषं रूपं जगृहे। (२) कीदृशं रूपं जगृहे—तदाह यस्येति। ननु कीदृशो विग्रहस्तस्य योऽम्भसि शेते स्म तदाह। तत्तस्य भगवतोरूपन्तु विशुद्धं रज आद्यसम्भिन्नम्—अतएवोर्ज्जितं निरतिशयं सत्त्वम्। (३)

क्रमसन्दर्भः—अथ तस्य रूपद्वयस्य सामान्यत एकत्वेन स्वरूपमाह—तदिति; तच्छ्रीभगवतः पौरुषं रूपम्; वै प्रसिद्धौ, विशुद्धोर्ज्जितसत्त्वादिभि र्व्यक्तत्वात्—शक्ति स्वरूपयोरभेदाच्च तद्रूपमेवेत्यर्थः, उक्तञ्च द्वितीयं पुरुषव्यूहमधिकृत्य स्वरूपत्वं तद्रूपस्य (भा० ३।९।३) "नातः परं परम यद्भवतः स्वरूपम्"

इत्यत्र। विशुद्धं,—जाड्यांशेनापि रहितम्, स्वरूपशक्तिवृत्तित्वात्। "ऊर्जितं, सर्वतोबलवत्, परमानन्द-रूपत्वात्। (तै० २।७।१) "को ह्येवान्यात् कः प्राण्याद् यदेष आकाश आनन्दो न स्यात्" इति श्रुतेः। तस्मात् साक्षाद्भगवद्रूपत्वे तु कैमुत्यमेवायातम्॥

(भा० ३।२०।१२-१७) का क्रमसन्दर्भ निर्दिष्ट सटीक प्रकरण—श्रीमैत्रेय उवाच—

"दैवेन दुर्वितर्क्येण परेणानिमिषेण च। जातक्षोभाद्भगवतो महानासीद् गुणत्रयात्॥
रजः प्रधानात् महत स्त्रिलिङ्गो दैवयोदितात्। जातः ससर्जभूतादिर्वियदादीनि पञ्चशः॥
तानि चैकैकशः स्रष्टुमसमर्थानि भौतिकम्। संहत्य दैवयोगेन हैममण्डमवासृजन्॥
सोऽशयिष्टाब्धि सलिले अण्डकोषो निरात्मकः। साग्रं वै वर्षसाहस्रमन्ववात्सीत् तमीश्वरः॥
तस्य नाभेरभूत् पद्मं सहस्रार्कोरुदीधितिः। सर्वजीवनिकायौको यत्र स्वयमभूत् स्वराट्॥
सोऽनुविष्टो भगवता यः शेते सलिलाशये। लोकसंस्थां यथापूर्वं निर्ममे संस्थया स्वया॥१७॥

टीका—ब्रह्मा किमारभतेति प्रश्नस्य यक्षादीन् सृष्टवानित्युत्तरं वक्तुं पूर्वोक्तां सृष्टिमनुस्मारयति दैवेनेति सप्तभिः। मन्वादि प्रश्नानान्तूत्तराध्यायमारभ्य उत्तरं भविष्यति। दुर्वितर्क्येण दैवेन जीवादृष्टेन, प्रकृत्यधिष्ठात्रा महापुरुषेण, अनिमिषेण कालेन च हेतुना। भगवतोनिर्विकारात् जातक्षोभं सद्गुणत्रयं प्रधानं तस्मात् महानासीत्। तदुक्तं तन्त्रे—विष्णोस्तु त्रीणि रूपाणि पुरुषाख्याण्यथो विदुः, प्रथमं महतः स्रष्टृ द्वितीयन्त्वण्डसंस्थितम् तृतीयं सर्वभूतस्थं तानि ज्ञात्वा विमुच्यते॥ इति॥१२॥ महतो जातो-भूतादिरहङ्कारः त्रिलिङ्ग स्त्रिगुणः, रजप्रधानादिति—स्वतः स्वस्य प्रधानस्यापि महतोऽहङ्कारोत्पत्तिकाले कार्य्यानुरूपं रजः प्रधानत्वं भवतीति भावः, पञ्चशः तन्मात्राणि महाभूतानि ज्ञानेन्द्रियाणि कर्मेन्द्रियाणि च तत्तद्देवताश्चेति पञ्च पञ्च ससर्ज्जेत्यर्थः॥१३॥ भौतिकं हैममण्डमेकैकशः प्रत्येकं स्रष्टुमसर्थानि सन्ति संहत्य ससृजुः॥१४॥ अन्ववात्सीत् अधिष्ठितवान्॥१५॥ सहस्रार्काणामिव उरुर्दीधिति र्यस्य तत् सर्वजीव निकायानामोकः स्थानं पद्मम्। स्वराट् ब्रह्मा॥१६॥ यः सलिलाशये गर्भोदकस्यान्तः शेते, तेने भगवतानुविष्टोऽधिष्ठितः सन् स स्वराट्। स्वया संस्थया नामरूपादिक्रमेण॥१७॥

क्रमसन्दर्भः—स्वरूपानन्दास्वादनरूपयोगनिद्राप्राप्तशयितपुरुषावतार के साक्षात् श्रीचरणादि सन्निवेश के द्वारा लोक का विस्तार हुआ, अर्थात् विराड़ाकार प्रपञ्च कल्पित हुआ। उन पुरुष के अवयवसन्निवेश का वर्णन (भा० २।१।२६) में उक्त पुरुष का पादतल पाताल है। इत्यादि के द्वारा जो वर्णन है, वह वर्णन नवीन उपासक के प्रति मनःस्थिर करने के लिये कहा गया है। किन्तु वस्तुत उस प्रकार ही रूप नहीं है। ऋक् वेद में (१०।९०।१३-१४) वर्णित है—पुराण पुरुष के मन से चन्द्रमा, चरणों से भूमि, श्रवणों से दिक् समूह, एवं लोक समूह की कल्पना हुई है। उक्त कारणों से लोक समूह का विस्तार हुआ। मोक्षधर्म में नारायणीयोपाख्यान में वर्णित है—(महाभारत शान्ति पर्व ३३९।७२-७४) गर्भोदक में शयित रूपान्तर से श्वेत-द्वीप पति का वाक्य,—मेरी चतुर्थी मूर्त्ति ने अव्यय शेष को सृजन् किया, उनको सङ्कर्षण कहते हैं। उनसे प्रद्युम्न की उत्पत्ति हुई, प्रद्युम्न से अनिरुद्ध हुए। इस क्रम से पुन पुनः सृष्टि होती है, अनिरुद्ध के नाभिकमल से ब्रह्मा उत्पन्न हुए। ब्रह्मा से स्थावर जङ्गमात्मक समस्त विश्व की उत्पत्ति हुई। उस प्रकरण में श्रीवेदव्यास ने कहा,—सांख्य तत्त्ववेत्तागण जिनको परमात्मा नाम से जानते हैं। अपने कर्म के द्वारा ही आपने महापुरुष संज्ञा प्राप्त की है, उनसे प्रभूत अव्यक्त का आविर्भाव हुआ, अव्यक्त से व्यक्त की उत्पत्ति हुई। लोक में अनिरुद्ध को महानात्मा कहते हैं। जिन्होंने सर्व लोक पितामह को प्रकट किया। सङ्कर्षण का प्रभाव वर्णन करने के पश्चात् अनिरुद्ध का वर्णन करते हैं, प्रत्येक ब्रह्माण्ड में महानात्मा रूप में प्रकट होते हैं, उनका प्राकट्य प्रद्युम्न से होता है। सूत के वर्णन में अनिरुद्ध के सहित अभिन्न करके वर्णित होनेसे प्रद्युम्न का पृथक् वर्णन नहीं हुआ। विष्णुके

२। तस्य पुरुषरूपस्य विसर्ग-निदानत्वमपि प्रतिपादयितुमाह सार्द्धेन (भा० १।३।२-३)—

(२) "यस्याम्भसि शयानस्य योगनिद्रां वितन्वतः।
नाभिह्रदाम्बुजादासीद्ब्रह्मा विश्वसृजां पतिः ॥५॥
यस्यावयवसंस्थानैः कल्पितो लोकविस्तरः ॥"६॥

सर्वसम्वादिनी

"चाक्षुषे त्वन्तरे प्राप्ते प्राक्सर्गे कालविप्लुते।
यः ससर्ज्ज प्रजा इष्टाः स दक्षो दैवचोदितः ॥"२॥ इति।

तीन रूप हैं, यहाँ जिस प्रकार नामतः पृथगुक्ति नहीं है, उस प्रकार जानना होगा। उक्त वर्णन प्रक्रिया (भा० २।६।३९) में है। वह आद्य पुरुष हैं। इस पद्य की टीका—वह ही आद्य भगवान् हैं। जिन्होंने पुरुष रूप को प्रकट कर विश्व सृष्ट्यादि कार्य्य किया है। इस प्रकार ही (भा० २।६।४२) 'आद्य अवतार पर पुरुष', इस पद्य की टीका—विभु पुरुष ही प्रकृति का प्रवर्त्तक हैं। जिनका सहस्रशीर्ष रूपलीला विग्रह है, वह ही आद्य अवतार है। उस प्रकार (भा० ३।१०।१२-१७) दैवेन पद्यस्थ टीका प्रकरण का अनुसन्धान करना कर्त्तव्य है।

ब्रह्माने किस प्रकार सृजन् कर्म प्रारम्भ किया, पूछे जाने पर उत्तर में मैत्रेय ने कहा, जीवादृष्ट के द्वारा सृजन करने के अभिलाष से भगवान् ने कालरूप धारण किया, एवं उससे प्रकृति को क्षुब्ध किया, गुणत्रययुक्त उक्त क्षुब्ध प्रधान से महत्तत्त्व आविर्भूत हुआ। तन्त्र में कहा है,—श्रीविष्णु के तीन रूप हैं, कारणार्णवशायी प्रथम पुरुष, गर्भोदकशायी द्वितीय पुरुष, क्षीराब्धिशायी तृतीय पुरुष हैं। उनको जानने से जीव मुक्त होता है। महत् से अहङ्कार होता है, अहङ्कार स्वयं सत्त्व प्रधान होनेसे भी उत्पत्ति के समय त्रिगुणस्थ रजः का प्राधान्य होता है। पञ्च प्रकार को कहते हैं—तन्मात्रा महाभूत, ज्ञानेन्द्रिय, कर्मेन्द्रिय उनके देवता पञ्च पञ्च का सृजन किया। भौतिक अण्ड स्वयं सृजन करने में सक्षम नहीं था। अतः उसे मिलाकर सृजन किया, एवं उसका अधिष्ठान भी बना। सहस्र सूर्य के समान जिसकी कान्ति है, इस प्रकार एक पद्म नाभि से उत्पन्न हुआ जो समस्त लोकों का स्थान है, उसमें स्वराट् ब्रह्मा प्रकट हुए। गर्भोदक के निम्नतल में भगवान् पद्माधार रूप में शयित थे, उनसे अधिष्ठित होकर ब्रह्मा स्वराट् हुए एवं नामादि क्रम से यथापूर्व सृजन कार्य्य किये। अतएव भगवान् रूप को विराट् रूप से नहीं कहा गया है। अतः वासुदेवस्थानीय भगवान् उक्त पुरुष से भिन्न हैं, यह अर्थ—प्रकरण लब्ध है।

उक्त रूपद्वय का सामान्यतः एकरूप से वर्णन करते हैं—उन श्रीभगवान् का पौरुष रूप, वै शब्द प्रसिद्धार्थक है। विशुद्धोर्ज्जित सत्त्वादि के द्वारा रूप प्रकट होनेसे शक्ति शक्तिमान् का अभेद ही है। इस प्रकार प्रकट रूप हैं, द्वितीय पुरुष व्यूह को लक्ष्य करके उनका स्वरूप वर्णन इस प्रकार हुआ है,—(भा० ३।६।३) आप का रूप अनुपम है, इससे श्रेष्ठ रूप और नहीं है। विशुद्ध शब्द का अर्थ है—मायिक, 'जड़ीय', गुणलेशशून्य, स्वरूपशक्ति वृत्तिभूत है। अजित,—सर्वतो बलवत्, परमानन्द स्वरूप होने से ही वैसा सम्भव है। तै० उपनिषद् में उक्त है,—यदि वह आकाश आनन्द स्वरूप नहीं होता तो कौन प्राण धारण करने में सक्षम होता। इस श्रुति से श्रीभगवद्रूप का ही निर्देश हुआ है। सृष्ट समस्त पदार्थों का आधार स्वरूप होनेसे ही उनको परमात्मा कहते हैं ॥१॥

उक्तपुरुष रूप का विसर्ग निदानत्व स्थापन करने के निमित्त सार्द्धश्लोक के द्वारा कहते हैं, (भा० १।३।२-३)—

जो गर्भोदक में शयनलीला, योगनिद्रारूप स्वरूपानन्द समाधि का विस्तार करते हैं, उनके नाभिकमल से

यस्य पुरुषरूपस्य द्वितीयेन व्यूहेन ब्रह्माण्डं प्रविश्य अम्भसि गर्भोदके शयानस्येत्यादि योज्यम्। यस्य च तादृशत्वेन तत्र शयानस्य अवयवसंस्थानैः साक्षाच्छ्रीचरणादिसन्निवेशैर्लोकस्य विस्तारो विराड़ाकारः प्रपञ्चः कल्पितः। यथा तदवयवसन्निवेशास्तथैव (भा० २।१।२६) "पातालमेतस्य हि पादमूलम्" इत्यादिना नवीनोपासकान् प्रति मनःस्थैर्य्याय प्रख्यापितः, न तु वस्तुतस्तदेव यस्य रूपमित्यर्थः। यद्वा, (ऋक्० १०।९०।१३) "चन्द्रमा मनसो जातः" इत्यारभ्य (ऋक्० १०।९०।१४) "पद्भ्यां भूमिर्दिशः श्रोत्रात्तथा लोकानकल्पयत्" इति श्रुतेस्तैर्हेतुभूतैर्लोकविस्तारो रचित इत्यर्थः। तथा च भारते मोक्षधर्मे नारायणीये गर्भोदके शयानस्य रूपान्तरेण श्वेतद्वीपपतेर्वाक्यम् (म० भा० शान्ति-प० ३३९।७२-७४)—

सर्वसम्वादिनी

[मूल० दम अनु०] "तृतीयम्" इति,—(मूले) "सात्वतं वैष्णवम्; तन्त्रं पञ्चरात्रागमम्; कर्मणां कर्माकारेणापि सतां श्रीभगवद्धर्माणाम्, यतस्तन्त्रान्नैष्कर्म्यं कर्मबन्ध-मोचकत्वेन कर्मभ्यो निर्गतत्वं तेभ्यो भिन्नत्वं प्रतीयत इति शेषः।"

विश्वस्रष्टा, प्रजापतिगण का पति ब्रह्मा उत्पन्न हुए थे।

टीका—कोऽसौ भगवानित्यपेक्षायां तं विशिनष्टि यस्येति। यस्याम्भसि एकार्णवे शयानस्य—विश्रान्तस्य। तत्र योगः समाधि स्तद्रूपां निद्रां विस्तारयतः, नाभिरेव ह्रदं तस्मिन् यदम्बुजं, तस्मात् सकाशात् ब्रह्मासीत्—अभूत। पाद्मे कल्पे—स पौरुषं रूपं जगृहे। (२) कीदृशं रूपं जगृहे तदाह यस्येति। ननु कीदृशो विग्रहस्तस्य योऽम्भसि शेते स्म तदाह।

क्रमसन्दर्भः—तस्य पुरुषरूपस्य विसर्गनिदानत्वमपि प्रतिपादयितुमाह सार्द्धेन। यस्य पुरुषरूपस्य द्वितीयेन व्यूहेन ब्रह्माण्डं प्रविश्याम्भसि गर्भोदके शयानस्येत्यादि योज्यम्। अत्र टीकायां पाद्मं इत्यत्र ब्राह्म इति वाच्यम्।

प्रथम पुरुष के अंश से द्वितीय व्यूह रूप पुरुष को प्रकट कर ब्रह्माण्ड में सन्निविष्ट होकर, प्रलय के समय गर्भोदक में शयन करते हैं, इस प्रकार पद्यस्थ वाक्य की योजना है। उक्त गर्भोदक में शयित पुरुष के अवयव संस्थान के द्वारा अर्थात् साक्षात् श्रीचरणादि सन्निवेश के द्वारा लोक का विस्तार हुआ, अर्थात् विराड़ाकार प्रपञ्च की कल्पना हुई। (भा० २।१।२६) में वर्णित है—

पातालमेतस्य हि पादमूलम् पठन्ति पार्ष्णिप्रपदे रसातलम्।
महातलं विश्वसृजोऽथ गुल्फौ तलातलं वै पुरुषस्य जङ्घे॥

टीका—"विराड़् देह तज्जीव तदन्तर्य्यामिणाम् अभेदमारोप्य उपासनं कर्त्तव्यम्। इत्याशयेनाह पातालं पादमूलम् पादस्याधोभागम्। पातालादीनां तदवयवता विधीयते। पातालादीनि अतलान्तानि अधस्तनादारभ्य सप्तभूविवराणि। पठन्ति गृह्णन्ति" इत्यादि प्रमाण प्रदर्शनम्। पार्ष्णिप्रपदे - पादस्य पश्चात् पुरोभागौ॥ जितासनो जिताश्वासो जितसङ्गो जितेन्द्रियः। स्थूले भगवतो रूपे मनः सन्धारयेद्धिया। विशेषस्तस्य देहोऽयं स्थविष्ठश्च स्थवीयसाम्। यत्रेदं व्यज्यते विश्वं भूतं भव्यं भवच्च सत्॥(भा०२।१।२३-२४)

उपास्य में नवीन उपासक मनःस्थिर कर सके, एतन्निमित्त विश्वस्थ पदार्थ समूह को पुरुष के प्रत्येक देहावयव में सन्निविष्ट किया गया है। किन्तु उक्त पुरुष का उक्त विराड़् रूप ही वास्तविक है, इस प्रकार धारणा न करें। ऋक् वेद के (१०।९०।१३) में वर्णित है,—पुरुष के मन से चन्द्रमाकी उत्पत्ति हुई।

"अस्मन्मूर्त्तिश्चतुर्थी या सासृजच्छेषमव्ययम् ॥७॥
स हि सङ्कर्षणः प्रोक्तः प्रद्युम्नं सोऽप्यजीजनत् । प्रद्युम्नादनिरुद्धोऽहं सर्गो मम पुनः पुनः ॥८॥
अनिरुद्धात्तथा ब्रह्मा तन्नाभिकमलोद्भवः । ब्रह्मणः सर्वभूतानि स्थावराणि चराणि च ॥"९॥

तत्रैव वेदव्यासः (म० भा० शान्ति-प० ३४०।२८-३१)—
"परमात्मेति यं प्राहुः सांख्ययोगविदो जनाः ॥१०॥
महापुरुष-संज्ञां स लभते स्वेन कर्म्मणा। तस्मात् प्रसूतमव्यक्तं प्रधानं तद्विदुर्बुधाः ॥११॥
अव्यक्ताद्व्यक्तमुत्पन्नं लोकसृष्टचर्थमीश्वरात् । अनिरुद्धो हि लोकेषु महानात्मेति कथ्यते ॥१२॥
योऽसौ व्यक्तत्वमापन्नो निर्म्ममे च पितामहम् ॥"१३॥ इति ।

सर्वसम्वादिनी

[मूल० ८म अनु०] "तुर्य्ये" इति,—धर्मस्य भागवत-मुख्यस्य कलायाः श्रद्धा-पुष्ट्यादि-साहित्येन पठितायाः श्रीभगवच्छक्ति-लक्षणाया मूर्त्तेश्च सर्गे प्रादुर्भावे। अनयोरेकावतारत्वं हरि-कृष्णाभ्यां सोदराभ्यामपि सह ।

इस प्रकार आरम्भ कर (ऋक्० १०।९०।१४) में कहा गया है, चरणद्वय से भूमि, तथा श्रोत्र से दिक् एवं अपरापर विश्व की उत्पत्ति हुई। उन उन अवयव को निमित्त करके लोक की रचना हुई। उस प्रकार महाभारत के मोक्षधर्मीय नारायणीय प्रकरण में उक्त है,—श्वेतद्वीपपति अनिरुद्ध ने कहा,—मेरी चतुर्थमूर्त्ति श्रीवासुदेव ने अव्यय शेष का सृजन किया, यह शेष—श्रीसङ्कर्षण नाम से अभिहित हैं, उनसे प्रद्युम्न उत्पन्न हुए। यद्यपि नरलीलात्मक द्वारका चतुर्व्यूह श्रीवासुदेव से श्रीप्रद्युम्न की सृष्टि हुई है, यहाँ देवलील वैकुण्ठ चतुर्व्युह श्रीसङ्कर्षण से प्रद्युम्न का प्रादुर्भाव वर्णित है, ईश्वरलीला का क्रम इस प्रकार ही है।

श्रीप्रद्युम्न से अनिरुद्ध प्रकट हुए हैं, इस प्रकार प्रकट पुनः पुनः होता रहता है, अनिरुद्ध के नाभिकमल से ब्रह्मा का जन्म होता है, ब्रह्मा से स्थावर जङ्गमात्मक समस्त भूतों की सृष्टि होती है। उक्त प्रकरण में वेदव्यास ने कहा है—सांख्ययोग तत्त्वविद्गण जिनको परमात्मा कहते हैं। निज कर्मके द्वारा आप "महापुरुष" नाम से विभूषित होते हैं। उससे अव्यक्त उत्पन्न होता है, उक्त अव्यक्त को बुधगण प्रधान कहते हैं, लोकसृष्टिकर्त्ता परमात्मा के प्रभाव से—अव्यक्त से व्यक्त महदादि की सृष्टि हुई है। अनिरुद्ध को विद्वान्गण महानात्मा शब्द से कहते हैं। अनिरुद्ध सृष्टि कार्य्य में प्रवृत्त होकर लोक पितामह ब्रह्मा को सृजन किए। सङ्कर्षण का वैभव कथन के पश्चात् अनिरुद्ध का वैभव को कहते हैं, लोकेषु—प्रत्येक ब्रह्माण्ड में महानात्मा—परमात्मा—अनिरुद्ध हैं। प्रद्युम्न से ही आप प्रकट हुए हैं।

यहाँपर अनिरुद्ध की उक्ति में संकर्षण, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध तीन व्यूह का उल्लेख है, श्रीव्यास की उक्ति में सङ्कर्षण—अनिरुद्ध व्यूहद्वय का उल्लेख है, इस मतभेद का समाधान यह है, प्रद्युम्न के सहित अनिरुद्ध का अवान्तर भेद विद्यमान होने पर भी सूतोक्ति में उभय को अभेद करके ही कहा गया है, अतएव व्यूहद्वय हुआ है। चतुर्थ व्यूह वासुदेव स्थानीय श्रीभगवान् हैं। (भा० ११।४।३) श्लोक में उक्त है,— "भूतैर्यदा पञ्चभिरात्मसृष्टैः, पुरं विराजं विरचय्य तस्मिन् ।
स्वांशेन विष्टः पुरुषाभिधान,—मवाप नारायण आदिदेवः ॥"

आदिदेव नारायण जब महत्स्रष्टा पुरुष संज्ञा को प्राप्त करते हैं, तब निज सृष्ट पञ्चभूत के द्वारा ब्रह्माण्ड की रचना करके उसमें अन्तर्य्यामी रूप में प्रविष्ट होकर द्वितीय पुरुष नाम से अभिहित होते हैं। टीकाकार स्वामिपाद ने इन को पुरुषावतार कहा है।

तदेवं सङ्कर्षणस्य वैभवमुक्त्वानिरुद्धस्याप्याह—अनिरुद्धो हीति, लोकेषु प्रत्येकं ब्रह्माण्डेषु महानात्मा परमात्मा। व्यक्तत्वं प्राकट्यं प्रद्युम्नादिति शेषः। सूतेन त्वभेदविवक्षया प्रद्युम्नः पृथङ्नोक्तः;—"विष्णोस्तु त्रीणि रूपाणि" इतिवत्। सेयं प्रक्रिया द्वितीयस्य षष्ठे दृश्यते, यथा (भा० २।६।३९)—"स एष आद्यः पुरुषः" इत्यादिपद्ये टीका—"स एष आद्यो भगवान् यः पुरुषावतारः सन् सृष्ट्यादिकं करोति" इत्येषा। एवम् (भा० २।६।४२)—"आद्योऽवतारः पुरुषः परस्य" इत्यत्र टीका—"परस्य भूम्नः पुरुषः प्रकृतिप्रवर्त्तको यस्य (ऋक्० १०।९०।१) "सहस्रशीर्षा" इत्याद्युक्तो लीलाविग्रहः, स आद्योऽवतारः" इत्येषा। तथा तृतीयस्य विंशे (भा० ३।२०।१२) "दैवेन" इत्यादिकं (भा० ३।२०।१७) "सोऽनु-"इत्यन्तं

सर्वसम्वादिनी

[मूल० १०म अनु०] "पञ्चमः" इति; (भा० ३।२४।१९—ग्रन्थकृद्विरचित-श्रीक्रमसन्दर्भे धृतानि पाद्म-वाक्यानि)—

पञ्चभूतों से विराज अर्थात् ब्रह्माण्ड निर्म्माण करके परमात्मा उसमें प्रविष्ट होते हैं, नियामक रूप में प्रविष्ट होते हैं, भोक्ता रूप में नहीं, कारण प्रचुर पुण्य विशिष्ट जीव ही उक्त पुर का भोक्ता होता है। उस प्रकार उक्ति ही (भा० २।६।३९) में है—

"स एष आद्यः पुरुषः कल्पे कल्पे सृजत्यजः। आतमन्यातमनात्मानं स संयच्छति पाति च॥"

टीका—अवतार कर्माणि संक्षेपतो दर्शयति। स एष आद्यो भगवान् यः पुरुषावतारः सन् सृष्ट्यादि करोति। आत्मात्मन्यात्मनात्मानमिति कर्त्ता, अधिकरणं, साधनं, कर्म, च स्वयमेवेत्यर्थः॥ पुरुषोऽवतारः सृष्ट्यादीनि च कर्माणीति संक्षेपोक्तिः॥ (३९)

आद्य—अर्थात् भगवान् पुरुषावतार होकर सृष्ट्यादि कार्य्य करते हैं, टीकाकार ने भी कहा है,—आद्य, भगवान् पुरुषावतार होकर सृष्ट्यादि कार्य्य करते हैं। एवं स्वयं कर्त्ता, अधिकरण, साधन, कर्म भी होते हैं। इस प्रकार (भा० २।६।४२) में उक्त है—

"आद्योऽवतारः पुरुषः परस्य, कालः स्वभावः सदसन्मनश्च।
द्रव्यं विकारो गुण इन्द्रियाणि, विराट् स्वराट् स्थास्नु चरिष्णु भूम्नः॥"

टीका—अवतारान् विस्तरेणाह,—आद्य इति, यावदध्यायसमाप्ति,—परस्य भूम्नः पुरुषः—प्रकृति प्रवर्त्तकः। यस्य सहस्रशीर्षाद्युक्तो लीलाविग्रहः स आद्योऽवतारः। वक्ष्यते हि भूतैर्यदा पञ्चभिरात्मसृष्टैः पुरं विराजं विरचय्य तस्मिन्। स्वांशेन विष्टः पुरुषाभिधानमवाप नारायण आदिदेवः॥ यच्चोक्तम्—विष्णोस्तु त्रीणि रूपाणि पुरुषाख्यान्यथो विदुः। प्रथमं महतः स्रष्टृ द्वितीयन्त्वण्डसंस्थितम्। तृतीयं सर्वभूतस्थं तानि ज्ञात्वा विमुच्यते, इति। यद्यपि सर्वेषामविशेषेण अवतारत्वमुच्यते, तथापि कालश्च स्वभावश्च सदसद्विति कार्य्य कारणरूपा प्रकृतिश्च एताः शक्तयः। मन आदीनि कार्य्याणि, ब्रह्मादयो गुणावताराः, दक्षादयो विभूतयः॥ इति विवेक्तव्यम्। मनो—महत्तत्त्वम्। द्रव्यं महाभूतानि। क्रमोऽत्र न विवक्षितः। विकारोऽहङ्कारः। गुणः, सत्त्वादिः। विराट्—समष्टिशरीरम्। स्वराट् वैराजः। स्थास्नु—स्थावरं, चरिष्णु जङ्गमञ्च—व्यष्टि शरीरम्॥ (४२)

टीकाकार ने लिखा है, पर अर्थात् भूमापुरुष श्रीभगवान् का प्रथमावतार पुरुष है, जो प्रकृति का प्रवर्त्तक है। ऋक् में भी उक्त है, सहस्रशीर्षापुरुषः—इत्यादि लीलाविग्रह, वह ही आद्य अवतार है। उस प्रकार (भा० ३।२०।१२) से आरम्भ करके (भा० ३।२०।१७) पर्य्यन्त श्लोक में उक्त विवरण है,

सटीकमेव प्रकरणमत्रानुसन्धेयम्। तस्माद्विराट्त्वेन तद्रूपं न व्याख्यातम्। तस्माच्च वासुदेवस्थानीयो भगवान् पुरुषादन्य एवेत्यायातम् ।।

३। अथ तस्य रूपद्वयस्य सामान्यत ऐकविध्येन स्वरूपमाह (भा० १।३।३)—

(३) "तद्वै भगवतो रूपं विशुद्धं सत्त्वमूर्जितम्" इति ।

सर्वसम्वादिनी

"कपिलो वासुदेवाख्यस्तत्त्वं साङ्ख्यं जगाद ह। ब्रह्मादिभ्यश्च देवेभ्यो भृग्वादिभ्यस्तथैव च ।।३।।
तथैवासुरये सर्ववेदार्थैरुपबृंहितम्। सर्ववेदविरुद्धश्च कपिलोऽन्यो जगाद ह।
साङ्ख्यमासुरयेऽन्यस्मै कुतर्क-परिबृंहितम् ।।"४।। इति ।

श्रीधरस्वामिपाद की टीका को अवलोकन करना इस स्थल के लिए उपयोगी है। संक्षिप्त विवरण टीका का यह है—विकार रहित भगवान् महाविष्णु से प्रकृति क्षुब्धा होनेसे महत्तत्त्व का प्राकट्य होता है। यद्यपि प्रकृति क्षोभ के प्रति जीवादृष्ट, महापुरुष, एवं काल—कारण हैं। तथापि महापुरुष मुख्य कारण हैं, जीवादृष्ट एवं काल गौण कारण हैं। ईश्वर की इच्छा से महत्तत्व से अहङ्कार, पञ्च तन्मात्र, पञ्चमहाभूत, इन्द्रिय, इन्द्रियाधिष्ठात्री देवता, उत्पन्न होते हैं। ईश्वरेच्छा से उक्त समस्त तत्त्व मिलित होकर ब्रह्माण्ड सृष्ट होता है, उक्त ब्रह्माण्ड में ईश्वर (महाविष्णु) अंश से (अन्तर्य्यामी) रूप से प्रवेश करते हैं। उन स्वरूप का नाम गर्भोदकशायी हैं, इनकी नाभि से जीव समूह के अधिष्ठान स्वरूप पद्म आविर्भूत हुआ। उक्त पद्म से स्वयं ब्रह्मा प्रकट होते हैं। अतएव विराट् ब्रह्माण्ड ही पुरुष का रूप नहीं है, पुरुष उक्त विराट् ब्रह्माण्ड में अन्तर्य्यामी सहस्रशीर्षा रूप में अवस्थित होते हैं। यहाँ प्रणिधानयोग्य विषय यह है कि—"विवर्त्तवादिगण कहते हैं—जगत् मिथ्या है, केवल माया विवर्त्त मात्र है।" उक्त वाद का निरसन (भा० ३।२०।१७) के द्वारा हुआ है।

"सोऽनुविष्टो भगवता यः शेते सलिलाशये। लोकसंस्था यथापूर्वं निर्म्ममे संस्थया स्वया ।।"

टीका—यः सलिलाशये गर्भोदकस्यान्तः शेते तेन भगवतानुविष्टोऽधिष्ठितः सन् स स्वराट्। स्वया संस्थया—नामरूपादिक्रमेण। प्रलय के पूर्ववर्त्ती काल में जिनके जिस प्रकार नामादि थे, प्रलय के पश्चात् ठीक उक्त रूप से ही उसका सृजन होता है। यह रीति अनादि काल से चलती आ रही है। इससे रज्जुसर्पवत् भ्रान्ति विजृम्भित जगत् है, इसका निरास हुआ, सत्यवस्तु की ही अभिव्यक्ति जगत् है, इसका स्थापन ही श्रीमद्भागवत में है, मायावाद का नहीं। श्रुति भी कहती है, "सदेव सौम्य इदमग्र आसीत्" जगत् सृष्टि के पूर्व में सत्य ही था, पहले जिस प्रकार था, वह ही अभिव्यक्त होता है, अतः जगत् मिथ्या नहीं है।

"यस्याम्भसि शयनस्य योगनिद्रां वितन्वतः। नाभिह्रदाम्बुजादासीत् ब्रह्मा विश्वसृजां पतिः ।।"

यहाँपर महत्स्रष्टा पुरुष एवं ब्रह्माण्ड में प्रविष्ट पुरुष को अभिन्न रूप से कहा गया है। अतएव श्रीवासुदेव स्थानीय भगवान् पुरुषावतार से भिन्न ही हैं, प्रकरण से इसका प्रकाश हुआ है ।।२।।

उक्त पुरुषद्वय को एकरूप से, अर्थात् स्वरूप तटस्थ लक्षण के द्वारा कहते हैं—(भा० १।३।३) में वर्णित है—"यस्यावयवसंस्थानैः कल्पितो लोकविस्तरः। तद्वै भगवतो रूपं विशुद्धं सत्त्वमूर्ज्जितम् ।।

टीका—कीदृशं रूपं जगृहे तदाह—यस्येति। ननु कीदृशो विग्रहस्तस्य योऽम्भसि शेते स्म तदाह। तत् तस्य भगवतो रूपन्तु विशुद्धं,—रज आद्यसम्भिन्नम्। अतएवोर्ज्जितम्, निरतिशयं सत्त्वम् ।।

अनन्तर तटस्थ एवं स्वरूप लक्षण के द्वारा पुरुष का निरूपण करते हैं। स्वरूप लक्षण—पुरुषाख्य

तत् श्रीभगवतः पौरुषं रूपं वै प्रसिद्धौ विशुद्धोर्जितसत्त्वाभिव्यक्तत्वाच्छक्तिस्वरूपयोर-भेदाच्च तद्रूपमेवेत्यर्थः। उक्तञ्च द्वितीयं पुरुषव्यूहमधिकृत्य स्वरूपत्वं तद्रूपस्य (भा० ३।९।३) "नातः परं परम यद्भवतः स्वरूपम्" इत्यत्र। विशुद्धं जाड्यांशेनापि रहितम्, स्वरूपशक्ति-वृत्तित्वात्। ऊर्जितं सर्वतो बलवत्, परमानन्दरूपत्वात्; (तै० २।७।१) "को ह्येवान्यात् कः प्राण्यात् यदेष आकाश आनन्दो न स्यात्" इति श्रुतेः। तस्मात् साक्षाद्भगवद्रूपे तु कैमुत्यमेवायातम्॥

४। तदेवं पुरुषस्य द्विधा स्थानकर्मणी उक्त्वा स्वरूपवदाकारं त्वेकप्रकारमाह (भा० १।३।४)—

सर्वसम्वादिनी

[मूल० १२श अनु०] "ततः" इत्ययमेव मातामहेन मनुना हरिरित्यनूक्तः।
[मूल० १३श अनु०] "अष्टमे" इत्ययमेवावेश इत्येके।

भगवद्रूप—रजः प्रभृति मायिक गुणों से अस्पृष्ट है, अप्राकृत है, विशुद्ध सत्त्व स्वरूप है, तटस्थ लक्षण—पुरुषरूप के अवयव संस्थान के द्वारा भू आदि लोक समूह कल्पित हैं।

श्रीभगवान् के उक्त पौरुषरूप—विशुद्ध सत्त्वोर्ज्जित रूप में प्रसिद्ध है। बलवत् विशुद्ध सत्त्व में उक्त पुरुषरूप अभिव्यक्त होनेके कारण, कार्य्य कारण का निर्देश अभिन्न रूप से ही हुआ है। विशुद्धसत्व—श्रीभगवान् के स्वरूपशक्ति के वृत्तिरूप है, स्वरूप एवं शक्ति अभिन्न होनेसे ही अभेद निर्देश हुआ है। श्रीभगवान् के पौरूषरूप विशुद्ध, एवं ऊर्ज्जित सत्त्वस्वरूप हैं। द्वितीय पुरुष व्यूह को लक्ष्य करके (भा० ३।९।३) में उनका स्वरूप वर्णन हुआ है—

"नातः परं परम यद्भवतः स्वरूपमानन्दमात्रमविकल्पमविद्धवर्च्चः।
पश्यामि विश्वसृजमेकमविश्वमात्मन् भूतेन्द्रियात्मकमदस्त उपाश्रितोऽस्मि॥"

टीका—हे परम! अविद्धवर्च्चः, अनावृतप्रकाशम् अतः अविकल्पम् निर्भेदं, अतएवानन्दमात्रम्। एवम्भूतं यद्भवतः स्वरूपम्। तत् अतो रूपात् परं भिन्नं न पश्यामि, किन्तु इदमेव तत्। अतः कारणात् ते तव अदः इदं रूपं उपाश्रितोऽस्मि। योग्यत्वादपीत्याह। एकम् उपास्येषु मुख्यम्। यतः विश्वसृजं—विश्वं सृजतीति। अतएव अविश्वं विश्वस्मादन्यत्। किञ्च भूतेन्द्रियात्मकं भूतानामिन्द्रियाणाञ्च आत्मानं कारणमित्यर्थः॥

ब्रह्मा कहते हैं—हे परम! दृश्यमान आपका रूप, आपका स्वरूप से भिन्न नहीं है, किन्तु मैं देख रहा हूँ, आपका स्वरूप ही आपका रूप है। यहाँपर रूप का ही स्वरूपत्व कथन हुआ है, अर्थात् जीव में जिस प्रकार जड़ देह एवं चिन्मय आत्मा का भान होता है, आपके स्वरूप में उस प्रकार देह देही भेद नहीं है, भगवान् चिन्मय स्वरूप हैं, अतएव भगवद्रूप ही भगवान् का स्वरूप है।

उक्त श्लोकस्थ श्रीभगवान् का पौरुष रूप, प्रसिद्ध विशुद्धसत्त्व का ऊर्ज्जित स्वरूप है। जाड्यांश से रहित है, कारण वह स्वरूपशक्ति के वृत्तिरूप है। ऊर्ज्जित शब्द से सर्वापेक्षा बलवत्त्व को जानना होगा। कारण—वह परमानन्दरूप ही है। (तै० २।७।१) श्रुति भी उक्त पुरुष को परमानन्द स्वरूप कहती है, "यदि आकाश अर्थात् परमात्मा आनन्द स्वरूप नहीं होते तो कौन व्यक्ति जीवित रहने की चेष्टा करता?" सुतरां स्वयं भगवद्रूप जो सर्वथा आनन्दमय हैं, मायिक नहीं हैं, कैमुत्य से उक्तार्थ का लाभ हुआ॥३॥

उक्त रूप से पुरुष के दो प्रकार स्थान कर्म का वर्णन करने के अनन्तर स्वरूपवत् एकरूप आकार

(४) "पश्यन्त्यदो रूपमदभ्र-चक्षुषा, सहस्रपादोरुभुजाननाद्भुतम् ।
सहस्रमूर्द्धश्रवणाक्षिनासिकं, सहस्रमौल्यम्बरकुण्डलोल्लसत् ॥"१४॥

अदः पौरुषं रूपम्, अदभ्रचक्षुषा भक्त्याख्येन, (गी० ८।२२) "पुरुषः स परः पार्थ भक्त्या लभ्यस्त्वनन्यया" इत्युक्तेः, "भक्तिरेवैनं नयति भक्तिरेवैनं दर्शयति" इत्यादि श्रुतेश्च । तत्र

सर्वसम्वादिनी

[मूल० १५श अनु०] "रूपम्" इत्ययमपि वराहवत् प्रथम-षष्ठ-मन्वन्तरयोरवातरत् । तद्वदेव च द्वितीय एकतयैव वर्णितः । (भा० २।७।१२)—

का वर्णन करते हैं । (भा० १।३।४) में वर्णित है- पुरुष का रूप, सहस्र हैं, अर्थात् अनन्त चरण, अनन्त ऊरु, बाहु, वदन, अद्भुत अनन्त मस्तक, कर्ण, नयन, नासिका, अनन्त मुकुट, वस्त्र, कुण्डल द्वारा शोभित हैं, उपासकगण अदभ्रचक्षु के द्वारा उक्त रूपका दर्शन करते हैं ।

टीका—"एतच्च योगिनां प्रत्यक्षमित्याह, पश्यन्तीति, अदभ्रं - अनल्पं ज्ञानात्मकं यच्चक्षु स्तेन, सहस्रमपरिमितानि यानि पादादीनि तैरद्भुतम् । सहस्रं मूर्द्धादयो यस्मिन् तत् । सहस्रं यानि मौल्यादीनि तैरुल्लसत् शोभमानम् ॥"

क्रमसन्दर्भः—तदेवं पुरुषस्य द्विधा स्थानकर्मणो उक्त्वा स्वरूपवदाकारन्त्वेकप्रकारमाह,—पश्यन्तीति,—अदः पौरुषं रूपम् । अदभ्र चक्षुषा—भक्त्याख्येन, (गी० ८।२२)—"पुरुषः स परः पार्थ भक्त्या लभ्यस्त्वनन्यया" इत्युक्तेः, "भक्तिरेवैनं नयति, भक्तिरेवैनं दर्शयति" इत्यादि माठरश्रुतेश्च । तत्रप्रथमपुरुषस्य सहस्रपादादित्वं परमात्मसन्दर्भे व्यञ्जितम् । तृतीयस्याष्टमे तु द्वितीय पुरुष व्यूहमुपलक्ष्य (भा० ३।८।२४) "वेणुभुजाङ्घ्रिपाङ्घ्रेः" इति, (भा० ३।८।२६) "दोर्दण्ड- सहस्रशाखम्" इति च, तथा नवमस्य चतुर्दशे (भा० ९।१४।२)—"सहस्रशिरसः पुंसो नाभिह्रदसरोरुहात् ।
जातस्यासीत् सुतो धातुरत्रिः पितृसमो गुणैः ॥" इति ।

अपुरोवर्त्ती उक्त पुरुषरूप का दर्शन अदभ्रचक्षु से होता है, अर्थात् भक्तिचक्षु से भक्तयोगिगण दर्शन करते हैं । श्रीगीता के (८।२२) में उक्त है—

"पुरुषः स परः पार्थ भक्त्या लभ्यस्त्वनन्यया । यस्यान्तःस्थानि भूतानि येन सर्वमिदं ततम् ॥"

टीका –तत्प्राप्तौ भक्तेः सूपायत्वमाह,—पुरुष स इति । स मल्लक्षणः पुरुषोऽनन्यया तदेकान्तया "अनन्यचेताः सततम्" इति पूर्वोदितया भक्त्यैव लभ्यो लब्धुं शक्यो योगभक्त्या तु दुःशक्या तत्प्राप्तिरित्यर्थः, तल्लक्षणमाह,—यस्येति । सर्वमिदं जगत् येन ततं व्याप्तम् । श्रुतिश्चैवमाह,—"एकोवशी सर्वगः कृष्ण ईड्य, एकोऽपि सन् बहुधा योऽवभाति, वृक्ष इव स्तब्धो दिवि तिष्ठत्येक स्तेनेदं, पूर्णं पुरुषेण सर्वम्" इत्याद्या ।

भगवत् प्राप्ति के निमित्त भक्ति ही एकमात्र सरल उत्तम उपाय है, उस का प्रकार सुस्पष्ट रूपसे करते हैं, मत्स्वरूप पुरुषावतार का दर्शन एकान्त भक्ति से ही होता है, पहले आपने कहा भी है, अनन्यचित्त होकर जो जन मेरा स्मरण नित्य ही करता है, उसके लिए मैं सुलभ हूँ, वह ही नित्ययुक्त योगी है । योग भक्ति के द्वारा भगवत् प्राप्ति दुःशक्य है, उक्त पुरुष का लक्षण कहते हैं, जिनके द्वारा सर्व जगत् व्याप्त है, श्रुति भी कहती है,—एक, वशी, सर्वग कृष्ण ईड्य स्तुत्य हैं, एक होकर भी जो अनेक रूपों में प्रतिभात होते हैं, वृक्ष के समान अचल होकर निज स्वरूपशक्ति में अवस्थित हैं, उन पुरुष के द्वारा ही समस्त जगत् परिपूर्ण हैं ।

प्रथमस्य सहस्रपादादित्वं परमात्मसन्दर्भे व्यञ्जितम्। तृतीयस्याष्टमे तु द्वितीयपुरुषस्य व्यूहमुपलक्ष्य श्रीमैत्रेयेण (भा० ३।८।२४)—"वेणुभुजाङ्घ्रिपाङ्घ्रेः" इति, (भा० ३।८।२६)—"दोर्द्दण्डसहस्रशाखम्" इति, (भा० ३।८।३०) "किरीटसाहस्रहिरण्यशृङ्गम्" इति च। तथा

सर्वसम्वादिनी

"मत्स्यो युगान्तसमये मनुनोपलब्धः क्षौणीमयो निखिलजीवनिकायकेतः।
विस्रंसितानुरुभये सलिले मुखान्म, आदाय तत्र विजहार ह वेदमार्गान्॥"५॥ इति;

भक्ति उन पुरुष का दर्शन कराती है, भक्ति,—परमपुरुष को प्राप्त कराती है, इस प्रकार माठर श्रुति में वर्णित है। उनमें से प्रथम पुरुष का वर्णन—सहस्रपादादि रूप में परमात्मसन्दर्भ में सुस्पष्ट रूप से हुआ है, (भा० ३।८।२४) में द्वितीय पुरुष के व्यूह को लक्ष्य करके श्र मैत्रेय ने कहा है,—

"प्रेक्षां क्षिपन्तं हरितोपलाद्रेः सन्ध्याव्भ्रनीवेरुरुक्ममूर्ध्नः।
रत्नोदधारौषधिसोमनस्यवनस्रजो वेणुभुजाङ्घ्रि पाङ्घ्रेः॥"

टीका—कथम्भूतं पुरुषम्? हरितोपलाद्रेमरकतशिलामय पर्वतस्य प्रेक्षां शोभां क्षिपन्तं स्वलावण्यातिशयेन तिरस्कुर्वन्तम्, सन्ध्याव् भ्रं नीविः परिधानं यस्य तस्य शोभां पीताम्बरेण क्षिपन्तम्। उरुरुक्ममूर्ध्नः अनेकसुवर्णशिखरस्य तस्य सकिरीटैः। रत्नानि च उदधाराश्च ओषधयश्च सौमनस्यानि च पुष्पसमूहाः सुमन स एव वा तेषां वनस्रजो वनमाला यस्य। वेणव एव भुजा यस्य, अङ्घ्रिपा एवाङ्घ्रयो यस्य, स चासौ स च तस्य। अयमर्थः—यदि तस्मिन् माला इव स्थिता रत्नादयो भवन्ति, वेणवश्च भुजा इव वृक्षाश्च पादा इव; तर्हि तस्य शोभां स्वीयरत्नमुक्तातुलसी पुष्पदामभि र्भुजैरङ्घ्रिभिश्च क्षिपन्तमिति॥

पुरुष की मरकतशीलामयपर्वतरूप में उत्प्रेक्षा करके, उनके बाहु समूह की पर्वतोपरिस्थ वेणु, चरण समूह की पर्वताधः स्थित वृक्ष रूप में उत्प्रेक्षा करने से करचरण का असंख्यत्व सूचित होता है। (भा० ३।८।२९) में उक्त है,—"परार्द्धकेयूरमणिप्रवेकपर्य्यस्तदोर्दण्डसहस्रशाखम्।
अव्यक्तमूलं भुवनाङ्घ्रिपेन्द्रमहीन्द्रभोगैरधिवीतवल्शम्॥"

टीका—महाचन्दनवृक्षरूपकेण निरूपयितुं तं विशिनष्टि,—परार्द्ध्यानि श्रेष्ठानि केयूराणि अङ्गदानि मणिप्रवेकाश्च मण्युत्तमास्तैः पर्य्यस्ता व्याप्ता दोर्दण्डा एव सहस्रम् अनन्ताः शाखायस्य। चन्दनवृक्षोऽपि केयूरादि तुल्यैः फलपुष्पादिभि र्व्याप्तशाखोभवति। अव्यक्तं प्रधानं मूलं अधोभागो यस्य। यद्वा अव्यक्तं ब्रह्म मूलं यस्य, ब्रह्माभिव्यक्तिरूपत्वात्। वृक्षस्यापिमूलं न व्यक्तम्। भुवनात्मकमङ्घ्रिपेन्द्रं वृक्षश्रेष्ठम्। अहीन्द्रस्यानन्तस्य भोगैः फणैः देहावयवै र्वा अधिवीताः संवेष्टिताः स्पृष्टावल्शाः स्कन्धा यस्या। वनस्पतेः शतवल्शो विरोहेतिश्रुतेः। सोऽपि सर्पै र्वेष्टितो भवति।

महाचन्दन वृक्षरूपक के द्वारा उक्त पुरुषावतार का वर्णन करते हैं. बहुमूल्य केयूर एवं उत्तम मणि समूह के द्वारा भुज समूह महाचन्दन वृक्ष की शाखा के समान सुशोभित हैं। अव्यक्त मूल ब्रह्म जिनका मूल हैं, वृक्ष पक्ष में अदृश्य जड़ समूह, भुवनरूप महावृक्ष के समान शोभित हैं, अहीन्द्र के फण के द्वारा स्कन्ध समूह सुशोभित हैं, वृक्ष पक्ष में सर्प वेष्टित है। (भा० ३।८।३०) में वर्णित है—

"चराचरौको भगवन्महीध्रमहीन्द्रबन्धुं सलिलोपगूढम्।
किरीटसाहस्रहिरण्यशृङ्गमाविर्भवत् कौस्तुभरत्नगर्भम्॥"

नवमस्य चतुर्द्दशे श्रीशुकेन (भा० ९।१४।२)—

"सहस्रशिरसः पुंसो नाभिह्लदसरोरुहात्।
जातस्यासीत् सुतो धातुरत्रिः पितृसमो गुणैः ॥"१५॥ इति।

५। तत्र श्रीभगवन्तं सुष्ठु स्पष्टीकर्त्तुं गर्भोदकस्थस्य द्वितीयस्य पुरुषस्य व्यूहस्य नानावतारित्वं विवृणोति (भा० १।३।५)—

(५) "एतन्नानावताराणां निधानं वीजमव्ययम्।
यस्यांशांशेन सृज्यन्ते देव-तिर्य्यङ्नरादयः ॥"१६॥

सर्वसम्वादिनी

स्वायम्भुवीयस्यादौ ह्ययं दैत्यं हत्वा वेदानाहरत्। चाक्षुषान्तरे तु सत्यव्रते कृपामकरोदिति।

टीका—प्रेक्षां क्षिपन्तमित्यत्रैव पर्वतरूपकेण निरूपितमपि विशेषणान्तरैः पुर्नानिरूपयति—भगवानेव महीध्रस्तम्। चराचराणामोकः स्थानम्। सोऽपि तथा। अहीन्द्रस्य बन्धुम्। सोऽप्यहीन्द्राणां बन्धुः। सलिलेन उपगूढ़माकृतम्, पर्वतोऽपि मैनाकादिस्तथा। किरीटसहस्रमेव हिरण्यशृङ्गाणि यस्य, सोऽपि मेर्वादिस्तथा। यथा पर्वतस्य गर्भे क्वचित् रत्नमाविर्भवति तथा आविर्भवत् स्पष्टं दृश्यमानं कौस्तुभरत्नं गर्भे मूर्त्तिमध्ये यस्य तम् ॥

इसके पहले पर्वत रूपक के द्वारा पुरुष रूप वर्णित होने पर भी विशेषणान्तर के द्वारा पुनर्बार वर्णन करते हैं। भगवान् ही महीध्र 'पर्वत' के समान हैं, चराचर का ओक-स्थान हैं, अहीन्द्र बन्धु हैं। सलिल के द्वारा आवृत—मैनाकादि पर्वत के समान। सहस्रकिरीटधारी। शृङ्गमाला से शोभित। क्वचित् पर्वतगर्भ में रत्न भाण्डार होता है, भगवन्मूर्त्ति भी रत्नमय हैं।

क्रमसन्दर्भः—अव्यक्तमूलमिति। न व्यज्यते शास्त्रविद्भिर्न कथ्यते, मूलं यस्य तं सर्वमूलत्वेन मूलान्तररहितमित्यर्थः। अव्यक्तः—स्वयं भगवान्, तन्मूलमिति वा। भुवनरूपाणामङ्घ्रिपाणामिन्द्रमीश्वरम् ॥

शास्त्रज्ञ व्यक्तिगण जिनका मूल अन्वेषण कर नहीं पाते हैं, अर्थात् जो सबके मूल हैं, उनको छोड़कर अपर मूल है ही नहीं। अव्यक्त अर्थात्—स्वयं भगवान्, अथवा अव्यक्त का भी मूलाश्रय श्रीभगवान् ही हैं। भुवनरूप महीरुह समूह का ईश्वर श्रीभगवान् ही मूल हैं। भा० ९।१४।२ में श्रीशुक ने कहा—सहस्रशीर्षा पुरुष के नाभिह्लदस्थित कमल से उत्पन्न ब्रह्मा के पुत्र 'अत्रि' पिता के समान गुणसम्पन्न थे। यह सहस्रशीर्षा पुरुष गर्भोदकशायी अर्थात् द्वितीय पुरुषावतार हैं।

क्रमसन्दर्भः—तदेतत् परमानन्दविलसितं तथैव मुहुर्घोषितमपि श्रीनारायणमारभ्य शंसितु मारभते—सहस्रेति ॥४॥

श्रीभगवान् का वर्णन सुस्पष्ट रूपसे करने के निमित्त गर्भोदकशायीरूप द्वितीय व्यूह का नानावतारित्व को कहते हैं। तद्वै भगवतो रूपं विशुद्धं सत्त्वमुर्ज्जितम्।

पश्यन्त्यदो रूपमदभ्रचक्षुषा सहस्रपादोरुभुजाननाद्भुतम्।
सहस्रमूर्द्ध श्रवणाक्षिनासिकं सहस्रमौल्यम्बरकुण्डलोल्लसत् ॥

एतन्नानावताराणां निधानं वीजमव्ययम्। यस्यांशांशेन सृज्यन्ते देवतिर्य्यङ्नरादयः ॥

इस ब्रह्माण्डस्थित गर्भोदकशायी पुरुष नानावतार का निधान एवं अक्षय बीजस्वरूप हैं। इनके अंश के द्वारा देव विर्य्यक् नरादि उत्पन्न होते हैं।

एतदिति ब्रह्माण्डस्थमित्यर्थः। निधानं सरोवराणां समुद्र इव सदैवाश्रयः। अतएवाव्ययमनपक्षयं बीजमुद्गमस्थानम्। न केवलमवताराणां बीजं जीवानामपीत्याह—यस्यांशांशेनेति ॥

६। अथ प्राचुर्य्येण तदवतारान् कथयंस्तदैक्यविवक्षया तदंशांशिनामप्याविर्भावमात्रं गणयति विंशत्या ; (भा० १।३।६)—

(६) "स एव प्रथमं देवः कौमारं सर्गमाश्रितः।
चचार दुश्चरं ब्रह्मा ब्रह्मचर्य्यमखण्डितम् ॥"१७॥

सर्वसम्वादिनी

[मूल० १६श अनु०] "सुरा-" इत्ययमेव सुरप्रार्थनात् क्षौणीं दध्रे इति पाद्मे [कल्पे]। अन्यत्र तु तदर्थं कल्पादौ च प्रादुरभवदिति।

टीका—एतत्तु कूटस्थं न तु अन्यावतारवदाविर्भावतिरोभाववत् इत्याह—एतदिति। एतत्तु आदि नारायणरूपं निधीयतेऽस्मिन्निति निधानं कार्य्यावसाने प्रवेशस्थानमित्यर्थः। बीजम्—उद्गमस्थानमित्यर्थः। बीजत्वेऽपि नान्यबीजतुल्यं किन्त्वव्ययम्। न केवलं अवताराणां बीजमपितु सर्वप्राणिनामित्याह—यस्यांशो ब्रह्मा तस्यांशो मरीच्यादिस्तेन ॥

क्रमसन्दर्भः। अत्र श्रीभगवन्तं सुष्ठुस्पष्टीकर्त्तुं गर्भोदकस्थस्य द्वितीयस्य पुरुषव्यूहस्य नानावतारित्वं विवृणोति—एतदिति ब्रह्माण्डस्थमित्यर्थः। निधानं—सागराणां समुद्र इव सदैवाश्रयः। अतएवाव्ययमनपक्षयम्। बीजमुद्गमस्थानम्; न केवलमवताराणां बीजं जीवानामपीत्याह, यस्यांशांशेनेति।

एतत्—अर्थात् ब्रह्माण्डस्थ, निधान—अर्थात् सरोवरसमूह का परम आश्रय जिस प्रकार परमाश्रय समुद्र है, उस प्रकार समस्त अवतारों का सदा ही आश्रय—प्रद्युम्न हैं। अतएव अव्यय—अर्थात् अपक्षय शून्य हैं। बीज—अर्थात् उद्गम स्थान, केवल अवतारों का उद्गम स्थान ही नहीं हैं। किन्तु जीवसमूह का भी उद्गम स्थान भी हैं।

तज्जन्य कहते हैं—'यस्यांशांशेन सृज्यन्ते देवतिर्य्यङ्नरादयः।" जिनका अंश ब्रह्मा हैं, उनके अंश मरीचि प्रभृति हैं, उनसे समस्त सृष्टि होती रहती हैं ॥५॥

अनन्तर विंशति श्लोक के द्वारा सर्वतोभावेन उनके अवतारसमूह का वर्णन करने में प्रवृत्त होकर सामान्य रूपसे उनके अंश एवं अंशी का आविर्भाव मात्र को कहते हैं—विंशति श्लोक के द्वारा। यहाँ अंश शब्द से अंशावतार से आवेशावतार को, एवं अंशी शब्द से आरम्भ करके स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण पर्य्यन्त को जानना होगा। "आविर्भावमात्र" पद में मात्र शब्द साकल्य वाचक है, किन्तु अन्यव्यावर्त्तक नहीं है, विशेष ज्ञातव्य यह ही है कि—भगवत् स्वरूपसमूह मायारहित ब्रह्माण्ड में प्रकट होकर सत्शिक्षा का प्रवर्त्तन करते हैं। श्रीसूत ने निखिल भगवत् आविर्भाव का ही वर्णन किया है, केवल पुरुष अवतार का वर्णन नहीं किया है। कारण, अवतारों के मध्य में स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण का ही वर्णन है, भा० १।३।६ में उक्त है—उक्त देव अर्थात् पुरुष, प्रथमतः चतुःसन रूप में ब्राह्मण होकर दुश्चर अखण्डित ब्रह्मचर्य्य व्रतानुष्ठान किये थे।

टीका—सनत्कुमाराद्यवतारं तच्चरितञ्चाह—स एवेति। कौमार आर्षः प्राजापत्यो मानवः "इत्यादीनि सर्गविशेषनामानि, यः पौरुषं रूपं जगृहे, स एव देवः कौमाराख्यः सर्गमाश्रितः सन् ब्रह्माब्राह्मणो भूत्वा ब्रह्मचर्य्यं चचार। प्रथमद्वितीयादिशब्दा निर्देशमात्रविवक्षया।"

योऽम्भसि शयानो यश्च सहस्रपादादिरूपः स एव पुरुषाख्यो देवः, (भा० १।३।२८)—"एते चांशकलाः पुंसः" इत्युपसंहारस्यापि संवादात् । कौमारं चतुःसनरूपम् । ब्रह्मा ब्राह्मणो भूत्वा ॥

७ । (भा० १।३।७)—

(७) "द्वितीयन्तु भवायास्य रसातलगतां महीम् ।
उद्धरिष्यन्नुपादत्त यज्ञेशः शौकरं वपुः ॥"१८॥

अस्य विश्वस्योद्भवाय ॥

८ । (भा० १।३।८)—

(८) "तृतीयमृषिसर्गं वै देवर्षित्वमुपेत्य सः ।
तन्त्रं सात्वतमाचष्ट नैष्कर्म्यं कर्म्मणां यतः ॥"१९॥

ऋषिसर्गमुपेत्य तत्रापि देवर्षित्वं श्रीनारदत्वमुपेत्य । सात्वतं वैष्णवं तन्त्रं पञ्चरात्रागमम् । कर्म्मणां कर्म्माकारेणापि सतां श्रीभगवद्धर्म्माणां यतस्तन्त्रान्नैष्कर्म्यं कर्म्मबन्धमोचकत्वेन

सर्वसम्वादिनी

[मूल० १७श अनु०] "धान्वन्तरम्" इत्ययं समुद्रमथनात् षष्ठे [मन्वन्तरे] काशिराजात् सप्तमे [मन्वन्तरे] इति ज्ञेयम् ।

सन्दर्भः । जो गर्भोदक में शयित हैं, जो सहस्रपादादि रूप हैं, वह ही यहाँ देव पद से उक्त है । भा० १।३।२८ में उक्त है—"एते चांशकलाः पुंसः कृष्णस्तु भगवान् स्वयम् ।
इन्द्रारिव्याकुलं लोकं मृडयन्ति युगे युगे ॥ "देव" शब्द से पुरुषार्थ कथन का कारण निर्देश करते हैं । अवतार प्रकरण के अन्तिम में उक्त है—ये सब पुरुष के अंश कला स्थानीय हैं । अतएव देव शब्द से "पुरुषार्थ" करना असङ्गत नहीं है । कौमार शब्द से चतुःसन—सनक, सनन्दन, सनातन सनत्कुमार को जानना होगा । श्लोकोक्त ब्रह्मा पद का अर्थ ब्राह्मण है ॥६॥

द्वितीयावतार में विश्वोत्पत्ति के निमित्त यज्ञेश्वर पुरुष रसातल प्राप्त पृथिवी को उद्धार करने के लिए वराह रूप को प्रकट किए थे ।

टीका—वराहावतारमाह—द्वितीयमिति । अस्य विश्वस्य भवाय उद्भवाय । महीमुद्धरिष्यन्निति कर्मोक्तिः, एवं सर्वत्र अवतारस्तत् कर्मचोक्तमित्यनुसन्धेयम् ।७।

इस विश्व को उत्तोलन करने के निमित्त वराह अवतार हुए थे ॥७॥

भा० १।३।८ में उक्त है—तृतीय अवतार में ऋषिगण के मध्य में श्रीनारद रूप में प्रकट होकर भगवदुद्देश्य से अनुष्ठित कर्मों का नैष्कर्म्य स्थापन के निमित्त सात्वत तन्त्र कहे थे । सात्वत वैष्णवतन्त्र—पञ्चरात्र एवं आगम । कर्म से संसार बन्धन जीव का होता है । किन्तु भगवद्धर्म की प्रतीति कर्म की भाँति होने पर भी भगवद्धर्म कर्ममोचक है, अतः काम्यकर्म से वह स्वतन्त्र कर्म है । देवर्षि नारद ने सात्वत तन्त्र में उसका वर्णन सुस्पष्ट रूप से किया है ।

टीका—नारदावतारमाह—तृतीयमिति । ऋषिसर्गमुपेत्य तत्र च देवर्षित्वमुपेत्येत्यर्थः । सात्वतं—वैष्णवं तन्त्रं पाञ्चरात्रागमम् । आचष्ट—उक्तवान् । यतस्तस्मात् निर्गतं कर्मत्वं बन्धहेतुत्वं येभ्यस्तानि निष्कर्माणि तेषां भावो नैष्कर्म्यं । कर्मणामेव मोचकत्वं यतो भवति तदाचष्टेत्यर्थः ।

ऋषि सर्ग को अवलम्बन करके उसमें भी देवर्षि श्रीनारद होकर, सात्वत वैष्णवतन्त्र—पञ्चरात्र

कर्म्मभ्यो निर्गतत्वं तेभ्यो भिन्नत्वं प्रतीयत इति शेषः ॥

९। (भा० १।३।९)—

(९) "तुर्य्ये धर्म्मकलासर्गे नरनारायणावृषी ।
भूत्वात्मोपशमोपेतमकरोद्दुश्चरं तपः ॥"२०॥

स्पष्टम् ॥

१०। (भा० १।३।१०)—

(१०) "पञ्चमः कपिलो नाम सिद्धेशः कालविप्लुतम् ।
प्रोवाचासुरये सांख्यं तत्त्वग्रामविनिर्णयम् ॥"२१॥

आसुरि-नाम्ने विप्राय ॥

११। (भा० १।३।११)—

(११) "षष्ठमत्रेरपत्यत्वं वृतः प्राप्तोऽनसूयया ।
आन्वीक्षिकीमलर्काय प्रह्लादादिभ्य ऊचिवान् ॥२२॥

अत्रिणा तत्सदृशपुत्रोत्पत्तिमात्रं प्रकटं याचितमिति चतुर्थस्कन्धाद्यभिप्रायः ।

सर्वसम्वादिनी

[मूल० १९श अनु०] "पञ्च-" इत्ययं कल्पेऽस्मिन्नादौ वाष्कलेरध्वरमगात्, ततो धुन्धोस्ततो बलेरिति

आगम का प्रणयन किया । कर्मरूप में प्रतीत होने से भी भगवद्धर्म कर्म नहीं है, कर्म मोचक है । अतः भगवद्धर्म को काम्यकर्म से पृथक् रूप में जानना होगा ॥८॥

चतुर्थावतार में धर्मपत्नी मूर्त्ति से नरनारायण ऋषि रूप में आविर्भूत होकर आत्मसंयम समन्वित कठोर तपस्या का अनुष्ठान किए थे । भा० १।३।९

टीका—नरनारायणावतारमाह– तुर्य्ये इति । तुर्य्ये—चतुर्थे, अवतारे, धर्मस्य कला अंशः, भार्य्येत्यर्थः । अर्द्धो वा एष आत्मनो यत् पत्नीति श्रुतेः । तस्याः सर्गे । ऋषि भूत्वेत्येकावतारत्वं दर्शयति ।९। पद्यार्थ सुस्पष्ट है ॥९॥

भा० १।३।१० में उक्त है,—पञ्चमावतार में सिद्धगणों के अधिपति कपिल नाम से आविर्भूत हुए थे । आपने आसुरि नामक ब्राह्मण को तत्त्वसमूह का निर्णायक, काल प्रभाव से विलुप्त सांख्य शास्त्र का उपदेश प्रदान किए थे ।

टीका—कपिलावतारमाह,—पञ्चम इति । आसुरये—एतन्नाम्ने ब्राह्मणाय, तत्त्वानां ग्रामस्य सङ्घस्य विनिर्णयो यस्मिन् तत् सांख्यम् ॥१०॥

भा० १।३।११ में उक्त है,—षष्ठावतार दत्तात्रेय हैं । अनसूया के द्वारा वृत होकर अत्रि के पुत्ररूप में प्रकट हुए थे । एवं अलर्क तथा प्रह्लाद प्रभृति को आत्मविद्योपदेश प्रदान किये थे ।

टीका—दत्तात्रेयावतारमाह—षष्ठमिति । अत्रेरपत्यत्वं तेनैव वृतः प्राप्त सन् अत्रेरपत्यमभिकाङ्क्षत आह—तुष्ट इति । वक्ष्यमाणत्वात् । कथं प्राप्तः ? अनसूयया मत्सदृशापत्यमिषेण मामेवापत्यं वृतवानिति दोषदृष्टिमकुर्वन्, इत्यर्थः । आन्वीक्षिकीं—आत्मविद्याम् । प्रह्लादादिभ्यश्च—आदिपदात् यदु हैहयाद्या गृह्यन्ते ।११।

क्रमसन्दर्भः । अत्रिणा तत् सदृश पुत्रोत्पत्तिमात्रं प्रकटं याचितमिति । भा० ४।१।२० "शरणं तं प्रपद्येऽहं य एव जगदीश्वरः । प्रजामात्मसमां मह्यं प्रयच्छत्विति चिन्तयन् ।।" चतुर्थ-स्कन्धाद्यभिप्रायः । एतद्वाक्येनानसूयया तु कदाचित् साक्षादेव श्रीमदीश्वरत्वेन पुत्रभावो वृतोऽस्तीति

एतद्वाक्येनानसूयया तु कदाचित् साक्षादेव श्रीमदीश्वरस्यैव पुत्रभावो वृतोऽस्तीति लभ्यते । उक्तञ्च ब्रह्माण्डपुराणे पतिव्रतोपाख्याने—

'अनसूयाब्रवीन्नत्वा देवान् ब्रह्मेशकेशवान् । यूयं यदि प्रसन्ना मे बरार्हा यदि वाप्यहम् ।
प्रसादाभिमुखाः सर्वे मम पुत्रत्वमेष्यथ ।।२३।। इति ।

आन्वीक्षिकीमात्मविद्याम् । श्रीविष्णोरेवावतारोऽयं दत्तः ।।

१२ । (भा० १।३।१२)—

(१२) "ततः सप्तम आकूत्यां रुचेर्यज्ञोऽभ्यजायत ।
स यामाद्यैः सुरगणैरपात् स्वायम्भुवान्तरम् ।।"२४।।

स यज्ञस्तदा स्वयमिन्द्रोऽभूदित्यर्थः ।।

१३ । (भा० १।३।१३)—

(१३) "अष्टमे मेरुदेव्यान्तु नाभेर्जात उरुक्रमः ।
दर्शयन् वर्त्म धीराणां सर्वाश्रमनमस्कृतम् ।।"२५।।

उरुक्रम ऋषभो जातः ।।

सर्वसम्वादिनी

ज्ञेयम् । तथैव त्रिषु त्रिविक्रमत्वञ्च ।

[मूल० २०श अनु०] "अवतारे" इत्ययं सप्तदशे चतुर्युगे द्वाविंशे त्विति केचित्; आवेश एवायम् ।

लभ्यते । उक्तञ्च ब्रह्माण्डपुराणे पतिव्रतोपाख्याने—"अनसूयाब्रवीन्नत्वा देवान् ब्रह्मेश केशवान् । यूयं यदि प्रसन्ना मे बरार्हा यदि वाप्यहम् । प्रसादाभिमुखाः सर्वे मम पुत्रत्वमेष्यथ" इति । आन्वीक्षिकीम्—ब्रह्मविद्याम् । श्रीविष्णोरेवावतारोऽयम् ।

चतुर्थस्कन्धस्थ पद्य के अभिप्रायानुसार प्रतीत होता है कि—अत्रि ने प्रकाश्य भाव से ही भगवत् सदृश पुत्र की प्रार्थना की, किन्तु साक्षात् रूप में प्रार्थना का प्रमाण ब्रह्माण्डपुराणस्थ पतिव्रता उपाख्यान में है,—"अनसूया प्रणाम कर ब्रह्मा, शम्भु, केशव को बोली,—आप सब यदि प्रसन्न हों, एवं यदि मैं बर प्राप्त करने की योग्या हूँ, तब कृपया पुत्रत्व को अङ्गीकार करें।" अनसूया की प्रार्थना के अनुसार श्रीविष्णु दत्तात्रेय रूप में आविर्भूत हुए थे। श्लोकोक्त "आन्वीक्षिकी" शब्द का अर्थ—आत्मविद्या है। चतुर्थ स्कन्ध का वचन एवं ब्रह्माण्डपुराणस्थ वचन में भिन्नार्थ सुस्पष्ट है। एक में भगवत् सदृश पुत्र की प्रार्थना, अपर में साक्षात् पुत्ररूप में प्रार्थना है। कल्प भेद से उभय वचन को सार्थक करना होगा ।।११।।

भा० १।३।१२ में सप्तमावतार का संवाद वर्णित है। सप्तमावतार यज्ञ, रुचिपत्नी आकूति से आविर्भूत हुए थे। एवं स्वीय पुत्र याम नामक देवगण के सहित स्वायम्भुव मन्वन्तर का पालन किये थे। उक्त यज्ञ भगवान् स्वायम्भुव मन्वन्तर में स्वयं इन्द्र भी हुए थे।

यज्ञावतारमाह—तत इति। स यज्ञः यामाद्यैः, स्वस्यैव पुत्रा नाम देवाः, तदाद्यैः सह स्वायम्भुव-मन्वन्तरं पालितवान् । तदा स्वयमिन्द्रोऽभूदित्यर्थः ।।१२।।

भा० १।३।१३ में अष्टमावतार उरुक्रम ऋषभदेव का वर्णन है। आग्नीध्र के पुत्र नाभि पत्नी मेरुदेवी से प्रकट हुए थे। इस अवतार में धीर व्यक्तियों के सर्वाश्रम नमस्कृत वर्त्म का प्रदर्शन हुआ है, अर्थात् परमहंसगण की पद्धति का प्रदर्शन हुआ है।

टीका—ऋषभावतारमाह—अष्टम इति। सर्वाश्रमनमस्कृतम्। अन्त्याश्रमम्, पारमहंस्यं, वर्त्म—धीराणां दर्शयन्, नाभेः आग्नीध्रपुत्रात् ऋषभो जातः ।।१३।।

१४। (भा० १।३।१४)—

(१४) "ऋषिभिर्याचितो भेजे नवमं पार्थिवं वपुः।
दुग्धे मामोषधीर्विप्रास्तेनायं स उशत्तमः॥"२६॥

पार्थिवं वपू राजदेहं पृथुरूपं दुग्ध अदुग्ध। उशत्तमः कमनीयतमः॥

१५। (भा० १।३।१५)—

(१५) "रूपं स जगृहे मात्स्यं चाक्षुषान्तरसंप्लवे।
नाव्यारोप्य महीमय्यामपाद्वैवस्वतं मनुम्॥"२७॥

चाक्षुषमन्वन्तरे तदन्ते य उदधिसंप्लवस्तस्मिन्। वैवस्वतमिति भाविनी संज्ञा सत्यव्रतस्य। प्रतिमन्वन्तरावसानेऽपि प्रलयः श्रूयते। श्रीविष्णुधर्मोत्तरे प्रथमकाण्डे— "मन्वन्तरे परिक्षीणे कीदृशी द्विज जायते" इत्यादि, श्रीवज्रप्रश्नस्य 'मन्वन्तरे परिक्षीणे' इत्यादि श्रीमार्कण्डेयदत्तोत्तरे—

सर्वसम्वादिनी

[मूल० २१श अनु०] "ततः" इत्यस्य पूर्वजन्मन्यपान्तरतमत्व-श्रवणादावेश इति केचित्। तत्सायुज्यादयं साक्षादंश एवेत्यन्ये।

भा० १।३।१४ में नवमावतार पृथु का वर्णन है। ऋषिगण के द्वारा प्रार्थित होकर पार्थिव अर्थात् नृपति होकर आविर्भूत हुए थे। इस अवतार में पृथिवी विलुप्त ओषधिसमूह का दोहन हुआ था, तज्जन्य पृथु अवतार अतिशय कमनीय है।

टीका—पृथ्ववतारमाह,—ऋषिभिरिति। पार्थिवं वपुः, राजदेहं पृथुरूपम्। पार्थवमिति पाठे पृथोरिदं पार्थवम्। औषधीरित्युपलक्षणम्, इमां पृथ्वीं सर्वाणि वस्तूनि दुग्ध—अदुग्धा अड़ागमाभावस्त्वार्षः। हे विप्राः तेन पृथ्वी दोहनेन सोऽयमवतार उशत्तमः कमनीयतमः। "वश कान्तौ" इत्यस्मात्॥१४॥

भा० १।३।१५ में वर्णित है,—दशमावतार मत्स्यदेव, चाक्षुष मन्वन्तर में जल प्लावन होने पर स्वीय मत्स्यरूप को प्रकट करके तरणी रूपमें कल्पिता पृथिवी वैवस्वत मनु को स्थापनपूर्वक रक्षा किए थे।

टीका—मत्स्यावतारमाह—रूपमिति। चाक्षुषमन्वन्तरे य उदधीनां संप्लवः, संश्लेषस्तस्मिन्। यद्यपि मन्वन्तरावसाने प्रलयो नास्ति तथापि केनचित् कौतुकेन सत्यव्रताय माया प्रदर्शिता। यथा अकाण्डे मार्कण्डेयाय इति द्रष्टव्यम्। महीमय्यां नावि नौकारूपायां मह्यामित्यर्थः। अपात् रक्षितवान्। वैवस्वतमिति भाविनी संज्ञा।

श्रीमत्स्यदेव, सत्यव्रत की रक्षा किए थे। यह प्रसिद्ध भागवती कथा है, यहाँ पर "वैवस्वत" कहने का तात्पर्य्य यह है कि—सत्यव्रत ही उत्तर काल में वैवस्वत मनु हुए थे। सुतरां वैवस्वत मनु सत्यव्रत का ही भविष्यत् कालीन नाम है। चाक्षुष मन्वन्तर में जो जलप्लावन हुआ था, उससे सत्यव्रत की रक्षा किए थे। इस कथन में विचार प्रस्तुत करते हैं। किसी के मत में मन्वन्तर के अवसान में प्रलय नहीं होता है। चतुर्दश मन्वन्तर के अनन्तर ब्रह्मा के दिनावसान में नैमित्तिक प्रलय होता है। नित्य, नैमित्तिक, प्राकृत, आत्यन्तिक भेद से प्रलय चतुर्विध हैं। नित्य प्रलय—सुषुप्ति है। नैमित्तिक प्रलय—ब्रह्मादिवस के अवसान होने पर। प्राकृत प्रलय—ब्रह्मपरमायुः द्विपरार्द्धवत्सरावसान में होता है। आत्यन्तिक प्रलय—सर्व मुक्ति में होता है।

"ऊर्मिमाली महावेगः सर्वमावृत्य तिष्ठति। भूर्लोकमाश्रितं सर्वं तदा नश्यति यादव ॥२८॥
न विनश्यन्ति राजेन्द्र विश्रुताः कुलपर्वताः। नौर्भूत्वा तु महीदेवी ……॥"२९॥ इत्यादि।
एवमेव 'मन्वन्तरेषु संहारः" इत्यादि-प्रकरणं श्रीहरिवंशे तदीयटीकासु च स्पष्टमेव। ततश्चाक्षुषेत्युपलक्षणमेव ज्ञेयम् ॥

१६। (भा० १।३।१६)—

(१६) "सुरासुराणामुदधिं मथ्नतां मन्दराचलम्।
दध्रे कमठरूपेण पृष्ठ एकादशे विभुः॥"३०॥

स्पष्टम् ॥

१७। (भा० १।३।१७)—

(१७) "धान्वन्तरं द्वादशमं त्रयोदशममेव च।
अपाययत् सुरानन्यान् मोहिन्या मोहयन् स्त्रिया॥"३१॥

विभ्रदित्युत्तरेणान्वयः। द्वादशमं धान्वन्तरं रूपं विभ्रत्, त्रयोदशमञ्च मोहिनीरूपं

सर्वसम्वादिनी

[मूल० २२श अनु०] "नरदेव-" इत्ययं चतुर्विंशे चतुर्युगे त्रेतायाम्।

वैष्णव दार्शनिक के मत में आत्यन्तिक प्रलय का अर्थ है,—मुक्ति, श्रीमद्भागवत के मत में मुक्ति भिन्न जगद्गत आत्यन्तिक प्रलय अस्वीकृत है।

मन्वन्तरावसान में प्रलय की वार्त्ता विष्णुधर्मोत्तर के प्रथमकाण्ड में है, यथा—"हे द्विज ! मन्वन्तरान्ते जगत् की अवस्था कैसी होती है ? वज्रनाभ के प्रश्नोत्तर में श्रीमार्कण्डेय कहते हैं—"मन्वन्तर के अवसान में महावेगवान् समुद्र, समस्त जगत् आवृत करके अवस्थित होता है, उस समय भूर्लोकस्थित समस्त पदार्थ विनष्ट हो जाते हैं, किन्तु हे राजेन्द्र ! कुल पर्वतसमूह विनष्ट नहीं होते हैं। पृथिवी नौकारूप धारण करती है।" मन्वन्तर के अवसान में प्रलय की वार्त्ता श्रीहरिवंश पुराण की "मन्वन्तरेषु संहार" इत्यादि प्रकरणस्थ टीका में सुस्पष्ट रूप में उल्लिखित है। अतएव चाक्षुष मन्वन्तर में केवल वैवस्वत मनु की रक्षा आपने की है, यह उपलक्षण है—स्व प्रतिपादकत्वे सति स्वेतरप्रतिपादकत्वं उपलक्षणत्वम्" एक वस्तु प्रतिपादन द्वारा अपर वस्तु प्रतिपादन का बोध होने से उसे उपलक्षण कहते हैं। अतएव उससे प्रतीति होती है कि—अन्य मन्वन्तरावसान में भी अन्यान्य मनु की उस प्रकार रक्षा करते हैं ॥१५॥

भा० १।३।१६ में लिखित है, सुर एवं असुरगण समुद्र मन्थन कार्य्य में प्रवृत्त होने पर विभु कूर्मरूप धारण कर स्वीय पृष्ठदेश में मन्दराचल को धारण किए थे।

टीका—कूर्मावतारमाह—कमठः कूर्मः, तद्रूपेण। एकादशे विभुर्दध्रे दधार ॥१६॥

भा० १।३।१७ में वर्णित है—त्रयोदशावतार में मोहिनीरूप धारण पूर्वक असुरगण को अमृत पान कराये थे।

टीका—धन्वन्तर्य्यवतारमाह—धान्वन्तरं धन्वन्तरिरूपम्। द्वादशमादि प्रयोगस्त्वार्षः, त्रयोदशमेव रूपं तच्चरितेन सह दर्शयति—अपाययदिति। अत्र सुधामित्यध्याहारः। मोहिन्या स्त्रियारूपेण अन्यान-सुरान् मोहयन् धन्वन्तरिरूपेण अमृतमानीय मोहिन्या अपाययदित्यर्थः॥

क्रमसन्दर्भः। विभ्रदित्युत्तरेणान्वयः, द्वादशं धान्वन्तरं रूपं विभ्रत् त्रयोदशञ्च मोहिनीरूपं विभ्रत्

बिभ्रत् । सुरानपाययत् सुधामिति शेषः । केन रूपेण ? मोहिन्या स्त्रिया तद्रूपेणेत्यर्थः । किं कुर्वन् ? अन्यान् असुरान् मोहयन्, धन्वन्तरिरूपेण सुधाञ्चोपहरन्निति शेषः । अजितस्यावतारा एते त्रयः ॥

१८ । (भा० १।३।१८)—

(१८) "चतुर्दशं नारसिंहं बिभ्रद्दैत्येन्द्रमूर्जितम् ।
दद्वार करजैरूरावेरकां कटकृद्यथा ॥"३२॥

नारसिंहं रूपं बिभ्रत् ॥

१९ । (भा० १।३।१९)—

(१९) "पञ्चदशं वामनकं कृत्वागादध्वरं बलेः ।
पादत्रयं याचमानः प्रत्यादित्सुस्त्रिविष्टपम् ॥"३३॥

कृत्वा प्रकटय्य ॥

२० । (भा० १।३।२०)—

(२०) "अवतारे षोड़शमे पश्यन् ब्रह्मद्रुहो नृपान् ।
त्रिसप्तकृत्वः कुपितो निःक्षत्रामकरोन्महीम् ॥"३४॥

अवतारे श्रीपरशुरामाभिधे ॥

सर्वसम्वादिनी

[मूल० २४श अनु०] "ततः" इत्ययं कलेरब्दसहस्रद्वितये गते व्यक्तः । मुण्डितमुण्डः पाटलवर्णो द्विभुजः ।

सुरानपायत्, सुधामिति शेषः । केन रूपेण ? मोहिन्या स्त्रिया तद्रूपेणेत्यर्थः । किं कुर्वन् ? अन्यान् असुरान् मोहयन्, धन्वन्तरिरूपेण सुधाञ्चोपहरन्निति शेषः । अजितस्य अवतारा एते त्रयः (कूर्म धन्वन्तरि-मोहिनीति) ॥

धन्वन्तरि अवतार में सुधा आहरण किए थे । कूर्म, धन्वन्तरि एवं मोहिनी अवतारत्रय—श्रीअजित के हैं ॥१७॥

भा० १।३।१८ में उक्त है—चतुर्दशावतार में श्रीनरसिंह रूप धारण करके बलदर्पित दैत्येन्द्र हिरण्यकशिपु को स्वीय उरु में स्थापन पूर्वक कट निर्माणकारी जिस प्रकार तृण को विदीर्ण करता है, तद्रूप अनायास से नख के द्वारा विदीर्ण किये थे ।

टीका—श्रीनृसिंहावतारमाह—नारसिंहं रूपं बिभ्रत् । एरका—अग्रन्थि तृणविशेषः ॥१८॥

भा० १।३।१९ में वर्णित है,—पञ्चदशावतार में वामनरूप को प्रकट कर बलिराजा के यज्ञभूमि में जाकर उनके निकट से स्वर्गराज्य को दान रूपमें ग्रहण करने के निमित्त त्रिपादभूमि की प्रार्थना किये थे ।

वामनावतारमाह,—पञ्चदशमिति, दुष्टानां मदं वामनयतीति वामनकं रूपं ह्रस्वं वा, प्रत्यादित्सुः तस्मादाच्छिद्य ग्रहीतुमिच्छुः ॥१९॥

भा० १।३।२० में लिखित है,—षोड़शावतार परशुराम हैं । राजन्यवर्ग को ब्राह्मण द्रोही देखकर क्रुद्ध होकर एकविंशतिबार पृथिवी को क्षत्रिय शून्य किए थे ।

परशुरामावतारमाह—अवतार इति । त्रिः—त्रिगुणं यथा भवति तथा सप्त कृत्वा सप्तवारान्

२१ । (भा० १।३।२१)—

(२१) "ततः सप्तदशे जातः सत्यवत्यां पराशरात् ।
चक्रे वेदतरोः शाखा दृष्ट्वा पुंसोऽल्पमेधसः ॥"३५॥

स्पष्टम् ॥

२२ । (भा० १।३।२२)—

(२२) "नरदेवत्वमापन्नः सुरकार्य्यचिकीर्षया ।
समुद्रनिग्रहादीनि चक्रे वीर्य्याण्यतः परम् ॥"३६॥

नरदेवत्वं श्रीराघवरूपेण । अतः परमष्टादशे । अस्य साक्षात् पुरुषस्य स्कान्दे श्रीरामगीतायां विश्वरूपं दर्शयतो ब्रह्म-विष्णु-रुद्रकृत-स्तुतिः श्रूयते ॥

२३ । (भा० १।३।२३)—

(२३) "एकोनविंशे विंशतिमे वृष्णिषु प्राप्य जन्मनी ।
रामकृष्णाविति भुवो भगवानहरद्भरम् ॥"३७॥

सर्वसम्वादिनी

[मूल० २५श अनु०] "अथ" इत्ययं कल्किर्बुद्धश्च प्रति-कलियुग एवेत्येके । एतौ चावेशाविति विष्णुधर्म-मतम् । तथा हि (श्रीविष्णुधर्मे)—

एकविंशतिवारान् इत्यर्थः ॥२०॥

भा० १।३।२१ में वर्णित है—सप्तदशावतार श्रीव्यास हैं । आप पराशर पत्नी सत्यवती से जन्मग्रहण किए थे । लोकसमूह की हीन बुद्धि को देखकर आप वेदादि शास्त्राध्ययनाध्यापन का प्रवर्त्तन किए थे ।

टीका—व्यासावतारमाह—तत इति । अल्पमेधसः अल्पप्रज्ञान् पुंसो दृष्ट्वा तदनुग्रहार्थं शाखाश्चक्रे ॥२१॥

भा० १।३।२२ में उक्त है—अष्टादशावतार श्रीरामचन्द्र हैं । देवकार्य्य सम्पन्न करने के निमित्त आपने समुद्रबन्धनादि के द्वारा स्वीय पराक्रम को प्रकट किए थे ।

टीका—रामावतारमाह—नरेति । नरदेवत्वं राघवरूपेण प्राप्तः सन् । अतः परम् अष्टादशे ।

स्कन्दपुराणीय श्रीरामगीता में श्रीरामचन्द्र, साक्षात् पुरुष नाम से अभिहित हैं । विश्वरूप प्रकटकारी श्रीरामचन्द्र की स्तुति ब्रह्मा, विष्णु, रुद्रकृत है । अतः आपको साक्षात् पुरुष कहते हैं ॥२८॥

भा० १।३।२३ में वर्णित है—ऊनविंश एवं विंशावतार में भगवान् राम एवं कृष्ण, वृष्णि वंश में आविर्भूत होकर पृथिवी का भारापनोदन किए थे ।

टीका—रामकृष्णावतारमाह—एकोनेति । विंशतितमे वक्तव्ये 'त'कार लोपश्छन्दानुरोधेन । रामकृष्णावित्येवं नामनी जन्मनी प्राप्य ।

क्रमसन्दर्भः । भगवानिति—साक्षात् श्रीभगवत एवाविर्भावोऽयम् । न तु पुरुषसंज्ञस्य अनिरुद्धस्येति विशेषप्रतिपत्त्यर्थं तत्र तत्र साक्षाद्रूपत्वाच्छ्रीकृष्णरूपेण निजांशरूपत्वाद्रामरूपेणापि भारहारित्वं भगवत एवेत्युभयत्रापि भगवानहरद्भरमिति श्लिष्टमेव । अतो बलरामस्याप्यनिरुद्धावतारत्वं प्रत्याख्यातम् । श्रीकृष्णस्य वासुदेवत्वात् श्रीरामस्य च सङ्कर्षणत्वाद्युक्तमेव च तदिति ॥

भा० १।३।२३ श्लोकोक्त 'भगवान्' शब्द से प्रतिपन्न होता है कि—श्रीकृष्ण साक्षात् भगवान् हैं ।

भगवानिति साक्षात् श्रीभगवत एवाविर्भावोऽयम्, न तु पुरुषसंज्ञस्यानिरुद्धस्येति विशेषप्रतिपत्त्यर्थम्। तत्र तस्य साक्षाद्रूपत्वात् श्रीकृष्णरूपेण, निजांशरूपत्वाद्रामरूपेणापि भारहारित्वं भगवत एवेत्युभयत्रापि भगवानहरद्भरमिति श्लिष्टमेव। अतो रामस्याप्यनिरुद्धावतारत्वं प्रत्याख्यातम्। श्रीकृष्णस्य वासुदेवत्वात् श्रीरामस्य च सङ्कर्षणत्वाद् युक्तमेव च तदिति ॥

२४। (भा० १।३।२४)—

(२४) "ततः कलौ सम्प्रवृत्ते सम्मोहाय सुरद्विषाम्।
बुद्धो नाम्नाञ्जनसुतः कीकटेषु भविष्यति ॥"३८॥

कीकटेषु गयाप्रदेशे ॥

२५। (भा० १।३।२५)—

(२५) "अथासौ युगसन्ध्यायां दस्युप्रायेषु राजसु।
जनिता विष्णुयशसो नाम्ना कल्किर्जगत्पतिः ॥"३९॥

युगसन्ध्यायां कलेरन्ते ॥

सर्वसम्वादिनी

'प्रत्यक्षरूपधृग्देवो दृश्यते न कलौ हरिः। कृतादिष्वेव तेनैष त्रियुगः परिपठ्यते ॥६॥

पुरुषाख्य अनिरुद्ध का अवतार नहीं है। श्रीबलराम भी श्रीकृष्ण का साक्षात् अंश है। एतज्जन्य श्रीबलराम श्रीकृष्णलीला का साक्षात् सहायक हैं।

पृथिवी का भारापनोदनरूप श्रीकृष्णलीला का आनुकूल्य करते हैं, तज्जन्य "भगवान्" विशेषण से उभय को ही विशेषित किया गया है। अर्थात् उभय का भी भूभार रूप एक कार्य्य है। "भगवानहरत्भरं" यह पद श्लिष्ट है, भगवान् शब्द से उभय ही क्रोड़ीकृत हुए हैं। उभय की तुल्य भगवत्ता का प्रतिपादन उक्त 'भगवान्' विशेषण से ही होता है। श्रीबलराम भगवान् से अभिन्न होने पर श्रीबलराम, अनिरुद्ध का अवतार नहीं हैं, यह प्रतिपन्न उक्त श्लोक से ही हुआ है। श्रीबलराम एवं कृष्ण पुरुषावतार नहीं हैं, कारण, श्रीकृष्ण एवं बलराम अन्य व्यूह निरपेक्ष हैं, श्रीकृष्ण चतुर्व्यूह के मध्य में श्रीवासुदेव हैं, एवं श्रीबलराम भी उक्त व्यूहान्तर्गत साक्षात् सङ्कर्षण हैं। श्रीकृष्ण एवं बलराम से ही अन्यान्य व्यूह का प्रादुर्भाव हुआ है ॥२३॥

भा० १।३।२४ में उक्त है,—एकविंशावतार बुद्ध हैं। कलियुग प्रवृत्त होने पर असुर मोहन के निमित्त आप 'कीकट' गया प्रदेश में अञ्जनपुत्र रूप में आविर्भूत होंगे।

टीका—बुद्धावतारमाह—"ततः" इति। अञ्जनस्य सुतः। अजिनस्य सुत इति पाठे अजिनोऽपि स एव। कीकटेषु मध्ये गया प्रदेशे ॥२४॥

भा० १।३।२५ में लिखित है,—कलियुग के सन्ध्या समय में राजगण दस्यु सदृश होने पर जगत्पति विष्णुयशा ब्राह्मण से कल्कि नाम से आविर्भूत होंगे।

कल्क्यवतारमाह,—अथेति। युगसन्ध्यायां कलेरन्ते, विष्णुयशसो ब्राह्मणात् सकाशात् जनिता जनिष्यते।

युगसन्ध्या शब्द का अर्थ है, कलियुग के अन्तिम समय में ॥२५॥

२६। अथ श्रीहयग्रीव-हरि-हंस-पृश्निगर्भ-विभु-सत्यसेन-वैकुण्ठाजित-सार्वभौम-विष्वक्सेन धर्मसेतु-सुधाम-योगेश्वर-वृहद्भान्वादीनां शुक्लादीनाञ्चानुक्तानां संग्रहार्थमाह (भा० १।३।२६)—

(२६) "अवतारा ह्यसंख्येया हरेः सत्त्वनिधेर्द्विजाः।
यथाविदासिनः कुल्याः सरसः स्युः सहस्रशः ॥"४०॥

हरेरवतारा असंख्येयाः सहस्रशः सम्भवन्ति, हि प्रसिद्धौ। असंख्येयत्वे हेतुः— सत्त्वनिधेः, सत्त्वस्य स्वप्रादुर्भावशक्तेः सेवधिरूपस्य। अत्रैव दृष्टान्तः— यथेति; अविदासिनोऽपक्षयशून्यात्, सरसः सकाशात् कुल्यास्तत्स्वभावकृता निर्झरा अविदासिन्यः सहस्रशः सम्भवन्तीति। अत्र येऽंशावतारास्तेषु चैष विशेषो ज्ञेयः। श्रीकुमारनारदादिष्वाधिकारिकेषु ज्ञान-भक्ति-शक्त्यंशावेशः, श्रीपृथ्वादिषु क्रियाशक्त्यंशावेशः, क्वचित्तु स्वयमावेशः, तेषां भगवानेवाहमिति वचनात्। अथ श्रीमत्स्यदेवादिषु साक्षादंशत्वमेव; तत्र चांशत्वं नाम-साक्षाद्भगवत्त्वेऽप्य-

सर्वसम्वादिनी

कलेरन्ते च सम्प्राप्ते कल्किनं ब्रह्मवादिनम्। अनुप्रविश्य कुरुते वासुदेवो जगत्स्थितिम् ॥७॥

अनन्तर भा० १।३।२६ में श्रीहयग्रीव, हरि, हंस, पृश्निगर्भ, विभु, सत्यसेन, वैकुण्ठ, अजित, सार्वभौम, विश्वक्सेन, धर्मसेतु, सुधामा, योगेश्वर, वृहद्भानु प्रभृति एवं शुक्लादि प्रभृति अवतार का उल्लेख नहीं हुआ है, वे सब भी पुरुषावतार हैं, उसको कहने के लिए एक श्लोक का उत्थापन करते हैं।

हे द्विजगण ! अपक्षयशून्य सरोवर से सहस्र सहस्र क्षुद्र प्रवाह निर्गत होते हैं, तद्रूप सत्त्वनिधि श्रीहरि से असंख्य अवतार आविर्भुत होते रहते हैं।

टीका—अनुक्तसर्वसंग्रहार्थमाह,—अवतारा इति। असंख्येयत्वेदृष्टान्तः, यथेति। अविदासिनः— उपक्षयशून्यात्। दसु, उपक्षय इत्यस्मात्। सरसः सकाशात् कूल्याः अल्पप्रवाहाः।

श्रीहरि के अवतार समूह असंख्य हैं, 'हि' शब्द का प्रयोग—प्रसिद्धि अर्थ में होता है। असंख्येय के प्रति कारण निर्देश करते हैं, श्रीहरि (पुरुष) सत्त्वनिधि हैं, असंख्यावतार प्रादुर्भाव शक्ति का एकमात्र आश्रय हैं। दृष्टान्त के द्वारा उसका स्पष्टीकरण करते हैं,— अक्षय सरोवर से सहस्र सहस्र प्रवाह निर्गत होने पर भी जिस प्रकार क्षय होने की सम्भावना उसमें नहीं है, उस प्रकार श्रीहरि से असंख्य अवतार आविर्भुत होने पर भी श्रीहरि पूर्ण ही रहते हैं, अक्षय सरोवर से आविर्भुत होने के कारण, प्रवाहसमूह जिस प्रकार नित्य होते हैं, तद्रूप श्रीहरि के अवतार समूह भी नित्य हैं।

उनमें से जो अंशावतार हैं, उनके सम्बन्ध में कुछ विशेष ज्ञातव्य यह है—श्रीकुमार-नारद प्रभृति आधिकारिक अवतारसमूह में ज्ञान, भक्ति शक्त्यंश का आवेश है, अर्थात् श्रीनारद-कृष्ण द्वैपायन प्रभृति में भक्ति शक्त्यंश का आवेश है। श्रीसनकादि में ज्ञान शक्त्यंश का आवेश है, एवं श्रीपृथु महाराज प्रभृति में क्रियाशक्त्यंशावेश है। किसी किसी अवतार में साक्षात् भगवान् का ही आवेश होता है, कारण वे सब अवतार कहते हैं—"मैं ही भगवान् हूँ।" इस प्रकार उक्ति स्वयमावेश का ही लक्षण है। श्रीऋषभ देव की उक्ति उक्तानुरूप ही है। "प्रीति र्न यावन्मयि वासुदेवे न मुच्यते देहयोगेन तावत् (५।५।६) मैं ही वासुदेव हूँ, मुझमें जब तक प्रीति नहीं होती है, तब तक कोई व्यक्ति देहसम्बन्ध से मुक्त नहीं हो सकते हैं।"

श्रीमत्स्य देवादि में साक्षात् भगवान् अंश ही है। अद्वय ज्ञानस्वरूप तत्त्ववस्तु का 'अंश' होना कैसे

व्यभिचारि-तादृश-तदिच्छावशात् सर्वदैवैकदेशतयैवाभिव्यक्तशक्त्यादिकत्वमिति ज्ञेयम् । तथैवोदाहरिष्यते (ब्र० सं० ५।५०)—"रामादिमूर्त्तिषु कलानियमेन तिष्ठन्" इति ।

२७ । अथ विभूतीराह (भा० १।३।२७)—

(२७) "ऋषयो मनवो देवा मनुपुत्रा महौजसः ।
कलाः सर्वे हरेरेव सप्रजापतयः स्मृताः ॥"४१॥

कला विभूतयः । अल्पशक्तेः प्रकाशाद्विभूतित्वम्, महाशक्तेस्त्वावेशत्वमिति भेदः ॥

२८ । तदेवं परमात्मानं साङ्गमेव निर्द्धार्य्य प्रोक्तानुवादपूर्वकं श्रीभगवन्तमप्याकारेण

सर्वसम्वादिनी

पूर्वोत्पन्नेषु भूतेषु तेषु तेषु कलौ प्रभुः । कृत्वा प्रवेशं कुरुते यदभिप्रेतमात्मनः ॥'८॥ इति ।

सम्भव है ? उत्तर में कहते हैं—"अंशत्व" शब्द से जानना होगा कि—साक्षात् भगवान् होने पर भी अंश रूप में प्रकाशित होने के निमित्त श्रीभगवान् की अव्यभिचारिणी इच्छाशक्ति से सर्वदा शक्ति की एकदेशिक अभिव्यक्ति, अर्थात् भगवत् अवतारसमूह ही श्रीभगवत् स्वरूपगत निखिल असाधारण धर्मपूर्ण हैं । श्रीभगवदिच्छा का व्यभिचार कभी भी नहीं होता है । वह नित्या है, उक्त इच्छा भी केवल भक्ताभीष्ट पूर्त्तिकारिणी है । सुतरां भक्त सङ्कल्पानुरूप रूप-गुण-लीलादि का प्रकटन पूर्वक निरन्तर उक्त रूप में अवस्थित होते हैं । उसके अनुसार जिस स्वरूप में न्यून शक्त्यादि का प्रकाश होता है, उन्हें अंशावतार कहते हैं । इससे इस प्रकार धारणा नहीं होती है कि—अंशावतार भी कभी अंशी हो सकते हैं । अंशी, अंश रूप में प्रकट हो सकते हैं, किन्तु अंश का अंशी रूप में प्रकट होने की सम्भावना नहीं है । ब्रह्मसंहिता के ५।३९ में उक्त है—"रामादिमूर्त्तिषु कलानियमेन तिष्ठन् नानावतारमकरोद्भुवनेषु किन्तु ।
कृष्णः स्वयं समभवत् परमपुमान् यो गोविन्दमादिपुरुषं तमहं भजामि ॥"

टीका—यः कृष्णः परमः पुमान् कलानियमेन रामादिमूर्त्तिषु तिष्ठन् भुवनेषु नानावतारं अकरोत् यः परमः पुमान् कृष्णः स्वयं समभवत्, अवतार, तं आदिपुरुषं गोविन्दं अहं भजामि ।

जो रामादि मूर्त्ति में कला नियम से अर्थात् निर्दिष्ट न्यून शक्तिविशेष को प्रकाश करके भक्तानुग्रह हेतु निरन्तर विराजित हैं, जो अन्य निरपेक्ष सत्तास्वरूप स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण हैं, किन्तु स्वयं प्रापञ्चिक लोक में प्रकट हुए थे, मैं उन आदि पुरुष गोविन्द का भजन करता हूँ । "तिष्ठन्" स्था धातु के उत्तर शतृ प्रत्यय द्वारा निष्पन्न पद है । स्था—गति निवृत्ति अर्थ, शतृ प्रत्यय का वर्त्तमान कालीनत्व अर्थ है ।

इससे अंशावतार में प्रकटित शक्ति की गति निवृत्ति एवं सतत विद्यमानता का बोध होता है । अर्थात् कभी भी उक्त शक्ति का न्यूनाधिक्य अथवा अभाव नहीं होता है ॥२६॥

विष्णु अर्थात् श्रीकृष्ण चरित किस प्रकार है? अंशांश-सम्भूतिः, ब्रह्मादि के अंश यादवगण, उन सबकी सम्यक् समीचीना भूति—सम्पत्ति जिनसे होती है। तृतीय, विष्णुपुराण में उक्त है,—निज सितकृष्ण केशद्वय का उत्पाटन उन्होंने किया। देवताओं को उन्होंने कहा, वसुधातल में मेरा केशद्वय अवतीर्ण होकर भूमि का भारापनोदन करेगा, वसुदेव पत्नी के अष्टम गर्भ से यह केशद्वय उत्पन्न होगा। इस वचन का क्रमिक अर्थ इस प्रकार है,—उन्होंने निज केशद्वय को उठाकर कहा, किन्तु उखाड़ा नहीं। केश तो उनका नित्य चिद्रूप है। छेदन नहीं होता। छेदन अर्थ—दुर्बोध्य एवं अपवित्र है, अमङ्गल सूचक भी है। अतः दोनों केशों को उठाकर ही कहा था। उसका तात्पर्य्य है, अवतार का वर्ण सूचन करना तथा मूर्द्धन्यत्व प्रतिपादन करना। केशद्वय को देखकर जो लोक सन्देहाक्रान्त हुए थे। उन सबको निःसन्दिग्ध करने के निमित्त कहा—यह अवतारद्वय मूर्द्धन्यभूत है, शुक्ल-कृष्णवर्ण है, मेरा ईश्वरस्वरूप है। जिससे मैं ईश्वर बना हूँ। अथवा मेरा सुखस्वरूप ही उक्त ईश्वर है। यद्यपि बलदेव उनका ईश्वर नहीं हैं, तथापि युगपत् कथनरूप आनन्दातिशय से स्वांश में ईश्वर शब्द का प्रयोग हुआ है। अनन्तर कथन से सुस्पष्ट होता है। शेषाख्य अंश है, सप्तम गर्भ में आविर्भूत होगा। अष्टम गर्भ में मेरा केश का आविर्भाव होगा। पृथक् रूप से कथन से बोध होता है। मेरा ईश्वर श्रीकृष्ण हैं। यद्वा, जिनसे सुख होता है, वह ईश्वर श्रीकृष्ण हैं। भारत में सितकृष्ण केशोत्पाटन का जो प्रसङ्ग है, उसका अर्थ इस प्रकार है,—जिनको देवगण निवेदन किए थे, क्षीरोदशायी अनिरुद्ध ने अपना केशद्वय को अङ्गुलि से दिखाकर कहा—इस प्रकार वर्णयुक्त रामकृष्ण आविर्भूत होंगे। के शिरसि शेते इति केशः। मूर्द्धन्य इत्यर्थः। भा० १०।२।५ में सुस्पष्ट वर्णन है। वैष्णवधाम अनन्त से ही सप्तम गर्भ अलङ्कृत होगा। षष्ठस्कन्ध में कहा है, सङ्कर्षण ने—मैं समस्त भूतों का परिचालक हूँ। शब्दब्रह्म परब्रह्म मेरी शाश्वती तनुद्वय हैं। यह कथन अनवद्य है। उक्त श्लोक में विष्णु शब्द का प्रयोग हुआ है। उससे सर्व व्यापक रूप विष्णु शब्द का चरम पर्य्यवसान श्रीकृष्ण में ही है। तज्जन्य विष्णु शब्द के द्वारा ही श्रीकृष्ण का उल्लेख होता है।

भा० १०।२०।४८ में—"पुरग्रामेष्वाग्रयणैरैन्द्रियैश्च महोत्सवैः।
बभौ भूः पक्वशस्याढ्या कलाभ्यां नितरां हरेः॥"

हरि के अंश श्रीरामकृष्ण के द्वारा पृथ्विवी अतिशय शोभिता हुई। वस्तुतः हरि की कला अर्थात्

कृष्णाभ्यामिति, (भा० १०।२।४१) "दिष्ट्याम्ब ते कुक्षिगतः परः पुमा,-नंशेन साक्षाद्भगवान् भवाय नः" इत्यत्र यो मत्स्यादिरूपेणांशेनैव पूर्वं नोऽस्माकं भवायाभूत्; हे अम्ब! स तु साक्षात् स्वयमेव कुक्षिगतोऽस्तीति। (भा० १०।२।१८) "ततो जगन्मङ्गलमच्युतांशम्" इति

सर्वसम्वादिनी

अन्ये प्राभव-प्रायाः।

ते चावताराः कार्य-भेदेन त्रिविधाः,—(क) पुरुषावताराः, (ख) गुणावताराः, (ग) लीलावताराश्चेति।

विभूतिरूपा पृथिवी (आभ्यां—रामकृष्णाभ्यां) श्रीरामकृष्ण के द्वारा अतिशय शोभिता हुई थी।

टीका—आग्रयणैर्नवान्नप्राशनैर्वैदिकैः ऐन्द्रियैरिन्द्रियार्थैर्लौकिकैश्च महोत्सवैः। कलाभ्यां रामकृष्णाभ्यां दर्शनादिमहोत्सवाभ्याम्।

क्रमसन्दर्भः। हरेः कला पृथ्वी; आभ्यां रामकृष्णाभ्याम्॥

वृहत् क्रमसन्दर्भः। हरेः कला, पत्नीरूपा, धरण्या च दूर्वादलश्यामलाङ्ग्येत्यभियुक्ताः, श्री-भू-लीला इत्यादि वा आगमान्तरम्, सा तु भूलोकाधिष्ठात्री, तत्सम्बन्धा भूरपि तथा, आभ्यां श्रीरामकृष्णाभ्यां हेतुभूताभ्यां बभौ। पक्वशस्याढ्येति जात्युक्तिः, नितरामतिशयेन।

चैतन्यमतमञ्जुषा। बभौ भू पक्वशस्याढ्येति—आभ्यां रामकृष्णाभ्यां नितरां बभौ, यतः इयं भूः श्रीभूलीला इत्यादिना भुवः पालितत्वात्॥

भा० १०।२।४१ में वर्णित है—"दिष्ट्याम्बते कुक्षिगतः परः पुमानंशेन साक्षाद्भगवान् भवाय नः।
माभूद्भयं भोजपतेर्मुमुर्षोर्गोप्ता यदूनां भविता तवात्मजः॥"

देवगण ने देवकीदेवी को कहा—परमपुरुष भगवान् हमारे अभ्युदय हेतु अंश के सहित आपके गर्भ में आविर्भूत हुए हैं। यथार्थ—पहले जो मत्स्यादि अंशावतार रूप में हम सब के मङ्गल के निमित्त आविर्भूत हुए थे, हे मातः। साक्षात् भगवान् स्वयं ही आपके कुक्षिगत हैं।

टीका—देवकीं प्रत्याहुः,—दिष्ट्येति। नोऽस्माकं भवाय उद्भवाय, साक्षात् परः पुमान्, ते कुक्षि गतः, अतो भयं माभूदिति।

क्रमसन्दर्भः। योऽंशेन मत्स्यादिनास्माकं भवाय, स साक्षात् स्वयमेव ते कुक्षि गत इति, पूर्वं मनस्तो दधारेत्यप्युक्तम्। तत एकवाक्यतानुरोधेनायमर्थः, यद्यपि तदीयप्राचीनतादृशप्रेमयाच्ञा वशतया कुक्षि प्रविष्ट एव, तथापि कुक्ष्यादिद्रव्यं भगवतोऽवरोधक न स्यात्, किन्तु प्रेमैवेति। तस्य च प्रेम्ण आश्रयः कुक्षि र्न भवति, किन्तु मन एवेति, तदात्मतया मन एव तद्धारणे साधनम्। ततः कुक्षिः गतो मनसैव दधारेति।

वृहत्क्रमसन्दर्भः। दिष्ट्याम्ब इति। साक्षात् परः पुमान् ते कुक्षि गतः। अंशेन—बलदेवेन, अंशे किं न इति वा। अंश्यते विभज्यते अस्मादित्यंशः पूर्णभावः, तेनेति वा, अन्यथा साक्षादित्यसङ्गतेः।

चै० मतमञ्जुषा। दिष्ट्येत्यादि—हे अम्ब मातः! देवः, परो भगवान् साक्षात् स्वयमेव ते तव कुक्षिगतः कुक्षिप्रविष्टः, यः खलु अंशेन भवाय नः सकाशात् भयं माऽभूत्। यद्वा, नोऽस्माकं भवाय वृद्धये, साक्षात् भगवान् ते तव कुक्षि गतः, अंशेन पुरुषः पुरुषावतारो यस्यांशे—इत्यर्थः। अतःपर—परात्परः।

भा० १०।२।१८ में उक्त है—"ततो जगन्मङ्गलमच्युतांशं समाहितं शूरसुतेन देवी।
दधार सर्वात्मकमात्मभूतं काष्ठा यथानन्दकरं मनस्तः॥"

श्रीदेवकीदेवी में वसुदेव के द्वारा अच्युत का अंश समाहित हुआ था। यहाँ बोध होता है,—श्रीकृष्ण अच्युत का अंश है। किन्तु सप्तम्यन्त अन्य पदार्थ बहुव्रीहि समास से अच्युत अंशसमूह जिनमें है,

तु सप्तम्यन्यपदार्थो बहुव्रीहिः; तस्मिन्नंशिन्यवतरति तेषामंशानामप्यत्र प्रवेशस्य व्याख्यास्यमानत्वात्। पूर्णत्वेनैव तत्र (भा० १०।२।१८) "सर्वात्मकमात्मभूतम्" इत्युक्तम्। तथा नातिविद्वज्जनवाक्ये (भा० १०।४३।२३)—

"एतौ भगवतः साक्षाद्धरेर्नारायणस्यहि।
अवतीर्णाविहांशेन वसुदेवस्य वेश्मनि॥"४६॥

इत्यत्रापि सरस्वतीप्रेरिततया अंशेन सर्वांशेन सहैवेत्यर्थः। एवमेव (भा० ४।१।५७)—

सर्वसम्वादिनी

तत्राद्या (क,ख) उभये—श्रीपरमात्मसन्दर्भे (२य—१८श अनु०) दर्शिताः; (ग) अन्त्याश्च—(भा० १।३।६)

वह अच्युतांश है, अर्थ होता है। अर्थात् श्रीकृष्ण अवतीर्ण होने से अंशसमूह उनमें प्रविष्ट होते हैं। उक्त सर्वांशपूर्ण श्रीकृष्ण देवकीदेवी में समाहित हुए थे। अच्युतांश यह अर्थ ही सङ्गत है। स्वयं अवतारी श्रीकृष्ण आविर्भूत होने से अंशावतार गुणावतार प्रभृति उनमें प्रविष्ट होते हैं। श्लोक के उत्तर भाग में "दधार सर्वात्मकमात्मभूतं" लिखित है। अर्थात् श्रीदेवकीदेवी स्वयं प्रादुर्भूत सर्वाश्रय सर्वमूलभूत भगवान् को हृदय में धारण किये थे।

टीका—जगन्मङ्गलं जगतो मूर्त्तिमन्मङ्गलम्। अच्युतांशं—अच्युताश्च्युतिरहिता अंशा ऐश्वर्य्यादयो यस्य तम्। यद्वा, अच्युतस्यांश इव अंशः—भक्तानां अनुग्रहार्थं परिच्छिन्नवपुरित्यर्थः। सम्यग्भूतमेवाहितं वैधदीक्षया अर्पितम्। देवी द्योतमाना शुद्धसत्त्वेत्यर्थः। सर्वात्मकं सर्वस्यात्मानम् अतएव आत्मभूतं स्वस्मिन्नादावेव सन्तम् मनस्तो मनसैव दधार धारणया धृतवती। अत्रानुरूपं दृष्टान्तमाह— यथा काष्ठा प्राचीदिक् आनन्दकरं चन्द्रमिति।

वृहत् क्रमसन्दर्भः। अथ वसुदेवः स्वमनसि प्रादुर्भूतं भगवन्तमनुभूय कथमयं देवक्यामाविर्भवितीति समाधिना निकटस्थितायामेव तस्माद् गृहाद्गृहान्तरमिव नीयमान दशया सञ्चारयितुमुद्यतो यदासीत्, तदा स्वयमेव भगवानप्युभयोः पितृमातृभावमापादयितुं वसुदेवमनस्तो देवकीमनसि सञ्चारेत्याह—ततो जगन्मङ्गलमित्यादि। शूरसुतेन वसुदेवेन, समाहितं समाधिना भावनया आहितमर्पितं जगन्मङ्गलं जगन्मङ्गलावतारं—श्रीकृष्णं मनस्त मनसि दधार। कीदृशम्? अच्युता अस्खलिता अंशा यत्र, पूर्णत्वात् सर्वात्मकमात्मभूतं, विग्रहरूपम्। भगवद्विग्रहस्य सर्वात्मकत्वं पूर्वं पूर्वमुक्तम्। (भा० ८।६।१९) "योगेन धातः सह नस्त्रिलोकान्, पश्याम्यमुष्मिन्नुह विश्वमूर्त्तौ" इत्यादि। तत्र दृष्टान्तः—काष्ठा यथेत्यादि। काष्ठा पूर्वा दिक् आनन्दकरं चन्द्रं यथा दधाति, नहि चन्द्रस्तस्यां जायते, अपितु उदयत्येवेति॥

भा० १०।४३।२२-२३ में उक्त है—"ऊचुः परस्परं ते वै यथादृष्टं यथाश्रुतम्।
तद्रूपगुणमाधुर्य्यप्रागल्भ्यस्मारिता इव॥
एतौ भगवतः साक्षाद्धरेर्नारायणस्य हि।
अवतीर्णाविहांशेन वसुदेवस्य वेश्मनि॥"

धनुर्भङ्गादि को देखकर एवं गोवर्द्धन धारणादि को सुनकर जिस प्रकार शौर्य्यादि का अनुभव हुआ था उसके अनुरूप रङ्गमञ्चस्थ जनगण कह रहे थे, वे लोक सुविज्ञ नहीं थे। कथन इस प्रकार है—रामकृष्ण, साक्षात् नारायण हरि के अंश हैं। वसुदेव के गृह में अवतीर्ण हुए हैं। सरस्वती प्रेरित अर्थ—इस प्रकार है—सहार्थे तृतीया, अंशेन—सर्वांशेन सह, सर्वांश के सहित श्रीवसुदेव के गृह में अवतीर्ण हुए हैं।

"ताविमौ वै भगवतो हरेरंशाविहागतौ।
भारव्ययाय च भुवः कृष्णौ यदुकुरूद्वहौ ।।"४७।।

इत्यत्र आगताविति कर्त्तरि निष्ठा, कृष्णाविति कर्मणि द्वितीया। ततश्च भगवतो नानावतार-वीजस्य हरेः पुरुषस्य ताविमौ नरनारायणाख्यावंशौ कर्त्तृभूतौ कृष्णौ, कृष्णार्जुनौ कर्मभूतौ आगतवन्तौ, तयोः प्रविष्टवन्तावित्यर्थः। कृष्णौ कीदृशौ ? भुवो भारस्य व्ययाय, चकाराद्भक्तसुखद-नानालीलान्तराय च यदुकुरूद्वहौ यदुकुरुवंशयोरवतीर्णावित्यर्थः। "अर्जुने तु नरावेशः, कृष्णो नारायणः स्वयम्" इत्यागमवाक्यन्तु श्रीमदर्जुने नरप्रवेशापेक्षया। यस्तु स्वयमनन्यसिद्धो नारायणः (भा० १०।१४।१४) "नारायणस्त्वं न हि सर्वदेहिनाम्" इत्यादौ

सर्वसम्वादिनी

"स एव प्रथमं देवः" इत्यादिनात्रैव प्रक्रान्ताः। एते पुनः पञ्चविधाः,—(१) द्विपरार्द्धावताराः,

बृहत्क्रमसन्दर्भः—एतौ भगवत इत्यादि, एतौ इहावतीर्णौ, एनयोर्मध्ये, एको हरेर्नारायणस्यांशेन, अन्यः साक्षात् स्वयं भगवानित्यर्थः, साक्षादंशेनेति पदाभ्यां द्वयोर्विशेषाख्यायामप्येकोक्त्याचावतीर्णावित्येकपदम्।

उस प्रकार भा० ४।१।५७ में वर्णित है—

"ताविमौ वै भगवतो हरेरंशाविहागतौ। भारव्ययाय च भुवः कृष्णौ यदुकुरूद्वहौ ।।"

पृथिवी का भार हरणार्थ श्रीहरि के अंशद्वय यदुवंश में श्रीकृष्ण, कुरु वंश में श्रीअर्जुन रूप में अवतीर्ण हुए हैं। यथार्थ अर्थ इस प्रकार है,—"आगतौ" कर्त्तृ वाच्य में क्त प्रत्यय निष्पन्न है। कृष्णौ पद कर्मकारक में द्वितीया विभक्ति है। सुतरां भगवान् विभिन्नावतार के वीजस्वरूप हरि (पुरुष) के अंशद्वय 'नर-नारायण' रूप में प्रसिद्ध हैं, श्रीकृष्णार्जुन में प्रविष्ट हुए हैं। 'आगत' क्रिया का कर्त्तृ कारक श्रीनरनारायण हैं, श्रीकृष्णार्जुन कर्म कारक हैं। किस प्रकार श्रीकृष्णार्जुन हैं ? जो पृथिवी का भार हरण हेतु एवं श्लोकोक्त 'च' द्वारा प्राप्त भक्त सुखद विभिन्न लीला प्राकट्य हेतु अवतीर्ण हुए हैं। श्लोकस्थ 'यदुकुरूद्वहः' शब्द का अर्थ है—यदु एवं कुरु वंश में अवतीर्ण। यदु वंश में श्रीकृष्ण, कुरु वंश में श्रीअर्जुन आविर्भूत हुए हैं। "अर्जुने तु नरावेशः, कृष्णो नारायणः स्वयम्" आगम वाक्य से बोध होता है कि—अर्जुन में 'नर' नामक ऋषि का प्रवेश हुआ है। कृष्ण किन्तु अनन्यसिद्ध स्वयं नारायण ही हैं। भा० १०।१४।१४ में ब्रह्मा ने कहा भी है—"नारायणस्त्वं न हि सर्वदेहिनामात्मास्यधीशाखिललोकसाक्षी नारायणोऽङ्गं नरभूजलायनात् तच्चापि सत्यं न तवैव माया।"

टीका—तर्हि नारायणस्य पुत्रः स्यास्त्वं मम किमायातं तत्राह—नारायणस्त्वमिति नहीति काक्वा त्वमेव नारायण इत्यापादयति। कुतोऽहं नारायण इति चेदत आह,—सर्वदेहिनामात्मासीति। एवमस्मि किं नारायणो न भवसि। नारं जीवसमूहोऽयनमाश्रयो यस्य स तथेति त्वमेव सर्वदेहिनामात्मत्वान्नारायण इति भावः। हे अधीश ! त्वं नारायणो नहीति पुनः काकुः। अधीशः प्रवर्त्तकः, ततश्च नारस्यायनं प्रवृत्तिर्यस्मात् स तथेति, पुनस्त्वमेवासाविति, किञ्च त्वमखिललोकसाक्षी, अखिलं लोकं साक्षात् पश्यसि अतो नारमयसे जानासीति त्वमेव नारायण इत्यर्थः। नन्वेवं नारायण पद व्युत्पत्तौ भवेदेवं तत्तु अन्यथा प्रसिद्धमित्याशङ्क्याह—नारायणोऽङ्गमिति, नरादुद्भूता ये अर्थाः, तथा नराज्जातं यज्जलं तदयनाद् यो नारायणः प्रसिद्धः, सोऽपि तवैवाङ्गं मूर्त्तिः। तथा च स्मर्य्यते। नराज्जातानि तत्त्वानि नाराणीति विदुर्बुधाः, तस्य तान्ययनं पूर्वं तेन नारायणः स्मृत इति। तथा। आपो नारा इति प्रोक्ता आपो वै नरसूनवः, अयनं तस्य ताः पूर्वं तेन नारायणः स्मृत इति च। ननु मन्मूर्त्तेरपरिच्छिन्नायाः कथं

दर्शितः, स पुनः कृष्ण इत्यर्थान्तरापेक्षया च मन्तव्यम्, (भा० १०।६०।१५) "ययोरेव समं वीर्य्यम्" इत्यादि-न्यायात्। यथा विष्णुधर्मे—

"यस्त्वां वेत्ति स मां वेत्ति यस्त्वामनु स मामनु। अभेदेनात्मनो वेद्मि त्वामहं पाण्डुनन्दन ॥"४८॥ इति।

तं प्रति श्रीभगवद्वाक्याच्चार्जुनस्यापि श्रीकृष्णसखत्वेन नारायणसखान्नरात् पूर्णत्वात्तत्र प्रवेशः समुचित एव। कुत्रचिच्चांशादि-शब्दप्रयोगः, (गी० ७।२५)—"नाहं प्रकाशः सर्वस्य योगमाया-समावृतः" इति श्रीगीतोपनिषद्दिशा पूर्णस्यापि साधारणजनेष्वसम्यक्प्रकाशात्तत्प्रतीतावेवांश

सर्वसम्वादिनी

(२) कल्पावताराः, (३) मन्वन्तरावताराः, (४) युगावताराः, (५) स्वेच्छामय-समयावताराश्चेति।

जलाश्रयत्वमत आह—तच्चापि सत्यं नेति ॥

अतः ब्रह्मा की स्तुति में जो अनन्यसिद्ध नारायण हैं, वह ही श्रीकृष्ण हैं। इस अर्थ को प्रकट करने के निमित्त "कृष्णो नारायणः स्वयम्" वाक्य में स्वयं शब्द का प्रयोग हुआ है।

भा० १०।६०।१५ में उक्त—"ययोरेव समं वीर्य्यं जन्मैश्वर्य्याकृतिर्भवः।
तयोर्विवाहो मैत्री च नोत्तमाधमयोः क्वचित् ॥"

टीका—आत्मसमं परस्परमनुरूपम्। जन्मैश्वर्य्याभ्यां सहिता आकृतिः, रूपं जाति र्वा समा, भव आयातिः।"

समान प्रभाव, समान कुल में जन्म, समान वैभव, समान आकृति, समान अभ्युदय, समान व्यक्ति द्वय में विवाह मैत्री सुखद है, उत्तम-अधम में सुखद नहीं है। श्रीकृष्ण की उक्ति के अनुसार श्रीनर ऋषि के आवेश के सहित स्वयं नारायण श्रीकृष्ण की मित्रता नहीं हो सकती है। कारण—आवेशावतार आविष्ट जीव में होता है, अर्जुन यदि उस प्रकार होते हैं, तब स्वयं नारायण श्रीकृष्ण के सहित उनकी मैत्री नहीं हो सकती है। उस प्रकार विष्णुधर्म में श्रीकृष्णार्जुन की समरूपता वर्णित है। हे पाण्डुनन्दन! जो तुम्हें जानता है, वह मुझको जानता है। जो अनुगत तुम्हारा है, वह मेरा अनुगत है। मैं तुम्हें अभिन्न जानता हूँ। श्रीकृष्ण के वचन से अर्जुन में पूर्णत्व का बोध होता है। अतएव अर्जुन में नर ऋषि का आवेश नहीं है, किन्तु प्रवेश होना ही समीचीन है।

कुत्रचित् श्रीकृष्ण के सन्दर्भ में अंशादि शब्द प्रयुक्त हुए हैं। उसका समाधान हेतु गीतोक्त (७।२५) "नाहं प्रकाशः सर्वस्य योगमाया समावृतः। मूढ़ोऽयं नाभिजानाति लोकोमामजमव्ययम् ॥" मैं स्वीय योगमाया के द्वारा समावृत हूँ। अतएव साधारण दृष्टि से मेरा रूप सम्यक् प्रकाशित नहीं होता। श्रीकृष्ण की निजोक्ति के अनुसार ही जानना होगा कि—साधारण जन में श्रीकृष्ण का प्रकाश खण्डांश रूप में ही होता है, अतः वे लोक उन्हें अंश ही मानते हैं। किन्तु वह भी अंश की भाँति ही अंश है। उक्त स्थल समूह में वास्तविक अंश कहना अभिप्रेत नहीं है।

उक्त श्लोक की टीका—"ननु भक्ता इवाभक्ताश्च त्वां प्रत्यक्षीकुर्वन्ति, प्रसादादेव भजत्स्वभिव्यक्ति-रिति कथम्? तत्राह—नाहमिति, भक्तानामेवाहं नित्यविज्ञानसुखघनोऽनन्तकल्याणगुणकर्मा प्रकाशो-ऽभिव्यक्तो, नतु सर्वेषामभक्तानामपि। यदहं योगमायया समावृतो मद्विमुखव्यामोहकत्वयोगयुक्तया मायया समाच्छन्नपरिसर इत्यर्थः, यदुक्तं "माया जवनिकाच्छन्नमहिम्ने ब्रह्मणे नमः" इति। मायामूढ़ोऽयं लोकोऽतिमानुषदैवतप्रभावं विधिरुद्रादिवन्वितमपि मां नाभिजानाति। कीदृशम्? अजं जन्मशून्यम्, यतोऽव्ययमप्रच्युतस्वरूपसामर्थ्यसार्वज्ञ्याधिकमित्यर्थः।

इवांश इति ज्ञेयम्। (भा० १०।८।१९) "नारायणसमो गुणैः" इत्यत्रापि नारायणः परव्योमाधिप एव, गुणैः समो यस्येत्येव श्रीगर्गाभिप्रायः। तदेवं महाकालपुराख्यानेऽपि प्रतिज्ञावाक्य-मिदमधिकुर्य्यात्। किञ्च, शास्त्रं हि शासनात्मकं शासनञ्चोपदेशः; स च द्विधा—साक्षात्, अर्थान्तरद्वारा च। साक्षादुपदेशस्तु श्रुतिरिति परिभाष्यते। साक्षात्त्वञ्चात्र निरपेक्षत्वमुच्यते;

सर्वसम्वादिनी

तत्तदधिकारिलीलत्वात् ते च क्रमेण—(१) पुरुषादयः, (२) क्षीरोदशाय्यादयः, (३) यज्ञादयः, (४) शुक्लादयः, (५) श्रीकृष्ण-रामादयश्च।

भा० १०।८।१९ में वर्णित है—श्रीगर्गाचार्य्य ने श्रीकृष्ण के नामकरण के समय कहे थे—

"तस्मान्नन्दात्मजोऽयं ते नारायणसमो गुणैः। श्रिया कीर्त्त्यानुभावेन गोपायस्व समाहितः॥"

वृहत् क्रमसन्दर्भः। तामेव स्वयं भगवत्तां प्रतिपादयति,—तस्मादित्यादि। हे नन्द! तस्मादयं ते आत्मजो गुणैर्नारायणसम इति लोकभियोक्तम्। तत्तु सरस्वती स्वयमन्यथा व्याख्याति, नारायणोऽपि समः सश्रीको यस्मात्, समाना मा श्रीर्यस्य स तथा। अथवा, गुणैर्नारायणमपि समयति विक्लवयति नारायणसमः मनोहरादिवत्। नात्र कर्मण्यन्, समष्टमवैक्लव्ये चुरादिः। अथवा, समयति समः, नारायणस्यापि समो नारायणसमः, महीधरादिवत्। यद्वा, नारायणोऽपि सम यस्मात् नारायणसमः। मानं मा, तत्सहितः प्रमेय इति सत्वप्रमेयः, (भा० १०।१४।१४) "नारायणोऽङ्गम्" इति वक्ष्यमाणविरोध-भङ्गादि व्याख्या।

स्वयं भगवत्ता प्रतिपादन हेतु श्रीगर्गाचार्य्य कहते हैं—हे नन्द! तुम्हारा आत्मज गुणों से नारायण सम होगा, लोक भय से उस प्रकार उक्ति हुई। उससे नन्दमहाराज समझ गये थे कि—बालक नारायण के समान गुणवान् होगा। यह उक्ति माधुर्य्यव्यञ्जक ही है। इससे षष्ठी तत्पुरुष समास के द्वारा आश्रयाश्रयिभाव ही प्रकट हुआ, अर्थात् श्रीनारायण—आश्रयतत्त्व, एवं श्रीकृष्ण, आश्रिततत्त्व हैं। सरस्वतीकृत व्याख्या अन्य प्रकार होती है—लक्ष्मीपति नारायण भी जिनके समान हैं, समाना मा श्री लक्ष्मी है जिनकी, अथवा गुणों के द्वारा नारायण को भी विह्वल करते हैं। मनोहरादि के समान। कर्मणि अण् नहीं है, चुरादि धातु है। अथवा समयति—समः नारायण का भी समः नारायण समः, महीधरादिवत्। यद्वा, नारायणोऽपि जिनके सम हैं, नारायण समः, मानं मा, तत्सहितः प्रमेय इति। कृष्ण अप्रमेय हैं, भा० १०।१४।१४ में "नारायणोऽङ्गम्" नारायण को श्रीकृष्ण का अंश कहा गया है। उक्त वाक्य के सहित विरोध उपस्थित न हो, तज्जन्य ही उक्त रूप व्याख्या हुई है।

श्रीगर्गाचार्य्य का अभिप्राय भी यह ही है—अन्य पदार्थ प्रधान बहुव्रीहि समास से नारायणः समो यस्य सः, अर्थात् गुणों में नारायण ही जिनका समान हैं। इस व्याख्या में श्रीकृष्ण आश्रयतत्त्व, एवं श्रीनारायण आश्रिततत्त्व होते हैं। नारायण शब्द से प्रसिद्ध गर्भोदकशायी प्रभृति का ग्रहण नहीं होता है, कारण परव्योमाधिपति को छोड़कर अन्यत्र तुल्ययोगिता की सम्भावना नहीं है।

क्रमसन्दर्भः। नारायणः परव्योमाधिप एव समो यस्य तादृशोऽपि; श्र्याविभिर्द्वारैः। गोपानाम् "अयः शुभावहविधौ सुसमाहितः। पाठान्तरे,—स्वेन स्वयमेवसमाहितः" इति वास्तवोऽर्थः। प्रकटार्थे तु, यद्यपि नारायणस्य समस्तथापि तथापि तवात्मजतां प्राप्त इति तवैव गोपनीय इत्यर्थः।

श्रीचैतन्यमतमञ्जुषा। तस्मान्नन्दात्मजोऽयं ते नारायणसमो गुणैः—मा श्रीः तया सह वर्त्तते इति समः, गुणैः—नारायणः समः सविभूतिर्यस्मात्, यस्य श्रिया नारायणोऽपि श्रीमान् भवति, स एवायं परात्परः श्रीकृष्ण इत्यर्थः। यद्वा नारायणादपि समः स श्रीकः।

तदुक्तम्—"निरपेक्षरवा श्रुतिः" इति। तथा च सति (मीमांसादर्शनम् ३।३।१४) "श्रुति-लिङ्ग-वाक्य-प्रकरण-स्थान-समाख्यानां समवाये पारदौर्बल्यमर्थविप्रकर्षात्" इत्युक्तानुसारेण चरमस्य पूर्वापेक्षया दूरप्रतीत्यर्थत्वे (भा० १।३।२८) "कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" इति श्रीशौनकं प्रति श्रीसूतस्य साक्षादुपदेशेन इतिहासस्थ-तद्विपरीतलिङ्गद्वारोपदेशो बाध्येत, न च (भा० १०।८९।५८) "मे कलावतीर्णौ" इति च महाकालपुराधिप एव श्रीकृष्णं साक्षादेवोपदिष्टवानिति

सर्वसम्वादिनी

एषु मन्वन्तरावताराश्च—यज्ञ-विभु-सत्यसेन-हरि-वैकुण्ठाजित-वामन-सार्वभौमर्षभ-विष्वक्सेन-धर्मसेतु-

अंश प्रतिपादक वाक्यसमूह का समाधान "कृष्णस्तु भगवान् स्वयं" प्रतिज्ञा वाक्य के द्वारा हुआ। अर्थात् स्वयं भगवान् शब्द से एकमात्र श्रीकृष्ण का ही बोध होता है। अतएव "कृष्णस्तु भगवान् स्वयं" प्रतिज्ञा वाक्य का अधिकार महाकालपुराख्यान में भी होगा। अर्थात् महाकाल पुरुष के वचन से आपातत: प्रतीत होता है कि—कृष्ण, महाकाल पुरुष का ही अंश हैं। किन्तु उक्त अर्थ सुसङ्गत नहीं है। 'श्रीकृष्ण ही स्वयं भगवान् हैं' यह परिभाषा वाक्य सर्व मूर्द्धन्य होने के कारण उक्त वाक्य का अधिकार उक्त महाकाल पुरुष उपाख्यान में भी होगा। अर्थात् महाकाल पुरुष प्रसङ्ग से यथाश्रुत जो बोध होता है, श्रीकृष्ण उनका अंश हैं, यह समीचीन नहीं है। श्रीकृष्ण ही महापुरुष का अंशी हैं, इस प्रकार अर्थ को जानना होगा।

अनुशासनात्मक ही शास्त्र है, शासन शब्द का अर्थ शिक्षा है। उक्त शासन शब्द का अर्थ उपदेश है, प्रवर्त्तन वाक्य, अर्थात् स्वीय प्राप्ति का उपाय कथन है। उक्त उपदेश साक्षात् एवं अर्थान्तर के द्वारा (अर्थात् विभिन्न दृष्टान्त के द्वारा) द्विविध होते हैं। साक्षात् उपदेशदान जिस रीति से होता है, उसे श्रुति कहते हैं। साक्षात् शब्द इस प्रकरणानुरूप अर्थ है। निरपेक्षता, अर्थात् सर्व प्रमाण की अपेक्षा श्रुति ही बलवती है। मीमांसा दर्शन के ३।३।१४ में उक्त है—'श्रुति, लिङ्ग, वाक्य, प्रकरण, स्थान, समाख्या'-रूप षड् विध उपाय शास्त्रार्थ निर्णायक हैं। उसमें अर्थ का व्यवधान होने के कारण क्रमशः पूर्वापेक्षा पर पर प्रमाणों का दौर्बल्य है। अर्थ श्रुति से लिङ्ग, लिङ्ग से वाक्य, वाक्य से प्रकरण, प्रकरण से स्थान, स्थान से समाख्या दुर्बल है। उक्त मीमांसा सिद्धान्त सूत्र का अर्थ—"श्रुति-लिङ्ग-वाक्य-प्रकरण-स्थान-समाख्यानां समवाये"—अर्थात् एक विषय प्रतिपादन में एकाधिक का समावेश होने पर, "पारदौर्बल्यम्" सूत्रोक्त क्रमप्राप्त परवर्त्ती प्रमाण दुर्बल होने से पूर्व प्रमाण के द्वारा बाधित होता है। कारण "अर्थविप्रकर्षात्" अर्थात् विलम्ब से अर्थ बोध होने के कारण बाधित होता है। इसमें श्रुति सर्वथा बलवती है, उसमें बाध्यबाधकत्वरूप तत्त्वद्वय नहीं हैं। श्रुति को छोड़कर सबमें बाध्यबाधकत्वरूप तत्त्वद्वय हैं। श्रीकुमारिल भट्टपादने कहा है-"बाधिकैव श्रुतिर्नित्यं समाख्या बाध्यते सदा। मध्यमानां तु बाध्यत्वं बाधकत्वमपेक्षया॥" पूर्वमीमांसा की रीति के अनुसार चरम प्रमाणरूप समाख्यात्मक महाकाल पुरुष का उपाख्यान रूप इतिहास, श्रुति के द्वारा बाधित होता है। अर्थात् "कृष्णस्तु भगवान् स्वयं" श्रुति से अति सत्वर अर्थबोध होता है, उस प्रकार अर्थबोध उक्त इतिहास से नहीं होता है। श्रीमद्भागवतस्थ महाकाल पुराख्यान (१०।८९।५८) समाख्या है। श्रीशौनक के प्रति श्रीसूत का साक्षात् उपदेश—"कृष्णस्तु भगवान् स्वयं" श्रुति है, इसके द्वारा इतिहास पद्धति के द्वारा कथित श्रीकृष्ण का अंशत्व प्रतिपादक वाक्य निरस्त हुआ।

यहाँ पर संशय हो सकता है कि—(भा० १०।८९।५८)—

"द्विजात्मजा मे युवयोर्दिदृक्षुणा, मयोपनीता भुवि धर्मगुप्तये।
कलावतीर्णाववने र्भरासुरान्, हत्वेह भूयस्त्वरयेतमन्ति मे॥"

वाच्यम्। श्रीकृष्णस्य सार्वज्ञ्याव्यभिचारेण वक्तृश्रोतृभावपूर्वक-सङ्गमाप्रस्तावेन (भा० १०।८९।५८) "द्विजात्मजा मे युवयोर्दिदृक्षुणा" इति कार्य्यान्तरतात्पर्य्यदर्शनेन च तस्यैतन्महापुराणस्य च तत्त्वोपदेष्टृ श्रीसूतादिवत्तदुपदेशे तात्पर्य्याभावाद्वक्ष्यमाणार्थान्तर एव नैकट्येन पदसम्बन्धाच्च। किञ्च, "भवतु वा तुष्यतु" इति न्यायेन श्रीकृष्णस्य तमपेक्ष्यापूर्णत्वम्, तथापि सर्वेषामप्यवताराणां नित्यमेव स्वस्थत्वेन दर्शयिष्यमाणत्वात्, केषाञ्चिन्मते तु स्वयं पुरुषत्वेऽपि स्वतन्त्रस्थितित्वात्, (भा० १०।८९।५९) "युवां नरनारायणावृषी धर्ममाचरताम्" इति, (भा० १०।८९।५८) "त्वरयेतमन्ति मे" इति च तत्तदर्थत्वे विरुध्येत। अस्तु तावदस्माकमन्यवार्त्ता, न च कुत्रापि महाकालोऽयमंशेन तत्तद्रूपेणावतीर्ण इत्युपाख्यायते

सर्वसम्वादिनी

सुधाम-योगेश्वर-वृहद्भानवः क्रमेण चतुर्द्दश। ऋषभोऽयमायुष्मत्पुत्रः, नाभिपुत्रस्त्वन्यः। एषु यज्ञः प्राय

'मेरा अंश तुम दोनों हो, पृथिवी का भारापनोदन हेतु अवतीर्ण हुए हो, उक्त कार्य्य सम्पन्न करके मेरे निकट आ जाओ'। इसमें श्रीकृष्ण को महाकाल पुरुष ने साक्षात् कहा है, इसको श्रुति क्यों नहीं कहेंगे? ऐसा नहीं कह सकते। कारण, श्रीकृष्ण में सर्वज्ञता का व्यभिचार कभी भी नहीं होता है। सर्वज्ञ, सर्ववित् रूपमें एवं कार्य्येषु अभिज्ञः, स्वराट्, रूपमें उनका वर्णन होता है। अतएव भूमा पुरुष को वक्ता, एवं श्रीकृष्ण को श्रोता, बनाकर यह उपाख्यान प्रस्तुत नहीं हो सकता है, (भा० १०।८९।५८) "द्विजात्मजा मे युवयोर्दिदृक्षुणा" "तुम दोनों का दर्शन करने का अभिलाषी होकर ही द्विज बालकों का अपहरण मैंने किया" भूमा पुरुष की इस उक्ति से कार्य्यान्तर में तात्पर्य्य दृष्ट होता है। श्रीकृष्णार्जुन का स्वरूप निर्देश करना उक्त निर्देश का अभिप्राय नहीं है। श्रीकृष्णार्जुन के रूप माधुर्य्य श्रवणान्तर उनको देखने के लिए ही ब्राह्मण कुमारों का अपहरण भूमा पुरुष ने किया था। इस उद्देश्य को छोड़ श्रीमद् भागवत तत्त्वोपदेष्टा श्रीसूत के समान श्रीकृष्ण को तत्त्वोपदेश प्रदान करने का उद्देश्य भूमा पुरुष का नहीं था। अतः वक्ष्यमाण अर्थान्तर के सहित उक्त वाक्यस्थ पदसमूह का निकट सम्बन्ध भी है।

कतिपय व्यक्ति 'श्रीकृष्ण स्वयं भगवान्' है, इसको नहीं मानते हैं। श्रीमन्महाप्रभु श्रीकृष्णचैतन्यदेव के मत में ही श्रीकृष्ण स्वयं भगवान् हैं, वह भी श्रीमद्भागवत प्रमाण के द्वारा ही प्रमाणित है। कुछ वैष्णव श्रीवासुदेव को स्वयं भगवान् मानते हैं, श्रीकृष्ण को उनका अवतार, अपर प्रसिद्ध वैष्णवगण श्रीनारायण को स्वयं भगवान् एवं श्रीकृष्ण को कारणार्णवशायी महापुरुष मानते हैं। यदि तोषण नीति को अपनाया जाय 'भवतु वा तुष्यतु वा' अर्थात् अभ्युपगमवाद से भी विचार करने पर भी उक्त भूमा पुरुष के वाक्य का यथार्थ समाधान नहीं होगा। श्रीरामानुज प्रभृति वैष्णव सम्प्रदाय की दृष्टि से यदि विचार किया जाय तो श्रीकृष्ण को भूमा पुरुष से अपूर्ण मानना होगा। ऐसा होने पर भी भूमा पुरुष के वाक्य का समाधान नहीं होगा, कारण—समस्त अवतारगण ही निज स्वरूप में निज धाम में सपरिकर अवस्थित होते हैं। कभी भी अवतारवृन्द निज अंश में विलीन नहीं होते हैं, इसका प्रदर्शन अग्रिम ग्रन्थ में होगा। श्रीरामानुज के मत में श्रीकृष्ण कारणार्णवशायी हैं, ऐसा होने पर भी कारणार्णवशायी रूपमें उनकी नित्य स्थिति आचार्य श्रीरामानुज मानते हैं। अतः (भा० १०।८९।५९) "युवां नरनारायणावृषी धर्ममाचरताम्" (भा० १०।८९।५८) "त्वरयेतमन्ति मे"। 'सत्वर मेरे निकट आगमन करो' वाक्यद्वय का यथाश्रुत अर्थ में सुस्पष्ट विरोध है। हम दूसरी बात को छोड़ ही देते हैं, तुष्यतु न्याय से, तथापि किसी भी ग्रन्थ में ऐसा विवरण नहीं है कि—भूमा पुरुष अंश के द्वारा श्रीकृष्णार्जुन रूपमें अवतीर्ण हुए हैं।

वा। ततश्चाप्रसिद्धकल्पना प्रसज्जेत। तत्रैव च "त्वरयेतमन्ति मे" इति, "युवां नरनारायणवृषी धर्ममाचरताम्" इत्यादेशद्वयस्य पारस्परिकविरोधः स्फुट एव। किञ्च, यदि तस्य तावंशावभविष्यताम्, तर्हि करतलमणिवत् सदा सर्वमेव पश्यन्नसौ तावपि दूरतोऽपि पश्यन्नेवाऽभविष्यत्। तच्च "युवयोर्दिदृक्षुणा" इति तद्वाक्येन व्यभिचारितम्। यदि स्वयमेव श्रीकृष्णस्तत्तद्रूपावात्मानौ दर्शयति, तदैव तेन तौ दृश्येयातामित्यानीतश्च। तथा च सति तयोर्दृश्यत्वाभावादंशत्वं नोपपद्यते। तस्मादप्यधिकशक्तित्वेन, प्रत्युत पूर्णत्वमेवोपपद्यते। एवमपि यत्त्वर्जुनस्य तज्ज्योतिःप्रताड़िताक्षत्वं तद्दर्शनजातसाध्वसत्वञ्च

सर्वसम्वादिनी

आवेशः,—तस्य पृथुपादग्रह-श्रवणात्। हरि-वैकुण्ठाजित-वामनास्तु—परावस्थोपमा वैभवस्थाः,—तादृशत्वेन

अतएव श्रीकृष्णार्जुन को भूमा पुरुष का अंश मान लेने से अप्रसिद्ध कल्पना रूप दोष होगा, भूमा पुरुष का वाक्य ही असम्बद्ध है। एकबार कहते हैं—"त्वरयेतमन्ति मे" 'तुम दोनों मेरे पास जल्दी आओ' पुनर्बार कहते हैं—"युवां नरनारायणावृषी धर्ममाचरताम्" 'तुम दोनों नरनारायण ऋषि हो, धर्माचरण करो'। विरुद्ध उपदेशद्वय के द्वारा पारस्परिक विरोध सुस्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। नरनारायण ऋषि का तपस्यास्थान बदरिकाश्रम है, वहाँ नरनारायण का अवतार अर्जुन कृष्ण होने से भूमा पुरुष के निकट गमन प्रसङ्ग असम्भव है। भूमा पुरुष के अंश होने से अप्रकट समय में भूमा पुरुष में विलीन होने पर नरनारायण ऋषि रूप में अवस्थिति भी नहीं होगी। और भी देखना है,—भूमा पुरुष के अंश कृष्णार्जुन होने पर अंशी में अंश का साक्षात्कार करतलमणि के समान सदा ही होता रहता है। अपर समस्त वस्तु का भी सर्वदा साक्षात्कार सर्वज्ञ भूमा पुरुष का होता रहता है, तब कृष्णार्जुन को देखने के लिए महती उत्कण्ठा क्यों होगी? दूर से ही भूमा पुरुष कृष्णार्जुन को देख लेते? किन्तु "तुम दोनों के दर्शन की उत्कण्ठा से ही मैंने द्विज बालकों को ले आया" इस वाक्य से प्रतीत होता है कि—भूमा पुरुष कृष्णार्जुन का दर्शन सर्वदा कर नहीं पाते हैं। यदि स्वयं श्रीकृष्ण कृपया दर्शन प्रदान करते हैं, तब ही भूमा पुरुष उनको देखने में सक्षम होते हैं। तज्जन्य बालकों का अपहरण किए हैं। जब श्रीकृष्ण को देखने की सामर्थ्य भूमा पुरुष में है ही नहीं, तब श्रीकृष्ण अत्यधिक शक्ति सम्पन्न होने से ही पूर्ण हैं।

इस प्रसङ्ग में पुनर्बार संशय उपस्थित होता कि—महाकालपुर गमन के समय श्रीअर्जुन दूर से भूमा पुरुष की ज्योति को देखकर उत्पीड़ितनेत्र होकर नयनद्वय को आच्छादित किए थे। (भा० १०।८९।५१)

"द्वारेण चक्रानुपथेन तत्तमः परं परं ज्योतिरनन्तपारम्।
समश्नुवानं प्रसमीक्ष्य फाल्गुनः प्रताड़िताक्षोऽपि दधेऽक्षिणी उभे॥"

एवं पुर में प्रवेश के अनन्तर भूमा पुरुष को देखकर साध्वस युक्त हुए थे। (भा० १०।८९।५७)—

"ववन्द आत्मानमनन्तमच्युतो, जिष्णुश्च तद्दर्शनजातसाध्वसः।
तावाह भूमा परमेष्ठिनां प्रभुर्बद्धाञ्जलीसस्मितमुर्जया गिरा॥"

यदि श्रीकृष्ण भूमा पुरुष का अंशी होते हैं, तो श्रीकृष्ण के सान्निध्य में अवस्थित होकर भी श्रीअर्जुन की वैसी अवस्था क्यों होगी? उस प्रकार स्थिति को स्वाभाविक मान लेने से श्रीकृष्ण के तेजः महिमा की न्यूनता होना अवश्यम्भावी है। किन्तु श्रीकृष्ण की तेजः महिमा का दर्शन अर्जुन ने पहले से ही भूमा पुरुष की महिमा से अधिक रूप से किया था, सुतरां सूर्य्यमण्डलवर्त्ती जनगण चन्द्र प्रभा से जिस प्रकार अभिभूत नहीं होते हैं, उस प्रकार भूमा पुरुष दर्शन से भी अर्जुन की उक्त अवस्था की सम्भावना नहीं की

जातम्, तत्र स्वयमेव भगवता तत्तल्लीलारसौपयिकमात्रशक्तेः प्रकाशनादन्यस्याः स्थिताया अपि कुण्ठनान्न विरुद्धम्। दृश्यते च स्वस्यापि क्वचिद्युद्धे प्राकृतादपि पराभवादिकम्। यथात्रैव तावत् स्वयमेव वैकुण्ठादागतानामप्यश्वानां प्राकृततमसा भ्रष्टगतित्वम्। तदेवमेव श्रीकृष्णस्य तस्मिन् भक्तिभरदर्शनेनाप्यन्यथा न मन्तव्यम्, श्रीरुद्रादौ श्रीनारदादौ च तथा दर्शनात्। एवमत्र परत्र वा तदीयलीलायान्तु पूर्वपक्षो नास्ति, तस्य स्वैराचरणत्वात्। अतस्तदीय-तात्पर्य्यशब्दोत्थावर्थावेवमेव दृश्येते। तत्र तात्पर्य्योत्थो यथा—असौ श्रीकृष्णः

सर्वसम्वादिनी

वर्णनात्। अन्ये—प्रायः प्राभवावस्थाः, नातिवर्णनात्।

अथ युगावताराः शुक्ल-रक्त-श्याम-कृष्णाः।

जाती है। समीचीन रूप से उक्त विरोध का समाधान करते हैं। स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण लीलारस परिपोषण हेतु उक्त महाकाल पुर गमन लीला का आविष्कार किए थे, एवं तदुपयोगी शक्ति का प्रकाश कर आत्मगोपन भी किए थे। एतज्जन्य श्रीकृष्ण सङ्गी श्रीअर्जुन के लिए भूमा पुरुष को देखकर अभिभूत होना विस्मयावह नहीं है। देखने में भी आता है, समय विशेष में विपक्ष से आत्मपराभव को प्रकट करते हैं। शाल्वयुद्ध में पराभव स्वीकार एवं जरासन्ध के भय से पलायनपरायण होना, उसका प्रकृष्ट दृष्टान्त है। विशेषतः इस भूमा पुरुष के प्रकट में ही वैकुण्ठ से समागत चतुर्वेदरूप अश्वचतुःष्टय की गति भ्रष्ट हो गई थी। (भा० १०।८९।४८)—"तत्राश्वाः शैव्यसुग्रीवमेघपुष्पवलाहकाः।

तमसि भ्रष्टगतयो बुभूवुर्भरतर्षभ॥"

अश्व के सहित रथ का आगमन वैकुण्ठ से हुआ था। जब, जरासन्ध ने प्रथम मथुरा आक्रमण किया था। वैकुण्ठ से पृथिवी में आगमन के समय महाकालपुर को अतिक्रम करके ही आना पड़ता है, साथ ही प्रकृतिके आवरण को भी। उस समय उन सबकी गति भ्रष्ट नहीं हुई, किन्तु उक्त महाकालपुर गमन के समय गतिभ्रष्ट हुई। सुदर्शन के द्वारा श्रीकृष्ण को पथप्रदर्शन करना पड़ा।

"तमः सुघोरं गहनं कृतं महद्विदारयद् भूरितरेण रोचिषा।
मनोजवं निर्विविशे सुदर्शनं गुणच्युतो रामशरो यथा चमूः॥" (भा० १०।८९।५०)

यहाँ अप्राकृत अश्वसमूह की गति, प्राकृत तमः से रुद्धा होना सर्वथा असम्भव होने पर भी लीलाभिज्ञ श्रीकृष्ण की इच्छा से ही शक्ति विकाश में तारतम्य होता है। सुमहान् अपर संशय यह है कि —श्रीकृष्ण भूमा पुरुष को देखकर भक्तिभाव प्रदर्शनपूर्वक प्रणाम इत्यादि किए थे। श्रीकृष्ण अंशी होने से अंश के प्रति ईदृश आचरण कौतुकावह ही है?

(भा० १०।८९।५७)—"ववन्द आत्मानमनन्तमच्युतो, जिष्णुश्च तद्दर्शनजातसाध्वसः।
तावाह भूमा परमेष्ठिनां प्रभुर्बद्धाञ्जली सस्मितमूर्ज्जया गिरा॥"

उत्तर—इसमें विस्मित होने की कोई बात नहीं है। श्रीकृष्ण सर्वदा ही उस प्रकार आचरण करते रहते हैं। श्रीरुद्र एवं श्रीनारद प्रभृति के प्रति उस प्रकार प्रकट लीला में भक्तिभाव प्रकट करते ही हैं। अतएव इस प्रकरण में एवं अन्यत्र भी उक्त आचरण दर्शन से श्रीकृष्ण के प्रति किसी प्रकार संशय उत्थित नहीं हो सकता है। कारण श्रीकृष्ण असमोर्द्ध स्वतन्त्र ईश्वर हैं, जनशिक्षा हेतु स्वेच्छानुरूप लीला करते हैं। उनका नियन्ता कोई भी नहीं है। एतावता महाकाल पुर गमन प्रसङ्गस्थ वाक्यसमूह की बलवत्ता प्रदर्शन पूर्वक श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता स्थापित हुई। अतःपर महाकाल पुर गमन प्रसङ्गोत्थ वचन समूह का वास्तवार्थ को कहते हैं—शब्दार्थ दो प्रकार से होता है, तात्पर्य्योत्थ रूप से, शब्दोत्थ रूप से।

स्वयं भगवानपि यथा गोवर्द्धनमखलीलायां श्रीगोपगणविस्मापनकौतुकाय काञ्चिन्निजां दिव्यमूर्त्ति प्रदर्शयन् तैः सममात्वनैवात्मानं नमश्चक्रे, तथैवार्जुनविस्मापनकौतुकाय श्रीमहाकाल-रूपेणैवात्मना द्विजबालकान् हारयित्वा पथि च तं तं चमत्कारमनुभाव्य महाकालपुरे च तां कामपि निजां महाकालाख्यां दिव्यमूर्त्ति दर्शयित्वा तेन समं तद्रूपमात्मानं नमश्चक्रे, तद्रूपेणैव सार्जुनमात्मानं तथा बभाषे च। तदुक्तम् (भा० १०।२४।३६)—"तस्मै नमो व्रजजनैः सह चक्रेऽऽत्मनात्मने" इतिवत्। तत्रापि (भा० १०।८६।५७) "ववन्द आत्मानमनन्तमच्युतः" इति। अतएव श्रीहरिवंशे तत्समीपज्योतिरुद्दिश्य चार्जुनं प्रति श्रीकृष्णेनैवोक्तम् (विष्णु-प० ११४।६)—"मत्तेजस्तत् सनातनम्" इति। अथ शब्दोत्थोऽप्यर्थो यथा तत्र श्रीमहाकालमुद्दिश्य (भा० १०।८६।५४) "पुरुषोत्तमोत्तमम्" इति विशेषणस्यार्थः—पुरुषो जीवस्तस्मादप्युत्तम-स्तदन्तर्य्यामी तस्मादप्युत्तमं भगवत्प्रभावरूपमहाकालशक्तिमयं तमिति। अथ श्रीमहाकाल-वाक्यस्य (भा० १०।८६।५८)—

सर्वसम्वादिनी

अत्र पुरुष-भेदानां ब्रह्मादीनाञ्चाविर्भाव-समयो ब्राह्मकल्प-प्रवृत्तेः पूर्वमेव। चतुःसन-नारद-वराह-

तात्पर्य्योत्थ अर्थ इस प्रकार है—उक्त श्रीकृष्ण स्वयं भगवान् हैं, तथापि गोवर्द्धन मखलीला में गोपगण के विस्मय रूप कौतुक सम्पन्न करने के निमित्त निज दिव्यमूर्त्ति का प्रकटन किए थे, एवं गोपगण के सहित स्वयं स्वयं को प्रणाम प्रभृति भी किए थे। (भा० १०।२४।३५-३६)

"कृष्णस्त्वन्यतमं रूपं गोपविश्रम्भणं गतः। शैलोऽस्मीति ब्रुवन् भूरिबलिमादद्बृहद्वपुः॥३५
तस्मै नमो व्रजजनैः सहचक्रेत्मनात्मने। अहो पश्यतशैलोऽसौरूपिणोऽनुग्रहं व्यधात्॥३६
एषोऽवजानतोमर्त्यान् कामरूपी वनौकसः। हन्ति ह्यस्मै नमस्यामः शर्मणे आत्मनेगवाम्॥"

टीका—गोपविश्रम्भणं गोपानां विश्वासजनकं रूपं गतः प्राप्तः सन् बलिं उपहारं, आदत्—अभक्षयत्। तस्मै आत्मने आत्मना स्वयं व्रजजनैः सह नमश्चक्रे अहो इति॥

उक्त गोवर्द्धनधारण लीला के समान ही अर्जुन विस्मापन कौतुक हेतु महाकालरूपी निज के द्वारा द्विज बालकों का अपहरण किए थे, महाकाल पुर गमन के समय पथ में उक्त चमत्कार का अनुभव करवाकर महाकालमूर्त्ति का सन्दर्शन भी करवाये थे, एवं अपने आप को प्रणाम भी किए थे। उक्त महाकालपुरुष रूपमें ही अर्जुन एवं स्वयं के सहित उक्तरूप कथन प्रसङ्ग भी किए थे। (भा० १०।२४।३६) में उक्त है—कृष्ण व्रजजनों के सहित गोवर्द्धन रूपधारी निज रूप को प्रणाम भी किए थे। प्रस्तुत भूमा पुरुषोपाख्यान में भी उस प्रकार रीति को जानना होगा। भा० १०।८६।५७-स्थ महाकालपुरुषाख्यान में उक्त है—ववन्दमात्मानमनन्तमच्युतः। अतएव श्रीहरिवंश में वर्णित उक्त भूमाकालपुरुष का विवरण भी उक्त सिद्धान्तानुरूप ही है। "भूमा पुरुष की ज्योतिः को लक्ष्य करके अर्जुन के प्रति श्रीकृष्ण ने कहा, हे अर्जुन! तुम जो तेजः देख रहे हो, वह अन्य कुछ भी नहीं है, मेरा सनातन तेजः है।

अनन्तर शब्द से उत्थित अर्थ का प्रदर्शन करते हैं, भा० १०।८६।५४ में महाकालपुरुष को लक्ष्य करके कहा—"ददर्श तद्भोगसुखासनं विभुं महानुभावं पुरुषोत्तमोत्तमम्।
सान्द्राम्बुदाभं सुपिशङ्गवाससं प्रसन्नवक्त्रं रुचिरायतेक्षणम्॥"

"पुरुषोत्तमोत्तम्" विशेषण का अर्थ—पुरुष जीव, जीव से उत्तम, जीव के अन्तर्यामी, (परमात्मा) जीवान्तर्यामी से भी उत्तम भगवत् प्रभावरूप महाकालशक्तिमय जो भूमा पुरुष हैं, उनको वन्दन किये थे।

"द्विजात्मजा मे युवयोर्दिदृक्षुणा, मयोपनीता भुवि धर्मगुप्तये ।
कलावतीर्णाववनेर्भरासुरान्, हत्वेह भूयस्तरयेतमन्ति मे ॥" ४६॥

इत्यस्य व्याख्या—युवयोर्युवां दिदृक्षुणा मया द्विजपुत्रा मे मम भुवि धाम्नि उपनीता आनीता इत्येकं वाक्यम् । वाक्यान्तरमाह—हे धर्मगुप्तये कलावतीर्णौ कला अंशास्तद्युक्ताववतीर्णौ,

सर्वसम्वादिनी

मत्स्य-यज्ञ-नरनारायण-कपिल-दत्त-हयशीर्ष-हंस-पृश्निगर्भर्षभदेव-पृथूनां स्वायम्भुवे; वराह-मत्स्ययोः पुन-

महाकालपुरुष का वाक्य यह है, (भा० १०।८९।५८)—

"द्विजात्मजा मे युवयोर्दिदृक्षुणा, मयोपनीता भुवि धर्मगुप्तये ।
कलावतीर्णाववने र्भरासुरान्, हत्वेह भूयस्तरयेतमन्ति मे ॥"

टीका—हे कलावतीर्णाविति सम्बोधनम् । शीघ्रं मे अन्ति-सकाशम् इतम् । आगच्छतम् ।५८। आचरताम्—आचरतम् । इदन्तु भारतयुद्धात् पूर्वं कृतमपि श्रेष्ठ्यकथनप्रस्तावेनात्रोक्तम् ।५९।

वृहत् क्रमसन्दर्भः । ववन्द आत्मानमित्यादि—अच्युतः श्रीकृष्णः, आत्मानं—देहं, मूर्त्तिविशेषं, अंशमिति यावत्, कीदृशम्? अनन्तं अन्तरहितम्, अंशत्वेऽपि तथात्वं,—स्वाभाविकमेव । विष्णुश्च ववन्दे । कीदृशः? तद्दर्शनजातसभ्रमः, तस्य श्रीकृष्णकृतनमस्कारस्य दर्शनेन जातं साध्वसं यस्य, अयं सर्वेश्वरेश्वरः कथं अमुमंशरूपिणं नमस्करोतीति विस्मयं कृत्वा । ववन्द इत्यत्र साध्वस शब्दो विस्मयवाची, साधुः, असोऽसनं दीप्तिर्यत्र, चमत्कार इत्यर्थः । स भूमा नारायणः परमेष्ठिनां योगीन्द्रानां प्रभुस्तावास । बद्धाञ्जली इति श्रीकृष्णस्यापि बद्धाञ्जलित्वं कौतुकपरं स्वांशं प्रति सम्मानाधिक्यम् । स्वस्यैव यथा गोवर्द्धनोद्धरणलीलायां मूर्त्त्यन्तरमाविर्भाव्य तद् वन्दनादिना कौतुकप्रकटनम् ।५७।

द्विजात्मजा इत्यादि । द्विजात्मजा—मयोपनीताः । कुतः? दिदृक्षुणा । कुत्र दिदृक्षुत्वं भवतः? इत्याशङ्क्य तदेव प्रकटयति—युवयोर्मध्ये भुवि ममोत्पत्तिस्थले श्रीकृष्णे दिदृक्षुत्वमित्यर्थः । भवत्यस्मादिति—भूः, अपादाने क्विप्, तथा च गीतायां (गी० १०।८) "अहं सर्वस्य प्रभवः" इति श्रीमुखोक्तेः ।

ननु दिदृक्षुश्चेत्, तत्रैव कथं नागाः? तत्राह धर्म गुप्तये, धर्मरक्षार्थं, कुत्र धर्मरक्षा? इत्याह—कलावतीर्णौ, कलानामस्मदादीनामवतीर्णिरवतारो यस्मात् तस्मिन् श्रीकृष्णे एतस्मिन् या धर्मगुप्तिस्तदर्थम् । अहञ्चेत्तत्रगत्वाद्रक्ष्यम् तदा द्विज बालानामरिष्यन् । तदानयनप्रकारेण तत्कृत प्रयत्नेन न चास्य धर्मोऽयमत्रिष्यत् । अत एषा धर्मरक्षास्य भूयादिति मया तत्र न गतम् । अथवा, दिदृक्षुत्वे हेतुः—धर्मगुप्तये इति । अंशोह्यंशिनं दिदृक्षतीत्येष एव धर्मः । अतः परं कृतार्थोऽस्मि, तदधुनावनेर्भारायमाणानसुरान् हत्वा अन्तिमे चरमे कर्मणि स्वधामगमने त्वरयेतं त्वरां कुरु तम् । इह भूमौ भूयः प्रकृष्टं यथा भवति तथा हत्वेत्यनुषङ्गः ।५८।

"तुम दोनों को देखने के लिए मैं ब्राह्मण बालकों को मेरे यहाँ ले आया हूँ । तुम दोनों पृथिवी के भारस्वरूप असुरों को संहार कर धर्मरक्षार्थ कला में अवतीर्ण हुए हो, अवशिष्ट असुरों को मारकर सत्वर मेरे पास चले आओ ।" (श्लोकानुवाद)

श्लोक की व्याख्या—उक्त श्लोक में वाक्यद्वय हैं । प्रथम वाक्य—युवां दिदृक्षुणा मया द्विजपुत्रा में मम भुवि धाम्नि अपनीता आनीता । तुम दोनों को देखने के लिए मैंने ब्राह्मण बालकों को निज धाम में लाया हूँ । अवशिष्टांश अपर वाक्य है । द्वितीय वाक्य में 'कलावतीर्णौ' पद सम्बोधनान्त है । स्वामिपाद ने भी वैसा ही निज टीका में लिखा है । उसका अर्थ—हे कृष्णार्जुन ! तुम दोनों कलायुक्त

मध्यपदलोपी समासः; किंवा कलायामंशलक्षणे मायिकप्रपञ्चेऽवतीर्णौ वा;— (ऋक्० १०।९०।३) 'पादोऽस्य विश्वा भूतानि' इति श्रुतेः, भूयः पुनरपि अवशिष्टानवनेर्भरासुरान् हत्वा मे मम अन्ति समीपाय समीपमागमयितुं युवां त्वरयेतमत्र प्रस्थाप्य तान् मोचयतमित्यर्थः— तद्धतानां मुक्तिप्रसिद्धेः; महाकालपुरज्योतिरेव मुक्ताः प्रविशन्तीति। (विष्णु-प० ११४।९-१०)—

"ब्रह्मतेजोमयं दिव्यं महद्यद्दृष्टवानसि। अहं स भरतश्रेष्ठ मत्तेजस्तत् सनातनम् ॥५०॥
प्रकृतिः सा मम परा व्यक्ताव्यक्ता सनातनी। तां प्रविश्य भवन्तीह मुक्ता योगविदुत्तमाः ॥"५१॥

इति श्रीहरिवंशेऽर्जुनं प्रति श्रीभगवदुक्तेश्च। 'त्वरयेतम्' इति प्रार्थनायां हेतु-णिजन्तस्य लिङि रूपम्, अन्तीत्यव्ययाच्चतुर्थ्या लुक्, चतुर्थी च एधोभ्यो व्रजतीतिवत् 'क्रियार्थोपपदस्य च कर्मणि स्थानिनः' इति स्मरणात्। कटं कृत्वा प्रस्थापयतीतिवदुभयोरेकेनैव कर्मणान्वयः प्रसिद्ध एव। अर्थान्तरे तु सम्भवत्येकपदत्वे पदच्छेदः कष्टाय कल्प्येत। तथाङ्गभावादित-

सर्वसम्वादिनी

श्चाक्षुषीये च; नृसिंह-कूर्म-धन्वन्तरि-मोहिनीनां चाक्षुषे; कूर्मः कल्पादावपि; धन्वन्तरिर्वैवस्वतेऽपि; वामन-

होकर अवतीर्ण हुए हो। कला—अंश, तद्युक्त—अवतीर्ण, कलावतीर्ण। कलावतीर्ण, मध्यपदलोपी कर्मधारय समास है, 'युक्त' पद का लोप हुआ है। अथवा, कला में अवतीर्ण—कलावतीर्ण, सप्तमी तत्पुरुष समास है। कला—मायिक प्रपञ्च, उसमें अवतीर्ण हुए हो। श्रुति कहती है—भगवान् की एकपाद विभूति मायिक प्रपञ्च है। उक्त रूप से सम्बोधन करने के पश्चात् कहते हैं—तुम दोनों पुनर्बार अवशिष्ट असुरों को मारकर मेरे पास भेजने के लिए त्वरान्वित हो जाओ, अर्थात् मेरे पास असुरों को भेजकर मुक्ति दान करो। श्रीकृष्ण कर्त्तृक हत होने से ही असुरों की मुक्ति होती है। "हतारिगतिदायक श्रीकृष्ण हैं।" कारण महाकालपुर की ज्योतिः में ही मुक्तगण प्रविष्ट होते हैं। विष्णुपुराण में उक्त है—हे अर्जुन! ब्रह्मतेजोमय अप्राकृत महद्वस्तु का दर्शन तुम कर रहे हो, वह मेरा ही सनातन तेज है। व्यक्ताव्यक्त सनातनीरूपा मेरी प्रकृति है। मुमुक्षु व्यक्तिगण उक्त महाकाल पुरुष की ज्योति में प्रविष्ट होकर मुक्त होते हैं। "सिद्धलोकास्तु तमसः पारेवसन्तिहि। सिद्धा ब्रह्मसुखे मग्नाः दैत्याश्च हरिणा हतः॥" हरिवंश महापुराण में अर्जुन के प्रति भगवदुक्ति से भी प्रतीत होता है—सायुज्य लाभेच्छु व्यक्तिगण महाकाल पुरुष की ज्योति में प्रविष्ट होते हैं।

"त्वरयेतम्" लोट लकार का रूप नहीं है। प्रार्थनार्थक 'त्वर' धातु के उत्तर हेतु णिजन्त विधिलिङ् का रूप है। "अन्ति" शब्द चतुर्थी विभक्त्यन्त अव्यय है, विभक्ति का लोप हुआ "अव्ययात् स्वादेर्महाहरः" जिस प्रकार 'एधोभ्यो' काष्ठ हेतु व्रजति प्रयोग होता है, उस प्रकार अर्थ जानना होगा। क्रियार्थोपपद-कर्मस्थानीय होता है। कट निर्माण करके भेज रहा है, प्रयोग में जिस प्रकार उभय क्रिया के सहित एक कर्म का अन्वय होता है, उस प्रकार असुरों का संहार कर एवं मेरा समीपस्थ करो, असुर रूप कर्म कारक का अन्वय उक्त उभय क्रिया के सहित होता है। भा० १०।८९।५८ श्लोक का अर्थान्तर की कल्पना करने से एकपद की सम्भावना में पदच्छेद कष्ट कल्पना में परिणत होता है, वह दोष है। अर्थात् "कलावतीर्णौ" पद का तृतीय तत्पुरुष समास से "कलाभ्यां अवतीर्णौ" पद होता है, अर्थ होगा 'तुम दोनों मेरी कला 'अंश' से उत्पन्न हुए हो। "कला—अवतीर्णौ" उभय पद का एकीभाव करने से उक्त तृतीया तत्पुरुष समास के व्यास वाक्य के द्वारा पदच्छेद होता है। किन्तु कृष्णार्जुन को भूमा पुरुष के अंश—'कला विभूति' मानने पर अनेक विरोध उपस्थित होगा, उसका प्रदर्शन पहले हुआ है। सुतरां

मित्यत्रागच्छतमिति व्याख्या न युज्येत। तस्मादेष एवार्थः स्पष्टमकष्टो भवति। तथा (भा० १०।८६।५६)—

"पूर्णकामावपि युवां नरनारायणावृषी।
धर्ममाचरतां स्थित्यै ऋषभौ लोकसंग्रहम्॥" ५२॥

इत्यस्य न केवलमेतद्रूपेणैव युवां लोकहिताय प्रवृत्तौ, अपि तु वैभवान्तरेणापीति स्तौति—पूर्णेति। स्वयंभगवत्त्वेन तत्सखत्वेन च ऋषभौ सर्वावतारावतारिश्रेष्ठावपि पूर्णकामावपि स्थित्यै लोकरक्षणाय लोकसंग्रहं लोकेषु तत्तद्धर्मप्रचारहेतुकं धर्ममाचरतां कुर्वतां मध्ये युवां "नरनारायणावृषी" इत्यनयोरल्पांशत्वेन विभूतिवन्निर्द्देशः। उक्तञ्चैकादशे श्रीभगवता विभूतिकथन एव (भा० ११।१६।२५)—"नारायणो मुनीनाञ्च" इति। धार्मिकमौलित्वाद्द्विज-पुत्रार्थमवश्यमेष्यथ इत्यतएव मया तथा व्यवसितमिति भावः। तथा च श्रीहरिवंशे

सर्वसम्वादिनी

भार्गव-राघवेन्द्र-द्वैपायन-राम-कृष्ण-बुद्ध-कल्कीनां वैवस्वते; मन्वन्तर-युगावताराणां तदा तदैव ज्ञेयः।

उक्त कल्पना अति कष्ट कल्पना दोष दुष्ट है। आङ् का अभाव के कारण—'इतं' 'आगच्छतम्' इस प्रकार व्याख्या भी समीचीन नहीं होगी। तज्जन्य स्वाभाविक अर्थ स्वीकार करना ही आवश्यक है।

उस प्रकार भा० १०।८६।५६ में उक्त है—

"पूर्णकामावपि युवां नरनारायणावृषी। धर्ममाचरतां स्थित्यै ऋषभौ लोकसंग्रहम्॥"

उक्त श्लोक के पश्चात् महाकाल पुरुष कहते हैं—तुम दोनों सर्वश्रेष्ठ पूर्णकाम नरनारायण ऋषि होकर भी सृष्टि सरक्षण हेतु लोकसंग्रह के निमित्त (महद्व्यक्तिगण जिस प्रकार आचरण करते हैं, लोक तदनुरूप आचरण करते हैं, तज्जन्य) धर्माचरण कर रहे हो", केवल श्रीकृष्णार्जुन रूप में ही जनहितकर कार्य्य कर रहे हो, वैसा नहीं किन्तु वैभवान्तर के द्वारा भी जनहितकर कार्य्यानुष्ठान में रत हो, इस अभिप्राय से ही भूमा पुरुष स्तव कर रहे हैं,—स्वयं भगवान् एवं स्वयं भगवान् के सखा होने के कारण ऋषभ हैं। सर्वावतारावतारी श्रेष्ठ हो, पूर्णकाम होकर भी लोकशिक्षा के निमित्त जो जन धर्माचरण करते हैं, उनके मध्य में तुम दोनों नरनारायण ऋषि हो, यहाँ नरनारायण को स्वल्पांश मानकर विभूति के समान उल्लेख किया गया है। अर्थात् नरनारायण, पुरुष के अंश हैं। पुरुष भी कृष्ण का अंश हैं। सुतरां नारायण ऋषि जिस प्रकार श्रीकृष्ण का अंश हैं, नारायण सखा नर ऋषि भी स्वरूपत उस प्रकार कृष्ण सखा अर्जुन का अल्पांश है।

किञ्चित् शक्तिविशिष्ट को विभूति कहते हैं। विभूति स्वरूप में ऋषि प्रभृति, लोकशिक्षा के निमित्त धर्मानुष्ठान करते हैं। श्रीनरनारायण ईश्वर स्वरूप होने पर भी लोकशिक्षा के निमित्त धर्मानुष्ठान करते हैं, तज्जन्य उन दोनों को विभूति शब्द से कहते हैं। केवल महाकाल पुरुष की उक्ति उस प्रकार है, यह नहीं अपितु भागवतस्थ ११।१६।२५ में श्रीभगवान् विभूति वर्णन प्रसङ्ग में स्वयं ही कहे हैं,—मुनियों के मध्य में मैं नारायण हूँ।

धार्मिकशिरोमणिस्वरूप श्रीकृष्णचन्द्र द्विजपुत्रगण को उद्धार करने के निमित्त अवश्य यहाँ पर आयेंगे, इस उद्देश्य से ही महाकालपुरुष ने द्विज बालकों का अपहरण किया था।

वृहत् क्रमसन्दर्भः। नन्वावां नरनारायणौ, त्वमादिनारायणः, कथमावयो दिदृक्षुरसि? तत्राह—पूर्णकामावपीत्याहेत्यादि। अयि सम्बोधने, भो भगवन् श्रीकृष्ण! युवां पूर्णकामावीश्वरौ, यद्यपि श्रीकृष्ण

श्रीकृष्णवाक्यम् (विष्णु-प० ११४।८)—

"मद्दर्शनार्थं ते बाला हृतास्तेन महात्मना। विप्रार्थमेष्यते कृष्णो नागच्छेदन्यथा त्विह ॥"५३॥ इति।

अत्राचरतमित्यर्थे आचरतामिति न प्रसिद्धमित्यतश्च तथा न व्याख्यातम्। तस्मान्महाकालतोऽपि श्रीकृष्णस्यैवाधिक्यं सिद्धम्। दर्शयिष्यते चेदं मृत्युञ्जयतन्त्रप्रकरणेन, तदेतन्महिमानुरूपमेवोक्तम् (भा० १०।८९।६२)—

"निशाम्य वैष्णवं धाम पार्थः परमविस्मितः।
यत्किञ्चित् पौरुषं पुंसां मेने कृष्णानुभावितम् ॥"५४॥

अत्र महाकालानुभावितमिति तु नोक्तम्। एवमेव स चोक्तलक्षणो भगवान् श्रीकृष्ण एवेति दर्शयितुमाख्यानान्तरमाह (भा० १०।८९।२१)—"एकदा" इति। श्रीस्वामिलिखितैतत् प्रकरणचूर्णिकापि सुसङ्गता भवति।

सर्वसम्वादिनी

[मूल० २९श अनु०] (भा० ११।२१।४२) "किं विधत्ते" इति; अस्य चूर्णिका-प्रघट्टके केश-शब्द-व्याख्याने श्रीहरिवंश-वाक्यानि (विष्णु-प० ५५।४९-५१)—

एवेश्वरः, तथापि तत्सखित्वेनायमर्जुनोऽपि, मे त्वत्सदृशः। तवात्र यावान् स्नेहः, तावानात्मानं विना नान्यत्र भवति। तेन तुल्यं मे द्वयोर्दिदृक्षुत्वमिति युवामिति द्विवचनम्। तर्हि नरनारायणौ काविवत्याह—नरनारायणावृषी, मुनी भूत्वा लोकसंग्रहं धर्ममाचरताम्। कीदृशौ? स्थित्यै—स्थितिर्मर्य्यादा, तन्निमित्तमृषभौ श्रेष्ठौ, यद्वा, स्थित्यै, लोक संग्रहं धर्माचरतां मुनीनाम् ऋषभौ ऋषभावतारौ अर्थात् तवैव। उक्तञ्च (भा० १।३।९) "तुर्य्येधर्मकलासर्गे नरनारायणावृषी" इति। अन्यथा (भा० १।४।२८) एते चांशकलाः पुंसः कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" इत्युक्तस्यासङ्गतिः॥

श्लोकस्थ "आचरतां" पद—आङ् पूर्व 'चर' धातु शतृ प्रत्ययान्त निष्पन्न है। एवं षष्ठी विभक्ति के बहुवचनान्त है। निर्द्धारण में षष्ठी विभक्ति प्रयुक्त है। सुतरां नियोगार्थ में लोट प्रयोग के द्वारा 'आचरतं' अर्थ करना असङ्गत है।

श्रीहरिवंशस्थ श्रीकृष्ण वाक्य सुस्पष्ट है—महात्मा भूमा पुरुष ने मुझको देखने के लिए बालकों का अपहरण किया, वे समझते थे कि—श्रीकृष्ण विप्र के लिये अवश्य ही आयेंगे, अन्यथा उनका आगमन यहाँ नहीं होगा। यहाँ 'आचरतं' इस अर्थ को प्रकाश करने के लिए 'आचरतां' प्रयोग प्रसिद्ध नहीं है। अतएव उस प्रकार व्याख्या नहीं की गई। अतएव महाकाल पुरुष से भी श्रीकृष्ण का ही श्रेष्ठत्व सिद्ध हुआ। उक्त श्रेष्ठत्व का वर्णन भा० १०।८९।६२ में श्रीशुकदेव ने किया है।

"निशाम्य वैष्णवं धाम पार्थः परमविस्मितः। यत्किञ्चित् पौरुषं पुंसां मेने कृष्णानुकम्पितम् ॥
इतीदृशान्यनेकानि वीर्य्याणीह प्रदर्शयन्। बुभूजे विषयान् ग्राम्यानीजे चात्युर्जितैर्मखैः॥"

अर्जुन ने वैष्णव धामरूप महाकालपुर को देखकर मान लिया था कि—ये सब वैभव श्रीकृष्ण के द्वारा ही सम्पादित हुए हैं। अतएव महाकाल पुरुष का अंश कृष्ण को कहना असङ्गत है। कारण उक्त विषयों में "कृष्णानुकम्पित" ही कहा है, 'भूमापुरुषानुकम्पित' नहीं कहा है। शास्त्रीय तात्पर्य्य का निर्णय उपक्रमोपसंहार रूप षड् विध लिङ्ग से होता है। निखिल भगवत्स्वरूप का वैभव श्रीकृष्ण के अनुग्रह से ही सम्पादित होता है, सिद्धान्त होने से श्रीधरस्वामीकृत भा० १०।८९।२१ की प्रारम्भिक

अथ परकीयान्यपि विरुद्धायमानानि वाक्यानि तदनुगतार्थतया दृश्यन्ते। तत्र श्रीविष्णु-पुराणे (५।१।५९)—"उज्जहारात्मनः केशौ सितकृष्णौ महामुने" इति; महाभारते—

"स चापि केशौ हरिरुद्ववर्हे, शुक्लमेकमपरञ्चापि कृष्णम्।
तौ चापि केशावाविशतां यदूनां, कुले स्त्रियौ रोहिणीं देवकीञ्च ॥५५॥
तयोरेको बलभद्रो बभूव, योऽसौ श्वेतस्तस्य देवस्य केशः।
कृष्णो द्वितीयः केशवः संबभूव, केशो योऽसौ वर्णतः कृष्ण उक्तः ॥"५६॥ इति।

अत्र तात्पर्य्यं श्रीस्वामिभिरित्थं विवृतम् (भा० २।७।२६)—"भूमेः सुरेतरवरूथ-" इत्यादि-पद्ये।

सर्वसम्वादिनी

'स देवानभ्यनुज्ञाय तदैव त्रिदशालये। जगाम विष्णुः स्वं देशं क्षीरोदस्योत्तरां दिशम् ॥१०॥

टीका का अर्थ भी सुसङ्गत होगा। आपने कहा है—"स चोक्तलक्षणो भगवान् श्रीकृष्ण एवेति दर्शयितुं आख्यानान्तरमाह—एकदेति।" त्रिदेवी प्रकरण में गुणों के द्वारा श्रीविष्णु का श्रेष्ठत्व प्रतिपादन के पश्चात् महाकाल पुरुष प्रसङ्ग के द्वारा श्रीकृष्ण का श्रेष्ठत्व प्रतिपादन करने के लिए कहते हैं—एकदेति। इस प्रकरण में श्रीकृष्ण का अंशित्व, एवं कालपुरुष का अंशत्व प्रतिपादित हुआ है। अतएव निखिल संशय निरसनपूर्वक श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता—"कृष्णस्तु भगवान् स्वयं" परिभाषा के द्वारा स्थापित हुई।

"कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" भागवतस्थ परिभाषा वाक्य के प्रतिकूल वचनसमूह का समाधान करने के पश्चात् उक्त परिभाषा का विरोधी अपर ग्रन्थों के वचनसमूह का समाधान करते हैं। विष्णुपुराण में उक्त है—क्षीरोदशायी नारायण देवतागण की प्रार्थना हेतु सितकृष्ण केश का उद्धार किए थे। महाभारत में भी उक्त है—उक्त क्षीरोदशायी नारायण—शुक्ल कृष्ण स्वीय केशद्वय का उद्धार किए थे। एक केश रोहिणी में अपर केश देवकी में प्रविष्ट होकर शुक्ल केश से बलराम, कृष्ण केश से कृष्ण का आविर्भाव हुआ। उक्त विवरण से ज्ञात होता है कि—राम-कृष्ण क्षीरोदशायी के केशद्वय के अवतार हैं। किन्तु (भा० २।७।२६)—"भूमे सुरतरवरूथ विमर्द्दितायाः, क्लेशव्ययाय कलया सितकृष्णकेशः।
जातः करिष्यति जनानुपलक्ष्यमार्गः, कर्माणि चात्ममहिमोपनिबन्धनानि ॥"

टीका—श्रीरामकृष्णावतारमाह—भूमेरिति दशभिः। सुरेतरा असुरांशभूता राजानस्तेषां वरूथैः सैन्यैर्विमर्दिताया भारेण पीड़ितायाः। कलया रामेण सह जातः सन्। कोऽसौ जातः। सितकृष्णौ केशौ यस्य भगवतः स एव साक्षात्। सितकृष्णकेशत्वं शोभैव, नतु वयः परिणामकृतम्, अविकारित्वात्। यदुक्तं विष्णुपुराणे—"उज्जहारात्मनः केशौ सितकृष्णौ महाबलः" इति। यच्च भारते—"स चापि केशौ हरिरुच्चकर्त्त एकं शुक्लमपरञ्चापि कृष्णम्। तौ चापि केशावविशतां यदूनां कुलस्त्रियो रोहिणीं देवकीञ्च। तयोरेको बलभद्रो बभूव, योऽसौ श्वेतस्तस्य केशः, कृष्णोद्वितीयः, केशवः सम्बभूव, केशो योऽसौ वर्णतः कृष्ण उक्त" इति, तच्च न केशमात्राभिप्रायं, किन्तु भारावतारणरूपं कार्य्यं कियदेतत् मत् केशावेव तत् कर्त्तुं शक्ताविति द्योतनार्थं रामकृष्णयो वर्णसूचनार्थञ्च केशोद्धरणमिति गम्यते। अन्यथा तथैव पूर्वापर-विरोधापत्तेः। कृष्णस्तु भगवान् स्वयमिति विरोधाच्च। कथम्भूतः? परमेश्वरतया जनैरुपलक्ष्यो मार्ग यस्य तर्हीश्वरत्वे किं प्रमाणम्? अतिमानुषकर्माण्यथानुपपत्तिरेवेत्याह। आत्मनो महिमा उपनिबध्यते अभिव्यज्यते येषु तानि।

पद्यार्थः। असुर सैन्य के द्वारा पृथिवी पीड़िता होने से, उसका भारापनोदन हेतु अंश के सहित सित कृष्ण केश प्रकट होकर आत्ममहिमा प्रकाशक बहुविध अलौकिक कर्म करते हैं। किन्तु उनका वर्त्म को कोई नहीं जान सकते हैं।

सितकृष्णकेश इत्यत्र "सितकृष्णकेशत्वं शोभैव, न तु वयःपरिणामकृतम्, अविकारित्वात्। यच्च (वि० पु० ५।१।५९) 'उज्जहारात्मनः केशौ' इत्यादि। तत्तु न केशमात्रावताराभिप्रायम्, किन्तु भूभारावतरणरूपं कार्य्यं कियदेतत्? मत्केशावेव तत् कर्त्तुं शक्ताविति द्योतनार्थं रामकृष्णयोर्वर्णसूचनार्थञ्च केशोद्धरणमिति गम्यते। अन्यथा तत्रैव पूर्वापरविरोधापत्तेः। (भा० १।३।२८) 'कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्' इत्येतद्विरोधाच्च" इति। इदमप्यत्र तात्पर्य्यं सम्भवति—ननु देवाः! किमर्थं मामेवावतारयितुं भवद्भिरागृह्यते, अनिरुद्धाख्यपुरुष-प्रकाशविशेषस्य क्षीरोदश्वेतद्वीपधाम्नो मम यौ केशाविव स्वशिरोधार्य्यभूतौ तावेव श्रीवासुदेव-सङ्कर्षणौ स्वयमेवावतरिष्यतः। ततश्च भूभारहरणं ताभ्यामीषत्करमेवेति। अथ "उज्जहारात्मनः केशौ" इत्यस्यैव शब्दार्थोऽपि मुक्ताफलटीकायाम्—"केशौ सुखस्वामिनौ, सितो राम आत्मनः सकाशादुज्जहार उद्धृतवान्। हरिवंशे हि कस्याञ्चिद्गिरिगुहायां भगवान् स्वमूर्त्तिं निक्षिप्य गरुड़ञ्च तत्रावस्थाप्य स्वयमत्रागत इत्युक्तम्। तदुक्तम्—'स देवानभ्यनुज्ञाय' इत्यादि। यैस्तु यथाश्रुतमेवेदं व्याख्यातम्, ते तु न सम्यक् परामृष्टवन्तः,

सर्वसम्वादिनी

तत्र सा पार्वती नाम गुहा देवैः सुदुर्गमा। त्रिभिस्तस्यैव विक्रान्तैर्नित्यं पर्वसु पूजिता ॥११॥

स्वामिकृत तात्पर्य्य—सितकृष्ण केश शब्द से शोभा को जानना होगा, किन्तु वयः कृत परिणामजात केश नहीं है, केश शब्द का अर्थ—शोभा है। श्रीविष्णु—सच्चिदानन्दमय हेतु अविकारी हैं। कालकृत परिणाम श्रीविष्णु में नहीं है। "निज केश उद्धार किए थे" विष्णुपुराण की उक्ति—केशावतार के अभिप्राय सूचक नहीं है। किन्तु भूभार हरणरूप कार्य्य विशेष कष्टसाध्य नहीं है। तज्जन्य मुझको आविर्भूत होना नहीं पड़ेगा, यह अभिप्राय—क्षीरोदशायी का है। मेरा केश उक्त कार्य्य करने में सक्षम है। स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण बलराम के सहित आविर्भूत होंगे। उन दोनों का वर्ण सूचित करने के लिए स्वीय केश स्पर्श किए थे। पूज्यत्व सूचित करने के निमित्त केश रूप में कथन हुआ है। अन्यथा भा० २।७।२६ की उक्ति में पूर्वापर विरोध होगा। विशेषतः (भा० १।३।२६)—

"एते चांशकलाः पुंसः कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्। इन्द्रारि व्याकुलं लोकं मृड़यन्ति युगे युगे॥" इस उक्ति के सहित भी विरोध होगा। किन्तु यहाँ पर इस प्रकार कथन का अभिप्राय सम्भव है—देवगण! मुझको अवतीर्ण होने के लिए क्यों आग्रह करते हैं? अनिरुद्ध नामक तृतीय पुरुष मैं हूँ। श्वेतद्वीप-क्षीरोदशायी नाम से मेरी प्रसिद्धि है। मेरा जो शिरोधार्य्यस्वरूप वासुदेव सङ्कर्षण हैं, स्वयं ही आप दोनों अवतीर्ण होंगे। उन दोनों के लिए भू-भार हरण रूप कार्य्य अति तुच्छ है।

श्रीवोपदेव कृत भागवत श्लोक संग्रह मुक्ताफल नामक ग्रन्थ की हेमाद्रि कृत टीका है। उसमें वोपदेवकृत—"उज्जहारात्मनः केशौ" का अर्थ इस प्रकार है—क ईश—'क' शब्द सुखार्थक है। ईश शब्द का अर्थ, स्वामी है। अर्थात् सुख का स्वामी, अर्थात् सुखाधिपति श्रीरामकृष्ण को निज समीप से प्रकट किए थे। क्षीरोदशायी के केशरूप में रामकृष्ण का आविर्भूत होने की सम्भावना ही नहीं है। हरिवंशस्थ वचन से वह सुस्पष्ट प्रमाणित है। प्रकरण यह है—

"किसी समय अनिरुद्ध, पर्वत कन्दरा में निज मूर्त्ति को स्थापन कर मूर्त्ति रक्षा हेतु गरुड़ को नियुक्त कर स्वयं यहाँ आ गये थे।" कहा भी है—उन्होंने "देवगण को कहकर" इत्यादि। इससे प्रतीत होता

यतः सुरमात्रस्यापि निर्जरत्वप्रसिद्धिः। अकाल-कलिते भगवति जरानुदयेन केशशौक्ल्यानुपपत्तिः। न चास्य केशेषु नैसर्गिक-सितकृष्णतेति प्रमाणमस्ति। अतएव नृसिंहपुराणे कृष्णावतारप्रसङ्गे शक्ति-शब्द एव प्रयुज्यते, न तु केश-शब्दः। तथाहि,—

'वसुदेवाच्च देवक्यामवतीर्य्य यदोः कुले। सितकृष्णे च तच्छक्ती कंसाद्यान् घातयिष्यतः॥'५७॥

इत्यादिना। अस्तु तर्हि अंशोपलक्षणः केश-शब्दः; नो, अविलुप्तसर्वशक्तित्वेन साक्षादादि-पुरुषत्वस्यैव निश्चेतुं शक्यत्वात्, कृष्णविष्ण्वादि-शब्दानामविशेषतः पर्य्यायत्वप्रतीतेश्च। नैवमवतारान्तरस्य कस्य वान्यस्य जन्मदिनं जयन्त्याख्ययातिप्रसिद्धम्। अतएवोक्तं महाभारते—

"भगवान् वासुदेवश्च कीर्त्यतेऽत्र सनातनः। शाश्वतं ब्रह्म परमं योगिध्येयं निरञ्जनम्॥"५८॥ इति।

तस्याकालकलितत्वम् (भा० १०।३।२६) "योऽयं कालस्तस्य तेऽव्यक्तबन्धो, चेष्टामाहुः"

सर्वसम्वादिनी

पुराणं तत्र विन्यस्य देहं हरिरुदारधीः। आत्मानं योजयामास वसुदेवगृहे प्रभुः॥'२१॥ इति।

हे अमोघदृक् ! त्वमात्मना स्वयमात्मानं स्वं परस्य पुंसः कलामंशभूतमवेहि अनुसन्धेहि । पुनश्च जगतः शिवायाधुनैव श्रीकृष्णरूपेण यश्चाजोऽपि प्रजातस्तमवेहि । तदेतद्द्वयं ज्ञात्वा महानुभावस्य सर्वावतारावतारिवृन्देभ्योऽपि दर्शितप्रभावस्य तस्य श्रीकृष्णस्यैवाभ्युदयो लीला अधि अधिकं गण्यतां निरूप्यताम् । स्वयमीश्वरोऽपि भवान् निजाज्ञानरूपां मायां न प्रकटयत्विति भावः ॥ स तम् ॥

सर्वसम्वादिनी

समास-पदस्य स्वस्मादप्रधानत्वोक्तेस्ततः परत्वं श्रीकृष्णस्य व्यक्तमेव । (गी० ८।४) 'अधियज्ञोऽहमेवात्र'

ब्रह्माभिव्यञ्जक होने से ब्रह्म हैं । स्वरब्रह्मविभूषिता, स्वतःसिद्ध सप्त स्वर विभूषिता—देवदत्त वीणा के द्वारा मूर्च्छना पूर्वक श्रीहरि कथा गान करते करते सर्वत्र मैं भ्रमण करता रहता हूँ । जिनके चरण का आविर्भाव स्थान ही तीर्थ, एवं जो स्वीय यशः श्रवण प्रिय हैं, उन श्रीकृष्ण, उनका यशः कीर्त्तन के समय आहूत के समान मेरा हृदय में आविर्भूत होते हैं ।

देव शब्द का अर्थ श्रीकृष्ण ही हैं । लिङ्गपुराण के प्रथम भाग का वर्णन से ज्ञात होता है, श्रीकृष्ण ही श्रीनारद को वीणा ग्रहण कराये थे । उक्त नारद वाक्य से भी बोध होता है कि—जिस रूप में वीणा ग्रहण कराये थे, उस रूप में ही हृदय में आविर्भूत हुये थे । उसकी प्रतीति स्वाभाविकी है । विशेषतः, "देवदत्त वीणा" शब्द से प्रतीति होती है कि—श्रीकृष्ण वीणा प्रदान किये थे । उक्त उपकार का स्मरण करके ही उक्त विशेषण प्रदान किये हैं । श्रीनारद श्रीवेदव्यास को बोले थे ॥६०॥

श्रीव्यास के प्रति श्रीनारद की उक्ति भी इस प्रकार है—"हे अव्यर्थ दर्शन ! आप स्वयं को परम पुरुष परमात्मा का अंश रूप से जानो । जगत् के मङ्गल के निमित्त जन्मरहित होकर भी जो कृष्ण रूपसे जन्म ग्रहण किए हैं, उन महाभाव की लीला का निरूपण अधिक रूप से करो ।"

श्रीनारद का तात्पर्य्य श्रीकृष्ण में ही है, अतः उक्त श्लोक की व्याख्या करना आवश्यक है । "हे अमोघदृक् ! आप निज को परमपुरुष की कला—अंशभूत स्वरूप से जानो, पुनश्च जगत् के मङ्गलनिमित्त जन्मादिरहित होने पर भी सम्प्रति जो श्रीकृष्ण रूप में आविर्भूत हुये हैं, उसको भी यथार्थ रूप से जानो ।" उक्त विषयद्वय को सम्यक् रूप से अवगत होकर महानुभाव का—अर्थात् सर्वावतार अवतारीवृन्द से भी जिन्होंने प्रचुर प्रभाव को प्रकट किया है, उन श्रीकृष्ण का अभ्युदय लीला का, अधि—अधिक रूप से निरूपण करो । आप स्वयं भी ईश्वर हैं, अतः आप स्वीय अज्ञानरूपा माया का प्रकाश न करें ।

यहाँ महानुभाव शब्द का अर्थ—"श्रीकृष्ण" किया गया है । श्रीवेदव्यास ईश्वर का आवेशावतार हैं । तज्जन्य उनको भी ईश्वर कहा गया है ।

श्रीभगवान् निज वहिरङ्गा माया विमुग्ध जीव के अगोचर में अवस्थित हैं । आपकी कृपारूपी

६२। अतएव पुराणप्रादुर्भावाय श्रीव्यासं प्रति श्रीनारदेन चतुर्व्यूहात्मक-श्रीकृष्णमन्त्र एवोपदिष्टस्तदुपासकस्य सर्वोत्तमत्वञ्च ; यथा, (भा० १।५।३७-३८)—

(६२) "नमो भगवते तुभ्यं वासुदेवाय धीमहि।
प्रद्युम्नायानिरुद्धाय नमः सङ्कर्षणाय च ॥१०६॥
इति मूर्त्त्यभिधानेन मन्त्रमूर्त्तिममूर्त्तिकम्।
यजते यज्ञपुरुषं स सम्यग्दर्शनः पुमान् ॥"१०७॥ इति।

सर्वसम्वादिनी

इत्यादौ च तदेव व्यज्यते;—(भा० १।७।४५) "एष वै भगवान् द्रोणः प्रजारूपेण वर्त्तते" इतिवत्।

प्रेरणा को छोड़कर कोई भी उनको जानने में सक्षम नहीं हैं। स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण, जब कृपापूर्वक जगत् में आविर्भूत होते हैं, तब उनको जीव जैसे जानना चाहे, इस प्रकार की व्यवस्था होनी चाहिये। आप व्यास हैं, आप उनका अवतारविशेष हैं, शास्त्र प्रचार ही आपका कार्य्य है। शास्त्रानुशीलन से ही जीव, परतत्त्व वस्तु को जान सकता है। विद्या एवं अविद्या, एतदुभय ही ईश्वर की शक्ति है। एतदुभय ही आपके अधीन हैं। यदि आप शास्त्र प्रकाश के उपलक्ष्य में अविद्या शक्ति का प्रकाश करें, अर्थात् छलपूर्वक श्रीकृष्ण तत्त्व का गोपण, जीव के निकट करते हैं, तब तो कोई भी व्यक्ति उनको जान नहीं सकेंगे। स्वयं भगवान् ही जब सत्शिक्षा के द्वारा जीवमङ्गल के निमित्त आविर्भूत होते हैं, तब आप भी कृपापरवश होकर, जीव जिसके द्वारा सर्वावतारावतारी से, ऐश्वर्य्य-माधुर्य्य-लीला-गुणों से, समधिक रूपमें श्रीकृष्ण को अवगत होना चाहे, उस प्रकार ही वर्णन करें। महाभारत प्रभृति में वर्णाश्रमादि धर्मों का वर्णन विभिन्न प्रसङ्ग के द्वारा होने से जीव के पक्ष में एक भयावह भ्रमावर्त्त की सृष्टि हुई है। पुनर्बार आप उस प्रकार रीति से वर्णन न करें। केवल श्रीकृष्ण यशः का ही वर्णन करें, जिसका श्रवण-कीर्त्तन से अज्ञानान्धकार विदूरित होकर श्रीकृष्ण चन्द्रमा का सुप्रकाश हो। श्रीनारद श्रीव्यास को कहे थे ॥६१॥

जगत् में निजाभीष्ट श्रीकृष्ण चरित्र का विस्तार होना परमावश्यक है। इस अभिलाष से प्रेरित होकर श्रीमद्भागवत को आविर्भावित कराने के निमित्त श्रीव्यासदेव को श्रीनारद ने चतुर्व्यूहात्मक श्रीकृष्णमन्त्र का उपदेश प्रदान किया। एवं श्रीकृष्ण भक्त का कीर्त्तन सर्वोपासक से श्रेष्ठ रूप में किया।

"ॐ नमो भगवते तुभ्यं वासुदेवाय धीमहि। प्रद्युम्नायानिरुद्धाय नमः सङ्कर्षणाय च ॥
इति मूर्त्त्यभिधानेन मन्त्रमूर्त्तिममूर्त्तिकम्। यजते यज्ञपुरुषं स सम्यग्दर्शनः पुमान् ॥"
"एवं नृणां क्रियायोगाः सर्वे संसृति हेतवः। त एवात्मविनाशाय कल्पन्ते कल्पिताः परे ॥"
(भा०१।५।३४।३७-३८)

टीका—"तथा आत्मविनाशाय कर्मनिवृत्तये कल्पन्ते समर्था भवन्ति। परे ईश्वरे कल्पिता अपिताः सन्तः। अत्र च प्रथमं—महत्सेवा, ततस्तत् कृपातस्तद्धर्मश्रद्धा, ततो भगवत्कथाश्रवणं, ततो भगवति रतिः, तया च देहद्वयविवेकात्मज्ञानं, ततो दृढ़ा भक्तिः, ततो भगवत्तत्त्वज्ञानं, ततस्तत्कृपया सर्वज्ञत्वादिभगवद्गुणाविर्भावः, इतिक्रमो दर्शितः। कीर्त्तनस्मरणरूपभक्तिहेतुत्वमुक्तं, ज्ञानहेतुत्वमाह—द्वाभ्याम्। नमो धीमहि, मनसा नमनं कुर्वीमहि।३७।

अमूर्त्तिकं—मन्त्रोक्तव्यतिरिक्तमूर्त्तिशून्यं, यजते पूजयति—स पुमान् सम्यग्दर्शनो भवति।३८।"

वासुदेव, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध, सङ्कर्षण—चतुर्व्यूहात्मक भगवान् को नमस्कार करता हूँ। (नमो धीमहि—नमस्कारं ध्यायेमः) इस प्रकार स्मरण कर, प्राकृत मूर्त्तिरहित मन्त्रोक्त चतुर्मूर्त्ति की पूजा वासुदेवादि नाम से जो करता है, वह यथार्थ ज्ञानवान् है।

स्पष्टम् ॥ स तम् ॥

६३ । अथ श्रीब्रह्मणः (भा० २।७।२६)—

(६३) "भूमेः सुरेतरवरूथविमर्द्दितायाः,
क्लेशव्ययाय कलया सितकृष्णकेशः ।
जातः करिष्यति जनानुपलक्ष्यमार्गः,
कर्माणि चात्ममहिमोपनिबन्धनानि ॥"१०८॥ इति ।

असुरसेनानिपीड़िताया भुवः क्लेशमपहर्त्तुं परमात्मनोऽपि परत्वात् जनैरस्माभिरनुपलक्ष्य-मार्गोऽपि प्रादुर्भुतः सन् कर्माणि च करिष्यति । कोऽसौ ? कलया अंशेन सितकृष्णकेशो यः ।

सर्वसम्वादिनी

तस्माद्भजनीय-तारतम्य-विवक्षयैवोपदेश-तारतम्यं सिद्धम् । (छा० ७।१६।१) 'एष तु वा अतिवदति यः

चतुर्व्यूह का वर्णन—वासुदेव, सङ्कर्षण, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध—इस रीति से दृष्ट होता है । उपरोक्त श्लोक में उक्त क्रम का व्यतिक्रम होने का हेतु यह है—प्रस्तुत वर्णन, द्वारकास्थ चतुर्व्यूह का है । श्रीप्रद्युम्न पुत्र, एवं अनिरुद्ध पौत्र होने के कारण श्रीवासुदेव कृष्ण के दक्षिण एवं वामभाग में अनिरुद्ध-प्रद्युम्न है । अनिरुद्ध के दक्षिण भाग में श्रीसङ्कर्षण की स्थिति है । श्रीनारद श्रीव्यासदेव को सुस्पष्ट रूप से कहे थे ।।६२।।

श्रीब्रह्मा का भी तात्पर्य्य श्रीकृष्ण में ही है । उसका वर्णन भा० २।७।२६ में है—

"भूमेः सुरेतरवरूथविमर्दितायाः, क्लेशव्ययाय कलया सितकृष्णकेशः ।
जातः करिष्यति जनानुपलक्ष्यमार्गः, कर्माणि चात्ममहिमोपनिबन्धनानि ।।"

टीका—"श्रीकृष्णावतारमाह—भूमेरिति दशभिः, सुरेतरा—असुरांशभूता, राजानस्तेषां वरूथैः सैन्यैर्विमर्दितायाः भारेण पीड़ितायाः । कलया रामेण सह जातः सन् । कोऽसौ जातः । सितकृष्णौ केशौ यस्य भगवतः, स एव साक्षात् । सितकृष्णकेशत्वं शोभैव, नतु वयः परिणामकृतम्—अविकारित्वात् । यदुक्तं विष्णुपुराणे—"उज्जहात्मनः केशौ हरिरुच्चकर्त्त, एकं शुक्लमपरञ्चापि कृष्णम् ।

तौ चापि केशावविशतां यदूनां कुले स्त्रियौ । रोहिणीं देवकीञ्च । तयोरेको बलभद्रो बभूव, योऽसौ श्वेतस्तस्य देवस्य केशः, कृष्णो द्वितीयः केशवः सम्बभूव केशो योऽसौ वर्णतः कृष्ण उक्त" इति । तच्च न केशमात्रावताराभिप्रायं, किन्तु भारावतरणरूपं कार्य्यं कियदेतत् मत्केशावेव तत् कर्त्तुं शक्ताविति द्योतनार्थं रामकृष्णयोर्वर्णसूचनार्थञ्च केशोद्धरणमिति गम्यते, अन्यथा तत्रैव पूर्वापरविरोधापत्तेः । "कृष्णस्तु भगवान् स्वयमिति विरोधाच्च । कथम्भूतः ? परमेश्वरतया जनैरनुपलक्ष्यो मार्गो यस्य तर्ह्यीश्वरत्वे किं प्रमाणम् ? अतिमानुषकर्माण्यन्यथानुपपत्तिरेवेत्याह । आत्मनो महिमा उपनिबध्यते अभिव्यज्यते येषु तानि ।।"

श्रीब्रह्मा श्रीनारद को कहे थे—"असुर सेना द्वारा निपीड़िता पृथिवी का भारापनोदन के निमित्त अंश से जो सितकृष्ण केश हैं, जनगण जिनकी पदवी को किञ्चिन्मात्र भी जान नहीं सकते हैं, प्रादुर्भूत होकर जिस कर्मसमूह के द्वारा स्वीय महिमा प्रकटित होती है, वैसा कर्म ही आप करेंगे ।

असुर सेना के द्वारा प्रपीड़िता पृथिवी का क्लेश विदूरित करने के निमित्त जो अवतीर्ण होते हैं, परमात्मा से भी परतत्त्व होने से जिनका वर्त्म ज्ञान हम सबका नहीं है, अर्थात् जिनके विषय को हम सब नहीं जानते हैं, आप ही अवतीर्ण होकर समस्त कर्माचरण करेंगे । आप कौन हैं ? कला—अंश के

यत्र सितकृष्णकेशौ देवैर्दृष्टाविति शास्त्रान्तरप्रसिद्धिः, सोऽपि यस्यांशेन, स एव भगवान् स्वयमित्यर्थः। तदविनाभावात् श्रीबलदेवस्यापि ग्रहणं द्योतितम्। ननु पुरुषादपि परोऽसौ भगवान् कथं भूभारावतारणमात्रार्थं स्वयमवतरिष्यतीत्याशङ्क्याह—आत्मनो महिमानः परममाधुरीसम्पद उपनिबध्यन्ते निजभक्तैरधिकं वर्ण्यन्ते येषु तानि कर्माणि च करिष्यति। यद्यपि निजांशेनैव वा निजेच्छाभासेनैव वा भूभारहरणमीषत्करम्, तथापि निज-चरणारविन्दजीवातुवृन्दमानन्दयन्नेव लीलाकादम्बिनीर्निजमाधुरीवर्षणाय वितरिष्यमाणोऽवतरिष्यतीत्यर्थः। एतदेव व्यक्तीकृतम्, (भा० २।७।२७) "तोकेन जीवहरणम्" इत्यादौ। इतरथा स्वयं स्वमाधुरीसम्पत्-प्रकाशनेच्छामन्तरेण मधुरतरं तोकादिभावं दधता तेन पूतनादीनां जीवहरणादिकं कर्म न भाव्यं, न सम्भावनीयम्। तदंशतदिच्छाभासादि-

सर्वसम्वादिनी

सत्येनातिवदति' इतिवत् 'यः सत्येन' ब्रह्मणैव प्रतिपाद्यभूतेन सर्वं वादिनमतिक्रम्य वदति, एष एव

द्वारा जो सितकृष्ण केशरूप हैं, देवगण, क्षीरोदशायी विष्णु में जिनको सितकृष्ण केश रूप में देखे थे, विष्णुपुराण एवं महाभारत में उक्त विषय का विस्तृत वर्णन है। वह भी जिनका अंश है, वह ही स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण हैं।

श्रीकृष्ण व्यतीत श्रीबलदेव कभी भी नहीं रहते हैं। तज्जन्य श्रीकृष्णाविर्भाव की उक्ति में श्रीबलदेव का संवाद प्रकाशित हुआ है।

यहाँ पर जिज्ञास्य यह है कि—पुरुष से परावस्थ भगवान् हैं, आप क्यों केवल भूभार हरण के निमित्त स्वयं अवतीर्ण होंगे ?

उत्तर—अप्रकट प्रकट प्रकाश में श्रीकृष्ण निरन्तर लीला एवं माधुर्य्यामृत का वितरण करते रहते हैं। यद्यपि निजांश के द्वारा अथवा निजेच्छाभास रूप सङ्कल्प के द्वारा भूभार हरणरूप कार्य्य अनायास सम्पन्न होता है। तथापि,—श्रीकृष्ण, श्रीकृष्णचरणयुगल ही जिनका एकमात्र जीवन सम्बल है, उन सब भक्तवृन्द को आनन्दित करने के निमित्त लीलाकादम्बिनी के द्वारा निज माधुरी वर्षणार्थ ही अवतीर्ण होंगे। लीला एवं माधुर्य्य वर्णन के निमित्त ही आप अवतीर्ण हैं, उसका वर्णन भा० २।७।२७ उद्धव वाक्य में सुव्यक्त है।

"तोकेन जीवहरणं यदुलूकीकाया, स्त्रैमासिकस्य च पदा शकटोपवृत्तः।
यद्रिङ्गतान्तरगतेन दिविस्पृशोर्वा, उन्मूलनन्त्वितरथार्जुनयो र्न भाव्यम्॥"

टीका—"एतदेव प्रपञ्चयति। तोकेनेत्यादिना। बालेन पूतनाया जीवहरणम्। यद्रिङ्गता जानुभ्यां गच्छता अन्तरगतेन—मध्यप्राप्तेन, दिविस्पृशोः, अत्युच्चयोः। इतरथा अनीश्वरत्वे तन्न भवितव्यम्॥"

निज भक्तवृन्द, माधुर्य्य सम्पद् का वर्णन प्रचुर रूप से करेंगे, तज्जन्य—भूभार हरण के तुल्य उक्त कर्मसमूह भी करेंगे।

श्रीकृष्ण की स्वमाधुरी सम्पद् प्रकाशनेच्छा व्यतीत बाल्यादि भावप्रकाशक श्रीकृष्ण कर्त्तृक पूतना प्रभृति के जीवन नाशादि कार्य्यानुष्ठान नहीं हो सकता है। होने की सम्भावना भी नहीं की जा सकती है। कारण—श्रीकृष्ण के अंश द्वारा ही अथवा इच्छाभास मात्र से हो भूभार हरण हो सकता है, स्वयं

मात्रेणैव तत्सिद्धेरिति वाक्यार्थः। तथा च (भा० १।७।२५) "तथायञ्चावतारस्ते" इत्यादौ तैरेव व्याख्यातम्,—"किं भूभारहरणं मदिच्छामात्रेण न भवति ? तत्राह—स्वानामिति" इति; (भा० १०।९०।४८) "जयति जननिवासः" इत्यत्र चेच्छामात्रेण निरसनसमर्थोऽपि क्रीड़ार्थं दोर्भिरधर्ममस्यन्निति तदेवमादिभिः श्रीकृष्णस्यैव सर्वाद्भुततावर्णनाभिनिवेशप्रपञ्चौ ब्रह्माणि स्पष्ट एव। अस्तु तावत् (भा० १०।१४।३४) "तद्भूरिभाग्यमिह जन्म किमप्यटव्याम्"

सर्वसम्वादिनी

सर्वमतिक्रम्य वदतीत्यर्थः। तदेवमर्थे सति यथा तत्र वादस्यातिशायिता-लिङ्गेन नामादि-प्राणपर्य्यन्तानि

को लिप्त करने की आवश्यकता भी नहीं है। यह ही श्रीब्रह्मवाक्य का अर्थ है। "केवल लीलामाधुरी वर्षणार्थ ही श्रीकृष्ण का अवतार है।" इस प्रकार कथन—ग्रन्थकार का मनः कल्पित नहीं है। श्रीधर स्वामिपाद की व्याख्या भी उक्तानुरूप ही है।

"तथायञ्चावतारस्ते भुवो भारजिहीर्षया।
स्वानाञ्चानन्यभावानामनुध्यानाय चासकृत्॥" (भा० १।७।२५)

अर्जुन ने कहा—हे कृष्ण! भूभार हरणेच्छा से आविर्भूत तुम्हारा यह अवतार भवदीय ज्ञाति एवं एकान्त भक्तवृन्द का निरन्तर ध्यान के निमित्त ही प्रकटित है।

टीका—तथा चानेनावतारेण तव साधुपक्षपातो लक्ष्यते इत्याह—तथेति। किं भूभारहरणं मदिच्छामात्रेण न भवति। तत्राह—स्वानां ज्ञातीनां अनुध्यानाय च, तथा अनन्यभावानां—एकान्त-भक्तानाञ्च।

श्रीकृष्ण, कह सकते हैं कि—भूभार हरणरूप कार्य्य का सम्पादन क्या मेरी इच्छामात्र से नहीं हो सकता है? इस आशङ्का के उत्तर में कहते हैं—"स्वानाम्" अर्थात् ज्ञाति एवं एकान्तभक्तवृन्द का निरन्तर ध्यान सम्पादनार्थ प्रकटित हुये हैं भा० १०।९०।४८ श्लोक में—

"जयति जननिवासो देवकीजन्मवादो यदुवरपरिषत् स्वैर्दोर्भिरस्यन्न धर्मम्।
स्थिरचरवृजिनघ्नः सुस्मित श्रीमुखेन व्रजपुरवनितानां वर्द्धयन् कामदेवम्॥"

टीका—"यत एवम्भूतः श्रीकृष्णस्ततः स एव सर्वोत्तमः" इत्याह—जयतीति। जनानां जीवानां जो निवास आश्रयः। तेषु वा निवसत्यन्तर्य्यामितया तथा स श्रीकृष्णो जयति। देवक्यां जन्मेति वादमात्रं यस्य सः। वस्तुतोऽजन्मा यदुवराः परिषत् सभा सेवकरूपा यस्य सः। इच्छामात्रेण निरसन समर्थोऽपि क्रीड़ार्थंदोर्भिरधर्ममस्यन् क्षिपन् स्थिरचरवृजिनघ्नोऽधिकारिविशेषानपेक्षमेव वृन्दावनतरुगवादीनां संसारदुःखहन्ता। तथा विलासवैदग्ध्यानपेक्षं व्रजवनितानां पुरवनितानाञ्च सुस्मितेन श्रीमता शोभन हास्ययुतेन मुखेन कामदेवं वर्द्धयन्। कामश्चासौ दीव्यति विजिगीषते संसारमिति देवश्च तम्। भोगद्वारा मोक्षप्रदमित्यर्थः॥"

कथित है—इच्छामात्र से ही अधर्म निरसन समर्थ होने पर भी क्रीड़ा हेतु बाहुसमूह के द्वारा असुर संहार करके अधर्म निरसन करते हैं। यह सब श्लोकों के द्वारा सुस्पष्ट रूप से दृष्ट होता है कि—श्रीकृष्ण का सर्वाश्चर्य्य चरित्र वर्णना में ही श्रीब्रह्मा का अभिनिवेश है। इस सम्बन्ध में अधिक कहना निष्प्रयोजन है। कारण, भा० १०।१४।३४ में श्रीब्रह्मा प्रार्थना करते हैं—

"तद्भूरिभाग्यमिह जन्म किमप्यटव्यां यद्गोकुलेऽपि कतमाङ्घ्रिरजोभिषेकम्।
यज्जीवितन्तु निखिलं भगवान् मुकुन्दस्त्वद्यापि यत् पदरजः श्रुतिमृग्यमेव॥"

इस गोकुलस्थ किसी गभीर अरण्य में तृणादि किसी भी नगन्य जन्म लाभ यदि हो तो मैं महाभाग्य

इत्यादि ।। श्रीब्रह्मा श्रीनारदम् ।।

६४ । एवञ्चतुःश्लोकीवक्तुः श्रीभगवतोऽपि श्रीकृष्णत्वमेव; तथाहि तत्पूर्वस्थं वाक्यम् (भा० २।९।१४)—

"ददर्श तत्राखिलसात्वतां पतिं, श्रियः पतिं यज्ञपतिं जगत्पतिम् ।
सुनन्दनन्दप्रबलार्हणादिभिः, स्वपार्षदाग्र्यैः परिषेवितं विभुम् ।।"१०९।। इति ।

सर्वसम्वादिनी

तत्प्रकरण उत्तरोत्तर-भूमतयोपदिष्टान्यपि सर्वाणि वस्तून्यतिक्रम्य ब्रह्मण एव भूमत्वं साध्यते,

ही मानूँगा । कारण, उसमें जिस किसी गोकुलवासी की पदधूलि के द्वारा अभिषिक्त होने की सम्भावना है, उन सबकी पदधूलि प्राप्त होकर धन्य बनूँगा होंगे; उसका निवेदन भी करते हैं। जिनकी चरणरेणु का अन्वेषण श्रुतिगण अद्यापि करती रहती हैं, उन भगवान् मुकुन्द आप हैं, एवं निखिल गोकुल वासियों का जीवातु हैं। श्रीकृष्ण के सम्बन्ध में श्रीब्रह्मा की कितनी व्याकुलता है, उसकी सुस्पष्ट अभिव्यक्ति उक्त श्लोक में ही है। श्रीनारद के प्रति श्रीब्रह्मा कहे थे ।।६३।।

श्रीब्रह्मा-नारद-व्यास-शुक-सूत प्रभृति महावक्ता एवं श्रोताओं का एकमात्र तात्पर्य जिन श्रीकृष्ण में है, उन श्रीकृष्ण ही चतुःश्लोकीरूप श्रीमद्भागवत का वक्ता है, उनका समन्वय द्वितीय सन्दर्भ में हुआ है। चतुःश्लोकी भागवत यह है—

श्रीभगवानुवाच—

ज्ञानं परमगुह्यं मे यद्विज्ञान समन्वितम् । सरहस्यं तदङ्गञ्च गृहाण गदितं मया ।।
यावानहं यथा भावो यद्रूपगुणकर्मकः । तथैव तत्त्वविज्ञानमस्तु ते मदनुग्रहात् ।।
अहमेवासमेवाग्रे नान्यद् यत् सदसत्परम् । पश्चादहं यदेतच्च योऽवशिष्येत सोऽस्म्यहम् ।।
ऋतेऽर्थं यत् प्रतीयेत न प्रतीयेत चात्मनि । तद्विद्यादात्मनो मायां यथाभासो यथातमः ।।
यथा महान्ति भूतानि भूतेषूच्चावचेष्वनु । प्रविष्टान्यप्रविष्टानि तथा तेषु न तेष्वहम् ।।
एतावदेव जिज्ञास्यं तत्त्व जिज्ञासुनात्मनः । अन्वयव्यतिरेकाभ्यां यत् स्यात् सर्वत्रसर्वदा ।।
एतन्मतं समातिष्ठ परमेण समाधिना । भवान् कल्पविकल्पेषु न विमुह्यति कर्हिचित् ।।

चतुःश्लोकी भगवान् श्रीकृष्ण श्रीब्रह्मा को कहे थे— सृष्टि के पहले मैं ही था, अपर कुछ भी नहीं था, स्थूल, सूक्ष्म, जगत् कारणरूपा प्रकृति भी नहीं रही, उस समय प्रकृति पृथक् नहीं थी—अन्तर्मुखी वृत्ति के द्वारा मुझ में प्रकृति लीन थी। सृष्टि के पश्चात् मैं ही अवशिष्ट रहूँगा। तृतीय श्लोक का तात्पर्य्य भी श्रीकृष्ण में ही है, इसमें कुछ भी सन्देह नहीं है। अर्थात् सृष्टि के आदि, मध्य, अवसान में एवं सृष्ट वस्तु का कारण रूप में श्रीकृष्ण ही विराजित हैं। चतुःश्लोकी के वाक्य भा० २।९।१४ उस तात्पर्य्य का परिपोषक है।—"ददर्श तत्राखिलसात्वतां पतिं, श्रियः पतिं यज्ञपतिं जगत्पतिम् ।
सुनन्दनन्दप्रबलार्हणादिभिः, स्वपार्षदाग्र्यैः परिषेवितं विभुम् ।।"

श्रीचैतन्यमतमञ्जुषा—"ददर्शेत्यादि—सात्वतां पतिं—श्रीकृष्णं, पञ्चविंशतिभिस्तत्त्वैः मूर्त्तिमद्भिः सेव्यमानैश्चतुर्भिः प्रकृतिपुरुषमहदहङ्कारैः षोड़शभिरेकादशेन्द्रियपञ्चमहाभूतैः पञ्चभिः पञ्चतन्मात्राभिः परितो वृतमुपास्यमानम् । एतेनासौ श्रीकृष्णविग्रह एतेभ्यः पृथगिति सच्चिदानन्दमयत्वं षड् विंशत्वं स्पष्टमेव, स्वैर्भगैरैश्वर्य्यादिभिः षड् भिर्युक्तं, य इतरेषु योगीषु अधुना अनित्याः, अतस्तत्र तु नित्या एव । उक्तञ्च पृथिव्या (भा० १।१६।२९) 'नित्या यत्र महागुणाः' इति । स्व एव धामनि श्रीविग्रहरूपे रममाणं, ब्रह्माख्ये धामनि स्थाने वा ।"

व्याख्या च— अखिलसात्वतां सर्वेषां सात्वतानां यादववीराणां पतिम् ; (भा० २।४।२०)—

"श्रियः पतिर्यज्ञपतिः प्रजापति,-र्धियां पतिर्लोकपतिर्धरापतिः ।
पतिर्गतिश्चान्धकवृष्णिसात्वतां, प्रसीदतां मे भगवान् सतां पतिः ॥"११०॥

इत्येतद्वाक्यसम्वादितत्वात् ; (भा० ३।४।१३)—

"पुरा मया प्रोक्तमजाय नाभ्ये, पद्मे निषण्णाय ममादिसर्गे ।
ज्ञानं परं मन्महिमावभासं, यत् सूरयो भागवतं वदन्ति ॥"१११॥

इति तृतीये उद्धवं प्रति श्रीकृष्णवाक्यानुसारेण च ; (गो० ता० पू० २६)—

"यो ब्रह्माणं विदधाति पूर्वं, यो विद्यास्तस्मै गापयति स्म कृष्णः ।
तं ह देवमात्मबुद्धिप्रकाशं, मुमुक्षुर्वै शरणममुं व्रजेत् ॥"११२॥

सर्वसम्वादिनी

तद्वदत्राप्युपदेशाधिवयेन प्रतिपाद्याधिक्यमिति । अतः श्रीकृष्णस्यैवाधिक्यमित्यन्तेऽप्युक्तमिति दिक् ।

'अखिलसात्वतां पतिं' का अर्थ— निखिल सात्वतरूप यादववीरों का परमाश्रय श्रीकृष्ण को देखे थे । भा० २।४।२० में भी वर्णित है—

"श्रियः पतिर्यज्ञपतिः प्रजापतिर्धियां पतिर्लोकपतिर्धरापतिः ।
पतिर्गतिश्चान्धकवृष्णिसात्वतां प्रसीदतां मे भगवान् सतां पतिः ॥

टीका—"सर्वपालकत्वमनुस्मरन्नाह—श्रिय इति । गतिश्च— सर्वापत्सु रक्षकः ।"

क्रमसन्दर्भः । तदेवं निजोपास्यविशेषं रहस्यत्वेनाभिव्यज्य परमप्रेमावेशेनैव व्यञ्जयन्नाह—श्रियः सर्वसम्पदधिष्ठात्र्याः पतिः स्वामी, अतो यज्ञानां सर्वश्रेयः साधनानां च पतिः— फलदाता, अतः प्रजानां सर्वेषामेव पतिरीश्वरः, यतो धियां पतिस्तासामन्तर्यामी च, ततस्ततश्च तासां ये लोका भोग्यभुवनानि, तेषामपि पतिर्भोक्ता, स एव च धरापतिः कृपया अवतीर्य धरापतित्व— लीलाश्च व्यञ्जितवानित्यर्थः । कोऽसावित्यपेक्षायामाह— पतिरिति, पतिः, पालको गतिर्नित्याश्रयश्च । का प्रमाणमाह—सतां, तदनुभविनां पतिराश्रय इति ।

इस वाक्य से ही श्रीकृष्ण विषयक तात्पर्य का संवाद उपलब्ध होता है । भा० ३।४।१३ में उक्त श्रीउद्धव के प्रति श्रीकृष्ण वाक्य के अनुसार ऊपरोक्त प्रसङ्ग पुष्ट होता है ।

"पुरा मया प्रोक्तमजाय नाभ्ये, पद्मे निषण्णाय ममादिसर्गे ।
ज्ञानं परं मन्महिमावभासं, यत् सूरयो भागवतं वदन्ति ॥"

क्रमसन्दर्भः । पुरा मयेति । पुरा ब्राह्मकल्पे, द्वितीयस्कन्धे ब्रह्मकल्पकथनात् । ज्ञानं परं चतुःश्लोकीरूपम् । मन्महिमावभासमिति तस्य निर्विशेषप्रतिपादकत्वं नाङ्गीकृतम् ॥

द्वितीय स्कन्ध में ब्राह्मकल्प का वर्णन हुआ है । अतः 'पुरा' शब्द से पूर्वकाल रूप ब्राह्म कल्प का ग्रहण समीचीन है । 'परं ज्ञानं' शब्द से चतुःश्लोकीरूप ज्ञान ही अभीप्सित है । 'महिमावभासमिति' शब्द से प्रतीत होता है कि— चतुःश्लोकी वक्ता एवं परमतत्त्व निर्विशेष नहीं है । चतुःश्लोकी प्रकरण का निर्विशेष पर व्याख्यान, चतुःश्लोकी वक्ता का एवं ग्रन्थकार का अनुमत नहीं है ।

स्वामिटीका । "ददामीति यदुक्तं तदेव-निर्दिशति, पुरा— पूर्वस्मिन् पाद्मे कल्पे । आदिसर्ग— सर्गोपक्रमे । मम-महिमा-लीला अवभास्यते येन तत् ॥"

गोपाल पूर्व तापनी में वर्णित है—जिन्होंने सृष्टि के सर्वप्रथम ब्रह्मा को प्रकट किया, एवं उन

इति श्रीगोपालतापन्यनुसारेण च तस्यैवोपदेष्टृत्वश्रुतेः; (गो० ता० पू० २९) "तदु होवाच ब्राह्मणोऽसावनवरतं मे ध्यातः, स्तुतः परार्द्धान्ते सोऽबुध्यत गोपवेषो मे पुरस्तादाविर्बभूव" इति श्रीगोपालतापन्यनुसारेणैव क्वचित् कल्पे श्रीगोपालरूपेण सृष्ट्यादावित्थमेव ब्रह्मणे दर्शितनिजरूपत्वात्तद्धाम्नो महावैकुण्ठत्वेन साधयिष्यमाणत्वाच्च। तथा च ब्रह्मसंहितायाम् (५।२२-२५)—

"तत्र ब्रह्माभवद्भूयश्चतुर्वेदी चतुर्मुखः ॥११३॥
सञ्जातो भगवच्छक्त्या तत्कालं किल चोदितः। सिसृक्षायां मतिं चक्रे पूर्वसंस्कार-संस्कृताम्।
ददर्श केवलं ध्वान्तं नान्यत् किमपि सर्वतः ॥११४॥
उवाच पुरतस्तस्मै तस्य दिव्या सरस्वती। कामकृष्णाय गोविन्द ङे गोपीजन इत्यपि।
वल्लभाय प्रिया वह्नेर्मन्त्रं ते दास्यति प्रियम् ॥११५॥
तपस्त्वं तप एतेन तव सिद्धिर्भविष्यति ॥११६॥
अथ तेपे स सुचिरं प्रीणन् गोविन्दमव्ययम्"

सर्वसम्वादिनी

अथ [मूल० ८२तम-वाक्य-मध्ये उद्धृत-] 'शृणु नारद वक्ष्यामि' इत्यादि-चरणचिह्न-प्रतिपादक-पाद्मवचनान्ते 'आदि'-शब्दादेतान्यपि पद्यानि ज्ञेयानि ;—

श्रीकृष्ण ने ही ब्रह्मा को विद्या दान किया, लीलामयविग्रह-आत्मबुद्धिप्रकाशक उन श्रीकृष्ण की मुमुक्षुगण शरण ग्रहण करें। श्रीगोपालतापनी के इस वर्णन के अनुसार ज्ञात होता है कि—श्रीकृष्ण ही श्रीब्रह्मा का उपदेष्टा हैं। पूर्व गोपाल तापनी में ब्रह्मा ने स्वयं ही कहा है,—मैंने अनवरत ध्यान एवं स्तव के द्वारा परार्द्धकाल को अतिक्रम किया, तदनन्तर मैंने उनको जाना, आप गोपवेशी कृष्ण हैं, उस रूप में आविर्भूत भी हुये थे। श्रीगोपाल तापनी के उक्त प्रसङ्ग के अनुसार प्रतीत होता है—कल्पविशेष में श्रीगोपालरूप में ही श्रीकृष्ण ब्रह्मा को दर्शन दिये थे। जब आपने स्वीय गोपालरूप को ही दर्शाया है, तब उनका धाम भी महावैकुण्ठ संज्ञक ही है, उसका प्रतिपादन आगे होगा।

ब्रह्मसंहिता के ५।२२-२५ में उक्त प्रसङ्ग का सुस्पष्ट वर्णन है—

"तत्र ब्रह्माभवद् भूयश्चतुर्वेदी चतुर्मुखः।
सञ्जातो भगवच्छक्त्या तत्कालं किल चोदितः। सिसृक्षायां मतिं चक्रे पूर्वसंस्कार-संस्कृताम्।
ददर्श केवलं ध्वान्तं नान्यत् किमपि सर्वतः।
उवाच पुरतस्तस्मै तस्य दिव्या सरस्वती। कामकृष्णाय गोविन्द ङे गोपीजन इत्यपि।
वल्लभाय प्रिया वह्नेर्मन्त्रं दास्यति ते प्रियम्।
तपस्त्वं तप एतेन तव सिद्धिर्भविष्यति।
अथ तेपे स सुचिरं प्रीणन् गोविन्दमव्ययम् ॥"

अनन्तर गुहा प्रविष्ट पुरुष से समष्टि जीवाधिष्ठान उद्भूत हुआ, अनन्तर देहाभिमानी हिरण्यगर्भ ब्रह्मा का भोग विग्रह की उत्पत्ति हुई। इस प्रकार श्रीहरि के नाभिदेश में समस्त आत्मा के साथ सम्बन्धविशिष्ट पद्म आविर्भूत हुआ, उस कमल में पुनर्बार हिरण्यगर्भ ब्रह्मा का भोग विग्रहस्वरूप चतुर्वेद कर्त्ता चतुर्मुख ब्रह्मा की उत्पत्ति हुई। अनन्तर उन चतुर्मुख ब्रह्मा की चेष्टा को कहते हैं, सार्द्ध श्लोक के द्वारा। ब्रह्मा, जन्मग्रहण करने के बाद भगवद् शक्ति से प्रयत्न करने लगे। किन्तु उस समय आपने सर्वत्र अन्धकार को ही देखा। अपर कुछ भी दिखाई नहीं दिया।

इत्यादि। (भा० २।९।१४) "सुनन्दप्रबलार्हणादिभिः" इत्यत्र तु द्वारकायां प्राकट्यावसरे श्रुतसुनन्दनन्दादिसाहचर्य्येण प्रबलादयोऽपि ज्ञेयाः; यथोक्तं प्रथमे (भा० १।१४।३२)—"सुनन्द-नन्दशीर्षण्या ये चान्ये सात्वतर्षभाः" इति। किं बहुना, नानावतारावतारिष्वपि सत्सु महापुराणप्रारम्भ एव श्रीशौनकादीनां तदेकतात्पर्य्यमिदम्। अत्र पूर्वं सामान्यतोऽस्माभिरेकान्तश्रेयस्त्वेन सर्वशास्त्रसारत्वेनात्मसुप्रसादहेतुत्वेन च यत् पृष्टं तदेतदेवास्माकं भाति। यत् श्रीकृष्णस्य लीलावर्णनमित्यभिप्रेत्याहुः (भा० १।१।१२)—

(६४) "सूत जानासि भद्रं ते भगवान् सात्वतां पतिः।
देवक्यां वसुदेवस्य जातो यस्य चिकीर्षया॥"११७॥

सर्वसम्वादिनी

'मध्ये ध्वजा तु विज्ञेया पद्मं त्र्यङ्गुलमानतः। वज्रं वै दक्षिणे पार्श्वे अङ्कुशो वै तदग्रतः॥२२॥

अनन्तर पूर्व उपासना भाग्यलब्ध ब्रह्मा के प्रति भगवत्कृपा हुई, सार्द्ध श्लोक के द्वारा उसका वर्णन करते हैं। उस समय ब्रह्मा के सामने देववाणी हुई, उससे यह सूचित हुआ कि—प्रथम कामबीज पश्चात् कृष्णाय पद, उसके बाद चतुर्थ्यन्त गोविन्द शब्द, तत् पश्चात् गोपीजनवल्लभाय, तदन्त में वह्निप्रिया अर्थात् स्वाहा समन्वित अष्टादशाक्षर मन्त्र तुम्हारा प्रिय विधान करेगा।

इस मन्त्र के द्वारा तपस्या करो, इससे सिद्धि होगी। उसका स्पष्टीकरण करते हैं—तुम तपस्या करो। द्वितीय स्कन्ध के नवमाध्याय के षष्ठ श्लोक के द्वारा उसको योजना कर रहे हैं।

"स चिन्तयन् द्व्यक्षरमेकदाम्भस्युपाशृणोद् द्विर्गदितं वचो विभुः।
स्पर्शेषु यत् षोडशमेकविंशं निष्किञ्चनानां नृपयद्धनं विदुः॥"

सृष्टिं चिन्तयन् कदाचिद् द्व्यक्षरं वचः अम्भसि उपशृणोत् उपसमीपे श्रुतवान्। ते अक्षरे दर्शयति। कादयो मावसानाः स्पर्शाः, तेषु यत् षोडशं तकारः, यच्चैकविंशं पकारः, वचसो निर्देशः। तदर्थमाह। हे नृप! निष्किञ्चनानां त्यक्तधनानां धनं यद्विदुः, येन तपोधनाः प्रसिद्धाः, तच्च द्विर्गदितं तपतपेति लोटो मध्यमपुरुषैकवचनं, तस्य वीप्सा सादरविधिरूपा अशृणोदित्यर्थः।

भा० २।९।१४ में वर्णित है—"ददर्श तत्राखिलसात्वतां पतिं श्रियः पतिं यज्ञपतिं जगत्पतिम्।
सुनन्दनन्दप्रबलार्हणादिभिः स्वपार्षदाग्रचैः परिषेवितं विभुम्॥"

उक्त श्लोक का वर्णन समन्वय द्वारका में प्राकट्य के समय सुनन्दनन्दादि के साथ से होता है। सुनन्दनन्दादि के साहचर्य्य से पठित होने से प्रबल प्रभृति को जानना होगा। भा० १।१४।३२

"तत्रैवानुचराः शौरेः श्रुतदेवोद्धवादयः। सुनन्दनन्दशीर्षण्या ये चान्ये सात्वतर्षभाः॥"

टीका—सुनन्दनन्दौ शीर्षण्यौ मुख्यौ येषां ते॥

अधिक कथा कहना है—नानावतारावतारी विद्यमान होने पर भी श्रीमद्भागवत के प्रारम्भ में ही श्रीशौनकादि ऋषिओं का तात्पर्य्य श्रीकृष्ण में ही दृष्ट होता है। श्रीमद्भागवत श्रवण प्रसङ्ग उपस्थित होने पर सर्वप्रथम हम सब ने साधारण रूप से एकान्त श्रेयः, सर्वशास्त्र का सार एवं आत्मप्रसाद हेतुस्वरूप जो कुछ जानना चाहा, प्रतीत होता है कि—वे सब विषय ही परिपूर्णरूप से श्रीकृष्ण लीला वर्णन में समुपलब्ध हैं। तज्जन्य ही श्रीशौनक कहे थे—"सूत जानासि भद्रं ते भगवान् सात्वतां पतिः।
देवक्यां वसुदेवस्य जातो यस्य चिकीर्षया॥"

टीका—"अङ्ग! हे सूत! भद्रं ते, इत्यौत्सुक्येनाशीर्वादः, भगवान् निरतिशयैश्वर्य्यादिगुणसम्पन्नः।

'भद्रं ते' इति श्रीकृष्णलीलाप्रश्नसहोदरौत्सुक्येनाशीर्वादः। भगवान् स्वयमेवावतारी सम्पूर्णैश्वर्य्यादियुक्तः; सात्वतां—सात्वतानां पतिः, नुड़भाव आर्षः, यादवानामित्यर्थः। जातो जगद्दृश्यो बभूव ॥

६५। (भा० १।१।१३)—

(६५) "तन्नः शुश्रूषमाणानामर्हस्याङ्गानुवर्णितुम्।
यस्यावतारो भूतानां क्षेमाय च भवाय च ॥"११८॥

टीका च—"अङ्ग हे सूत! तन्नोऽनुवर्णयितुमर्हसि। सामान्यतस्तावद्यस्यावतारमात्रं क्षेमाय पालनाय, भवाय समृद्धये च" इति ॥

६६। तत्प्रभावमनुवर्णयन्तस्तद्यशःश्रवणौत्सुक्यमाविष्कुर्वन्ति, (भा० १।१।१४)—

(६६) "आपन्नः संसृतिं घोरां यन्नाम विवशो गृणन्।
ततः सद्यो विमुच्येत यद्बिभेति स्वयं भयम् ॥"११९॥

सर्वसम्वादिनी

यवोऽप्यङ्गुष्ठमूले स्यात् स्वस्तिकं यत्र कुत्रचित्। आदिं चरणमारभ्य यावद्वै मध्यमा स्थिता ॥२३॥

सात्वतां—सच्छब्देन सत्त्वमूर्त्ति भंगवान्, स उपास्यतया विद्यते एषामिति सत्वन्तो भक्ताः, स्वार्थेऽण् राक्षस वायसादिवत्। तस्य चाश्रवणमार्षं, तदेवं सात्वदिति भवति। तेषां पतिः—पालकः, यस्यार्थविशेषस्य चिकीर्षया वसुदेवस्य भार्य्यायां देवक्यां जातः ॥"

हे सूत! तुम्हारा मङ्गल हो, सात्वतगण के प्रतिपालक भगवान् श्रीवसुदेव पत्नी देवकीदेवी से किस निमित्त आविर्भूत हुए थे, उसको तुम जानते हो। श्रीकृष्ण लीला प्रश्न के सहित जो उत्सुकता थी, उस औत्सुक्य निबन्धन ही आशीर्वाद हुआ—"हे सूत तुम्हारा मङ्गल हो"। भगवान् स्वयं ही अवतारी सम्पूर्ण ऐश्वर्य्यादि युक्त हैं। सात्वतां—सात्वतानां पतिः—आश्रय-पालक, नुट् का अभाव—आर्ष प्रयोग के कारण है। सात्वत शब्द से—यादवगण का बोध होता है। जात अर्थात् जगज्जनों के नयनगोचरीभूत हुये थे ॥६४॥

भा० १।१।१३ में वर्णित है—"तन्नः शुश्रूषमाणानामर्हस्यङ्गानुवर्णितुम्।
यस्यावतारो भूतानां क्षेमाय च भवाय च ॥

हे प्रिय सूत! सामान्यतः भूतगणों की रक्षा एवं समृद्धिसाधन के निमित्त ही जिनका अवतार है, अतः हम सब श्रवणाभिलाषी हैं। हमारे निकट विशेष विस्तारपूर्वक श्रीकृष्ण की कथा का वर्णन करो।

टीका—"अङ्ग हे सूत! तन्नोऽनुवर्णयितुमर्हसि। सामान्यतो यस्यावतारो भूतानां क्षेमाय—पालनाय, भवाय—समृद्धये।"

श्रीकृष्ण के अंशादि स्वरूप जिन अवतारों का प्राकट्य होता है। साधारणतः उन सबके कार्य्य ही हैं—प्राणीमात्र की रक्षा, एवं समृद्धि साधन। श्रीकृष्णावतार में उक्त कार्य्यसमूह समधिक साधित हुये हैं, इसमें कोई सन्देहावकाश नहीं है ॥६५॥

अनन्तर श्रीकृष्ण का प्रभाव वर्णन के पश्चात् उनका यशः श्रवण के निमित्त औत्सुक्य का प्रकाश कर रहे हैं। (भा० १।१।१४)

"आपन्नः संसृतिं घोरां यन्नाम विवशो गृणन्। ततः सद्यो विमुच्येत यद्बिभेति स्वयं भयम् ॥"

विवशोऽपि विशेषेण पराधीनः सन्नपि यस्य श्रीकृष्णस्य नाम, तस्य सर्वावतारित्वादवतारनाम्नामपि तत्रैव पर्य्यवसानात्। अतएव साक्षात् श्रीकृष्णादपि तत्तन्नामप्रवृत्तिः प्रकारान्तरेण श्रूयते श्रीविष्णुपुराणे। तत्र त्वखिलानामेव भगवन्नाम्नां कारणान्यभवन्निति हि तदीयं गद्यम्। तदिदञ्च वासुदेव-दामोदर-गोविन्द-केशवादिनामवज्ज्ञेयम्। ततः संसृतेः। तत्र हेतुः—यद्यतो नाम्नः, भयमपि स्वयं बिभेति ॥

६७। किञ्च, (भा० ११।१।१५)—

(६७) "यत्पादसंश्रयाः सूत मुनयः प्रशमायनाः।
सद्यः पुनन्त्युपस्पृष्टाः स्वर्धुन्यापोऽनुसेवया ॥"१२०॥

यस्य श्रीकृष्णस्य पादौ संश्रयौ येषाम्, अतएव प्रशमायनाः, शमो भगवन्निष्ठबुद्धिता, (भा० ११।१९।३६) "शमो मन्निष्ठता बुद्धेः" इति स्वयं श्रीभगवद्वाक्यात्, स एव प्रकृष्टः शमः

सर्वसम्वादिनी

तावद्वै चोर्द्ध्वरेखा कथिता पाद्मसंज्ञके। अष्टकोणं तु भो वत्स मानं चाष्टाङ्गुलैश्च तत् ॥२४॥

टीका—"तत् प्रभावमनुवर्णयन्तस्तद्यशः श्रवणौत्सुक्यमाविष्कुर्वन्ति—आपन्न इति त्रिभिः। संसृतिं घोरां आपन्नः प्राप्तः, विवशोऽपि गृणन् ततः संसृतेः। अत्र हेतुः यद् यतो नाम्नः, भयमपि—स्वयं बिभेति ॥

विवश होकर—अर्थात् विशेष रूप से पराधीन होकर अजामिलादि के समान "श्रीभगवन्नाम कीर्त्तन कर रहा हूँ" इस प्रकार अनुसन्धान रहित होकर अन्य तात्पर्य्य से श्रीहरि नाम कीर्त्तन से भी संसार क्षय होता है।

श्रीकृष्ण नाम कहने पर बोध होता है—श्रीकृष्ण, निखिल अवतारी होने के कारण अवतारवृन्द के नामसमूह भी उक्त श्रीकृष्ण नाम में ही अन्तर्भुक्त हैं। तज्जन्य साक्षात् श्रीकृष्ण से ही अवतारसमूह के नाम आविर्भूत हुये हैं। उसका वर्णन श्रीविष्णुपुराण में है। "श्रीकृष्ण में ही अखिल भगवन्नामों के कारणसमूह विद्यमान हैं।" यह श्रीविष्णुपुराण का गद्योक्त विवरण है। इसको वासुदेव-दामोदर-गोविन्द-केशवादि नामों के समान ही जानना होगा। "ततः" का अर्थ संसृति रूप पुनः पुनः जन्ममरण प्रवाह से मानव मुक्त होता है। यदि वह भगवन्नाम ग्रहण करता है, उसके प्रति हेतु निर्देश करते हैं। कारण—भगवन्नाम से भय नामक स्वयं मृत्यु भी भीत होती है। अर्थात् श्रीकृष्ण से स्वयं भय भी भीत होता है। अतएव विवशता के सहित भी श्रीकृष्णनाम ग्रहण करने से मानव संसार से मुक्त होता है ॥६६॥

और भी भा० ११।१।१५ में उक्त है—श्रीकृष्ण के पदाश्रित प्रशमायन—परमशान्त मुनिगण दर्शन प्रदान कर सद्यः पवित्र करते हैं; उनके श्रीचरण से निःसृता गङ्गा सलिल पुनः पुनः सेवन करने के बाद पवित्र करता है। उन श्रीकृष्ण चरित्र का वर्णन करो।

टीका—"किञ्च यस्य पादौ संश्रयौ येषाम्, अतएव प्रशमोऽयनं वर्त्म आश्रयो वा येषां, ते मुनयः, उपविष्टाः सन्निधिमात्रेण सेविताः सद्यः पुनन्ति। स्वर्धुनी गङ्गा, तस्या आपस्तु तत् पादान्निःसृता, नतु तत्रैव तिष्ठन्ति, अतस्तत्सम्बन्धेन पुनन्त्योऽपि अनुसेवया पुनन्ति, तत्रापि नतु सद्य इति मुनिनामुत्कर्षोक्तिः।

जिन श्रीकृष्ण के पदद्वय को सम्यक् रूप से जिन्होंने आश्रयग्रहण किया है, उक्त आश्रयग्रहण हेतु प्रशमायन हुये हैं। 'प्र'—प्रकृष्ट रूप से 'शम' अयन—आश्रय है जिनका। 'शम'-शब्द का अर्थ—भगवन्निष्ठा प्राप्त बुद्धि। भा० ११।१९।३६ में उद्धव के प्रति श्रीकृष्ण ने ही कहा है,—भगवत् स्वरूपमात्र में निष्ठा प्राप्त बुद्धि का नाम 'शम' है। उक्त शम, साक्षात् भगवान् श्रीकृष्ण के प्रति प्रयुक्त हेतु प्रकृष्ट-शम

प्रशमः साक्षात्पूर्णभगवत्श्रीकृष्णसम्बन्धित्वात्, प्रशम एवायनं वर्त्म आश्रयो वा येषां ते श्रीकृष्णलीलारसाकृष्टचित्ता मुनयः श्रीशुकदेवादयः, उपस्पृष्टाः सन्निधिमात्रेण सेविताः, सद्यः पुनन्ति सवासनपापेभ्यः शोधयन्ति। स्वर्धुनी गङ्गा तस्या आपस्तु;—

"योऽसौ निरञ्जनो देवश्चित्स्वरूपी जनार्दनः। स एव द्रवरूपेण गङ्गाम्भो नात्र संशयः॥"१२१॥

इति स्वयं तथाविधरूपा अपि, साक्षाच्छ्रीवामनदेवचरणान्निःसृता अपि, अनुसेवया साक्षात् सेवाभ्यासेनैव तथा शोधयन्ति, न सन्निधिमात्रेण सेवया। साक्षात् सेवया अपि न सद्य इति तस्या अपि श्रीकृष्णाश्रितानामुत्कर्षात्तस्योत्कर्षः एवमेव ततस्तद्यशसोऽप्याधिक्यं वर्ण्यते; (भा० १०।९०।४७) "तीर्थं चक्रे नृपोनं यदजनि यदुषु स्वःसरित्पादशौचम्" इति।

टीका च—"इतः पूर्वं स्वःसरिदेव सर्वतोऽधिकं तीर्थमित्यासीत्, इदानीन्तु यदुषु यदजनि जातं तीर्थं श्रीकृष्णकीर्त्तिरूपमेतत् स्वःसरिद्रूपं पादशौचं तीर्थम्, ऊनमल्पञ्चक्रे" इत्येषा॥

सर्वसम्वादिनी

निर्द्दिष्टं दक्षिणे पादे इत्याहुर्मुनयः किल। एवं पादस्य चिह्नानि तान्येव वैष्णवोत्तम॥२५॥

—प्रशम, अयन, अर्थात् वर्त्म—आश्रय है जिनका, वे सब प्रशमायन होते हैं। प्रशमायन मुनि, श्रीकृष्ण लीलारसाकृष्टचित्त श्रीशुकदेव प्रभृति सन्निधिमात्र से सेवित होकर अर्थात् दृष्टिगोचर होकर, तत्क्षणात् वासनाविशिष्ट पाप से शुद्ध करते हैं। उक्त निरञ्जन चित्स्वरूप देव जनार्दन हैं। आप स्वयं द्रव-वारि रूप में गङ्गा हैं, इसमें सन्देह नहीं है। बलि महाराज से दान ग्रहण के समय में वामन देव के ऊर्द्ध्व प्रसारित चरण द्वारा ब्रह्माण्ड कटाह भिन्न होने से कारणार्णव से निःसृत होकर गङ्गा का आगमन पृथिवी में हुआ है। उक्त गङ्गा—अनुसेवा अर्थात् साक्षात् रूप से स्नान, पान, पूजनादि द्वारा बारम्बार सम्मानित होकर सद्यः शोधन नहीं करती है। अतएव श्रीगङ्गा से भी श्रीकृष्णाश्रित जनगण का उत्कर्ष को देखकर श्रीकृष्ण का परमोत्कर्ष का अनुभव होता है। इस प्रकार उत्कर्ष वर्णनाभिप्राय से ही भा० १०।९०।४७ में श्रीशुकदेव कहे हैं—

"तीर्थं चक्रे नृपोनं यदजनि यदुषु स्वःसरित् पादशौचं,
विद्विट्स्निग्धाः स्वरूपं ययुरजितपरा श्रीर्यदर्थेऽन्ययत्नः।
यन्नामामङ्गलघ्नं श्रुतमथगदितं यत् कृतो गोत्रधर्मः,
कृष्णस्यैतन्न चित्रं क्षितिभरहरणं कालचक्रायुधस्य॥"

टीका—"तस्मात् श्रीकृष्णकीर्त्तेः सर्वतीर्थोत्तमत्वं, श्रीकृष्णस्य च सर्वदेवोत्तमत्वं न चित्तमित्याह—तीर्थं चक्र इति। इतः पूर्वं स्वः सरिदेव सर्वतोऽधिकं तीर्थमित्यासीत्। इदानीन्तु यदुषु यत् अजनि, जातं तीर्थं श्रीकृष्णकीर्त्तिरूपमेतत् स्वः सरिद्रूपं पादशौचं तीर्थं ऊनमल्पं चक्रे, स्वयमेव सर्वतीर्थोपरि विराजत इत्यर्थः। श्रीकृष्णस्य विद्विषः स्निग्धाश्च, तत् सारूप्यं ययुरित्यपि नातिचित्रम्। तस्य परमकारुणिकत्वात्। तथा इदञ्च न चित्रम्। किं तत्। अजितपरा—अजिता कैश्चिदप्यप्राप्ता, परा—सर्वतः परिपूर्णा श्रीः, श्रीकृष्णस्यैव नान्यस्यैति। तदेवाह—यदर्थेऽन्येषां ब्रह्मादीनां यत्न इति। ननु निरपेक्षं तमेव, लक्ष्मीः श्रयत इति चित्रमेवेति चेत्, नहि परममङ्गलनामधेयत्वात् तस्येत्याह—यन्नामेति। तदपि नार्थस्मरणापेक्ष्यमित्याह—श्रुतमथगदितमिति। सर्वधर्माश्रयत्वादपीत्याह—यत् कृतो गोत्रधर्म इति। गोत्रेषु—तत्तदृषिवंशेषु, धर्मो यत्कृतो येन प्रवर्त्तितः, तस्य क्षितिभरहरणं नैव चित्तमित्याह—कृष्णस्यैतदिति।

६८। एतस्य दशमस्कन्धपद्यस्यैवसम्वादितां व्यनक्ति, (भा० १।१।१६)—

(६८) "को वा भगवतस्तस्य पुण्यश्लोकेड्यकर्मणः।
शुद्धिकामो न शृणुयाद्यशः कलिमलापहम्॥"१२२॥

शुद्धिकामोऽपि; यतः कलियुगस्यापि मलापहम्। यस्मादेवं तस्मात्॥

६९। (भा० १।१।१७)—

(६९) "तस्य कर्माण्युदाराणि परिगीतानि सूरिभिः।
ब्रूहि नः श्रद्दधानानां लीलया दधतः कलाः॥"१२३॥

उदराणि परमानन्ददातृणिजन्मादीनि। स्वयं परिपूर्णस्य लीलया अन्याः अपि कलाः पुरुषादिलक्षणा दधतः; तत्तदंशानप्यादाय तस्यावतीर्णस्य सत इत्यर्थः॥

सर्वसम्वादिनी

दक्षिणेतरस्थानानि संवदामीह साम्प्रतम्। चतुरङ्गुलमानेन त्वङ्गुलीनां समीपतः॥२६॥

कालचक्रायुधस्येति। सर्वसंहारककालमूर्त्तेः, विशेषतो दुरन्तप्रभावचक्रायुधस्य कियदेतदित्यर्थः।"

हे राजन्! श्रीकृष्ण के कीर्त्तिकलापरूप जो तीर्थ, यदुवंश में उत्पन्न हुआ है। उससे श्रीवामनदेव के पादशौच रूप गङ्गा तीर्थ स्वल्प हो गया है।

स्वामिपाद का कथन है कि—इसके पहले सुरधुनी ही सर्वश्रेष्ठ तीर्थ रही, अधुना, यदुवंश में श्रीकृष्ण कीर्त्ति रूप जिस तीर्थ का उदय हुआ है। वह गङ्गारूप श्रीवामनदेव के पादशौच तीर्थ को अल्प किया है। अर्थात् गङ्गा की महिमा से भी श्रीकृष्ण यशः की महिमा अत्यधिक है॥६७॥

श्रीशौनकादि की उक्ति से दशमस्कन्धीय उक्त पद्य का संवाद परिव्यक्त हुआ है। (भा० १।१।१६)

"को वा भगवतस्तस्य पुण्यश्लोकेड्य कर्मणः। शुद्धिकामो न शृणुयाद् यशः कलिमलापहम्॥

उन भगवान् श्रीकृष्ण के कार्य्यसमूह का स्तव पुण्यश्लोक व्यक्तिगण करते रहते हैं। निज शुद्धि अभिलाषी कौन व्यक्ति, कलिकलुषनाशक उनका यशः श्रवण नहीं करेगा?

टीका—"पुण्यश्लोकैरीड्यानि स्तव्यानि कर्माणि यस्य, तस्य यशः—कलिमहापहम्, संसार-दुःखोपशमनम्॥"६८॥

श्रीकृष्ण का यशः ही कलिकलुषनाशक है। अतएव भा० १।१।१७ में वर्णित है—

"तस्य कर्माण्युदाराणि परिगीतानि सूरिभिः। ब्रूहि नः श्रद्दधानानां लीलया दधतः कलाः॥"

टीका—"प्रश्नान्तरं तस्येति। उदाराणि महान्ति विश्वसृष्ट्यादीनि, सूरिभिर्नारदादिभिः। कलाः, ब्रह्मरुद्रादिमूर्त्तीः॥"

जो लीलावशतः कला—अंशावतारसमूह को प्रकट करते हैं, उनके परमोदार कर्मसमूह का कीर्त्तन, श्रीनारदादि भक्तगण करते रहते हैं, उनकी लीलाकथा श्रवण में हमारी महती श्रद्धा हुई है। अतः आप वर्णन करें।

श्रीकृष्ण की जन्म प्रभृति लीला, भक्तवृन्द को परमानन्दित करती हैं। तज्जन्य ही उक्त लीलासमूह उदार कर्म से अभिहित हैं। श्रीकृष्ण स्वयं परिपूर्ण होकर भी लीलार्थ अन्य कला अर्थात् पुरुषादि लक्षण, अंशसमूह को लेकर अवतीर्ण हुये हैं। अतएव उनकी लीला अतीव विचित्र है, एवं श्रोतव्य है॥६९॥

७० । (भा० ११।१।१८)—

(७०) "अथाख्याहि हरेर्धीमन्नवतारकथाः शुभाः ।
लीला विदधतः स्वैरमीश्वरस्यात्ममायया ।।"१२४।।

श्रीकृष्णस्य तावत् मुख्यत्वेन कथय । अथ तदनन्तरमानुषङ्गिकतयैवेत्यर्थः । हरेः श्रीकृष्णस्य ; प्रकरणबलात् अवताराः—पुरुषावतारागुणावतारा लीलावताराश्च, तेषां कथाः; लीलाः सृष्ट्यादिकर्मरूपा भूभारहरणादिरूपाश्च । औत्सुक्येन पुनरपि तच्चरितान्येव श्रोतुमिच्छन्तस्तत्रात्मनस्तृप्त्यभावमावेदयन्ति ।।

७१ । (भा० ११।१।१९)—

(७१) "वयन्तु न वितृप्याम उत्तमश्लोकविक्रमे ।
यच्छृण्वतां रसज्ञानां स्वादु स्वादु पदे पदे ।।"१२५।।

सर्वसम्वादिनी

इन्द्रचापं ततो विद्यादन्यत्र न भवेत् क्वचित् । त्रिकोणं मध्यनिर्दिष्टं कलसो यत्र कुत्रचित् ।।२७।।

भा० ११।१।१८ में उक्त है—"अथाख्याहि हरेर्धीमन्नवतारकथाः शुभाः ।
लीला विदधतः स्वैरमीश्वरस्यात्ममायया ।।"

टीका—प्रश्नान्तरमाह—अथेति । अवतार कथा स्थित्यर्थमेव तत्तदवसरे ये मत्स्याद्यवताराः तदीयाः कथाः । स्वैरः—लीलाः कुर्वतः ।।

हे धीमन् ! श्रीहरि के अवतारों की शुभ कथा का वर्णन आप करें । ईश्वर स्वेच्छापूर्वक आत्ममाया के द्वारा विविध रूप में अवतीर्ण होकर लीला करते हैं ।७०।

श्रीकृष्ण कथा का ही कीर्त्तन मुख्य रूप से करें । अनन्तर आनुषङ्गिक रूप से अन्यान्य अवतारों का कीर्त्तन भी करें । मूल श्लोक में 'हरे' शब्द का प्रयोग है । अर्थात् श्रीहरि कथा का कीर्त्तन करें । यहाँ हरि शब्द का अर्थ, श्रीकृष्ण हैं । कारण—प्रकरण से उक्तार्थ का ही बोध होता है । श्रीशौनकादि ऋषिओं ने इतः प्राक् श्रीकृष्ण चरित्र श्रवण करने का अभिप्राय को व्यक्त किया था । सुतरां उन्होंने यहाँ पर हरि शब्द से श्रीकृष्ण का ही उल्लेख किया है । यह स्वाभाविक अनुभूत है ।

अवतारसमूह, पुरुष के गुणावतार—ब्रह्मा-विष्णु-महेश्वर हैं, एवं लीलावतार—मत्स्यादि हैं, उनकी कथा ही लीला है । वह लीला द्विविधा हैं,—सृष्टि-स्थिति-संहार कर्मरूपा, एवं भूभार हरणादिरूपा ।।७०।।

औत्सुक्य वशतः पुनर्बार श्रीकृष्ण चरित्र श्रवणाभिलाष को प्रकट कर स्वीय अतृप्ति को व्यक्त कर रहे हैं । (भा० ११।१।१९)—"वयन्तु न वितृप्याम उत्तमश्लोकविक्रमे ।
यच्छृण्वतां रसज्ञानां स्वादु स्वादु पदे पदे ।।"

टीका—"यद्यपि श्रीकृष्णावतारप्रयोजनप्रश्नेनैव तच्चरितप्रश्नोऽपि जात एव, तथाप्यौत्सुक्येन पुनरपि तच्चरितान्येव श्रोतुमिच्छन्तस्तत्रात्मनस्तृप्त्यभावमावेदयन्ति, वयन्त्विति । यागयोगादिषु तृप्ताः स्मः । उद्गच्छति तमो यस्मात् स उत्तमस्तथाभूतः श्लोको यशो यस्य, तस्य विक्रमे तु विशेषेण न तृप्यामः, अलमिति न मन्यामहे । तत्र हेतुः, यद्विक्रमं शृण्वताम् । यद्वा, अन्ये तु तृप्यन्तु नाम, वयन्तु नेति तु शब्दस्यान्वयः । अयमर्थः—त्रिधाह्यलंबुद्धिर्भवति, उदरादिभरणेन वा, रसाज्ञानेन वा, स्वादु विशेषाभावाद्वा,

योगयागादिषु तृप्ताः स्म ; भगवद्विक्रममात्रे तु न तृप्याम एव । तथापि (भा० १०।९०।४७)—"तीर्थं चक्रे नृपोनम्" इत्याद्युक्त-लक्षणस्य सर्वतोऽप्युत्तमश्लोकस्य श्रीकृष्णस्य विक्रमे विशेषेण न तृप्यामः, अलमिति न मन्यामहे । तत्र हेतुः—यद्विक्रमणं शृण्वताम् ; यद्वा, अन्ये तु तृप्यन्तु नाम, वयन्तु नेति 'तु'-शब्दस्यान्वयः ॥

७२ । (भा० १।१।२०)—

(७२) "कृतवान् किल कर्माणि सह रामेण केशवः ।
अतिमर्त्त्यानि भगवान् गूढ़ः कपटमानुषः ॥"१२६॥

टीका च—"अतः श्रीकृष्णचरितानि कथयेत्याशयेनाहुः—कृतवानिति । अतिमर्त्त्यानि मर्त्त्यानतिक्रान्तानि गोवर्द्धनोद्धरणादीनि, मनुष्येष्वसम्भावितानीत्यर्थः" इत्येषा । ननु कथं मानुषः सन्नतिमर्त्त्यानि कृतवान् ? तत्राहुः—कपटमानुषः पार्थिवदेहविशेष एव

सर्वसम्वादिनी

अष्टाङ्गुलप्रमाणेन तद्भवेदर्द्धचन्द्रकम् । अर्द्धचन्द्र-समाकारं निर्दिष्टं तस्य सुव्रत ॥२८॥

तत्र शृण्वतामित्यनेन चाज्ञानतः पशुवत् तृप्तिर्निराकृता, इक्षुभक्षणवद्रसान्तराभावेन तृप्तिं निराकरोति—पदे पदे प्रतिक्षणं स्वादुतोऽपि स्वादु ॥"

उत्तम श्लोक श्रीकृष्ण के विक्रम अर्थात् लीला श्रवण कर हम वितृप्त नहीं हैं । कारण, तदीय चरित्र श्रवण के समय में रसज्ञ श्रोतृवर्ग का पद पद में उत्तरोत्तर अधिक आनन्दास्वादन होता है ।

महावक्ता एवं श्रोता का तात्पर्य्य श्रीकृष्ण में ही है । श्रीशौनकादि ऋषिओं ने कहा,—हम सब यागयोगादि में तृप्त हैं । किन्तु श्रीभगवद् विक्रम श्रवण से तृप्त नहीं हैं । उसमें भी जिनका यशः, गङ्गा की महिमा की न्यूनता सम्पादन किया है, उन सर्वश्रेष्ठ यशस्वी, श्रीकृष्ण के यशः से विशेष रूप से अतृप्त हैं । अर्थात् अनेक सुन चुके हैं, और कितने सुनेंगे ? इस प्रकार अलं बुद्धि हम सबकी नहीं होगी । कारण यह है—रसज्ञ श्रोतृगण, श्रीकृष्ण चरित्र श्रवण के समय, पद पद में उत्तरोत्तर अधिक से अधिकतर आस्वादन अनुभव करते हैं । अर्थान्तर में—श्रीकृष्णचरित्र श्रवण से अन्य व्यक्ति तृप्त हो सकते हैं, किन्तु हम सब तृप्त नहीं होंगे । अलं बुद्धि नहीं होगी । प्रथम अर्थ में 'उत्तमःश्लोकविक्रमे' पद के सहित, 'तु' 'वयन्तु—वयम् तु' शब्द अन्वित है, एवं द्वितीय अर्थ में 'तु' शब्द 'वयम्' पद के सहित अन्वित है ॥७१॥

उसके बाद श्रीशौनक ने कहा—निश्चय ही गूढ़ एवं कपट मनुष्य भगवान् केशव, राम के सहित अलौकिक कर्मसमूह किये हैं । (भा० १।१।२०)—"कृतवान् किल कर्माणि सह रामेण केशवः ।
अतिमर्त्त्यानि भगवान् गूढ़ः कपटमानुषः ॥"

स्वामिटीका—अतएव श्रीकृष्णचरित्र, रसज्ञ श्रोतृवर्ग के निकट पदे पदे—उत्तरोत्तर स्वादाधिक्य को प्रकट करता है, एवं हम सब भी श्रीकृष्ण यशः श्रवण से विशेष रूप से अतृप्त हैं । तज्जन्य श्रीकृष्ण चरित्र का वर्णन करो । इस अभिप्राय से ही श्रीशौनक ने 'कृतवान्' प्रभृति शब्द कहा है । श्लोकस्थ, अतिमर्त्त्यानि शब्द का अभिप्राय यह है—अलौकिक कर्मसमूह के द्वारा मनुष्य सामर्थ्य को अतिक्रम किये हैं । अर्थात् गोवर्द्धन धारण प्रभृति कर्म जो मनुष्यसमूह के द्वारा सम्पन्न होना सर्वथा असम्भव है, उक्त कर्मसमूह का सम्पादन आपने अनायास किया है ।

यहाँ जिज्ञास्य यह है कि—श्रीकृष्ण मानुष होकर कैसे अमानुषिक कर्मसमूह किये हैं ? उत्तर में

मानुषशब्दः प्रतीतः, तस्मात् कपटेनैवासौ तथा भातीत्यर्थः; वस्तुतस्तु नराकृतेरेव परब्रह्मत्वेनासत्यपि प्रसिद्धमानुषत्वे नराकृति-नरलीलत्वेन लब्धमप्रसिद्धमानुषत्वमस्त्येव। तत् पुनरैश्वर्य्याव्याघातकत्वान्न प्रत्याख्यायत इति भावः। अतएव स्यमन्तकाहरणे (भा० १०।५६।२२)—"पुरुषं प्राकृतं मत्वा" इत्यनेन जाम्बवतोऽन्यथाज्ञानव्यञ्जकेन वाक्येन तस्य

सर्वसम्वादिनी

विन्दुर्वै मत्स्यचिह्नञ्च ह्याद्यन्ते वै निरूपितम्। गोष्पदं तेषु विज्ञेयमाद्यङ्गुलप्रमाणतः ॥'२९॥ इत्यादि ; [मूले] तदग्रे [अव्यवहितान्तरं] च [मूल० ८२तम अनु०]—

कहते हैं—'श्रीकृष्ण कपट मानुष हैं' पार्थिव 'पाञ्चभौतिक' देहविशेष में ही मानुष शब्द का प्रयोग होता है। श्रीकृष्ण, सच्चिदानन्द विग्रह हैं। सुतरां उक्त लक्षणविशिष्ट मानुष आप नहीं हैं। निज स्वरूप को गोपन कर नरलीला का अनुकरण द्वारा मनुष्य के समान प्रतीत होते हैं। एतज्जन्य ही श्रीकृष्ण को कपट मानुष कहा गया है।

वस्तुतस्तु,—श्रीकृष्ण, नराकृति ही परब्रह्म हैं, उनमें प्रसिद्ध मनुष्यत्व 'पार्थिव देहविशिष्टत्व' नहीं है। आप नराकृति हीं है, नरलीला का भी अनुष्ठान करते हैं। तज्जन्य अवश्य प्राप्त अप्रसिद्ध-मनुष्यत्व श्रीकृष्ण में अवश्य ही है। अप्रसिद्ध-मनुष्यत्व को मान लेने पर उनका ऐश्वर्य्य का व्याघात नहीं होता है। अर्थात् स्वयं भगवत्ता की हानि नहीं होती है। अतएव अप्रसिद्ध-मनुष्यत्व का प्रत्याख्यान न करें। यह ही श्रीशौनक वाक्य का तात्पर्य्य है। अतएव श्रीकृष्ण का अप्रसिद्ध मनुष्यत्व ही है, सहेतुक उसका वर्णन श्रीशुकदेव ने स्यमन्तकाहरण प्रसङ्ग भा० १०।५६।२२ में कहा है—

"स वै भगवता तेन युयुधे स्वामिनात्मनः। पुरुषं प्राकृतं मत्वा कुपितो नानुभाववित् ॥"

श्रीकृष्ण का प्रभाव को न जानकर कुपित जाम्बवान् प्राकृत पुरुष मानकर निज प्रभु भगवान् श्रीकृष्ण के सहित युद्ध किये थे।

स्यमन्तक प्रकरण इस प्रकार है—सूर्य्यदेव निज प्रिय भक्त सत्राजित् को स्यमन्तक मणि प्रदान किए थे। मणि अति तेजस्वी थी, एवं प्रतिदिन आठ भार (प्रति भार का परिमाण साढ़े आठ मण) सुवर्ण प्रसव करती थी। अर्चित होकर मणि, जहाँ पर रहती थी, वहाँ दुर्भिक्ष, महामारी प्रभृति अमङ्गल नहीं होता। यदुराज उग्रसेन के निमित्त उक्त मणि की प्रार्थना श्रीकृष्ण ने की। किन्तु सत्राजित् ने उनको मणि प्रदान नहीं किया। सत्राजित् का भ्राता, प्रसेन स्यमन्तक मणि धारण कर मृगया के निमित्त जाने पर सिंह ने उनको मारकर मणि को ले लिया। जाम्बवान् ने उस सिंह को मारकर मणि प्राप्त किया एवं निज बालक को खेलने के निमित्त दे दिया।

सत्राजित्, भ्राता को अप्रत्यागत देखकर, मणि के लोभ से श्रीकृष्ण ने ही उसको मार डाला है, यह अपवाद घोषित कर दिया। अपवाद से मुक्त होने के निमित्त श्रीकृष्ण, प्रसेन का अनुसन्धान करते हुये जाम्बवान् की गुहा में उपस्थित होकर मणि ग्रहण हेतु कृतनिश्चय होने पर जाम्बवान् ने श्रीकृष्ण के सहित युद्ध प्रारम्भ कर दिया। युद्ध में पराजित होकर जाम्बवान् श्रीकृष्ण को निज प्रभु रूपसे जान गये, एवं स्यमन्तक मणि के सहित कन्या जाम्बवती को सम्प्रदान किये थे। श्रीकृष्ण, प्रकाश्य राजसभा में जाम्बवान् के निकट से मणि प्राप्ति का विवरण कहकर सत्राजित् को मणि दे दिये। सत्राजित् भी निज अपराध शान्ति के निमित्त कन्या सत्यभामा एवं स्यमन्तक मणि, श्रीकृष्ण को प्रदान किये थे। जाम्बवान् का प्राकृत ज्ञान व्यतीत अन्यविध ज्ञान व्यञ्जक श्लोक के द्वारा श्रीकृष्ण का प्राकृत पुरुषत्व का निषेध कर पुरुषत्व स्थापि हुआ है। अर्थात् उक्त श्लोकस्थ 'मत्वा' पद से प्रतीत होता है कि—जो प्राकृत पुरुष

प्राकृतत्वं निषिध्य पुरुषत्वं स्थाप्यते। एवं (भा० १०।१।७) "मायामनुष्यस्य वदस्व विद्वन्" इत्यादिष्वपि ज्ञेयम्। यस्मात् कपटमानुषस्तस्मादेव गूढः, स्वतस्तु तद्रूपतयैव भगवानिति ॥ श्रीशौनकः ॥

सर्वसम्वादिनी

'षोड़शं तु तथा चिह्नं शृणु देवर्षिसत्तम। जम्वूफल-समाकारं दृश्यते यत्र कुत्रचित्।

नहीं है, उनको भी प्राकृत पुरुष माने थे। यदि श्रीकृष्ण यथार्थतः प्राकृत पुरुष होते, तब 'मत्वा' मानकर पद प्रयोग की कोई सार्थकता नहीं होती। श्रीकृष्ण, पुरुषाकार होने पर भी प्रकृत्यतीत अप्राकृत नरविग्रह हैं। इस सिद्धान्त को प्रकट करने के निमित्त उक्त 'मत्वा' पद का प्रयोग हुआ है।

श्रीकृष्ण, कपट मानुष, अर्थात् अप्राकृत नरविग्रह हैं। उसका अपर प्रमाण भा० १०।१।७ में है—

"वीर्य्याणि तस्याखिलदेहभाजा, मन्तर्वहिः पुरुषकालरूपैः।
प्रयच्छतो मृत्युमुतामृतञ्च, माया मनुष्यस्य वदस्व विद्वन् ॥

क्रमसन्दर्भः। पूर्वपूर्वोक्त वहिर्मुखानपि प्रवर्त्तयन् सकौतुकमाह—वीर्य्याणीति, अखिलदेहभाजामनियतानां जीवानां नियमं विनैव तेषां केषाञ्चिदैच्छिकादिमृत्युत्वेन दुर्घटदेहत्यागानां भीष्मादीनां मृत्युं देहत्यागं कारयतः, केषाञ्चिद्विरोधित्वेन दुर्घटमोक्षाणां कंसादीनाममृतं मोक्षमपि, चकारात् पूतनादीनां भक्तिमपि कारयतो तस्य यानि, तादृशानि वीर्य्याणि स्वच्छन्दाचरितानि वदेत्यर्थः। तत्र हेतुः (सात्वत तन्त्रे) 'विष्णोस्तु त्रीणि रूपाणि पुरुषाख्यानि' इत्युक्तदिशा पुरुषरूपैः परमाण्वादिभेदेन कालरूपैश्चान्तर्वहिश्च स्थितस्येति; तत एतेषामन्तर्वहिश्च स्वेच्छानुरूपमेव सम्पादितमित्यर्थः। तदेवं तस्य नराकृतिपरब्रह्मणः प्राकृतमनुष्यतया प्रतीतिस्तु माययैवेत्याह—मायामनुष्यस्येति, तत एवम्भूतैश्वर्य्यादिदृष्ट्यापि निर्जाहृतैर्षिभिस्तदेकशरणापत्ति-सम्पादकानि तद् वीर्य्याणि श्रोतव्यान्येवेति ॥

श्रीपरीक्षित् श्रीशुकदेव को कहे थे—"हे विद्वन्! जो अखिल देहधारी के अन्तर एवं बाहर पुरुष एवं कालरूप में अवस्थित होकर संसार एवं मोक्ष प्रदान करते हैं, उन मायामनुष्य के वीर्य्यसमूह का वर्णन कृपापूर्वक करें।

श्रीकृष्ण चरित्र का श्रवण करना ही एकमात्र कर्त्तव्य है। इस अभिप्राय से ही राजा परीक्षित् ने वहिर्मुख जनगण को भी श्रीकृष्णकथा श्रवण हेतु प्रवर्त्तित करने के निमित्त 'वीर्य्याणि' श्लोक में तदीय ऐश्वर्य्य माधुर्य्यपूर्ण तत्त्वोल्लेखपूर्वक प्रार्थना की, हे मदेकबन्धो! मदीय हितार्थ कृपया श्रीकृष्ण वीर्य्य का कीर्त्तन करें। श्रीकृष्ण, जीवगण को अमृत—मरणाद्यशेष दुःखरहित वैकुण्ठलोक, अथवा परममधुर श्रीकृष्ण प्रेम, एवं मृत्यु प्रदान करते हैं। जो लोक तदीय कथा श्रवणादि द्वारा अन्तर्दृष्टि सम्पन्न होते हैं, उन सज्जनवृन्द को अन्तर्य्यामिरूप में अमृत प्रदान, और जो लोक, श्रीकृष्ण कथा श्रवणाभाव से वहिर्मुख हैं, उन सबको कालरूप से मृत्युदान करते हैं। अर्थात् अन्तरङ्ग भक्तवृन्द को श्रीविष्ण्वादिरूप से परमानन्द एवं भक्तद्वेषिगण को यमादि रूप से विभिन्न दुःख प्रदान करते हैं। किम्वा, श्रीकृष्ण, भक्त के अन्तर एवं बाहर में अमृत, और भक्तद्रोही के बाहर भीतर मृत्यु प्रदान करते हैं। उन श्रीकृष्ण, मायामनुष्य हैं। माया के द्वारा श्रीकृष्ण, प्राकृत मनुष्यवत् प्रतीत होने पर भी स्वतः—स्वेच्छा क्रम से मनुष्याचार लीला करते हैं। अन्य जीव के समान कर्मपरतन्त्र होकर मनुष्योचित आचरण नहीं करते हैं। श्रीकृष्ण, माया के द्वारा मनुष्यरूप प्रकाश करने पर भी मनुष्य लोकातीत हैं। कारण, नररूप में ही श्रीगरुड़ारोहण, रुद्र जय, ब्रह्ममोहनादि लीला में ऐश्वर्य्य को प्रकट कर स्वयं का लोकातीतत्व दर्शाये थे। किम्वा, माया शब्द का अर्थ है—दया, भक्तगण के प्रति श्रीकृष्ण की जो नित्यसिद्ध करुणा है, उस करुणा

७३। अथ श्रीसूतस्यापि (भा० १।२।१)—"इति संप्रश्न-संहृष्टः" इत्याद्यनन्तरम् (भा० १।२।४)—"नारायणं नमस्कृत्य" इत्याद्यन्ते पुराणमुपक्रम्यैवाह, (भा० १।२।५)—

(७३) "मुनयः साधु पृष्टोऽहं भवद्भिर्लोकमङ्गलम् ।
यत् कृतः कृष्णसप्रश्नो येनात्मा सुप्रसीदति ॥"१२७॥

टीका च—(भा० १।२।१) "तेषां वचः प्रतिपूज्य" इति यदुक्तं तत् प्रतिपूजनं करोति—हे मुनयः! साधु यथा भवति तथाहं पृष्टः, यतो लोकानां मङ्गलमेतत्, यद्यतः श्रीकृष्ण-विषयः संप्रश्नः कृतः। सर्वशास्त्रार्थसारोद्धारप्रश्नस्यापि कृष्णे पर्य्यवसानादेवमुक्तम्" इत्येषा।

सर्वसम्वादिनी

तच्चिह्नं षोड़शं प्रोक्तमित्याहुर्मुनयोऽनघाः ॥'३०॥ इति;

हेतु, सच्चिदानन्द नरविग्रह में आप नित्य विराजमान हैं। अथवा, माया ज्ञानवाची है, ज्ञानावस्था में अर्थात् स्वरूपानुभूति होने से ज्ञानी के समीप में ब्रह्म स्वरूप में, योगी के निकट परमात्म स्वरूप में एवं भक्तगण के समक्ष में नराकृति परब्रह्म रूप में स्फूर्ति प्राप्त होते हैं। कारण, नराकृति में ही श्रीकृष्ण परब्रह्म हैं। यह वैष्णवतोषणी की व्याख्या है। उक्त श्लोकोक्त 'माया मनुष्य' पद, श्रीकृष्ण नररूप में प्रकट होने पर भी प्रसिद्ध मानव नहीं हैं, इस अर्थ का प्रकाशक है।

श्रीकृष्ण, कपट मानुष होने से ही गूढ़ हैं, उनका स्वरूप को जानना दुरूह व्यापार है। तदीय कृपा व्यतीत कोई भी व्यक्ति उनको अवगत नहीं हो सकते हैं। किन्तु स्वेच्छा क्रम से कपट मनुष्य रूप से क्रीड़ा करने पर भी उक्त नरविग्रह में ही श्रीकृष्ण स्वयं भगवान् हैं। प्रकरण प्रवक्ता श्रीशौनक हैं ॥७२॥

अनन्तर श्रीसूत का भी तात्पर्य्य श्रीशौनकवत् श्रीकृष्ण में ही है, उसका प्रदर्शन करते हैं। श्रीशौनकादि के उत्तम प्रश्न से निरतिशय आनन्दित चित्त—'इति संप्रश्न संहृष्टो विप्राणां रोमहर्षणिः, प्रतिपूज्यवचस्तेषां प्रवक्तुमुपचक्रमे' (१।२।१) "शौनकादि विप्रवृन्द के उत्तम प्रश्न से परमानन्दित रोमहर्षण नन्दन श्रीसूत, उनके वाक्य को अभिनन्दित करके कथन प्रारम्भ किये थे।"

"नारायणं नमस्कृत्य नरञ्चैव नरोत्तमम्। देवीं सरस्वतीं व्यासं ततो जयमुदीरयेत् ॥" (१।२।४)

'नारायण, नरोत्तम नर, देवी सरस्वती, एवं व्यास को नमस्कार करके तदनन्तर जय का उच्चारण करें।' इत्यादि श्लोक के बाद श्रीमद्भागवत का उपक्रम करके कहते हैं—

"मुनयः साधुपृष्टोऽहं भवद्भिर्लोकमङ्गलम्। यत् कृतः कृष्णसंप्रश्नो येनात्मा सुप्रसीदति ॥"

हे मुनिगण! आप सब ने उत्तम प्रश्न किया है। यह प्रश्न ही जगत् का मङ्गलकर है। कारण, श्रीकृष्ण विषयक प्रश्न ही आपने किया है, उससे ही आत्मप्रसन्नता होती है।"

स्वामिकृत टीका। (१।२।१) श्रीशौनकादि के वाक्य को अभिनन्दित करके' इत्यादि वाक्य में प्रतिपूजन की कथा कही गई है, श्रीसूत, उसकी प्रतिपूजा कर रहे हैं, हे मुनिगण! जिससे उत्तम मङ्गल अर्थात् साधु होता है, उस प्रकार से ही मैं जिज्ञासित हूँ। अर्थात् आपका प्रश्न, सर्वथा प्रशंसार्ह है। कारण, आपका श्रीकृष्णविषयक प्रश्न ही जगत्कल्याणकर है। वह प्रश्न क्यों लोकहितकर है? उसको प्रकाश कर कहते हैं। आपने श्रीकृष्ण विषयक प्रश्न ही किया है। सर्वशास्त्र का सार क्या है? मुनियों ने पहले यह प्रश्न किया था, उसका उत्तर भी श्रीकृष्ण में ही पर्य्यवसित है। अर्थात् निखिल शास्त्र का सार वाच्य श्रीकृष्ण ही हैं। तज्जन्य ही उक्त अभिनन्दन वाक्य में मुनियों के प्रश्न को श्रीसूत ने 'कृष्णसंप्रश्न' नाम से प्रशंसा के सहित अभिहित किया। यह विवरण टीका का है।

सर्वशास्त्र का सार श्रीकृष्ण हैं, एवं अपना भी तात्पर्य्य श्रीकृष्ण में ही है, उसको सूचित करने के

अतएवोत्तरेष्वपि पद्येषु अधोक्षज-वासुदेव-सात्वतांपति-कृष्णशब्दास्तत्प्राधान्यविवक्षयैव पठिताः। अत्र श्रेयःप्रश्नस्याप्युत्तरं लोकमङ्गलमित्यनेनैव तावद्दत्तं भवति, तथात्मसुप्रसाद-हेतोश्च 'येनात्मा सुप्रसीदति' इत्यनेन ॥ श्रीसूतः ॥

७४। तदेवं महाश्रोतृवक्तॄणामैकमत्येन च तात्पर्य्यं सिद्धम्। अथ श्रुति-लिङ्गादिभिः षड्भिरपि प्रमाणैः स एव प्रमीयते। तत्र निरपेक्षरवा श्रुतिर्दर्शितैव, (भा० १।३।२८)

सर्वसम्वादिनी

अत्र 'वैष्णवोत्तम' इत्यादिकं श्रीनारद-सम्बोधनम्। 'यदा कदा' इति यदा कदाचिदेवेत्यर्थः। 'मध्यमा'-

निमित्त परवर्त्ती श्लोकसमूह में आपने अधोक्षज, वासुदेव, सात्वतां पति, एवं कृष्ण शब्द का प्रयोग, श्रीकृष्ण को प्रधान रूप से प्रकाश करने के उद्देश्य से ही किया है।

"स वै पुंसां परो धर्मो यतो भक्तिरधोक्षजे। अहैतुक्यप्रतिहता ययात्मा संप्रसीदति।
वासुदेवे भगवति भक्तियोगः प्रयोजितः। जनयत्याशु वैराग्यं ज्ञानञ्च यदहैतुकम् ॥
तस्मादेकेन मनसा भगवान् सात्वतां पतिः। श्रोतव्यः कीर्त्तितव्यश्च ध्येयः पूज्यश्च नित्यशः ॥
शृण्वतां स्वकथाः कृष्णः पुण्यश्रवणकीर्त्तनः। हृद्यन्तःस्थो ह्यभद्राणि विधुनोति सुहृत्सताम् ॥"

श्रीशौनक का प्रश्न था—"श्रेयः क्या है ?" इस प्रश्न का उत्तर "लोकमङ्गल" पद से, "आत्म सुप्रसाद का कारण क्या है ?" इसका उत्तर "जिसके द्वारा आत्मा की सुप्रसन्नता है" वाक्यांश से आपने दिया है। अतएव सुप्रतीत होता है कि—'लोक मङ्गल क्या है ?' 'सर्वशास्त्र का सार क्या है ? 'आत्म सुप्रसाद प्राप्ति का उपाय क्या है ?' ये तीन प्रश्नों का उत्तर—

"मुनयः साधु पृष्टोऽहं भवद्भिर्लोकमङ्गलम्। यत् कृतः कृष्णसंप्रश्नो येनात्मा सुप्रसीदति ॥"

उक्त श्लोकस्थ 'कृष्णसंप्रश्न' वाक्य से ही दिया गया है। अर्थात् मुख्य वाच्य कृष्णसंप्रश्न, निखिल जगत् का हेतु—श्रीकृष्ण संप्रश्न, एवं आत्मप्रसन्नता प्राप्त करने का भी उपाय श्रीकृष्ण संप्रश्न ही है।

प्रवक्ता श्रीसूत हैं ॥७३॥

महाश्रोता एवं महावक्ता का प्रकरण पर्य्यालोचन से निर्णीत हुआ कि—उन सबका ऐकमत्य श्रीकृष्ण तात्पर्य्य में ही है।

अनन्तर—"श्रुति-लिङ्ग-वाक्य-प्रकरण-स्थान-समाख्यानां समवाये पारदौर्बल्यमर्थविप्रकर्षात्। मीमांसादर्शनम्" (३।३।१४) वचनगत विरोध समाधान हेतु मीमांसा सूत्रकार का मत है—श्रुति, लिङ्ग, वाक्य, प्रकरण, स्थान, समाख्या के समवाय स्थल में क्रमशः पर पर प्रमाण की दुर्बलता है। श्रुति लिङ्ग के मध्य में लिङ्ग दुर्बल, लिङ्ग वाक्य के मध्य में वाक्य दुर्बल है, इत्यादि। उक्त नियमानुसार श्रुति का सर्वाधिक प्रामाण्य है। श्रुत्यादि का निरुक्ति इस प्रकार है—

"श्रुतिश्च शब्द, क्षमता च लिङ्गम्। वाक्यं पदान्येव तु संहतानि ॥
सा प्रक्रिया यत् करणं साकाङ्क्षम्। स्थानं क्रमो योगबलं समाख्या ॥

श्रुति—शब्द, लिङ्ग—क्षमता, वाक्य—पदसंहति, प्रकरण—साकाङ्क्षकरण, स्थान—क्रम, समाख्या—योगबल। निरपेक्षोरवः—श्रुतिः। शब्दसामर्थ्यं—लिङ्गम्। समभिव्याहारो—वाक्यम्। उभयाकाङ्क्षा—प्रकरणम्। देश—सामान्य-स्थानम्। समाख्या—यौगिकशब्दः। निजार्थप्रतिपादन में पदान्तरापेक्षा रहित शब्द ही श्रुति है। शब्दार्थ प्रकाशन को लिङ्ग कहते हैं। साध्यत्वादि द्वितीयादि का अभाव होने से तात्पर्य्य लब्ध शेष-शेषि भाव बोधक पदद्वय का सहोच्चारण का नाम वाक्य है।

"कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" इत्यत्र। अथ श्रुतिसामर्थ्यरूपं लिङ्गञ्च (भा० १०।१३।४६)—

"तावत् सर्वे वत्सपालाः पश्यतोऽजस्य तत्क्षणात्।
व्यदृश्यन्त घनश्यामाः पीतकौशेयवाससः ॥"१२८॥

इत्यादौ ज्ञेयम्। किन्त्वन्यत्र—"बर्हिर्देवसदनं दामि" इत्यस्य मन्त्ररूपस्य लिङ्गस्य बलात् श्रुतिः कल्प्यते। अत्र तु "कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" इति साक्षादेव तद्रूपोऽस्तीति विशेषोऽप्यस्ति। अथाकाङ्क्षायोग्यतासत्तिमदनेकपदविशिष्टैकार्थ्यप्रतिपादकशब्दरूपं वाक्यञ्च

सर्वसम्वादिनी

पार्ष्णि-पर्यन्तयोः समदेशो 'मध्य'स्तत्र 'ध्वजा' ध्वजः। 'त्र्यङ्गुलमानतः' पादाग्रे त्र्यङ्गुल-प्रमाणदेशं

अङ्गाङ्गित्व में अभिमत परस्पराकाङ्क्षा का नाम प्रकरण है। देश का समानत्व को स्थान, एवं यौगिक शब्द को समाख्या कहते हैं।

उक्त षड् विध श्रुत्यादि प्रमाण के द्वारा उक्त तात्पर्य्यार्थ का प्रतिपादन करते हैं। श्रुति निरपेक्षरवा भा० १।३।२८ में वर्णित है—"श्रीकृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" स्वयं भगवत्ता शब्दोपात्त ही है। श्रुति सामर्थ्य रूप लिङ्ग का उदाहरण भा० १०।१३।४६ में है—"तावत् सर्वे वत्सपालाः पश्यतोऽजस्य तत्क्षणात्।
व्यदृश्यन्त घनश्यामाः पीतकौशेयवाससः ॥

टीका—अन्यदप्याश्चर्य्यमाह—तावदिति। वत्सपालाः, वत्साः पालाश्च सर्वे यष्टिविषाणादयः।

ब्रह्मा के देखते देखते ही वत्सपाल एवं वत्सगण प्रभृति पीतवसन एवं मेघश्यामल कान्ति से सुशोभित हो गये।" इसमें जानना आवश्यक है कि—उक्त श्लोक में श्रुति सामर्थ्यरूप लिङ्ग का उदाहरण सुस्पष्ट है, एवं श्रुति का ही प्राबल्य है। किन्तु अन्यत्र अर्थात् "बर्हिर्देवसदनं दामि" मन्त्र प्रयोग के बल से मूल प्रेरणात्मक श्रुति वाक्य का अनुसन्धान आवश्यक है। कारण उक्त मन्त्र वाक्य का स्वतन्त्र रूप से विनियोग नहीं है, श्रुति का ही साक्षात् विनियोग होता है। अर्थात् श्रुति का मुख्यत्व है, एवं मन्त्र का गौणत्व। सुतरां गौण प्रयोग के स्थल में मुख्य का अनुसन्धान अन्वय के निमित्त आवश्यक है। मुख्य के विना, गौण का अवस्थान असम्भव है। विचार्य्य स्थल में "कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" साक्षात् श्रुति ही बलवती है। कारण, श्रुति साक्षात् विनियोग विधान करती है, अतः वह शीघ्र प्रवृत्त है। लिङ्ग—श्रुति कल्पना के द्वारा विनियोग विधान करता है, अतः वह विलम्बित प्रवृत्त है। कारण, जिस शब्द श्रवण मात्र से ही (विभक्ति प्रभृति का श्रवण मात्र से ही) सम्बन्ध की प्रतीति होती है, उसको श्रुति कहते हैं। लिङ्ग शब्द से सामर्थ्य का बोध होता है। सुतरां मन्त्रगत पदसमूह, प्रथमतः निज निज अर्थ प्रतिपादन करते हैं। अनन्तर उससे (अर्थबोध से) सामर्थ्य का अनुमान होता है। अनन्तर अनुमित सामर्थ्य की विद्यमानता से तद्द्वारा आकाङ्क्षाधीन श्रुति की कल्पना होती है, यथा 'मन्त्रेण इन्द्रमुपतिष्ठेत्' लिङ्ग के द्वारा विहित होने के पहले ही प्रत्यक्ष श्रुति के द्वारा विनियोग साधित होता है। अतः निर्विषय लिङ्ग, श्रुति के द्वारा बाधित होता है। "कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" साक्षात् श्रुति ही अर्थ प्रतिपादन में स्वतन्त्र है।

श्रुति, लिङ्ग, वाक्य, प्रकरण, स्थान अर्थात् क्रम एवं समाख्या इन सबके समवाय से अर्थात् एक ही विषय में एकाधिक का समावेश होने से 'पारदौर्बल्यम्' परवर्त्ती की दुर्बलता होती है। अर्थात् परवर्त्ती विषय पूर्वापेक्षा दुर्बल होने से पूर्व के द्वारा बाधित होता है। 'अर्थविप्रकर्षात्' कारण अर्थ का अर्थात् अङ्गाङ्गित्व निर्णयरूप विनियोग का विप्रकर्ष होता है, अर्थात् विलम्बित भाव से बोधकता होती है। यह सिद्धान्त है।

(भा० १।७।७) "यस्यां वै श्रूयमाणायाम्" इत्यादिरूपमेव। यथा खलु "इमामगृभ्णन्-रशनामृतस्य" इति मन्त्रस्य रशनामात्रादाने विनियोगप्राप्तौ "इमामगृभ्णन् रशनामृतस्य" इति, "अश्वाभिधानीमादत्ते" इति ब्राह्मणवाक्यादश्वरशनादाने विनियोगः प्रतीयते, तथात्रापि (भा० १।७।४) "भक्तियोगेन मनसि सम्यक् प्रणिहितेऽमले। अपश्यत् पुरुषं पूर्णम्" इत्यत्र पूर्णपुरुषत्वेनोक्तस्य कृष्णत्वं (भा० १।७।७) "यस्यां वै श्रूयमाणायां कृष्णे परमपूरुषे" इति वाक्याद्वयज्यत इति, तथारभ्याधीतरूपं प्रकरणञ्चात्र (भा० १।१।१२) "सूत जानासि भद्रं ते" इत्यादिरूपम्। यथा "दर्शपौर्णमासाभ्यां यजेत" इत्यत्र तृतीयया श्रुत्या दर्शपौर्णमासयोः प्रकरणत्वेन प्राप्ते करणस्य चेति-कर्त्तव्यताकाङ्क्षायां "समिधो यजति" इत्यादिना योजना, तथा "दर्शपौर्णमासाभ्याम्" इत्यादेर्वाक्यस्य फलविधुरस्य फलाकाङ्क्षायां "अग्निष्टोमेन स्वर्गकामो यजेत" इति तदारभ्य प्रकरणार्थारब्धेन स्वर्गकाम इत्यनेन योजना। तथा,— "सूत जानासि भद्रं ते" इत्यत्र श्रवणारम्भ एव श्रीकृष्णस्यावतारे हेतुं विज्ञातुमिच्छद्भिः शौनकादिभिस्तत्र परमाद्भुततां व्यज्य श्रीकृष्णस्यैव सर्वत्र ज्ञेयत्वेन योजना गम्येति तस्यैव

सर्वसम्वादिनी

परित्यज्येत्यर्थः;—पद्मस्याधो ध्वजं धत्ते सर्वानर्थ-जयध्वजम्' इति स्कान्द-संवादात्। 'यत्र कुत्रचित्' परित

श्रुति लिङ्ग में श्रुति का प्राबल्य उक्त हेतु से जिस प्रकार होता है, उस प्रकार लिङ्ग वाक्य के मध्य में लिङ्ग का प्राधान्य है। कारण, आकाङ्क्षा योग्यता आसत्तियुक्त अनेक पदविशिष्ट एकार्थ प्रतिपादक शब्द को वाक्य कहते हैं। भा० १।७।७ में उक्त है—"यस्यां वै श्रूयमाणायां" इत्यादि वाक्य लक्षणाक्रान्त है।

उक्त रीति से "इमामगृभ्णन्रशनामृतस्य" इस विधि से रशना ग्रहण मात्र का बोध होता है। वह रशना द्विविध है, अर्थात् अश्वरशना गर्दभरशना। किन्तु अदृष्ट के निमित्त गर्दभरशना उपयोगी नहीं है। अश्वरशना का ही विनियोग प्रस्तुत कर्म में विधेय है। "इमामगृभ्णन्रशनामृतस्य" वाक्य से "अश्वाभिधानीमादत्ते" इस प्रकार ब्राह्मण वाक्य से अश्वरशना ग्रहण में ही विनियोग दृष्ट होता है। उस रीति से ही भा० १।७।४-स्थ 'भक्तियोगेन मनसि सम्यक् प्रणिहितेऽमले, अपश्यत् पुरुषं पूर्णम्" वाक्य से पूर्णपुरुष शब्द से भा० १।७।७ के वर्णन से "यस्यां वै श्रूयमाणायां कृष्णे परमपूरुषे" इस वाक्य से कृष्ण का ही पूर्णपुरुषत्व स्थापित है। उभयाकाङ्क्षा प्रकरण भी आरम्भ वाक्य से सुप्रसिद्ध है। भा० १।१।१२ में उक्त है—'सूत जानासि द्र ते"। उदाहरण स्थल में "दर्शपौर्णमासाभ्यां यजेत" यहाँ दर्शपौर्णमासाभ्यां तृतीया श्रुति के द्वारा दर्शपौर्णमास याग ही प्रकरण प्राप्त है। करण की इति कर्त्तव्यता की आकाङ्क्षा है। "समिधो यजति" इसके सहित वाक्य योजना करना आवश्यक है। उस प्रकार ही 'दर्शपौर्णमासाभ्याम्' वाक्य में फल वर्णन नहीं है। फल श्रवण के विना पुरुष प्रवृत्ति नहीं होती है। उक्त वाक्य में फलाकाङ्क्षा विद्यमान है, उसकी पूर्त्ति हेतु "अग्निष्टोमेन स्वर्गकामो यजेत" श्रुति का अनुसन्धान होता है। इस प्रकार प्रकरणप्राप्त वाक्यसमूह के सहित "स्वर्गकाम" पद का अन्वय करना आवश्यक होगा। दार्ष्टान्तिक प्रकरण में भी "सूत जानासि भद्रं ते" प्रश्न वचन से आरम्भ कर श्रीकृष्णावतार के प्रति हेतु की जिज्ञासा श्रीशौनकादि की हुई। समस्त भगवदवतारों में श्रीकृष्णावतार का परमाद्भुतत्व होने के कारण समस्त

स्वयंभगवत्त्वं व्यक्तम् । तच्च दर्शितं सर्वश्रोतृवक्तृणां तदैकमत्यप्रकरणेनेति । अथ क्रमवर्त्तिनां पदार्थानां क्रमवर्त्तिभिः पदार्थैर्यथाक्रमसम्बन्धरूपं स्थानञ्चात्र "सूत जानासि भद्रं ते" इत्यादावेव ज्ञेयम् । यथा दर्शपौर्णमासप्रकरणे कानिचित् कर्माणि उपांशुयागप्रभृतीनि "दर्विरसि" इत्यादयः केचन मन्त्राश्च समाम्नायन्ते । तत्र यस्य क्रमेण यो मन्त्रः समाम्नातस्तेनैव तस्य च सम्बन्धस्तथा (भा० १।२।५)—"मुनयः साधु पृष्टोऽहं भवद्भिर्लोकमङ्गलम् । यत् कृतः कृष्णसंप्रश्नः" इत्यत्र 'कृष्ण'-शब्दस्य प्रथमप्रश्नोत्तरगतत्वेन पठितस्य देवकीजातवाचकत्वमेव लभ्यते । अथ नामादिना तुल्यताख्यानरूपा समाख्या च (भा० १।३।१) "जगृहे पौरुषं रूपं भगवान्" इत्यस्य (भा० १।३।२८) "एते चांशकलाः पुंसः कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" इत्यत्र पर्य्यवसानमित्येवं ज्ञेयम् । यथाध्वरसंज्ञानां मन्त्राणाम् "अग्निर्यज्ञं नयतु प्रजानन्" इत्यादीनाम् 'आध्वर्य्यसंज्ञके कर्मणि विनियोगः' इति । किञ्च, एतस्यामष्टादशसाहस्र्यां

सर्वसम्वादिनी

इत्यर्थः । 'आदि'मङ्गुष्ठ-तर्जनीसन्धिमारभ्य मध्यमा-मध्यं याव'त्तावदूर्द्ध्वरेखा' व्यवस्थिता 'पाद्म-संज्ञके

ज्ञेय पदार्थ के सहित श्रीकृष्ण शब्द ही अन्वित है । अतएव स्वयं भगवत्ता एकमात्र श्रीकृष्ण की है । इसका प्रकाश उक्त प्रकरणों से हुआ है ।

श्रीमद्भागवत के समस्त श्रोतृवक्तृगण के प्रकरण में श्रीकृष्ण कथा ही है । यथा—श्रीविदुर-मैत्रेय, श्रीपरीक्षित्-श्रीशुक, श्रीव्यास-श्रीनारद, श्रीब्रह्मा-श्रीकृष्ण, एवं श्रीशौनकादि-श्रीसूत, इन समस्त प्रकरणों में श्रीमद्भागवत-श्रोता वक्ता का अभिप्राय एक प्रकार होने से ही एकमात्र श्रीकृष्ण में ही उन सबों का तात्पर्य्य सिद्ध होता है ।

अनन्तर क्रमवर्त्ति पदार्थों का क्रमवर्त्ति पदार्थों के सहित सम्बन्ध होना ही मीमांसोक्त स्थान है । "स्थानं—क्रमः" उसका समन्वय—"सूत जानासि भद्रं ते" इत्यादि प्रकरण में सुस्पष्ट है । जिस प्रकार दर्शपौर्णमास याग प्रकरण में कतिपय उपांशु याग प्रभृति का वर्णन है । "दर्विरसि" प्रभृति मन्त्र का वर्णन उन उन पृथक् पृथक् याग के निमित्त है । उसमें जिस क्रम में जिस मन्त्र का कथन हुआ है, उस क्रम के सहित ही, उक्त मन्त्रसमूह का विनियोग होगा, अन्यत्र नहीं । इस प्रकार प्रस्तुत स्थल में क्रमप्राप्त मूलतः श्रीकृष्ण का सम्बन्ध हुआ है, अतएव उक्त क्रम से श्रीकृष्ण का सम्बन्ध श्रीमद्भागवतस्थ प्रकरण समूह में है । भा० १।२।५ में वर्णित—"मुनयः साधु पृष्टोऽहं भवद्भिर्लोकमङ्गलम् ।
यत् कृतः कृष्णसंप्रश्नो येनात्मा सुप्रसीदति ।।" यहाँ सर्वादि प्रश्नोत्तर क्रम से श्रीकृष्ण शब्द का ही उल्लेख हुआ है । वह 'कृष्ण' रूढ़ि रूप से देवकी जात बोधकत्व ही है, अपर नहीं । अनन्तर योगबलरूप समाख्या का समन्वय भी उन श्रीकृष्ण शब्द में ही है । नामादि के द्वारा तुल्यताख्यान रूपा समाख्या का पर्य्यवसान भा० १।३।१ में वर्णित "जगृहे पौरुषं रूपं भगवान्" वाक्य का पर्य्यवसान, भा० १।३।२८ में उक्त "एते चांशकलाः पुंसः कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" "पुंसः" शब्द में होता है । जिस प्रकार अध्वर संज्ञ मन्त्रसमूह का विनियोग—('अग्निर्यज्ञं नयतु प्रजानन्' इत्यादि का) आध्वर्य्य संज्ञक कर्म में ही होता है । इस प्रकार ही 'जगृहे' वाक्यस्थ 'पुरुष' शब्द का विनियोग 'एते चांशकलाः पुंसः' वाक्यस्थ पुरुष शब्द का सहोदर 'पुंसः' शब्द के सहित ही है ।

संहितायां श्रीकृष्णस्यैवाभ्यासबाहुल्यं दृश्यते। तत्र प्रथमदशमैकादशेष्वतिविस्तरेणैव। द्वितीये श्रीब्रह्मनारदसंवादे; तृतीये श्रीविदुरोद्धव-संवादे; चतुर्थे (भा० ४।१।५७) "ताविमौ वै भगवतो हरेरंशाविहागतौ" इत्यत्र, (भा० ४।१७।६) "यच्चान्यदपि कृष्णस्य" इत्यादौ च; पञ्चमे (भा० ५।६।१८) "राजन् पतिर्गुरुरलम्" इत्यादौ; षष्ठे (भा० ६।८।२०) "मां केशवो गदया प्रातरव्याद्,-गोविन्द आसङ्गवमात्तवेणुः" इत्यत्र; सप्तमे श्रीनारदयुधिष्ठिर-संवादे; अष्टमे तन्महिमविशेषबीजारोपरूपे कालनेमिबधे तादृशश्रीमदजितद्वारापि तस्य मुक्तिर्नाभवत्, किन्तु पुनः कंसत्वे तद्द्वारैवेति तन्महिमविशेषकथनप्रथमाङ्गत्वात्; नवमे सर्वान्ते श्रीद्वादशे च (भा० १२।११।२५) "श्रीकृष्ण कृष्णसख वृष्ण्यृषभावनिध्रुग्,-राजन्यवंशदहनानपवर्गवीर्य्य"

सर्वसम्वादिनी

पुराणे 'कथिते'त्यर्थः। 'अष्टाङ्गुलैर्मानं तदि'ति मध्यमाङ्गुलमाणं परित्यज्येत्यर्थः। तावद्विस्तारत्वेन

और भी दृष्ट होता है—अष्टादशसहस्र श्लोक समन्वित पारमहंस्य-संहितात्मक श्रीमद्भागवत में श्रीकृष्ण का ही अभ्यास बाहुल्य है। पुनः पुनः कथनं अभ्यासः। तन्मध्यमें श्रीमद्भागवत के प्रथम, दशम, एकादश में अति विस्तृत रूप से श्रीकृष्ण का वर्णन है। द्वितीय स्कन्धस्थ श्रीब्रह्म-नारद संवाद में श्रीकृष्ण प्रसङ्ग है।

तृतीय स्कन्धस्थ विदुर-उद्धव संवाद में श्रीकृष्ण प्रसङ्ग ही है। चतुर्थ स्कन्धस्थ ४।१।५७ में "ताविमौ वै भगवतो हरेरंशाविहागतौ" (भा० ४।१७।६) "यच्चान्यदपि कृष्णस्य" इत्यादि में श्रीकृष्ण चरित्र का वर्णन है। पञ्चम स्कन्ध के भा० ५।६।१८ में—

"राजन्! पतिर्गुरुरलं भवतां यदूनां दैवं प्रियः कुलपतिः क्व च किङ्करो वः।
अस्त्येवमङ्ग! भगवान् भजतां मुकुन्दो मुक्तिं ददाति कर्हिचित् स्म न भक्तियोगम्॥"

हे राजन्! भगवान् मुकुन्द, आपसबका एवं यादवों का पालक, उपदेष्टा, उपास्य, सुहृत्, नियन्ता, एवं दौत्यादि का कार्य्य सम्पादनकारी हैं। इस प्रकार सौभाग्य लाभ किसी का नहीं हुआ है। मुकुन्द, भजनपरायण व्यक्तिगण को मुक्ति प्रदान करते हैं, किन्तु कदापि प्रेमभक्ति प्रदान नहीं करते हैं। कृष्ण प्रसङ्ग का वर्णन ही हुआ है।

षष्ठस्कन्धस्थ ६।८।२० में—"मां केशवो गदया प्रातरव्याद् गोविन्द आसङ्गवमात्तवेणुः" प्रातःकाल में गदा के द्वारा केशव, प्रत्युषकाल में वंशीधारी गोविन्द, मेरी रक्षा करें। दिवस का प्रथम षष्ठांश पाँचदण्ड प्रातःकाल, द्वितीय षष्ठांश छदण्ड से दशदण्ड पर्य्यन्त समय को आसङ्गव कहते हैं। सुस्पष्ट कृष्णचरित्र है।

सप्तम स्कन्धस्थ श्रीनारद-युधिष्ठिर संवाद में श्रीकृष्ण चरित्र वर्णित है। अष्टम स्कन्ध में श्रीकृष्ण की महिमा का विशेष बीजारोपण अवसर में अर्थात् हतारिगतिदायक गुण प्रदर्शन के निमित्त (अन्य भगवत् स्वरूप कर्त्तृक निहत असुर की स्वर्गादि योगरूप उर्द्ध्व गति होती है, मुक्ति नहीं होती है। श्रीकृष्ण के द्वारा निहत होने से असुर मुक्त होता है। श्रीअजित के द्वारा निहत कालनेमि का मोक्ष नहीं हुआ, किन्तु पुनर्बार कंस रूप में उत्पन्न होकर श्रीकृष्ण हस्त से निहत होकर उसकी मुक्ति हुई। निजारि मोक्ष दान रूप महिमा विशेष सूचनरूप श्रीकृष्ण चरित्र का वर्णन हुआ है। नवम स्कन्ध के सर्वान्त में श्रीकृष्ण चरित्र वर्णन है। एवं द्वादश स्कन्धस्थ १२।११।२६ में श्रीकृष्ण चरित्र वर्णित है—

"श्रीकृष्णकृष्णसख-वृष्ण्यृषभावनीध्रुग्राजन्यवंशदहनानपवर्गवीर्य्य।
गोविन्दगोपवनिताव्रजभृत्यगीततीर्थश्रव श्रवणमङ्गल पाहि भृत्यान्॥

इत्यादौ। श्रीभागवतानुक्रमणिकायाञ्चोत्तरोत्तरत्र सर्वतोऽपि भूयस्त्वेन गीयते। तथा च यस्यैवाभ्यासस्तदेव शास्त्रे प्रधानमिति (ब्र० सू० १।१।१२) "आनन्दमयोऽभ्यासात्" इत्यत्र परैरपि समर्थितत्वादिहापि श्रीकृष्ण एव प्रधानं भवेदिति तस्यैव मूलभगवत्त्वं सिद्ध्यति।

सर्वसम्वादिनी

व्याख्यायां स्थानासमावेशः। अतएव पूर्वमपि तथा व्याख्यातम्। एवमुत्तरत्रापि ज्ञेयम्। 'इन्द्रचापत्रिकोणार्द्ध-

हे श्रीकृष्ण ! हे अर्जुनसख ! हे वृष्णिश्रेष्ठ ! आपने पृथिवी के अमङ्गलस्वरूप राजन्यवृन्द को विनष्ट किया है। हे अक्षीण वीर्य्य ! हे गोविन्द ! गोप, गोपी एवं अन्य व्रजजनगण तथा नारदादि भक्तगण, आपका यशोगान करते हैं। आपके नाम-गुण श्रवण से ही मङ्गल होता है। निज भृत्यवर्ग हम सबकी रक्षा आप करें।

द्वादश स्कन्ध के द्वादश अध्याय में श्रीमद्भागवत की अनुक्रमणिका वर्णित है। वहाँ संक्षेप से श्रीकृष्ण चरित्र ही वर्णित है।

"यत्रावतीर्णो भगवान् कृष्णाख्यो जगदीश्वरः। वसुदेवगृहे जन्म तस्य वृद्धिश्च गोकुले ॥
तस्य कर्माण्युदाराणि कीर्त्तितान्यसुरद्विषः। पूतनासु पयः पानं शकटोच्चाटनं शिशोः ॥
तृणावर्त्तस्य निष्पेष स्तथैव वकवत्सयोः। अघासुरबधो यात्रा वत्सपालावगूहनम्।
धेनुकस्य सहभ्रातुः प्रलम्बस्य संक्षयः ॥
गोपानाञ्च परित्राणं दावाग्नेः परिसर्पतः। दमनं कालियस्याहेर्महाहेर्नन्दमोक्षणम् ॥
व्रतचर्य्या तु कन्यानां यत्र तुष्टोऽच्युतो व्रतैः। प्रसादो यज्ञपत्नीभ्यो विप्राणाञ्चानुतापनम् ॥
गोवर्द्धनोद्धारणञ्च शक्रस्य सुरभेरथ। यज्ञाभिषेकं कृष्णस्य स्त्रीभिः क्रीड़ा च रात्रिषु ॥
शङ्खचूड़स्य दुर्बुद्धेर्बधोऽरिष्टस्य केशिनः। अक्रूरागमनं पश्चात् प्रस्थानं रामकृष्णयोः ॥
व्रजस्त्रीणां विलापश्च मथुरावलोकनं ततः। गजमुष्टिकचानुरकंसादीनां तथा बधः ॥
मृतस्यानयनं सूनोः पुनः सान्दीपनेर्गुरोः। मथुरायां निवसतो यदुचक्रस्य यत् प्रियम् ॥
कृतमुद्धवरामाभ्यां युतेन हरिणा द्विजाः। सन्धासन्धसमानीत सैन्यस्य बहुशो बधः ॥
घातनं जवनेन्द्रस्य कुशस्थल्या निवेशनम्। आदानं पारिजातस्य सुधर्मायाः सुरालयात् ॥
रुक्मिण्या हरणं युद्धे प्रमथ्य द्विषतो हरेः। हरस्य जृम्भणं युद्धे वाणस्य भुजकृन्तनम्।
प्राग्ज्योतिषपतिं हत्वा कन्यानां हरणञ्च यत्। चैद्यपौण्ड्रकशाल्वानां दन्तवक्रस्य दुर्म्मतेः ॥
शम्बरो द्विविदः पीठो मुरः पञ्चजनादयः। माहात्म्यञ्च बधस्तेषां वाराणस्याश्च दाहनम् ॥
भारावतरणं भूमेर्निमित्तीकृत्य पाण्डवान्। विप्रशापापदेशेन संहार स्वकुलस्य च ॥
उद्धवस्य च संवादो वसुदेवस्य चाद्भुतः। यत्रात्मविद्या ह्यखिला प्रोक्ता कर्मविनिर्णयः।
ततो मर्त्यपरित्यागः आत्मयोगानुभावतः ॥" (भा० १२।१२।२६-४३)

प्रश्न हो सकता है कि—अभ्यास बाहुल्य से क्या होता है ? उत्तर में कहते हैं—शास्त्र में जिस विषय का अभ्यास होता है। अर्थात् बारम्बार कथन होता है, उसको ही उस शास्त्र का मुख्य प्रतिपाद्य विषय जानना होगा। केवल श्रीमद्भागवतीय सिद्धान्त निर्णय में उक्त रीति का अवलम्वन हुआ है, यह नहीं। अपितु वेदान्त दर्शन का "आनन्दमयोऽभ्यासात्" (१।१।१२) सूत्र की व्याख्या में श्रीशङ्कराचार्य्य प्रभृतियों ने भी उक्त रीति का अवलम्बन कर कहा है—"शास्त्र में जिसका अभ्यास, पुनः पुनः कथन दृष्ट होता है, वह ही शास्त्र का मुख्य वाच्य है।"

अतएव श्रीमद्भागवत में श्रीकृष्ण सम्बन्धीय प्रसङ्ग का बाहुल्यवशतः श्रीकृष्ण ही श्रीमद्भागवत

यत्प्रतिपादकत्वेनास्य शास्त्रस्य भागवतमित्याख्या। अपि च न केवलं बहुत्र सूचनमात्रमत्राभ्यासनम्, अपि त्वर्द्धादप्यधिको ग्रन्थस्तत्प्रस्तावको दृश्यते, तत्रापि सर्वाश्चर्य्यतया। तस्मात् साधूक्तम् (भा० १।३।२८)—"एते चांशकलाः पुंसः कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" इति। तदेवमस्य वचनराजस्य सेनासंग्रहो निरूपितः। तस्य प्रतिनिधिरूपाणि वाक्यान्तराण्यपि दृश्यन्ते; यथा (भा० ६।२४।५५)—

(७४) "अष्टमस्तु तयोरासीत् स्वयमेव हरिः किल" इति।

सर्वसम्वादिनी

चन्द्रकाणि' क्रमादधोऽधोभागस्थानि। अन्यत्रेति श्रीकृष्णादन्यत्रेत्यर्थः। 'विन्दु'रम्बरम्; 'आदौ' चरणस्यादि-

शास्त्र का मुख्य वाच्य हैं, एवं उससे श्रीकृष्ण की ही स्वयं भगवत्ता सिद्ध होती है। स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण का ही प्रतिपादन होने के कारण ही इस ग्रन्थ का नामकरण भी श्रीमद्भागवत हुआ है।

"आनन्दमयः" सूत्र का सारार्थ इस प्रकार है—श्रुति में जिस प्रकार आनन्दमय पुरुष की वार्त्ता है, वह जीव है, अथवा ब्रह्म है? उत्तर—आनन्दमय पदवाच्य ब्रह्म हैं, जीव नहीं। कारण, आनन्दमय षब्द के द्वारा ब्रह्म को ही बारम्बार कहा गया है। श्रीशङ्कराचार्य्य कृत भाष्य भी निम्नोक्त रूप है—

"परमानन्दमयो भवितुमर्हति, कुतोऽभ्यासात्। परस्मिन्नेव ह्यात्मन्यानन्दशब्दो बहुकृत्योऽभ्यास्येते। आनन्दमयं प्रस्तुत्य "रसो वै सः" इति तस्यैव रसत्वमुच्यते। "रसो ह्येवायं लब्धानन्दी भवतीति", "को ह्येवान्यात् कः प्राण्याद्यद्येष आकाश आनन्दो न स्यात्" एष ह्येवानन्दयाति, "सैषानन्दस्य मीमांसा भवति" 'एतमानन्दमयमात्मानमुपसंक्रामति" "आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान् न विभेति कुतश्चन" इति 'आनन्दं ब्रह्मेति व्यजानात्" इति च। श्रुत्यन्तरे च "विज्ञानमानन्दं ब्रह्म" इति ब्रह्मण्येव आनन्द शब्दो दृष्टः। एवमानन्दशब्दस्य बहुकृत्यो ब्रह्मण्यभ्यासात् आनन्दमय आत्मा ब्रह्मेति गम्यते।"

उक्त नियमावलम्बन से ही श्रीमद्भागवत शास्त्र विचार के द्वारा श्रीकृष्ण में ही सर्वमूल भगवत्ता सिद्ध होती है, एवं शास्त्र की भागवत आख्या भी सार्थक होती है।

विशेषतः श्रीमद्भागवत के अनेक स्थलों में श्रीकृष्ण प्रसङ्ग की अवतारणा निबन्धन केवल अभ्यास का ही प्रदर्शन हुआ है, यह नहीं। किन्तु, अर्द्ध से भी अधिक संख्यक श्लोकात्मक ग्रन्थ में श्रीकृष्ण प्रसङ्ग ही दृष्ट होता है। उसमें भी श्रीकृष्ण प्रसङ्ग, सर्वापेक्षा अतिशय विस्मयकर रूप से वर्णित है। अतएव उत्तम रूप से वर्णित है। उत्तम रूप से यथार्थ ही कहा गया है। "एते चांशकलाः पुंसः कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्"। एतत् पर्य्यन्त उक्त वचन से राजा का सैन्यसंग्रह निरूपित हुआ। अधुना तदीय प्रतिनिधि रूप वाक्यसमूह का प्रदर्शन होगा। 'कृष्णस्तु भगवान् स्वयं' वाक्य का प्रतिनिधि वाक्य, भा० ६।२४।५५ में "अष्टमस्तु तयोरासीत् स्वयमेव हरिः किल।" श्रीदेवकी वसुदेव के अष्टम पुत्र स्वयं श्रीहरि ही हैं। प्रसिद्ध भी है।

क्रमसन्दर्भः। अष्टमस्त्विति। हरति—आकर्षति, वशीकरोति सर्वमिति हरिः। पूर्णो भगवान्। स एव स्वयमासीत्, नत्वाविर्भावान्तरेण। किलेति—(भा० १।३।२८) "एते चांशकलाः पुंसः कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" इति प्रसिद्धं निश्चिनोति॥

जो सबको वशीभूत करते हैं, वह ही स्वयं श्रीहरि हैं, वह ही स्वयं भगवान् हैं। आप स्वयं ही अवतीर्ण हैं। आविर्भावान्तर के द्वारा नहीं। किल शब्द—"एते चांशकलाः पुंसः कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" श्रीसूतोक्ति से जिस प्रकार श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता निश्चित है, उस प्रकार ही प्रस्तुत श्लोक से भी देवकी पुत्र की स्वयं भगवत्ता प्रतिपादित है।

'किल'-शब्देन कृष्णस्त्विति प्रसिद्धिः सूच्यते। ततो हरिरत्र भगवानेव; तथोक्तञ्च (भा० १०।१।२३—)"वसुदेवगृहे साक्षाद्भगवान् पुरुषः परः" इति च ॥ श्रीशुकः ॥

७५। यथा वा (भा० १०।१४।३२)—

(७५) "अहो भाग्यमहो भाग्यम्" इत्यादि।

ब्रह्मत्वेनैव वृहत्तमत्वे लब्धेऽपि पूर्णमित्यधिकं विशेषणमत्रोपजीव्यते ॥ ब्रह्मा श्रीभगवन्तम् ॥

सर्वसम्वादिनी

देशे तदङ्गुलिसमीपे 'बिन्दुः'; 'अन्ते' पार्ष्णिदेशे 'मत्स्यचिह्नम्'। 'षोड़शं चिह्न'मुभयोरपि ज्ञेयम्;—

उक्त श्लोकस्थ किल शब्द के द्वारा स्वयं श्रीकृष्ण का आविर्भाव ही सूचित हुआ है, अन्य नहीं है। "कृष्णस्तु भगवान् स्वयं" वाक्य का स्मारक भी किल शब्द है। सुतरां प्रस्तुत स्थलस्थ स्वयं हरि शब्द का अर्थ स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण ही है। उक्त श्लोक में जिस प्रकार श्रीवसुदेवनन्दन को स्वयं हरि शब्द से उल्लेख किया गया है, उस प्रकार भा० १०।१।२३ श्लोक में उक्त है,—"वसुदेव के गृह में परमपुरुष साक्षात् भगवान् आविर्भूत होंगे" "वसुदेव गृहे साक्षाद् भगवान् पुरुषः परः"। उक्त पदद्वय के द्वारा एक ही श्रीवसुदेवनन्दन ही सूचित हुये हैं। प्रवक्ता श्रीशुक हैं ॥७४॥

श्रीकृष्ण की भगवत्ता सूचक अपर वाचक का उल्लेख, भा० १०।१४।३२ में है—

"अहो भाग्यमहो भाग्यम् नन्दगोपव्रजौकसाम्। यन्मित्रं परमानन्दं पूर्णं ब्रह्मसनातनम् ॥"

क्रमसन्दर्भः। भगवन्माहात्म्यमपि न तादृशता-योग्यमित्यस्त्यतिशयान्तरमपीति स्मरन्निव पुनरतीव सचमत्कारमाह—अहो, इति। अहो—आश्चर्य्यं, भाग्यमनीर्वचनीयस्तत्प्रसादः वीप्सा—तदतिशयिता प्रागल्भ्येन पुनः पुनश्चमत्कारावेशात्। केषाम्? तत्राह—नन्दगोपव्रजौकोमात्राणां, पशुपक्षीपर्य्यन्तानाम्। किं तत्? येषां परमानन्दं मित्रं स्वाभाविकबन्धुजनोचितप्रेमकर्त्तृ, क्लीवत्वं छान्दसम्। तेन च (वृ० ३।९।२८) 'विज्ञानमानन्दं ब्रह्म' इति श्रुतिवाक्यम्, तत् सूचयति, यत्र क्वाप्यानन्द एव खलु सर्वे तादृशप्रेमकर्त्तारो दृश्यन्ते, नत्वानन्दः। कुत्रचिदेषु त्वानन्द एव तत् कर्त्ता, तत्र च श्रुतिमात्रवेद्यत्वेन परमः-अखण्डामृततारतम्यवत् स्वरूपत एवालौकिकमाधुर्य्यः। न चैतावदेव। किं तर्हि? पूर्णमप्यमृतम्, सौरभ्यादिभिरेव स्वरूपगुणलीलैश्वर्य्यं माधुरीभिः सर्वाभिरेवामर्य्यादमेव तत्। एतदपि कुत्रापि न दृष्टं श्रुतञ्च, न च तादृशं मित्रमित्यर्थः। पुनः कथम्भूतम्? अपि ब्रह्म-आनन्दानन्त्येन सर्वतो वृहदपि, आनन्दस्य तादृश वृहत्त्वं तादृश-वृहतोऽप्यन्येन मित्रत्वं क्व दृष्टमिति भावः। अन्यदप्याश्चर्य-मित्याह—सनातनम्; तत्रादृशमपि नित्यम्, कस्यचित् क्षुद्रानन्दोऽपि न नित्यो दृश्यते। एषां तु तादृशोऽपीति ॥"

परमानन्द पूर्णब्रह्म जिनके सनातन मित्र हैं, उन नन्दगोपस्थ व्रजवासियों का अनिर्वचनीय सौभाग्य है। ब्रह्म शब्द के द्वारा वृहत्तमत्व, अर्थात् श्रीकृष्ण की विभुता प्राप्ति होने से भी 'पूर्ण' विशेषण प्रयोग के द्वारा श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता सूचित हुई है।

क्रमसन्दर्भः। आपका माहात्म्य भी सर्वातिशय है, इसका स्मरण करते हुये आश्चर्यचकित होकर कहा,—अहो, अत्यधिक आश्चर्य्य में अहो का प्रयोग होता है। भाग्य—अर्थात् आपका प्रसाद, अनिर्वचनीय है। वीप्सा—पुनः पुनः कथन, प्रसाद की अतिशयता को सूचित करने के निमित्त है। प्रगल्भता के द्वारा पुनः पुनः चमत्कारास्वादन के आवेश से ही उस प्रकार प्रयोग हुआ है।

उस प्रकार अनिर्वचनीय भाग्य किस का है? कहते हैं—नन्द व्रज के निवासीमात्रों का, अर्थात् पशुपक्षी पर्य्यन्त निखिल प्राणियों का। वह भाग्य क्या है? उत्तर—जिनके परमानन्द मित्र श्रीकृष्ण हैं।

७६। अतएव (भा० ३।२।२१)—

(७६) "स्वयन्त्वसाम्यातिशयस्त्र्यधीशः, स्वाराज्य-लक्ष्म्याप्तसमस्तकामः।
बलिं हरद्भिश्चिरलोकपालैः, किरीटकोटीड़ितपादपीठः॥"१२६॥

न साम्यातिशयौ यस्य; यमपेक्ष्यान्यस्य साम्यमतिशयश्च नास्तीत्यर्थः। तत्र हेतवः—त्र्यधीशस्त्रिषु सङ्कर्षण-प्रद्युम्नानिरुद्धेष्वप्यधीशः, सर्वांशित्वात्। अतएव स्वाराज्यलक्ष्म्या सर्वाधिक-परमानन्दरूपसम्पत्त्यैव प्राप्तसमस्तभोगः, बलिं तदिच्छानुसरणरूपमर्हणं हरद्भिः समर्पयद्भिः, चिरलोकपालैर्भगवद्दृष्ट्यपेक्षया ब्रह्मादयस्तावदचिरलोकपालाः, अनित्यत्वात्,

सर्वसम्वादिनो

दक्षिणाद्यनियमेनोक्तत्वात्। अत्र 'दक्षिणाङ्गुष्ठाधश्चक्रं', 'वामानुष्ठाधस्तन्मुखं', 'दरञ्च' स्कान्दोक्तानुसारेण।

स्वाभाविक बन्धुजनोचित प्रीति कर्त्ता हैं। छान्दस के कारण ब्रह्मलिङ्ग का प्रयोग हुआ है। उससे वृहदारण्यक की श्रुति—"विज्ञानमानन्दं ब्रह्म" का स्मरण होता है। आश्चर्य्य की कथा तो यह है—आनन्द के प्रति समस्त जन प्रीति करते हैं। किन्तु स्वयं आनन्द, प्रेम नहीं करता है। यहाँ तो स्वयं पूर्णानन्द ही स्वयं प्रीतिकर्त्ता है। ब्रह्म तो श्रुतिमात्र वेद्य ही हैं, कदापि अनुभूत नहीं हैं। किन्तु व्रज में परम अखण्डामृत तारतम्य की भाँति स्वरूपत ही स्वानुभूत अलौकिक माधुर्य्यपूर्ण है। एतावता ही पूर्णता नहीं है। किन्तु पूर्ण होकर भी अमृत है। अर्थात् सौरभादि के समान स्वरूप-गुण-लीला-ऐश्वर्य्य-माधुरी प्रभृति के द्वारा निःसीम मधुर है। इस प्रकार न-तो कहीं दृष्ट ही है, न-तो श्रुत ही है। न-तो उस प्रकार कहीं पर मित्र भी है?

वह मित्र किस प्रकार है? आनन्त्य वशतः जिनको ब्रह्म कहते हैं। वह भी आनन्दाधिक्य से, सब प्रकार से वृहत् होने पर भी मित्र हैं। आनन्द का उस प्रकार सर्ववृहत् होना अदृष्टचर अश्रुतचर है। उस प्रकार वृहत् होकर भी अपर के सहित मित्रभावापन्न हैं। कहाँ दृष्ट होता है? यह ही कहने का तात्पर्य्य है। अपर आश्चर्य्य यह भी है—सनातन ही मित्र हैं, ऐसा होने पर भी सामयिक नहीं, निमित्त से नहीं, अपितु नित्य है। किसी का क्षुद्रानन्द भी नित्य नहीं होता है। व्रजवासियों का तो सनातन व्यापक परमानन्द भी नित्य ही है। श्रीब्रह्मा श्रीभगवान् को कहे थे॥७५॥

अतएव श्रीकृष्ण का ही पूर्ण ब्रह्मत्व के कारण, श्रीउद्धव भी कहे थे,—श्रीकृष्ण स्वयं, साम्य एवं अतिशय रहित हैं। आप स्वयं ब्रह्मा-विष्णु-महेश्वररूप ईश्वर का अधीश हैं, एवं स्वरूपस्थित भगवत्ता के द्वारा समस्त परिपूर्ण भोग प्राप्त हैं। असंख्य चिर लोकपालगण उनके निमित्त पूजोपहार लेकर निज निज किरीट कोटि के द्वारा पादपीठ को स्पर्श कर स्तव करते रहते हैं।

जिनका सम एवं अतिशय नहीं है, अर्थात् कोई उनके समान नहीं है, एवं कोई भी वस्तु जिनसे अधिक नहीं हैं, वह ही असाम्यातिशय हैं। उनका—असाम्यातिशय का कारण, आप त्र्यधीश हैं, अर्थात् सङ्कर्षण, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध—तीनों का अधीश्वर हैं। कारण, आप सबके अंशी हैं। एतज्जन्य ही स्वाराज्य लक्ष्मी, अर्थात् सर्वाधिक परमानन्द सम्पत्ति के द्वारा समस्त भोग प्राप्त किए हैं। मुख्य भोग आनन्द है। स्वरूपतः ही आप परमानन्द हैं। 'बलि' शब्द का अर्थ—उपहार है। सम्मान के निमित्त उपायन प्रस्तुत करना है। यहां पर प्रकृष्ट बलि प्रदान करना—श्रीकृष्ण की इच्छा का अनुसरणरूप अर्चना है। इस प्रकार बलि आहरणकारी चिरलोकपालगण, ब्रह्मादि नहीं हैं। लोक दृष्टि से वे सब चिर लोकपाल होने पर भी श्रीभगवद्दृष्टि से वे सब ही अचिर लोकपाल हैं। अर्थात् आधिकारिक हैं।

ततश्च चिरकालीनैर्लोकपालैरनन्तब्रह्माण्डान्तर्यामिपुरुषैः किरीटकोटीद्वारा ईड़ितं स्तुतं पादपीठं यस्य सः ; अत्यन्ततिरस्कृतवाच्यध्वनिना परमश्रेष्ठ इत्यर्थः। समस्तपाठेऽपि स

सर्वसम्वादिनी

ते हि श्रीकृष्णेऽप्यन्यत्र श्रूयेते ; यथादिवाराहे मथुरा-मण्डल-माहात्म्ये—

'यत्र कृष्णेन सञ्चीर्णं क्रीड़ितञ्च यथासुखम्। चक्राङ्कितपदा तेन स्थाने ब्रह्ममये शुभे॥'३१॥ इति ;

अनित्य हैं। महाप्रलय में वे सब विनष्ट होते हैं। श्रीभगवान् निमेषाख्य काल ही उन सबकी परमायु है। सुतरां चिर लोकपाल शब्द से अनन्त ब्रह्माण्डान्तर्य्यामी पुरुषावतार को जानना होगा। अर्थात् कारणार्णवशायी, गर्भोदकशायी, क्षीराब्धिशायी पुरुषावतार हैं। कारणार्णवशायी के प्रतिलोमकूप में ब्रह्माण्ड विराजित है। तज्जन्य आप अनन्त ब्रह्माण्ड का आश्रय हैं। गर्भोदकशायी एवं क्षीरोदकशायी भी प्रति ब्रह्माण्ड में पृथक् पृथक् रूप में अवस्थित हैं। वे सब निज निज किरीटों के अग्रभाग के द्वारा जिनके पादपीठ को स्पर्श कर स्तव करते हैं। उस प्रकार प्रभावशाली ही श्रीकृष्ण हैं। कारणार्णवशायी एवं गर्भोदकशायी को सहस्रशीर्षा पुरुष से कहते हैं। अतएव असंख्य मस्तकस्थित असंख्य किरीटों के द्वारा पादपीठ का स्पर्श कर स्तव करते रहते हैं।

वे सब पुरुष, जब स्वीय असंख्य मस्तकों के द्वारा श्रीकृष्ण को प्रणाम करते हैं, उस समय असंख्य मस्तकस्थित असंख्य किरीट एवं पादपीठ के सहित संघट्ट से जो ध्वनि उपस्थित होती है, उस उत्थित ध्वनि को पादपीठ का स्तव कहकर उत्प्रेक्षा की गई है।

पादपीठ का स्तव कथन से श्रीकृष्ण की महिमा के निकट, पुरुषावतारगणों की महिमा अति नगण्य है। अत्यन्त तिरस्कृत वाच्य ध्वनि के द्वारा उक्तार्थ का प्रकाश कर श्रीकृष्ण की परमश्रेष्ठता का प्रतिपादन किया है। प्रथम चरण का समासबद्ध पाठ भी इष्ट होता है, उससे भी उक्त परमश्रेष्ठत्व का ही प्रतिपादन होता है।

ध्वनि का एक प्रकार भेद को 'अत्यन्ततिरस्कृतवाच्य ध्वनि' कहते हैं। "व्यङ्ग्यं व्यञ्जनावृत्तिभिर्बोध्यं वस्तु ध्वनिः"। (विश्वनाथचक्रवर्त्तीकृत अलङ्कारकौस्तुभ की १।१० टीका) व्यञ्जना द्वारा बोध्य वस्तु को ध्वनि कहते हैं।

आलङ्कारिकों के मत में अभिधा, लक्षणा, व्यञ्जना त्रिविधा वृत्ति है। शब्दोच्चारणमात्र से स्वाभाविक रूप से तत्काल जिसकी प्रतीति होती है, उस वस्तु के सम्बन्ध में शब्द की जो वृत्ति है, उसको अभिधा कहते हैं। जिस प्रकार 'गो' शब्द श्रवणमात्र से ही गलकम्बलादिविशिष्ट प्राणिविशेष का बोध होता है। यह अभिधावृत्ति है।

मुख्यार्थ की बाधा होने से यद्द्वारा वाच्य सम्बन्धविशिष्ट अन्य पदार्थ विषयिणी प्रतीति होती है, उसको लक्षणा कहते हैं। जिस प्रकार—गङ्गा में घोष का निवास है। यहाँ लक्षणावृत्ति से गङ्गा के तीर में निवास का बोध उक्त वाक्य से होता है।

अभिधा, लक्षणा, आक्षेप एवं तात्पर्य्यजन्य बोध समाप्ति के पश्चात् ध्वन्यर्थ बोध का कारणीभूत जो वृत्तिविशेष है, उसको व्यञ्जना कहते हैं। यथा—गङ्गा में घोष का निवास है। यहाँ व्यञ्जनावृत्ति के द्वारा गङ्गा का शैत्य-पावनत्व का बोध ही होता है। इतःप्राक् कथित हुआ है—व्यञ्जनावृत्ति के द्वारा जिस अर्थ का प्रकाश होता है, उसको ध्वनि कहते हैं। अभिधामूलक, लक्षणामूलक भेद से ध्वनि द्विविध हैं, तन्मध्य में, लक्षणामूलक ध्वनि, अविवक्षित वाच्य है।

काव्यध्वनिर्गुणीभूतव्यङ्ग्यञ्चेतिद्विधामतम्। वाच्यातिशायिनिव्यङ्ग्ये ध्वनिस्तत् काव्यमुत्तमम्॥

एवार्थः। श्रीकृष्ण इति प्रकरणलब्धं विशेष्यपदम्। अत्र स्वयन्तु स्वयमेव तथा तथाविध इति, (भा० १।३।२८)—"कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" इतिवत् स्वयं भगवत्तामेव व्यनक्ति॥ श्रीमदुद्धवो विदुरम्॥

७७। तदेतत् पूर्णत्वं दृष्टान्तद्वारापि दर्शितमस्ति ; यथा (भा० १०।३।८)—

(७७) "देवक्यां देवरूपिण्यां विष्णुः सर्वगुहाशयः।
आविरासीद्यथा प्राच्यां दिशीन्दुरिव पुष्कलः॥"१३०॥

सर्वसम्वादिनी

श्रीगोपालतापन्याम् (उ० ६२)—'शङ्खध्वजातपत्रैस्तु चिह्नितं च पदद्वयम्' इति ; आतपत्रमिदश्चक्राधस्ताज्-

भेदौ ध्वनेरपि द्वावुदीरितौ लक्षणाभिधामूलौ। अविवक्षितवाच्योऽन्यो विवक्षितान्यपर वाच्यश्च॥
अर्थान्तरसंक्रमिते वाच्येऽत्यन्ततिरस्कृते। अविवक्षित-वाच्योऽपि ध्वनिर्द्वैविध्यमृच्छति॥
(भक्तिरसामृतशेष)

अविवक्षित वाच्य ध्वनि में वाच्य दो प्रकार का है। अर्थान्तरोपसंक्रान्त वाच्य, एवं अत्यन्त तिरस्कृत वाच्य। प्रथम—अजहत् स्वार्थलक्षणानिबन्धन अपरार्थ में उपक्रान्त है। द्वितीय—अत्यन्त तिरस्कृत वाच्य ध्वनि जहत्स्वार्थलक्षणा हेतु स्व-विपरीतार्थ में संक्रान्त है। उदाहरण—

"सौभाग्यमेतदधिकं मम नाथ कृष्ण! प्राणैर्ममातनि सुखं प्रणयेन कीर्त्तिं।
दृष्टश्चिरादसि कृपापि तवेयमुच्चैर्न स्मर्य्यते न भवतात्मगृहस्य मार्गः॥"

खण्डिता नायिका श्रीकृष्ण के प्रति सोल्लुण्ठ वचन का (स्तुति च्छल से निन्दा) प्रयोग कर रही है। हे नाथ! श्रीकृष्ण! तुम यहाँ आये हो, यह परमसौभाग्य है। विच्छेद के समय, मेरा प्राण कितना सुख प्रदान किया है? एवं तुम्हारा प्रणय भी कितनी कीर्त्ति का विस्तार किया है? कुछ भी हो, तुम जो मेरे दृष्टिपथ में आ गए हो, यह भी अत्यधिक कृपा की बात है। अतएव तुमको कहा नहीं जा सकता कि—तुम, अपना घर के पथ को भूल गए हो। यहाँ सौभाग्य-असौभाग्य, सुख-दुःख, कीर्त्ति-अकीर्त्ति, कृपा-अकृपा, निजगृह परगृह, इस रीति से यावतीय वाच्यार्थ—स्व विपरीतार्थ से आक्रान्त है।

भागवतीय उक्त पद्य में, स्तव का विषय वर्णन होने से भी ध्वनि के द्वारा स्तव का विपरीत चिर लोक लोकपालगण की महिमा की तुच्छता को दिखा कर श्रीकृष्ण की परमश्रेष्ठता प्रतिपादित हुई है। यह ही अत्यन्त तिरस्कृत वाच्य ध्वनि का तात्पर्य्य है।

कहा जा सकता है कि—उक्त श्लोक में श्रीकृष्ण का नामोल्लेख नहीं है, अतः उक्त श्लोक के द्वारा श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता का स्थापन कैसे हो सकता है? उत्तर, यद्यपि श्लोक में उक्त असाम्यातिशय पुरुष को श्रीकृष्ण नाम से नहीं कहा है, तथा उद्धव ने श्रीकृष्ण कथा कीर्त्तन ही किया है। तज्जन्य प्रकरण से ही 'श्रीकृष्ण' पद ही विशेष्य रूप से उक्त श्लोक में गृहीत है। असाम्यातिशय प्रभृति पद—श्रीकृष्ण के महिमा सूचक हैं। श्लोक में 'स्वयन्तु' पद विन्यास से बोध होता है कि—श्रीकृष्ण के स्वरूप में ही उक्त महिमासमूह विराजित हैं। अन्य किसी स्वरूप से वे सब सञ्चारित नहीं हुए हैं।

अतएव "कृष्णस्तु भगवान् स्वयं" वाक्य के समान, प्रस्तुत श्लोक में भी श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता वर्णित है। श्रीमदुद्धव श्रीविदुर को कहे थे॥७६॥

श्रीकृष्ण का पूर्णत्व का प्रदर्शन श्रीशुक ने दृष्टान्त के द्वारा भी किया है।

"देवक्यां देवरूपिण्यां विष्णुः सर्वगुहाशयः। आविरासीद् यथा प्राच्यां दिशीन्दुरिवपुष्कलः॥"

पूर्वदिक् में उदित पूर्ण चन्द्र के समान सर्वान्तर्य्यामी विष्णु देवरूपिणी देवकी में आविर्भूत हुये थे।

यथा यथावत् स्वरूपेणैवेत्यर्थः ।। श्रीशुकः ।।

सर्वसम्वादिनी

ज्ञेयम्,—दक्षिणस्य प्राधान्यात्तत्रैव स्थान-समावेशाच्च । अङ्गुलि-परिमाणमात्र-दैर्घ्याच्चतुर्दशांशेन तद्विरतारात्

भा० १०।३।८ श्लोकोक्त यथा शब्द का अर्थ—यथावत्, अर्थात् श्रीकृष्ण, स्वरूप में जिस प्रकार पूर्ण हैं, ठीक उस प्रकार स्वरूप में ही आविर्भूत हुये थे। एकपाद विभूति में अवतरण निबन्धन, स्वरूप का व्यतिक्रम, उनका नहीं हुआ।

देवकी-देवरूपिणी। देव—भगवान्, उनका रूप के समान ही जिनका सच्चिदानन्दरूप विग्रह है, वह देवरूपिणी हैं। उस प्रकार देवकी में श्रीकृष्णाविर्भाव से कोई दोष नहीं हुआ है। मूल श्लोक में 'सर्वगुहाशय' कहा गया है, उसका अर्थ—दुर्गम, एवं दुर्वितर्क्य हेतु श्रीभगवत् स्थान गुहा के समान निगूढ़ है। तज्जन्य उनका स्थान को गुहा कहा गया है। सर्व शब्द का अर्थ—निखिल जीवों का अन्तर, एवं श्रीवैकुण्ठादि भगवद् धाम, उक्त उभयविध गुहा में (निगूढ़ स्थान में) भगवान् शयन कर रहते हैं। अक्षुब्ध भाव से विहार करते हैं। अतः आप, सर्वगुहाशय हैं।

"पूर्णचन्द्र के समान" कहने से दृष्टान्त-दार्ष्टान्तिक उभय का समकालीन आविर्भाव प्रतीत होता है। कृष्णपक्ष की अष्टमी तिथि में श्रीकृष्ण का आविर्भाव हुआ। प्रभु—जन्मग्रहण के द्वारा मदीय वंश को अलङ्कृत किये हैं। यह मानकर आनन्दित मन से चन्द्र अष्टमी की मध्यरात्रि में षोलह कला से पूर्ण होकर उदित हुये थे। यह आश्चर्य का विषय नहीं है। सार्वकालिक नैसर्गिक शोभा का प्रकाश उस रात्रि में ही हुआ था। भा० १०।३ अध्याय में उसका भी वर्णन है। पूर्णचन्द्र के समान श्रीकृष्णचन्द्र भी गुणावतार-लीलावतार-पुरुषावतारादि सर्वांश युक्त होकर ही आविर्भूत हुये।

टीका—तमसोद्भूते—घनतमसि, निशीथे। यथा-यथावत्-ऐश्वरेणैव रूपेण ।।

वैष्णवतोषणी—नेदुर्दुन्दुभय इत्यादिकं कदा, इत्यपेक्षायामाह—निशीथे—अर्द्धरात्रे। कीदृशे? उम उद्भूते तमसा उच्चत्वं प्राप्ते, "भू" प्राप्तौ; भाद्रकृष्णाष्टमीत्वात्, विशेषणञ्चेदं तत् कान्तिद्वारा तमोनाशेनापीन्दूपमा योजनाय तथाप्यद्भुतोपमेयम्। देवस्य भगवतो रूपमिव रूपं सच्चिदानन्दविग्रहः, तद्वत्यामिति, तदुदराविर्भावेऽपि न कश्चिद्दोषः, इति भावः। विष्णुरूपिण्यामिति पाठोऽपि क्वचित्। सर्वगुहाशयः—दुर्गमत्वात् दुर्वितर्क्यत्वाच्च गुहेव गुहा श्रीभगवत्स्थानं, सर्वासु सर्वजीवाद्यन्तरलक्षणासु श्रीवैकुण्ठादिलक्षणासु गुहासु शेतेऽक्षुभिततया, विहरतीति। पुष्कलः,—सर्वांशपूर्णः, इत्यन्तर्यामित्वादिना हृदयादिषु वर्त्तमानैरंशैः सर्वैरेव सम्भूयावतीर्णः। अन्तर्यामिनामपि तदानीं श्रीदेवकीनन्दनत्वेनैव महत्सु स्फूर्त्तेः। तथा च श्रीभीष्मवाक्यम्—"तमिममहमजं शरीरभाजां, हृदि हृदिधिष्ठितमात्मकल्पितानाम्। प्रतिदृशमिव नैकधार्कमेकं, समधिगतोऽस्मि विधूतभेदमोहः ।। (श्रीभागवतस्य १।९।४२) इति।

तथा च श्रीवैकुण्ठ-लोकाद्यधिष्ठातारोऽपि, ततस्ततः सम्भूयावतीर्णा इति; श्रीहरिवंशाद्युक्तेन मुकुटमाहृत्य गोमन्थे श्रीगरुडागमनादिना स्पष्टत्वादिति, एतच्च श्रीभागवतामृते विवृत्तमस्ति, न चात्र दोषः, स्वस्वरूपेणैव परमविभौ तत्रैव निजसर्ववृत्तिं प्रकाश्य तत्तेजो निगूढतया तेषां स्थितत्वात्। तथा चात्र दोषः। स्वस्वरूपेणैव परमविभौ तत्रैव निजसर्ववृत्तिं प्रकाश्य तत्तेजो निगूढतया तेषां स्थितत्वात्। तथा च श्रीमध्वाचार्य्यधृत पाद्मवचनम्—"स देवो बहुधा भूत्वा निर्गुणः पुरुषोत्तमः। एकीभूयः पुनः शेते निर्द्दोषो हरिरादिकृत् ।।" इति। प्राच्यामिति दृष्टान्तेन सर्वत्र प्रकाशमानस्यापि श्रीदेवक्यामाविर्भावयोग्यतोक्ता। अतएव श्रीविष्णुपुराणेऽपि,—"ततोऽखिलजगत्पद्मबोधायाच्युत भानुना। देवकीपूर्वसन्ध्यायामाविर्भूतं महात्मना।।" इति। आविर्भावश्च—कंसवञ्चनार्थमष्टमे मासीति श्रीहरिवंशे "गर्भकाले त्वसम्पूर्णे अष्टमे मासि ते स्त्रियौ। देवकी च यशोदा च सुषुवाते समं तदा ।।" इति। प्रवक्ता श्रीशुक हैं ।।७७।।

७८। यथा च (भा० १०।२०।४४)—

(७८) "अखण्डमण्डलव्योम्नि रराजोडुगणैः शशी।
यथा यदुपतिः कृष्णो वृष्णिचक्रावृतो भुवि॥"१३१॥

स्पष्टम्॥ श्रीशुकः॥

७९। तथा श्रीकृष्णप्रतिनिधिरूपत्वादस्य महापुराणस्य श्रीकृष्ण एव मुख्यं तात्पर्य्यमित्यप्याह, (भा० १।३।४३)—

(७९) "कृष्णे स्वधामोपगते धर्मज्ञानादिभिः सह।
कलौ नष्टदृषामेष पुराणार्कोऽधुनोदितः॥"

सर्वसम्वादिनी

षष्ठांशेन ज्ञेयम्। अन्यत्र दैर्घ्ये चतुर्दशाङ्गुलिपरिमाणत्वेन विस्तारे षड़ङ्गुलि-परिमाणत्वेन प्रसिद्धेरिति।

अन्य दृष्टान्त भी भा० १०।२०।४४ में है—"अखण्डमण्डलव्योम्निरराजोडुगणैः शशी।
यथा यदुपतिः कृष्णो वृष्णिचक्रावृतो भुवि॥"

वैष्णवतोषणी—अखण्डेति। चन्द्रस्य पूर्णिमापेक्षया श्रीकृष्णस्य च स्वयं भगवत्ताप्राकट्यापेक्षया, तत्र यद्यपि वर्षास्वपि शशिन स्तादृशस्य सोडुगणस्य स्वतो राजमानत्वमस्त्येव, किन्तु घनच्छन्नाया न शरदि तु तदभावात् दृश्यते, तथा श्रीयदुपतेरप्यप्राकट्य-समयानुसारेण योज्यम्। यदुपतिरित्यधोक्त्या यदुभिः सह तस्य नित्यसम्बन्धो ज्ञाप्यते। वृष्णिशब्दनिर्देशोऽत्र यदुषु तेषां प्राधान्यापेक्षया॥

शरद्वर्णन में श्रीशुकदेव की उक्ति यह है—'यादवमण्डली द्वारा वेष्टित होकर, पृथिवी में श्रीकृष्णचन्द्र जिस प्रकार शोभित थे, श्रीवृन्दावन में शरत् ऋतु का प्रवेश से तारकागण वेष्टित पूर्ण शशधर भी आकाश में उस प्रकार शोभित हो रहे थे।" प्रकट समय को लक्ष्य कर ही वर्णन हुआ है। शरत्काल में स्वभावतः घनाच्छन्न आकाश न होने से नक्षत्रावली का सुस्पष्ट दर्शन चन्द्र के सहित होता है। यदुगण के मध्य में वृष्णिगणों का प्राधान्य होने के कारण ही 'वृष्णिचक्रावृत' कहा गया है। यदुपति प्रयोग के कारण यदुगणों के सहित श्रीकृष्ण का नित्य सम्बन्ध सूचित हुआ। शुकोक्ति है॥७८॥

श्रीमद्भागवत के विभिन्न प्रकरणस्थ वाक्यों के द्वारा ही केवल श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता स्थापित हुई है, यह नहीं अपितु श्रीमद्भागवत श्रीकृष्णप्रतिनिधि रूप ही है। तज्जन्य श्रीकृष्ण में ही श्रीमद्भागवत महापुराण का मुख्य तात्पर्य्य है। उसका प्रदर्शन भा० १।३।४३ के द्वारा करते हैं।

"कृष्णे स्वधामोपगते धर्मज्ञानादिभिः सह, कलौ नष्टदृषामेष पुराणार्कोऽधुनोदितः।"

धर्म ज्ञानादि के सहित श्रीकृष्ण का स्वधाम गमन के पश्चात् मानवगणों की तत्त्वदृष्टि नष्ट होने पर, अधुना यह पुराणरूप सूर्य्य उदित हुआ है।

क्रमसन्दर्भः। तदिदं पुराणं, तत्तु शास्त्रान्तरतुल्यम्, किन्तु श्रीकृष्ण-प्रतिनिधिरूपमेवेत्याह—कृष्ण इति। स्वस्य कृष्णरूपस्य धाम—नित्यलीलास्थानमुपगते सति श्रीकृष्णे। तत्र च (भा० १।१।२) "धर्मप्रोज्झित-कैतवोऽत्र" इति, (भा० १।५।१२) "नैष्कर्म्यमप्यच्युतभाववर्जितम्" इति चानुसृत्य परम-प्रकृष्टतया अवगते, भगवद्धर्मभगवज्ज्ञानादिभिरपि सह स्वधामोपगते सति कलौ नष्टदृशां, तादृशधर्म-ज्ञान-विवेकरहितानां कृते तदिदं पुराणमेवार्कः, नतु शास्त्रान्तरवद्दीपस्थानीयं यत्, तथाविधोऽयं पुराणार्क उदित स्तादृश-धर्म-ज्ञानप्रकाशनात् तत्प्रतिनिधिरूपेणाविर्बभूव। अर्कवत् तत् प्रेरिततयैवेति भावः।

श्रीमद्भागवत ही श्रीकृष्ण तुल्य हैं। शास्त्रान्तरतुल्य नहीं है। किन्तु श्रीकृष्ण प्रतिनिधिरूप ही

स्पष्टम् ॥ श्रीसूतः ॥

८० । तदेवं श्रीकृष्णस्य स्वयं भगवत्त्वं दर्शितम् । तत्तु गतिसामान्येनापि लभ्यते ; यथा महाभारते—

"सर्वे वेदाः सर्वविद्याः सशास्त्राः, सर्वे यज्ञाः सर्व ईज्यश्च कृष्णः ।
विदुः कृष्णं ब्राह्मणास्तत्त्वतो ये, तेषां राजन् सर्वयज्ञाः समाप्ताः ॥"१३३॥ इति ।

अत्र सर्वसमन्वयसिद्धे पूर्णत्वमेव लभ्यते । एवं श्रीभगवदुपनिषदसु च (गी० १५।१५)—"वेदैश्च सर्वैरहमेव वेद्यो, वेदान्तकृद्वेदविदेव चाहम्" इति, (गी० १४।२७)—"ब्रह्मणो हि

सर्वसम्वादिनी

अथ द्वि-नवतितमवाक्यानन्तरं [मूल० ९३तम अनु०] नित्यत्व-प्रकरणे 'शास्त्रानर्थक्यम्' इत्यस्यानन्तरमिदं

है। इस श्लोक में उक्त विवरण ही है। निज श्रीकृष्णरूपका नित्यलीलास्थान में गमन होने से, "धर्मप्रोज्झितकैतवोऽत्र, नैष्कर्म्यमप्यच्युतभाववर्जितम्" इसके द्वारा सुस्पष्ट रूपसे श्रीकृष्ण प्रतिनिधित्व का ज्ञान होता है। भगवद्धर्म भगवज्ज्ञानादि के सहित श्रीकृष्ण अप्रकट होने पर कलह दोष से दृष्टि नष्ट होने से धर्मज्ञान विवेकशून्य मानव हो गये थे। उन सबके निमित्त ही श्रीमद्भागवताख्य महापुराण सूर्य्यतुल्य दृष्टिप्रद हैं। शास्त्रान्तरवत् दीप स्थानीय नहीं है। अर्थात् धर्मज्ञान प्रकाशन निबन्धन श्रीकृष्ण प्रतिनिधि रूप में आविर्भूत हैं। प्रवक्ता श्रीसूत हैं ॥७९॥

श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता का प्रदर्शन अभी तक हुआ। वेदान्तसूत्र (१।१।१०) 'गतिसामान्यात्' के नियमानुसार भी स्वयं भगवत्ता स्थापित होती है। "गतिः अवगतिः, विज्ञानघनः, सर्वज्ञः, सर्वशक्तिः, पूर्णो विशुद्धः, परमात्मा, जगद्धेतुरुपासितः सन् विमुक्तिकृदिति धीरित्यर्थः। तस्याः सर्वेषु वेदेषु सामान्यादैकरूप्यात्। तथाभूतस्यैकस्य ब्रह्मणः सर्वेषु तत्तयाभिधानात्। सगुणं निर्गुणञ्चेति द्विरूपता नास्तीत्यर्थः। स्मृतिश्च। मत्तः परतरं नान्यत् किञ्चिदस्ति धनञ्जयेति ॥"

गति—अवगति, उसके साम्य समता, एक वस्तु में सबकी गति, आश्रयत्व ज्ञान है। महाभारत में कथित है—"सर्ववेद, सर्वविद्या, सर्वशास्त्र, सर्वयज्ञ, सर्व इज्य श्रीकृष्ण ही हैं। हे राजन्! जो सब ब्राह्मण, कृष्ण को यथार्थ रूप से जानते हैं, उन सबके समस्त यज्ञादि कर्म समाप्त हो गये हैं। यहाँ पर सर्वसमन्वय अर्थात् समस्त प्रमाणों का पर्य्यवसान, समस्त कर्मों का फल श्रीकृष्ण हैं, यह स्थिर होने के कारण श्रीकृष्ण का पूर्णत्व प्रतिपन्न हुआ।

"तत्तु समन्वयात्" वेदान्तसूत्र (१।१।४) में समन्वय का निर्णय उक्त है। "समन्वयत्वं—सुविचारितत्वं। सुविमृष्टैरुपक्रमोपसंहारादिभिः षड्भिर्लिङ्गैस्तत्रैव शास्त्रतात्पर्य्यात् स एव वेद्य इत्यर्थः।" सुविचारित उपक्रमादि तात्पर्य्य लिङ्ग के द्वारा समस्त वेदादि शास्त्र का तात्पर्य्य श्रीकृष्ण में ही पर्य्यवसित होता है। इस प्रकार श्रीमद्भगवद्गीतोपनिषद् से भी सर्व समन्वय का प्रमाण प्राप्त होता है। श्रीभगवान् श्रीकृष्ण स्वयं ही कहे हैं—अखिल वेदों में मैं ही एकमात्र वेद्य हूँ, मैं ही वेदान्तकर्त्ता, एवं वेदवेत्ता हूँ।

गी० १५।१५ टीका—वेदैश्चेति—वेदैः, सर्वैर्निखिलैर्वेदैरहमेव सर्वेश्वरः सर्वशक्तिमान् कृष्णो वेद्यः, योऽसौ सर्वैर्वेदैर्गीयते" इति श्रुतेः, तत्र कर्मकाण्डेन परम्परया, ज्ञानकाण्डेन तु साक्षादिति बोध्यम्। कथमेतं प्रत्येतव्यमिति चेत्तत्राह—वेदान्तकृदहमेवेति। वेदानामन्तोऽर्थनिर्णयस्तत् कृदहमेव बादरायणात्मना। एवमाह—सूत्रकारः, "तत्तु समन्वयात्" इत्यादिभिः। नन्वन्ये वेदार्थमन्यथा व्याचक्ष्यते? तत्राह—वेदविदेव चाहमित्यहमेव वेदविदिति, बादरायणः सन् यमर्थमहं निरणैषं, स एव वेदार्थस्ततोऽन्यथा तु

प्रतिष्ठाहम्" इत्यादि च। ब्रह्मसंहिताताम् (५।२९)—"चिन्तामणि-प्रकरसद्मसु कल्पवृक्षलक्षावृतेषु सुरभीरभिपालयन्तम्" इत्यादिकमुपक्रम्य (ब्र० सं० ५।४८)—

सर्वसम्वादिनी

विवेचनीयम्।—'ननु बालातुराद्युपच्छन्दन-वाक्यवत्तज्ज्ञानमात्रेणापि पुरुषार्थसिद्धिर्दृश्यते; ततो नार्थान्तर-भ्रान्तिविजृम्भित इति। तथा च मोक्षप्रदस्य सर्वेश्वरतत्त्वस्य वेदैरबोधनादहमेव मोक्षसाधनमिति।"

गोपालतापनी श्रुति में भी उक्त है—"योऽसौ सर्वैर्वेदैर्गीयते, योऽसौ सर्वेषु भूतेष्वाविश्य भूतानि विदधाति, स वो हि स्वामी भवति॥" (उत्तर विभाग)

ऋषि श्रीदुर्वासा ने कहा—"वेदसमूह जिनका गान करते हैं, जो समस्त भूतों के अन्तर में प्रविष्ट होकर भूतसमूह का परिचालन करते हैं, उन श्रीकृष्ण तुम्हारे स्वामी हैं।"

वेद के कर्मकाण्ड में—परम्परा क्रम से, ज्ञानकाण्ड में साक्षात् रूपमें मैं वेद्य हूँ। विश्वस्त करने के निमित्त कहते हैं—मैं ही वेदान्त कर्त्ता हूँ। अर्थात् वेदव्यास रूप में मैं ही वेदार्थसमन्वय किया हूँ। सुतरां वेद का अभिप्राय मैं ही जानता हूँ। वेद की व्याख्या अनेक प्रकार हैं? उत्तर में कहते हैं,—मैं ही वेदज्ञ हूँ। बादरायण रूप में मैंने जो अर्थ निर्णय किया है, वह ही वेद का यथार्थ मर्म है। वेदव्यास को अतिक्रम करके व्याख्या करने से उसमें भ्रमादि दोषपूर्ण, निःसन्देह ही होगा।

गी० १४।२७ में उक्त—"ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाहमिति" स्वामिटीका—"हि यस्माद्‌ब्रह्मणोऽहं प्रतिष्ठा, घनीभूतं ब्रह्मैवाहम्। यथा—घनीभूतप्रकाश एव सूर्य्यमण्डलं तद्वदित्यर्थः।"

पूर्ववर्त्ती श्लोक—"माञ्च योऽव्यभिचारेण भक्तियोगेन सेवते।

स गुणान् समतीत्यैतान् ब्रह्मभूयाय कल्पते॥" एकान्त भक्तियोग के द्वारा सेवा करने से गुणत्रय से मुक्त होकर मोक्षलाभ होता है। परवर्त्ती श्लोक "ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाहममृतस्याव्ययस्य च। शाश्वतस्य च धर्मस्य सुखस्यैकान्तिकस्य च॥" द्वारा हेतु निर्देश करते हैं। कारण, मैं ब्रह्म की प्रतिष्ठा हूँ, घनीभूत ब्रह्म ही मैं हूँ। विशेष्य के सहित अन्वित 'एव'-कार का अर्थ—अन्ययोगव्यवच्छेद है, सुतरां "घनीभूत ब्रह्मैवाहम्" अत्रत्य 'एव'-कार का अर्थ—श्रीकृष्ण, जिस प्रकार घनीभूत ब्रह्म—ब्रह्म का प्रचुर प्रकाश, अपर कोई भी उस प्रकार नहीं हैं। अर्थात् श्रीकृष्ण ही परमब्रह्म हैं, सूर्य्यरश्मि का घनीभूत प्रकाश जिस प्रकार सूर्य्यमण्डल हैं, तद्रूप घनीभूत ब्रह्म शब्द से भी जानना होगा।

विश्वनाथचक्रवर्त्ती—ब्रह्मणोहीति,—'यस्मात् परमप्रतिष्ठात्वेन प्रसिद्धं, यद्‌ब्रह्म, तस्याप्यहं प्रतिष्ठा—आश्रयः।" कारण—"परमाश्रय नामक जो ब्रह्म हैं, उनका भी मैं ही आश्रय हूँ।"

हि—निश्चये। ब्रह्मण स्तत्पूर्वकया तया सत्त्वाद्यावरणात्ययादाविर्भावित-स्वगुणाष्टकस्य, अहमेव—विज्ञानानन्दमूर्त्तिरनन्तगुणो, निरवद्यः सुहृत्तमः सर्वेश्वरः प्रतिष्ठा—प्रतिष्ठीयतेऽत्रेति निरुक्तेः, परमाश्रयोऽतिप्रियो भवामीति। (श्रीबलदेव)

"निश्चयमें हि अव्यय" ज्ञानपूर्विका भक्ति के द्वारा, सत्त्वादि गुण का आवरण अतिक्रम होने से "एष आत्मा अपहत पाप्मा विजरो, विमृत्युर्विशोको विजिघत्सो अपिपासः, सत्यकामः, सत्यसङ्कल्पः" यह आत्मा, पाप रहित, जरारहित, मृत्युरहित, शोकरहित, बुभुक्षारहित, पिपासारहित, सत्यकाम, सत्य सङ्कल्प, श्रुति में अष्टगुणविशिष्ट ब्रह्म का उल्लेख हुआ है। विज्ञानानन्द मूर्त्ति अनन्तगुण निरवद्य, अनिन्द्य-सुहृत्तम-सर्वेश्वर मैं ही हूँ। उक्त ब्रह्म की प्रतिष्ठा—परमाश्रय अतिप्रिय मैं ही हूँ।

ब्रह्मसंहिता ५।२९ में उक्त है—"चिन्तामणिप्रकरसद्मसु कल्पवृक्षलक्षावृतेषु सुरभीरभिपालयन्तम्।
लक्ष्मीसहस्रशतसम्भ्रमसेव्यमानम्, गोविन्दमादिपुरुषं तमहं भजामि॥"

"यस्यैकनिश्वसितकालमथावलम्ब्य, जीवन्ति लोमविलजा जगदण्डनाथाः ।
विष्णुर्महान् स इह यस्य कलाविशेषो, गोविन्दमादिपुरुषं तमहं भजामि ।।"१३४।। इति ।

ननु पाद्मोत्तरखण्डादौ सर्वावतारी परमव्योमाधिपतिर्नारायण एवेति श्रूयते ; पञ्चरात्रादौ तु वासुदेवः, न च स स श्रीकृष्ण एवेति वक्तव्यम्, तत्तत्स्थान-परिकर-नाम-रूपाणां भेदात् ; तर्हि कथं श्रीकृष्णस्यैव सर्वावतारित्वं स्वयंभगवत्त्वं वा ? अत्रोच्यते—श्रीभागवतस्य सर्वशास्त्रचक्रवर्त्तित्वं प्रथमसन्दर्भे प्रघट्टकेनैव दर्शितम् । पूर्णज्ञानप्रादुर्भावानन्तरमेव श्रीवेदव्यासेन तत् प्रकाशितमिति च तत्रैव प्रसिद्धम् । स्फुटमेव दृश्यते चास्मिन्नपरशास्त्रोप-मर्द्दकत्वम् (भा० १०।५७।३१)—

"इत्यङ्गोपदिशन्त्येके विस्मृत्य प्रागुदाहृतम् ।
मुनिवासनिवासे किं घटेतारिष्टदर्शनम् ।।"१३५।।

सर्वसम्वादिनी

सद्भावे तत् स्मारकवाक्यं कारणम् ; किन्तु प्रथमतस्तदभिरुचिते तदानीमसत्यपि वस्तुविशेषे तदीय-हित-

स्तुति करते हैं—"चिन्तामणिसमूह खचित गृहसमूह, एवं लक्ष लक्ष कल्पवृक्षावृत श्रीवृन्दावन में जो सुरभि पालन करते हैं, लक्ष्मी सहस्र-शत-सम्भ्रम के सहित जिनकी सेवामें रत हैं, मैं उन आदि पुरुष श्रीगोविन्द का भजन करता हूँ।" इस प्रकार उपक्रम के अनन्तर (५।४९)—

"यस्यैकनिश्वसितकालमथावलम्ब्य, जीवन्ति लोमविलजा जगदण्डनाथाः ।
विष्णुर्महान् स इह यस्य कलाविशेषो, गोविन्दमादिपुरुषं तमहं भजामि ।।"

महाविष्णु के एक निश्वास-परिमित काल को अवलम्बन कर तदीय लोमविवरस्थित असंख्य ब्रह्माण्डपति जीवित रहते हैं, उन श्रीमहाविष्णु भी जिनके कलाविशेष हैं, मैं उन आदिपुरुष श्रीगोविन्ददेव का भजन करता हूँ।"

महाभारत, श्रीगीता, एवं श्रीब्रह्मसंसिता के उक्त वचनसमूह से सुस्पष्ट प्रमाण उपलब्ध होता है कि —श्रीकृष्ण ही सर्वाश्रय, सर्व-स्वरूप, सबकी एकमात्र गति—पर्य्यवसान एवं फल हैं। अतएव 'गतिसामान्य' न्याय से भी श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता की सिद्धि हुई।

यहाँ पर जिज्ञासा हो सकती है कि—समस्त शास्त्रों का एकमात्र फल यदि श्रीकृष्ण ही होते हैं, तब ब्रह्मसूत्रोक्त 'गतिसामान्य' न्याय से श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता को मान लेने में कोई आपत्ति नहीं होती। किन्तु पाद्मोत्तर खण्ड प्रभृति में परव्योमाधिपति श्रीनारायण, पञ्चरात्र प्रभृति में श्रीवासुदेव, सर्वावतारी स्वीकृत हैं। सुतरां श्रीकृष्ण ही श्रीनारायण, एवं वासुदेव हैं, इस प्रकार उक्ति नहीं हो सकती हैं। कारण, श्रीकृष्ण के सहित उन सबके स्थान, परिकर, नाम एवं रूप का पार्थक्य सुस्पष्ट विद्यमान है। सुतरां श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता अथवा सर्वावतारित्व की सिद्धि कैसे हो सकती है ?

उत्तर—श्रीमद्भागवत ही सर्वशास्त्रचक्रवर्त्ती हैं। इसका प्रदर्शन तत्त्वसन्दर्भरूप भागवतीय प्रथम सन्दर्भ में विशेष विस्तार के साथ हुआ है। पूर्ण ज्ञान प्रादुर्भाव के पश्चात् श्रीव्यासदेव ने श्रीमद्भागवत का प्रकाश किया है। यह विवरण श्रीमद्भागवत में ही सुप्रसिद्ध है। श्रीमद्भागवत ही अपर शास्त्र समूह का उपमर्दक है, उसका विवरण सुस्पष्ट रूप से दशम स्कन्धोक्त निम्नोद्धृत पद्य में दृष्ट होता है। (१०।५७।३१)—"इत्यङ्गोपदिशन्त्येके विस्मृत्य प्रागुदाहृतम् ।
मुनिवासनिवासे किं घटेतारिष्टदर्शनम् ।।"

इत्यादौ, (भा० १०।७७।३०) "एवं वदन्ति राजर्षे" इत्यादौ च। अतएव नवमेऽप्युक्तम् (भा० ९।२२।२२-२३)—

"हित्वा स्वशिष्यान् पैलादीन् भगवान् बादरायणः।
मह्यं पुत्राय शान्ताय परं गुह्यमिदं जगौ।"१३६॥ इति।

सर्वसम्वादिनी

वस्त्वन्तर-चित्तावताराय बालादीनिव मात्रादि-वाक्यं सगुण-विशेषे साधकान् प्रवर्त्तयति शास्त्रम्; पश्चाद्-

वैष्णवतोषणी। प्राक् स्वयमुक्तमपि विस्मृत्य पश्चादनुसन्धाय, मुनीति, मुनेः कस्यचिदेकस्यापि वासेन न घटेत, अत्रापि मुनीनां सर्वेषां वासस्याश्रयस्य भगवतो नितरां नित्यतया वास इत्यर्थः। अरिष्टस्यैकस्य दर्शनमपि, किं पुनर्बहूनां विविधानां प्राप्तिरित्यर्थः। अन्यत्तैः। तत्र तदिच्छामित्यनेन, किन्त्वक्रूरानयनव्याजाय, स्वयमेवोत्थापितान्यरिष्टानीति ज्ञापितम्।

स्वामिटीका। दूषयति, इतीति। अङ्ग हे राजन्! श्रीकृष्णमाहात्म्यं विस्मृत्येति। तदेवाह— मुनिवासनिवासः श्रीकृष्णस्तस्य निवासे सति, अक्रूरापगममात्रेणारिष्टदर्शनं किं घटेति। तदिच्छां विना न घटेतेत्यर्थः।

अक्रूर द्वारका से मणि लेकर अन्यत्र चले जाने पर द्वारकावासियों के आदिदैविक, आधिभौतिक, शारीरिक, मानसिक तापरूप अरिष्टसमूह का प्रादुर्भाव पुनः पुनः होने लगा।

कतिपय ऋषियों के अभिमतानुसार यह बात कहकर श्रीशुकदेव ने श्रीपरीक्षित् को सम्बोधन करके कहा—हे राजन्! कतिपय व्यक्ति, पूर्वोदाहृत श्रीकृष्ण महिमा को भूलकर अक्रूर का स्थानान्तर गमन हेतु द्वारका में "अरिष्ट उपस्थित हुआ था" इस प्रकार कहे हैं। उस प्रकार कथन समीचीन नहीं है। कारण, निखिल मुनियों का आश्रय श्रीकृष्ण जहाँ पर विराजमान हैं। वहाँ अरिष्ट दर्शन की सम्भावना ही कहा है? भा० १०।७७।३० के पद्य में भी कथित है—"एवं वदन्ति राजर्षे ऋषयः केचनान्विताः।
यत् स्ववाचो विरुध्येत न न्यूनं ते स्मरन्त्यमू॥"

श्रीशुकदेव बोले—"हे राजर्षे! शाल्व के द्वारा माया-रचित वसुदेव की हत्या होने से श्रीकृष्ण शोकार्त्त हो गये थे, यह उक्ति कतिपय ऋषियों की है। उससे प्रतीत होता है, वे सब पूर्वापर अनुसन्धान रहित वाक्य कहते हैं। एवं स्वीय वाक्य विरुद्धता का स्मरण भी नहीं करते हैं।

श्रीकृष्ण, शोक-मोहातीत हैं, इसका वर्णन करने के पश्चात् उनका वर्णन—शोकार्त्त-मोहग्रस्त रूपमें करना ही पूर्वापर विरोध है। जिन्होंने, आब्रह्मस्तम्ब पर्य्यन्त निखिल वस्तुओं को निज माया द्वारा मुग्ध कर रखा है, आप क्या सामान्य आसुरीकमाया से मुग्ध हो सकते हैं? जो अखण्ड ज्ञान-तत्त्ववस्तु हैं, आप क्या आसुरीमाया को जान नहीं सकते हैं? तब भक्तजनगण के सहित कदाचित् उनमें मोहादि की सम्भावना दृष्ट होती है। इसमें कारण ही है, तदीय प्रेमपारवश्यता। स्वरूपशक्ति सम्विदाह्लादिनी-परिपाकरूप प्रेम का पारतन्त्र्य को स्वीकार कर स्वरूपधर्म का व्यभिचार नहीं होता है। अतएव उक्त पारतन्त्र्य दोषावह नहीं है। किन्तु उक्त गुण के कारण ही भक्तगण उनका भजन करते हैं। आसुर प्रकृति के निकट उक्त गुण का प्रकाश श्रीकृष्ण कभी भी नहीं करते हैं।

श्रीमद्भागवत ही सर्वप्रमाणचक्रवर्त्ती है, इसका प्रसङ्ग भा० ९।२२।२२-२३ में सुस्पष्ट है।

"हित्वा स्वशिष्यान् पैलादीन् भगवान् बादरायणः।
मह्यं पुत्राय शान्ताय परं गुह्यमिदं जगौ॥"

इस वाक्य से ही श्रीमद्भागवत का सर्वोपरि विराजमानत्व सिद्ध होता है। श्रीमद्भागवत का

तदेवं सर्वशास्त्रोपरिचरत्वं सिद्धम् । तत्र श्रीकृष्णस्यैव स्वयं भगवत्त्वं निरूपितम् । दृश्यते च प्रशंसितुर्वैशिष्ट्येन प्रशंस्यस्यापि वैशिष्ट्यम् । यथा ग्रामाध्यक्षराजसभयोः सर्वोत्तमत्वेन प्रशंस्यमानौ वस्तुविशेषौ तारतम्यमापद्येते । तदेवं सत्स्वप्यन्येषु तेष्वन्यत्र प्रशस्तेषु श्रीभागवत-प्रशंस्यमानस्य श्रीकृष्णस्यैव परमाधिक्यं सिध्यति । अतएव (भा० १।३।२८)— "कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" इति सावधारणा श्रुतिरन्यश्रुतिबाधिकेति युक्तमेव व्याख्यातं पूर्वमपि । ततश्च ते तु परमव्योमाधिप-नारायणवासुदेवादयः श्रीकृष्णस्यैव मूर्त्तिविशेषा भवेयुः, स्वयं श्रीकृष्णस्तु (भा० १०।१४।१४)—"नारायणस्त्वम्" इत्याद्युक्तौ महानारायणो द्वारकादिप्रसिद्धो महावासुदेवश्च भवेत् । अतएव नारायण-वासुदेवोपनिषदोः स एव व्यक्तः

सर्वसम्वादिनी

यथा स्व-हिते क्रमेण स्वयमेव प्रवर्त्तन्ते बलादयस्तथा बलवच्छास्त्रान्तरं दृष्ट्वा निर्गुणे वा नित्यप्राकट्य-

सिद्धान्त अति निगूढ़ है, एवं उक्त सिद्धान्त में श्रीवेदव्यास का मुख्य अभिप्राय प्रोथित है, नवमस्कन्धोक्त शुकोक्ति ही उसका प्रतीक है। श्रीशुक ने कहा,—"भगवान् व्यासदेव, पैल प्रभृति निज शिष्यवर्ग को परिहार कर शान्त पुत्र मुझको परमगुह्य श्रीमद्भागवत का कीर्त्तन किये थे ॥

उक्त श्रीमद्भागवत में ही श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता निरूपित हुई है। सर्वत्र ही प्रशंसाकर्त्ता का वैशिष्ट्य से ही प्रशंसित वस्तु का वैशिष्ट्य होता है। जिस प्रकार ग्रामाध्यक्ष की सभा में प्रशंसित वस्तु की अपेक्षा राजसभा में प्रशसित वस्तु का श्रेष्ठत्व सर्वाधिक है। उभय में तारतम्य जिस प्रकार सुप्रसिद्ध है, उस प्रकार ही पाद्मोत्तर खण्ड एवं श्रीनारदपाञ्चरात्रादि में श्रीनारायण एवं वासुदेव स्वयं भगवान् शब्द से प्रशंसित होने पर भी श्रीमद्भागवत में प्रशंसित श्रीकृष्ण का ही परमाधिक्य है। तज्जन्य ही (भा० १।३।२८) "कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" पद्य की व्याख्या कहा गया है कि—यह श्रुति सावधारणा है। यह श्रुति ही श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता का विरोधी निखिल वाक्यों का बाधक है। यह वाक्य अतीव युक्ति सङ्गत है, इसमें कोई संशय नहीं है।

श्रीकृष्ण व्यतीत अपर किसी की भगवत्ता को न मानने पर पाद्मोत्तरखण्डादिविशेष वचन की सङ्गति क्या होगी? समाधान हेतु कहते हैं—श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता मानकर भी उक्त वाक्यसमूह की सङ्गति की जासकती है। कारण,—परव्योमाधिप नारायण एवं वासुदेवादि, श्रीकृष्ण के ही मूर्त्तिविशेष हैं। किन्तु श्रीकृष्ण—(भा० १०।१४।१४) "नारायणस्त्वं न हि सर्वदेहिनामात्मास्यधीशाखिललोकसाक्षी।
नारायणोऽङ्गं नरभूजलायनात् तच्चापि सत्यं न तवैव माया ॥"

इत्यादि ब्रह्मस्तवोक्त महानारायण एवं द्वारकादि में सुप्रसिद्ध श्रीवसुदेवनन्दन ही श्रीवासुदेव होते हैं।

टीका—तर्हि नारायणस्य पुत्रः स्यास्त्वं मम किमायातं, तत्राह—नारायणस्त्वमिति, नहीति, काक्वा त्वमेव नारायण इत्यापादयति। कुतोऽहं नारायण इति चेदत आह—सर्वदेहिनामात्मासीति। एवमस्मि किं नारायणो न भवसि? नारं—जीवसमूहोऽयनमाश्रयो यस्य स तथेति। त्वमेव सर्वदेहिनामात्मात्वा-न्नारायण इति भावः। हे अधीश! त्वं नारायणो नहीति पुनः काकुः। अधीशः, प्रवर्त्तकः, ततश्च नारस्यायनं प्रवृत्तिर्यस्मात् स तथेति। पुनस्त्वमेवासाविति। किञ्च, त्वमखिललोकसाक्षी, अखिलं लोकं साक्षात् पश्यति अतो नारमयसे जानासीति त्वमेव नारायण इत्यर्थः।

नन्वेवं नारायणपदव्युत्पत्तौ भवेदेवं तत्तु अन्यथा प्रसिद्धमित्याशङ्क्याह—नारायणोऽङ्गमिति। नरादुद्भूता येऽर्थास्तथा नराज्जातंयज्जलं तदयनाद् यो नारायणः प्रसिद्धः सोऽपि तवैवाङ्गं मूर्त्तिः। तथा च

(ना० उ० ४)—"ब्रह्मण्यो देवकीपुत्रः" इति, "देवकीनन्दनोऽखिलमानन्दयात्" इति च।
तदित्थमेव तं वासुदेवमपि विभूतिनिर्विशेषतया स्पष्टमाह (भा० ११।१६।२९)—

(८०) "वासुदेवो भगवताम्" इति। स्पष्टम् ॥

८१। तथा, (भा० ११।१६।३२)—

(८१) "सात्वतां नवमूर्त्तीनामादिमूर्त्तिरहं परा" इति।

टीका च—"सात्वतां भागवतानाम्, नवव्यूहार्चने वासुदेव-सङ्कर्षण-प्रद्युम्नानिरुद्ध-नारायण-हयग्रीव-वराह-नृसिंह-ब्रह्माण इति या नव मूर्त्तयः, तासां मध्ये वासुदेवाख्या" इत्येषा। अतएव दृश्यते चाद्वैतवादिनामपि सन्न्यासिनां व्यासपूजापद्धतौ श्रीकृष्णस्य मध्यसिंहासनस्थत्वं वासुदेवादीनां व्यासादीनाञ्चावरणदेवतात्वमिति। तथैव क्रमदीपिकाया-मष्टाक्षरपटले श्रीवासुदेवादयस्तदावरणत्वेन श्रूयन्ते। यत्तु (गी० १०।३७) "वृष्णीनां वासुदेवोऽस्मि" इति श्रीभगवदुपनिषदस्तत्र 'वासुदेव'-शब्देन वसुदेवापत्यार्थेन श्रीबलदेव एवोच्यते। वक्ता हि तत्र श्रीकृष्ण एव। ततश्च स्वविभूतिं कथयति तस्मिन्नपि

सर्वसम्वादिनी

वैकुण्ठनाथ-लक्षण-सगुणे वा प्रवर्त्स्यन्ते' इति? तन्न;—अनन्त-गुण-रूपादि-वैभव-नित्यास्पदत्वात्

स्मर्य्यते—नराज्जातानि तत्त्वानि नाराणीति विदुर्बुधाः। तस्य तान्ययनं पूर्वं तेन नारायणः स्मृत इति। तथा। आपोनारा इति प्रोक्ता आपो वै नरसूनवः। अयनं तस्य ताः पूर्वं तेन नारायणः स्मृतः। इति च। ननु मन्मूर्त्तेरपरिच्छिन्नायाः कथं जलाश्रयत्वमत आह—तच्चापि सत्यं नेति।"

अतएव नारायण एवं वासुदेवोपनिषत् में उन उन उपनिषत् का वाच्य, श्रीनारायण एवं वासुदेव रूप में श्रीदेवकीनन्दन ही सुव्यक्त हैं। यथा—"देवकी पुत्र, ब्राह्मणपरायण, परमोदार हैं, देवकीनन्दन सबको आनन्दित करें" उन वासुदेव की विभूतिविशेष रूप में भा० ११।१६।२९ में श्रीकृष्णने सुस्पष्ट रूपसे कहा है—"वासुदेवो भगवताम्" भगवान्‌वृन्द के मध्य में मैं वासुदेव हूँ ॥८०॥

उस प्रकार भा० ११।१६।३२ में वर्णित है—"सात्वतां नवमूर्त्तीनादिमूर्त्तिरहं परा" इति।

क्रमसन्दर्भः। "सात्वतां वैष्णवानां कर्म—अर्चनरूपम्। नवसु मूर्त्तिषु ब्रह्मायं साक्षाच्छ्रीभगवद्रूपः, यः खलु तादृश जीवा सद्भावे तत् कर्मार्थं स्वयमाविर्भवति, यज्ञरूपेणेन्द्रवत्।।"

स्वामिटीका। "सात्वतां—भागवतानां भक्त्या कृतं कर्माहमित्यर्थः। तेषामेव नवव्यूहार्चने वासुदेव-सङ्कर्षण-प्रद्युम्नानिरुद्ध-नारायण-हयग्रीव-वराह-नृसिंह-ब्रह्माण इति वा नव मूर्त्तयस्तासां मध्ये वासुदेवाख्या ॥"

सात्वत—भागवतवृन्द के नव व्यूहार्चन में वासुदेव, सङ्कर्षण, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध, नारायण, हयग्रीव, वराह, नृसिंह एवं ब्रह्मा, ये नवमूर्त्ति हैं। तन्मध्य में वासुदेवाख्या मूर्त्ति मैं हूँ।

तज्जन्य अद्वैतवादिसन्न्यासिओं की व्यासपूजा पद्धति में श्रीकृष्ण की मध्य सिंहासन में एवं वासुदेवादि नव मूर्त्ति की आवरण देवतारूप में स्थिति देखी जाती है। अतएव क्रमदीपिका के अष्टाक्षर पटल में श्रीवासुदेवादि का वर्णन श्रीकृष्ण के आवरण देवता रूप में है।

श्रीमद्‌भगवद्‌गीता के दशम अध्याय में वर्णित है—"वृष्णियों के मध्य में मैं वासुदेव हूँ" इसका अर्थ वासदेव—वसुदेवनन्दन श्रीबलराम हैं। अपत्यार्थ से ही उस प्रकार अर्थ होता है। कारण उक्त

विभूतित्वारोपो न युज्यते, वक्तुरन्यत्रैव श्रोतृभिस्तत्प्रतीतेः, ततो मुख्यार्थबाधे तथैव व्याख्या समुचिता। तस्मात् साधु व्याख्यातम् (भा० ११।१६।२९) "वासुदेवो भगवताम्" इत्यादि ॥ श्रीभगवान् ॥

८२। यस्मादेवं सर्वतोऽपि तस्योत्कर्षस्तस्मादेवान्यतस्तदीयनामादीनामपि महिमाधिक्यमिति गतिसामान्यान्तरञ्च लभ्यते। तत्र नाम्नो यथा ब्रह्माण्डपुराणे श्रीकृष्णाष्टोत्तरशतनामामृतस्तोत्रे—

"सहस्रनाम्नां पुण्यानां त्रिरावृत्त्या तु यत् फलम्। एकावृत्त्या तु कृष्णस्य नामैकं तत् प्रयच्छति ॥"१३७॥

इति व्यक्तीक्रियते चाधिकं फलत्वं कृष्णनाम्नः पाद्मे पातालखण्डे श्रीमथुरामाहात्म्ये श्रीमहादेवस्यैव वाक्ये—"तारकाज्जायते मुक्तिः प्रेमभक्तिस्तु पारकात्" इति। पूर्वमत्र मोचकत्व-प्रेमदत्वाभ्यां तारक-पारकसंज्ञे रामकृष्णनाम्नोर्हि विहिते। तत्र च रामनाम्नि मोचकत्वशक्तिरेवाधिका। श्रीकृष्णनाम्नि-तु मोक्षसुखतिरस्कारिप्रेमानन्ददातृत्वशक्तिः

सर्वसम्वादिनी

तद्रूपेणावस्थितिर्नासम्भवितेति (बृ० ३।८।३) 'यद्भूतं भवच्च भविष्यच्च' इति श्रुतेः, सम्भावितायां तु

विभूतियोग का वक्ता श्रीकृष्ण ही हैं। स्वयं को निज विभूतिरूप में कथन समीचीन नहीं होता है। कारण श्रोतृवृन्द की वक्ता से भिन्न वस्तुमें विभूति की प्रतीति होती है। इस युक्ति के अनुसार श्रीगीतोक्त विभूतियोग के वासुदेव शब्द का अर्थ श्रीकृष्ण नहीं होता है। अतएव वासुदेव शब्द का बलराम अर्थ होना ही समीचीन है। मुख्यार्थ की बाधा होने से प्रकृति-प्रत्ययार्थ योग से व्याख्या करना ही उचित है। श्रीगीतोक्त वासुदेव शब्द की उस प्रकार व्याख्या से अर्थ सङ्गति स्पष्ट होती है। अतः भगवान्वृन्द के मध्य में 'मैं वासुदेव हूँ' इस वाक्य से वासुदेव को श्रीकृष्ण के मूर्त्तिविशेष मानकर जो व्याख्या की गई है, यह अतीव उत्तम है। श्रीभगवान् बोले थे ॥८१॥

समस्त प्रकारों से जब श्रीकृष्ण का उत्कर्ष प्रतिपन्न हुआ, तब उक्त समुदय कारणों से ही श्रीकृष्ण के नाम, गुण, रूप, लीला प्रभृति का महिमाधिक्य, अन्य स्वरूपों के नामादि से सुस्पष्ट है। एवं उक्त महिमाधिक्य निबन्धन 'गतिसामान्यान्तर' न्याय से, अर्थात् निखिल भगवत् स्वरूप के नाम-गुण-लीलादि श्रीकृष्ण-नामादि में ही अन्तर्भूत हैं। उसके मध्यमें श्रीकृष्ण नाम की महिमा का वर्णन ब्रह्माण्डपुराणोक्त श्रीकृष्णाष्टोत्तरशतनामामृतस्तोत्र में है,—

"सहस्रनाम्नां पुण्यानां त्रिरावृत्त्या तु यत् फलम्। एकावृत्त्या तु कृष्णस्य नामैकं तत् प्रयच्छति ॥"

"परमपवित्र सहस्रनाम समूह की तीनबार आवृत्ति करने से जो फललाभ होता है, श्रीकृष्ण के कोई भी एक नाम की आवृत्ति एकबार करने से ही उक्त फललाभ होता है।" इस प्रकार अनेक वाक्यों के द्वारा श्रीकृष्ण नामसमूह का सर्वाधिक्य फलदत्व कीर्त्तित है।

श्रीकृष्ण नाम के महिमाधिक्य की कथा, पद्मपुराण के पाताल खण्डस्थ मथुरा-माहात्म्य में है। श्रीमहादेव का कथन है—'मुक्तिदातृत्व हेतु राम नाम की तारक संज्ञा है, एवं प्रेमदत्व हेतु श्रीकृष्ण नाम की पारकसंज्ञा हैं। तारक से मुक्ति होती है। पारक से प्रेमभक्ति लाभ होता है। राम नाम में मोचकत्व शक्ति अधिक है। श्रीकृष्ण नाम में मोक्षसुख तिरस्कारि प्रेमानन्ददायक शक्ति समधिक है। श्रीशिव वाक्य का यह ही तात्पर्य्य है।

समधिकेति भावः इत्थमेवोक्तं विष्णुधर्मोत्तरे—
"यच्छक्ति र्नाम यत्तस्य तस्मिन्नेव च वस्तुनि। साधकं पुरुषव्याघ्र सौम्यक्रूरेषु वस्तुषु॥"१३८॥ इति।
किञ्च, श्रीकृष्णनाम्नो मुख्यत्वं निगदेनैव श्रूयते प्रभासपुराणे श्रीनारदकुशध्वजसंवादे श्रीभगवदुक्तौ—"नाम्नां मुख्यतमं नाम कृष्णाख्यं मे परन्तप" इति। तदेवं गतिसामान्येन नाममहिमद्वारा तन्महिमातिशयः साधितः। तथा तदीय-गुण-रूप-लीला-मथुरादिस्थानानामपि तत्तच्छास्त्रप्रतिपाद्यमानैः सर्वाधिकमहिमभिरप्यसावनुसन्धेयः, विस्तरभिया तु नोदाह्रियते। इत्थमेव श्रीकृष्णस्यैवासमोर्द्ध्वमहिमत्वात् स्वयमेव तेनापि सकलभक्तवृन्दवन्दित-भगवत्प्रणयं

सर्वसम्वादिनी

तस्यामवतार-वाक्यं चावतारस्य प्रपञ्चगत-तदीय-प्रकाशमात्र-लक्षणत्वात्। नारायणादीनाञ्च तत्रैवावतारे प्रवेशमात्र-विवक्षातो न विरुध्यते।

विष्णुधर्मोत्तर में भी उस प्रकार ही उल्लेख है—विभिन्न भगवत् स्वरूपों के नामसमूह विभिन्न फल प्रकाश करते हैं। "यच्छक्ति र्नाम यत्तस्य तस्मिन्नेव वस्तुनि।
साधकं पुरुषव्याघ्र सौम्यक्रूरेषु वस्तुषु॥"

सौम्य क्रूरेषु शान्तिदत्व-शत्रुनिवारकत्वादिषु वस्तुषु फलेषु मध्ये यस्मिन् वस्तुनि फले तस्य भगवतो यन्नाम यच्छक्तित्वेनोक्तमित्यर्थः, तन्नाम तस्मिन् वस्तुनि साधकमेवेत्यन्वयः। यथेदं नाम भोगदायकमित्यादि। एवमेव रामनाममुक्तिदं कृष्णनामप्रेमभक्तिदमिति साधकं, तच्छक्तिप्रकाशकमित्यर्थः।

हे पुरुषव्याघ्र! भगवन्नाम की शक्ति, शान्त खलबुद्धिसम्पन्न नामाश्रित व्यक्ति को निज शक्त्यनुरूप प्रेमादि फल प्रदान करती है।

जिस नाम में प्रेमप्रदान शक्ति प्रचुर रूप में विद्यमान है, उक्त नाम, नामाश्रित व्यक्ति प्रकृति का ही क्यों न हो, उसको प्रेम प्रदान करते ही हैं।

जिस नाम में मोचकता शक्ति प्रचुर रूप में है, वह नाम, मुक्ति प्रदान करते हैं। शान्त एवं खल, उभय अधिकारी व्यक्ति सम्पूर्ण फललाभ करते हैं, कहने पर भी समकाल में उभय की फलप्राप्ति की सम्भावना नहीं की जाती है। कारण निरपराध से नामाश्रयमात्र से ही फललाभ सुनिश्चित है, अन्यथा नहीं। सापराधी जन का नामाश्रय निबन्धन जब अपराध क्षीण होता है, तब ही प्रेमभक्ति का आविर्भाव होगा।

श्रीकृष्णनाम की महिमा की वार्त्ता सुस्पष्ट रूप से ही घोषित है। प्रभासपुराण के श्रीनारद कुशध्वजसंवाद में श्रीभगवदुक्ति इस प्रकार है—"नाम्नां मुख्यतमं नाम श्रीकृष्णाख्यं मे परन्तप!" इति। हे परन्तप! 'नामसमूह के मध्य में मेरा नाम कृष्णनाम ही सर्वश्रेष्ठ नाम है'। अतएव श्रीकृष्ण नाम के महिमाधिक्य निबन्धन 'गतिसामान्य' न्याय से—समानगति अर्थात् नाम की श्रेष्ठता प्रतिपत्ति के समान ही स्वरूप की श्रेष्ठत्व प्रतिपत्ति हेतु श्रीकृष्ण का ही महिमाधिक्य प्रतिपादित हुआ।

नाम एवं स्वरूप की श्रेष्ठता के समान तदीय गुण, रूप, लीलास्थली मथुरा प्रभृति की शास्त्र प्रतिपादित सर्वाधिक महिमा है। तज्जन्य श्रीकृष्ण की सर्वाधिक महिमा घोषित हुई। ग्रन्थ बाहुल्य भीति से उदाहरण का उट्टङ्कन नहीं हुआ, शास्त्रसमूह में अनुसन्धान करना कर्त्तव्य है।

उक्त रीति से श्रीकृष्ण ही असमोर्द्ध महिमासम्पन्न हैं, तज्जन्य श्रीकृष्ण स्वयं ही सकल भक्तवृन्दवन्दित

श्रीमदर्जुनं प्रति सर्वशास्त्रार्थसारभूत-श्रीगीतोपसंहारवाक्ये निजाखिलप्रादुर्भावान्तर-भजनमतिक्रम्य स्वभजनमेव सर्वगुह्यतमत्वेनोपदिष्टम्। तथा (गी० १८।६०) "कर्त्तुं नेच्छसि यन्मोहात् करिष्यस्यवशोऽपि तत्" इत्यनन्तरम् (गी० १८।६१-६६)—

"ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति।
भ्रामयन् सर्वभूतानि यन्त्रारूढ़ानि मायया ॥१३९॥
तमेव शरणं गच्छ सर्वभावेन भारत।
तत्प्रसादात् परां शान्तिं स्थानं प्राप्स्यसि शाश्वतम् ॥१४०॥
इति ते ज्ञानमाख्यातं गुह्याद्गुह्यतरं मया।
विमृश्यैतदशेषेण यथेच्छसि तथा कुरु ॥१४१॥
सर्वगुह्यतमं भूयः शृणु मे परमं वचः।
इष्टोऽसि मे दृढ़मिति ततो वक्ष्यामि ते हितम् ॥१४२॥
मन्मना भव मद्भक्तो मद्याजी मां नमस्कुरु।
मामेवैष्यसि सत्यं ते प्रतिजाने प्रियोऽसि मे ॥१४३॥
सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।
अहं त्वां सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः ॥"१४४॥ इति।

एषामर्थः—(गी० २।११) "अशोच्यानन्वशोचस्त्वम्" इत्यादिग्रन्थो न युद्धाभिधायकः, यतः

सर्वसम्वादिनी

किञ्चोत्तर-मीमांसायां तत्तदुपासना-शस्त्रोक्ता 'या या मूर्त्तिस्तद्वत्य एव देवताः' इति सिद्धान्तग्रहः;

प्रीति भक्ति का उपदेश गीता में श्रीअर्जुन के प्रति किये थे। सर्वशास्त्रार्थसारभूत श्रीगीता के उपसंहार वाक्य में निज अखिल प्रादुर्भावान्तर का भजन को परिहार करके ही स्वभजन को ही सर्वगुह्यतम रूप में आपने कहा। यथा—(गी० १८।६०) "कर्त्तुं नेच्छसि यन्मोहात् करिष्यस्यवशोऽसि तत्" इसके अनन्तर गी० १८।६१-६६ पर्य्यन्त श्लोक में आपका हार्द्द वर्णित है।

"मोहवशतः जिसको करना नहीं चाहते हो, अवश होकर उसको ही करोगे" इत्यादि वाक्य के बाद कहा—"हे अर्जुन! ईश्वर सर्वभूत के हृदय में अवस्थित हैं, यन्त्रारूढ़ काष्ठपुत्तलिका के समान माया के द्वारा सबको घुमाते रहते हैं। हे भारत! सर्वप्रकार से उन ईश्वर का आश्रय ग्रहण करो, उनके अनुग्रह से ही परमा शान्ति एवं नित्यस्थान लाभ होगा। इस प्रकार से मैंने तुमको गुह्य से गुह्यतर ज्ञान का विवरण कहा, विशेष विवेचनापूर्वक जो कुछ निश्चय तुम कर सकते हो, उसके अनुरूप आचरण करो। पुनर्बार सर्वगुह्यतम श्रेष्ठ वाक्य को सुनो। निश्चय जानना, तुम मेरा अत्यन्त प्रिय हो, एतज्जन्य तुम्हारे प्रति हितकर वचन कहता हूँ। तुम मद्गत चित्त हो, मेरा भक्त बनो, मेरा अर्चन करो, और मुझको नमस्कार करो, ऐसा करने से तुम निश्चय ही मुझको प्राप्त करोगे। तुम मेरा प्रिय हो, मैं शपथपूर्वक कर रहा हूँ। सर्वधर्म परित्याग पूर्वक मेरी शरण लो, मैं समस्त पापों से तुम्हें मुक्त कर दूँगा।"

उक्त श्लोकसमूह का अर्थ इस प्रकार है—गी० २।११ में "अशोच्यानन्वशोचस्त्वं प्रज्ञावादांश्च भाषसे।
गतासूनगतासूंश्च नाऽनुशोचन्ति पण्डिताः ॥"

(गी० १८।६०) "कर्त्तुम्" इत्यादि, ततः परमार्थाभिधायक एवायम्। तत्रापि गुह्यतरम्, (गी० १८।६४) "सर्वगुह्यतमञ्च शृणु" इत्याह—ईश्वर इत्यादि। य एकः सर्वान्तर्य्यामी ईश्वरः, स एव सर्वाणि संसारयन्त्रारूढ़ानि भूतानि मायया भ्रामयन् तेषामेव हृद्देशे तिष्ठति,

सर्वसम्वादिनी

ततश्च (गो० ता० पू० २३) 'तं पीठगं ये तु यजन्ति धीरास्तेषां सुखं शाश्वतं नेतरेषाम्' इत्यादिका गोपाल-

टीका—"एवं अर्जुने तूष्णीं स्थिते तद्बुद्धिमाक्षिपन् भगवानाह—अशोच्यानिति। हे अर्जुन! अशोच्यान्, शोचितुमयोग्यानेव धार्त्तराष्ट्रांस्त्वं अन्वशोचः शोचितवानसि। तथा मां प्रति प्रज्ञावादान् प्रज्ञावतामिव वचनानि "दृष्ट्वेमान् स्वजनान्" इत्यादीनि, "कथं भीष्मम्" इत्यादीनि च भाषसे, न च ते प्रज्ञालेशोऽप्यस्तीति भावः। ये तु प्रज्ञावन्त स्ते गतासून् निर्गतप्राणान् स्थूलदेहान्, अगतासूंश्च अनिर्गत-प्राणान् सूक्ष्मदेहान्, च शब्दादात्मनश्च न शोचन्ति। अयमर्थः—शोकः स्थूलदेहविनाशनिमित्तः, सूक्ष्मदेह-विनाशनिमित्तो वा? नाद्यः, स्थूलदेहानां विनाशित्वात्, नान्त्यः, सूक्ष्मदेहानां मुक्तेः प्रागविनाशित्वात्। तद्वतां आत्मनां तु षड् भावविकारवर्जितानां नित्यत्वान्न शोच्यतेति, देहात्मस्वभावविदां न कोऽपि शोक हेतुः। यदर्थशास्त्राद्धर्मशास्त्रस्य बलवत्त्वमुच्यते, तत् किल ततोऽपि बलवता ज्ञानशास्त्रेण प्रत्युच्यते। तस्मादशोच्ये शोच्यभ्रमः पामरसाधारणः पण्डितस्य ते न योग्य इति भावः।"

"हे अर्जुन! तुम ज्ञानी व्यक्तियों के समान वाक्य प्रयोग करके भी जिसके सम्बन्ध में शोक करना उचित नहीं है, तुम उसके निमित्त शोक कर रहे हो, पण्डितगण मृत अथवा जीवित व्यक्तियों के निमित्त शोक नहीं करते हैं।" इस श्लोक से ही गीता ग्रन्थ प्रारम्भ हुआ है। किन्तु आरब्ध गीता ग्रन्थ श्रीअर्जुन को युद्ध में प्रवृत्त कराने के निमित्त कथित नहीं हुआ है। कारण, (गी० १८।६०)—

"स्वभावजेन कौन्तेय निबद्धः स्वेन कर्मणा। कर्त्तुं नेच्छसि यन्मोहात् करिष्यस्यवशोऽपि तत्॥"

टीका—उक्तमुपपादयति, स्वभावेति। यदि त्वं मोहादज्ञानान्मदुक्तमपि कार्य्यकर्त्तुं नेच्छसि, तदा, स्वभावजेन स्वेन कर्मणा शौर्य्येण मन्मयोद्भासितेन निबद्धोऽवशस्तत् करिष्यसि।"

"मोह वशतः जिसको करने के निमित्त अनिच्छा को प्रकट करते रहते हो, पुनर्बार अवश होकर अवश्य ही उसको करोगे।" इत्यादि वाक्य का प्रवर्त्तन, अर्जुन को युद्ध में प्रवर्त्तित करने के निमित्त नहीं हुआ है। कारण उक्त युद्धकार्य्य के निमित्त विपुल उपदेश प्रदान करना निष्प्रयोजन ही है। अन्तर्य्यामी पुरुष के द्वारा प्रेरित होकर ही अर्जुन को युद्ध कार्य्य करना अनिवार्य्य है। सुतरां गीताग्रन्थ युद्धाभिधायक नहीं, किन्तु परमार्थाभिधायक है। परमार्थाभिधायक ग्रन्थ में भी गुह्यतर, गुह्यतम का श्रवण करो, कथन से विशेष मनोयोग आकर्षणपूर्वक उक्त श्लोकसमूह के द्वारा श्रीकृष्ण का मुख्य वक्तव्य सुव्यक्त हुआ है। इसका बोध सुस्पष्ट रूप से होता है। उक्त रीति से श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकसमूह का एवं अष्टादशाध्यायोक्त (१८।६४) "सर्वगुह्यतमं भूय शृणु मे परमं वचः।

इष्टोऽसि मे दृढ़मिति ततो वक्ष्यामि ते हितम्॥" से आरम्भ कर श्लोकसमूह का गुरुत्व प्रकाश कर श्लोकसमूह की व्याख्या करते हैं।

"स्वभावजेन कौन्तेय निबद्धः स्वेन कर्मणा। कर्त्तुं नेच्छसि यन्मोहात् करिष्यस्यवशोऽपि तत्॥"

"ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति। भ्रामयन् सर्वभूतानि यन्त्रारूढ़ानि मायया॥"

जो एक होकर भी बहु अन्तर्य्यामिता के द्वारा स्वीय स्वरूपशक्ति से सबको नियमन करते हैं। श्रुतिः—एको देवः सर्वभूतेषु गूढ़ः, सर्वव्यापी, सर्वभूतान्तरात्मा। धर्माध्यक्षः, सर्वभूताधिवासः, साक्षी-चेताः केवलो निर्गुणश्च। (श्वेताश्वतर—६।११)

सर्वभावेन (श्वे० ३।१५) "पुरुष एवेदं सर्वम्" इति भावनया सर्वेन्द्रियप्रेरणतया वा परां शान्तिं तदीयां परमां भक्तिम्, (भा० ११।१९।३६) "शमो मन्निष्ठता बुद्धेः" इत्युक्तेः। स्थानं तदीयं धाम, गुह्याद् ब्रह्मज्ञानादपि गुह्यतरम्, द्वयोः प्रकर्षे तरप्। अथेदमपि निजैकान्त-भक्तवराय तस्मै न पर्य्याप्तमित्यवधाय स्वयमेव महाकृपाभरेणोद्घाटित-परमरहस्यः श्रीभगवानन्यामपि प्रद्युम्न-सङ्कर्षण-वासुदेवपरमव्योमाधिपलक्षण-भजनीयतारतम्यगम्यां भजनक्रमभूमिकामतिक्रम्यैव सर्वतोऽप्युपादेयमेव सहसोपदिशति—'सर्वगुह्यतमं भूयः' इति। यद्यपि गुह्यतमत्वोक्तेरेव गुह्यगुह्यतराभ्यामपि प्रकृष्टमिदमित्यायाति, तथापि सर्व-शब्दप्रयोगो गुह्यतममपि परमव्योमाधिपादिभजनार्थशास्त्रान्तरवाक्यमत्येति, तस्य यावदर्थवृत्तिकत्वात्। बहूनां प्रकर्षे तमप्, अतएव परमम्। स्वकृत-तादृशहितोपदेशश्रवणे हेतुमाह—'इष्टोऽसि मे

सर्वसम्वादिनी

तापन्युपनिषदपि येनायथार्था मन्यते, तस्य तु महदेव साहसम्। अत्र च शाश्वत-सुख-फल-प्राप्तिश्रवणात्तत्-

सबके अन्तर्य्यामी हैं; उसको कहते हैं—'ईश्वर' इस पद्य से। वह ही समस्त संसार यन्त्रारूढ़ जीवसमूह को माया नामक शक्ति के द्वारा भ्रमण कराने के निमित्त उन सबके हृदय में अवस्थान करते हैं। सर्वभाव से अर्थात् श्वेताश्वतरोक्त (३।१५) "पुरुष एवेदं सर्वम्" यह पुरुष ही सकल रूपमें विहार करते हैं, इस प्रकार भावना के द्वारा किम्वा सर्वेन्द्रिय द्वारा उन पुरुष का आनुकूल्य 'उनकी प्रसन्नता के निमित्त' समन्वित अनुशीलन करके तदीय शरण ग्रहण करो। इस प्रकार आचरण से ही "परां शान्तिं" परमा शान्ति—"तदीयां परमां भक्तिम्" उन ईश्वर के प्रति परमाभक्ति लाभ करोगे। परमा शान्ति शब्द का अर्थ—'परमा भक्ति' करने में हेतु को कहते हैं। भा० ११।१९।३६ में उक्त है—"शमो मन्निष्ठताबुद्धेः" एकादश स्कन्ध में श्रीकृष्ण स्वयं ही कहे हैं- मेरे प्रति बुद्धि की निश्चलता का नाम ही 'शम' है। वह ही (श्रीभगवान् में बुद्धि स्थैर्य्य ही) भक्तिस्वरूप है। स्थानं—ईश्वर का धाम।

ब्रह्मज्ञान—गुह्य है, अन्तर्य्यामी ईश्वर परमात्मा का ज्ञान—उससे गुह्यतर है। उभय के मध्य एक का उत्कर्ष प्रदर्शन हेतु तरप् (गुह्य+तरप्—गुह्यतर) प्रत्यय प्रयुक्त हुआ है।

अनन्तर उक्त प्रकार ईश्वरोपासना भी निज एकान्त भक्त श्रेष्ठ श्रीअर्जुन के निमित्त पर्य्याप्त नहीं है। इस प्रकार मानकर स्वयं श्रीभगवान् महा कृपाभर से परमरहस्योद्घाटनपूर्वक प्रद्युम्न, सङ्कर्षण, वासुदेव एवं परव्योमाधिप नारायण का भजनोपदेश प्रदान करना समीचीन होने पर भी उक्त क्रम को अतिक्रम करके ही उपदेश किये थे—"सर्वगुह्यतमं भूयः शृणु मे परमं वचः।

इष्टोऽसि मे दृढ़मिति ततो वक्ष्यामि ते हितम्॥" मैंने इस गीताशास्त्र में जो कुछ कहा है, सबसे यह श्रेष्ठ है। तुम मेरा अत्यन्त प्रिय हो, अतएव तुम्हारे हित हेतु मैं कह रहा हूँ। 'सुनो' "सर्वगुह्यतमं भूयः" इति।

यद्यपि गुह्यतम शब्द प्रयोग से गुह्य एवं गुह्यतर से निगूढ़ वाक्य का बोध होता है, तथापि सर्व शब्द प्रयोग करके श्रीनारायण प्रतिपादक वाक्य से भी निज 'श्रीकृष्ण' भजन प्रतिपादक वाक्य का श्रेष्ठत्व स्थापन आपने किया। 'शब्द की वृत्ति जितनी हो सकती है, उस सबका ग्रहण करना कर्त्तव्य है', इस नियम से ही सर्व शब्द प्रयोग कर निज भजन को यावतीय गुह्य भजन से भी निगूढ़ भजन रूप में निर्देश आपने किया है। अनेकों के मध्य में जिसका उत्कर्ष निर्देश होता है, उस वाचक शब्द के उत्तर तमप् प्रत्यय प्रयुक्त होता है। श्रीकृष्ण भजन की सर्वोत्कर्षता निबन्धन सर्वगुह्य शब्द के उत्तर 'तमप्' प्रत्यय

दृढ़मिति' इति; परमाप्तस्य मम एतादृशं वाक्यं त्वयावश्यं श्रोतव्यमित्यर्थः। स्वस्य च तादृश-रहस्यप्रकाशने हेतुमाह—तत इति; ततस्तादृशेष्टत्वादेव हेतोः। तदेवमौत्सुक्यमुच्छलय्य किं तदित्यपेक्षायां सप्रणयाश्रुकृताञ्जलिमेतं प्रत्याह—'मन्मनाः' इति। मयि त्वन्मित्रतया साक्षादस्मिन् स्थिते श्रीकृष्णे मनो यस्य तथाविधो भव। एवं मद्भक्तो मदेकतात्पर्य्यको भवेत्यादि। सर्वत्र मच्छब्दावृत्त्या मद्भजनस्यैव नानाप्रकारतयावृत्तिः कर्त्तव्या, न त्वीश्वर-तत्त्वमात्रभजनस्येति बोध्यते। साधनानुरूपमेव फलमाह—'मामेवैष्यसि' इति। अनेनैव-कारेणाप्यात्मनः सर्वश्रेष्ठत्वं सूचितम्। अन्यस्य का वार्त्ता, मामेवेति। एतदेव फलं श्रीपरीक्षिता च व्यक्तीकरिष्यते कलिं प्रति, (भा० १।१७।६)—

"यस्त्वं कृष्णे गते दूरं सह गाण्डीवधन्वना।
शोच्योऽस्यशोच्यान् रहसि प्रहरन् बधमर्हसि॥"१४५॥ इति।

सर्वसम्वादिनी

पीठस्य यजनं विनाज्ञानं साहसमयम्;—'ज्ञानान्मोक्ष' इति स्मृतेः; अत्रैव 'धीराः' इति विशेषणाद्बालातुर-

प्रयोग करके उक्तार्थ का प्रकाश किया है। सर्वगुह्यतम विषय का प्रकाश होने के कारण ही यह वाक्य, परम अर्थात् सर्वश्रेष्ठ है। स्व-कृत तादृश उपदेश श्रवण के निमित्त श्रीअर्जुन को प्रवर्त्तित करने के हेतु को कहते हैं—'इष्टोऽसि मे दृढ़मिति' मैं दृढ़ता से कहता हूँ 'तुम मेरा प्रिय हो'। 'परमविश्वस्त मैं हूँ, मेरा वाक्य श्रवण करना अवश्य कर्त्तव्य है।" श्रीकृष्ण वाक्य का यह ही तात्पर्य्य है।

स्वयं क्यों तादृश रहस्य का प्रकाश करते हैं, उसके प्रति हेतु निर्देश करते हैं—'ततः' इति। तुम मेरा तादृश प्रिय हो, अर्थात् तुम मेरा इस प्रकार प्रिय हो, जिससे तुम्हारे निकट कुछ गोपन करना असम्भव है। तुम्हारी प्रीति का प्रभाव से ही हृदय द्वार स्वतः उद्घाटित होकर रहस्य व्यक्त होता है।

श्रीकृष्ण के वचन को सुनकर अर्जुन का औत्सुक्य उच्छलित हो उठा। गुह्यतम वाक्य ही क्या है, जानने के निमित्त प्रेमाश्रुप्लावित नयन से कृताञ्जलि होकर अर्जुन अवस्थित हुआ। इस अवस्था में स्थित अर्जुन को देख कर श्रीकृष्ण ने कहा—"मन्मना भव मद्भक्तो मद्याजी मां नमस्कुरु।
मामेवैष्यसि सत्यं ते प्रतिजाने प्रियोऽपि मे॥" इत्यादि।

मन्मना हो जाओ, तुम्हारे सम्मुख में मित्ररूप से विद्यमान् जो मैं श्रीकृष्ण हूँ, मुझ श्रीकृष्ण में ही मन अर्पण करो, 'मद्भक्तो भव' मद्भक्त—मदेकतात्पर्य्यविशिष्ट बनो, अर्थात् मेरा प्रीति सम्पादन हेतु मेरा भजन करो, निज सुखप्राप्ति के निमित्त नहीं। मन्मनाः, मद्भक्त, मद्याजी एवं मां नमस्कुरु—सर्वत्र 'मत्' शब्द की आवृत्ति अविशेष रूप से हुई है, उससे प्रीति होती है—नाना प्रकार से मेरा भजनानुष्ठान बारम्बार करना तुम्हारा कर्त्तव्य है। ईश्वरतत्त्व मात्र का भजन अपर के निमित्त विधेय होने पर भी तुम मेरा सखा हो, तुम्हारे पक्ष में उक्त भजनानुष्ठान कर्त्तव्य नहीं है, इस प्रकार बोध ही होता है। साधनानुरूप फल का वर्णन भी करते हैं—"मामेवैष्यसि" इति। 'मुझको प्राप्त करोगे' 'मामेव' स्थल में 'एव'-कार का प्रयोग है, उससे श्रीकृष्ण की श्रेष्ठता सूचित हुई है। अर्थात् दूसरे की कथा है, साक्षात् मुझको ही प्राप्त करोगे। श्रीकृष्ण प्राप्ति का साधनोपदेश आपने किया है, उसका याथार्थ्य प्रदर्शन के निमित्त ग्रन्थकार श्रीमज्जीव गोस्वामिचरण प्रमाण प्रदर्शन कर रहे हैं। कलि के प्रति श्रीपरीक्षित् के वाक्य से उसका प्रकाश हुआ है। भा० १।१७।६ में उक्त है—

'यस्त्वं कृष्णे गते दूरं सह गाण्डीवधन्वना। शोच्योऽस्यशोच्यान् रहसि प्रहरन् बधमर्हसि॥"

सत्यं त इत्यनेनात्रार्थे तुभ्यमेव शपेऽहमिति प्रणयविशेषो दर्शितः;—"सत्यं शपथ-तथ्ययोः" इत्यमरः। पुनरप्यतिकृपया (गी० १८।६४) "सर्वगुह्यतमम्" इत्यादिवाक्यार्थानां पुष्ट्यर्थमाह —'प्रतिजाने' इति। ननु नानाप्रतिबन्धविक्षिप्तस्य मम कथं त्वन्मनस्त्वादिकमेव सिद्ध्येत् ? तत्राह—सर्वेति। 'सर्व'-शब्देन नित्यपर्य्यन्ता धर्मा विवक्षिताः। 'परि'-शब्देन तेषां स्वरूपतोऽपि त्यागः समर्थितः। पापानि प्रतिबन्धाः; तदाज्ञया परित्यागे पापानुत्पत्तेः। तदेव व्यतिरेकेण द्रढ़यति—'मा शुचः' इति। अत्र (गी० २।११)—

सर्वसम्वादिनी

वद्भावस्तेषां दूर एवोत्सारितः; 'नेतरेषाम्' इति निर्द्धारणेन तद्‌यजनस्य परम्पराहेतुत्वमपि निषिध्यते।

शूद्ररूपी कलि के द्वारा वृषरूपी धर्म एवं धेनुरूपा पृथिवी ताड़ित हो रहे थे। यह देखकर परीक्षित्, कलि को तिरस्कार कर कहे थे—"गाण्डीवधन्वा अर्जुन के सहित श्रीकृष्ण दूर गमन किए हैं, यह जानकर ही क्या तुमने निर्जन स्थान में निरपराधियों को मारा है ? तुम बहुत बड़ा अपराधी हो, तुम्हें प्राणदण्ड मिलना उचित है।" इस वाक्य से श्रीकृष्णार्जुन की सहगति का निर्देश हुआ है। अर्थात् श्रीअर्जुन के सहित श्रीकृष्ण की अवस्थिति सुस्पष्ट रूप से व्यक्त हुई है।

"सत्यं ते" इस उक्ति से उक्त साधनारूप फल (श्रीकृष्ण) प्राप्ति विषय में शपथ का कथन है। अर्थात् मैं तुम्हारी शपथ लेकर कह रहा हूँ—"मन्मना" इत्यादि श्लोकोक्त साधनानुष्ठान के द्वारा मेरी प्राप्ति अवश्य ही होगी। इस वाक्य से श्रीअर्जुन के प्रति श्रीकृष्ण का प्रणयविशेष सूचित हुआ है। अमरकोष के अनुसार शपथ एवं यथार्थ अर्थ में 'सत्य' शब्द का प्रयोग होता है। व्यवहार में दृष्ट होता है कि—शपथ की दृढ़ता प्रत्यय के निमित्त एकान्त प्रियजन का शपथ ग्रहण होता है। जिस प्रकार 'मैं पुत्र की शपथ लेकर कहता हूँ।' पुनर्बार अतिशय कृपा भर से 'सर्वगुह्यतम' इत्यादि वाक्य को पुष्ट करने के निमित्त कहते हैं, "मैं प्रतिज्ञा कर कहता हूँ—"प्रतिजाने प्रियोऽसि मे" इति।

बहुविध प्रतिबन्ध से विक्षिप्त चित्त मैं हूँ, कैसे तद्‌गतचित्त मैं हो सकता हूँ, एवं उक्त रीति से भजन समर्थ मैं कैसे बनूँगा ? अर्जुन की इस प्रकार मानसिक आशङ्का को लक्ष्य करके श्रीकृष्ण बोले—

"सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरण व्रज। अहं त्वां सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः।" इति।

नित्य पर्य्यन्त निखिल धर्म त्याग की विधि प्रदान के निमित्त ही 'सर्व' शब्द का प्रयोग हुआ है। धर्म द्विविध—नित्य एवं नैमित्तिक, नित्य—सन्ध्या वन्दनादि, नैमित्तिक—प्रायश्चित्तादि। 'परि'-शब्द प्रयोग के द्वारा धर्मसमूह का स्वरूपतः त्याग समर्थित हुआ है। दो प्रकार से धर्म त्याग सम्भव होता है, स्वरूपतः-त्याग, एवं फलतः-त्याग। अनुष्ठान त्याग—स्वरूपतः त्याग, फलाकाङ्क्षा शून्य होकर धर्मानुष्ठान् से फलतः त्याग सम्पन्न होता है। सर्वतोभावेन श्रीकृष्ण शरणापत्ति का विघ्न जनक वर्णाश्रम धर्म परित्याग करके भी शरणापन्न होना आवश्यक है। पाप प्रतिबन्ध है। वर्णाश्रम- धर्मशास्त्र विहित है, उसको परित्याग करने से प्रत्यवाय होगा, सुतरां उसका त्याग कैसे सम्भव होगा ? संशय निरसन के निमित्त कहते हैं—"मैं तुमको सकल पापों से मुक्त करूँगा"। श्रीकृष्ण के आज्ञा पालन ही धर्म है, और उनका आदेश लङ्घन ही अधर्म है। वर्णाश्रमधर्म त्याग करके श्रीकृष्ण का भजन करने की आज्ञा है। तज्जन्य आश्रय धर्म का त्याग कर श्रीकृष्ण भजन करने से प्रत्यवायी नहीं होगा। तद्भिन्न अपर कारणों से वर्णाश्रमधर्म का त्याग करने से अवश्य प्रत्यवाय होगा। श्रीकृष्ण भजन हेतु वर्णाश्रमधर्म त्याग हेतु प्रत्यवाय नहीं होगा, दृढ़ता सम्पादन के निमित्त व्यतिरेक मुख से अर्थात् निषेध वाक्य के द्वारा

"अशोच्यानन्वशोचस्त्वं प्रज्ञावादांश्च भाषसे ।
गतासूनगतासूंश्च नानुशोचन्ति पण्डिताः ॥"१४६॥

इत्युपक्रमवाक्ये तस्यापण्डितत्वं स्वस्य च पण्डितत्वं व्यज्य शोकपरित्यागेन मत्कृतोपदेशमेव गृहाणेति विवक्षितम् । ततश्च तारतम्यज्ञानार्थमेव बहुधोपदिश्यापि महोपसंहारवाक्यस्थस्य तस्योपदेशस्य परमत्वं निर्दिश्य शोकपरित्यागेन तमेव तमेतमेवोपदेशं त्वं गृहाणेति

सर्वसम्वादिनी

अतएव (छा ७।१।५) 'नाम ब्रह्मेत्युपासीत' इतिवदत्रारोपोऽपि न मन्तव्यः । तस्मादाराधन-वाक्येन

कहते हैं—"तुम शोक न करो" चिन्ता क्या है ? मैं ही तुमको समस्त पापों से मुक्त करूँगा । निश्चिन्त होकर मेरा भजन करो, वचन भङ्गी यह ही है ।

यहाँ पर गीतोक्त २।११—"अशोच्यानन्वशोचस्त्वं प्रज्ञावादांश्च भाषसे ।
गतासूनगतासूंश्च नानुशोचन्ति पण्डिताः ॥"

जिसके निमित्त शोक करना उचित नहीं है, तुम उस विषय में शोक कर रहे हो, अथच बुद्धिमान् की भाँति बात भी करते रहते हो । पण्डितगण, मृत अथवा जीवित व्यक्ति के सम्बन्ध में शोक नहीं करते हैं । इस उपक्रम वाक्य से श्रीअर्जुन का अपाण्डित्य प्रकट कर 'शोक त्याग कर मेरा उपदेश सुनो' यह ही श्रीकृष्ण का वक्तव्य है ।

जिज्ञासा हो सकती है कि—श्रीकृष्ण भजनोपदेश ही यदि श्रीगीता का अभिप्रेत है, तब बहुविध योगोपदेश प्रदान की आवश्यकता ही क्या रही ? उत्तर में कहते हैं, तारतम्य ज्ञान सम्पादन हेतु बहुविध योगोपदेश प्रदत्त हुआ है । अर्थात् अनेक प्रकार साधन, एवं उसका फल का वर्णन न करने से श्रीकृष्ण भजन का सर्वोत्तमत्व बोध नहीं होगा । जिस प्रकार अनेक व्यक्तियों के मध्य में एक व्यक्ति का उत्कर्ष स्थापित होता है, केवल एक व्यक्ति की तुलना से उत्कर्ष का प्रतिपादन नहीं होता है । यहाँ पर भी वैसा ही जानना होगा ।

बहुविध उपदेश प्रदान के अनन्तर महोपसंहार वाक्य का—

"सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज । अहं त्वां सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः ॥"

ब्रह्मज्ञान, ऐश्वरीक ज्ञान प्राप्त करने का उपायस्वरूप वर्णाश्रमादि धर्म, यतिधर्म, वैराग्य, शमदमादि धर्म, ध्यानयोग, परमात्मानुसन्धान, सर्वत्र परमात्मनियन्तृत्व का निरीक्षण प्रभृति का वर्णन मैंने किया है । उक्त समुदाय धर्म को परित्यागपूर्वक एकमात्र भगवत्स्वरूप मेरी शरणापत्ति को अङ्गीकार करो, इस प्रकार आचरण करने से ही मैं तुम्हें सांसारिक समस्त पापों से तथा पूर्वोक्त धर्म परित्याग जनित पापसमूह से उद्धार करूँगा । अकृतकर्मा अपनेको मानकर कभी शोक न करना । मेरे प्रति निर्गुणभक्ति का आचरण से जीव का पूर्ण चैतन्योदय होता है । काम्य धर्माचरण, कर्त्तव्याचरण, प्रायश्चित्तादि, ज्ञानाभ्यास, योगाभ्यास एवं ध्यानाभ्यासादि की आवश्यकता नहीं होती है । बद्धावस्था में ही शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिकादि कर्माचरण विहित है । किन्तु उक्त कर्म से प्राप्त ब्रह्मनिष्ठा एवं ईश्वर निष्ठा को परित्याग कर भगवत्सौन्दर्य्याकृष्ट होकर एकमात्र भगवत् शरणापत्ति को अवलम्बन करो । भावार्थ यह है कि—शरीरी मानव, जीवन यापन के निमित्त यावतीय कर्म करता है, उक्त समुदय कर्म ही उक्त त्रिविध कर्मनिष्ठा से उत्पन्न होते हैं, अथवा इन्द्रियसुख निष्ठारूप अधम निष्ठा से ही होते हैं । अधम निष्ठा से ही अकर्म-विकर्म होते हैं, वे ही अधर्मजनक हैं । त्रिविध उत्तम निष्ठा का नाम—ब्रह्मनिष्ठा, ईश्वर निष्ठा, भगवन्निष्ठा । वर्णाश्रम एवं वैराग्यादि समस्त कर्म ही उक्त एक एक निष्ठा को अवलम्बन

द्वयोर्वाक्ययोरेकार्थप्रवृत्तत्वमपि स्पष्टम्। ततः श्रीकृष्णस्यैवाधिक्यं सिद्धम्। अतएव (ब्र० सू० २।१।१७)"असद्व्यपदेशान्नेति चेन्न धर्मान्तरेण वाक्यशेषात्" इति न्यायादुपसंहारस्यैवोप-

सर्वसम्वादिनी

तस्य नित्यत्वं सिध्यत्येव। (पातालसू० साधन-पा० ४४ सू०) 'स्वाध्यायादिष्टदेवता-संप्रयोगः' इति स्मरणञ्चात्रोपष्टम्भकमिति।

कर एक एक प्रकार भाव को प्राप्त करते हैं। ब्रह्मनिष्ठाधीन होने से कर्म-ज्ञान रूप में प्रकाशित होता है, ईश्वरनिष्ठा होने से ईश्वरार्पित कर्म एवं ध्यानयोगादि भाव का उदय होता है। भगवन्निष्ठ होने से शुद्धाभक्ति—केवलाभक्ति उदित होती है। अतएव भक्ति ही परमगुह्यतम तत्त्व है, एवं भगवत् प्रीति ही जीव का चरम प्रयोजन तत्त्व है, यह ही गीताशास्त्र का मुख्य तात्पर्य्य है। कर्मी, ज्ञानी, योगी एवं भक्त इन सबकी जीवनयात्रा प्रायशः एक प्रकार दृष्ट होने पर भी उक्त निष्ठा भेद से वे सब अत्यन्त पृथक् होते हैं।

अतएव 'सर्वधर्मान् परित्यज्य'-रूप उपसंहार वाक्य का श्रेष्ठत्व निर्देशपूर्वक तुम उक्त उपदेश को ग्रहण करो। इस प्रकार अभिप्राय ही व्यक्त हुआ है,—

"अशोच्यानन्वशोचस्त्वं प्रज्ञावादांश्च भाषसे। गतासूनगतासूंश्च नानुशोचन्ति पण्डिताः॥"

उपक्रम वाक्य—

"सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज। अहं त्वां सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः॥"

उपक्रम, उपसंहार वाक्यरूप वाक्यद्वय का (अर्थात् उक्त उभय वाक्य का) ही एक अर्थ है। अर्थात्—

"मन्मना भव मद्भक्तो मद्याजी मां नमस्कुरु। मामेवैष्यसि सत्यं ते प्रतिजाने प्रियोऽसि मे॥"

इत्यादि रीत्यनुसार श्रीकृष्ण भजन में प्रवृत्ति कराना ही तात्पर्य्य है। इस अभिप्राय का बोध ग्रन्थावलोकन से सुस्पष्ट होता है। अतएव श्रीकृष्ण भजन का श्रेष्ठत्व निर्देश हेतु श्रीगीताशास्त्र के अनुसार श्रीकृष्ण का सर्वाधिकत्व सिद्ध हुआ।

प्रस्तुत गीताशास्त्र में श्रीकृष्ण का सर्वपरमत्व सिद्ध होने पर भी तदीय किस स्वरूप का श्रेष्ठत्व है, उसका निर्णय होना परम आवश्यक है। कतिपय व्यक्ति के मत में गीतास्थ एकादशाध्यायोक्त विश्वरूप ही परम स्वरूप है। वह कथन भ्रमात्मक है। कारण, (ब्र० सू० २।१।१७) "असद्व्यपदेशान्नेति चेन्न, धर्मान्तरेण वाक्यशेषात्" वेदान्तसूत्रानुसार, शास्त्र का उपसंहार वाक्य ही उपक्रम वाक्य का अर्थनिर्णायक होता है, एवं उपक्रम-उपसंहार वाक्य द्वारा निर्णीत अर्थ ही समग्रशास्त्र तात्पर्य्य का हेतु है। सूत्र का प्रकरण यह है—

"स्यादेतत् असद्वा इदमग्र आसीदिति पूर्वमसत्व श्रवणादुपादाने उपादेयस्य सत्त्वं नास्थेयमिति चेन्न। यदयमसद्व्यपदेशो न भवदभिमतेन तुच्छत्वेन किन्तु धर्मान्तरेणैव सङ्गच्छते। एकस्यैव द्रव्यस्योपादेयोपादानोभयावस्थस्य स्थौल्यं सौक्ष्म्यं चेत्यवस्थात्मकं धर्मद्वयं सदसच्छब्दबोध्यम्। तत्र स्थौल्याद्धर्मादन्यत् सौक्ष्म्यं धर्मान्तरं तेनेति। एवं कुतः—वाक्यशेषात्। तदात्मानं स्वयमकुरुतेति च विरुध्येत। असतः कालेन सहासम्बन्धात्, आत्माभावेन कर्त्तृत्वस्य वक्तुमशक्यत्वाच्च।"

"असद्व्यदेशात्' इत्यादि सूत्र तात्पर्य्य यह है—श्रुति, "सृष्टि के आदि में एकमात्र 'असत्' था।" एतदनुसार जगत् का उपादान कारण ब्रह्ममें उपादेय जगत् की सत्ता नहीं थी, कतिपय व्यक्ति उस प्रकार सिद्धान्त करते हैं। उसकी सङ्गति प्रदर्शनपूर्वक मीमांसा करते हैं—'असत् था'। यह सुनकर जगत् की असत्त्वा का निर्णय न करना। धर्मान्तर के द्वारा अर्थ सङ्गति होती है। स्थूल जगत् की सूक्ष्मावस्था

क्रमार्थनिर्णायकत्वादुपक्रमोपसंहारार्थस्य च सर्वशास्त्रार्थत्वात्तत्रोक्तं विश्वरूपमपि तदधीनमेव। तच्च युक्तम्, तेनैव दर्शितत्वात्। तत्र च (गी० ११।५०)—"इत्यर्जुनं वासुदेव-स्तथोक्त्वा, स्वकं रूपं दर्शयामास भूयः" इति नराकारचतुर्भुजरूपस्यैव स्वकत्वनिर्द्देशात्। तद्विश्वरूपं न तस्य साक्षात् स्वरूपमिति स्पष्टम्। अतएव परमभक्तस्यार्जुनस्यापि न तदभीष्टम्, किन्तु तदीयं स्वकं रूपमेवाभीष्टम्, (गी० ११।४५)—"अदृष्टपूर्वं हृषितोऽस्मि दृष्ट्वा, भयेन च प्रव्यथितं मनः" इत्याद्युक्तेः। तद्दर्शनार्थमर्जुनं प्रति दिव्यदृष्टिदान-लिङ्गेन तस्यैव

सर्वसम्वादिनी

[मूल० ६३तम अनु०] त्रैलोक्यसम्मोहनतन्त्र-वचनान्तरञ्चैवं व्याख्येयम्। यदि वा श्रीकृष्णादीनां

में ही धर्मान्तर है। वर्त्तमान स्थूल जगत् अग्र में सूक्ष्म रूप में विद्यमान था। उस सूक्ष्म रूप को ही 'असत्' कहा गया है। कह सकते हैं कि—इस प्रकार अर्थ कैसे होगा? उत्तर यह है—"आत्मानं स्वयमकुरुत" अपने को स्वयं विधान किया, इस वाक्य शेष के द्वारा सन्दिग्धार्थ उपक्रम वाक्य का भी उस प्रकार ही व्याख्या होना आवश्यक है। अन्यथा 'आसीत्' आत्मानमकुरुत' वाक्यद्वय का विरोध उपस्थित होता है। कारण, असत् का कालके सहित असम्बन्ध एवं आत्मा का अभाववशतः कर्त्तृत्व की असम्भावना होगी। तात्पर्य्य यह है कि—उपक्रम वाक्य के द्वारा शास्त्र का प्रतिपाद्य विषय में निःसन्दिग्ध होना सम्भव न होने पर, उपसंहार वाक्य द्वारा उसका अर्थ निर्णय करें।

विचार्य स्थल में "मन्मना भव" इत्यादि श्लोक का वक्ता, अर्जुन के सखा रूप में विराजमान नराकृति परमब्रह्म श्रीकृष्ण ही परम स्वरूप हैं। 'विश्वरूप' श्रीकृष्णरूप का ही अधीन है। यह सङ्गत ही है। कारण, विश्वरूप का प्रदर्शनकर्त्ता नराकृति परब्रह्म श्रीकृष्ण ही हैं। विश्वरूप, श्रीकृष्ण रूप का ही अधीन होने से ही श्रीकृष्ण ने उस रूप को स्वेच्छा से ही दिखाया है। श्रीकृष्णरूप, यदि विश्वरूप का ही अधीन होता तब श्रीकृष्ण, इच्छा मात्र से ही विश्वरूप को दिखा नहीं सकते। विशेषतः गीता के उस अध्याय में ही कथित है—"अर्जुन को इस प्रकार कहकर पुनर्बार स्वीय रूप दिखाये थे।"

"इत्यर्जुनं वासुदेवस्तथोक्त्वा स्वकं रूपं दर्शयामास भूयः।
आश्वासयामास च भीतमेनं भूत्वा पुनः सौम्यवपुर्महात्मा॥" (गी० ११।५०)

महात्मा वासुदेव अर्जुन को इस प्रकार कहकर स्वीय चतुर्भुज मूर्त्ति दर्शन कराकर पश्चात् निज द्विभुज सौम्यमूर्त्ति का प्रकाश कर भीत-मना अर्जुन को साहस प्रदान किये थे।

यहाँ पर नराकार चतुर्भुज रूप को ही स्वकीय कहा गया है। तज्जन्य उक्त विश्वरूप, श्रीकृष्ण का साक्षात् स्वरूप नहीं है, उसकी प्रतीति सुस्पष्ट रूप से होती है। सुतरां परम भक्त अर्जुन का वह रूप अभीष्ट नहीं है, तदीय स्वकीय रूप ही अर्जुन का अभीष्ट है। विश्वरूप दर्शन के पश्चात् श्रीअर्जुन बोले भी थे—(गी० ११।४५-४६)—

"अदृष्टपूर्वं हृषितोऽस्मि दृष्ट्वा भयेन च प्रव्यथितं मनो मे।
तदेव मे दर्शय देवरूपं प्रसीद देवेश जगन्निवास॥
किरीटिनंगदिनं चक्रहस्तमिच्छामि त्वां द्रष्टुमहं तथैव।
तेनैव रूपेण चतुर्भुजेन सहस्रबाहो भवविश्वमूर्त्ते॥"

विश्वरूप को मैंने पहले नहीं देखा था। सम्प्रति देखकर कौतूहल निवृत्त हुआ। किन्तु उस रूप दर्शन से भक्तगण के मनो नयन की आनन्दोत्पत्ति नहीं होती है। तज्जन्य ही मैंने उसे देखकर मानसिक भीति का अनुभव किया। हे जगन्निवास! हे देवेश! तुम्हारे सच्चिदानन्दमय चतुर्भुज रूप का दर्शन

माहात्म्यमिति तु बालकोलाहलः; "नराकृति परं ब्रह्म" इति (भा० १०।१४।१८) "तदमितं ब्रह्माद्वयं शिष्यते" इति, (भा० १०।१४।३२) "यन्मित्र परमानन्दम्" इति, (भा० १०।१२।३६) सर्वसम्वादिनो
स्वयंभगवत्तादिकमननुसन्धेयैव प्रलापिभिरुपासनानुसारेणान्यदापि कश्चिन्मूलभूत एव भगवान् तत्तद्रूपेणो-

कराओ। मैं सम्प्रति चतुर्भुज मूर्त्ति को देखना चाहता हूँ। जिसके मस्तक में किरीट, हस्त में गदा चक्रादि आयुध हैं। उस मूर्त्ति से ही यह सहस्र बाहुविशिष्ट विश्वरूप मूर्त्ति, विश्व स्थिति के समय उदित होती है। हे कृष्ण ! मैंने निश्चित रूप से जाना, तुम्हारे द्विभुज सच्चिदानन्दमय रूप ही सर्वोपरि तत्त्व है, सर्वजीवाकर्षक एवं सनातन है। उक्त द्विभुजमूर्त्ति का ऐश्वर्य्यविलासरूप तुम्हारी चतुर्भुज नारायण मूर्त्ति नित्य विराजमाना है, एवं जिस समय जगत् की सृष्टि होती है, उस समय उक्त चतुर्भुज रूप से ही विश्वरूप विराट् मूर्त्ति आविर्भूत होती है। इस परम ज्ञान के द्वारा मेरा कौतुहल चरितार्थ हुआ।

विश्वरूप दर्शन करने के निमित्त श्रीअर्जुन को श्रीकृष्णने दिव्यदृष्टि प्रदान किया था—

"नतु मां शक्यसे द्रष्टुमनेनैव स्वचक्षुषा। दिव्यं ददामि ते चक्षुः पश्य मे योगमैश्वरम् ॥

सोपाधिक चक्षु को दिव्यचक्षु कहते हैं। दिव्यचक्षु प्रदान ही किए थे। नतु दिव्य मन। उक्त दिव्यचक्षुः दान मैं कर रहा हूँ, उससे तुम मेरा ऐश्वरीक रूप दर्शन करो। निरुपाधिक कृपास्वरूप की अपेक्षा लब्ध दिव्य चक्षुःसम्पन्न व्यक्तिगण सोपाधिक ऐश्वरीक रूप से अधिक आनन्दानुभव करते हैं। कारण, उनके निरुपाधिक स्वचक्षुः निमीलित रहते हैं।

इस दिव्यदृष्टि के द्वारा विश्वरूप दर्शन माहात्म्य का अनुभव अत्यधिक रूप से करने का उक्त कथन बाल-कोलाहल के समान ही अश्रद्धेय है।

श्रीकृष्ण का नराकार श्रीविग्रह ही प्राकृत दृष्टि का अगोचर है। भगवच्छक्तिविशेष समन्वित दृष्टिविशेष के द्वारा उक्त श्रीविग्रह प्रत्यक्षीभूत होते हैं।

पद्मपुराण में उक्त है—"नराकृति परं ब्रह्म"। श्रीमद्भागवत के १०।१४।१८ में श्रीब्रह्मा ने कहा—

"अद्यैवत्वदृतेऽस्य किं मम न ते मायात्वमादर्शित,-मेकोऽसि प्रथमं ततो व्रजसुहृद्वत्साः समस्त अपि।
तावन्तोऽपि चतुर्भुजास्तदखिलैः साकं मयोपासिता स्तावन्त्येव जगन्त्यभूस्तदमितं ब्रह्माद्वयं शिष्यते ॥"

पूर्व की भाँति आज भी मुझको योगमाया वैभव को आपने दिखाया है। प्रथम, आप एकाकी थे, बाद में समस्त व्रज सुहृत् वयस्य एवं समस्त वत्स होकर प्रकाशित हुये। अनन्तर सबको अखिल तत्त्व अर्थात् आत्मादि स्तम्भ पर्य्यन्त मूर्त्तिमान् चराचर एवं मादृश ब्रह्मा समूह के द्वारा उपासित चतुर्भुज नारायण रूप में मैंने देखा। उनमें से प्रत्येक ही पृथक् पृथक् अखिल तत्त्व के द्वारा परिसेवित हुआ। सम्प्रति देख रहा हूँ—अद्वय ब्रह्ममात्र ही आप अवशिष्ट हैं।

इस श्लोक में—'श्रीमन्नराकार कृष्ण से ही विश्वस्रष्टा अनेक चतुर्भुज आविर्भूत हुये थे, एवं सब ही बाद में उनमें प्रविष्ट हुये थे" इसका वर्णन है। भा० १०।१४।३२ में वर्णित है—

"अहो भाग्यमहो भाग्यं नन्दगोपव्रजौकसाम्, यन्मित्रं परमानन्दं पूर्णं ब्रह्मसनातनम्।" ब्रह्मा, आश्चर्य्य चकित भाव से कहे थे,—परमानन्द पूर्णब्रह्म आप गोकुलवासिगण के सनातन मित्र हैं।

टीका—अहो, इति पुनरुक्त्या भाग्यस्य सर्वथा अपरिच्छिन्नत्वमुक्तम् ॥

क्रमसन्दर्भः। भवन्माहात्म्यमपि न तादृशतायोग्यमित्यस्त्यतिशयान्तरमपीति स्मरन्निव पुनरतीव सचमत्कारमाह—अहो इति, अहो आश्चर्य्ये, भाग्यमनिर्वचनीयस्तत्प्रसादः, वीप्सा, तदतिशयिता—प्रागल्भ्येन पुनः पुनश्चमत्कारावेशात्। केषाम् ? तत्राह—नन्दगोपव्रजौको मात्राणां, पशुपक्षिपर्य्यन्तानाम्। किं तत् ? येषां परमानन्दं मित्रं, स्वाभाविकबन्धुजनोचितप्रेमकर्त्तृ, क्लीवत्वं छान्दसम्, तेन च,

"स एव नित्यात्मसुखानुभूत्यभिव्युदस्तमायः" इति, (भा० १०।६४।२६) "स त्वं विभो

सर्वसम्वादिनी

पासकेभ्यो दर्शनं ददातीति मन्तव्यम्, तथापि श्रुत्यादि-सिद्धानां तत्तदुपासना-प्रवाहाणाम् (भा० १०।२।३१)

(वृहदा० ३।६।२८) 'विज्ञानमानन्दं ब्रह्म' इति श्रुतिवाक्यं, तत् सूचयति। यत्र क्वाप्यानन्द एव खलु सर्वे तादृशप्रेमकर्त्तारो दृश्यन्ते, नत्वानन्दः। कुत्रचिदेषु त्वानन्द एव तात्कर्त्ता, तत्र च श्रुतिमात्रवेद्यत्वेन परमः, अखण्डानन्दतारतम्यवत् स्वरूपत एवालौकिक-माधुर्य्यः। न चैतावदेव। किं तर्हि ? पूर्णमप्यमृतम्। सौरभ्यादिभिरिव स्वरूपरूपगुणलीलैश्वर्य्यमाधुरीभिः सर्वाभिरेवामर्य्यादमेव तत्। एतदपि कुत्रापि न दृष्टं न श्रुतञ्च। न च तादृशं मित्रमित्यर्थः। पुनः कथम्भूतम् ? अपि ब्रह्म—आनन्दानन्त्येन सर्वतो वृहदपि, आनन्दस्य तादृशवृहत्त्वं तादृश-वृहतोऽप्यन्येन मित्रत्वं क्व दृष्टमिति भावः। अन्यदप्याश्चर्य्यमिद-मित्याह—सनातनम्, तत्रादृशमपि नित्यम्, कस्यचित्, क्षुद्रानन्दोऽपि न नित्यो दृश्यते। एषां तु तादृशोऽपीति ॥

आपकी महिमा उस प्रकार से ही सीमित नहीं है। किन्तु सर्वातिशय्य पूर्ण भी है। स्मरण पथमें उदित होने से अतीव आश्चर्य्यचकित होकर ब्रह्मा ने कहा, अहो इति। आश्चर्य्य प्रकटन में अहो शब्द का प्रयोग होता है। भाग्य शब्द का अर्थ—अनिर्वचनीय श्रीकृष्ण की प्रसन्नता। वीप्सा—प्रसाद की अतिशयता प्रकाशक है, प्रगल्भता के कारण—चित्त में पुनः पुनः चमत्कार का आवेश से ही पुनः पुनः कथन हुआ। किसका भाग्य ? नन्दगोपव्रज के निवासी पशुपक्षिमात्र निखिल वस्तुओं का सौभाग्य है। वह भाग्य क्या है ? जिन सबके प्रति परमानन्द ही मित्र है, अर्थात् स्वाभाविक प्रीतिकर्त्ता है। ब्रह्मलिङ्ग का प्रयोग, परमानन्द के उत्तर—छान्दस प्रयोग है। आनन्द पुरुषोत्तम लिङ्ग है, किन्तु वृहदारण्यक श्रुति में विज्ञानमानन्दं ब्रह्म, उल्लेख है। उसका वर्णन करते हैं—जहाँ पर आनन्द का वर्णन है, वहाँ आनन्द के प्रति लोक प्रीति करते हैं, किन्तु आनन्द किसी के प्रति प्रीति नहीं करता है। व्रज में तो इन सब व्रजवासिओं के प्रति—आनन्द ही प्रीतिकर्त्ता है। उसमें भी श्रुतिमात्रवेद्य रूप में परम हैं। अखण्डामृततारतम्य के समान स्वरूपत ही अलौकिक माधुर्य्यपूर्ण है। केवल यह ही आश्चर्य्य नहीं है, किन्तु अपर भी है, वह यह है—पूर्ण होकर भी अमृत है। सौरभ्यादि के समान स्वरूप-रूप-गुण-लीलाश्वैर्य्य माधुरी प्रभृति के द्वारा वह निःसीम है। कहीं पर उस विषय का दर्शन श्रवण आजतक नहीं हुआ है। न-तो वह किसीका मित्र ही होता है। वह किस प्रकार है,—ब्रह्म होकर भी, अनन्त होकर भी, सब प्रकार से वृहत् होकर भी, आनन्द का उस प्रकार वृहत्त्व किसीने कभी भी नहीं देखा है। उस प्रकार वृहत् भी किसी का कभी मित्र हुआ है, यह भी किसीने नहीं देखा है। अन्य आश्चर्य्य यह है—सनातन मित्र है। वह मित्रता भी नित्य है, सामयिकी नहीं। किसीका क्षुद्रानन्द भी नित्य नहीं होता है, व्रजवासियों का तो क्षुद्रानन्द भी नित्य है।

भा० १०।१२।३९ में श्रीशुकदेव ने कहा है—

"सकृद्यदङ्गप्रतिमान्तराहिता मनोमयी भागवतीं ददौ गतिम्।
स एव नित्यात्मसुखानुभूत्यभिव्युदस्तमायोऽन्तर्गतो हि किं पुनः ॥"

"श्रीकृष्ण, नित्यात्मसुखानुभूति के द्वारा मायाको सर्वतोभावेन विदूरित किये हैं।"

टीका—यस्याङ्गं मूर्त्तिस्तस्य प्रतिमा प्रतिकृतिः, तत्रापि केवलं मनोमयी, सापि बलादन्तराहिता सती भागवतीं गतिं ददौ, प्रह्लादादिभ्यः। स एव साक्षादन्तर्गतः किं पुनः। नित्या चासावात्मसुखानुभूतिश्च, तदा अभितोव्युदस्ता माया येन सः।

कथमिहाक्षपथः प्रतीतः" इति च, तथा (गी० १४।२७) "ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाहम्" इति,

सर्वसम्वादिनी

"स्वयं समुत्तीर्य्य भवार्णवं द्युमन्, सुदुस्तरं भीममदभ्रसौहृदाः ।
भवत्पादाम्भोरुहनावमत्र ते, निधाय याताः सदनुग्रहो भवान् ।।"३२।।

बृहद्वैष्णवतोषणी—मनोमयीति—मनसा सहजारथैर्य्येण सदा सर्वसौन्दर्य्याद्यस्फूर्य्या शैत्यादि-प्रतिमाभ्यो न्यूनताभिप्रेता । अन्यत्तैः । अत्र प्रह्लादादिभ्य इवेति बोद्धव्यम् । तेषु स्वतः एव स्फूर्त्तिः, नतु बलादिति नित्यात्मेति तैर्व्याख्यातम् । नित्यमात्मनां सर्वजीवानां सुखानुभूतिर्यस्मात् यतोऽभितो विशेषेणोदस्तमायः, तथा च वक्ष्यति श्रीब्रह्मा "अत्रैव मायाधमनावतारे" (श्रीभा० १०।१०।१६) इति स चासौ स च यतः परमः सर्वतः श्रेष्ठः, निजाशेषभगवत्ता प्रकटनात्, यद् यस्याङ्गेति सन्याय हर्षसम्बोधने ।

भा० १०।६४।२६ में नृग महाराज ने कहा है—

"स त्वं कथं मम विभोऽक्षिपथः परात्मा योगेश्वरैः श्रुतिदृशाऽमलहृद्विभाव्यः ।
साक्षादधोक्षज उरुव्यसनान्धबुद्धेः स्यान्मेऽदृश्य इह यस्य भवापवर्गः ।।"

हे विभो ! वह परमात्मा आप ही हैं । जिनकी चिन्ता, परम भक्तगण उपनिषच्चक्षु के द्वारा हृदय में करते हैं, आश्चर्य्य है, वह आप मेरे नयनगोचर हुये हैं ।

द्वारका में सच्चिदानन्द नराकार विग्रह में प्रकटलीलाकारी श्रीकृष्ण दर्शन से विस्मित होकर नृग महाराज उनको कहे थे । परम दुर्लभ अनिर्वचनीय महिमान्वित आप विभु—सर्वव्यापक हैं, अतएव इन्द्रियागोचर हैं । परमात्मा, आत्मा से भी श्रेष्ठ हैं । सुतरां आत्म-साक्षात्कार से भी आपका साक्षात्कार अति दुर्घट है । योग—भक्तियोग, उस भक्तियोग में ईश्वर समर्थ, अर्थात् परमभक्त, ईदृश योगेश्वरगण कर्त्तृक औपनिषद् चक्षु के द्वारा आप निर्मल हृदय में चिन्तनीय हैं । आप साक्षात् अधोक्षज हैं । अक्षज—इन्द्रियज्ञान, जिस विषय में अधः, परास्त है, इस प्रकार आप हैं । अर्थात् आप इन्द्रियातीत हैं, ज्ञानातीत हैं, जिनका संसारक्षय हुआ है, वह ही आपका दर्शन प्राप्त करता है । अत्यन्त दुःख द्वारा हतबुद्धि मैं आपका दर्शन पाया, यह अतीव आश्चर्य्य है ।

नृग, इक्ष्वाकु पुत्र थे । आप अतिशय दाता थे । आप सालङ्कृता दुग्धवती असंख्य कपिल-धेनु दान किये थे । एकदा तत्कर्त्तृक एक ब्राह्मण को प्रदत्ता धेनु, दानार्थ रक्षित नृप के धेनुवृन्द में मिल गई थी । नृग महाराज ने भ्रमवशतः उक्त धेनु को अपर ब्राह्मण को दान कर दिया था । उभय ब्राह्मणों में तुमुल कलह उक्त धेनु को लेकर हुआ । राजा अनुनय के सहित एक धेनु के परिवर्त्त में लक्ष धेनु प्रदान का प्रस्ताव किये थे । किन्तु उससे भी कलह का समाधान नहीं हुआ, "हम धेनु ग्रहण करना नहीं चाहते हैं" कहकर ब्राह्मणद्वय चले गये । मृत्यु के पश्चात् उक्त कर्मफल से नृग नृपति कृकलास देह प्राप्त कर द्वारका के एक निरुदक कूप में निपतित हुए थे । यदुकुमारगण, वृहदाकार कृकलास को देखकर कूप से उद्धार की चेष्टा किए थे, किन्तु असमर्थ होकर श्रीकृष्ण के निकट निवेदन करने पर श्रीकृष्ण आकर उसको उद्धार किये थे । श्रीकृष्ण उक्त प्रसङ्ग में ब्रह्मस्वापहरण का फल वर्णन कर निज जनगण को सतर्क किये थे ।

स्वामिटीका—दुर्घटेन श्रीकृष्णदर्शनेन विस्मितः सन् आत्मनो भाग्यमभिनन्दति—स त्वमिति । हे विभो ! स त्वं ममाक्षिपथो लोचनगोचरः सन् कथं साक्षात् प्रत्यक्षोऽसीत्यर्थः । ननु किमत्र आश्चर्य्यं, तदाह—पर आत्मा, अतएव, योगेश्वरैरपि श्रुतिदृश्य-उपनिषच्चक्षुषा, अमले हृदिविभाव्यश्चिन्त्यः, यतोऽधोक्षजः, अक्षजमैन्द्रियकज्ञानं, तदधोऽर्वागेव यस्मात् सः । यस्येह भवापवर्गो भवेत् तस्य भवाननुदृश्यः स्यात् । उरु व्यसनेन कृकलास भवदुःखेन अन्धबुद्धेस्तु ममैतच्चित्रमित्यर्थः ।।

(गी० ७।२५)"नाहं प्रकाशः सर्वस्य" इति च श्रवणेन प्राकृतदृष्टेस्तत्राप्यकरणत्वात्, भगवच्छक्ति-

सर्वसम्वादिनी

इत्यनुसारेणाविच्छिन्न-सम्प्रदायत्वेनानादिसिद्धत्वादनन्तत्वात् केषाञ्चित्तत्तच्चरणारविन्दैक-सेवा-मात्र-

वैष्णवतोषणी। स परमदुर्लभः। किञ्च, अनिर्वचनीयमाहात्म्यस्त्वम्। विभो! हे व्यापकेति चाक्षपथायोग्यत्वम्। तथा परमात्मा, परमात्मेत्यात्मसाक्षात्कारादपि त्वत्साक्षात् दुर्घटत्वं सूचितम्। योगः, भक्तियोगः, तस्मिन्नीश्वरैः, समर्थैः परमभक्तैः, इत्यर्थः। योजना तु तैः कृता। यद्वा, कथं केन प्रकारेणाक्षपथं प्रयातोऽसि? तन्तु विचारेण न लभे इत्यर्थः। यतः पूर्वोक्तप्रकारेणाधोक्षजो ज्ञानाविषयो यः, स साक्षात् स्यात्, काक्वा नैवेत्यर्थः। तत्रापि ममोरुव्यसनान्धबुद्धः साक्षात् स्यात्, काक्वा न तरामित्यर्थः। यतो यस्य भवापवर्ग उपस्थितोऽस्ति, तेनैवानुदृश्यः, दृष्ट सदृशो भवसि, सर्वातीतत्वा-दानन्त्याच्च, तस्मान्मम स्वर्गितां प्राप्तस्य त्विदं दर्शनमतीवचित्रमिति भावः।

गी० १४।२७ में उक्त है—"ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाहममृतस्याव्ययस्य च।
शाश्वतस्य च धर्मस्य सुखस्यैकान्तिकस्य च॥"

टीका—"ननु तद्विवेकख्यात्या त्वदेकभक्त्या गुणातीतो लब्धस्वरूपो 'ब्रह्म' शब्दितो मुक्तः कथं तिष्ठेदिति चेत्तत्राह—ब्रह्मणो हीति। हि निश्चये। ब्रह्मणस्तत्पूर्वकया तया सत्त्वाद्यावरणात्ययादाविर्भावित स्वगुणाष्टकस्यामृतस्य मृतिनिर्गतस्याव्ययस्य ताद्रूप्येणैकरसस्य मुक्तस्य मदतिप्रियस्याहमेव विज्ञानानन्द-मूर्त्तिरनन्तगुणो निरवद्यः सुहृत्तमः सर्वेश्वरः। प्रतिष्ठा—प्रतिष्ठीयतेऽत्र 'इति' निरुक्तेः परमाश्रयोऽतिप्रियो भवामीति तादृशं मां परया भक्त्यानुभवंस्तिष्ठतीति, न मत्तो विश्लेषलेशो, 'न स पुनरावर्त्तते' 'यद्गत्वा न निवर्त्तन्ते' 'मुक्तानां परमागतिः' इति स्मृतिभ्यः। ननु मुक्तस्त्वां कथं श्रयेत् श्रवणफलस्य मुक्तेर्लाभादिति चेदस्त्यतिशयितं फलमिति भावेनाह— शाश्वतस्य चेत्यादि। नित्यस्य षडैश्वर्य्यशब्दितस्य धर्मस्यैकान्तिकस्य मदसाधारणस्य सुखस्य च विचित्रलीला-रसस्याहमेव प्रतिष्ठेति। तीव्रानन्दरूप-मद्विभूतिमल्लीलानुभवाय मामेव समाश्रयतीत्येवमाह—श्रुतिः, 'रसो वै सः, रसं ह्येवायं लब्ध्वानन्दी भवति' इति।"

सर्व प्रकार साधन का फल यदि ब्रह्मसम्पत्ति ही है, तब कैसे ब्रह्मभूत व्यक्ति मुक्त होकर अवस्थित होगा? उत्तर—नित्य निर्गुण अवस्था में मैं स्वरूपतः ही भगवान् हूँ। जड़ शक्ति में तटस्थ शक्तिरूप जीव चैतन्य वीज का आधान के समय प्रथमोक्त आदि शक्ति का प्रकाश ही ब्रह्म है। ज्ञानालोचन के द्वारा सर्वोच्च अवस्था प्राप्त करने से ब्रह्मधाम की प्राप्ति होती है। वह ही निर्गुण अवस्था की प्रथम सीमा है। उसको प्राप्त करने के पहले जड़विशेष त्यागरूप एक निर्विशेष भावोदय होता है, उसमें अवस्थित निर्विशेषता दूरीभूत होकर चिद्विशेष की प्राप्ति होती है। उक्त क्रमानुसार ही ज्ञानमार्ग में सनकादि ऋषिगण एवं वामदेव प्रभृति निर्विशेषभावापन्न व्यक्तिगण, निर्गुण भक्तिरसरूप अमृत को प्राप्त किए हैं। मुमुक्षुत्व रूप दुर्वासना त्याग न होने से निर्गुण भक्ति लाभ असम्भव है। वस्तुतः निर्गुण सविशेष तत्त्व ही मैं हूँ, ज्ञानिवर्ग की चरमगति, ब्रह्म की प्रतिष्ठा—आश्रय मैं हूँ। अमृततत्त्व, अव्ययत्व, नित्यत्व, नित्यधर्मरूप प्रेम, एवं ऐकान्तिक सुखरूप व्रजरस प्रभृति निर्गुण सविशेषतत्त्वरूप कृष्णस्वरूप को आश्रय कर अवस्थित हैं।

गी० ७।२५ में उक्त है—"नाहं प्रकाशः सर्वस्य योगमाया समावृतः।
मूढ़ोऽयं नाभिजानाति लोको मामजमव्ययम्॥"

टीका—ननु भक्ता इवाभक्ताश्च त्वां प्रत्यक्षीकुर्वन्ति प्रसादादेव भजत्स्वभिव्यक्तिरिति कथम्? तत्राह—नाहमिति। भक्तानामेवाहं नित्यविज्ञानसुखघनोऽनन्तकल्याणगुणकर्मा प्रकाशोऽभिव्यक्तो, नतु सर्वेषामभक्तानामपि। यदहं योगमायया समावृतो मद्विमुखव्यामोहकत्वयोगयुक्तया मायया समाच्छन्न

विशेषसम्बलितदृष्टेरेव तत्र करणत्वात् । ततस्तस्या दृष्टेर्दिव्यत्वं दानञ्च नराकारपरब्रह्म-दर्शनहेतुलक्षणायास्तत्स्वाभाविकदृष्टेरन्यासौ देववपुर्दर्शनहेतुरित्यपेक्षयैव । तच्च नराकृति परब्रह्म दिव्यदृष्टिभिरपि दुर्दर्शमित्युक्तम्; (गी० ११।५२)—

"सुदुर्दर्शमिदं रूपं दृष्टवानसि यन्मम ।
देवा अप्यस्य रूपस्य नित्यं दर्शनकाङ्क्षिणः ॥"१४७॥

इत्यादिना । किन्तु भक्तैकसुदर्शत्वमित्यप्युक्तम् (गी० ११।५४)—

"भक्त्या त्वनन्यया शक्यो अहमेवंविधोऽर्जुन ।
ज्ञातुं द्रष्टुञ्च तत्त्वेन प्रवेष्टुञ्च परन्तप ॥"१४८॥

सर्वसम्वादिनी

पुरुषार्थानां (गी० ४।११) 'ये यथा मां प्रपद्यन्ते' इति न्यायेन नित्य-तदेकोपलब्धत्वाच्छ्रीभगवतः सर्वदैव

परिसर इत्यर्थः, यदुक्तं "मायाजवनिकाच्छन्नमहिम्ने ब्रह्मणे नमः" इति । मायामूढ़ोऽयं लोकोऽतिमानुषदैवत प्रभावं विधिरुद्रादिवन्दितमपि मां नाभिजानाति । कीदृशं ? अजं—जन्मशून्यम् । यतोऽव्ययमप्रच्युत-स्वरूपसामर्थ्यसार्वज्ञ्यादिकमित्यर्थः ॥

"प्रथम मैं अनभिव्यक्त था । सम्प्रति सच्चिदानन्दस्वरूप श्यामसुन्दर रूप में प्रकट हूँ" इस प्रकार धारणा न करो । यह श्यामसुन्दर रूप मेरा नित्य है, एवं इस रूप में ही मैं नित्यावस्थित हूँ । यह रूप परिपूर्ण चिद्रूप होने पर भी स्वरूपशक्ति रूप योगमाया के द्वारा दर्शकों के नेत्र पिहित होने से साधारणजन दर्शन करने में सक्षम नहीं होते हैं । तज्जन्य मूढ़ जनगण, अव्ययस्वरूप मुझको जान नहीं सकते हैं ।

उक्त प्रमाणों से सुस्पष्ट प्रतीत होता है कि—नराकृति श्रीकृष्णस्वरूप ही सर्व परतत्त्व-परब्रह्म हैं । ब्रह्म, प्राकृत इन्द्रियग्राह्य नहीं हैं । सुतरां श्रीकृष्ण को कोई भी व्यक्ति प्राकृत नयनों से देख नहीं पाते हैं । अर्जुन सखा रूप में उन सर्वपरतत्त्व वस्तु का दर्शन नित्य करते रहते हैं । इसका कारण—अर्जुन अप्राकृत दृष्टिसम्पन्न अवश्य ही थे । विश्वरूप दर्शन के समय 'दिव्यं ददामि ते चक्षु' दिव्यचक्षु प्रदान का जो प्रसङ्ग है, श्रीकृष्ण कर्त्तृक प्रदत्त वह चक्षु है । उसका तात्पर्य्य यह है,—नराकृति परब्रह्म दर्शनोपयोगी अर्जुन की जो स्वाभाविकी दृष्टि है, उससे अस्वाभाविक देववपु का दर्शन असम्भव है । अर्थात् विश्वरूप दर्शनोपयोगिनी दृष्टि भिन्ना है । श्रीकृष्ण, अर्जुन की स्वाभाविकी दृष्टि को आवृत कर शेषोक्त दृष्टि दान किये थे ।

किन्तु दिव्यदृष्टिविशिष्ट व्यक्तिगण, नराकृति परब्रह्म दर्शन में असमर्थ हैं । इसका विवरण, विश्वरूप दर्शनध्याय में सुव्यक्त है । श्रीकृष्णने कहा—"तुमने जिस रूप का दर्शन किया है, उसका दर्शन अति दुर्घट है । देवगण भी उसका दर्शन करने के निमित्त सतत आकाङ्क्षान्वित हैं ।" बाद में कहा भी है—नराकृति परब्रह्म का रूप दर्शन—सहज भक्ति द्वारा होता है । यथा—"हे अर्जुन ! हे परन्तप ! अनन्य भक्ति के द्वारा एवम्विध मुझको यथार्थ रूप में जानने, दर्शन करने एवं मेरे में प्रविष्ट होने में जनगण सक्षम होते हैं ।"

"भक्त्या त्वनन्यया शक्यो अहमेवं विधोऽर्जुन ! ज्ञातुं द्रष्टुञ्च तत्त्वेन प्रवेष्टुञ्च परन्तप !"(गी० ११।५४)

टीका—अभिमतां परभक्त्यैकदृश्यतां स्फुटयन्नाह—भक्त्येति । एवंविधो देवकीसूनुश्चतुर्भुजोऽहमनन्यया मदेकान्तया भक्त्या तु वेदादिभिस्तत्त्वतो ज्ञातुं शक्यः, द्रष्टुं प्रत्यक्षं कर्त्तुं तत्त्वतः प्रवेष्टुं संयोक्तुं च शक्यः । पुरं प्रविशतीत्यत्र पुरसंयोग एव प्रतीयते । तत्र वेदो, गोपालोपनिषत्, तपो,

इत्यादिना। न च (गी० ११।५२) "सुदुर्दर्शमिदम्" इत्यादिकं विश्वरूपपरम्; (गी० ११।५१)

सर्वसम्वादिनी

तत्तद्रूपेणावस्थितिर्गम्यत एव। अतएव "भवत्पदाम्भोरुहनावमात्र ते निधाय" इत्युक्तम्।

मज्जन्माष्टम्येकादश्याद्युपोषणं, दानं मद्भक्तसम्प्रदानकं स्वभोग्यानामर्पणम्। इज्या—मन्मूर्त्तिपूजा। श्रुतिश्चैवमाह—'यस्य देवे पराभक्तिः' इत्याद्या। 'तु'-शब्दोऽत्र भिन्नोपक्रमार्थः। न च 'सुदुर्दर्शम्' इत्यादित्रयं सहस्रशीर्षरूपपरमितिवाच्यम्, 'इत्यर्जुनम्' इत्यादि द्वयस्य नराकृतिचतुर्भुजस्वकरूप-परस्याव्यवहितपूर्वत्वात्, तद्वयेन सहस्रशीर्षरूपस्य व्यवधानाच्च, तत्र यस्य तदेकवाक्यतायाः 'नाहं वेदैः' इत्यादेः पौनरुक्त्यापत्तेश्च।

यत्तु दिव्यदृष्टिदानेन लिङ्गेन नराकारच्चतुर्भुजात् सहस्रशीर्षो देवाकारस्योत्कर्षमाह—तदविचारिताभिधानमेव। देवाकारस्य तस्य चतुर्भुजनराकाराधीनत्वात्। तत्वञ्च तस्य युक्तमेव। "यः कारणार्णवजले भजति स्म योगनिद्राम्" इत्यादि स्मरणात्। इदं नराकृतिकृष्णरूपं सच्चिदानन्दं सर्ववेदान्तवेद्यं विभुं सर्वावतारीति प्रत्येतव्यं, "सच्चिदानन्दरूपाय कृष्णायाक्लिष्टकारिणे। नमो वेदान्त वेद्याय गुरवे बुद्धिसाक्षिणे॥" 'कृष्णे परमं दैवतम्' 'एको वशी सर्वगः कृष्ण ईड्यः' 'एकोऽपि सन् बहुधा योऽवभाति' इत्यादि श्रवणात्, "ईश्वरः परमः कृष्णः सच्चिदानन्दविग्रहः। अनादिरादिर्गोविन्द सर्वकारणकारणम्॥" "यत्रावतीर्णं कृष्णाख्यं परं ब्रह्म नराकृति" 'एते चांशकलाः पुंसः कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्।' इत्यादि स्मरणाच्च। अत्रापि स्वयमेवोक्तं—'मत्तःपरतरं नान्यत्' इति, 'अहमादिर्हि देवानाम्' इत्यादि च। अर्जुनेन च, 'परं ब्रह्म परं धाम' इत्यादि। तस्मादतिप्रभावेण संक्रान्ते सहस्रशीर्ष्णि रूपे तेन संक्रान्तैव दृष्टिर्ग्राहिणी युक्त। नतु अतिसौन्दर्य्यमाधुर्य्यलावण्यनिधि-नराकृति कृपारूपानुभविनी दृष्टिस्त्रत्र तेजस्त्वमेव संक्रमितव्यमिति, नतु युक्त्याभासलाभेन हैतुकत्वं स्वीकार्य्यम्, नचार्जुनोऽपि अन्य मनुष्यवच्चर्मचक्षुष्कः, तस्य भारतादिषु नर भगवदवतारत्वेन असकृदुक्तेः। कर्मोद्भूतया विद्यया सनिष्ठैः सहस्रशिरष्करूपलभ्यमिति दुर्दर्शं, तत् नराकृतिकृष्णरूपं त्वनन्यया भक्त्यैवेति, सुदुर्दर्शं तदुक्तम्।"

श्रीभगवान् ने कहा—अर्जुन! तुमने अभी तक जो रूप मेरा देखा, वह सुदुर्शनीय है, ब्रह्म रुद्रादि देवगण भी इस नित्य रूप का दर्शनाकाङ्क्षी हैं। यदि कहो वह कैसे दुर्दर्शनीय है? सुनो, इस तत्त्व को कहता हूँ। मेरा यह सच्चिदानन्द कृष्ण रूप के सम्बन्ध में दर्शकों की तीन प्रकार प्रतीति होती है। अर्थात् विद्वत् प्रतीति, अविद्वत् प्रतीति, यौक्तिक प्रतीति। अविद्वत् प्रतीति—मूढ़ प्रतीति है, उससे मानवगण, मेरा नित्यस्वरूप को जड़ाश्रित अनित्य मानते हैं। उससे स्वरूप का परमभाव की उपलब्धि नहीं होती है। यौक्तिक प्रतीति को दिव्य प्रतीति कहते हैं। उससे ज्ञानाभिमानी पुरुषगण एवं देवतागण उस प्रतीति को जड़धर्माश्रित एवं अनित्य मानते हैं। फलतः, विश्वव्यापी विराड् मूर्त्ति को अथवा विश्वातिरिक्त भावगत निर्विशेष ब्रह्म को नित्य मानकर मेरा मनुष्याकार को अर्चनोपायमात्र मानते हैं।

किन्तु विद्वत् प्रतीति के द्वारा मेरा उक्त मानुष रूप को साक्षात् सच्चिदानन्द धाम का साक्षात्कार चिच्चक्षुविशिष्ट भक्तगण करते हैं। इस प्रकार साक्षात् दर्शन देवगण के पक्ष में भी सुदुर्लभ है। देवताओं के मध्य में ब्रह्मा एवं शिव मेरा भक्त हैं। अतएव वे भी इस रूप दर्शन करने का अभिलाषी हैं। तुम तो मेरा शुद्ध सख्य भक्त हो, मेरी कृपा से विश्वरूपादि का दर्शन कर नित्य रूप का सर्वश्रेष्ठत्व जानने में सक्षम हुए हो।

भा० १०।८५।१८ में श्रीमदानकदुन्दुभि ने भी श्रीबलदेव एवं श्रीकृष्ण को समान रूप से निर्देश किया है। "युवां न नः सुतौ साक्षात् प्रधानपुरुषेश्वरौ। भूभारक्षत्रक्षपणे अवतीर्णौ तथात्थ च।।" ऐश्वर्य्य ज्ञान प्रधान प्रेमवान् श्रीवसुदेव, श्रीकृष्णतत्त्व को जानते थे। पुत्र रूप में अवतीर्ण कृष्ण को भगवान् ही मानते थे। यदि श्रीबलदेव, मूल सङ्कर्षण नहीं होते तो श्रीकृष्ण की भगवत्ता में सुविज्ञ श्रीवसुदेव, श्रीबलराम को श्रीकृष्ण के समान रूप में वर्णन नहीं करते। उक्त वाक्य से ही सुस्पष्ट प्रतिपादन होता है। "तुम दोनों मेरा पुत्र नहीं हो, साक्षात् प्रधान पुरुषेश्वर हो, तुम दोनों पृथिवी के भारस्वरूप क्षत्रियवर्ग को विनष्ट करने के निमित्त आविर्भूत हुए हो," श्लोकोक्त 'साक्षात्' पद से प्रतीत होता है कि—श्रीकृष्ण के समान श्रीबलदेव भी अवतारी है।

अनन्तर श्रीबलदेव का मूल सङ्कर्षणत्व के विषय में संशय निरसन के निमित्त भा० १०।१३।३७ श्लोक का विचार प्रारम्भ करते हैं—"केयं वा कुत आयाता दैवी वा नार्य्युतासुरी,
प्रायो मायान्तु मे भर्त्तुर्नान्या मेऽपि विमोहिनी।"

ब्रह्ममोहन लीला में ब्रह्मा, श्रीकृष्ण के वत्स एवं वयस्यवृन्द को हरण करने से श्रीकृष्ण, निज स्वरूप से ही तदनुरूप वत्स एवं वयस्यवृन्द को प्रकाशित किये थे। तत् समुदय, श्रीकृष्ण से अभिन्न होने के कारण श्रीकृष्ण के प्रति जिस प्रकार प्रीति धेनुवृन्द एवं व्रजवासिवृन्द की थी, निज निज पुत्र के प्रति भी उस प्रकार प्रीति उन सब की हुई थी। जिस दिन ब्रह्माकर्त्तृक वत्सबालकों का अपहरण हुआ था, उस दिन श्रीबलराम वहाँ उपस्थित नहीं थे। सुतरां उक्त लीलारहस्य उनका अज्ञात था। अतएव निज निज बालकों के प्रति नित्य वर्द्धित प्रीति को देखकर उन्होंने उसको मायिक माना था। व्रजवासिगण की एकनिष्ठ कृष्णप्रीति का व्यभिचार नहीं होता है। श्रीकृष्ण भिन्न अन्यत्र नित्य वृद्धिशील होना तो दुसरी बात है, कृष्णसम्बन्ध भिन्न अन्यत्र प्रीति का सञ्चार आप सबका होना सम्भव नहीं है। कारण निज पुत्र में भी जो प्रीति है, वह भी 'मेरा पुत्र कृष्ण के सखा है' इस बुद्धि से ही है। श्रीबलदेव ने बारम्बार व्रजवासियों की इस प्रीतिरीति का अनुभव किया था। सम्प्रति उन सब व्रजवासियों में निज पुत्र भाव से अत्यधिक प्रीति का उद्रेक को देखकर मन-ही मन आपने शोचा,—"यह माया का कार्य्य है। कौन ऐसी माया है, जो मुझको इस प्रकार विपरीत रीति को दिखा रही है? यह माया—दैवी मानुषी, किंवा आसुरी है? कहाँ से यह माया आई है? उसकी स्थिति अन्यत्र होना असम्भव है। कारण इससे मेरा मोह हो रहा है। मैं समझता हूँ—यह माया मेरा प्रभु श्रीकृष्ण की ही है।"

श्रीबलदेव के वाक्यस्थित 'प्रभु' पद के द्वारा उनकी न्यूनता सूचित हो रही है। उसके अनुसार यदि उनको आवेशावतार कहा जाय तो, पूर्वोक्त 'वासुदेव कलानन्त' इत्यादि श्लोकानुसार श्रीबलदेव को अंशाविष्ट अंश मानना होगा। किन्तु वैसा मानना असमीचीन ही होगा। श्रीबलदेव आवेशावतार नहीं हैं, आप अवतारी हैं। 'शेष' नामक श्रीबलदेवाविष्ट पार्षदविशेष हैं। अंशी के आविर्भाव के समय में

मे भर्त्तुर्नान्या मेऽपि विमोहिनी" इत्यादौ यत्तस्मिंस्तस्य भक्तिः श्रूयते, तत्तु लक्ष्म्या इव द्रष्टव्यम् ॥ श्रीब्रह्मा देवान् ॥

८७। अथ श्रीप्रद्युम्नस्यापि शिवनेत्रदग्धः स्मरो जातोऽयमिति यच्छ्रूयते, तदप्येकदेश-प्रस्तावमात्रम्। तस्य गोपालतापनीश्रुत्यादौ (उ० ४०)—

"यत्रासौ संस्थितः कृष्णस्त्रिभिः शक्त्या समाहितः।
रामानिरुद्धप्रद्युम्नैः रुक्मिण्या सहितो विभुः॥"१७३॥

इत्यादिना नित्य-श्रीकृष्णचतुर्व्यूहान्तःपातितया प्रसिद्धेस्तथा सम्भवाभावात्। तस्य स्मरस्यापि साधारणदेवताविशेषमात्रत्वेन प्रसिद्धत्वे चतुर्व्यूहान्तःपातितायामयोग्यतमत्वात्। तस्माद्वक्ष्यमाणाभिप्रायेणैवैतदाह (भा० १०।५५।१)—

(८७) "कामस्तु वासुदेवांशो दग्धः प्रागुरुद्रमन्युना।
देहोपपत्तये भूयस्तमेव प्रत्यपद्यत॥"१७४॥

अवेदज्ञस्यापि ब्राह्मण्ये सत्येव ब्राह्मणस्तु वेदज्ञ इतिवत्, 'तु'-शब्दोऽत्र मुख्यतां सूचयति।

उन श्रीबलदेव में अंश का प्रवेश हुआ था। उन अंश से ही 'मे भर्त्तुः' इत्यादि वाक्य का प्रयोग हुआ है। किन्तु श्रीबलदेव के आचरण में जो भक्ति का प्रसङ्ग आता है, वह भी लक्ष्मी का भजन प्रसङ्गवत् है। उक्त दृष्टि से ही भजन प्रसङ्ग का समाधान करना आवश्यक है।

देवगणों के प्रति श्रीब्रह्मा का कथन है॥८६॥

अनन्तर तृतीय व्यूहरूप श्रीप्रद्युम्न तत्त्व का निरूपण करते हैं। शिवनेत्रदग्ध कामदेव श्रीप्रद्युम्न रूप में आविर्भूत हैं। इस प्रकार विवरण श्रुत है। वह भी श्रीप्रद्युम्न का एकदेश प्रस्ताव है। अर्थात् आंशिक वर्णन ही है। कारण, श्रीगोपालतापनी प्रभृति श्रुति में वर्णित है—'राम, अनिरुद्ध, प्रद्युम्नरूप के सहित एवं शक्तिरूपा रुक्मिणी के सहित सम्यक् लीलासौष्ठव समन्वित विभु श्रीकृष्ण, जहाँ पर अवस्थित हैं, भक्तगण उस स्थान को प्राप्त करते हैं।" (गोपालतापनी उत्तर विभाग ४०) सुतरां शिवनेत्रदग्ध कामदेव का प्रद्युम्न होना सम्भव नहीं है। कामदेव साधारण आधिकारिक देवता है। उनका सन्निवेश चतुर्व्यूह में होना सर्वथा असम्भव ही है।

अतएव भा० १०।५५।१ के वर्णनाभिप्राय से विदित है कि—मुख्य कामदेव श्रीवासुदेव का ही अंश है। पहले शिव कोपानल से दग्ध होकर काम पुनर्बार शरीर प्राप्ति के निमित्त उनमें प्रविष्ट हुआ। श्रीमद्भागवतीय 'कामस्तु' पद्य से उक्तार्थ का सुस्पष्ट बोध होता है,—"वासुदेवांश काम, रुद्र कोपानल से दग्ध होकर पुनर्बार देह प्राप्ति के निमित्त उनको प्राप्त किया।" यहाँ प्रष्टव्य यह है कि—श्रुत्यादि के वर्णनानुसार वासुदेव, सङ्कर्षण, प्रद्युम्न एवं अनिरुद्ध—चतुर्व्यूह ईश्वराविर्भाव हैं, एवं नित्य हैं। प्राकृत काम, इन्द्रभृत्य देवताविशेष है, एवं इन्द्रभृत्य जीवविशेष है। सुतरां उसका श्रीकृष्ण पुत्र, प्रद्युम्न रूपमें आविर्भूत होना एवं ईश्वरतत्त्व में पर्य्यवसित होना कैसे सम्भव होगा? इस प्रश्न का समाधान के निमित्त पूर्वोक्त यथाश्रुतार्थ से सन्तुष्ट न होकर ग्रन्थकार स्वयं ही उक्त पद्य की व्याख्या कर रहे हैं।

"अवेदज्ञस्यापि ब्राह्मण्ये सत्येव ब्राह्मणस्तु वेदज्ञ इतिवत्" 'तु' शब्दोऽत्र मुख्यतां सूचयति। ब्राह्मण कुलोत्पन्न अवेदज्ञ का भी ब्राह्मणत्व है, किन्तु वेदज्ञ ही ब्राह्मण है। यहाँ जिस प्रकार किन्तु-स्थ 'तु' शब्द

ततः 'कामस्तु वासुदेवांशः' इत्यस्य वासुदेवांशो यः कामः स एव मुख्य इत्यर्थः। 'तु'-शब्दोऽयं भिन्नोपक्रमे वा। ततो 'वासुदेवांशस्तु कामः' इत्यन्वयेऽपि पूर्ववदेवार्थः। तदेवं सति यः प्राग्रुद्रमन्युना दग्धो देवताविशेष इन्द्रभृत्य इत्येकादशप्रसिद्धः कामः, स देहोपपत्तये तत्कोपदग्धतया नित्यमेवानङ्गतां प्राप्तस्य तस्य स्वतो देहोपपत्त्यभावाद्देहप्राप्त्यर्थं तमेव वासुदेवांशं प्रद्युम्नाख्यं मुख्यं काममेव प्रत्यपद्यत प्रविष्टवान्। 'भूयः'-शब्देन प्रद्युम्नादेव पूर्वमप्युद्भूतोऽसाविति बोध्यते। यद्वा, यस्तु कामः प्राग्रुद्रमन्युनाऽदग्धो न दग्धः, स भूयः प्रकटलीलायां देहोपपत्तये स्वमूर्त्तिप्रकाशनार्थं तं श्रीवासुदेवमेव प्रविष्टवान्। अदग्धत्वे हेतुः —वासुदेवांश इति ॥

८८। पूर्वोक्तमेव व्यनक्ति (भा० १०।५५।२)—

(८८) "स एव जातो वैदर्भ्यां कृष्णवीर्य्यसमुद्भवः।
प्रद्युम्न इति विख्यातः सर्वतोऽनवमः पितुः ॥"१७५॥

यः कृष्णवीर्य्यसमुद्भवो यश्च प्रद्युम्न इति विख्यातः, स एव प्रकटलीलावसरेऽपि वैदर्भ्यां जात आविर्भूतः, न त्वन्यः प्राकृतकाम एव। तत्र हेतुः—सर्वतो गुणरूपादिष्वशेषेष्वेव धर्मेषु पितुः श्रीकृष्णादनवमस्तुल्य एवेति। अन्यथा तादृशानवमत्वं न कल्पत इति भावः।

के द्वारा 'मुख्य ब्राह्मणत्व वेदज्ञ का ही है' बोध होता है, तद्रूप "कामस्तु वासुदेवांशः" स्थल में भी वासुदेवांश जो काम है, वह मुख्य काम है, इस प्रकार अर्थ बोध होता है।

अथवा 'तु' शब्द का अर्थ भिन्नोपक्रम है। अर्थात् 'तु' शब्द प्राकृत काम से वासुदेवांश काम रूप प्रद्युम्न को पृथक् करता है। उससे वासुदेवांश काम ही—इस प्रकार अन्वय करने से पूर्व के समान उनका मुख्य कामत्व प्रतीत होगा। सारार्थ यह है कि—पहले रुद्र कोप से दग्ध देवताविशेष जो काम, वह अनङ्ग हो गया था, निज शक्ति से पुनर्बार देह धारण की क्षमता उसकी नहीं रही। देवत्व प्राप्ति के निमित्त वासुदेवांश प्रद्युम्नाख्य मुख्य कामदेव में प्रविष्ट हुए थे। श्लोकोक्त 'भूयः' शब्द के द्वारा प्रतीत होता है कि—पूर्व में भी उस कामदेव की उत्पत्ति श्रीप्रद्युम्न से ही हुई थी। अथवा, जो वासुदेवांश काम, रुद्र कोपानल से दग्ध नहीं हुआ, वह पुनर्बार प्रकटलीला में निज मूर्त्ति प्रकटन के निमित्त उन श्रीवासुदेव में प्रविष्ट हुआ था।

अदग्ध होने का कारण, वह श्रीवासुदेव का अंश है। अर्थात् ईश्वर तत्त्व को रुद्र कोपानल दग्ध करने में अक्षम है, प्राकृत काम को ही दग्ध किया था ॥८७॥

अनन्तर पूर्वोक्त वासुदेवांश काम का विशेष वर्णन करते हैं। भा० १०।५५।२ में वर्णित है—"जो श्रीकृष्ण वीर्य्य से समुद्भूत होते हैं, जो प्रद्युम्न नाम से अभिहित हैं, आप ही विदर्भराजकन्या रुक्मिणी के गर्भ से समुत्पन्न हुए हैं। आप सर्वतोभावेन पिता श्रीकृष्ण के अनुरूप ही हैं।"

"यः कृष्णवीर्य्यसमुद्भवो यश्च प्रद्युम्न इति विख्यातः"—

जो कृष्णवीर्य्य समुद्भव—कृष्णांश में आविर्भूत, जो प्रद्युम्न नाम से विख्यात हैं। वह प्रकटलीला के समय भी वैदर्भी से 'जातः' आविर्भूत हुये हैं। वह प्राकृत काम नहीं है। उसके प्रति कारण—'सर्वतः' गुण-रूपादि अशेष धर्म से ही पिता श्रीकृष्ण के 'अनवम' अनुरूप ही हैं। अन्यथा प्राकृत काम—

तस्माद्यथा महाभारते सर्वत्र श्रीमदर्जुनस्य नरत्वप्रसिद्धावपि पञ्चेन्द्रोपाख्याने इन्द्रत्व-प्रसिद्धिरिन्द्रस्यापि तत्र प्रवेशविवक्षया घटते, तद्वदत्रापि। अतः श्रीनारदेन रत्यै तथोपदेशस्तया तत्प्राप्तिश्च न दोषाय। पूर्वपद्यस्योत्तरस्मिन्नर्थेऽपि श्रीनारदोपदेशबलेनैव दग्धकामस्य प्रवेशस्तत्र गम्यः। ततः साक्षात् प्रद्युम्नसङ्गमयोग्यता चास्याः स्पर्शमणिवत्तत्-सामीप्यगुणादेव मन्तव्या। श्रीप्रद्युम्नस्य निजशक्तिस्तु श्रीमदनिरुद्धमातैवेति ज्ञेयम्। अतस्तापनीश्रुतिलब्धोऽर्थः समञ्जसः ॥ श्रीशुकः ॥

८९। एवमनिरुद्धस्यापि साक्षाच्चतुर्व्यूहत्वे लिङ्गमाह (भा० ३।१।३४)—

जीवतत्त्व देवताविशेष हैं, उनका श्रीभगवान् के सहित सर्वथा साम्य होना सर्वथा असम्भव है। श्रीकृष्ण का व्यूह विशेष ही श्रीकृष्ण के समान हो सकता है। श्लोक का यह ही भावार्थ है।

"प्रद्युम्न इति विख्यातः" इससे प्रद्युम्नरूप की नित्यता ध्वनित हुई। जीव का जन्मग्रहण के पश्चात् नामकरण होता है। किन्तु प्रद्युम्न—श्रीरुक्मिणीनन्दन रूप में जन्मग्रहण के पूर्व में भी प्रद्युम्न नाम से विख्यात थे। उनका उक्त रूप अवश्य ही था, रूप को आश्रय कर ही नाम का प्रकाश होता है। सुतरां जन्म हेतु प्रद्युम्न के नाम-रूप प्रकटित नहीं हुये। अप्रकट प्रकाश में द्वारका में श्रीरुक्मिणी नन्दन रूप में नित्य स्थिति उनकी है। इसका विवरण तापन्यादि श्रुति में है।

श्रीप्रद्युम्न रूप में प्राकृत काम का जन्म होना असम्भव है। अतः "कामस्तु वासुदेवांशः" इत्यादि श्लोक सङ्गति के निमित्त निम्नोक्त रीति से सिद्धान्त करना समीचीन होगा।

नररूप में सर्वत्र सुप्रसिद्ध श्रीअर्जुन का निर्देश—महाभारतीय पञ्चेन्द्रोपाख्यान में इन्द्र रूप में हुआ है। यहाँ अर्जुन में इन्द्र का प्रवेश कथनाभिप्राय से ही हुआ है, उस प्रकार रीति का अनुसरण प्रद्युम्न प्रसङ्ग में भी करना होगा। अर्थात् प्रद्युम्न में रुद्र कोपानल दग्ध काम का प्रवेश हेतु तदीय जन्मलीला का वर्णन श्रीमद्भागवत में उक्त रूप से हुआ है। अतएव श्रीनारद के द्वारा प्रद्युम्न को वरण करने के निमित्त 'रति' उपदिष्टा हुई थी। प्रद्युम्न में रतिपति का प्रवेश हेतु, रति प्रद्युम्न को वरण कर दोषभाक नहीं हुई। उससे रति ने निज पति काम को प्राप्त किया।

पूर्व पद्यस्थ 'कामस्तु वासुदेवांशः' का सार अर्थ—"जो पहले रुद्र कोपानल से दग्ध नहीं हुआ, वह देह प्राकट्य के निमित्त वासुदेव में प्रविष्ट हुआ"-स्वीकार करने पर भी रुद्र कोपानल दग्ध काम की प्रद्युम्न में प्रवेशवार्त्ता रति के प्रति श्रीनारदोपदेश से अनुमित होती है। सर्वज्ञ नारद- दग्ध काम का प्रद्युम्न में प्रवेश हुआ था, इसको जानते थे। तज्जन्य ही आपने पति रूप में वरण करने का उपदेश दिया था। अन्यथा परमभागवत देवर्षि नारद, पति वियोगिनी रतिदेवी को अपर पुरुष संसर्ग के निमित्त क्यों प्रवर्त्तित करते।

प्रश्न हो सकता है कि—प्राकृत नायिका रति किस प्रकार से ईश्वरतत्त्व श्रीप्रद्युम्न की अनुरूपा होगी? उत्तर में कहते हैं—स्पर्शमणि का स्पर्श से लौह जिस प्रकार स्वर्णत्व प्राप्त करता है, उस प्रकार प्रद्युम्न के सामीप्य प्रभाव से रति तदीय अनुरूपा हुई थी, इस प्रकार मानना होगा। श्रीप्रद्युम्न की निज शक्ति, रति नहीं है। किन्तु श्रीअनिरुद्ध की माता ही उनकी निज शक्ति है। अतएव गोपालतापनी श्रुत्युक्त 'रामानिरुद्ध प्रद्युम्न एवं रुक्मिणी के सहित श्रीकृष्ण नित्य विराजित हैं', इस वाक्य के सहित श्रीमद्भागवतीय वाक्य का सामञ्जस्य हुआ। प्रवक्ता श्रीशुक हैं ॥८८॥

इस प्रकार ही श्रीअनिरुद्ध भी साक्षात् चतुर्व्यूहान्तर्गत हैं। सङ्कर्षण—प्रद्युम्न के समान अनिरुद्ध

(८६) "अपिस्विदास्ते भगवान् सुखं वो, यः सात्वतां कामदुघोऽनिरुद्धः ।
यमामनन्ति स्म हि शब्दयोनिं, मनोमयं सत्त्वतुरीयतत्त्वम् ॥"१७६॥

शब्दयोनिं निश्वासव्यञ्जितवेदवृन्दम् (वृ २।४।१०) "एवं वा अरेऽस्य महतो भूतस्य निःश्वसितमेतत् यदृग्वेदः" इत्यादि श्रुतेः । मनोमयं चित्ते वासुदेववत् मनस्युपास्यम्; सत्त्वं शुद्धसत्त्वात्मकः श्रीवासुदेवादिरूपो भगवान् यत्र तुरीयं रूपम् । अतो वाणयुद्धादौ बन्धनानुकरणादिकमात्मेच्छामयी लीलैव, श्रीरामचन्द्रादिवत् । अस्य पाद्मवृहत्सहस्रनाम्नि नामानि चैतानि—

"अनिरुद्धो वृहद्ब्रह्म प्राद्युम्निर्विश्वमोहनः । चतुरात्मा चतुर्वर्णश्चतुर्युगविधायकः ॥१७७॥
चतुर्भेदैकविश्वात्मा सर्वोत्कृष्टांशकोटिसूः । आश्रयात्मा" इति ।

अतः श्रीकृष्णव्यूहत्वेन महानिरुद्धत्वादस्यैवाविर्भावविशेषः प्रलयार्णवादिधामा पुरुष इति ज्ञेयम् । अतएवाभेदेन (भा १।३।१) "जगृहे पौरुषं रूपं भगवान्" इत्याद्युक्तम् ।

का भी साक्षात् चतुर्व्यूहत्व का विषय भा० ३।१।३४ में है—

श्रीविदुर श्रीउद्धव को पूछे थे—"भगवान् अनिरुद्ध कुशलपूर्वक हैं ? आप उपासकों की अभीष्टपूर्त्ति करते हैं। वेदसमूह उनको शब्दयोनि, मनोमय, सत्त्व एवं तुरीय तत्त्व कहते हैं।" अनिरुद्ध के निश्वास से ही वेदसमूह की अभिव्यक्ति होने से ही उनको शब्दयोनि कहते हैं। उसका प्रमाण वृहदा० २।४।१० श्रुति है। "अरे मैत्रेयि ! विभु पूर्वसिद्ध ईश्वर के निश्वास स्वरूप यजुर्वेद प्रभृति हैं।"

'मनोमयं' मन, बुद्धि, अहङ्कार, चित्त, अन्तःकरण के भेद चतुर्विध हैं। चित्त का वासुदेव, अहङ्कार का सङ्कर्षण, बुद्धि का प्रद्युम्न, एवं मन का अधिष्ठाता अनिरुद्ध हैं। अतएव चित्त में जिस प्रकार वासुदेव उपास्य हैं, उस प्रकार मन में अनिरुद्ध उपास्य हैं। 'सत्त्वं' शुद्ध सत्त्वस्वरूप, मायिक सत्त्व अविशुद्ध है। सन्धिनी शक्ति ही शुद्धसत्त्व का मूलाधार है। श्रीवासुदेवादिरूप चतुर्व्यूह विशिष्ट जो भगवान् हैं, उनमें अनिरुद्ध ही तुरीय—चतुर्थ है। प्रथम व्यूह—वासुदेव, द्वितीय व्यूह—सङ्कर्षण, तृतीय व्यूह—प्रद्युम्न, चतुर्थ व्यूह श्रीअनिरुद्ध हैं।

वाण युद्ध में श्रीअनिरुद्ध का बन्धन संवाद है। ईश्वरस्वरूप होने से बन्धन असम्भव है ? उत्तर, आपका बन्धन वास्तविक नहीं था। बन्धानुकरण लीलामात्र ही है, वह भी स्वेच्छाकृत है। श्रीरामचन्द्र भगवान् होकर भी महीरावण कर्त्तृक पाताल में नीत हुये थे, एवं बन्धन प्राप्त भी हुये थे। वह बन्धन जिस प्रकार वास्तविक नहीं है, तद्रूप नरलीलानुरूप अनुकरणमात्र ही है।

पद्मपुराणस्थ वृहत् सहस्रनामस्तोत्र में श्रीअनिरुद्ध के महिमा प्रकाशक श्लोकसमूह हैं—"अनिरुद्ध, वृहद्ब्रह्म, प्राद्युम्नि, विश्वमोहन, चतुरात्मा, चतुर्वर्ण, चतुर्युग विधायक, शुक्ल, रक्त, शुकपक्ष, श्यामवर्ण युगावताररूप चतुरात्मा होकर सत्य-त्रेता-द्वापर-कलिरूप चतुर्युग का विधायक हैं। जरायुज, स्वेदज, अण्डज, उद्भिज्ज रूप में जीव चतुर्विध होने पर भी श्रीअनिरुद्ध—निखिल विश्व का एकमात्र आत्मा हैं। सर्वोत्कृष्टांश प्रसवकारी अर्थात् सृष्टिकारी आश्रयात्मा हैं।

अतएव नरलीलानुरत प्रद्युम्न कुमार अनिरुद्ध, स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण व्यूह होने के कारण महा अनिरुद्ध हैं, प्रलयार्णव धामा वटपत्रशायी पुरुष महा अनिरुद्ध का ही अंशविशेष हैं। संशय यह है कि—नरलील श्रीकृष्ण चतुर्व्यूह का ही यदि सर्वश्रेष्ठत्व है, तब "जगृहे पौरुषं रूपं भगवान् महदादिभिः सम्भूतं षोड़शकलमादौ लोकसिसृक्षया" श्लोक के द्वारा जगदुन्मुख चतुर्व्यूह का वर्णन प्रधान रूप से करने का

मूलसङ्कर्षणाद्यंशैरेव हीतरसङ्कर्षणाद्यवस्थात्रयं पुरुषं प्रकाशयतीति। तथैवाभेदेन विष्णुधर्मोत्तरेऽपीदमुक्तम्। तत्र श्रीवज्रप्रश्नः—

"कस्त्वसौ बालरूपेण कल्पान्तेषु पुनः पुनः। दृष्टो यो न त्वया ज्ञातस्तत्र कौतूहलं मम॥"१७८॥

श्रीमार्कण्डेयोत्तरञ्च—

"भूयोभूयस्त्वसौ दृष्टो मया देवो जगत्पतिः। कल्पक्षयेण विज्ञातः स मायामोहितेन वै॥१७९॥

कल्पक्षये व्यतीते तु तं देवं प्रपितामहात्। अनिरुद्धं विजानामि पितरं ते जगत्पतिम्॥"१८०॥ इति।

भीष्मपर्वणि दुर्य्योधनं प्रति भीष्मशिक्षायां श्रीकृष्णस्यावत्ताराराम्भे गन्धमादनमागतस्य ब्रह्मणस्तदाविर्भावं मनसि पश्यतस्तु बालस्य तदिदं वचनम्—

"सृष्ट्वा सङ्कर्षणं देवं स्वयमात्मनमात्मना॥१८१॥

कृष्णत्वमात्मनास्राक्षीः प्रद्युम्नं ह्यात्मसम्भवम्। प्रद्युम्नाच्चानिरुद्धन्तु यं विदुर्विष्णुमव्ययम्॥१८२॥

अनिरुद्धोऽसृजन्मां वै ब्राह्मणं लोकधारिणम्।
वासुदेवमयः सोऽहं त्वयैवास्मिन् विनिर्मितः॥"१८३॥ इति।

कारण क्या है? समाधान हेतु कहते हैं—श्रीकृष्ण चतुर्व्यूह का ही सर्वश्रेष्ठत्व निर्विवादसिद्ध है। किन्तु नरलीला एवं जगदुन्मुख लीलाद्वयस्थ चतुर्व्यूह को अभेद मानकर ही 'जगृहे पौरुषं रूपं' श्लोक का वर्णन हुआ है। स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण, मूल सङ्कर्षणादि नरलील बलदेव, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध रूप अंशसमूह के द्वारा अपर वैकुण्ठस्थ के सङ्कर्षण, प्रद्युम्न अनिरुद्ध, एवं जगदुन्मुख के कारणार्णवशायी, गर्भोदकशायी एवं क्षीरोदशायी रूप सङ्कर्षणादि अवस्था त्रयात्मक पुरुषों का प्रकाश करते हैं।

विष्णुधर्मोत्तर पुराण का वर्णन भी उक्तानुरूप है। अर्थात् "जगृहे पौरुषं रूपं" श्लोक में मूल सङ्कर्षण के सहित कारणार्णवशायी का अभेद वर्णन के समान, मूल अनिरुद्ध के सहित क्षीरोदकशायी का अभेद वर्णन विष्णुधर्मोत्तर में सुस्पष्ट है। व्रजनाभ ने पूछा,—कल्पक्षय होने से बालक रूप धारण कर कौन आपके दृष्टिगोचर होते हैं, जिनको आप नहीं जान सकते हैं? उस विषय में मेरा कौतूहल है। श्रीमार्कण्डेय ने कहा,—जगत्पति, बारम्बार मेरे द्वारा दृष्ट हुए थे। मायामोहित मैं कल्पक्षय में उनको जानगया। कल्प अतीत होने से वह देव कौन हैं, उनका परिचय तुम्हारे प्रपितामह श्रीकृष्ण के निकट से प्राप्त हुआ। वह पुरुष तुम्हारे पिता अनिरुद्ध हैं। आप जगत्स्वामी हैं। श्रीकृष्ण, सर्वांशी होने के कारण, मूल वासुदेव हैं। एतज्जन्य ही "जगृहे पौरुषं रूपं" श्लोक व्याख्या के समय श्रीकृष्ण को अनिरुद्ध का अवतार नहीं कहा गया है।

श्रीकृष्णपौत्र अनिरुद्ध का प्रकाशविशेष क्षीरोदकशायी से समस्त युगावतारगण आविर्भूत होते हैं। द्वापर का युगावतार शुकपक्ष वर्ण है। "सत्पुण्डरीकनयनं मेघाभं वैद्युताम्बरम्" तापनी के वचनानुसार तमालश्यामलद्युति श्रीकृष्ण प्रति कल्प में स्वयं अवतीर्ण होते हैं। जिस द्वापर युग में श्रीकृष्ण अवतीर्ण होते हैं, उस समय शुकपक्षाभ द्वापरयुगावतार श्रीकृष्ण में प्रविष्ट होते हैं।

महाभारतीय भीष्मपर्व में दुर्योधन के प्रति भीष्म शिक्षात्मक जो प्रकरण है, उसमें श्रीकृष्णावतार के प्रारम्भ में गन्धमादन पर्वत में समागत ब्रह्मा के मन में आविर्भूत रूप के विषय में बालक का कथन इस प्रकार है—

"स्वयं के द्वारा सङ्कर्षणदेव को सृजन करके स्वयं ही निजानुरूप प्रद्युम्न को आपने प्रकट किया। प्रद्युम्न से अनिरुद्ध आविर्भूत हुये, जिनको मुनिगण विष्णु अव्यय रूप में जानते हैं। लोकसृजनकारी मुझ ब्रह्मा को श्रीअनिरुद्ध ने सृजन किया। आप वासुदेवमय हैं, उनसे ही मैं सृष्ट हुआ।

अतएव च पूर्वमपि (भा० १।३।१) 'जगृहे' इत्यत्र श्रीकृष्णानिरुद्धावतारान्तःपातित्वं न व्याख्यातम् ।। विदुरः श्रीमदुद्धवम् ।।

६० । तदेतत्तस्य चतुर्व्यूहात्मकस्यैव पूर्णत्वं व्याख्यातम् । श्रीगोपालोत्तरतापन्यामपि तथैवायं प्रणवार्थत्वेन दर्शितः (उ० ५५-५६)—

"रोहिणीतनयो रामोऽकाराक्षरसम्भवः ।
तैजसात्मकः प्रद्युम्न उकाराक्षरसम्भवः ।।१८४।।
प्राज्ञात्मकोऽनिरुद्धो वै मकाराक्षरसम्भवः ।
अर्द्धमात्रात्मकः कृष्णो यस्मिन् विश्वं प्रतिष्ठितम् ।।"१८५।। इति ।

अथ श्रीकृष्णेऽवतरति तत्तदंशावताराणामपि प्रवेश इति यदुद्दिष्टं तद्यथा तत्र (भा० १।३।२८)

एतज्जन्य ही भा० १।३।१ "जगृहे" श्लोक की व्याख्या सन्तर्पण से हुई है, एवं श्रीकृष्ण को अनिरुद्ध में सन्निवेश नहीं किया गया है । श्रीविदुर श्रीमदुद्धव को कहे थे ।।८६।।

"एते चांशकलाः पुंसः कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" श्रीमद्भागवतीय प्रतिज्ञा के अनुसार श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता अर्थात् निरपेक्ष सत्ता एवं परिपूर्णता प्रदर्शन के निमित्त जो विचार उत्थित हुआ था, उसका सुष्ठु समाधान हुआ । तथा श्रीकृष्ण के चतुर्व्यूहात्मक स्वरूप की ही पूर्णता है, इसका स्थापन भी हुआ । अर्थात् जिस प्रकार श्रीकृष्ण ही मूल वासुदेव हैं, उस प्रकार तदीय परिकर मूल सङ्कर्षण, मूल प्रद्युम्न एवं मूल अनिरुद्ध हैं । अतएव चतुर्व्यूहात्मक श्रीकृष्ण का ही पूर्णत्व प्रदर्शित हुआ । श्रीगोपालतापनीश्रुति में उक्त विषय का प्रतिपादन प्रणवार्थ प्रदर्शन के समय हुआ है । (गो० उ० ५५-५६)

"रोहिणीतनय—राम, प्रणवस्थ अ-काराक्षर सम्भव हैं । तैजसात्मक प्रद्युम्न, उ-काराक्षर सम्भव है । प्राज्ञात्मक अनिरुद्ध, म-काराक्षर सम्भव हैं । और जिनमें समस्त विश्व अधिष्ठित हैं, वह ही श्रीकृष्ण अर्द्धमात्रात्मक हैं ।"

एक अद्वय ज्ञानतत्त्व ही उपासकों के प्रति अनुकम्पा प्रदर्शनार्थ वासुदेव, सङ्कर्षण, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध रूप चतुर्धा आविर्भूत होते हैं । उक्त विभाग चतुष्टय, उन परब्रह्म का वाचक शब्द ॐ कार में सन्निविष्ट है । ॐ का विश्लेषित रूप अ+उ+म् है । प्रणवस्थित 'अ' रूप आद्याक्षर से रोहिणीनन्दन श्रीबलराम का बोध होता है । इससे अन्यत्र प्रसिद्ध चतुर्व्यूह की व्यावृत्ति हुई है, एवं नरलीलोचित चतुर्व्यूह गृहीत हुआ है । उनके साहचर्य्य से वर्णित होने से प्रद्युम्न-अनिरुद्ध का भी ग्रहण नरलीलात्मक चतुर्व्यूह से ही होता है । उक्त रीति से 'उ'-कार के द्वारा प्रद्युम्न, एवं 'म'-कार के द्वारा अनिरुद्ध का बोध होता है ।

जाग्रत्-स्वप्न-सुषुप्त्यात्मक अवस्था भेद से जीव की विश्व तैजस-प्राज्ञ संज्ञा होती है । उससे निजैश्वर्य्यानुभूति की उत्तरोत्तर न्यूनता होती है, तज्जन्य ही प्रद्युम्न को तैजस, एवं अनिरुद्ध को प्राज्ञ कहा गया है । श्रीबलराम विश्वात्मक हैं । उत्तरोत्तर ऐश्वर्य्य की न्यूनता दर्शाने के निमित्त तैजस प्राज्ञ का उल्लेख हुआ है । शाङ्करीय मत के विश्व, तैजस, प्राज्ञ का ग्रहण यहाँ नहीं है । कारण उक्त मत में मायाशवलित ईश्वर की उक्त तीन अवस्था हैं ।

व्यञ्जनवर्ण अर्द्धमात्रा है । अर्थात् 'नाद' अर्द्धमात्रात्मक है । केवल नाद का उच्चारण सम्भव न होने से ही अर्द्धमात्रा शब्द से पूर्ण प्रणव को ही जानना होगा । पूर्ण प्रणव का वाच्य श्रीकृष्ण होने के कारण उनकी पूर्णता निर्विवाद सिद्ध है ।

"कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" इत्यादिकं सिद्धमेव, तथा तस्य तद्रूपेणैव श्रीवृन्दावनादौ सर्वदावस्थायित्वं प्रतिपादयिष्यामः। अथच श्रीहरिवंशमते उपेन्द्र एवावततारेति। जय-विजयशापप्रस्तावे च (भा० ११।६।३१) "यास्यामि भवनं ब्रह्मन् एतदन्ते तवानघ" इत्यत्र च (भा० ११।६।२७) "पाहि वैकुण्ठकिङ्करान्" इत्यत्र च स्वामि-व्याख्यानुसारेण विकुण्ठासुत एवेति, क्वचित् क्षीरोदशाय्येवेति, क्वचित् पुरुष एवेति, क्वचिन्नारायणर्षिरेवेति, वृहत्सहस्रनाम्नि लक्ष्मणस्यैव बलरामत्वकथनेन श्रीराघव एवेति, क्वचिन्नारायणकेश एवेत्यादिकं नानाविधत्वं श्रूयते। एवञ्चैकं सन्धित्सतोऽन्यत् प्रच्यवते, अत्र सत्यञ्च सर्ववाक्यम्। यथा स्वमत्यनुभवानुरूपात्

श्रीकृष्ण अवतीर्ण होने से उनके समस्त अंशावतारगणों का प्रवेश उनमें होता है। इसका साङ्गोपाङ्ग वर्णन, भा० १।३।२८ "कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" परिभाषा वाक्य व्याख्या में हुआ है। उक्त वाक्य के द्वारा जिस प्रकार श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता स्थापित हुई है। उस रीति से ही श्रीवृन्दावन प्रभृति में श्रीकृष्ण रूप में ही नित्य स्थिति है, उसका प्रतिपादन करेंगे। अप्रकट लीला में ही उक्त नित्य स्थिति को जानना होगा। लोकनयनगोचरीभूता लीला ही प्रकटलीला, एवं केवल परिकर दर्शन योग्या लीला ही अप्रकट लीला है। मर्त्यधाम में लीला प्राकट्य के समय अंशावतारसमूह श्रीकृष्ण में प्रविष्ट होते हैं। अप्रकट प्रकाश के समय श्रीकृष्ण उन सबको निज निज धाम में प्रेरण कर निज परिकरों के सहित विराजित होते हैं। उस समय ही श्रीकृष्ण केवल श्रीकृष्ण रूप में ही अवस्थित हैं। अनन्तर उस विषय का प्रतिपादन करेंगे।

श्रीहरिवंश पुराण के वर्णनानुसार उपेन्द्र ही श्रीकृष्ण रूप में धराधाम में अवतीर्ण हुए हैं। जय-विजय शाप प्रस्ताव में भा० ११।६।३१—"इदानीं नाश आरब्धः कुलस्य द्विजशापजः।
यास्यामि भवनं ब्रह्मन् एतदन्ते तवानघ॥" उक्त है—
श्रीकृष्ण ब्रह्मा को कहे थे—"हे अनघ! हे ब्रह्मन्! सम्प्रति विप्रशाप के द्वारा यदुकुल ध्वंसोन्मुख हुआ है। इसके पश्चात् मैं तुम्हारे भवन में होता हुआ वैकुण्ठ को जाऊँगा।" स्वामिपाद ने लिखा है—"वैकुण्ठं यास्यन् तव भवनं यास्यामि" 'वैकुण्ठ गमन के समय तुम्हारे भवन को जाऊँगा" इसके अनुसार एवं भा० ११।६।२७—"तत स्वधाम परमं विशस्व यदि मन्यसे।
स लोकान् लोकपालान्नः पाहिवैकुण्ठकिङ्करान्॥"

ब्रह्मा श्रीकृष्ण को कहे थे—"यदि आपकी इच्छा हो, तो आप अब निज परमधाम वैकुण्ठ को चले जाँय, एवं लोकों के सहित हम सब लोकपाल तथा, वैकुण्ठकिङ्करगण का प्रतिपालन करें।" इसके अनुसार प्रतीत होता है कि—विकुण्ठसुत श्रीकृष्णरूप में अवतीर्ण हुए हैं।

किसीके मत में क्षीरोदकशायी अनिरुद्ध ही श्रीकृष्ण है। अपर मत में पुरुष अर्थात् महाविष्णु ही श्रीकृष्ण हैं। किसीके मत में श्रीनारायण ऋषि ही श्रीकृष्ण हैं। वृहत्सहस्रनामस्तोत्रोक्त विवरण के अनुसार श्रीलक्ष्मण का ही बलरामत्व है। अतएव श्रीकृष्ण श्रीरामचन्द्र का ही अवतार है। कतिपय व्यक्ति के मत में तो श्रीकृष्ण नारायण के केश का अवतार हैं।

उक्त विरुद्ध वाक्यसमूह की पर्य्यालोचना करने से श्रीकृष्ण रूप में नित्य स्थिति की सम्भावना नहीं होती है। अर्थात् कृष्णस्वरूप नामक पृथक् कोई तत्त्व है ही नहीं, प्रकटलीला के अवसान में उपेन्द्रादि किसी रूप में श्रीकृष्ण की स्थिति की सम्भावना होती है। यह है पूर्वपक्ष। उसका निरसन हेतु कहते हैं—उक्त शास्त्रवाक्य के मध्य में एक वाक्य को प्रमाण रूप में मान लेने पर निश्चय ही अपर

नानावाक्यैकवाक्यता च। यथा क्रममुक्तिमार्गेऽर्च्चिरादिक्रम एवाङ्गी, नाड़ीरश्म्यादिमार्गास्तु तदङ्गत्वेनैव (ब्र० सू० ४।३।१) "अर्च्चिरादिना तत्प्रथितेः" इति सूत्रे स्वीक्रियन्ते, तद्वत्। यतः स्वयं भगवत्यवतरति सर्वेऽपि ते प्रविष्टा इति यदा यत्किञ्चिद्येनानुभूतम्, तदा तेन तदेव निर्द्दिष्टमिति। तस्माद्विद्वद्भिरेवं विचार्य्यताम्—स्वयं भगवति तस्मिन् प्रवेशं विना कथं

वाक्यसमूह स्खलित होंगे। जिस प्रकार श्रीहरिवंशपुराण को प्रमाण मानकर निर्णय करने पर श्रीकृष्ण, उपेन्द्र का अवतार हैं, मानना होगा। इससे अन्य वाक्यसमूह व्यर्थ होगा। ऐसा होना सम्भव नहीं है, कारण—श्रीकृष्णावतार सम्बन्धीय प्रागुक्त वाक्यसमूह यथार्थ ही है। निज निज अनुभूति के अनुसार ही उक्त विभिन्न प्रकार कथन है। तथापि बहुविध वाक्यों में एकवाक्यता सुस्पष्ट है। इस विषय में विद्वज्जनों की मीमांसा इस प्रकार है—स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण की प्रकट लीला के समय उपेन्द्रादि श्रीकृष्ण में प्रविष्ट हुये थे। उसको कहने के निमित्त श्रीकृष्ण को उपेन्द्रादि के अवतार कहा गया है। किन्तु श्रीकृष्ण—उपेन्द्रादि का अवतार नहीं है। श्रीकृष्ण स्वयं सर्वावतारी एवं स्वयं भगवान् हैं। तज्जन्य श्रीकृष्ण में समस्त अवतारावतारी का प्रवेश सम्भव है। इस प्रकार सिद्धान्त व्यतीत अपर किसी भी प्रकार से उक्त वाक्यसमूह की अर्थ सङ्गति नहीं होगी। एक शास्त्र का प्रामाण्य अङ्गीकार करने पर अपर शास्त्र का अप्रामाण्य अवश्य ही होगा।

अतएव उपेन्द्रादि का प्राकट्य श्रीकृष्ण में प्रवेश के द्वारा ही सिद्ध होता है। दृष्टान्त प्रदर्शन पूर्वक बोध कराने के लिए वेदान्तदर्शन के चतुर्थ अध्याय के तृतीय पाद के क्रममुक्ति प्रसङ्ग को उठाते हैं। मुक्त होने की रीति का वर्णन छान्दोग्य में है। हृदय में एकशत एक नाड़ी संयुक्त हैं, तन्मध्य में एक नाड़ी मस्तक से अभिनिःसृता है, उसे सुषुम्णा कहते हैं। इस नाड़ी के द्वारा उत्क्रमण करने से मोक्ष होता है, अन्यान्य नाड़ीयों के द्वारा उत्क्रान्ति से संसार होता है। ब्रह्मवित् जन, नाड़ी के द्वारा उत्क्रान्त होकर रविरश्मि के अवलम्बन से ऊर्द्ध्व लोक गमन करते हैं। उक्त उपनिषद् में वर्णित है—ब्रह्मोपासकगण की मृत्यु होने से, पुत्र शिष्यादि शव संस्कार न करने पर भी ब्रह्मोपासक अर्चिरादि पथ से हरिलोक प्राप्त करते हैं। कौषीतकी ब्राह्मण में लिखित है,—मृत व्यक्ति प्रथम देवयान पथ से अग्निलोक गमन करता है। वायुलोक, वरुणलोक, इन्द्रलोक, प्रजापतिलोक के पश्चात् वह ब्रह्मलोक गमन करता है। बृहदारण्यक में उक्त है—हरि ध्यायी व्यक्ति का प्रस्थान जब इस लोक से होता है, तब प्रथम—वायुलोक, की प्राप्ति होती है, अनन्तर रथचक्र के छिद्र के समान अवकाश मार्ग से वह ऊर्द्ध्वलोक गमन करता है। स्थलविशेष में सूर्य्य द्वार से विरजा धाम प्राप्ति की वार्त्ता भी है। इस प्रकार सुषुम्ना, देवयान, वायु, सुर्य्यरश्मि प्रभृति पथ की कर्त्ता भी प्रसिद्ध है। यहाँ संशय यह है कि—उक्त पथ समूह विभिन्न हैं अथवा एक है। उत्तर में कहते हैं—"अर्च्चिरादिना तत्प्रथितेः।" (वे० सू० ४।३।१) समस्त विद्वान् व्यक्ति ही अर्च्चिरादि मार्ग के द्वारा ब्रह्मलोक गमन करते हैं, उसका प्रमाण क्या है? उत्तर—"तद् य इत्थं विदुर्य्ये चेमेऽरण्ये श्रद्धां तप इत्युपासते ते अर्चिषमिति" जो सब गृहस्थ, पञ्चाग्नि स्वरूप को जानते हैं, वे सब श्रद्धा के सहित तप का अनुष्ठान करते हैं। एवं मृत्यु के पश्चात् अर्चिरादि अभिमानी देवता को प्राप्त करते हैं। छान्दोग्य के ५।१०।१ वाक्य में अर्चिरादि मार्ग का वर्णन है। यहाँ जिस प्रकार क्रममुक्ति पक्ष में अर्चिरादि मार्ग अङ्गी है, ब्रह्मलोक गमन का मुख्य पथ, नाड़ी रश्मि प्रभृति अङ्ग हैं, अर्थात् इसकी सहायता से ही अर्चिरादि मार्ग में प्रवेश होता है। उस प्रकार श्रीकृष्णावतार प्रसङ्ग में श्रीकृष्णावतरण मुख्य हैं, और उनमें प्रविष्ट होकर उपेन्द्रादि का अवतरण गौण है। श्रीकृष्ण—प्रकटलीला आविष्कार के समय उन सब अवतारों को निज निज धाम में प्रेरण करते हैं, एवं स्वयं वृन्दावन, मथुरा, द्वारका में

तत् सम्भवेदिति। दृश्यते च तस्मात् केषाञ्चिदंशानां पुनराविर्भावः, यथा प्रद्युम्नादीनाम्। अतएव विकुण्ठासुतस्य प्रवेशाभिप्रायेणैव शिशुपाल-दन्तवक्रयोः श्रीकृष्ण-सायुज्यमेव तदानीं जातम्। पुनरवतारलीलासमाप्तौ श्रीविकुण्ठासुते स्वधामगते पार्षदत्वप्राप्तिः; यथोक्तं श्रीनारदेन (भा० ७।१।४६)—

"वैरानुबन्धतीव्रेण ध्यानेनाच्युतसात्मताम्।
नीतौ पुनर्हरेः पार्श्वं जग्मतुर्विष्णुपार्षदौ॥"१८६॥ इति।

तथा हरिवंशे च 'क्षीरोदशायिनो मुकुटे दैत्यापहृते दैत्यमारणाय गरुड़ो यावत् कृतविलम्बस्तावत् श्रीकृष्णोऽवततार। ततश्चासौ मुकुटमाहृत्य तत्र चोर्द्धवलोके च कुत्रापि भगवन्तमदृष्ट्वा गोमन्थशिरसि श्रीकृष्णायैव समर्पितवान्' इति प्रसिद्धिः। एवमेव बलिसद्मगतयोः

अप्रकट भाव में नित्य अवस्थान करते हैं।

अतएव विद्वान्गण स्वय विचार करें कि—उक्त प्रकार प्रवेश के विना उक्त वाक्यसमूहों का प्रामाण्य होगा? श्रीकृष्ण में जो अंशावतारों का प्रवेश हुआ था, उसका बोध प्रकट लीला की रीति से भी होता है। उनमें प्रविष्ट कोई कोई अंशावतार प्रकट लीला के समय ही उनसे आविर्भूत हुआ था। जैसे श्री प्रद्युम्न प्रभृति हैं।

श्रीकृष्ण में विकुण्ठा सुत प्रविष्ट हुये थे, उसको दर्शाने के निमित्त शिशुपाल दन्तवक्र की सायुज्य प्राप्ति श्रीकृष्ण में हुई। अवतार लीला समापनानन्तर श्रीविकुण्ठासुत का स्वधाम गमन होने पर जय-विजय का पुनबार पार्षदत्व लाभ हुआ। भा० ७।१।४६ में श्रीनारद ने कहा है—

"वैरानुबन्धतीव्रेण ध्यानेनाच्युतसात्मताम्। नीतौ पुनर्हरेः पार्श्वं जग्मतुर्विष्णुपार्षदौ॥"

"जय-विजय तीव्र वैरानुबन्ध के द्वारा तादात्म्य होकर अच्युत श्रीकृष्ण सायुज्य प्राप्त हुए थे। पुनर्बार सान्निध्य प्राप्त कर श्रीविष्णु पार्श्वदत्व प्राप्त किये थे।"

जय-विजय विकुण्ठासुत के पार्षद – द्वारपाल थे। वैकुण्ठ के अधिवासी थे। जय-विजय के द्वारा बाधाप्राप्त होकर सनकादि मुनि ने उन दोनों को शाप प्रदान किया था। उससे प्रथम आसुरिक जन्म—हिरण्याक्ष-हिरण्यकशिपु, द्वितीय जन्म—रावण-कुम्भकर्ण, तृतीय जन्म में ही श्रीकृष्ण द्वारा शापमुक्त हुए थे। वे विकुण्ठासुत के पार्षद होने से विकुण्ठासुत ही उन दोनों के प्राप्य हैं। एक स्वरूप में वैकुण्ठ में अवस्थित होकर भी अपर स्वरूप में विकुण्ठासुत श्रीकृष्ण में प्रविष्ट हुए थे। सुतरां श्रीकृष्ण में प्रविष्ट विकुण्ठासुत के सहित ही उन दोनों का सायुज्य हुआ था। कार्य्य के द्वारा ही कारण का अनुमान होता है।

श्रीकृष्ण में क्षीरोदशायी का प्रवेश वर्णन— हरिवंश में ही है। "क्षीरोदकशायी का मुकुट दैत्य के द्वारा अपहृत होने से दैत्य संहारपूर्वक मुकुट आहरण के निमित्त गरुड़ प्रस्थान किये थे। कार्य्य सम्पादन में विलम्ब हुआ था। इत्यवसर में श्रीकृष्ण मर्त्यलोक में अवतीर्ण हुये थे। मुकुट आहरणपूर्वक प्रत्यागमन करके गरुड़ उर्द्धवलोक में कहीं पर क्षीरोदशायी को न देखकर गोमन्थ पर्वतस्थित श्रीकृष्ण को उक्त मुकुट प्रत्यर्पण किए थे। हरिवंशस्थ विष्णुपर्व ४१ अध्याय में इसका वर्णन है। जरासन्ध के भय से कृष्ण-बलराम परशुराम के परामर्शानुसार गोमन्थ पर्वत में आरोहण किये थे। यह पर्वत दक्षिणापथ के सह्याद्रि के निकट अवस्थित है। इस प्रसङ्ग से प्रमाणित हुआ कि—क्षीरोदकशायी श्रीकृष्ण में प्रविष्ट हुए थे। उस समय भी क्षीरोदकशायी प्रकाश भेद से निजधाम में अवस्थित थे। निखिल भगवत् स्वरूप युगपत् बहुधा प्रकाशित हो सकते हैं। लीलाशक्ति क्षीरोदकशायी का प्रवेश श्रीकृष्ण में सूचित

श्रीकृष्णरामयोस्तद्द्वारस्थविष्णुदर्शनम्। किन्तु तत्तद्वाक्यपर्य्यालोचनया केषाञ्चिन्मूर्त्याकर्षणं हरिवंशगतगिरिगुहाशयनपर्य्यालोचनया तु तच्छक्त्याकर्षणमिति लभ्यते। तच्च तदानीमात्मनि सर्वेषामेव भक्तानामेकतानताकृतिलीलाकौतुकार्थमेवेति च गम्यते। तदेतदेवाह (भा० ११।११।२८)—

(६०) "त्वं ब्रह्म परमं व्योम पुरुषः प्रकृतेः परः।
अवतीर्णोऽसि भगवन् स्वेच्छोपात्तपृथग्वपुः॥"१८७॥

साक्षाद्भगवानेव त्वमवतीर्णोऽसि। भगवत एव वैभवमाह—ब्रह्म त्वं परमव्योमाख्यो वैकुण्ठस्त्वं प्रकृतेः परः पुरुषोऽपि त्वमिति। भगवानपि कथम्भूतः सन्नवतीर्णः? (भा० १०।१४।२) "स्वेच्छामयस्य" इत्यनुसारेण स्वेषां सर्वेषामेव भक्तानां या इच्छा तां पूरयितुमुपात्तानि ततस्ततः स्वत आकृष्टानि पृथग्वपूंषि निजतत्तदाविर्भावा येन तथाभूतः सन्निति। तं प्रति

करने के निमित्त गरुड़ के समीप में धामस्थ स्वरूप को आवृत किये थे। एवं श्रीकृष्ण में प्रविष्ट स्वरूप का प्रकाश किए थे। इस रीति से ही बलि के भवन में श्रीरामकृष्ण के द्वारा श्रीविष्णु अदृष्ट हुए थे। किन्तु उक्त प्रकरणस्थ वाक्य की पर्य्यालोचना से प्रतीत होता है कि—मूर्त्ति का आकर्षण अर्थात् शक्ति का आकर्षण ही होता है। हरिवंशपुराणगत गिरिगुहा शयन प्रकरण की पर्य्यालोचना से उस तत्त्व का स्पष्टीकरण होता है। उस प्रकार करने का उद्देश्य यह है कि—उससे समस्त भक्तों की एकतानता उनके प्रति होती है। इस प्रकार कौतुक निबन्धन ही अन्यान्य अवतारों का समाहरण करते हैं।

श्रीकृष्ण में अंशावतारों का प्रवेश विवरण श्रीमद्भागवत के ११।११।२८ में लिखित है। श्रीकृष्ण के प्रति श्रीउद्धव कहते हैं—"त्वं ब्रह्म परमं व्योम पुरुषः प्रकृतेः परः।
अवतीर्णोऽसि भगवान् स्वेच्छोपात्त पृथग्वपुः॥"

'तुम ब्रह्म, परमव्योम, प्रकृत्यतीत भगवान् हो, निजेच्छा के अनुसार पृथक् पृथक् वपुसमूह को आत्मसात् कर अवतीर्ण हुये हो।"

साक्षात् भगवान् ही तुम हो, एवं उस रूप में ही अवतीर्ण हुये हो। उन भगवान् के वैभव को कहते हैं—तुम ब्रह्म हो, परव्योम नामक वैकुण्ठ भी तुम हो, प्रकृति के परपुरुष तुम ही हो। साक्षात् भगवान् होते हुये भी किस प्रकार अवतीर्ण हो? भा० १०।१४।२—

"अस्यापि देववपुषो मदनुग्रहस्य स्वेच्छामयस्य नतु भूतमयस्य कोऽपि।
नेशे महित्ववसितुं मनसान्तरेण साक्षात् तवैव किमुतात्मसुखानुभूतेः॥"

टीका—ननु नौमि इति प्रतिज्ञाय किं स्वरूपानुवादमात्रं क्रियते अत आह—अस्यापीति। भो देव! अस्यापि सुलभत्वेन प्रकाशितस्यापि तव वपुषोऽवतारस्य महि—महिमानम्, अवसितुं ज्ञातुं कोऽपि, को ब्रह्मा, अहमपि—नेशे, न शक्नोमि। यद्वा, नेशे, न समर्थ आसीत्, सुलभत्वाय विशेषणद्वयम्। मदनुग्रहस्य—मम अनुग्रहो यस्मात् तत् मदनुग्रहं, तस्य, किञ्च—स्वेच्छामयस्य स्वीयानां भक्तानां यथा इच्छा तथा तथा भवतः। तर्हि किमिति ज्ञातुं न शक्यते, अत आह—नतु भूतमयस्य—अचिन्त्यशुद्ध-सत्त्वात्मकस्य, यदा—अस्यैव, तदा कथं पुनः साक्षात्, तव केवलस्य आत्मसुखानुभूतेरेव-स्वसुखानुभूतेरेव, स्वसुखानुभवमात्रस्यावतारिणो गुणातीतस्य, महिमानं, आन्तरेण—निरुद्धेनापि मनसा को वा ज्ञातुं समर्थो भवेत्।

यथाह जाम्बवान् (भा० १०।५६।२८)—

"यस्येषदुत्कलितरोषकटाक्षमोक्षैर्वर्त्मादिशत् क्षुभितनक्रतिमिङ्गिलोऽब्धिः ।
सेतुः कृतः स्वयश उज्ज्वलिता च लङ्का रक्षःशिरांसि भुवि पेतुरिषुक्षतानि ॥"१८८॥ इति ;

यथा च देवाः (भा० ११।६।१३)—

"केतुस्त्रिविक्रमयुतस्त्रिपतत्पताको यस्ते भयाभयकरोऽसुरदेवचम्वोः ।
स्वर्गाय साधुषु खलेष्वितराय भूमन् पादः पुनातु भगवन् भजतामघान्नः ॥"१८९॥ इति ;

अथवा, भूतमयस्य, अपितु विराड्‌रूपस्य तव, तन्नियम्यस्य वपुषो महिमानमेवावसितुं कोऽपि नेशे इति किमु वक्तव्यमित्यर्थः ॥ इसके अनुसार स्वेच्छाक्रम से निज निज धाम से पृथक् वपु अर्थात् निजाविर्भाव उपेन्द्र प्रभृति को आकर्षण करतः तुम अवतीर्ण हुये हो ।

श्रीकृष्ण के प्रति भा० १०।५६।२८ में जाम्बवान् ने भी कहा—

"यस्येषदुत्कलितरोषकटाक्षमोक्षैर्वर्त्मादिशत्क्षुभितनक्रतिमिङ्गिलोऽब्धिः ।
सेतुः कृतः स्वयश उज्ज्वलिता च लङ्का रक्षः शिरांसि भुवि पेतुरिषुक्षतानि ॥"

टीका—यत एवंभूतः, अतो ममेष्टदैवतं रघुनाथ एव त्वमित्याह—यस्येति, ईषदुत्कलित—उद्दीपितो यो रोषस्तेन ये कटाक्षमोक्षास्तैः क्षुभिता नक्रा ग्राहास्तिमिङ्गिला महामत्स्याश्च यस्मिन् सोऽब्धिर्वर्त्ममार्गम् आदिशत्—दत्तवान् । तथापि तस्मिन् येन त्वया स्वयश एव सेतुः कृतः । उज्ज्वलिता दग्धा च लङ्का । यस्येषुभिः क्षतानि—छिन्नानि रक्षसो दशग्रीवस्य शिरांसि भुवि पेतुः, स एव त्वमिति जाने ।

आपको मैं जान गया । आप मेरा इष्टदेव रघुनाथ हैं । जिनके ईषत् रोषपूर्ण दृष्टि से अभिभूत होकर नक्रमकर सम्पद् युक्त दुर्द्धर्ष समुद्र ने भी मार्ग प्रदान किया था । उसमें भी आपने सेतुबन्ध किया, वह ही आपका यश रूप सेतु है । लङ्का को दग्ध किया, दशग्रीव के शिरसमूह से भूतल को सुशोभित किया वह आप ही हैं, मैं जान गया ।

भा० ११।६।१३ में देवगणों ने कहा—

"केतुस्त्रिविक्रमयुतस्त्रिपतत् पताको यस्ते भयाभयकरोऽसुरदेवचम्वोः ।
स्वर्गाय साधुषु खलेष्वितराय भूमन् पाद पुनातु भगवन् भजतामघान्नः ॥"

टीका—त्वच्चरणस्य भक्तपक्षपातः प्रसिद्ध एवेति स्तुवन्तः प्रार्थयन्ते केतुरिति । बलिबन्धने त्रिभिः विक्रमैर्युतः, तत्र द्वितीयविक्रमे सत्यलोकं गतस्तव पादः केतुरर्युच्छ्रितो विजयध्वज इव । तत् सम्पादयन्ति । त्रिपतत् पताका यस्य । तथा असुरदेवचम्वो स्तत् सेनयोरुभयोर्भयाभयकरः । साधुषु सुरेषु स्वर्गाय, खलेषु असुरेषु इतराय इतरस्मै अधो गमनाय । य एवं केतुरूपस्ते पादः भजतां नोऽघं पुनातु शोधयतु । अघादिति पाठे भजतां नः, इति कर्मणि षष्ठी । अघाद्भजतोऽस्मान् पुनात्विति । तथा च श्रुतिः— चरणं पवित्रं विततं पुराणं येन पूतस्तरति दुष्कृतानि । तेन पवित्रेण शुद्धेन पूता अतिपाप्मानमरातिं तरेम । लोकस्य द्वारमर्च्चिमत् पवित्रम् । ज्योतिष्मद्भ्राजमानं महस्वत् । अमृतस्य धारा बहुधा दोहमानम् । चरणं नो लोके सुधितां दधात्विति ।

आपके चरणयुगल सुप्रसिद्ध भक्त पक्षपाती हैं । अतः स्तवन कर प्रार्थना करते हैं । गर्वित बलि बन्धन के समय आप त्रिविक्रम हुये थे । उसमें जो द्वितीय विक्रम प्रकट हुआ— वह सत्यलोकगत उच्छ्रित चरण से ही हुआ, वह ही पताका है, विजयध्वज के समान रहा । उससे तीन धारा से गङ्गा निःसृता हुई । वह असुर एवं सुर सेनाओं के निमित्त भय एवं अभयप्रद है । साधु एवं देववर्ग के निमित्त

यथा च ब्रह्मा (भा० १०।१४।१४) नारायणस्त्वम्" इत्यादौ; (भा० १०।१४।१४) "नारायणोऽङ्गं" नरभूजलायनात्" इति; यथा च त एव देवाः (भा० ११।६।१०)—

"स्यान्नस्तवाङ्घ्रिरशुभाशयधूमकेतुः, क्षेमाय नो मुनिभिरार्द्रहृदोह्यमानः।
यः सात्वतैः समविभूतय आत्मवद्भि,-र्व्यूहेऽर्च्चितः सवनशः स्वरतिक्रमाय॥"१९०॥इति;

स्वर्गद है, असुर के निमित्त वह ही अधोगतिद है। वह यजनरत हम सबको शोधन करें। अघात् पाठ से 'हमारे पापों को विनष्ट करें' अर्थ होता है। भजनकारियों की रक्षा पापों से करें, यह भावार्थ है। श्रुति कहती है—पवित्र श्रीभगवच्चरण अवलम्वन कर दुष्कृत से मुक्त होता है। उससे पवित्र होकर पापरूप अराति को पराजित करेंगी। परमधाम प्राप्ति का एकमात्र द्वार ही श्रीभगवत् चरण की सेवा है। जोतिष्मद् रूप में शोभित महद्धाम है। उससे अनेकविध अमृत धारा निःसृत होती रहती हैं। श्रीभगवच्चरण हम सबको उत्तमबुद्धि प्रदान करें।

ब्रह्मा ने भी कहा भा० १०।१४।१४ में—

"नारायणस्त्वं नहि सर्वदेहिनामात्मास्यधीशाखिललोकसाक्षी।
नारायणोऽङ्गं नरभूजलायनात् तच्चापि सत्यं न तवैव माया॥"

बृहत्क्रमसन्दर्भः। ननु भो ब्रह्मन्! तथापि नारायणादेव जातोऽसि, कुतो मत्त इत्युच्यते? सत्यम्। त्वञ्च नारायणः, यस्मादहमसूवम्, स तवाद्यावतारश्च। नारायण इत्यभिन्नत्वात् तदुत्पन्न एवेति श्रीकृष्णस्यैव मूर्त्तिविशेषो नारायण एव, यतस्त्वं सर्वदेहिनामात्मासि, अखिललोकसाक्षी चासि।

ननु तर्हि यस्य नाभिनालात्त्वमुत्पन्नोऽसि, स तावत् क्वेत्याशङ्क्याह—नारायणोऽङ्गमित्यादि—स नारायणः खलु तवाङ्गं मूर्त्तिराद्यावतारत्वात्। ननूभयोरेव नारायणत्वे कथं तज्जनकस्य मदङ्गत्वमित्याह—नरभूजलायनात्। नारायणशब्दस्य व्युत्पत्ति द्वयम्—नर-भूर्नरोत्पत्तिः, जलञ्च, तदयनात्—तत्स्थानात्। एकस्त्वं नरोत्पत्त्ययनान्नारायणः, नरशब्दोऽत्र जीवपरः, अन्यस्तवाङ्गं जलायनात् 'आपो नारा इति प्रोक्ताः' तेन सर्वे जीवा नारं तदयनात्त्वं नारायणः, जलशायित्वात् तवाङ्गं नारायण इत्येवविशेषः। ननु जलशायित्वं तस्य मायिकं नेत्याह—तच्चापि सत्यम्, तज्जलशायित्वं च सत्यम्। सत्यलीलत्वात्तवैव, न तव माययैव, अतः पूर्वोक्तं त्वदुद्भवत्वं मम सिद्धमेव।

ब्रह्मन्! तुम तो नारायण से उत्पन्न हो, कैसे कहते हो, मैं आपसे उत्पन्न हूँ? सत्य है, आप ही नारायण हो, जिनसे मैं उत्पन्न हूँ। वह आपका आद्य अवतार हैं। अभिन्न होने पर आप से ही मैं उत्पन्न हूँ। श्रीकृष्ण का ही मूर्त्तिविशेष ही नारायण हैं। कारण—आप निखिल देहियों का आत्मा हो, अखिललोकों का साक्षी भी हो, ठीक है। किन्तु जिनके नाभिनाल से उत्पन्न हो, वह कौन हैं? कहते हैं, —'नारायणोऽङ्गम्' वह नारायण तो आपका अङ्ग हैं, प्रथम अवतार होने से आपकी मूर्त्ति हैं। उभय ही जब नारायण हैं, तब तुम्हारा जनक कैसे मेरा अङ्ग होगा? उत्तर, नर भू जलायनात्। नारायण शब्द की व्युत्पत्ति दो हैं, नर भू—नरोत्पत्ति, एवं जल, उसका अयन—स्थान होने से आप ही नारायण हैं। एक तो आप नरोत्पत्ति का अयन होने से नारायण हैं। यहाँ नर शब्द जीववाची है। अन्य—आपका अङ्ग है, जलायन होने के कारण। 'आपो नारा इति प्रोक्ताः' समस्त जीव का आश्रय होने से आप नारायण हैं। जलशायी होने से आपका अङ्ग नारायण हैं, यह ही विशेष है। जलशायित्व तो मायिक है? नहीं, वह भी सत्य ही है। आप सत्य लीलाशील हैं, वह आपकी माया नहीं है, अतएव मैंने जो पहले कहा है, मैं आप से उत्पन्न हूँ, आप ही मेरा जनक हैं, यह स्थिर हुआ है।

भा० ११।६।१० में देवगणों ने भी कहा है—

अतएवाक्रूरः (भा० १०।४१।४)—

"अद्भुतानीह यावन्ति भूमौ वियति वा जले।
त्वयि विश्वात्मके तानि किं मेऽदृष्टं विपश्यतः॥"१८१॥ इत्यादि ;

अतएव (भा० ११।२।१)—

"गोविन्दभुजगुप्तायां द्वारकायां कुरूद्वह।
अवात्सीन्नारदोऽभीक्ष्णं कृष्णोपासनलालसः॥"१८२॥ इति।

उद्धवः श्रीभगवन्तम्॥

९१। तदेवं प्रमाणवत्त्वे प्रयोजनवत्त्वे स्थिते तमेव प्रवेशमाह, (भा० ३।२।१५)—

"स्यान्नस्तवाङ्घ्रिरशुभाशयधूमकेतुः क्षेमाय नो मुनिभिरार्द्रहृदोह्यमानः।
यः सात्वतैः समविभूतय आत्मवद्भिर्व्यूहेऽर्चितः सवनशः स्वरतिक्रमाय॥"

टीका—तदेवं तद्यशः श्रद्धैव शुद्धिहेतुः, अस्माभिस्तु तवाङ्घ्रिर्दृष्टः, अतस्तवाङ्घ्रिर्नोऽस्माकम्, अशुभाशयानां विषयवासनानां धूमकेतुदाहकः स्यात्। कथम्भूतः? यः क्षेमाय मोक्षाय मुनिभिर्मुमुक्षुभिः प्रेमार्द्रहृदा उह्यमानश्चिन्त्यमानः। यश्च सात्वतैर्भक्तैः समविभूतये समानैश्वर्य्याय वासुदेवादिव्यूहे अर्चितः। तेषु च कैश्चिदात्मवद्भिर्धीरैः स्वरतिक्रमाय स्वर्गमतिक्रम्य वैकुण्ठप्राप्तये सवनश स्त्रिकालं अर्च्चितः।

परम पावन यश को विस्तृत करने के निमित्त आपका कर्माचरण है। आपके यश के प्रति श्रद्धा ही शुद्धि हेतु है। हम सबने तो आपका चरण दर्शन किया है, अतः आपके चरण ही समारे विषयवासना का नाशक हैं। धूमकेतु अग्नि के समान होकर विषयवासना को दग्ध करें। वह श्रीचरण किस प्रकार हैं? मोक्ष प्राप्ति हेतु मुमुक्षु मुनिगण प्रेमार्द्र हृदय में निरन्तर चिन्ता करते रहते हैं, एवं भक्तगण वासुदेवादि रूप में अर्चन करते हैं। कतिपय धीर व्यक्तिगण स्वर्ग को अतिक्रम कर वैकुण्ठ प्राप्ति के निमित्त त्रिकाल अर्चना भी करते रहते हैं। अतएव भा० १०।४१।४ में श्रीअक्रूर ने कहा है,—

"अद्भुतानीह यावन्ति भूमौ वियति वा जले। त्वयि विश्वात्मा तानि किं मेऽदृष्टं विपश्यतः॥"

टीका—भूमौ वियति जले वा यावन्त्यद्भुतानि तानि त्वय्येव सन्ति तञ्च त्वां पश्यतो मे किमद्भुतम दृष्टम् अपितु सर्वं दृष्टमित्यर्थः।

भूमि आकाश एवं जल में जो कुछ मैंने अत्यद्भुत देखा, वे सब ही आप में ही है। आपको और उस सबको देखकर क्या अद्भुत मैंने नहीं देखा है? मैंने सब कुछ ही देखा है।

अतएव भा० ११।२।१ में उक्त है—

"गोविन्दभुजगुप्तायां द्वारकायां कुरूद्वह। अवात्सीन्नारदोऽभीक्ष्णं कृष्णोपासनलालसः॥"

टीका—अभीक्ष्णं प्रस्थापितोऽपि पुनः पुनरवात्सीदित्यर्थः। ननु नारदस्यदक्षादिशापान्नैकत्र वासः सम्भवतीत्याशङ्क्याह—गोविन्दभुजगुप्तायामिति। न तस्यां शापादेः प्रभाव इत्यर्थः। कृष्णोपासने लालसा औत्कण्ठ्यं यस्य सः।"

पुनः पुनः भेजे जाने पर भी बारम्बार आकर नारद द्वारका में ही रह जाते थे। नारद के प्रति तो दक्षशाप रहा, कैसे नारद एकत्र रह सकते हैं? कहते हैं—गोविन्दभुज गुप्त द्वारका में रहते थे। वहाँ शाप का प्रभाव नहीं है। क्यों रहते थे? उत्तर—कृष्णोपासन में लालसा हेतु रहते थे। अर्थात् कृष्णोपासन में उनकी अत्युत्कट उत्कण्ठा थी। उद्धव श्रीभगवान् को कहे थे॥९०॥

उस प्रकार भा० ३।२।१५ में वर्णित है—

"स्वशान्तरूपेष्वितरैः स्वरूपै,-रभ्यर्द्द्यमानेष्वनुकम्पितात्मा ।
परावरेशो महदंशयुक्तो, ह्यजोऽपि जातो भगवान् यथाग्निः ॥"१८३॥

तच्च जन्म निजतत्तदंशानादायैवेत्याह—महदंशयुक्तो महतः स्वस्यैवांशैर्युक्तः, (कठ० १।२।२२) "महान्तं विभुमात्मानम्" इत्यादि श्रुतेः; (ब्र० सू० १।४।८) "महद्वच्च" इति न्यायप्रसिद्धेश्च । महान्तो ये पुरुषादयोऽशास्तैर्युक्त इति वा; श्रीविष्णुसहस्रनामस्तोत्रे "लोकनाथं महद्भुतम्" इतिवन्नात्मत्वव्यभिचारः; महद्भिरंशिभिरंशैश्च युक्त इति वा ॥ श्रीमदुद्धवः श्रीविदुरम् ॥

"स्वशान्तरूपेष्वितरैः स्वरूपैरभ्यर्द्यमानेष्वनुकम्पितात्मा ।
परावरेशो महदंशयुक्तो ह्यजोऽपि जातो भगवान् यथाग्निः ॥"

श्रीविदुर के प्रति श्रीउद्धव ने कहा—स्वीय शान्तरूप भक्तवृन्द, अशान्त मूढ़ व्यक्तिसमूह के द्वारा उपद्रुत होने से भक्तानुग्रहकातर परावरेश भगवान् अज महदंश युक्त होकर काष्ठ स्थित अनल के समान जन्म ग्रहण करते हैं ।

टीका—"एवम्भूत विम्व प्रदर्शने कारणमाह,—स्वीयान्येव शान्तानि अशान्तानि च रूपाणि । तत्र शान्तरूपेषु इतरैः पीड्यमानेषु अनुकम्पितः कृतानुकम्प आत्मा यस्य अजोऽपि जातः आविर्भूतः। महाभूतरूपेण नित्यसिद्ध एव अग्निर्यथा काष्ठेष्वाविर्भवति तद्वत् । अजस्य जन्मनि हेतुः । महान्—महत्तत्त्वम्, अंशः कार्य्यलेशो यस्याव्यक्तस्य तन्महदंशं तद्युक्त इति ।"

निज अंशसमूह को लेकर ही जन्मलीला प्रकट करते हैं । एतज्जन्य कहते हैं—महदंशयुक्त । महत्, आपके अंश, भगवत्स्वरूप समूह, उसके सहित युक्त । महद् शब्द का अर्थ भगवान् हैं । यह कहने से संशय हो सकता है—महत् शब्द से भगवान् का बोध सुप्रसिद्ध है—अथवा नहीं ? तज्जन्य कठोपनिषत् का प्रमाण दर्शाते हैं । कठ १।२।११ में उक्त है—'महान्तं विभुमात्मानम्' महान् विभु आपको, यहाँ श्रीहरि को महान् शब्द से कहा गया है । वेदान्तसूत्र १।४।७ में 'महद्वच्च' उक्त है । महद्वच्चेति—बुद्धेरात्मेत्यत्र महच्छब्देन प्रथमविकारे वाच्ये महतो महान् पर इत्यनिष्टं स्यात् । तथा आत्मशब्देन महतो विशेषणं चानिष्टमतो न प्रथमविकारो गृह्यते । एवमात्मपरत्वोक्ते स्तत्राव्यक्तशब्देन प्रधानं न ग्राह्यम् । न ह्यात्मनः परतया प्रधानं सांख्यैर्मतं तस्मात् सूक्ष्मशरीरं तदिति सुष्ठूक्तम् । 'बुद्धि से महान् आत्मा श्रेष्ठ है ।' यहाँ बुद्धि से श्रेष्ठत्व कथन हेतु एवं आत्मशब्द के सहित एकार्थता निबन्धन जिस प्रकार महत् शब्द से स्मृत्युक्त महत्तत्त्व का ग्रहण नहीं होता है, तद्रूप आत्मा से श्रेष्ठत्व कथन हेतु अव्यक्त शब्द से प्रधान का ग्रहण नहीं होगा ।

अतएव महत् शब्द से परमात्मा ही गृहीत हैं । अथवा, महान्त जो पुरुषादि अंश, तत् समुदय युक्त होकर आविर्भूत हैं, तज्जन्य आप महदंश युक्त हैं ।

विष्णुसहस्रनामस्तोत्र में उक्त है—'लोकनाथं महद्भूतं' यहाँ जिस प्रकार महत् स्वरूप के सहित अव्यभिचार प्रदर्शित हुआ है । उस प्रकार महदंशयुक्त शब्द के द्वारा श्रीकृष्ण में निजांशसमूह सम्मिलित होने से भी निज स्वरूप की विकृति नहीं होती है । महद्भूत शब्द का अर्थ—परम कारण । श्रीहरि, अनन्त ब्रह्माण्ड एवं वैकुण्ठादि धाम का निमित्त उपादान कारण है । स्वयं ही ब्रह्माण्डसमूह के सृष्टि-स्थिति-विलय कार्य्य करते रहते हैं, एवं धामसमूह के आविर्भाव तिरोभाव सम्पन्न करते हैं । तथापि आपका स्वरूप ह्रास वृद्धि प्राप्त नहीं होता है ।

९२। तथैवम् (भा० १०।२।९) "अथाहमंशभागेन" इत्यादावप्येवं व्याख्येयम्। अंशानां भागो भजनं प्रवेशो यत्र तेन परिपूर्णरूपेण; अंशानां भजनेन लक्षितो वा। 'प्राप्स्यामि' इति प्रकटलीलाभिप्रायेण भविष्यन्निर्द्देशः। अतएव तदवतारसमये युगावतारश्च स एवेत्यभिप्रेत्याह, (भा० १०।८।१३)—

(९२) "आसन् वर्णास्त्रयो ह्यस्य गृह्णतोऽनुयुगं तनूः।
शुक्लो रक्तस्तथा पीत इदानीं कृष्णतां गतः॥"१९४॥

अस्य तव पुत्रस्य प्रतियुगं तनुर्युगावतारलीलावतारात् गृह्णतः प्रकटयतो यद्यपि तत्र तत्र शुक्लादयस्त्रयोऽप्यन्ये वर्णा आसन्, तथापि यो यः शुक्लस्तथा रक्तः पीतश्च, स स इदानीमेतदवतारसमये कृष्णतामेव गतः; एतस्मिन् कृष्णाकार एवान्तर्भूतः। किमुत यो यः कृष्णः, स स एवेत्यर्थः। तस्मात् कृष्णीकर्त्तृत्वात् स्वयं कृष्णत्वात् सर्वाकर्षकत्वाच्च कृष्ण इत्येकमस्य नामेति प्राकरणिकोऽप्यर्थः श्रेयान्। तदानीं श्रीकृष्णस्यैव द्वापरयुगावतारत्वं श्रीकरभाजनेन

अथवा—महत् अंशसमूह के सहित, एवं अंशसमूह के सहित मिलित को महदंशयुक्त कहा जाता है। श्रीमदुद्धव श्रीविदुर को कहे थे॥९१॥

उक्त श्लोकस्थ "महदंशयुक्त' पद की जिस प्रकार व्याख्या की गई है, उस प्रकार भा० १०।२।९ "अथाहमंशभागेन देवक्याः पुत्रतां शुभे। प्राप्स्यामि त्वं यशोदायां नन्दपत्न्यां भविष्यसि॥" 'अंशभागेन' शब्द के द्वारा भी श्रीकृष्ण में निखिल अंशांश प्रविष्ट हैं इस प्रकार अर्थ को जानना होगा। योगमाया के प्रति श्रीकृष्ण ने कहा—मैं अंश भाग से अर्थात् पूर्णरूप से देवकी का पुत्र बनूँगा। तुम भी नन्दपत्नी यशोदा से आविर्भूत हो जाओ।

अंशानां—भाग भजन है जहाँ। उस प्रकार परिपूर्ण स्वरूप से आविर्भूत होंगे। अथवा अंश समूह के भजन द्वारा जो परिलक्षित हैं, वह अंश भाग है, अर्थात् अंशसमूह के भजन से अंशी श्रीकृष्ण का परिचय प्राप्त होता है। जिस प्रकार श्रीनृसिंहदेव का भजन से श्रीकृष्ण तत्त्व में परिज्ञान स्वामिचरण का हुआ। उक्त श्लोक में 'प्राप्स्यामि' क्रियापद का प्रयोग है, वह भी प्रयुक्त प्रकटलीलाभिप्राय से ही हुआ है। आगन्तुक देवकी पुत्र होने के अभिप्राय से उक्त पद का प्रयोग नहीं हुआ है। कारण, आप नित्य ही देवकीपुत्र हैं। श्रुति में 'कृष्णाय देवकीपुत्राय' प्रयोग है।

सर्बावतारावतारी श्रीकृष्ण के आविर्भाव के समय में युगावतार भी श्रीकृष्ण ही हैं। कारण, श्रीकृष्ण में ही सर्वावतारों का प्रवेश सुसिद्ध है। तज्जन्य नामकरण प्रसङ्ग में भी श्रीव्रजाचार्य्य के प्रति श्रीगर्गाचार्य्य ने कहा—"आसन् वर्णास्त्रयो ह्यस्य गृह्णतोऽनुयुगं तनूः।
शुक्लो रक्तस्तथा पीत इदानीं कृष्णतां गतः॥"

'तुम्हारा यह पुत्र, प्रति युग में ही शरीर ग्रहण करता रहता है। इनके शुक्ल, रक्त, पीत तीन वर्ण हो गये हैं। सम्प्रति कृष्णता प्राप्त है, अतएव 'कृष्ण' इनका नाम है।

प्रति युग में तनु प्रकटनकारी इस बालक के अनेक तनु हैं, अर्थात् युगावतार, लीलावतार भेद से अनेक तनु प्रकट करते हैं। उसमे उस उस युग में शुक्ल, रक्त, पीत वर्णत्रय हो गये हैं। तथापि शुक्ल, रक्त, पीत वर्ण भी अधुना कृष्णावतार में अन्तर्भुक्त हो गये हैं। अतएव कृष्ण ही उन उन वर्णों में प्रकटित होते हैं, इसकी प्रतीति सुस्पष्ट रूप से होती है।

युगावतारोपासनायामुक्तम्, न तु द्वापरान्तरवच्छुकपक्षवर्णस्यान्यस्य ; (भा० ११।५।२७-२९)—

"द्वापरे भगवान् श्यामः पीतवासा निजायुधः ।
श्रीवत्सादिभिरङ्कैश्च लक्षणैरुपलक्षितः ॥१९५॥
तं तदा पुरुषं मर्त्या महाराजोपलक्षणम् ।
यजन्ति वेदतन्त्राभ्यां परं जिज्ञासवो नृप ॥१९६॥
नमस्ते वासुदेवाय नमः सङ्कर्षणाय च ।
प्रद्युम्नायानिरुद्धाय तुभ्यं भगवते नमः ॥"१९७॥ इति ।

अत्र श्रीकृष्णत्वे लिङ्गं महाराजोपलक्षणमिति वासुदेवायेत्यादि च श्रीहरिवंशोक्त-राजराजाभिषेकाद्द्वारकायां चतुर्व्यूहत्वप्रसिद्धेश्च ॥ गर्गः श्रीव्रजेश्वरम् ॥

अर्थात् सत्य में युगावतार—शुक्ल, त्रेतावतार—रक्त, कलि में अवतार पीतवर्ण उपलक्षण से द्वापर युगावतार शुकपक्षाभ अवतार भी कृष्ण में अन्तर्भुक्त हैं। अतएव जो जो कृष्णवर्ण के नहीं हैं, उनको कृष्णवर्णाक्रान्त किये हैं, एवं स्वयं कृष्ण हैं। तथा सर्वाकर्षक हेतु "कृष्ण" इनका एक नाम है, यह ही प्रकरणलब्ध सारार्थ है।

वृहत्क्रमसन्दर्भः। "अथ वसुदेवेन प्रहितो गर्गः श्रीरामकृष्णयोर्नामकरणं यदकरोत्तदाह—आसन् वर्णास्त्रय इत्यादि सार्द्धेन। अस्य श्रीकृष्णस्यावतारिणस्तनूरवतार रूपाणि अनुयुगं युगे युगे गृह्णतस्त्रयो वर्णा आसन्। 'के ते' इत्याह—शुक्ल इत्यादि। सत्ये यमवतारकरोत्, तस्य शुक्लो वर्ण आसीत्, त्रेतायां रक्तवर्ण आसीत्, द्वापरे तथा अपीतः, यथा शुक्लो रक्तस्तथा श्यामोऽपि। अपीत शब्देन श्याम उच्यते—शुक्लरक्तकृष्णानां पारिशेष्यात्। वक्ष्यति च (भा० ११।५।७) 'द्वापरे भगवान् श्यामः' इत्येकादशे। इदानीं कलौ कृष्णतां गतः। कृष्णतेति भाव—निर्देशेन भावस्य च सत्तारूपतया स्वाभाविक-नित्यसिद्ध एवायं चिद्वर्णः, नतु पूर्वपूर्वावतारवदौपाधिकः। यद्वा इदानीमिति कलिकालपरत्वम्। तथैकादशे वक्ष्यति (भा० ११।५।३१-३२) 'कलावपि तथा शृणु' कृष्णवर्णं तथा कृष्णम्' इत्यादि।"

श्रीगर्गाचार्य्य के समान श्रीकरभाजन योगीन्द्र ने भी श्रीकृष्ण को द्वापर युगावतार रूप में निर्देश किया है। किन्तु द्वापरान्त में प्रकटित शुकपक्ष वर्ण का निर्देश नहीं किया है। आपने कहा है—(भा० ११।५।२७-२९) द्वापर युग में भगवान् अतसी कुसुमवत् श्यामवर्ण, पीतवसनधारी, चक्रादि आयुध समन्वित, श्रीवत्स एवं करचरणादिगत पद्मादि चिह्नाङ्कित एवं कौस्तुभ प्रभृति से विभूषित होकर अवतीर्ण होते हैं।

'हे नृप! उस समय ईश्वरतत्त्व जिज्ञासु व्यक्तिगण, वेद एवं तन्त्रोक्त पद्धति के अनुसार छत्र चामरादि द्वारा महाराजोपलक्षणयुक्त पुरुष की पूजा करते हैं।'

'वासुदेव को नमस्कार, सङ्कर्षण को नमस्कार, भगवान् प्रद्युम्न एवं अनिरुद्ध को नमस्कार, इस प्रकार कहकर द्वापरयुगाधिवासिगण जगदीश्वर का स्तव करते हैं।'

श्रीकरभाजनोक्त (भा० ११।५।२७-२९) श्लोकसमूह में श्रीकृष्ण ही द्वापर युग के उपास्य रूप में प्रविष्ट हुये हैं। कारण, उक्त कथन में 'महाराजोपलक्षण' एवं वासुदेवादि पद ही उनका प्रतिपादक है। श्रीकृष्ण की महाराजोचित अभिषेक की कथा का वर्णन हरिवंशस्थ विष्णुपर्व के ५० अध्याय में है। श्रीरुक्मिणी स्वयम्बरोपलक्ष्य में श्रीकृष्ण का आगमन समय में विदर्भ नगर में नराधिपति क्रथ कौषिक

६३। तदेवं श्रीकृष्णस्य स्वयं भगवत्त्वे सुष्ठु निर्धारिते नित्यमेतद्रूपत्वेनावस्थितिरपि स्वयमेव सिद्धा। तथापि मन्दधियां भ्रान्तिहानार्थमिदं विव्रियते। तत्र तावदाराधना-वाक्येनैव सा सिध्यति। आराध्यस्याभावेऽप्याराधनानोदनाया विप्रलिप्साजन्यत्वापत्तेः। तच्च परमाप्ते शास्त्रे न सम्भवति, सम्भवे च पुरुषार्थाभावात् शास्त्रानर्थक्यम्। आरोपश्च परिच्छिन्नगुणरूप एव वस्तुनि कल्पते, नानन्तगुणरूपे। स्वामिचरणैरपीदमेव पुष्टमेकादशान्ते

नामक भ्रातृयुगल ने, देवराज प्रेरित विश्वकर्मा निर्मित सिंहासन में श्रीकृष्ण को उपवेशन कराकर महाराजोचित अभिषेक किया था। एवं भा० ११।५।२७ श्लोकोक्त वासुदेवादि, द्वारका चतुर्व्यूह हैं, उस प्रकार ही सर्वत्र प्रसिद्धि है।

उक्त श्लोकत्रय की क्रमसन्दर्भ टीका। द्वापर युगावतार कथयन् श्रीकृष्णाविर्भावमय-तद्युग-विशेषस्य च वैशिष्ट्यातिशयमभिप्रेत्य तमेव तत्तत्सर्वमयमाह—द्वापर इति सामान्यतस्तु द्वापरे शुकपत्रवर्णत्वम्, कलौ श्यामत्वं विष्णुधर्मोत्तरे दर्शितम्। "द्वापरे शुकपत्राभः, कलौ श्यामः प्रकीर्त्तितः" इतीदृशेन।२७।

महाराजोपलक्षणमिति श्रीहरिवंशदर्शितराजेन्द्राभिषेकात्। तादृशं परं पुरुषं यजन्तीत्यन्वयः। यजने हेतुः—'जिज्ञासवस्तमेवानुभवितुमिच्छवः' इति।२८।

चतुर्व्यूहतालिङ्गेन श्रीकृष्णत्वमेव विशेषतः स्पष्टयन्नाह—'नमस्ते' इति।२९।

सत्य, त्रेता, द्वापर एवं कलि चतुर्युग में एक दिव्ययुग होता है। ७१ दिव्ययुग में एक मन्वन्तर है, १४ मन्वन्तर में ब्रह्मा का एक दिन है, उस परिमाण से ही रात्रि होती है। सप्तम मन्वन्तरीय अष्टाविंश चतुर्युग के द्वापर के शेषभाग में श्रीकृष्ण अवतीर्ण होते हैं। ब्रह्मा के अहोरात्र में श्रीकृष्ण एकवार अवतीर्ण होते हैं। जिस द्वापर में श्रीकृष्ण अवतीर्ण नहीं होते हैं, उस द्वापर में शुकपक्ष वर्ण का युगावतार होता है। श्रीगर्ग श्रीव्रजेश्वर को कहे थे।६२॥

यद्यपि उक्त प्रमाणसमूह के द्वारा श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता सुष्ठुरूपेण निर्द्धारित होने पर सतत श्रीकृष्ण रूप में ही उनका अवस्थान स्वयं ही निष्पन्न होता है। तथापि मन्दबुद्धिसम्पन्न व्यक्तिसमूह की भ्रान्ति को विदूरित करने के निमित्त सप्रमाण विचार उपस्थित करते हैं।

अनेक जन्म यावत् यमनियमादि अनुष्ठान के द्वारा संयतचित्त योगिगण जिनकी चरणरेणु प्राप्त करने में असमर्थ हैं, उन श्रीभगवान् स्वयं ही व्रजवासियों के नयन सन्निधान में निरन्तर अवस्थित हैं। उन सब व्रजवासियों की अनिर्वचनीय सौभाग्य कथा का वर्णन कैसे हो सकता है ?

उक्त श्लोक में व्रजवासिगणों के सहित श्रीकृष्ण का नित्य विचित्र विहार सौभाग्य वर्णित है। व्रजवासिगण सतत जिनके सहित विहार करते हैं, एतद्व्यतीत अपर महद्व्यक्तिगण उन श्रीकृष्ण का दर्शन सौभाग्य प्राप्त करने में अक्षम हैं, उसको कहते हैं—'यत्पादपांशुर्बहुजन्मकृच्छ्रतः' जिनके चरणसम्बन्धी चरणरेणु, अथवा दास्यभक्ति का यत्किञ्चित् सम्बन्ध, किम्वा पादप, श्रीवृन्दावनस्थित कदम्बादि वृक्ष प्रभृति की अंशु किरणच्छटा, अथवा पदयुगल पान, अर्थात् सप्रेमनिरीक्षणशील भक्तवृन्द की अंशु—किरणच्छटा, बहुजन्म पर्य्यन्त यमनियमादि द्वारा संयतचित्त समाधियुक्त योगियों के अलभ्य हैं। उन भगवान् स्वयं ही, स्वरूपान्तर से नहीं, किम्वा स्व-स्वरूप में—श्रीनन्दनन्दन रूप में, व्रजवासि जनगण के निकट निज निज स्वरूप में परिचित होकर नित्य विराजमान हैं। अहो ! उन सब व्रजवासियों का कैसा विचित्र उत्सव है !

वैष्णवतोषणी—"अहो दूरे तावदास्तामेषां तेन सह निरन्तरविचित्रविहारसौभाग्यमहिमा, व्रजवासिमात्राणामपि तद्दर्शनमात्रसौभाग्यमपि, परममहद्भिरप्यन्यैरलभ्यमित्याह—यदिति, यस्य पादसम्बन्धी कुत्रापि पतितः पांशुरेकोऽपि साक्षात् स एव, किम्वा, यस्य पादपः श्रीवृन्दावनकदम्बादिवृक्षः। यद्वा, यस्य पादौ पिवन्ति, स निरीक्षणा इति भक्तविशेषस्तेषामंशुर्दूरतः किरणच्छटादिक्लेशैः धृतः स्थिरीकृत आत्मा मनो यैः, अतो योगिभिः समाधियुक्तैरपि अलभ्यः, लब्धुमशक्यः स एव स्वयं स्वभावतः स्वरूपतो वा स्थितः, स्थिरतया नित्यमस्ति, 'यच्च किञ्चिज्जगत् सर्वं व्याप्य नारायणः स्थितः' इतिवत् । अहो आश्चर्य्ये, तेषां दिष्टं भाग्यम्, यद्वा, दिष्टस्य महोविचित्रोत्सवः किं वर्ण्यते—वर्णयिष्यते ? अपितु वर्णयितुं न शक्यते' इत्यर्थः ।"

यहाँ पर द्विभुज श्रीकृष्ण का ही वर्णन हुआ है। कारण, व्रज में द्विभुज रूप में लीला करते हैं। श्लोक में 'स्वयं स्थितः' पद का प्रयोग हुआ है। उससे दुष्टबुद्धिसम्पन्न व्यक्तिगण की—'द्विभुज रूप की अनित्यत्व प्रतीति' का निरास हुआ है।

महानारायणोपनिषत् में उक्त है—जागतिक जो भी वस्तु हैं, सब में श्रीनारायण नित्य रूप में स्थित हैं। उस प्रकार ही व्रज में श्रीकृष्ण अवस्थित हैं।

'स एव यद्दृग्विषयः स्वयं स्थितः' स एष येषां दृग्विषयः सन् स्थितः वर्त्तमानेक्तः, स वर्त्तमानो

१०१। अतएव स्वभावसिद्धत्वं पूर्णैश्वर्य्याद्याश्रयत्वञ्च, (भा० १०।४४।१४)—

(१०१) "गोप्यस्तपः किमचरन् यदमुष्य रूपं, लावण्यसारमसमोर्द्ध्वमनन्यसिद्धम्।
दृग्भिः पिबन्त्यनुसवाभिनवं दुराप,-मेकान्तधाम यशसः श्रिय ऐश्वरस्य॥"२२६॥

'अनन्यसिद्धम्' अन्येन तत् सिद्धमिति न, किन्तु स्वाभाविकमेवेत्यर्थः। अन्यत्रासिद्धमिति तु व्याख्यानं पिष्टपेषणम्। 'असमोर्द्ध्वम्' इति युक्तमेव, तदिदञ्च तासां वाक्यं श्रीशुकदेवादिभिः स्वयमनुमोदितमिति नान्यथा मन्तव्यम्॥ मथुरापुरस्त्रियः परस्परम्॥

१०२। अथ विभुत्वम् (भा० १०।९।१३) "न चान्तर्न वहिर्यस्य" इत्यादौ। प्राकृत-

नित्य प्रवृत्तः। एतेन व्रजस्थत्वस्य नित्यत्वम्, अन्यथा दृग्विषय इत्यनेनैव सिद्धेः, स्थित इत्यधिकपदं स्यात्।" (बृ० क्र० स०)

'स्थितः' पद प्रयोग से श्रीकृष्ण रूपमें व्रज में नित्य स्थिति सूचित हुई है। प्रवक्ता श्रीशुक हैं॥१००॥

अतएव श्रीकृष्ण की नराकृति ही स्वभावसिद्ध एवं पूर्णैश्वर्य्यादि का आश्रय है। उसका वर्णन भा० १०।१४।१४ में है,—मथुरा नागरीगण परस्पर को कहती हैं, गोपीगण की कैसी अनिर्वचनीया तपस्या रही, जिससे वे सब श्रीकृष्ण के नित्य नवीन मनोहर स्वरूप का दर्शन अतृप्त नयनों से करते रहते हैं। वह रूप लावण्य का सार तो है ही, उसके समान अथवा अधिक लावण्यशाली अपर कोई नहीं है। वह रूप अनन्यसिद्ध है, यशः ऐश्वर्य्य एवं लक्ष्मी का एकान्त आश्रय है, वह अतिशय दुर्लभ भी है। अनन्यसिद्ध अर्थात् अपर के द्वारा निर्मित नहीं है, किन्तु स्वाभाविक है। अन्यत्र असिद्ध है, उस प्रकार व्याख्या पिष्टपेषण मात्र ही है। कारण उसका प्रकाश असमोर्द्ध्व पद से ही हुआ है।

उन सबके वाक्य का अनुमोदन श्रीशुकदेव प्रभृतियों ने किया है। उस विषय में सन्दिहान होना समीचीन नहीं है।

निरन्तर रूप पान करने की जो वार्त्ता है, उसमे रूप का अक्षयत्व एवं उक्त रूप सुधापान से व्रजसुन्दरीगणों की अतृप्ति सूचित हुई है। अनन्त भगवदवतार सुप्रसिद्ध होने पर भी श्रीकृष्ण के ही रूपलावण्य अत्यधिक रूप से वर्णित क्यों हुये हैं? कहते हैं—असमोर्द्ध्व है, अर्थात् अनन्त भगवत्स्वरूप के कोई भी स्वरूप श्रीकृष्ण के समकक्ष होने में सक्षम नहीं हैं। यदि अन्यत्र उस प्रकार रूप की सम्भावना ही नहीं है तो उस रूप की प्राप्ति श्रीकृष्ण में कैसे हो सकती है? उत्तर,—यह उनका स्वाभाविक है, सुतरां वह रूप नित्य है। सुतरां जिस रूप की उत्पत्ति नहीं है, उसका विनाश भी नहीं है।

मथुरापुरस्त्रियों की पारस्परिक उक्ति है॥ ०१॥

श्रीकृष्ण का नराकृतित्व स्थापन के अनन्तर विभुत्व का प्रतिपादन करते हैं। भा० १०।९।१३ में वर्णित है—"न चान्तर्न वहिर्यस्य न पूर्वं नापि चापरम्। पूर्वापरं वहिश्चान्तर्जगतो यो जगच्च यः॥"

जिनका भीतर नहीं है, बाहर नहीं है, पूर्व नहीं है, पर नहीं हैं। जो जगत् के पूर्वपर, अन्तर-बाहर, तथा स्वयं ही जगत्स्वरूप हैं। कौतूहल की वशवर्त्ती होकर दधिभाण्ड भेदन एवं नवनीतापहरण रूप चपलता को देखकर 'पुनर्बार चापल्य न करे' इस प्रकार विचार कर निज तनय को यशोदा ने बंधी थी। उस लीला को देखकर विस्मित चित्त से श्रीशुकदेव ने कहा—'अहो! यशोदा का ममत्व का कैसा अनिर्वचनीय प्रभाव है। जो सर्वव्यापक, सर्वकारण, सर्वस्वरूप वस्तु को बन्धन करने में प्रवृत्त है! सर्वव्यापकता हेतु उनका बाहर नहीं है। रज्जु, उनकी जगच्छक्ति की अंशांशभूत है, उससे उनका बन्धन असम्भव है।

वस्त्वतितिरस्कृतत्वम् (भा० १०।६०।४५) "त्वक्श्मश्रुकेशनखरोमपिनद्धम्" इत्यादौ स्पष्टम्।
स्वप्रकाशलक्षणत्वम् (भा० १०।१४।२)—

(१०२) "अस्यापि देववपुषो मदनुग्रहस्य, स्वेच्छामयस्य न तु भूतमयस्य कोऽपि।
नेशे महि त्ववसितुं मनसान्तरेण, साक्षात्तवैव किमुतात्मसुखानुभूतेः॥"२२७॥

वृहद्क्रमसन्दर्भः। "अथ कौतुकेन दधिभाण्डभेद-नवनीतापहारचापलजातकोपा व्रजेश्वरी पुनरेवं चापल्यं मा करोत्विति स्वतनयं विनिनीर्षुर्दाम्ना बबन्धेति तस्य लीलान्तरं दर्शयति—न चान्त नं बहिरित्यादि। यस्य न चान्तः प्राकृतवद् धातुसम्बन्धः, न वहिरित्यन्तर्वहिरेकस्वरूपत्वम्। अथवा, अन्तरङ्गावहिरङ्गा न यस्य सर्वसमम्, न पूर्वं, न प्राक्, न चापरं न पश्चात्, (भा० २।९।३२, ६।४।४७) 'अहमेवासमेवाग्रे' इति स्वोक्तेः। अथच यो जगतः पूर्वापरश्च वहिश्च। अनादित्वात् पूर्वः, अनन्तत्वादपरः, पर इत्यर्थः। अपावृतत्वाद् वहिर्जगतो यो जगच्च, जगदाधारत्वात्। एवम्भूतं तं श्रीकृष्णं विग्रहं कथं बध्नात्विति पूर्वोक्तमतद् वीर्य्यकोविदत्वं व्रजेश्वर्य्या वात्सल्येनैव कृतम्, नत्वज्ञानेन।"

पृथिवी-जल-अग्नि-वायु-आकाश पञ्चभूत हैं, उससे उत्पन्न शरीर एवं शरीरस्थ त्वक्, श्मश्रु प्रभृति मन, बुद्धि एवं अहङ्कार है। श्रीकृष्ण विग्रह प्राकृत वस्तु से अतिरिक्त है। श्रीकृष्ण विग्रह में प्राकृत वस्तु का समावेश नहीं है, उसका कथन श्रीरुक्मिणीदेवी के वाक्य से हुआ है।

"त्वक्श्मश्रुरोमनखकेशपिनद्धमन्तर्मांसास्थिरक्तकृमिविट्कफपित्तवातम्।
जीवच्छवं भजति कान्तमतिर्विमूढ़ा या ते पदाब्जमकरन्दमजिघ्रती स्त्री॥" (भा० १०।६०।४५)

वृहत्क्रमसन्दर्भः। व्यतिरेकमाह—त्वक्श्मश्रुरोमेत्यादि। त्वद्विग्रहस्य सान्द्रानन्दमयत्वात् अतस्त्वत्पदाब्जमजिघ्रती जीवच्छवं जीवन्मृतं भजति। या तु जिघ्रति, सा तु जीवच्छवान् त्वदितरान् पतीन् न कामयते।

जो स्त्री आपके पादपद्म का आघ्राण ग्रहण करने असमर्थ है, उस मूढ़मति स्त्री, त्वक्, श्मश्रु, रोम, नख एवं केश द्वारा आच्छादित एवं भीतर में मांस, अस्ति, रक्त, कृमि, विष्ठा, वात, पित्त, कफ पूरित जीवितशव देह का भजन कान्त बोध से करती है।" इस वाक्य में प्राकृत पुरुष देह एवं श्रीकृष्ण विग्रह में मूलतः जो पार्थक्य है, उसका वर्णन है। श्रीकृष्ण विग्रह में त्वक्, श्मश्रु, प्रभृति प्राकृत वस्तु का समावेश नहीं है। उनके निखिल अवयव स्वरूपभूत ज्ञानानन्दघन है।

श्रीकृष्ण के नराकृति वपु ही स्वप्रकाश स्वरूप है, उसका वर्णन भा० १०।१४।२ में है,—

"अस्यापि देववपुषो मदनुग्रहस्य स्वेच्छामयस्य न तु भूतमयस्य कोऽपि।
नेशेमहित्ववसितुं मनसान्तरेण, साक्षात्तवैव किमुतात्मसुखानुभूतेः॥"

टीका—ननु नौमि प्रतिज्ञाय किं स्वरूपानुवादमात्रं क्रियते अत आह—अस्यापीति। भो देव! अस्यापि सुलभत्वेन प्रकाशितस्यापि तव वपुषोऽवतारस्य महि—महिमानम्, अवसितुं—ज्ञातुं, कोऽपि—को—ब्रह्मा, अहमपि नेशे—न शक्नोमि। यद्वा, कश्चिदपि नेशे—न समर्थ आसीत्, सुलभत्वाय विशेषणद्वयम्। मदनुग्रहस्य मम अनुग्रहो यस्मात्—तत् मदनुग्रहं, तस्य, किञ्च, स्वेच्छामयस्य, स्वीयानां—भक्तानां यथा यथा इच्छा तथा तथा भवतः। तर्हि किमिति ज्ञातुं न शक्यते, अत आह—नतु भूतमयस्य, अचिन्त्यशुद्धसत्त्वात्मकस्य यदा अस्यैव, तदा कथं पुनः साक्षात् तव, केवलस्य आत्मसुखानुभूतेरेव—स्वसुखानुभवमात्रस्यावतारिणां गुणातीतस्य महिमानम्, आन्तरेण—निरुद्धेनापि मनसा को ज्ञातुं समर्थो भवेत्। अथवा भूतमयस्य—अपितु विराड्रूपस्य तव, तन्नियम्यस्य वपुषो महिमानमेवावसितुं कोऽपि नेशे, तदा साक्षात् तवैवासाधारणस्य नियम्यनियन्तृभेदरहितस्योक्तलक्षणस्य अस्य महिमानमवसितुं

अस्य (भा० १०।१४।१) "नौमीड्य ते" इत्यादिना वर्णितलक्षणस्य श्रीमन्नराकारस्य तव

कोऽपि नेश इति किमु वक्तव्यमित्यर्थः।

"नौमीड्य तेऽभ्रवपुषे तडिदम्बराय गुञ्जावतंसपरिपिच्छलसन्मुखाय।
वन्यस्रजेकवलवेत्रविषाणवेणु लक्ष्मश्रिये मृदुपदे पशुपाङ्गजाय।।" भा० १०।१४।१ में भीत होकर स्तव आरम्भ कर क्या स्वरूप का अनुवाद ही कर रहे हो? उत्तर में ब्रह्मा ने कहा—हे ईड्य! स्तवनीय आपको प्रसन्न करने के निमित्त आपका स्तव कर रहा हूँ। आप नवनीरद के सदृश हैं, वसन भी आपका विद्युत् सदृश पीतिम्नारञ्जित है। कर्ण में गुञ्जा का कर्णभूषण है। मयूरपिञ्छ की चूड़ा के द्वारा मुखमण्डल अतिशय सुशोभित है। वनमाला, कवल 'दध्योदन ग्रास' वेत्र, शृङ्ग, वेणु इत्यादि चिह्न द्वारा आपकी अतीव शोभा वर्द्धित हो रही है। आपके चरणयुगल अतिशय मृदुल हैं, आप गोपराज श्रीनन्द के आत्मज—पुत्र हैं।

वैष्णवतोषणी। अस्यापीति—तैर्व्याख्यातम्, तत्र नन्वित्याद्यन्ते उत्कर्षवर्द्धनमेव हि स्तुतिर्नामेति हेतुरध्याहार्य्यः। तव वपुष इति चतुर्थचरणादत्रापि तवेति योजनया साधितम्, तवयद्वपुषः कश्चिदप्यवतारस्तस्येत्यर्थः। कीदृशस्यापि तस्य? तत्राह—अस्यापीति। जगति सुलभत्वेन प्रकाशितत्वात् तत्रेदन्तानिर्देशं प्राप्तस्येत्यर्थः। मदनुग्रहस्येति—मदीय सृष्टिपालकत्वादिति भावः। तदेतन्मते तु ननु भूतमयस्येति तवर्गपञ्चमद्वयादिभागमय एव पाठः। नतु पञ्चमप्रथमादिभागमयः।

नतु वा तत् प्रथमपञ्चमादिभागमयः। उत्तरव्याख्यायां तयोर्नतु तन्वोरस्पर्शात्, तस्मात् प्रथमव्याख्यायां 'नतु' इति व्याख्यातं, तत् खलु नुकारस्यैव तुकारार्थतया स्वीकाराज्ज्ञेयम्। "नेशे महित्वमवसितुम्" इत्यस्मान्नञा योजनया वा, अत्र नुस्तु वितर्कार्थो ज्ञेयः। द्वितीयार्थे ननु निश्चयार्थो ज्ञेयः, नन्विति तवर्गपञ्चमान्तपाठस्तु टीकायां मूले च प्रायः सर्वत्र दृश्यते। तस्मादथवेत्यस्य पाठान्तर इत्येवार्थो ज्ञेयः। साक्षात्तवेति—स्वयं भगवतस्तवेत्यर्थः। केवलस्येत्येवकारव्याख्या तत्तदवतारानतीत्यविराजमानस्येत्यर्थः। गुणातीतस्येति—तत्र च पुरुषत्रिदेवीवत्, नतु त्रैगुण्य-तत्तद्गुणपरिच्छिन्नाधिकारस्येत्यर्थः। स्वसुखानुभूतिमात्रस्यापि तत्तदवतारित्वं महिमवत्त्वञ्च, 'एतस्यैवानन्दस्य अन्यानि भूतानि मात्रामुपजीवन्ति' (श्रीवृ० आ० ४।३।३२) इति, 'को ह्येवान्यात् कः प्राण्याद् यदेष आकाश आनन्दो न स्यात्' (तै० ७।१) इति। 'परास्यशक्तिर्विविधैव श्रुयते, स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च' (श्वे० ६।८) इति श्रुतिप्रामाण्येन अवगम्यते, न च निर्विशेषतया तदाविर्भावविशेषस्य ब्रह्मण एव दुर्ज्ञेयताधिक्यम्, अत्र प्रतिपाद्यते। 'तथापि भूमन् महिमागुणस्य ते' (भा० १०।१४।६) इत्याद्युत्तरवाक्यद्वये सविशेषस्यैव तदाधिक्य व्याख्यास्यते।

अथवेति—अथ विराड्रूपस्यापि दुर्ज्ञेयत्वोल्लेखः, स्वयं तु भगवति तस्मिन् परमकैमुत्यं प्रतिपादयति स्म। अस्मिन्नेव पक्षे तनु भूतमयस्येति चित्सुखपाठः सङ्गच्छते। तनुभिः सूक्ष्मैः आब्रह्मस्तम्बपर्य्यन्तैर्व्याप्तत्वादिति हि तद्व्याख्या। पूर्वस्मिन् पक्षे तु तनु सूक्ष्ममचिन्त्यं यद्भूतं शुद्धसत्त्वात्मकं भगवत्तत्त्वं, तत् स्वरूपस्येत्यर्थः। 'अस्य महतो भूतस्य' (वृ० आ० ४।५।११) इति श्रुते, 'लोकनाथो महद्भूतम्' इति सहस्रनामस्तोत्राच्च। नियन्तृनियम्यभेदरहितस्येति—विराड्रूपस्य त्वन्नियम्यस्येत्युक्तत्वान्न तस्य कश्चिन्नियन्ता, न च स कश्चिन्नियम्य इति विवक्षया।

उक्तलक्षणस्येति, अभ्रवपुरित्यादिविशेषणैर्दर्शितस्येत्यर्थः। अथ स्वव्याख्या—ननु ममैतादृशं स्वरूपमनूद्य किं स्तौषीत्याशङ्क्या ससम्भ्रमं तत्र निजासामर्थ्यमाह—अस्यापीति, अस्य जगतो यद्देववपुराधिदैविकरूपं नारायणाख्यं तव वपुरधुना दर्शितेषु चतुर्भुजरूपेष्वेकमपि वपुस्तस्यापीति योज्यम्।

'नारायणोऽङ्गं नरभूजलायनात् (भा० १०।१४।१४) इति हि वक्ष्यते वपुषो विशेषणानि

सम्प्रति बालकवत्साद्यंशैर्दर्शितेषु तेष्वेकमपि देवरूपं चतुर्भुजाकारं यद्वपुस्तस्यापि; अस्तु तावत् समस्तानामित्यर्थः। एवञ्च सति साक्षादेतद्रूपस्यांशिनस्तव, किमुत देववपुषो विशेषणं मदनुग्रहस्येत्यादि। ममानुग्रहो यस्मात्तस्य बालवत्स-यष्टिवेण्वाद्यंशतस्तादृशरूपप्रकटनदर्शनेनैव भवन्महिमज्ञानात्। कथम्भूतस्य तव? आत्मसुखानुभूतेः; आत्मना स्वेनैव, न त्वन्येन सुखस्यानुभूतिरनुभवो यस्य तस्यानन्यवेद्यानन्दस्येत्यर्थः॥ ब्रह्मा श्रीभगवन्तम्॥

१०३। कैमुत्येन स्वयंरूपत्वनिर्देशश्च (भा० १०।१२।३९)—

"सकृद्यदङ्गप्रतिमान्तराहिता, मनोमयीं भागवतीं ददौ गतिम्।
स एव नित्यात्मसुखानुभूत्यभि,-व्युदस्तमायः परमोऽङ्ग किं पुनः॥"२२८॥

मदनुग्रहस्येत्यादीनि। साक्षात्तवैवेति पूर्ववत्। आत्मना स्वयमेव कर्त्ता सुखानुभूतिर्यस्य, अनन्यावेद्यानन्दस्येत्यर्थः। यद्वा, अस्य तव यद्देववपुरधुना दर्शितेषु चतुर्भुजरूपेषु एकमपि वपुस्तस्यापीति योज्यम्। अत्र मदनुग्रहस्येति—तद्दर्शनादेव हि तन्महिमा ज्ञात इति भावः।

सन्दर्भ। मेरे प्रति अनुग्रह प्रकटन हेतु जिस देववपु का प्रकाश आपने किया है, वह पाञ्चभौतिक नहीं है। किन्तु विशुद्ध सत्त्वात्मक है। वह रूप स्वेच्छामय है, अर्थात् स्व-स्वीय भक्तवृन्द की इच्छा के अनुसार प्रकट होते हैं। मैं ब्रह्मा होकर भी जब आपके अंश रूप में प्रकटित नारायण रूप को नहीं जान सकता हूँ, तब केवल आत्मसुखानुभूति स्वरूप सर्वमूलावतारी व्रजेन्द्रनन्दन रूप की महिमा को संयत मन के द्वारा भी कोई कदापि जानने में सक्षम होंगे? उसकी सम्भावना नहीं की जा सकती है।

अस्यापि—भा० १०।१४।१ में नौमीड्यते श्लोक के द्वारा जिनकी वर्णना हुई है। उन श्रीमन् नराकार स्वरूप के द्वारा प्रकटित, वत्स बालक प्रभृति अंशवृन्द के द्वारा जिन नारायण रूप का प्रदर्शन हुआ है, उन सबके मध्य में एक चतुर्भुजाकार मूर्त्ति की महिमा को जानने में कोई समर्थ नहीं हैं। तब उन सबके अंशी आप हैं, आपकी महिमा कौन जान सकते हैं? कैमुत्यन्याय की सङ्गति प्रदर्शन के निमित्त व्याख्या कर रहे हैं—'मदनुग्रहश्च' मेरा अनुग्राहक, यह पद 'वपुषः' पद का विशेषण है। अर्थात् जिस रूप से मेरे प्रति अनुग्रह प्रकटित हुआ है। अर्थात् पशुपाङ्गज रूप, जिस रूप का दर्शन कर आपकी महिमा को मैं जान गया हूँ, उस वपु का अर्थात् बालक, वत्स, यष्टि, वेणु प्रभृति का प्रकटन आपने निजांश से ही किया है। उसको देखकर ही आपकी महिमा का अनुभव हुआ है। आप किस प्रकार हैं? आत्मसुखानुभूति स्वरूप हैं। अर्थात् आप से ही जिसकी सुखानुभूति होती है। एवं जिसका आनन्दानुभव आपको छोड़कर अपर कोई कर नहीं सकते हैं। इस प्रकार परमानन्दमय आप हैं। स्वप्रकाश स्वयं ही जानते हैं, अपर कोई नहीं जानते हैं। निज सामर्थ्य से ही स्वप्रकाश प्रकाशित होता है। आप अनन्य वेद्य परमानन्दस्वरूप हैं। ब्रह्मा श्रीभगवान् को कहे थे॥१०२॥

कैमुत्य न्याय के द्वारा श्रीकृष्ण का स्वयंरूपत्व का प्रतिपादन करते हैं। युक्तिमूलक दृष्टान्त को न्याय कहते हैं। कैमुत्यन्यायः—'यद्भारवहनं दुर्बलस्यापि साध्यं तद्भारवहनं सुतरां सबलस्य साध्यम्' जिसको वहन करने में दुर्बल व्यक्ति समर्थ है, उसको वहन करने में सबल व्यक्ति समर्थ होगा, इसमें अधिक कहना क्या है?

भा० १०।१२।३९ में उक्त है—"सकृद्यदङ्गप्रतिमान्तराहितामनोमयीं भागवतीं ददौ गतिम्।
स एव नित्यात्मसुखानुभूत्यभिव्युदस्तमायः परमोऽङ्ग किं पुनः॥"

टीका—यस्याङ्गं मूर्त्तिस्तस्य प्रतिमा, प्रतिकृतिः, तत्रापि केवलं मनोमयी, सापि बलादन्तराहिता

स्पष्टम् ।। श्रीशुकः ।।

१०४। अतएव साक्षात् परब्रह्मत्वमेव दर्शितम्; (भा० १०।१४।१८) "अद्यैव त्वदृतेऽस्य"

सती भागवतीं गतिं ददौ प्रह्लाद विभ्यः। स एव साक्षात् स्वयमन्तर्गतः किं पुनः ? नित्या चासौ आत्मसुखानुभूतिश्च तया अभितो व्युदस्ता माया येन सः।

वैष्णवतोषणी। मनोमयीति—मनसा सहजास्थैर्य्येण सदा सर्वसौन्दर्य्यादि अस्फूर्त्या शैलादि-प्रतिमाभ्यो न्यूनताभिप्रेता। अन्यत्तैः। अत्र प्रह्लादादिभ्य इवेति बोद्धव्यम्। तेषु स्वत एव स्फूर्त्तिः। ननु बलादिति नित्यात्मेति तैर्व्याख्यातम्। यद्वा, नित्यमात्मनां सर्वजीवानां सुखानुभूतिर्यस्मात्, यतोऽभितो विशेषेणोदस्तमायः, तथा च वक्ष्यति श्रीब्रह्मा—'अत्रैव मायाधमनावतारे' (भा० १०।१४।१६) इति स चासौ सच, यतः परमः सर्वतः श्रेष्ठः, निजाशेष भगवत्ता प्रकटनात्, यद्‌यस्याङ्गेति सन्याय हर्ष सम्बोधने।"

हे परमप्रिय परीक्षित्! जिनकी केवल मनोमयी मूर्त्ति (प्रतिकृति) बलपूर्वक एकबार मात्र अन्तर में आहित होने से प्रह्लादादि भक्तवृन्द को भागवती गति प्रदान करती है, उन परमेश्वर श्रीकृष्ण, स्वयं अघासुर के अभ्यन्तर में प्रविष्ट होकर उसको भागवती गति प्रदान करेंगे, उनमें आश्चर्य क्या है? श्रीकृष्ण, नित्य आत्मसुखानुभूति के द्वारा समस्त माया को विदूरित किये हैं।

श्रीकृष्ण प्रभृति भगवत् स्वरूप में जीवदेहवत् देहदेही भेद नहीं है। सुतरां श्रीकृष्ण रूप, सर्व प्रकार से मायातीत है। उक्त रूप के प्रभाव से अपर का भी संसारबन्धन विनष्ट होता है। सुतरां उक्त नराकृति श्रीकृष्णरूप स्वयं सिद्ध है, यह सृष्ट नहीं है। एवं किसी का रूपान्तरित भी नहीं है।

कंसपक्षीय अघासुर बृहत् अजगर रूप धारण कर गोष्ठ में अवस्थित था। श्रीकृष्ण के सखावृन्द कौतूहलाक्रान्त होकर तदीय मुखविवर में प्रविष्ट हो गये थे। तत्पश्चात् श्रीकृष्ण, उक्त मुखविवर में प्रविष्ट होने से श्वास रुद्ध होकर अघासुर पञ्चत्व प्राप्त हुआ था। अघासुर की आत्मज्योति श्रीकृष्ण चरण में लीन हुई थी। इस प्रकार सद्‌गति के प्रति हेतु—मनोमध्य में प्रतिकृति निविष्ट होने से भागवती गति मिलती है। यहाँ साक्षात् श्रीकृष्ण अघासुर के देहाभ्यन्तर में प्रविष्ट हुये थे, इससे भागवती गति लाभ होना, आश्चर्य नहीं है। श्रीकृष्ण रूप को उस सामर्थ्य कैसे है? उत्तर—आप स्वरूपसुखानुभूति के द्वारा माया को विदूरित किये हैं। सुतरां श्रीकृष्णाविर्भाव स्थल में माया का स्पर्श नहीं रहता है। उनका विग्रह—माया प्रकटित नहीं है, वह साक्षात् स्वरूप है। इसमें सन्देह नहीं है। कैमुत्यन्याय का यह ही तात्पर्य्य है। प्रवक्ता श्रीशुक हैं ।।१०३।।

अतएव स्वप्रकाशता लक्षण सम्पन्न हेतु साक्षात् परब्रह्मत्व नराकृति सच्चिदानन्दविग्रह श्रीकृष्ण का ही है। भा० १०।१४।१८ में वर्णित है—

"अद्यैव त्वदृतेऽस्य किं मम न ते मायात्वमादर्शितमेकोऽसि प्रथमं ततो व्रजसुहृद्वत्साः समस्ता अपि।
तावन्तोऽपि चतुर्भुजास्तदखिलैः साकं मयोपासिता स्तावन्त्येव जगन्त्यभूस्तदमितं ब्रह्माद्वयं शिष्यते ॥"

श्रीकृष्ण को ब्रह्मा ने कहा—आपने स्वयं को छोड़कर समस्त विश्व को मायामयत्व क्या नहीं दर्शाते हैं? यहाँ 'त्वदृते' आप भिन्न, शब्द से स्वयं श्रीकृष्ण, एवं उनके वयस्य, वत्स एवं चतुर्भुजादि रूप समूह को जानना होगा। यह सब छोड़कर चतुर्विंशति तत्त्वसमूह एवं जगत् समूह मायिक हैं। जहाँ पर ब्रह्मा ने श्रीकृष्णलीला देखा था, वह श्रीवृन्दावन भी मायातीत है।

वस्तुत उसका दर्शन ही करवाया है। प्रथम—एकमात्र आप थे, अनन्तर समस्त व्रज सुहृद् 'वयस्य' एवं वत्ससमूह रूप में प्रकटित हो गये। पश्चात् सब ही चतुर्भुज होकर अखिल तत्त्वों के सहित

इत्यादौ, (भा० १०।१४।३२) "अहो भाग्यमहो भाग्यम्" इत्यादौ च। अतएवोक्तम् (भा० ७।१५।७५)—"गूढ़ं परं ब्रह्म मनुष्यलिङ्गम्" इति; वैष्णवे च (वि० पु० ४।११।२)—

हम सबके द्वारा उपासित हो गये, एवं प्रत्येक का पृथक् पृथक् ब्रह्माण्ड दृष्ट हुआ। सम्प्रति आप अपरिमित अद्वय ब्रह्म ही अवशिष्ट हैं।

यहाँ उन नराकृति पशुपाङ्गज श्रीकृष्ण को अद्वय ब्रह्म कहा गया है। अद्वय ब्रह्म स्वप्रकाश हैं, कारण उनका प्रकाशक द्वितीय वस्तु नहीं है, अथच आप प्रकाशशील हैं। सुतरां आप स्वयं ही प्रकाशित हैं। ब्रह्माने तो नराकृति श्रीनन्दात्मज को ही अद्वय ब्रह्म कहा है। निर्विशेष ब्रह्म को नहीं कहा है।

टीका—अपि च न केवलं जनन्या ममापि तथैव दर्शितमित्याह—अद्यैवेति। त्वदृते त्वां विना अस्य विश्वस्य मायात्वं त्वया ममैव च तदप्यद्यैव किं न दर्शितं किन्तु दर्शितमेव। तथाहि—एकोऽसीत्यादि। तत्तो मया सह अखिलैस्तत्त्वादिभिरुपासितास्तावन्तश्चतुर्भुजा असि। जगन्ति ब्रह्माण्डानीति प्रागनुक्तमपि दृष्टमिति ज्ञातव्यम्।

बृ० वैष्णवतोषणी। ननु सर्वं तत्तन्मायिकं चेदत्र च वर्त्तमानस्य ममापि मायिकत्वैव प्रसज्येत, न प्रपञ्चान्तर्गतत्वेऽपि तव तावकानाञ्च सत्यता त्वधुना साक्षान्मयैवानुभूतेति पुनर्मायिकपक्षमेवानुसृत्य साहङ्कारमाह—अद्यैवेति। यदस्य प्रपञ्चस्य मायात्वम्, तच्च त्वत्त्व: स्वप्नमनोरथादौ मायामये प्रपञ्चे वर्त्तमानादपि तथा विचित्रबहुरूपतया दृश्यमानादपि विनैवेत्यद्यैव किं ते त्वया मम नादर्शितम्, न सम्यग् दर्शितम्? अपितु दर्शिमेवेत्यर्थः। कथम्? तत्राह—एकोऽसीत्यादिना। सुहृदः सखायो बालाः। न च तत्तन्मायिकमित्याह—तत्तद्द्वयदभूस्त्वं तत् सर्वममितं बालकवत्सादिभेदेन परिच्छिन्नत्वेऽप्यपरिच्छिन्नमेव। अद्वयं, तत्तन्नानाविधत्वेऽप्येकमेवातो ब्रह्मैव शिष्यते। स्वयं पर्य्यवस्यति (भा० १०।१३।५४)—

"सत्यज्ञानानन्तानन्दमात्रैकरसमूर्त्तयः। अस्पष्टभूरिमाहात्म्या अपि ह्युपनिषद्दृशाम्॥" इत्यादि स्वरूपतया दर्शनात्।

उक्त स्तव में ही ब्रह्मा ने नराकृति श्रीकृष्ण को ही पूर्ण ब्रह्म कहा है। भा० १०।१४।३२—

"अहो भाग्यमहोभाग्यं नन्दगोपव्रजौकसां यन्मित्रं परमानन्दं पूर्णं ब्रह्मसनातनम्।"

"अहो! नन्दगोप के जनवृन्द का कैसा अनिर्वचनीय सौभाग्य है! परमानन्द पूर्णब्रह्म ही जिनका सनातन मित्र हैं।"

बृ० वैष्णवतोषणी—न केवलं स्तन्यदायिन्यस्ता एव धन्याः, किन्तु श्रीनन्दादयः सर्वेऽपि व्रजवासिनोऽतिधन्या इत्याह—अहो इति वीप्सा परमहर्षेण, भाग्यातिशयाभिप्रायेण वा। नन्दगोपस्य व्रज ओको निवासो येषाम्, यद्वा, नन्दश्च गोपाश्चान्ये च व्रजौकसः पशुपक्ष्यादयः सर्वे तेषाम्, किं वक्तव्यं नन्दस्य भाग्यम्, अहो गोपानामपि सर्वेषां परमभाग्यमित्येवमत्र कैमुत्यिकन्यायोऽवतार्य्यो, येषां मित्रं बन्धुस्त्वम्। तत्र च परम आनन्दो यस्मादिति कदाचित् शोकदुःखादिकं सुखाल्पत्वञ्च निरस्तम्, पूर्वमिति प्रत्युपकारापेक्षकत्वादिकम्, सनातनं नित्यमिति कदाचिदप्यप्राप्यत्वम्। यद्वा, पूर्णं ब्रह्मत्वं येषां मित्रं सनातनं, नित्यमित्रतयैव नित्यं वर्त्तमानमित्यर्थः। न केवलमापत्त्राणादिकरम्, किन्तु परमानन्दप्रदं चेत्याह—परमानन्दं—परमानन्दस्वरूपम्। यद्वा, आनन्दयतीत्यानन्दं परं केवलम्, मित्रम्, न त्वीश्वरादिरूपम्, प्रेमविशेषहान्यापत्तेः, यद्वा, पूर्णं ब्रह्मापि त्वम्, ये नन्दगोपव्रजौकस एव मित्राणि यस्य, तथाभूतमसि, नपुंसकत्वं ब्रह्मविशेषणत्वात्, श्रीभगवत्प्रियतमानामपि श्रीराधादीनां माहात्म्यम्, तदानीं बाल्ये तद्रसाप्रवृत्तेः, किंवा पुत्रत्वादिना लज्जातः परमगोप्यत्वाद्वा व्यक्तं न वर्णितम्।

तज्जन्य ही देवर्षि श्रीनारदने श्रीयुधिष्ठिर को कहा था—

"यदोर्वंशं नरः श्रुत्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते । यत्रावतीर्णं कृष्णाख्यं परं ब्रह्म नराकृति ॥"२२९॥ इति ; "नराकृति परं ब्रह्म" इति वृहत्सहस्रनामस्तोत्रे च । एतेन श्रीकृष्णस्य नराकृतित्वमेवेति । द्विभुजत्व एव श्रीकृष्णत्वं नराकृतिकैवल्यात् मुख्यम् । चतुर्भुजत्वे तु श्रीकृष्णत्वं नराकृति-भूयिष्ठत्वात्तदनन्तरमेव। अतएव चतुर्भुजत्वेऽपि मनुष्यरूपत्वं वर्णितं श्रीमदर्जुनेन (गी० ११।४६) "तेनैव रूपेण चतुर्भुजेन, सहस्रबाहो भव विश्वमूर्त्ते" इत्युक्त्वा (गी० ११।५१) "दृष्ट्वेदं मानुषं रूपं तव सौम्यं जनार्दन" इत्युक्तत्वात् । एवंजातीयकानि बहूनि वाक्यानि सन्ति, तानि च द्रष्टव्यानि । अतएव सा नराकारमूर्त्तिरेव परमकारणं वस्तुतत्त्वमित्याह (भा० १०।४६।३३)—

(१०४) "नारायणे कारणमर्त्त्यमूर्त्तौ" इति ।

"यूयं नृलोके वत भूरिभागा लोकं पुनाना मुनयोऽभियन्ति ।
येषां गृहानावसतीति साक्षाद् गूढ़ं परं ब्रह्म मनुष्यलिङ्गम् ॥"

मनुष्य लोक में आप सब ही अत्यन्त भाग्यवान् हैं । कारण—भुवनपावनकारि मुनिवृन्द आपके घर में आगमन करते रहते हैं, एवं मनुष्यरूपी साक्षात् परम ब्रह्म गूढ़ रूप में आपके गृह में अवस्थित हैं । इसमें श्रीकृष्ण को साक्षात् परमब्रह्म कहा गया है । (भा० ७।१५।७५)

टीका—त्वन्तु कृतार्थ एव इति हर्षेण पुनः पूर्वश्लोकानेव पठति । यूयमिति । अहो प्रह्लादस्य भाग्यं येन देवो दृष्टः, वयन्तु मन्दभाग्या इति विषीदन्तं तं प्रत्याह—यूयमिति त्रिभिः । येषां युष्माकं गृहान् मुनयोऽभियन्ति सर्वतः समायान्ति । तत् कस्य होतोः, येषु गृहेषु नराकारं गूढ़ं सत् श्रीकृष्णाख्यं परं ब्रह्म साक्षात् वसतीति ।

क्रमसन्दर्भः—मनुष्यलिङ्गमिति, तदाकारे तदाविर्भावस्यापि न तादृशत्वमिति व्यञ्जितम् ।

विष्णुपुराण में वर्णित है—श्रीकृष्णाख्य नराकृति परम ब्रह्म जहाँ अवतीर्ण हुये हैं, मनुष्य उन यदुवंश की वार्त्ता श्रवण कर पापों से मुक्त होता है ।

वृहत् सहस्रनामस्तोत्र में "नराकृति परं ब्रह्म" उक्त है । इन सब प्रमाणों से निर्णीत हुआ कि—श्रीकृष्ण ही नराकृति परम ब्रह्म हैं । श्रीकृष्ण का वर्णन चतुर्भुज एवं द्विभुज रूप में होने पर भी नराकृति का समावेश द्विभुज में ही है । अतएव द्विभुज रूप का ही मुख्यत्व है, एवं उक्त द्विभुज श्रीकृष्ण ही स्वयं भगवान् सर्वावतारी हैं । कारण केवल नराकृति का समावेश उनमें ही दृष्ट होता है । चतुर्भुज रूप में अधिक केवल भुजद्वय ही है, अपर समस्त ही मनुष्याकृति हैं । चतुर्भुज अवस्था में भी कृष्णत्व है, किन्तु गौण है, मुख्य नहीं है । चतुर्भुज रूप का प्रकाश अधिकतर रूप में होने के कारण श्रीअर्जुन ने कहा भी था—"हे सहस्रबाहो, हे विश्वमूर्त्ते ! चतुर्भुज रूप का प्रकाश पुनर्बार करो । इस प्रकार कहकर गी० ११।५१ में कहा, हे जनार्दन ! मनुष्यरूप जो शान्त रूप है, उसे देखकर मैं प्रकृतिस्थ हुआ । अर्जुन की उक्ति से प्रमाणित होता है कि—चतुर्भुज रूप को भी मनुष्य रूप कहा जाता है । इस प्रकार अनेक वाक्य है, प्रयोजन होने से अनुसन्धान करना कर्त्तव्य है ।

अतएव नराकृति ही परम कारण वस्तु है । (भा० १०।४६।३३)—

"तस्मिन् भवन्तावखिलात्महेतौ नारायणे कारणमर्त्यमूर्त्तौ ।
भावं विधत्तो नितरां महात्मन् ! किम्वावशिष्टं युवयो सुकृताम् ॥"

टीका—अखिलस्यात्मा च हेतुश्च तस्मिन् कारणेन मनुष्याकृतौ महात्मन्—महात्मनि परिपूर्णे भवन्तौ भक्तिं कुरुतः, अतः कृतकृत्यावित्यर्थः ।

सर्वकारणं यत्तत्त्वं तदेव मर्त्याकारा मूर्त्तिर्यस्य; तदुक्तम्, (भा० १०।४३।१७)—"तत्त्वं परं योगिनाम्" इति; तथा च पाद्मनिर्माणखण्डे श्रीवेदव्यास-वाक्यम्—

वैष्णवतोषणी—तत्र हेतुर्नारायणे। ननु स चतुर्भुजः तत्राह—सर्वकारणं यत्तत्त्वं, तदेव मर्त्याकारा मूर्त्तिर्यस्य तस्मिन्नराकृतिपरब्रह्मणीत्यर्थः। भावमीदृशानुरागं नितरामित्यनेन श्रीवसुदेवदेवकीभ्यामपि तदुत्कर्षं बोधयति—हे महात्मन्! तादृशानुरागशीलत्वात् परमोत्कृष्टस्वभाव श्रीव्रजेश्वर। वा शब्दो भ्रूक्षेपे। तयोर्युवयोः किं कतरत् अवशिष्टं, किन्तु सर्वं परिपूर्णमेव। केवलं युष्मत् सन्तोषकं तस्यैव कृत्यमवशिष्यते इति स्व-शब्दार्थः। युवयोस्त्विति पाठ स एवार्थः।

क्रमसन्दर्भः। ननु नारायणश्चतुर्भुजः? तत्राह—सर्वकारणं यत्तत्त्वम्, तदेव मर्त्याकारामूर्त्तिर्यस्य स नराकृतिपरं ब्रह्मेत्यर्थः। भावमीदृशानुरागम्।

सर्वकारण, सर्वात्मा, कारणमर्त्यमूर्त्ति नारायण में आपकी परमा भक्ति है। अतएव आपका निज कर्त्तव्य कुछ भी अवशिष्ट नहीं है। सर्व कारण जो तत्त्व है, वह ही जिनकी मर्त्याकार (नराकार) मूर्त्ति है, वह कारण मर्त्यमूर्त्ति हैं। नराकृति श्रीकृष्ण मूर्त्ति ही परम तत्त्ववस्तु है, उसका वर्णन भा० १०।४३।१७ में है—

"मल्लानामशनिर्नृणां नरवरः स्त्रीणां स्मरो मूर्त्तिमान्
गोपानां स्वजनोऽसतां क्षितिभुजां शास्ता स्वपित्रोः शिशुः।
मृत्युर्भोजपतेर्विराड़विदुषां तत्त्वं परं योगिनां
वृष्णीनां परदेवतेति विदितोरङ्गं गतः साग्रजः॥"

श्रीशुकदेव ने परीक्षित् महाराज को कहा—भगवान् श्रीकृष्ण, अग्रज के सहित रङ्गस्थल में प्रविष्ट होने पर—मल्लवर्ग की दृष्टि में अति कठिन वज्र, नरवर्ग के समीप में नरवर, स्त्रीवर्ग के निमित्त मूर्त्तिमान् कन्दर्प, गोपगण के समक्ष में स्वजन, असत् नरपतिगण के पक्ष में शासनकर्त्ता, मातापिता के निकट शिशु, भोजपति कंस के पक्ष में साक्षात् मृत्यु, अविद्वज्जन के निकट विराट्स्वरूप, योगियों के निकट परमतत्त्व, एवं वृष्णिगण के निकट परम देवतारूप में प्रकाशित हुये थे।

श्रीकृष्ण के अखिलरसामृत स्वरूप का वर्णन उक्त श्लोक में है। शान्त, दास्य, सख्य, वात्सल्य, मधुर, हास्य, करुण, रौद्र, वीर, भयानक, अद्भुत एवं वीभत्स—द्वादश रस हैं। उक्त श्लोक में श्रीकृष्ण—योगिगण के निकट शान्त, वृष्णिगण के दास्य, गोपगण (सखावर्ग के निकट) सख्य, जनक-जननी के निकट वात्सल्य, पूजनीय महिला व्यतीत अन्यत्र मधुर, कुवलयापीड़बन्ध जनित रक्त मुक्ता मेद दन्तादि द्वारा शोभित होने से सखावर्ग के निकट हास्य, मल्लगण के दौरात्म्य भय से मातापिता के निकट करुण, मल्लगण के निकट रौद्र, असत् नृपतिवृन्द के पक्ष में शास्ता होने से वीर, लोकोत्तर विलास दर्शन हेतु नरगण के समक्ष में अद्भुत एवं अविद्वज्जन के निकट विराट् प्राकृत देहविशिष्ट प्रतीत होने से वीभत्स रस का विषय हुए थे।

टीका—तत्र शृङ्गारादिसर्वरसकदम्बमूर्त्तिर्भगवान् तत्तदभिप्रायानुसारेण बभौ न साकल्येन सर्वेषामित्याह—मल्लानामिति। मल्लादीनामज्ञानां द्रष्टॄणाम्, अशन्यादिरूपेण दशधा विदितः सन् साग्रजो रङ्गं गतः, इत्यन्वयः। मल्लादिषु अभिव्यक्तरसाः क्रमेण श्लोकेन निबध्यन्ते रौद्रोऽद्भुतश्च शृङ्गारो हास्यं वीरो दया तथा, भयानकश्च बीभत्सः, शान्तः सप्रेमभक्तिकः॥ अविदुषां विराट्—विकलः अपर्य्याप्तो राजत इति तथा। अनेन बीभत्सरस उक्तः, विकलत्वञ्च क्व वज्रसारसर्वाङ्गावित्यादिना वक्ष्यते।

"दृष्ट्वातिहृष्टो ह्यभवं सर्वभूषणभूषणम् । गोपालमबलासङ्गे मुदितं वेणुवादिनम् ॥२३०॥
ततो मामाह भगवान् वृन्दावनचरः स्मयन् । यदिदं मे त्वया दृष्टं रूपं दिव्यं सनातनम् ॥२३१॥
निष्कलं निष्क्रियं शान्तं सच्चिदानन्दविग्रहम् । पूर्णं पद्मपलाशाक्षं नातः परतरं मम ।
इदमेव वदन्त्येते वेदाः कारणकारणम् ॥"२३२॥ इत्यादि ॥

उद्धवः श्रीव्रजेश्वरम् ॥

१०५ । अतएव बहूंश्चतुर्भुजान् दृष्टवानपि नराकारस्यैव विशेषतः स्तुत्यर्थं प्रतिजानीते (भा० १०।१४।१)—

(१०५) "नौमीड्य तेऽभ्रवपुषे" इत्यादि ।

इदमेव तव परमं तत्त्वमित्यज्ञात्वा पूर्वमहं भ्रान्तवान्, अधुना तु (भा० १०।१४।१८) "अद्यैव त्वदृतेऽस्य" इत्यादि-दर्शिकया भवतः कृपया ज्ञातवानित्यत एव तदाकारमेव त्वां

पद्मपुराण के निर्माणखण्ड में उक्त है, श्रीव्यासदेव कहते हैं—वेणुवादन परायण, अबलावृन्द के सहित आनन्दित, भूषणों का भूषणस्वरूप गोपाल को देखकर मैं अतीव आनन्दित हुआ । उसके बाद—वृन्दावनविहारी भगवान् स्मितहास्ययुक्त वदन से मुझको कहे थे—"तुमने जिस रूप को देखा, वह रूप ही मेरा दिव्य सनातन रूप है । उक्त रूप—निष्कल, निष्क्रिय, शान्त, सच्चिदानन्द विग्रह, पद्मपलाश लोचन हैं । इसको छोड़कर अपर श्रेष्ठतर मेरा रूप नहीं है, यह ही कारणों का कारण है, वेदसमूह उस प्रकार ही कहते हैं । उद्धव श्रीव्रजेश्वर को कहे थे ॥१०४॥

अतएव श्रीब्रह्मा ने बहुधा चतुर्भुज रूप देखकर भी द्विभुज नराकार को ही परमश्रेष्ठ मानकर स्तव भी किया । (भा० १०।१४।१)

"नौमीड्य तेऽभ्रवपुषे तड़िदम्बराय गुञ्जावतंसपरिपिच्छलसन्मुखाय ।
वन्यस्रजेकवलवेत्रविषाणवेणु लक्ष्मश्रिये मृदुपदे पशुपाङ्गजाय ॥"

वत्स बालक अपहरण अपराध से भीत होकर ब्रह्मा, भगवन्महिमा को न जानकर यथादृष्ट रूप का स्तव करते हैं । प्रारम्भ में कहते हैं—हे ईड्य ! स्तवनीय ! आपको सन्तुष्ट करने के निमित्त आपका स्तव मैं कर रहा हूँ । आपका श्रीअङ्ग, नवीन नीरद के समान श्याम वर्ण, वसन—विद्युत् के समान पीत, गुञ्जानिर्मित कर्णभूषण, मयूरपिच्छ रचित चूड़ा के द्वारा आपका वदन मण्डल सुशोभित है । वनमाला, दध्योदन ग्रास, वेणु, शृङ्ग, इत्यादि चिह्न द्वारा आप अतिशय शोभित हैं । आपके चरणयुगल अतीव सुकोमल हैं, आप नन्दगोपात्मज हैं, आपको प्रणाम करता हूँ ।

द्विभुज नराकृति ही आप हैं, इसको मैं पहले नहीं जानता था, तज्जन्य मैं भ्रान्त रहा ; अधुना—

"अद्यैव त्वदृतेऽस्य किं मम न ते मायात्वमादर्शितमेकोऽसि प्रथमं ततो व्रजसुहृद्वत्साः समस्ता अपि ।
तावन्तोऽपि चतुर्भुजास्तदखिलैः साकं मयोपासिता स्तावन्त्येव जगन्त्यभूस्तदमितं ब्रह्माद्वयं शिष्यते ॥"

श्रीकृष्ण को ब्रह्मा ने कहा—आप, अर्थात् आप एवं आपके वयस्य, वत्स एवं चतुर्भुजादि रूपसमूह भिन्न समस्त विश्व को आपने मायामयत्व क्या नहीं दर्शाये हैं ? वास्तविक रूप से उसका ही प्रदर्शन किये हैं । प्रथम, आप एक थे, उसके बाद—समस्त व्रजसुहृद्, वत्ससमूह रूप में आप प्रकट हो गये । अनन्तर सब ही चतुर्भुज हो गये एवं अखिल तत्त्वों के सहित ब्रह्मा कर्त्तृक सेवित भी हुये । प्रत्येक के पृथक् पृथक् ब्रह्माण्ड का प्रदर्शन भी आपने किया । अब तो आप अपरिमित अद्वय ब्रह्म रूप में ही विराजित हो गये । पहले मैं यह नहीं जानता था कि—आपका स्वरूप एकमात्र द्विभुज नन्दनन्दन ही है ।

लब्धुं स्तौमीति तात्पर्य्यम् ॥ ब्रह्मा श्रीभगवन्तम् ॥

१०६। तदेवं साधूक्तं तत्तद्वचनमन्यार्थत्वेन दृश्यमिति। तथा हि पूर्वरीत्या चतुर्भुजत्व-द्विभुजत्वयोर्द्वयोरपि ध्यानधिष्ण्यत्वे सति यत् पूर्वस्य जनन्या निगूहनप्रार्थनं तत्तु तस्य प्रसिद्धतया सर्व एव ज्ञास्यतीति (भा० १०।३।२९) "जन्म ते मय्यसौ पापो मा विद्यान्मधुसूदन" इत्याद्युक्त-लक्षणया कंसभिया, (भा० १०।३।३१) "विश्वं यदेतत् स्वतनौ निशान्ते" इत्याद्युक्त-

आज मैं जान गया कि—आपका वास्तविक रूप ही नन्दात्मज है। मैं भ्रान्त था, 'अद्येव त्वदृतेऽस्य किं' इत्यादि श्लोक में आपकी कृपा का कीर्त्तन जो मैंने किया है, उससे मैं आपका कृपापात्र बन गया हूँ। आपकी कृपा से ही मेरा बोध हुआ है। अतः श्रीवृन्दावन में सुप्रकाशशील श्रीमन्नराकार रूप में आपको प्राप्त करने के निमित्त ही आपका स्तव कर रहा हूँ। यह ही भावार्थ है।

ब्रह्मा श्रीभगवान् को कहे थे ॥१०५॥

"नौमीड्य तेऽभ्रवपुषे" प्रभृति कथनों के द्वारा द्विभुज नराकृति परमब्रह्म ही श्रीकृष्ण का वास्तविक नित्य स्वरूप का प्रतिपादन उत्तम रूप से हुआ है, किन्तु उक्त नराकार द्विभुज रूप के सम्बन्ध में उपस्थित होता है कि—पूर्व प्रकरण में चतुर्भुज एवं द्विभुज रूप को नित्य माना गया है, किन्तु "रूपञ्चेदं पौरुषं ध्यानधिष्ण्यं मा प्रत्यक्षं मांसदृशां भो कृषीष्ठा इति मातृविज्ञापनानुसारेण, एतद्वां दर्शितं रूपं प्राग्जन्म-स्मरणाय मे। नान्यथा मद्भवं ज्ञानं मर्त्यलिङ्गेन जायते' इति प्रत्युत्तरय्य इत्युक्त्वासीद्धरिस्तूष्णीं भगवानात्ममायया। पित्रोः सम्पश्यतोः सद्यो बभूव प्राकृतः शिशुरित्युक्तदिशा यन्मानुषाकाररूपं स्वीकृतवान् तत्र सन्दिग्धमिव भाति।" यहाँ प्राकृतशिशु होने की कथा है। यहाँ सन्देह है—नराकृति रूप, उसमें भी प्राकृत है। प्राकृत वस्तु नश्वर है। अतएव श्रीकृष्ण की नराकृति अनित्य होना स्वाभाविक है ?

श्रीकृष्ण का 'द्विभुज चतुर्भुज' उभय रूप ही नित्य है, अनित्य नहीं है। उभय रूप में ही श्रीकृष्ण, नराकृति परब्रह्म हैं। उभय रूप ही ध्यान का विषय है। किन्तु जननी देवकीदेवी की प्रार्थना चतुर्भुज रूप को गोपन करने की थी। उसका कारण है—चतुर्भुज मूर्त्ति रूप में श्रीहरि की प्रसिद्धि है। उस रूप में स्थित होने से अनायास ही सब व्यक्ति उनको जान जायेंगे। कंस का शत्रु श्रीहरि हैं, चतुर्भुज रूप को देखकर निज शत्रु को कंस जान लेंगे एवं अनिष्ट साधन के निमित्त तत्पर होंगे। नर शिशु रूप में अवस्थित होने से अनिष्टाशङ्का नहीं है, यह ही प्रार्थना का उद्देश्य है। तज्जन्य आपने कहा—"हे मधुसूदन! यहाँ आपका जन्म हुआ है, उसको कंस न जान सके।" (भा० १०।३।२९)—

"जन्म ते मय्यसौ पापो मा विद्यान्मधुसूदन! समुद्विजे भवद्धेतोः कंसादहमधीरधीः।
उपसंहर विश्वात्मन्नदो रूपमलौकिकम्, शङ्खचक्रगदापद्मश्रिया जुष्टं चतुर्भुजम् ॥"

टीका—पौरुषमैश्वरम्, ध्यानधिष्ण्यं ध्यानास्पदम् मांसदृशां मांसचक्षुषां प्रत्यक्षं मा कृथाः। भवत एव हेतोर्निमित्तां कंसात् समुद्विजे—बिभेमि यतोऽधीरचित्ता।

उक्त वाक्य से कंस भय की आशङ्का व्यक्त हुई है। उक्त आशङ्का ही चतुर्भुज रूप गोपन करने की प्रार्थना का हेतु है। अपर हेतु भी भा० ३।३१।३१ में है—

'विश्वं यदेतत् स्वतनौ निशान्ते यथावकाशं पुरुषः परो भवान्।
बिभर्त्ति सोऽयं मम गर्भगोऽभूदहो नृलोकस्य विडम्बनं हि तत् ॥"

टीका—किमित्युपसंहर्त्तव्यमेवम्भूतेन मया पुत्रेण तव महती श्लाघास्यात् इति तत्राह—विश्वमिति। निशान्ते प्रलयावसाने यथाऽवकाशम् असङ्कोचतः। असम्भावितत्वात्तुपहास्यतैव स्यादित्यर्थः।

लक्षणया मांसदृक्शब्दोक्त-भगवत्स्वरूपशक्तिविलासतत्तज्जन्मादिलीलातत्त्वानभिज्ञप्राकृत-

बृहद्वैष्णवतोषणी—किञ्चास्मिन्नैश्वरे रूपे वृत्ते सति मनुष्याणां मादृशां त्वयि स्नेहोऽपि न सम्भवतीत्याह—विश्वमिति। तत मद्गर्भजत्वमनुकारणमात्रम्, नतु तात्त्विकमिति ज्ञानादित्यर्थः।

आप परमपुरुष हैं। प्रलयान्त में निज शरीर में चराचर विश्व को असङ्कोच से धारण करते हैं, वह आप गर्भ से उत्पन्न हुये हैं, यह नरलोक की विडम्बना ही है। अर्थात् आपके सदृश पुत्र के द्वारा मेरी श्लाघा क्या होगी, लोक समाज में उपहास ही होगा। लोक कहेंगे—देवकी साहसी है, भगवान् को पुत्र कहती है, जिनके शरीर में अनन्त ब्रह्माण्ड विराजित हैं। उनको उदर में धारण करना वातुलता मात्र है।

श्रीभगवान् की जन्मादि लीला स्वरूपशक्ति का विलास है। श्रीभगवान् की अनन्त शक्ति हैं, तन्मध्य में 'चिच्छक्ति, मायाशक्ति, जीवशक्ति,' तीन शक्ति प्रधान हैं। अन्तरङ्गा—चिच्छक्ति, वहिरङ्गा—माया शक्ति, तटस्था—जीवशक्ति है। भगवत् स्वरूप के समान नाम, धाम, रूप, गुण, परिकर, लीला प्रभृति चिच्छक्ति से सम्पादित होते हैं। चिच्छक्ति केवल स्वरूप को अवलम्बन कर रहती है। अतः उसे स्वरूपशक्ति कहते हैं। तटस्थाशक्ति रूप जीव वहिर्मुखता दोषग्रस्त होकर स्व-कर्मफल भोग के निमित्त शरीर ग्रहण करता है। श्रीभगवान् की जन्मादि लीला कर्मफल भोग के निमित्त नहीं है, लोकशिक्षार्थ है। निजेच्छा से जगत् में प्रकट होते हैं। उनके परिकरसमूह उनकी स्वरूपशक्ति की अभिव्यक्ति रूप हैं। वे सब उनकी लीला के सहायक होते हैं। मनुष्य को सत्‌शिक्षा प्रदान करने के निमित्त आविर्भूत होते हैं। आविर्भाव के प्रारम्भ से ही यदि स्वीय ईश शक्ति की अभिव्यक्ति करें तो लोक शासक मानकर भयभीत होगा, एवं उनको नहीं अपनायेगा। शासक के प्रति अपनापन किसीका नहीं रहता है। शासक से हृदय में भय रहता है। अतः ईश्वर मान कर लोक हृदय से उनको वर्जन करेगा। अतः लौकिक लीला के मध्य में अलौकिकता का समावेश करके लीला का निरतिशय चमत्कारित्व स्थापन करते हैं। जिससे लोक उनके प्रति आकृष्ट होकर उनके व्यक्तित्व को हृदय में स्थापन करते हैं।

भक्त भिन्न अपर व्यक्ति उस लीला को जान नहीं सकते हैं। उस प्रकार लीला तत्त्वानभिज्ञ व्यक्तिगण को मांसदृष्टि सम्पन्न कहा गया है। (भा० १०।३।२८)—

"स त्वं घोरादुग्रसेनात्मजान्नस्त्राहि त्रस्तान् भृत्यवित्रासहासि।
रूपञ्चेदं पौरुषं ध्यानधिष्ण्यं मा प्रत्यक्षं मांसदृशां कृषीष्ठाः॥"

टीका—"प्रस्तुतं विज्ञापयति—स त्वमिति। भृत्यानां वित्रासं हन्तीति भृत्यवित्रासहा। भृत्यविदिति वाच्छेदः। पौरुषमैश्वर ध्यानधिष्ण्यं—ध्यानास्पदम्। मांसदृशां मांस चक्षुषां प्रत्यक्षं मा कृथाः।"

बृहत्क्रमसन्दर्भः। अथ स्त्रीत्व स्वभावात् कंसतो भीता स्वल्पतरमपि वरं प्रार्थयमानाह—स त्वं घोरादित्यादि, भिया—नामापि न गृहीतम्, उग्रसेनात्मजादित्येवोक्तम्। य त स्त्वं भृत्यवित्रासहासि, भृत्यवित्रासहा असि, अन्यच्च, इदं पौरुषं नारायणीयं रूपं चतुर्भुजाकारं मांसदृशां—चर्मचक्षुषां प्रत्यक्षं मा कृषीष्ठाः। अथवा इदं पौरुषम्, इदमुक्तप्रकारं ब्रह्मज्योतिर्यस्येत्यादिनिरुपमं पौरुषं पुरुषाकारो यस्य, तथाविधं, पौरुषमित्येकमेव पदम्। ध्यानधिष्ण्यं—परप्रेमानन्दसमाधिस्थानं द्विभुजं श्रीकृष्णरूपं मांसदृशां वहिर्मुखानां मा प्रत्यक्षं कृषीष्ठाः। अतो मातृवचनप्रतिपालनात् अन्तरङ्गेभ्य एव द्विभुजं रूपं प्रकाशयति। वहिरङ्गेभ्यस्तु चतुर्भुजरूपमिति पौण्ड्रादय स्तं ददृशुः। अथवा, सदृशां सचक्षुषां मध्ये मां प्रति इदं पौरुषं चतुर्भुजरूपं मा प्रत्यक्षं कृषीष्ठाः, मां प्रति द्विभुजमेव स्वरूपं दर्शनीयमित्यर्थः। यत्र पुत्रबुद्ध्या वात्सल्यं जनिष्यते।

दृग्भ्यो लज्जया च, न पुनरवरस्य (भा० ७।१५।७५) 'गूढ़ं परं ब्रह्म मनुष्यलिङ्गम्" इत्यादौ गूढ़त्वेन कथितस्य ध्यानधिष्ण्यत्वाभावविवक्षया। श्रीगोपालतापनीश्रुतावप्युभयोरपि ध्यानधिष्ण्यत्वं श्रूयते (उ० ६१, ६२)—

"मथुरायां विशेषेण मां ध्यायन् मोक्षमश्नुते ।।
अष्टपत्रं विकसितं हृत्पद्मं तत्र संस्थितम्।"२३३।।

इत्यादिषु मध्ये (गो० ता० उ० ६३) "चतुर्भुजं शङ्ख-चक्र-" इत्यादिकमुक्त्वा सर्वान्ते (गो० ता० उ० ६५) "शृङ्गवेणु-धरं तु वा" इत्यप्युक्तम्। एवमागमेऽपि द्विभुजध्यानं श्रूयते।

तत्त्वानभिज्ञ व्यक्तिगण प्राकृत नेत्र से प्राकृत वस्तु निरीक्षण करते हैं, जड़ तत्त्व को जानते हैं। सच्चिदानन्द विग्रह श्रीभगवत् आविर्भाव को विश्वास नहीं करते हैं। अतः भगवत् आविर्भाव देवकी से हुआ है, यह विषय प्राकृत जनों के निकट उपहास का विषय होगा। उक्त आशङ्का से ही प्रार्थना की —उस रूप को गोपन करो, एवं निज नराकृति को प्रकट करो, जिससे वात्सल्य प्रीति हो, चतुर्भुज रूप तो आध्यात्मिक साधक का ध्येय है।

श्रीनारद महाशय ने भी श्रीयुधिष्ठिर के समीप में कहा है, (भा० ११५१७५)—"गूढ़ं परं ब्रह्म मनुष्यलिङ्गम्" "द्विभुज मनुष्य रूप में परं ब्रह्म गुप्त रूप में अवस्थित हैं।" इस वाक्य में मनुष्याकृति को 'गूढ़' कहा गया है, किन्तु ध्येय नहीं है, ऐसा निषेध नहीं हुआ है। ध्येय रूप में यदि केवल चतुर्भुज रूप का ही उल्लेख शास्त्र में होता, तो वैसा निषेध द्विभुज रूप के निमित्त होना सम्भव होता, किन्तु शास्त्र में उभय रूप ही समान रूप से ध्येय है, ऐसा उल्लेख है।

श्रीगोपालतापनी श्रुति में 'द्विभुज चतुर्भुज' उभय रूप का ही समान रूप से ध्यानास्पदत्व का उल्लेख है। द्विभुज का ध्यान—

"सत् पुण्डरीकनयनं मेघाभं वैद्युताम्बरम्। द्विभुजमौनमुद्राढ्यं वनमालिनमीश्वरम् ।।
गोपगोपीगवावीतं सुरद्रुमतलाश्रितम्। दिव्यालङ्करणोपेतं रत्नपङ्कजमध्यगम् ।।
कालिङ्गीजलकल्लोलसङ्गिमारुतसेवितम्। चिन्तयंश्चेतसा कृष्णं मुक्तो भवति संसृतेरिति ।।"

जिनके नयनयुगल, प्रशस्त पङ्कज सदृश हैं, मेघ सदृश अङ्गकान्ति, विद्युत् तुल्य वसन, एवं जो द्विभुज मौनमुद्रायुक्त (ओष्ठद्वय की सङ्कोचावस्था को मौनमुद्रा कहते हैं) वनमाली एवं ईश्वर हैं। जो गोप-गोपी-गो प्रभृति के द्वारा परिवृत हैं, कल्पतरु जिनका आश्रय है, जो उत्तमाभरण से भूषित हैं, एवं रक्तपङ्कज के मध्य में अवस्थित हैं। यमुना सलिल तरङ्ग सम्पृक्त समीरण जिनकी निरन्तर सेवा करते रहते हैं, उन श्रीकृष्ण को चिन्ता जो व्यक्ति निज चित्त में करते हैं, उनकी संसृति से मुक्ति होती है।

चतुर्भुज का ध्यान—

"मथुरायां विशेषेण मां ध्यायन् मोक्षमश्नुते ।।
अष्टपत्रं विकसितं हृत्पद्मं तत्र संस्थितं। दिव्यध्वजातपत्रैस्तु चिह्नितं चरणद्वयम् ।।
श्रीवत्सलाञ्छनं हृत्स्थं कौस्तुभं प्रभयायुतम्। चतुर्भुजं शङ्खचक्रशार्ङ्गपद्मगदान्वितम् ।।
सुकेयूरान्वितं बाहुं कण्ठं माला सुशोभितम्। द्युमत् किरीट-वलयं स्फुरन्मकरकुण्डलम् ।।
हिरण्मयं सौम्यतनुं स्वभक्तायाभयप्रदम्। ध्यायेन्मनसि मां नित्यं वेणुशृङ्गधरं तु वा ।।"

(गो० ता० उत्तर विभाग)

तस्मान्निगूढ़त्वविवक्षैव समीचीना। तथैव तद्विवक्षया (भा० १०।३।४४) "नान्यथा मद्भवं ज्ञानं मर्त्यलिङ्गेन जायते" इति श्रीभगवतोक्तम्। तथा च पाद्मनिर्माणखण्डे श्रीभगवद्वाक्यं व्यासवाक्ये—

"पश्य त्वं दर्शयिष्यामि स्वरूपं वेदगोपितम्। ततोऽपश्यमहं भूप बालं कालाम्बुदप्रभम्।
गोपकन्यावृतं गोपं हसन्तं गोपबालकैः ॥२३४॥ इति।

मथुरा में चतुर्भुज रूपी श्रीकृष्ण का ध्यान करने से सत्वर मुक्ति होती है। अतः चतुर्भुज रूप का ध्यान कहते हैं।

"विकसित अष्टदलस्वरूप हृदयपद्म में मैं अवस्थित हूँ। मेरे चरणयुगल उत्कृष्ट ध्वज छत्र प्रभृति चिह्न से चिह्नित हैं। हृदय में श्रीवत्स चिह्न एवं प्रभायुक्त कौस्तुभमणि विराजित हैं। चतुर्बाहु—शङ्ख-चक्र-शार्ङ्ग-पद्मयुक्त हैं, एवं अङ्गद के द्वारा परिशोभित हैं। कण्ठदेश में उत्तम माला शोभित है। मस्तक में दीप्तिशील मुकुट, कर्ण में मकराकृति कुण्डल विराजित है, मेरा तनु—प्रकाशबहुल सौम्य स्वभावाक्रान्त है। एवं निज भक्त के प्रति अभयप्रद है।"

इस प्रकार से अथवा शृङ्ग वेणुधर द्विभुजरूप में मनोमध्य में मेरा ध्यान करे।

उस प्रकार आगम में भी द्विभुज रूप का ध्यान वर्णित है। अतएव चतुर्भुज रूप का निगूढ़त्व कथनाभिप्राय से ही श्रीदेवकीदेवी को उक्त रूप गोपन करने की प्रार्थना हुई थी। इस प्रकार व्याख्या करना समीचीन है।

उक्ताभिप्राय से ही श्रीभगवान् ने श्रीदेवकीदेवी को कहा—

"एतद्वां दर्शितं रूपं प्राग्जन्मस्मरणाय मे।
नान्यथा मद्भवं ज्ञानं मर्त्यलिङ्गेन जायते॥" (भा० १०।३।४४)

मेरा पूर्वतन जन्म का स्मरण कराने के निमित्त मैंने चतुर्भुज रूप का प्रदर्शन किया, अन्यथा मनुष्य रूप में आविर्भूत होने से मेरा ज्ञान नहीं होता।

वृहत्क्रमसन्दर्भः। अथ स्त्रीत्व स्वभावात् कंसतो भीता स्वल्पतरमपि वरं प्रार्थयमानाह—स त्वं घोरादित्यादि, भिया—नामापि न गृहीतम्, उग्रसेनात्मजादित्येवोक्तम्। य त स्त्वं भृत्यवित्रासहासि, भृत्यवित्रासहा असि, अन्यच्च, इदं पौरुषं नारायणीयं रूपं चतुर्भुजाकारं मांसदृशां—चर्मचक्षुषां प्रत्यक्षं मा कृषीष्ठाः। अथवा इदं पौरुषम्, इत्थमुक्तप्रकारं ब्रह्मज्योतिर्यस्येत्यादिनिरुपमं पौरषं पुरुषाकारो यस्य, तथाविधं, पौरुषमित्येकमेव पदम्। ध्यानधिष्ण्यं—परप्रेमानन्दसमाधिस्थानं द्विभुजं श्रीकृष्णरूपं मांसदृशां वहिर्मुखानां मा प्रत्यक्षं कृषीष्ठाः। अतो मातृवचनप्रतिपालनात् अन्तरङ्गेभ्य एव द्विभुजं रूपं प्रकाशयति। वहिरङ्गेभ्यस्तु चतुर्भुजरूपमिति पौण्ड्रादय स्तं ददृशुः। अथवा, सदृशां सच्चक्षुषां मध्ये मां प्रति इदं पौरुषं चतुर्भुजरूपं मा प्रत्यक्षं कृषीष्ठाः, मां प्रति द्विभुजमेव स्वरूपं दर्शनीयमित्यर्थः। यत्र पुत्रबुद्ध्या वात्सल्यं जनिष्यते।

उक्त श्लोक में चतुर्भुज रूप प्रकटन का यथार्थ कारण का सुस्पष्ट उल्लेख है। द्विभुज रूप ही श्रीकृष्ण का है। प्राक्तन जन्म स्मरण करवाने के निमित्त चतुर्भुज रूप में प्रकट हुये थे। इस प्रकार प्रयोजनविशेष में चतुर्भुज रूप प्रकटन का अपर दृष्टान्त श्रीरुक्मिणी परिहास लीला में है, देवी की सान्त्वना प्रदान करने के समय आप चतुर्भुज प्रकट किये थे।

पद्मपुराणस्थ निर्माणखण्ड में भी श्रीभगवद्वाक्य एवं श्रीव्यासवाक्य में द्विभुज का वर्णन है। "देखो! वेदगोपित रूप का प्रदर्शन कर रहा हूँ। हे भूप! अनन्तर मैंने कालाम्बुद के समान कान्ति

एवम् (भा० १०।३।४६) "इत्युक्त्वासीद्धरिस्तूष्णीम्" इत्यादौ च व्याख्येयम्। आत्ममायया स्वेच्छया "आत्ममाया तदिच्छा स्यात्" इति महासंहितोक्तेः। प्रकृत्या स्वरूपेणैव व्यक्तः प्राकृतः, न त्वौपाधिकतया, शैषिकोऽण्। तत्र हि भगवद्विग्रहे शिशुत्वादयो विचित्रा एव धर्माः स्वाभाविकाः सन्तीति (भा० १०।१४।२१) "को वेत्ति भूमन्" इत्यस्य व्याख्याने (३८ अनु०) द्वितीयसन्दर्भे दर्शितमेव। अत्र श्रीरामानुजाचार्य्यसम्मतिरपि। श्रीगीतासु (४।६)—

विशिष्ट गोपबालक को देखा, आप गोपकन्यागणों के द्वारा वेष्टित थे, एवं गोपबालकगण के सहित हास्य परिहास कर रहे थे।

अतएव वक्ष्यमाण भा० १०।३।४६—"इत्युक्त्वासीद्धरिस्तूष्णीं भगवानात्ममायया,
पित्रोः सम्पश्यतः सद्यो बभूव प्राकृतशिशुः।" श्लोक की व्याख्या इस प्रकार करना उचित है। भगवान् हरि, उस प्रकार कहकर नीरव हो गये। दर्शनकारी जनक-जननी के समक्ष में आत्ममाया के द्वारा प्राकृत शिशु हो गये।"

श्लोकस्थ 'आत्ममाया' एवं 'प्राकृतशिशुः' पदद्वय सन्दिग्ध हैं। उससे श्रीकृष्ण रूप द्विभुज सत्य है, अथवा नहीं सन्देह होता है। किन्तु उक्त पदद्वय का अर्थ निम्नोक्त रीति से करने पर उक्त सन्देह नहीं होगा। 'आत्ममाया' शब्द का अर्थ है—निजेच्छा। कारण—महासंहिता में उक्त है, आत्ममाया—तदिच्छा स्यात्। आत्ममाया शब्द का अर्थ—उनकी इच्छा है। प्राकृत शब्द का अर्थ—प्रकृति के द्वारा व्यक्त, प्रकृति का अर्थ—स्वरूप है। अर्थात् स्वरूप में व्यक्त हुए हैं, अतः आप प्राकृत हैं। अर्थात् श्रीमन्नराकार विग्रह ही श्रीकृष्ण का स्वरूप है, उस स्वरूप में हो आविर्भूत हुये हैं, अतः उनको प्राकृत कहा गया है। प्राकृतिक उपाधि परिच्छिन्न श्रीकृष्ण नहीं हैं। अतएव प्रसिद्ध प्राकृत श्रीकृष्ण नहीं हैं। प्राकृतिक उपाधि—प्रकृति का धर्म है, माया का गुण है। जीव जिस प्रकार मायागुण सम्वलित होकर जन्मग्रहण करता है। उस प्रकार श्रीकृष्ण मायागुणसम्वलित होकर शिशु नहीं हुए हैं। कारण उनकी जन्मादि लीलास्वरूप शक्ति का विलास है, जीववत् कर्मफल भोगार्थ नहीं है। प्राकृत शिशु शब्द से शिशुत्व धर्माविष्कार निबन्धन उक्त रूप को परिणामशील नहीं कहा जा सकता है। अर्थात् शैशव, पौगण्ड, कैशोर, वार्द्धक्य क्रम से उक्त रूप विवृत होगा, इस प्रकार सन्देह नहीं होगा। कारण श्रीभगवद् विग्रह में शिशुत्व प्रभृति विचित्र धर्मसमूह स्वभावसिद्ध रूपमें विद्यमान है। उसका प्रदर्शन भा० १०।१४।२१ श्लोक में हुआ।

"को वेत्ति भूमन्! भगवन्! परात्मन्! योगेश्वरोतीर्भवतस्त्रिलोक्याम्।
क्वाहो कथं वा कति वा कदेति विस्तारयन् क्रीड़सि योगमायाम्॥"

हे भूमन्! हे भगवन्! हे परात्मन्! हे योगेश्वर! त्रिलोक के मध्य में कौन व्यक्ति, कहाँ, कैसे, कब आपकी लीला होती है। कैसे जान सकते हैं। कारण आपका माया वैभव अचिन्त्य है। आप स्वीय चिच्छक्ति रूप योगमाया का विस्तार कर क्रीड़ा करते रहते हैं। इसकी विशद् व्याख्या भगवत् सन्दर्भ के ३८ अनुच्छेद में है। व्याख्या का सारार्थ यह है—

एक मुख्य भगवद्रूप श्रीकृष्ण हैं। उनमें ही भगवान् शब्दार्थ की परिपूर्णता है। आप युगपत् स्वीय अचिन्त्य शक्ति से अनन्तरूपात्मक होते हैं। उपासकगणों की उपासना के अनुसार रूप का प्रकटन करते हैं। वैदूर्य्य मणि के समान ही श्रीभगवान् श्रीकृष्ण, एक वपु में अनेक प्रकार दृष्ट होते हैं।

वृहत्क्रमसन्दर्भः। ननु त्वमेवेदं वेत्सि, किमुतान्येऽपि इत्याशङ्क्य न कोऽपि तव लीलां वेत्तीत्याह —को वेत्तीत्यादि। हे भूमन्! देशतो अपरिच्छिन्न! विश्वव्यापक हे भगवन्! अचिन्त्यसर्वैश्वर्य्यसम्पन्न!

"प्रकृतिं स्वामवष्टभ्य सम्भवाम्यात्ममायया" इत्यत्र स्वमेव स्वभावमास्थाय आत्ममायया स्वसङ्कल्परूपेण ज्ञानेनेत्यर्थः ; "माया वयूनं ज्ञानम्" इति नैघण्टुकाः। महाभारते चावतार-रूपस्याप्यप्राकृतत्वमुच्यते—"न भूतसङ्घसंस्थानो देहोऽस्य परमात्मनः" इति। अतो वृहद्वैष्णवेऽपि—

"यो वेत्ति भौतिकं देहं कृष्णस्य परमात्मनः। स सर्वस्माद्बहिष्कार्य्यः श्रौतस्मार्त्तविधानतः ॥२३५॥
मुखं तस्यावलोक्यापि सचेलं स्नानमाचरेत्।
पश्येत् सूर्य्यं स्पृशेद्गाञ्च घृतं प्राश्य विशुध्यति ॥"२३६॥ इति।

हे परात्मन्! अनन्तगुणकर्मन्! हे योगेश्वर! कालतोऽपरिच्छिन्न! तव ऊतीर्लीलाः, अहो आश्चर्य्यम्, क्व वा को वेत्ति, देशतो अपरिच्छिन्नत्वात्, क्वेत्य सिद्धन्, अथवा, को वेत्ति, अचिन्त्यपरमैश्वर्य्यत्वात्, कति वा को वेत्ति, अनन्तगुणकर्मत्वात्। कदा वा को वेत्ति, कालतो अपरिच्छिन्नत्वादिति। देश-प्रकार-संख्या-काल-वचनैः क्वेत्यादिभिश्चतुर्भिर्भूमन्नित्यादिसम्बोधन-चतुष्टयमसम्भावनायां हेतुमद्धेतुभावेन समन्वेतव्यम्। एतेन सर्वथैव ते महिमा ज्ञातुमशक्य इति वाक्यार्थः।

तुम तो मुझको सब प्रकार से जानते हो, अपर भी जानते होंगे। इस प्रकार कथन के उत्तर में कहते हैं—कोई भी आपकी लीला को नहीं जानते हैं। उसका वर्णन करते हैं,—हे भूमन्! आप देश से अपरिच्छिन्न हैं, परिच्छिन्न वस्तु को लोक जानते हैं। आप विश्वव्यापक हैं, व्याप्य पदार्थ व्यापक को कैसे जानेगा? हे भगवन्! अचिन्त्य सर्वैश्वर्य्यसम्पन्न! हे परात्मन्! अनन्तगुणकर्मसम्पन्न! हे योगेश्वर! कालतोऽपरिच्छिन्न! आपकी ऊति, लीला को कौन जान सकते हैं, आश्चर्य है, क्व वा को वेत्ति—देशतो अपरिच्छिन्न होने के कारण, कौन जान सकते हैं। अथवा अचिन्त्य परमैश्वर्य्यसम्पन्न आप हैं। अतएव अर्वाचीन क्षुद्र शक्तियुक्त व्यक्ति कैसे आपको जानेगा? कितने कार्य्य आपके हैं? कौन जान सकते हैं। आप अनन्त गुणकर्मा हैं, किस समय क्या करते हैं, कौन जान सकते हैं। काल से भी आप अपरिच्छिन्न हैं। देश, प्रकार, संख्या, काल, वचन के द्वारा भूमन्! भगवन्! परात्मन्! योगेश्वर! सम्बोधन चतुष्टय के द्वारा जानना असम्भव ही है, इसका प्रकाश हेतु हेतुमद्भाव से कहा गया है, उससे फलितार्थ यह है कि—आपकी महिमा सर्वथा सबके द्वारा अज्ञेय ही है।

उक्त भगवत्तत्व विषय में उक्तानुरूप सम्मति श्रीरामानुजाचार्य की भी है। आपने गीता (४।६)—"अजोऽपि सन्नव्ययात्मा भूतानामीश्वरोऽपि सन्। प्रकृतिं स्वामवष्टभ्य सम्भवाम्यात्ममायया ॥"

श्रीभगवदुक्ति की व्याख्या में लिखा है—"मैं अज, अव्ययस्वरूप एवं भूतसमूह का ईश्वर होने पर भी निज प्रकृति को अधिष्ठान करके आत्ममाया के द्वारा ग्रहण करता हूँ।" निज स्वभाव में ही अवस्थित होकर, आत्ममाया—निज सङ्कल्प रूप ज्ञान द्वारा, जन्मग्रहण करता हूँ। माया शब्द का ज्ञानार्थ स्वकल्पित नहीं है। नैघण्टुकार के मत में माया शब्द का अर्थ—माया वयुन ज्ञान है। महाभारत में भी भगवदवतार रूप का अप्राकृतत्व वर्णित है। "परमात्मा का देह—भूतसमष्टि जनित अर्थात् पाञ्चभौतिक नहीं है।"

अतएव वृहद्विष्णुपुराण में उक्त है—जो व्यक्ति परमात्मा श्रीकृष्ण के देह को पाञ्चभौतिक मानता है, वह व्यक्ति श्रुति-स्मृति विधान के अनुसार समस्त सत्कर्म से वहिर्भूत है, अर्थात् महापतित है। दैवात् उसका मुखदर्शन होने से वस्त्र के सहित स्नान करे, एवं शुद्धि के निमित्त सूर्य्यदर्शन, गो स्पर्श एवं घृतपान करे।

अथ (भा० १।१५।३४) "ययाहरद्भुवो भारम्" इत्यादौ चैवं मन्तव्यम्,—तनुरूपकलेवर-शब्दैरत्र श्रीभगवतो भूभारजिहीर्षालक्षणो देवादिपिपालयिषालक्षणश्च भाव एवोच्यते, यथा तृतीये विंशतितमे तत्तच्छब्दैर्ब्रह्मणो भाव एवोक्तः। यदि तत्रैव तथा व्याख्येयम्, तदा सुतरामेव श्रीभगवतीति। ततश्च तस्य भावस्य भगवति तदाभासरूपत्वात् कण्टकदृष्टान्तः सुसङ्गत एव। तथा द्वयमेवेशितुः साम्यमपि। तत्तु तृतीयसन्दर्भ एव विवृतम्। (भा०

भा० १।१५।३४ में वर्णित—"ययाहरद्भुवो भारं तां तनुं विजहावजः।
कण्टकं कण्टकेनेव द्वयञ्चापीशितुः समम्॥
यथा मत्स्यादिरूपाणि धत्तेजह्याद् यथा नटः।
भूभारः क्षपितो येन जहौ तच्च कलेवरम्॥"

भगवान् ने जिस तनु के द्वारा पृथिवी का भारापनोदन किया, उसको काँटा निकालने की रीति से अर्थात् काँटा से काँटा को निकाल कर काँटा को छोड़ दिया जाता है, उस प्रकार ही श्रीकृष्ण ने तनु त्याग किया। इसमें सुस्पष्ट से कथित शरीर त्याग किया है, उससे श्रीकृष्ण तनु का पाञ्चभौतिकत्व सिद्ध होता है ? स्वरूपभूत तनु का परित्याग नहीं होता है। उत्तर—उक्त श्लोक में तनु, रूप, एवं कलेवर शब्द का प्रयोग है, उससे श्रीभगवान् का देह निर्दिष्ट नहीं हुआ है। किन्तु तदीय भाव उक्त है, वह श्रीभगवान् की भूभारहरण रूपेच्छा, एवं देवादि पालन रूपेच्छा रूप भाव ही है। भाव अर्थ में तनु शब्द का प्रयोग श्रीमद्भागवत में है—भा० ३।२०।२८ 'विमुमुञ्च तनुं घोरां'।

टीका—ब्रह्मा तां तनुं विमुमोच। सर्वत्र तनुत्यागोनाम तत्तन्मनोभावत्यागो विवक्षितः, ग्रहणञ्च तत्तद्भावापत्तिरिति द्रष्टव्यम्।

गर्भोदकशायी के नाभिकमल से उत्पन्न होकर ब्रह्मा ने सर्वप्रथम पञ्च प्रकार अविद्या की सृष्टि की, उस तमोमयी सृष्टि से ब्रह्मा का मन सन्तुष्ट नहीं हुआ। आपने 'त्रिससर्ज्जात्मनः कायं' निज शरीर का त्याग किया। अनन्तर असुर सृजन होने से असुरोंने उनको आक्रमण किया। श्रीहरि से उपदेश प्राप्तकर उन्होंने 'विमुमुञ्च तनुं घोरां' निज कामकलुषित तनु को परित्याग किया, अनन्तर ब्रह्मा ने निज कान्ति के द्वारा गन्धर्व अप्सरागण को सृजन कर 'विससर्ज तनुं तां' तनु त्याग किया। अनन्तर करचरण प्रसारित कर शयित ब्रह्मा ने देखा सृष्टि वर्द्धित नहीं हुई, तब क्रुद्ध होकर 'क्रोधादुत्ससर्ज ह तद्वपुः' वपुः त्याग किया।

स्वामिपाद के मत में 'तनु' त्याग शब्द का अर्थ—मनोभाव त्याग है। सुतरां तनु, वपुः, काय शब्द से ब्रह्मा का मनोभाव त्याग की प्रतीति होती है। ब्रह्मा का तनुत्याग असम्भव है। अतएव श्रीकृष्ण के सम्बन्ध में प्रयुक्त तनु-कलेबर-देह प्रभृति का भी अर्थ भाव पर ही होगा। भार हरणादि कर्म श्रीविष्णु रूप का है, स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण नहीं। स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण जब अवतीर्ण होते हैं, उस समय उनसे ही समस्त कार्य्य सम्पन्न होते हैं। अतएव अधिकारी व्यक्ति का श्रीकृष्ण में रहना सम्भव होता है। तज्जन्य ही कण्टक दृष्टान्त सुसङ्गत हुआ है। कण्टक विद्धाङ्ग व्यक्ति के पक्ष में विद्धकण्टक एवं मोचक कण्टक उभय ही समान है, तद्रूप श्रीभगवान् के पक्ष में भी भूभार एवं भूभार हरणेच्छा उभय ही समान है। अर्थात् उभय ही उनका एकान्त कर्त्तव्य विषय न होने से उभय के प्रति उनका आवेश अनुसन्धेय नहीं है। वह आवेश आभास रूप है। इसका सुविशद विवेचन परमात्म सन्दर्भ में है।

१।१५।३५) "मत्स्यादिरूपाणि" मत्स्याद्यवतारेषु तत्तद्भावात्। अथ नटदृष्टान्तेऽपि नटः श्रव्यकाव्यरूपकाभिनेता नटः। व्याख्यातञ्च टीकाकृद्भिः प्रथमस्यैकादशे (भा० टी० १।११।२१) —"नटा नवरसाभिनयचतुराः" इति। ततो यथा श्रव्यरूपकाभिनेता नटः स्वरूपेण स्ववेषेण च स्थित एव पूर्ववृत्तमभिनयेन गायन् नायक-नायिकादिभावं धत्ते जहाति च तथेति।

भा० १।१५।३५ में उक्त है—"यया मत्स्यादिरूपाणि धत्ते जह्याद् यथा नटः।
भूभारः क्षपितो येन जहौ तच्च कलेवरम्॥"

टीका—श्रीकृष्णस्य मूर्त्तिविशेषमाह—यथेति। तान्यपि यथा धत्ते जहाति च। तदाह—यथा नटो निजरूपेण स्थित एव रूपान्तराणि धत्ते अन्तर्धत्ते च तथापि कलेबरं जहौ—अन्तरधादित्यर्थः। अन्तर्धान किये थे।

परमात्मसन्दर्भ में विवेचित विषय का सारार्थ यह है—सच्चिदानन्द भगवान् स्वरूपशक्ति के द्वारा नित्य अनन्तवैकुण्ठ विगत ऐश्वर्य्यादि युक्त हैं, एवं प्राकृत गुण वर्जित अतएव अविकारी हैं। स्वरूपशक्ति का अनन्त सक्रिय विलास उनमें सतत विद्यमान हैं। तज्जन्य श्रीभगवान् निरन्तर अनन्त स्वरूप में अनन्त लीला में निरत रहते हैं। अतः अवस्थान्तर प्राप्ति उनको नहीं होती है। प्राकृत कर्त्ता के समान विकारी भी नहीं होते हैं। निर्विकार अवस्था में गुण एवं स्थित्यादि क्रिया का अवस्थान होना कैसे सम्भव होगा? उत्तर—आप चिन्मात्र हैं, चिद्वस्तु विरोधी गुण-क्रियासमूह की स्थिति आपमें सम्भव नहीं है। स्वरूपैश्वर्य्य में परिपूर्ण होने से ही आप भगवान् हैं। प्राकृत गुणावली ग्रहण करने की आवश्यकता उनकी कदापि नहीं होती है। केवल लीला जन्य ही गुणक्रियादि का प्रकाश करते रहते हैं। आप स्वयं ही प्रवृत्त होकर निज स्वरूपभूतोपकरणों के सहित क्रीड़ारत होते हैं, एवं स्वरूपगत वैभव में ही परितृप्त रहते हैं। तदीय आश्रिता वहिरङ्गा जड़ाशक्ति विश्वस्थ विचित्र रचना करती है। उनके सङ्कल्प से ही उक्त शक्ति समस्त अघटनघटन कार्य्य करती रहती है, उक्त कार्य्य भी उनकी लीलारूप में विख्यात है।

श्रीभगवत् चिच्छक्ति के द्वारा श्रीवैकुण्ठादि लीला एवं मायाशक्ति के द्वारा सृष्ट्यादि कार्य्य निष्पन्न होता है। भगवान् स्वरूपशक्ति में विराजित होने के कारण मायाशक्ति का आश्रय से उनका अवस्थान नहीं होता है। तज्जन्य ही कथित हुआ है—भूभार हरणादि कार्य्य में उनका आवेश नहीं होता है।

स्वरूपशक्ति का विलास के कारण मत्स्यादि रूप भी उनका नित्य है। उक्त रूप समूह का त्याग एवं धारण सम्बन्ध में जो कुछ कथन है, उससे जानना होगा कि—मत्स्यादि अवतार के द्वारा पृथिवी का भारस्वरूप दैत्यवधादि विषयक भार ग्रहण एवं त्याग ही है। कहा गया है—'धत्ते जह्याद् यथा नटः' यहाँ दृष्टान्त नट का है। दृश्य-श्रव्य काव्य का अभिनेता को नट कहते हैं। 'श्रव्यकाव्यरूपकाभिनेता', नट—कथक शब्द से अभिहित होता है। भा० १।११।२१ में उक्त है—

"नटनर्त्तकगन्धर्वाः सूतमागधवन्दिनः। गायन्ति चोत्तमः श्लोकचरितान्यद्भुतानि च॥"

स्वामिटीका—"नटा नवरसाभिनयचतुराः। तालाद्यनुसारेण नृत्यन्तो नर्त्तकाः। गान्धर्वाः गायकाः, सूताः पौराणिकाः प्रोक्ता मागधा वंशशंसकाः। वन्दिनस्त्वमलप्रज्ञाः प्रस्तावसदृशोक्तयः। अद्भुतानि चेति चकारस्य वन्दिनश्चेत्यन्वयः। ते सर्वे गायन्ति चेति उत्तमःश्लोकस्य अद्भुतानि चरितानि—भक्तवात्सल्यादीनि।"

"उत्तमश्लोक श्रीकृष्ण के चरित्रसमूह गान—नट, नर्त्तक, गन्धर्व, सूत, मागध, वन्दीगण करने लगे थे।" टीकाकार ने 'नट' शब्द का अर्थ—'नट—नवरसचतुर' कहा है। श्रव्यकाव्यरूपकाभिनेता को नट कहते हैं। वह जिस प्रकार निज स्वरूप में यथावत् स्थित होकर ही पूर्ववृत्तान्त को अभिनय के

अतएव तृतीये (भा० ३।२।११)—

"प्रदर्श्यातप्ततपसामवितृप्तदृशां नृणाम् ।
आदायान्तरधाद्यस्तु स्वविम्बं लोकलोचनम् ।।"२३७।।

इत्यत्रापि लोकलोचनरूपं स्वविम्बं निजमूर्त्ति प्रदर्श्य पुनरादायैव च अन्तरधात्, न तु त्यक्त्वेत्युक्तं श्रीसूतेन (भा० १।१५।३५)—"यथा मत्स्यादिरूपाणि" इत्यनन्तरमपि तथोक्तम् (भा० १।१५।३६)—"यदा मुकुन्दो भगवानिमां महीं जहौ स्वतन्वा" इति । त्यागोऽत्र स्वतनुकरणक इति न तु स्वतन्वा सहेति व्याख्येयम्, सहेत्यध्याहार्य्यापेक्षा-गौरवात्; उपपदविभक्तेः कारक-

द्वारा प्रकट करने के निमित्त नायक-नायिकादि भाव धारण एवं त्याग करता है। तद्रूप दार्ष्टान्तिक श्रीभगवान् को भी जानना होगा, अर्थात् श्रीभगवान् स्वरूप में अविकृत रूप में स्थित होकर ही विविध रूप का प्रकटन करते रहते हैं। अतएव तृतीयस्कन्ध भा० ३।२।११ में वर्णित है—

"प्रदर्श्यातप्ततपसामवितृप्तदृशां नृणाम् । आदायान्तरधाद्यस्तु स्वविम्बं लोकलोचनम् ।।"

टीका—कोऽसौ हरिरित्यपेक्षायामाह—प्रदर्श्येति । न तप्तं तपो यैः, अतोऽवितृप्ता दृशो येषां तेषाम् । स्वविम्बं श्रीमूर्त्तिम् । एतावन्तं कालं प्रकर्षेण दर्शयित्वा योऽन्तर्हितवान् । लोकस्य लोचनमादाय—आच्छिद्य । तादृशस्यान्यस्य विलोकनीयस्याभावात् ।

श्रीविदुर को श्रीउद्धव कहे थे—भगवान् श्रीकृष्ण, एतावत् काल पर्य्यन्त स्वीय मूर्त्ति प्रदर्शन कर, सम्प्रति लोकलोचनस्वरूप मूर्त्ति को उन सबके समीप से बलपूर्वक ग्रहण कर अन्तर्हित हो गये हैं। जनसमूह दीर्घकाल पर्य्यन्त उक्त मूर्त्ति का दर्शन किये थे, किन्तु वे सब उससे परितृप्त नहीं हुये थे।

यहाँ पर सुस्पष्ट ही कहा गया है कि—श्रीकृष्ण, लोकलोचनरूप स्वीय मूर्त्ति का प्रदर्शन कर, उसको लेकर ही अन्तर्हित हो गये हैं। यह अन्तर्द्धान है, त्याग नहीं है। शरीर के सहित अन्तर्द्धान की वार्त्ता "यथा मत्स्यादिरूपाणि" श्लोक के बाद उक्त है, भा० १।१५।३६—

"यदा मुकुन्दो भगवानिमां महीं जहौ स्वतन्वा श्रवणीय सत्कथः ।
तदाहरेवाप्रतिबुद्धचेतसामभद्रहेतुः कलिरन्ववर्त्तत ।।"

टीका—युधिष्ठिरस्य स्वर्गारोहणप्रसङ्गाय कलिप्रवेशमाह—यदेति । स्वतन्वा जहौ स्वतनोरेव वैकुण्ठ रोहात् । श्रवणार्हा सती कथा यस्य तदा यदहस्तस्मिन्नेव । अह इति लुप्तसप्तम्यन्त पदम् । अप्रतिबुद्धचेतसां - अविवेकिनमिति, विवेकिनान्तु न प्रभुरित्युक्तम् । अन्ववर्त्ततेति पूर्वमेवांशेन प्रविष्टस्य स्वेन रूपेणानुवृत्तिरुक्ता ।

जिनकी सत्कथा का श्रवण सुकृतिशील जनगण करते रहते हैं, उन श्रीभगवान् मुकुन्द, जिस दिन शरीर के द्वारा इस पृथिवी को परित्याग किये थे। उस दिन ही अविवेकिगण के अमङ्गल हेतु कलि का अनुवर्त्तन हुआ। अर्थात् कलि का प्रवेश हुआ।

उक्त श्लोक में 'स्वतन्वा' पद का प्रयोग है। उस पद की तृतीया विभक्ति 'करणे तृतीया' सूत्र से करणकारक में तृतीया विभक्ति हुई है। 'सहार्थे तृतीया' नहीं हुई है। 'सहार्थे तृतीया' स्वीकार करने पर तनु के सहित पृथिवी त्यागरूप अर्थ का बोध होगा। अर्थात् जिस प्रकार पृथिवी का त्याग किया, उस प्रकार ही निज तनु का त्याग भी किया, इस प्रकार अर्थ होगा। मूल श्लोक में सह शब्द का प्रयोग नहीं है। अन्वय हेतु 'सह' शब्द का अध्याहार करना पड़ेगा। अध्याहार न करके अर्थ सङ्गति की अपेक्षा अध्याहार के द्वारा अर्थ सङ्गति गौरवावह है। द्वितीयतः—उपपद-विभक्ति से कारक-विभक्ति

विभक्तिर्गरीयसी" इति न्यायाच्च। अथवा (गी० ७।२५) "नाहं प्रकाशः सर्वस्य योगमाया-समावृतः" इति श्रीगीतावचनेन;

"योगिभिर्दृश्यते भक्त्या नाभक्त्या दृश्यते क्वचित्।
द्रष्टुं न शक्यो रोषाच्च मत्सराच्च जनार्दनः॥"

इति पाद्मोत्तरखण्डनिर्णयेन; (भा० १०।४३।१७) "मल्लानामशनिः" इति श्रीभागवतदर्शनेन; (वि० पु० ४।१५।६) "आत्म-विनाशाय भगवदस्तचक्रांशुमालोज्ज्वलमक्षयतेजःस्वरूपं परमब्रह्म-

बलीयसी है, यह नियम भी है। अतएव यहाँ पर 'करणे तृतीया' मानना ही समीचीन है। उससे तनु के द्वारा पृथिवी का त्याग किया है, किन्तु तनु त्याग नहीं किया, इस प्रकार सुस्थिर अर्थ होगा।

अथवा गी० ७।२५—"नाहं प्रकाश सर्वस्य योगमाया समावृतः।
मूढ़ोऽयं नाभिजानाति लोकोमामजमव्ययम्॥"

मैं अव्यक्त था, अधुना सच्चिदानन्दस्वरूप श्यामसुन्दर रूप में अभिव्यक्त हूँ। इस प्रकार न मानना, कारण, मेरा श्यामसुन्दर स्वरूप नित्य है। यह रूप, त्रिजगत् का सूर्य्यस्वरूप है। स्वयं उद्भासित होने पर भी योगमायारूप आवरण के द्वारा साधारण के चक्षु आवृत होते हैं, तज्जन्य मूढ़ लोक अव्ययस्वरूप मुझको जान नहीं सकते।

टीका—"ननु भक्ता इव अभक्ताश्च त्वां प्रत्यक्षीकुर्वन्ति प्रसादादेव भजत्स्वभिव्यक्तिरिति कथम्? तत्राह—नाहमिति। भक्तानामेवाहं नित्यविज्ञानसुखघनोऽनन्तकल्याणगुणकर्मा प्रकाशोऽभिव्यक्तो, नतु सर्वेषामभक्तानामपि। यदहं योगमायया समावृतो मद्विमोहकव्यामोहकत्व योगयुक्तया मायया समाच्छन्न परिसर इत्यर्थः। यदुक्तं "मायाजवनिकाच्छन्नमहिम्ने ब्रह्मणे नमः" इति। मायामूढ़ोऽयं लोकोऽति-मानुषदैवतप्रभावं विधिरुद्रादिवन्दितमपि मां नाभिजानाति। कीदृशम्? अजं जन्मशून्यं, यतोऽव्ययम-प्रच्युतस्वरूपसामर्थ्यसार्वज्ञ्यादिकमित्यर्थः।" इस प्रकार गीतोक्त नियम के द्वारा श्रीकृष्ण का वास्तविक रूप भक्त व्यतीत अपर कर्त्तृक दृष्ट नहीं होता है।

पाद्मोत्तर खण्ड के निर्णय भी इस प्रकार है—श्रीजनार्दन, योगिगणों की भक्ति दृष्टि से दृष्ट होते हैं, अभक्त दृष्टि से श्रीजनार्दन कभी भी दृष्ट नहीं होते हैं। भा० १०।३३।१७ में उक्त—

"मल्लानामशनिर्नृणां नरवरः स्त्रीणां स्मरो मूर्त्तिमान्
गोपानां स्वजनोऽसतां क्षितिभुजां शास्ता स्वपित्रोः शिशुः।
मृत्युर्भोजपतेर्विराड़विदुषां तत्त्वं परं योगिनां
वृष्णीनां परदेवतेति विदितोरङ्गं गतः साग्रजः॥"

रङ्गभूमिस्थ श्रीकृष्ण—मल्लगण के निकट अशनि (वज्र), मनुष्यवृन्द के समीप में नटवर, युवती की दृष्टि में मूर्त्तिमान् कन्दर्प, गोपगण के स्वजन, असत् राजन्य के समीप में शासनकर्त्ता, मातापिता का शिशु, कंस की साक्षात् मृत्यु, अविद्वान् के समक्ष में विराट्, योगियों के निकट परमतत्त्व, एवं वृष्णिगण के निकट परम देवता रूप में अनुभूत हुये थे। श्रीभागवत के प्रमाणानुसार एक श्रीकृष्ण ही विभिन्न भावाक्रान्त हृदय में विभिन्न भावानुरूप अनुभूत होते हैं। भक्त के निकट यथार्थ एक रूप में अवस्थित अनुभूत सर्वदा होते हैं।

विष्णुपुराण का गद्य भी इस प्रकार है—"मुक्तिलाभ के समय शिशुपाल ने भगवत्तन्मयता से विद्वेष विदूरित होने पर अक्षय तेज:स्वरूप भगवान् को देखा था।" इस विष्णुपुराण के गद्य से प्रतीत

भूतमपगतद्वेषादिदोषो भगवन्तमद्राक्षीत्" इति शिशुपालमुद्दिश्य विष्णुपुराणगद्येन चासुरेषु यद्रूपं स्फुरति, तत्तस्य स्वरूपं न भवति, किन्तु मायाकल्पितमेव। स्वरूपे दृष्टे द्वेषश्चापयातीति ततश्चासुरेषु स्फुरत्या यया तन्वा भुवो भाररूपमसुरवृन्दमहरत्तां तनुं विजहौ, पुनस्तत्प्रत्यायन न चकारेत्यर्थः। भक्तिदृश्या तनुस्तु तस्य नित्यसिद्धैवेत्याह—'अजः' इति; (भा० १०।३।८) "देवक्यां देवरूपिण्याम्" इत्यादेः, (भा० १०।२८।१८) "कृष्णञ्च तत्र च्छन्दोभिः स्तूयमानम्" इत्यत्र गोलोकाधिष्ठातृत्वनिर्द्देशाच्च। ततश्च "यथा

होता है कि असुर के समक्ष में भगवान् का जो रूप दृष्ट होता है, वह उनका रूप नहीं है, किन्तु मायाकल्पित ही है। भगवत् स्वरूप दर्शन से दोष विनष्ट होता है, किन्तु आसुरिक दृष्टि से भगवत् स्वरूप दर्शन नहीं होता है। अतएव आसुरिक भावाक्रान्त हृदय के समीप जिस स्वरूप को प्रकट कर स्वेच्छाचारी व्यक्तियों को विनष्ट कर पृथिवी का भारापनोदन भगवान् ने किया, उस तनु का उस भाव का परित्याग किया। आसुरिक व्यक्तियों के सान्निध्य में अवस्थान की आवश्यकता न रहने से पुनर्बार असुर संहार कालीन प्रकटित रूप का प्रकाश नहीं किया। यह ही 'तनु' त्याग शब्द का यथार्थ अर्थ है। भक्तिनयनों से दृश्य तनु श्रीकृष्ण का नित्यसिद्ध हो है।

गीता ४।६ में उक्त है—"अजोऽपि सन्नव्ययात्मा भूतानामीश्वरोऽपि सन्।
प्रकृतिं स्वामधिष्ठाय सम्भवाम्यात्ममायया॥"

मैं जन्मादि रहित एवं अव्यय स्वरूप हूँ, स्वीय चिच्छक्ति को अवलम्बन कर जीवों के प्रति अनुग्रह करने के निमित्त निज स्वरूप में ही आविर्भूत होता हूँ।

भा० १०।३।८ में वर्णित है—"देवक्यां देवरूपिण्यां विष्णुः सर्वगुहाशयः।
आविरासीद्यथा प्राच्यां दिशीन्दुरिव पुष्कलः॥" विशुद्धभक्तिस्वरूपिणी देवकी में सर्वगुहाशय विष्णु पूर्वदिक में पुष्कल चन्द्रोदय के समान आविर्भूत हुये थे।

टोका—यथा—यथावत् ऐश्वरेणैवरूपेण॥

स्वरूपभूतशक्तिविलासालङ्कृत होकर ही आविर्भूत हुये, अर्थात् स्वाभाविक निज स्वरूपशक्ति में जिस रूप में नित्य अवस्थित हैं। ठीक उस रूप में ही आविर्भूत हुये थे, मायिक अथवा कृत्रिम रूप में नहीं। भा० १०।२८।१७ में उक्त है—

"नन्दादयस्तु तं दृष्ट्वा परमानन्दनिर्वृताः कृष्णञ्च तत्र छन्दोभिः स्तूयमानं सुविस्मिताः।"

श्रीनन्दादि गोपवृन्द कौतुकवशतः स्वीय पारलौकिक स्थिति का जिज्ञासु होने पर श्रीकृष्ण ने उस ब्रह्महृद में उन सबको ले गया था एवं निमज्जित होने के लिए कहा, पश्चात् वे सब निमज्जित होकर अत्यद्भुत दृश्य देखे थे। श्रीकृष्ण को भी वहाँ पर आप सबने देखा, जो वेदों के द्वारा स्तुत हो रहे थे।

क्रमसन्दर्भः—(१८) छन्दोभिः—गोपालतापन्यादिभिः।

वृहत्क्रमसन्दर्भः—(१८) तत् पुर्नविशिष्यवदति—नन्दादय इत्यादि। तं नारायणलोकम्, तत्रैव छन्दोभिः स्तूयमानं नारायणरूपं ग्रहीतारं श्रीकृष्णं दृष्ट्वा सुविस्मिता बभूवुः।

वृहद्वैष्णवतोषणी—एवं गोपानामिष्टसिद्धया परमानन्दो जात इत्याह—नन्दादय इति। तं वैकुण्ठलोकं गोलोकं वा, परमानन्देन निर्वृता निःशेषेण व्याप्ता बभूवुः। स्व दिदृक्षित तदीय स्थानविशेष-दर्शनात्, तत्रापि स्वलोकत्वेन स्वाधीनताज्ञानोत्पत्तेः। अप्यर्थे चकारः। तत्र ब्रह्मलोकेऽपि कृष्णं दृष्ट्वा सुविस्मिता बभूवुः। यद्वा, तत्र छन्दोभिः स्तूयमानं कृष्णं निजपार्श्वेऽपि स्तूयमानं पूर्ववत् दृष्ट्वा

मत्स्यादिरूपाणि" इत्यस्याप्ययमेवार्थः,—यथा नट ऐन्द्रजालिकः कश्चित् स्वभक्षकाणां बकादीनां निग्रहाय मत्स्याद्याकारान् धत्ते, स्वस्मिन् प्रत्याययति, तन्निग्रहे सति यथा च तानि जहाति, तथा सोऽयमजोऽपि येन मायित्वेन लक्ष्यतां प्रापितेन रूपेण भूभाररूपासुरवर्गः

परमविस्मयं प्राप्ता इति तेष्वर्थ.स्याहमेव ।

यद्वा, तुशब्दो भिन्नोपक्रमे, सर्वे गोपा औत्सुक्याधीत्वेन वैकुण्ठलोकं दृष्ट्वा सुखं प्रापुरेव, श्रीनन्दादय प्रियतमजनास्तु तत्र ब्रह्मलोकं छन्दोभिः स्तूयमानं कृष्णं दृष्ट्वा सुविस्मिता अपि तं निजपार्श्वे पूर्ववद्वर्त्तमानं परमबन्धुं जीवनप्रभुं दृष्ट्वैव परमानन्दनिर्वृताः, नतु ब्रह्मलोकमित्यर्थः । आदिशब्देन श्रीयशोदाश्रीदामादि-सहचराः श्रीराधादिगोप्यश्च । यद्वा, तत्र तैः स्तूयमानमपि कृष्णं तं पूर्ववन्निजपार्श्वे वर्त्तमानं दृष्ट्वैव परमानन्दनिर्वृताः सन्तः, अतएव सुशोभनं विशेषतः स्मितं येषां तथाभूता बभूवुः । यद्वा, तं निजप्रियतमं कृष्णं तत्र छन्दोभिरपि स्तूयमानं दृष्ट्वा परमानन्दनिर्वृताः, यद्वा, तं गोलोकं भूर्लोकस्थगोकुलरूपमेव दृष्ट्वा परमानन्दनिर्वृता बभूवुः ।

अभीष्ट सिद्धि होने से गोपगण परम आनन्दित हुये थे । उसको कहते हैं—वैकुण्ठलोक अथवा कृष्णवैकुण्ठ गोलोक को देखा था । सर्वतोभावेन परमानन्दित दर्शनकारिगण हुये थे । निजेप्सित स्थान को देखा, वह कृष्ण का ही स्थान था । उसमें भी अतीव आनन्द का विषय था, निज लोक था । उससे ही स्वाधीनता का आनन्द हो सकता है । च-कार का प्रयोग, अपि अर्थ में हुआ है, उस ब्रह्मलोक में भी उन्होंने कृष्ण को देखा, इससे विस्मय हुआ । अथवा उस लोक में वेदों के द्वारा संस्तुत श्रीकृष्ण को निज पार्श्व में पूर्ववत् देखा, इससे ही परमविस्मय हुआ । इस प्रकार व्याख्या श्रीस्वामिपाद ने की है ।

अथवा तु शब्द भिन्नोपक्रम में प्रयुक्त है । गोपवृन्द औत्सुक्य अतिरेक से वैकुण्ठलोक को देखकर आनन्दित हुये थे । श्रीनन्द प्रभृति प्रियतम जनगण किन्तु ब्रह्मलोक में वेदसंस्तुत कृष्ण को देखकर सुविस्मित हुए थे, तथापि निज पार्श्व में पूर्ववत् वर्त्तमान परमबन्धु जीवनप्रभु को देखकर ही परमानन्दित हुये थे । किन्तु ब्रह्मलोक को देखकर नहीं । आदि शब्द से यशोदा, श्रीदामादि सहचरवृन्द एवं श्रीराधादि गोपीगण को जानना होगा । अथवा वेदों के द्वारा स्तूयमान श्रीकृष्ण को पूर्ववत् निजपार्श्व में देखकर ही परमानन्दित हुये थे । अतएव सुशोभन स्मित हास्य से सबके मुखकमल उद्भासित हुये थे । अथवा उन प्रियतम कृष्ण को वहाँ स्तुति प्राप्त करते हुये देखकर परम आनन्दित हुये थे । अथवा उस गोलोक को भूलोकस्थ गोकुल के सदृश ही देखकर परमानन्दित हुये थे ।

स्वामिपाद—एवं ब्रह्महृदं—ब्रह्मैव ह्रदवत् ह्रदः, तत्र निमग्नस्य विशेषविज्ञानाभावात् तं ब्रह्महृदं ते तु नीताः प्रापिता स्तस्मिन् मग्नाश्च । तुशब्दोक्तं विशेषमाह । पुनः कृष्णेनोद्धृताः, समाधेरिवोत्थापिताः सन्तो ब्रह्मणस्तस्यैव लोकं वैकुण्ठाख्यं ददृशुरिति ।

ननु ब्रह्मनिमग्नानां पुनर्लोकदर्शनमघटितमेव इत्याह—यत्रेति । यत्र यस्मिन् कृष्णे निमित्ते सति पूर्वमक्रूरोऽध्यगात्-दृष्टवान् । शुकपरीक्षित्संवादात् प्राक्तनत्वात् भूतनिर्देशः । तद्धृतकैश्वर्य्ये भगवति किञ्चिदप्यसम्भावितमिति भावः । अथवा अक्रूरो यत्र दृष्टवांस्तस्य यमुनाह्रदस्य ब्रह्मह्रद इति नाम । तं ह्रदं नीताः सन्तो ब्रह्मणो लोकं ददृशुः, पुनश्च कृष्णेनोद्धृताः, पूर्ववत् तं दृष्ट्वा विस्मिता बभूवुरिति व्यवहितान्वयः । अप्रसिद्धकल्पना च सोढव्येति ।

इस श्लोक में श्रीकृष्ण को गोलोकाधिष्ठाता रूप में कहा गया है । अतएव यथा—

"मत्स्यादिरूपाणि धत्ते जह्याद् यथा नटः । भूभारः क्षपितो येन जहौ तच्च कलेवरम् ॥"

इस श्लोक का अर्थ इस प्रकार ही है—जिस प्रकार नट-ऐन्द्रजालिक-भक्षक बकादि को निगृहीत करने के

क्षपितः तद्वर्गं क्षपितवानित्यर्थः। तच्च कलेवरमजो जहौ, अन्तर्धापितवानित्यर्थः। किन्तु श्रीगीतापद्ये (७।२५) "योगमाया-समावृतः" सर्पकञ्चुकवन्मायारचितवपुराभाससमावृत इत्यर्थः। विष्णुपुराणगद्ये "आत्मविनाशाय" इति आत्मनः स्वस्य शिशुपालस्येत्यर्थः। भगवता अस्तं क्षिप्तं यच्चक्रं तस्यांशुमालया उज्ज्वलं यथा स्यात्तथाऽद्राक्षीत्। यतः

निमित्त मत्स्यादि आकार धारण करता है, अपने को उस प्रकार ही विश्वस्त करता, बकादि निगृहीत होने के बाद उस रूप को वह छोड़ देता है। उस प्रकार ही अज नित्य पुराणपुरुष होकर भी मायावी रूप में दृष्ट होकर भूभार रूप उच्छृङ्खल आसुरिक स्वभावाक्रान्त मानववृन्द को विनष्ट किया। अर्थात् असुरवर्ग को विनष्ट किया, आसुरिक भाव को अपसारित किया, यह अर्थ है। जिस देह से आसुरिक भाव को अपसारित करने का कार्य्य किया, उस कलेवर को परित्याग किया, अज होकर भी परित्याग किया, अर्थात् अन्तर्द्धान किया। एक अद्वय तत्त्व श्रीकृष्ण में समस्त आश्रित हैं। सत्‌शिक्षा प्रदान रूप कार्य्य सम्पादन हेतु विरुद्ध असत् शिक्षा को उपस्थित करते हैं। उसका अपसारण उसके समान आदेश से करने के पश्चात् सत्‌शिक्षा स्थापन के अनन्तर प्रयोजन न रहने से उस भाव को अन्तर्हित करते हैं। गीता (७।२५) में वर्णित है—"नाहं प्रकाशसर्वस्य योगमायासमावृतः।
मूढ़ोऽयं नाभिजानाति लोको मामजमव्ययम्॥" सर्पकञ्चुकवत् मायारचित वपु के आभास के द्वारा सम्यक् आवृत रहता हूँ।

श्रीमन्मध्वाचार्य्य—"अज्ञानं च मदिच्छयेत्याह—नाहमिति। योगेन—सामर्थ्योपायेन, मायया च, मयैव मूढ़ो नाभिजानाति, तथाहि पाद्मे—आत्मनः प्रकृतिञ्चैव लोकचित्तस्य बन्धनम्, स्वसामर्थ्येन देव्या च कुरुते स महेश्वरः।"

मेरी इच्छा से लोकों में अज्ञानता होती है, और वह लोक मुझको जान नहीं सकता है। मूढ़गण नहीं जानते हैं। पद्मपुराण में उक्त है—निज, प्रकृति एवं लोकचित्त का बन्धन कार्य्य महेश्वर, निज सामर्थ्य रूप शक्ति से, एवं देवी से करते हैं। स्वयं का बन्धन निज अन्तरङ्गशक्ति के द्वारा करते हैं। लोकचित्त एवं प्रकृति का बन्धन दैवी वहिरङ्गा माया के द्वारा सम्पादन करते हैं।

विश्वनाथ चक्रवर्त्ती। ननु भक्ता इव अभक्तास्त्वां प्रत्यक्षी कुर्वन्ति, प्रसादादेव भजत्स्वभिव्यक्तिरिति कथम्? तत्राह—नाहमिति, भक्तानामेवाहं नित्यविज्ञानसुखघनाऽनन्तकल्याणगुणकर्मा प्रकाशोऽभिव्यक्तो नतु सर्वेषामभक्तानामपि। यदहं योगमायया समावृतो मद्विमुखव्यामोहकत्व योगयुक्तया मायया समाच्छन्नपरिसर इत्यर्थः। यदुक्तं (भा० १०।८४।२३) 'मायाजवनिकाच्छन्नमहिम्ने ब्रह्मणे नमः"।

क्रमसन्दर्भः। अहो! दूरस्थाः के वयं यं कृष्णाख्यं भगवन्तममीनिकटस्था भूपा अपि तथा एकाराम वृष्णयोऽपि न विदन्ति? यावन्महिमा तावत्तेनानुभवितुं न शक्नुवन्ति? ननु सततं सर्वमहिमाश्रयस्य प्रकटस्याननुभवे किं कारणम्? तत्राहुः—मायेति। तर्हि तादृश महिमाश्रयत्वे किं प्रमाणम्? तत्राहुः—जवनिकेति। तद्वस्त्वादिच्छयान्तरङ्गीकृतानामनुभवोऽपि भवत्येवेति भावः। महिमानमेवाहुः—आत्मानं ब्रह्मस्वरूपम्। कलयतीति। कालमन्तर्य्यामिरूपमीश्वरं स्वयं भगवत् स्वरूपमिति।

मेरा श्यामसुन्दर रूप ही नित्य है, यह चिज्जगत् का सूर्य्यस्वरूप है। स्वयं उद्भासित होने पर भी निज चिच्छक्तिरूप योगमायारूप छाया के द्वारा मूढ़ व्यक्ति के चक्षु को आवृत कर देता हूँ। इससे मूढ़ जनगण मेरा अव्यय स्वरूप को जान नहीं पाते हैं।

विष्णुपुराण के गद्य में उक्त है—'आत्मविनाशाय' अर्थात् शिशुपाल का विनाश के निमित्त, भगवान्

'अपगतद्वेषादिदोषः' इति। तया तस्य दृष्टावुज्ज्वलायां सत्यामपगतद्वेषादिदोषः सन् दूरीकृत-मायिकनिजावरणं भगवन्तमद्राक्षीदित्यर्थः। किञ्च, तन्मते कल्पान्तरगततत्कथायां शिशुपालादिद्वयमुक्तिविषयक-मैत्रेय-पराशरप्रश्नोत्तररीत्या जय-विजययोः शापसङ्गतिर्नास्तीत्यन्यावेव तावसुरौ ज्ञेयौ। युक्तञ्च तत्, प्रतिकल्पं तयोः शापकदर्थनाया अयुक्तत्वात्। अथ (भा० १०।८५।२०) "सूतीगृहे" इत्यस्यार्थः—एतत्प्राक्तनवाक्येषु श्रीभगवन्महिमज्ञानभक्ति-प्रधानोऽसौ विशुद्धसत्त्वप्रादुर्भावस्यात्मनो मनुष्यलीलामेव दैन्यातिशयतः प्राकृतमानुषत्वेन स्थापयित्वा श्रीभगवत्यपत्यबुद्धिमाक्षिप्तवान्। ततश्च ननु तर्हि कथमपत्यबुद्धिं कुरुष इति

के द्वारा निक्षिप्त चक्रज्योतिमाला के द्वारा उज्ज्वल वपु को देखा था। कारण—द्वेषादि दोष का अपसारण उससे हुआ था। चक्रांशु माला के द्वारा शिशुपाल के नेत्र उज्ज्वल होने से वैरभाव विनष्ट हुआ। तदनन्तर मायिक आवरण विदूरित स्वरूप भगवान् को शिशुपाल ने देखा था।

अनुसन्धेय यह है कि—विष्णुपुराण के अनुसार शिशुपाल-दन्तवक्र का जो प्रसङ्ग वर्णन, मैत्रेय-पराशर के प्रश्नोत्तर क्रम से हुआ है, वह कल्पान्तरगत का है। जिससे जय-विजय की शापसङ्गति नहीं होती है, वे दोनों अन्य असुर थे। उचित भी यह है, कारण, प्रति कल्प में जय-विजय का शापग्रस्त होना एक कदर्थना ही है। विष्णुपुराणीय कथा अपर कल्पगत है, एवं श्रीमद्भागवतीय कथा उससे भिन्न कल्प की है।

अनन्तर भा० १०।८५।२० में वर्णित श्रीवसुदेव वचन की सङ्गति प्रदर्शित हो रही है।

"सूतीगृहे ननु जगाद भवानजो नौ संयज्ञ इत्यनुयुगं निजधर्मगुप्त्यै।
नाना तनू गगनवद्विदधज्जहासि को वेद भूम्न ऊरुगाय विभूतिमायाम्॥"

टीका—ननु कुत एतदहं परमेश्वर इति तत्राह—सूतीगृहे इति। नौ आवयोः। अनुयुगं—प्रतियुगम्। यदा सुतपाः पृश्निरिति युग्मम्। यदा कश्यपोऽदितिश्चेति युग्मम्। अधुना च वसुदेवो देवकीति युग्मम्। एवं हि प्रतियुग्ममज एवाहं संजज्ञे—अवतीर्ण इति भवान् नूनं जगाद। ननु अन्योऽसौ चतुर्भुजो देव इति तत्राह—नानातनूरिति। गगनवदसङ्ग एव त्वम्। भूम्नः सर्वगतस्य ते विभूतिरूपां मायां को वेदेति।

मैं परमेश्वर हूँ, कैसे कहते हैं? उत्तर—तुमने ही प्रसूति गृह में कहा था। प्रति युग में आविर्भूत होता हूँ। सुतपा, पृश्नि, कश्यप, अदिति अधुना वसुदेव-देवकी में मैं आविर्भूत हूँ। अज होने से भी प्रति युग में मैं अवतीर्ण होता हूँ। यह तो तुमने निश्चित रूप से ही कहा। यदि कहो कि—वह तो चतुर्भुज है, मुझ से वह भिन्न है, मैं द्विभुज हूँ। अनेक तनु धारण तुम करते रहते हो। गगनवत् तुम असङ्ग हो, सर्वव्यापक हो, तुम्हारी विभूतिरूपा माया को कौन जान सकते हैं।

श्रीवसुदेव की भक्ति—भगवन्महिम ज्ञानप्रधान है, उस प्रकार भक्ति के कारण ही प्रचुर दैन्य होना सम्भव है, श्रीवसुदेव विशुद्धसत्त्वस्वरूप हैं, विशुद्ध सत्त्व में श्रीभगवान् अवतीर्ण होते हैं। किन्तु वसुदेव तो अपने को साधारण मनुष्य मान रहे थे, उससे ही उनमें प्रचुर दैन्य हुआ, एवं श्रीभगवान् में पुत्र बुद्धि करना असमीचीन है, इसका उद्गार पूर्ववर्त्ती श्लोकसमूह में आपने किया है। उक्त प्रसङ्ग में मन ही मन श्रीभगवदुक्ति का स्मरण कर स्वीय जल्पना को प्रकट किया है। "यदि मैं पुत्र नहीं हूँ, तब क्यों मुझे पुत्र कहते हो?" श्रीभगवान् के प्रश्न की आशङ्का कर श्रीवसुदेव कहते हैं—'उक्त विषय में तुम्हारा वाक्य गौरव ही मेरा प्रमाण है, अपर कोई प्रमाण नहीं है।' इसको सुव्यक्त करने के निमित्त

भगवत्प्रश्नमाशङ्क्य तत्र तद्वाक्यगौरवमेव मम प्रमाणम्, न तूपपत्तिरित्याह—'सूतीगृहे' इति; नौ आवयोरनुयुगम्। अतएव भवानजोऽपि संजज्ञे, अवतीर्णवानिति सूतीगृहे भवान्ननुजगाद। ननु मया तदपि भवदादितनुप्रवेशनिर्गमापेक्षयैव संयज्ञ इत्युक्तम्, न तु मम प्रवेशनिर्गमलिङ्गेनैव जन्म वाच्यम्। जीवसखेन व्यष्टेः समष्टेर्वान्तर्यामिरूपेण (कठ० १।२।१२) "तं दुर्द्दर्शं गूढ़मनुप्रविष्टं, गुहाहितं गह्वरेष्ठं पुराणम्" इत्यादौ (तै० २।६।२) "तत् सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशत्" इत्यादौ च तत्तदनुप्रवेशादिदर्शनसामान्यात्। ततस्तद्वदिदमुपचरितमेवेति मन्यताम्, तत्राह—नानेति, (भा० १० ८७।१९) "स्वकृतविचित्रयोनिषु विशन्निव हेतुतया"

आपने कहा, आपने ही तो सूतिकागृह में कहा—"मैं जन्मरहित होकर भी तुम्हारे पुत्र रूप में जन्मग्रहण करता रहता हूँ।" प्रति युग में ही तो आप हमारे पुत्र होते हैं। अतएव आप जन्मरहित होकर भी अधुना जन्मग्रहण किये हैं—अर्थात् अवतीर्ण हुये हैं। 'सूतीगृहे भवान्ननुजगाद' कथन का अर्थ इस प्रकार ही है।

श्रीभगवदुक्ति यह है—"मैं आप दोनों के तनु-प्रवेश-निर्गम की अपेक्षा से ही 'जन्मग्रहण करता हूँ' कहा हूँ। मेरा प्रवेश-निर्गम चिह्न के द्वारा जन्म कहना समीचीन नहीं है। कारण, मैं जीव का सखा हूँ।" परमात्म रूप में व्यष्टि (मनुष्यादि स्वतन्त्र जीवत्व को व्यष्टि कहते हैं, एवं ब्रह्माण्ड ही समष्टि जीव है) समष्टि जीव में प्रवेश—निर्गम करता हूँ। इसमें प्रमाण (कठ० १।२।१२) है—

"तं दुर्द्दर्शं गूढ़मनुप्रविष्टं गुहाहितं गह्वरेष्ठं पुराणम्।
अध्यात्मयोगाधिगमेन देवं मत्वाधीरो हर्षशोकौ जहाति॥"

धीर पुरुष उन दुर्दर्श (जिनका दर्शन अति दुर्लभ है), गूढ़ (अतिशय प्रयत्न से ज्ञेय है), अनुप्रविष्ट (सर्वान्तर्यामी), गुहाहित (सर्व प्राणियों के हृदय गुहा में अवस्थित), गह्वरेष्ठ (मुक्त जीव में अवस्थित), पुराण (सर्वपूर्ववर्त्ती), देव (स्वप्रकाश अथवा क्रीड़ादि गुणविशिष्ट), को ध्यानयोग से अवगत होकर हर्ष-शोक को परित्याग करते हैं।

तै० २।६।२ में उक्त है—"उसका सृजन कर उसमें प्रविष्ट हुये" अतएव समस्त वस्तु का सृजन करके जिस प्रकार उसमें प्रविष्ट होता हूँ, उस प्रकार ही तुम दोनों में प्रविष्ट हूँ, वह ही मेरा आरोपित जन्म है। इस प्रकार मानना उचित है।" उत्तर में श्रीवसुदेव ने कहा—"तुम तो गगन के समान असङ्ग होकर विविध तनु ग्रहण एवं त्याग करते हो।"

भा० १०।८७।१९ श्रुतिस्तुति में वर्णित है—

"स्वकृतविचित्रयोनिषु विशन्निव हेतुतया तरतमतश्चकास्यनलवत् स्वकृतानुकृतिः।
अथ वितथास्वमुष्ववितथं तव धामसमं विरजधियोऽनुयन्त्यभिविपण्यव एकरसम्॥"

टीका—ननु ईश्वरस्यापि तर्हि जीववदुदरादिसम्बन्धे तदनुप्रविष्टस्य च तारतम्ये सति केन विशेषेणोपास्यत्वमितीमामाशङ्कां परिहरन्त्य एको देवः सर्वभूतेषु गूढः सर्वव्यापी सर्वभूतान्तरात्मा। कर्माध्यक्षः सर्वभूताधिवासः साक्षी चेताः केवलो निर्गुणश्चेत्यादयः, श्रुतयः स्तुवन्तीत्याह—सकृतविचित्र-योनिष्विति। स्वयं कृतासु उच्चनीचमध्यमासु योनिषु अभिव्यक्ति स्थानेषु देहादिषु हेतुतया उपादानतया प्रागेवविद्यमानत्वेन मुख्यप्रवेशासम्भवात् विशन्निव वर्त्तमानस्तरतमतो न्यूनाधिकभावेन चकास्सि अवभाससे स्वकृता योनीरनुकरोतीति—स्वकृतानुकृतिः, अनलवत्—अग्निर्यथा स्वतस्तारतम्यहीनोऽपि काष्ठानुसारेण तथा तथा प्रकाशते तद्वत्।

इत्यादि-श्रवणात् गगनवदसङ्ग एव त्वं यज्जीवानां नानातनूर्विदधत् प्रविशन् जहासि, मुहुः प्रविशसि त्यजसि चेत्यर्थः। तद्भूम्नस्तव विभूतिविशेषरूपां मायां को वेद बहुमन्यते, न कोऽपीत्यर्थः। इदन्त्वावाभ्यां जन्म सर्वैरेव स्तूयत इति भावः। ततो विद्वदादरोऽप्यत्रास्तु प्रमाणम्, मम तु तत् सर्वथा न बुद्धिगोचर इति व्यञ्जितम्। अत्र विदधातेः प्रवेशार्थो नानुपपन्नः; यथोक्तं सहस्रनामभाष्ये—"शिष्टान् करोति पालयति" इति। सामान्यवचनो

अथ अतो वितथासु मिथ्याभूतासु अमूषु योनिषु अवितथं सत्यं यतः सममविशेषम्, अतः सत्यं तव धाम स्वरूपं विरजधियो निर्मलमतयोऽनुयन्ति जानन्ति। 'नु' इति पृथक् पदं वा।

अत्र हेतुः अभिविपण्यव इति। अभितो विगतव्यवहाराः। पण व्यवहार इत्यस्य रूपं पण्युरिति। ऐहिकामुष्मिककर्मफलरहिता इत्यर्थः। अविशेषत्वादेवैकरस सन्मात्रम्, अतस्तवोपाधिकृततारतम्याभावात् अप्रच्युतैश्वर्य्यस्य उपास्यत्वमिति भावः॥ स्वनिर्मितेषु कार्य्येषु तारतम्यविवर्जितम्।

सर्वानुस्यूत सन्मात्रं भगवन्तं भजामहे॥"

जीव के समान मातृ उदर में प्रविष्ट होने से अनुप्रवेश का तारतम्य होने पर किस विशेषण से ईश्वर जीव का उपास्य होगा? इस प्रकार आशङ्का विदूरित करने के निमित्त श्रुतिस्तुति कहती है,—एक ही देव, समस्त भूतों में गूढ़ रूप में हैं। वह सर्वव्यापी, सर्वभूतान्तरात्मा, कर्माध्यक्ष, सर्वभूताधिवास, साक्षी, चेता, केवल एवं निर्गुण अर्थात् प्राकृत सत्व-रज-तमः गुणरहित हैं। स्वकृत-विचित्रयोनिषु—स्वयं उच्चनीचमध्यम योनि में अर्थात् अभिव्यक्त स्थान में, कार्य्यरूप देहादि में, उपादान रूप में पूर्व से ही विद्यमान है। अतएव मुख्य प्रवेश होने की सम्भावना उनमें नहीं है। अतएव 'विशन्निव', जिस प्रकार प्रवेश होता है, उस प्रकार ही प्रतीत होते हैं। एवं न्यूनाधिक भाव से प्रतीत होते हैं। निजकृत अभिव्यक्त स्थान का अनुकरण करते हैं। अनलवत्, अग्नि जिस प्रकार स्वत तारतम्य हीन होने से भी काष्ठ के अनुसार प्रकाशित होता है, उस प्रकार ही आप प्रकाशित होते हैं। अत—मिथ्याभूत अभिव्यक्त स्थान में आप सत्य रूप में प्रतीत होते हैं। अतः आपका धाम सत्य है। निर्मल मतिमान् व्यक्तिगण उस तत्त्व को जानते हैं। 'नु' यह पृथक् पद है, इसमें हेतु है—अभितो विगत व्यवहारसमूह हैं। पण—व्यवहारार्थक धातु है। ऐहिक आमुष्मिक कर्मफल रहित हैं। अविशेष होने से एकरस हैं, सन्मात्र हैं। अतएव उनमें उपाधिकृत तारतम्य का अभाव होने से अप्रच्युत ऐश्वर्य्य हैं, अतएव आप उपास्य हैं, जीव उपास्य नहीं है।

स्व-निर्मित कार्य्यसमूह में तारतम्य विवर्जित सर्वानुस्यूत सन्मात्र भगवान् का भजन हम करते हैं।

"आप निजकृत ब्रह्मादि स्थावर पर्य्यन्त विचित्र अभिव्यक्त स्थान में कारण रूप में अनुप्रविष्ट के समान विराजित हैं।" श्रुति के कथनानुसार वास्तविक ही तुम गगन के समान असङ्ग हो, अन्तर्य्यामी रूप में जीवों के विभिन्न देह में बारम्बार प्रवेश एवं त्याग रूप आचरण करते हो, तुम सर्वग—विभु हो, तुम्हारी विभूतिरूपा माया को कौन बहुमान प्रदान करता है? अर्थात् कोई भी उसका स्तव नहीं करता है, किन्तु हम दोनों से तुम्हारा जो जन्म हुआ है, उसका स्तव सब व्यक्ति करते रहते हैं। सुतरां तुम हम दोनों का पुत्र हो, इसमें विद्वद्गण का आदर ही एकमात्र प्रमाण है। किन्तु वह भी सर्वथा मेरी बुद्धि का अगोचर है।

"सूतिगृहे ननु जगाद भवानजो नौ संयज्ञ इत्यनुयुगं निजधर्मगुप्त्यै।

नानातनूर्गगनवद्विदधज्जहासि को वेद भूम्न उरुगाय विभूतिमायाम्॥" श्रीवसुदेव के इस वाक्य से उक्त अभिप्राय ही व्यञ्जित हुआ है। उक्त श्लोक में 'विदधत्' पद का प्रवेश अर्थ—अनुपपन्न नहीं

धातुर्विशेषवचने दृष्टः। कुरु काष्ठानीत्याहरणे तथा तद्वदिति। तदेवं श्रीकृष्णस्य स्वयंभगवत्त्वम्। तस्यैव नराकृति-परब्रह्मणो नित्यमेव तद्रूपेणावस्थायित्वञ्च दर्शितम्। तथा प्रथमे पृथिव्यापि (भा० १।१६।२७) "सत्यं शौचं दया क्षान्तिः" इत्यादिना तदीयानां

होता है। अर्थात् उस प्रकार अर्थ करना अलौकिक रीति है, इस प्रकार कहा नहीं जा सकता है। कारण, वाक्यार्थ सङ्गति निबन्धन धातु का प्रसिद्ध अर्थ का त्यागकर अन्यार्थ कल्पना भी होती है। सहस्रनाम भाष्य में 'शिष्टान् करोति—पालयति' अर्थ किया गया है। धातु का सामान्य वचन का प्रयोग विशेष वचन में भी होती है। जिस प्रकार 'काष्ठानि कुरु' प्रयोग में काष्ठ आहरण अर्थ ही होता है। अर्थात् 'कुरु' करो, पद के द्वारा 'आहरण' अर्थ बोध जिस प्रकार होता है, उस प्रकार शिष्यगण को कहते हैं, 'शिष्टान् करोति' इस वाक्य का अर्थ भी 'शिष्टगण को पालन करते हैं' होगा। सुतरां 'विदधत्' पद का प्रवेश अर्थ करना असमीचीन नहीं है।

अतएव जिस प्रकार प्रस्तुत सन्दर्भ में श्रीकृष्ण का ही स्वयं भगवत्ता स्थापित हुई है, एवं उनका ही नराकृति परब्रह्मत्व, नित्य नराकृति श्रीकृष्ण रूप में नित्य स्थितित्व का प्रतिपादन यथावत् हुआ है। उस प्रकार ही श्रीकृष्ण के कान्ति सह ओज बल प्रभृति का स्वाभाविकत्व एवं अव्यभिचारित्व का प्रतिपादन भी हुआ है। श्रीकृष्ण रूप में नित्य स्थिति प्रमाणित होने पर भी सामयिक रूप में मनोमोहन रूप-लावण्य एवं अतुलनीय बल प्रभृति का अपनोदन होता है अथवा नहीं? संशय निरास हेतु प्रथम स्कन्धोक्त पृथिवी की उक्ति के द्वारा प्रतिपादित किया गया है कि—श्रीकृष्ण का सौन्दर्य्य स्वाभाविक है। देश काल भोगादि द्वारा सम्पादित एवं रूपान्तरित नहीं है। उक्त समुदय ही अव्यभिचारी हैं। उनमें सामर्थ्य सौन्दर्य्य प्रभृति की अवस्थिति—सर्वदेश एवं सर्वकाल, सर्वावस्था में एकरूप ही होती है। भा० १।१६।२७-३२ में पृथिवी की उक्ति निम्नोक्त प्रकार है—

"सत्यं शौचं दया क्षान्तिस्त्यागः सन्तोष आर्जवम्। शमोदमस्तपः साम्यं तितिक्षोपरतिः श्रुतम्॥
ज्ञानं विरक्तिरैश्वर्य्यं शौर्य्यं तेजोबलं स्मृतिः। स्वातन्त्र्यं कौशलं कान्ति धैर्य्यं मार्दवमेव च॥
प्रागल्भ्यं प्रश्रयः शीलं सह ओजबलं भगः। गाम्भीर्य्यं स्थैर्य्यमास्तिक्यं कीर्त्तिर्मानोऽनहङ्कृतिः॥
एते चान्ये च भगवन्नित्या यत्र महागुणाः। प्रार्थ्या महत्त्वमिच्छद्भि र्न वियन्ति स्म कर्हिचित्॥
तेनाहं गुण-पात्रेण श्रीनिवासेन साम्प्रतम्। शोचामि रहितं लोकं पाप्मना कलिनेक्षितम्॥
आत्मानञ्चानुशोचामि भवन्तञ्चामरोत्तमम्। देवानृषीन् पितॄन् साधून् सर्वान् वर्णांस्तथा श्रमान्॥

टीका—यत्र च सत्यादयो महद्गुणा न वियन्ति न क्षीयन्ते स्म, तेन श्रीनिवासेन रहितं लोकं शोचामीति षष्ठेनान्वयः। सत्यं—यथार्थभाषणम्, शौचं—शुद्धत्वम्, दया—परदुःखासहनम्, क्षान्तिः—क्रोधप्राप्तौचित्तसंयमनम्, त्यागोऽर्थिषु मुक्तहस्तता, सन्तोषः—अलंबुद्धिः, आर्जवम्—अवक्रता, शमो—मनोनैश्चल्यम्, दमो—वाह्येन्द्रियनैश्चल्यम्, तपः—स्वधर्मः, साम्यम्—अरिमित्राद्यभावः, तितिक्षा—परापराधसहनम्, उपरतिः—लाभप्राप्तावौदासीन्यम्, श्रुतं—शास्त्रविचारः, ज्ञानं—आत्मविषयम्, विरक्तिः—वैतृष्ण्यम्, ऐश्वर्य्यं—नियन्तृत्वम्, शौर्य्यं—संग्रामोत्साहः, तेजः—प्रभावः, बलं—दाक्षत्वम्, स्मृतिः—कर्त्तव्याकर्त्तव्यार्थानुसन्धानम्, स्वातन्त्र्यम्—अपराधीनता, कौशलं—क्रियानिपुणता, कान्तिः—सौन्दर्य्यम्, धैर्य्यं—अव्याकुलता, मार्दवं—चित्तकाठिन्यम्, प्रागल्भ्यं—प्रतिभातिशयः, प्रश्रयः—विनयः, शीलं—सुस्वभावः, सह ओजोबलानि—मनसो ज्ञानेन्द्रियाणां कर्मेन्द्रियाणाञ्च पाटवानि, भगः—भोगास्पदत्वम्, गाम्भीर्य्यं—अक्षोभ्यत्वम्, स्थैर्य्यं—अचञ्चलता, आस्तिक्यं—श्रद्धा, कीर्त्तिः—यशः, मानः—पूज्यत्वम्, अनहङ्कृतिः—गर्वाभावः। एते—एकोनचत्वारिंशत्। अन्ये च ब्रह्मण्यत्व शरण्यत्वादयो महान्तो गुणा

कान्तिसहओजोबलानां स्वाभाविकत्वमव्यभिचारित्वञ्च दर्शितम्। अतएव ब्रह्माण्डे चाष्टोत्तरशतनामस्तोत्रे नराकृतित्वं प्रकृत्यैवोक्तम्—

"नन्दव्रजजनानन्दी सच्चिदानन्दविग्रहः। नवनीतविलिप्ताङ्गो नवनीतनटोऽनघ॥"२३९॥ इति;

श्रीगोपालपूर्वतापन्यामपि तथैव (२४)—

"नित्यो नित्यानां चेतनश्चेतनाना,-मेको बहूनां यो विदधाति कामान्।

तं पीठगं ये तु यजन्ति धीरा,-स्तेषां सुखं शाश्वतं नेतरेषाम्॥"२४०॥ इति।

(गो० ता० पू० ३७) "तमेकं गोविन्दं सच्चिदानन्दविग्रहम्" इत्यादि च। तस्माच्चतुर्भुजत्वे च द्विभुजत्वे च श्रीकृष्णत्वस्याव्यभिचारित्वमेवेति सिद्धम्। अथ कतमत्तत् पदं यत्रासौ विहरति? तत्रोच्यते—

यस्मिन्। नित्याः सहजाः न वियन्ति—न क्षीयन्ते स्म। तेन गुणपात्रेण, गुणालयेन, पाप्मना—पापहेतुना॥

सत्य, शौच, दया, क्षमा, दान, सन्तोष, सारल्य, शम, दम, तपस्या, साम्य, तितिक्षा, उपरति, शास्त्रविचार, ज्ञान, वैराग्य, ऐश्वर्य्य, शौर्य्य, तेजः, बल, सुस्वभाव, सह, ओजः बल, भोगास्पदत्व, गाम्भीर्य्य, अचञ्चलता, श्रद्धा, कीर्त्ति, मान एवं गर्वाभाव, महत्त्वाभिलाषीओं के प्रार्थनीय एकोनचत्वारिंशत् गुण एवं अन्यान्य महागुणसमूह जिनमें नित्यरूप में विराजित हैं, कदापि क्षीण नहीं हैं। सम्प्रति उन गुणनिधि श्रीनिवास कर्त्तृक परित्यक्त जगत् पापात्मक कलि की दृष्टि में निपतित है। तज्जन्य मैं शोकाक्रान्त हूँ।

अतएव ब्रह्माण्डपुराण के अष्टोत्तरशतनामस्तोत्र में श्रीकृष्ण की नराकृति को अवलम्बन करके ही कहा गया है—"नन्दव्रजजनानन्दी सच्चिदानन्दविग्रह—नवनीत द्वारा लिप्ताङ्ग नवनीत हेतु नृत्यकारी एवं अनघ (विशुद्ध) हैं।"

श्रीगोपालतापनी श्रुति में उस प्रकार नराकृति को लक्ष्य करके वर्णित है—"जो नित्य समूह के मध्य में नित्य हैं, चेतन वस्तुसमूह के मध्य में चेतन हैं, जो एकाकी अनेकविध जनगण की कामना पूर्त्ति करते हैं, पीठस्थित उन श्रीकृष्ण का पूजन जो धीरव्यक्ति करते हैं, उन सबको अनन्त सुखलाभ होता है। किन्तु तद्भजन विमुख व्यक्तियों को उस प्रकार अक्षय सुख नहीं मिलता है।"

गोपालतापनी पूर्व ३७ में उक्त है—

"तमेकं गोविन्दं सच्चिदानन्दविग्रहम्। पञ्चपदं वृन्दावनसुरभूरुहतलासीनम्।
समरुद्गणोऽहं परमया स्तुत्या तोषयामि।

'स्वजातीय विजातीय स्वगत भेदरहित सच्चिदानन्द पञ्चपदात्मक मन्त्रविग्रह वृन्दावनस्थ कल्पतरुमूलासीन गोविन्द को मरुद्गण के सहित मैं उत्तमस्तव के द्वारा सन्तुष्ट करता हूँ।"

विचार्य्य प्रकरण का सारार्थ यह है कि—"श्रीकृष्ण स्वयं भगवान् नराकृति परब्रह्म हैं। आप चतुर्भुज रूप में अथवा द्विभुज रूप में लीलाविलास प्रकट करें, उससे श्रीकृष्णत्व का अर्थात् श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता का किसी प्रकार अन्यथा नहीं होता है।" यह निष्पन्न हुआ।

श्रीकृष्ण की स्वयं भगवत्ता का निरूपण नराकृति परब्रह्म रूप में होने पर उनका नित्य धाम का निरूपण करना अत्यावश्यक है। अतः "कतमत् तत्पदं यत्रासौ विहरति?" उक्त स्वयं भगवान्

"या यथा भुवि वर्त्तन्ते पुर्य्यो भगवतः प्रियाः। तास्तथा सन्ति वैकुण्ठे तत्तल्लीलार्थमादृताः ॥"२४१॥
इति स्कान्दवचनानुसारेण वैकुण्ठे यद् यत् स्थानं वर्त्तते, तत्तदेवेति मन्तव्यम्; तच्चाखिल-वैकुण्ठोपरिभाग एव। यतः पाद्मोत्तरखण्डे दशावतारगणने श्रीकृष्णमेव नवमत्वेन वर्णयित्वा क्रमेण पूर्व्वादिषु तद्दशावतारस्थानानां परमव्योमाभिध-महावैकुण्ठस्यावरणत्वेन गणनया श्रीकृष्णलोकस्य ब्रह्मदिशि प्राप्ते सर्व्वोपरिस्थायित्वमेव पर्य्यवसायितम्। आगमादौ हि दिक्क्रमस्तथैव दृश्यते, अत्रास्माभिस्तु तत्तच्छ्रवणात्। श्रीकृष्णलोकस्य स्वतन्त्रैवावस्थितिः;

श्रीकृष्ण जहाँ पर विहार करते हैं, वह स्थान किस प्रकार है? तत्रोच्यते, उसका उत्तर यह है—स्कन्दपुराण में वर्णित है—"पृथिवी में भगवत् प्रिया जो सब पुरी विद्यमान हैं, उन उन लीला के निमित्त समादृत होकर वैकुण्ठ में भी उक्त पुरीसमूह ठीक उस रूप में ही उपस्थित हैं।" इसके अनुसार वैकुण्ठ में जो जो स्थान विद्यमान हैं, वे सब स्थान ही उनकी विहारभूमि हैं। निखिल भगवत्स्वरूपों का विहार स्थान वैकुण्ठ है। स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण का विहार स्थान निखिल वैकुण्ठ के उपरिभाग में है।

ब्रह्माण्डमध्य में सप्त सर्ग सप्त पातालात्मक चतुर्दश भुवन विराजित हैं। उसके वहिर्देश में आठ आवरण हैं, उसके बाद कारणसमुद्र का अपर नाम विरजा नदी है। उसके उपरिभाग में सिद्ध लोक है, वह सायुज्य मुक्ति का स्थान है। वह ही निर्विशेष ज्योतिर्मय ब्रह्म है। सिद्ध लोक के उपरिभाग में परव्योम है। वहाँ पर श्रीकृष्ण को विलासमूर्त्ति परव्योमाधिपति श्रीनारायण अवस्थित हैं। उक्त परव्योम में ही मत्स्यकूर्मादि अनन्त भगवत्स्वरूप स्व स्व परिकरगणों के सहित विराजित हैं। उन सब भगवत्स्वरूप के पृथक् पृथक् वैकुण्ठ विद्यमान हैं। अतएव उक्त परव्योम नामक स्थान में अनन्त वैकुण्ठ की स्थिति हैं। जिस समय भगवत्स्वरूपों का अवतरण ब्रह्माण्ड में होता है। उस समय धाम परिकरों के सहित ही उन उन भगवत्स्वरूपों का आविर्भाव होता है। तज्जन्य ही स्कन्दपुराण में वर्णित है—प्रत्येक भगवत् पुरी वैकुण्ठ एवं पृथिवी में अवस्थित हैं।

जिस प्रकार श्रीकृष्ण एक होकर भी अनेक रूपों में प्रकाशित होते हैं, उस प्रकार भगवद्धाम भी बहुधा प्रकटित होते हैं। तज्जन्य ऊर्द्ध्व एवं अधोलोक में युगपत् भगवद्धाम की स्थिति का सामञ्जस्य नहीं होता है। किन्तु भगवद्धाम—भगवत्स्वरूप के समान ही विभु है, सर्वव्यापक है। आविर्भूत होने के निमित्त भगवत्स्वरूप के समान ही उक्त धाम का भी स्थानान्तर से आना नहीं पड़ता है।

श्रीकृष्ण ही स्वयं भगवान् एवं परमस्वरूप हैं, उनका धाम भी सर्वोपरि विराजमान है। सर्वोपरि विराजित वह धाम अचिन्त्य शक्ति से एकपाद विभूति रूप पृथिवी में भी विराजित है। पृथिवीस्थित वृन्दावन एवं परमव्योम के ऊर्द्ध्व भाग में विद्यमान श्रीवृन्दावन, पृथक् नहीं है। एक वृन्दावन की ही उभयत्र स्थिति है। स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण—वृन्दावन में विराजित हैं, उनका ही प्रकाश विग्रह श्रीकृष्ण मथुरा एवं द्वारका में विराजित हैं।

पद्मपुराण के उत्तर खण्ड में दशावतार गणन में श्रीकृष्ण नवम रूप में वर्णित हैं। उक्त स्थल में पूर्वादि क्रम में दशावतार का स्थान निर्देश के अनन्तर परमव्योम नामक महावैकुण्ठ का आवरण वर्णित होने से श्रीकृष्णलोक की स्थिति ब्रह्मदिक् में हुई है। अर्थात् श्रीकृष्णलोक की स्थिति का निर्णय ऊर्द्ध्व दिक् में ही हुआ है। पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण, अग्नि, नैऋ्र्त, वायु, ऊर्द्ध्व, अधः क्रम से दिक् गणना में ऊर्द्ध्व दिक् नवम संख्यक है। सुतरां श्रीकृष्णलोक का सर्वोपरि स्थायित्व पर्य्यवसित हुआ।

किन्तु परमव्योमपक्षपातित्वेनैव पाद्मोत्तरखण्डेन तदावरणेषु प्रवेशितोऽसाविति मन्तव्यम्। पाद्मोत्तरखण्डप्रतिपाद्यस्य गौणत्वन्तु श्रीभागवत-प्रतिपाद्यापेक्षया वर्णितमेव। स्वायम्भुवागमे स्वतन्त्रतयैव सर्वोपरि तत् स्थानमुक्तम्। यथा ईश्वर-देवीसंवादे चतुर्द्दशाक्षरध्यानप्रसङ्गे पञ्चाशीतितमे पटले—

"ध्यायेत्तत्र विशुद्धात्मा इदं सर्वं क्रमेण तु। नानाकल्पलताकीर्णं वैकुण्ठं व्यापकं स्मरेत् ॥२४२॥
अधः साम्यं गुणानाञ्च प्रकृतिं सर्वकारणम्। प्रकृतेः कारणान्येव गुणांश्च क्रमशः पृथक् ॥२४३॥
ततस्तु ब्रह्मणो लोकं ब्रह्मचिह्नं स्मरेत् सुधीः। ऊर्द्ध्वे तु सीम्नि विरजां निःसीमां वरवर्णिनि ॥२४४॥
वेदाङ्गस्वेदजनित-तोयैः प्रस्राविताां शुभाम्। इमाश्च देवता ध्येया विरजायां यथाक्रमम् ॥२४५॥

इत्याद्यनन्तरम्—

"ततो निर्वाणपदवीं मुनीनामूर्द्ध्वरेतसाम्। स्मरेत्तु परमव्योम यत्र देवाः सनातनाः ॥२४६॥
ततोऽनिरुद्धलोकञ्च प्रद्युम्नस्य यथाक्रमम्। सङ्कर्षणस्य च तथा वासुदेवस्य च स्मरेत् ॥"२४७॥

"लोकाधिपान् स्मरेत्" इत्याद्यनन्तरञ्च,—

आगमादि में भी उस प्रकार ही दिक्क्रम का वर्णन है।

किन्तु पाद्मोत्तर खण्ड में श्रीकृष्णलोक का वर्णन—परव्योम का आवरण रूप में हुआ है। उसका समाधान यह है—हम सब श्रीमद्भागवत के अनुयायी हैं, अमलप्रमाण श्रीमद्भागवत के प्रतिपाद्य तत्त्व की अपेक्षा पद्मपुराण के प्रतिपाद्य तत्त्व वस्तु गौण है। सर्व पुराणशिरोमणि श्रीमद्भागवत हैं। उसका सप्रमाण प्रतिपादन तत्त्वसन्दर्भ ८० अनुच्छेद में हुआ है। श्रीमद्भागवत मत में श्रीकृष्ण ही स्वयं भगवान् हैं, श्रीकृष्ण रूप में उनकी नित्य स्थिति है। एवं स्वतन्त्र रूप में वैकुण्ठ के आवरण रूप में नहीं। वैकुण्ठ के ऊर्द्ध्व भाग में श्रीकृष्ण लोक की स्थिति हम सब मानते हैं।

पाद्मोत्तर खण्ड परव्योम का पक्षपाती है, अतएव उसका वकुण्ठ के आवरण रूप में श्रीकृष्णलीला का वर्णन शोभनीय है, इस प्रकार जानना होगा।

वैकुण्ठ के सर्वोपरि स्थान में श्रीकृष्ण लोक की स्थिति के सम्बन्ध में हम सब का आग्रहविशेष अथवा अनुमान ही उपजीव्य नहीं है। इस विषय में सुस्पष्ट शास्त्रीय वर्णन भी उपलब्ध है। स्वायम्भुवागम में स्वतन्त्र रूप में ही सर्वोपरि श्रीकृष्ण लोक की स्थिति वर्णित है। उसका विवरण— ईश्वर-देवी संवाद के चतुर्दशाक्षर ध्यान प्रसङ्ग में जो पञ्चाशीतितम पटल है, उसमें समुपलब्ध है।

उसमें विशुद्धात्मा मानव क्रमशः इस प्रकार ध्यान करे—"विविध कल्पलताकीर्ण सर्वव्यापी वैकुण्ठ का स्मरण करे। उसके अधोभाग में सत्त्व-रजः-तमोगुण की साम्यावस्था रूपा सर्वकारण प्रकृति का एवं प्रकृति के कारण एवं गुणसमूह का पृथक् रूप से स्मरण करे। हे वरवर्णिनि! प्रकृति के ऊर्द्ध्व भाग में सीमारहित विरजा नदी है, उसमें वेदाङ्ग स्वेद सलिल प्रवाहित है। वह नदी सर्व शुभस्वरूपा है। विरजा में इन देवताओं का ध्यान यथाक्रम से करे।"२४२-२४५।

इत्यादि वर्णन के पश्चात् वर्णित है—विरजा के उपरिभाग में उर्द्धरेता मुनिवृन्द का निवास स्थान है। वह मुनिस्थान से प्रसिद्ध है। उसके उपरितन देश में देवगण का विहार स्थान है। वह परमव्योम है, उसका स्मरण करे।२४६।

उसके उपरिभाग में क्रमशः अनिरुद्ध, प्रद्युम्न, सङ्कर्षण, वासुदेव का स्मरण करे। एवं लोकपालसमूह का स्मरण करना विधेय है।२४७।

"पीयूषलतिकाकीर्णां नानासत्त्वनिषेविताम् । सर्वर्त्तुसुखदां स्वच्छां सर्वजन्तुसुखावहाम् ॥२४८॥
नीलोत्पलदलश्यामां वायुना चालितां मृदु । वृन्दावनपरागैस्तु वासितां कृष्णवल्लभाम् ॥२४९॥
सीम्नि कुञ्जतटां योषित्क्रीड़ामण्डपमध्यगाम् । कालिन्दीं संस्मरेद्धीमान् सुवर्णतटपङ्कजाम् ॥२५०॥
नित्यनूतनपुष्पादिरञ्जितं सुखसंकुलम् । स्वात्मानन्दसुखोत्कर्षशब्दादि-विषयात्मकम् ॥२५१॥
नानाचित्रविहङ्गादिध्वनिभिः परिरम्भितम् । नानारत्नलताशोभिमत्तालिध्वनिमन्द्रितम् ॥२५२॥
चिन्तामणिपरिच्छन्नं ज्योत्स्नाजालसमाकुलम् । सर्वर्त्तु फलपुष्पाढ्यं प्रवालैः शोभितं परि ॥२५३॥
कालिन्दीजलसंसर्गिवायुना कम्पितं मुहुः । वृन्दावनं कुसुमितं नानावृक्षविहङ्गमैः ॥२५४॥

इस प्रकार स्मरण के पश्चात्—सुधी व्यक्ति श्रीकृष्णवल्लभा श्रीयमुना का स्मरण करे। यमुना पीयूषलताकीर्णा, विविध प्राणिवृन्दनिषेविता, सर्वर्त्तुसुखदायिनी, स्वच्छसलिला, सर्वप्राणीसुखावहा, नीलोत्पलदल के समान श्यामवर्णा, समीरण के द्वारा ईषदान्दोलिता अर्थात् मृदुतर तरङ्गयुक्ता, श्रीवृन्दावन पराग द्वारा सुवासिता, श्रीकृष्ण की अति प्रिया है। उसके तटदेश में कुञ्ज, मध्यभाग मे व्रज ललनावृन्द के क्रीड़ा मण्डप है। तीर में सुवर्ण भूमि है, एवं नीर में सुवर्णपङ्कज सुशोभित है।२४८-२५०।

श्रीवृन्दावन—अनन्तर सुधी व्यक्ति, साधकोल्लास निकेतन कुसुमित श्रीवृन्दावन का सम्यक् स्मरण करे। वृन्दावन, नित्य नवीन पुष्पादि से रञ्जित है, सुख समाकुलित है। स्वरूपानुभवजनित आनन्द तिरस्कारकारी समधिक सुखाभिव्यक्तिस्वरूप शब्दस्पर्शरूपरसगन्ध रूप विषय पञ्चक से परिपूर्ण है। विविध विहङ्ग की ध्वनि से परिपूरित है, बहुविध रत्नलता शोभित है। मत्त भ्रमर गुञ्जित, चिन्तामणि परिशोभित, ज्योत्स्नाराशि से परिव्याप्त, समस्त जगत् के ऋतुजात फलपुष्प समन्वित, एवं प्रवाल परिव्याप्त है, उसमें कालिन्दी जलसंसर्पि पवन, मृदुल तरङ्गायित होकर प्रवाहित है, एवं विविध वृक्ष एव पक्षी शोभित है।

यहाँ स्वरूपानन्द का विवेचन इस प्रकार है—स्वरूप परमस्वरूप परमात्मा, अभेदवादी ज्ञानीवर्ग ब्रह्मसायुज्य प्राप्त करते हैं। उसमें आनन्दलाभ की वार्त्ता कल्पित है, ब्रह्मसायुज्य में अनुभव कर्त्ता नहीं है। पृथक् अस्तित्व अनुभवकर्त्ता का नहीं है, न-तो साधन ही है। योगिगण, परमात्मा का अनुभव समाधिस्थ होकर करते हैं, स्वरूपावबोध से यह प्रचुरतम है।

अणु चैतन्य जीव—'भूमिरापोऽनलो वायुः' रूप अष्टावरण के मध्य में रहकर सुख की द्युतिच्छटा के द्वारा परस्पर को उन्मादित करते रहते हैं। यदि आवरणमुक्त जीवस्वरूप का अनुभव होता अथवा दृष्टि गोचर होता, तब प्रतीत होता कि—वह कीदृश सुखपूर्ण है।

परमात्मा—अनन्त जीवों का आश्रय है। उनके सम्बन्ध से ही अनन्त जीवस्वरूप आनन्दरूप में प्रतिभात हैं, स्वतन्त्र रूप से जीव आनन्दात्मक नहीं है। सुतरां परमात्मानुभव से कीदृश आनन्द होता है। उसका वर्णना करना तो दूर है, धारणा करना भी असम्भव ही है।

उक्त प्राकृत शब्द-स्पर्श-रूप-रस-गन्ध व्यतीत साक्षात् मन्मथमन्मथ श्रीकृष्ण के रूप-रस-गन्ध-स्पर्श-शब्द हैं, सच्चिदानन्दमय है, अप्राकृत है, स्वरूपशक्ति के विलासरूप है। श्रीवृन्दावन एवं श्रीवृन्दावनवासी परिजनवर्ग उक्त अप्राकृत शब्द-स्पर्श-रूप-रस-गन्ध-माधुरी परिपूरित हैं। कारण उक्त श्रीवृन्दावन एवं श्रीवृन्दावनवासियों की शब्द-स्पर्श-रूप-रस-गन्ध-माधुरी श्रीकृष्ण को सुखी करती हैं। योगिगण—परमात्म समाधिस्थ होकर जो आनन्दानुभव करते हैं, श्रीवृन्दावन निवासि परिजनगण परस्परालाप प्रभृति के द्वारा उससे भी प्रचुर आनन्दानुभव करते हैं। कारण—श्रीवृन्दावनस्थ वस्तुसमूह एवं प्राणीवृन्द प्रेममय विग्रह हैं। स्वरूपसुख से प्रेमसुख की प्राचुर्य्य का विवरण, श्रीवैकुण्ठदेव की 'नाहमात्मानमाशासे' "मैं निज आत्मा को भी भक्त-साधुजन को छोड़कर अधिक महत्त्व नहीं देता हूँ।" उक्ति से सुस्पष्ट

हुआ है।

जागतिक विषयसुख से आत्मानन्द सुख अति प्रचुर है। कारण, आत्मा अकृत्रिम सुखरूप तो है ही, उपरन्तु उसके सम्पर्क से ही आरोपित विषय सुख का अनुभव मुग्धता से होता है। विवेकि व्यक्तिगण, आत्मानन्दरूप सुखानुभव के निमित्त विषयसुख का त्याग वितृष्णा के सहित करते हैं। प्रश्न हो सकता है कि—श्रीवृन्दावन निवासिओं का क्या तज्जातीय विषयसुख नहीं है? है, परिपूर्ण रूप से है, उन सबके आत्मा, अन्तर्य्यामी परमप्रिय, श्रीकृष्ण ही हैं। श्रीवृन्दावन निवासि जनगण उक्त श्रीकृष्णानुभव सुख का अभिलाषी हैं। जगत् में प्रायश विषयसुखान्वेषण में जनगण निरत हैं। क्वचित् कोई बिरल विवेकीजन आत्मानन्द का अभिलाषी होता है। श्रीवृन्दावनस्थ पशुपक्षी पर्य्यन्त समस्त वस्तु विवेक-विज्ञान समन्वित हैं, एवं निर्मल प्रेमभास्कर ज्योति से श्रीवृन्दावन सतत उद्भासित है।

जागतिक विषयसुख के प्रति अज्ञानकृत मोह से जीवगण धावित होते हैं, श्रीवृन्दावनवासिओं का तादृश मोह की सम्भावना है ही नहीं। तज्जन्य श्रीवृन्दावन निवासिओं का कभी भी विषयसुख अर्थात् पारस्परिक शब्दस्पर्शादिरूप सुखोपभोग की लालसा नहीं होती है। वे सब निरन्तर श्रीकृष्णानुभवसुख में निमग्न हैं। श्रीकृष्णानुभव सुख वार्त्ता को व्यक्त करने की शक्ति एवं भाषा जीव की नहीं है।

श्रीविश्वनाथ चक्रवर्त्ती पाद की भाषा यह है—"नेत्रार्वुदस्यैव भवन्तु कर्णनासारसज्ञा हृदयार्वुदम्वा सौन्दर्य्यसौस्वर्य्यसुगन्धपूरमाधुर्य्यसंश्लेषरसानुभूत्यै।" श्रीकृष्ण सौन्दर्य्य सौस्वर्य्य सुगन्धराशि माधुर्य्य रसानुभव के निमित्त अर्वुद नयन, अर्वुद कर्ण, अर्वुद नासा, अर्वुद रसना एवं अर्वुद हृदय हो। (प्रेमसम्पुट)

श्रीमन्महाप्रभु की उक्ति भी यह है, (चै० च० अ०)—

कृष्णरूपामृतसिन्धु ताहार तरङ्गबिन्दु
सेइ बिन्दु जगत् डुवाय।
त्रिजगते यत नारी तार चित्त उच्च गिरि
ताहे डुबाय आगे उठि धाय॥
कृष्ण वचनमाधुरी नाना रस नर्मधारी
तार अन्याय कथन ना याय।
जगते नारीर काने माधुरीगुणे बान्धे टाने,
टानाटानि कानेर प्राण याय॥
कृष्ण अङ्ग सुशीतल, कि हइवे तार बल,
छटाय जिने कोटीन्दु चन्दन।
सशैल नारीर वक्ष, ताहा आकर्षिते दक्ष,
आकर्षये नारीगण मन॥
कृष्णाङ्ग सौरभ्यभर, मृगमद मदहर,
नीलोत्पलेर हरे गर्व धन।
जगत् नारीर नासा, तारभितर करे बासा,
नारीगणे करे आकर्षण॥
कृष्णेर अधरामृत ताहे कर्पूर मन्दस्मित,
स्व-माधुर्य्ये हरे नारी मन।
अन्यत्र छाड़ाय लोभ, ना पाइले मनः क्षोभ,
व्रजनारीगणेर मूलधन॥

संस्मरेत् साधको धीमान् विलासैकनिकेतनम् । एकीभावो द्वयोर्यत्र वृक्षयोर्मध्यदेशतः ॥२५५॥
तदधश्चिन्तयेद्देवि मणिमण्डपमुत्तमम् । त्रिलोकीसुखसर्वस्वं सुयन्त्रं केलिवल्लभम् ॥२५६॥
तत्र सिंहासने रम्ये नानारत्नमये सुखे । सुमनोऽधिकमाधुर्य्यकोमले सुखसंस्तरे ॥२५७॥
धर्मार्थकाममोक्षाख्यचतुष्पादैर्विराजिते । ब्रह्मविष्णुमहेशानां शिरोभूषणभूषिते ॥२५८॥
तत्र प्रेमभराक्रान्तं किशोरं पीतवाससम् । कलयकुसुमश्यामं लावण्यैकनिकेतनम् ॥२५९॥
लीलारससुखाम्भोधि-संमग्नं सुखसागरम् । नवीननीरदाभासं चन्द्रकाश्चितकुन्तलम् ॥"२६०॥
इत्यादि ।

मृत्युञ्जयतन्त्रे च—

"ब्रह्माण्डस्योर्द्ध्वतो देवि ब्रह्मणः सदनं महत् । तदूर्द्ध्वं देवि विष्णूनां तदूर्द्ध्वं रुद्ररूपिणाम् ॥२६१॥
तदूर्द्ध्वञ्च महाविष्णोर्महादेव्यास्तदूर्द्ध्वगम् । कालातिकालयोश्चाथ परमानन्दयोस्ततः ॥२६२॥
पारे पुरी महादेव्याः कालः सर्वभयावहः । ततः श्रीरत्नपीयूषवारिधिर्नित्यनूतनः ॥२६३॥
तस्य तीरे महाकालः सर्वग्राहकरूपधृक् । तस्योत्तरे समुद्भासो रत्नद्वीपः शिवाह्वयः ॥२६४॥
उद्यच्चन्द्रोदयः क्षुब्धरत्नपीयूषवारिधेः । मध्ये हेममयीं भूमिं स्मरेन्माणिक्यमण्डिताम् ॥२६५॥
षोड़शद्वीपसंयुक्तां कलाकौशलमण्डिताम् । वृन्दावनसमूहैश्च मण्डितां परितः शुभैः ॥२६६॥
तन्मध्ये नन्दनोद्यानं मदनोन्मादनं महत् । अनल्पकोटिकल्पद्रुवाटीभिः परिवेष्टितम् ॥"२६७॥
इत्यादि ;

"तन्मध्ये विपुलां ध्यायेद्वेदिकां शतयोजनाम् । सहस्रादित्यसङ्काशां………"२६८॥ इत्यादि ;

योगपीठ—हे देवि ! श्रीवृन्दावन के जिस स्थान में कल्पवृक्षद्वय के मध्यदेश एकीभावापन्न हुये हैं, उसके तलदेश में उत्तम मणिमण्डप की चिन्ता करे। तन्मध्य में त्रिलोकी का सुख सम्पत् सर्वस्व केलिवल्लभ उत्तम यन्त्र नाना रत्नखचित मनोहर सिंहासन है। उसमें कुसुम से भी अतीव सुकोमल माधुर्य्यपूर्ण सुखमय आस्तरण है।

उक्त सिंहासन धर्मार्थकाममोक्ष नामक स्तम्भ चतुष्टय के द्वारा अवष्टम्भित है, एवं ब्रह्मा-विष्णु-महेश्वर के शिरोभूषण के द्वारा विभूषित है। ईदृश मनोरम सिंहासन में प्रेमभराक्रान्त किशोर-पीतवसन, कलायकुसुम सदृश श्यामवर्ण, लावण्यराशि का एकमात्र आश्रय, लीलारससुखसागर में निमग्न, सुखसागर, नवीननीरदाभास, मयूरपुच्छचूड़ा शोभित कुण्डल श्रीकृष्ण का ध्यान करे। इत्यादि।२४८-२६०।

मृत्युञ्जयतन्त्र में भी लिखित है—हे देवि ! ब्रह्माण्ड के उपरिभाग में ब्रह्मा का महत् सदन है। हे देवि ! उसके ऊर्द्ध्व में विष्णुओं का, उसके ऊपर रुद्रस्वरूपों का सदन है। उसके उपरिभाग में महाविष्णु का स्थान है, उसके ऊपर महादेवी का स्थान है। उसके बाद कालातिकाल परमानन्द का स्थान है। महादेवीपुरी के परपार में सर्वभयावह काल विद्यमान है। उसके पश्चात् नित्यनूतन श्रीरत्न पीयूषवारिधि हैं। उसके तीरदेश में सर्वग्राहक रूपी महाकाल भवन है। उसके उत्तरभाग में उद्भासित रत्नद्वीप शिवलोक है। क्षुब्धरत्नपीयूषवारिधि से उदित चन्द्र के समान माणिक्यमण्डित हेममय भूमि का स्मरण करे। वह षोड़श द्वीप संयुक्त, कलाकोशल मण्डित एवं सब ओर मङ्गलमय वृन्दावनसमूह के द्वारा मण्डित है। तन्मध्य में नन्दनोद्यान सुवृहत् मदनोन्मादन स्थान है। वह अनल्पकोटि कल्पवृक्ष वाटिका के द्वारा वेष्टित है। उसके मध्य में सहस्रादित्य शङ्काश शतयोजन विस्तृत विपुल वेदिका का ध्यान करे। इत्यादि।२६१-२६८।

"तस्यान्तरे महापीठं महाचक्रसमन्वितम् । तन्मध्ये मण्डपं ध्यायेद्व्याप्तब्रह्माण्डमण्डलम् ॥"२६९॥ इत्यादि ;

"ध्यायेत्तत्र महादेवीं स्वयमेव तथाविधः । रक्तपद्मनिभां देवीं बालार्ककिरणोपमाम् ॥"२७०॥ इत्यादि ;

"पीतवस्त्रपरीधानां वंशयुक्तकराम्बुजाम् । कौस्तुभोद्दीप्तहृदयां वनमालाविभूषिताम् ।
श्रीमत्कृष्णाङ्कपर्य्यङ्कनिलयां परमेश्वरीम् ॥"२७१॥ इत्यादि ;

"इति ध्यात्वा तथा भूत्वा तस्या एव प्रसादतः । तदाज्ञया परानन्दमेत्यानन्दकलावृतम् ॥२७२॥
तदाकर्णय देवेशि कथयामि तवानघे । एतदन्तर्महेशानि श्वेतद्वीपमनुत्तमम् ॥२७३॥
क्षीराम्भोनिधिमध्यस्थं निरन्तरसुरद्रुमम् । उद्यदर्द्धेन्दुकिरणदूरीकृततमोभरम् ॥२७४॥
कालमेघसमालोक-नृत्यद्बर्हिकदम्बकम् । कूजत्कोकिलसङ्घेन वाचालितजगत्त्रयम् ॥२७५॥
नानाकुसुमसौगन्ध्यवाहिगन्धवहान्वितम् । कल्पवल्लीनिकुञ्जेषु गुञ्जद्भृङ्गगणान्वितम् ॥२७६॥
रम्यावाससहस्रेण विराजितनभस्तलम् । रम्यनारीसहस्रौघैर्गायद्भिः समलङ्कृतम् ॥२७७॥
गोवर्द्धनेन महता रम्यावासविनोदिना । शोभितं शुभचिह्नेन मानदण्डेन चापरम् ॥२७८॥
अवाचीप्राच्युदीच्याशाः क्रमायतविवृद्धया । व्याप्ता यमुनया देव्या नीलमेघाम्बुशोभया ।
तन्मध्ये स्फटिकमयं भवनं महदद्भुतम् ॥"२७९॥ इत्यादि ;

"तत्तदन्तर्महाकल्पमन्दारादिद्रुमैर्वृतम् । तत्तन्मध्ये समुद्भास-वृन्दावनकुलाकुलम् ॥"२८०॥ इत्यादि ;
"कुत्रचिद्रत्नभवनं कुत्रचित् स्फटिकालयम् ॥"२८ ॥ इत्यादि ;

उसके अभ्यन्तर में महाचक्रसमन्वित महापीठ विराजित है । उसके मध्य में व्याप्त ब्रह्माण्ड मण्डल मण्डप का ध्यान करे ।२६९।

रक्तपद्मनिभ बालार्क किरण सदृश महादेवी का ध्यान करे । जिनके परिधान में पीत वसन है, वंशी से कराम्बुजशोभित है, कौस्तुभ से हृदय उद्दीप्त है, एवं वनमाला से विभूषित है । परमेश्वरी श्रीकृष्ण के अङ्क पर्य्यङ्क में अवस्थित हैं ।२७०-२७१।

इस प्रकार ध्यान करके उनकी प्रसन्नता रूपी आज्ञा से आनन्द कलावृत परानन्द की प्राप्ति होती है ।२७२।

हे अनघे ! हे देवेशि ! मैं कहता हूँ, श्रवण करो, इसके मध्य में अनुत्तम श्वेतद्वीप है ।२७३।

वह क्षीराब्धि के मध्य में है, सुरद्रुमों के द्वारा निविड़ रूप से शोभित है, उदीयमान अर्द्धेन्दु किरण के द्वारा तमः समूह को विदूरित करके स्थित है ।२७४।

कालमेघ के समान कान्ति को देखकर मयूरसमूह नृत्य करते रहते हैं, कदम्ब पादपसमूह शोभित है । कूजत् कोकिल सङ्घ के द्वारा वह मुखरित है ।२७५।

विविध कुसुमगन्धवहनकारी गन्धवह समन्वित है, कल्पवल्लीनिकुञ्ज में भृङ्गवृन्द गुञ्जनरत हैं ।२७६।

रम्य आवास सहस्र के द्वारा नभःस्थल व्याप्त है, रम्य नारीसमूह के सङ्गीत के द्वारा वह समलङ्कृत है ।२७७।

रम्य आवासविनोदी महान् गोवर्द्धन पर्वत के द्वारा शोभित है । मानों वह शुभ मानदण्ड चिह्न को विस्तार कर रहा है ।२७८।

अपरन्तु अवाची, प्राची, उदीची दिक् में क्रमशः विस्तृत नीलाम्बुद कान्तियुक्त जल के द्वारा परिपूर्ण श्रीयमुना देवी परिव्याप्त हैं । उसके मध्य में महदद्भुत स्फटिकमय भवन है ।२७९।

उसके मध्य स्थल में स्थान स्थान पर महाकल्पवृक्ष मन्दार प्रभृति का निविड़ वन है, उसके मध्य में समुज्ज्वल वृन्दावन विराजित है । उसमें कहीं पर रत्न भवन है, कहीं पर स्फटिकालय है ।२८०-२८१।

"गोपगोपैरसंख्यातैः सर्वतः समलङ्कृतम् । विपापं विलयं रम्यं सदा षडूर्मिवर्जितम् ।।"२८२।। इत्यादि;
"तस्य मध्ये मणिमयं मण्डपं तोरणान्वितम् । तन्मध्ये गरुड़ोद्वाहि-महामणिमयासनम् ।।"२८३।। इत्यादि;
"कल्पवृक्षसमुद्भासिरत्नभूधरमस्तके । ध्यायेत्तत्र परमानन्दं रमोपास्यं परं महः ।।२८४।।
स्मरेद्वृन्दावने रम्ये मोहयन्तमनारतम् । वल्लवीवल्लभं कृष्णं गोपकन्याः सहस्रशः ।।"२८५।। इत्यादि;
(श्रीपद्यावली ४६) "फुल्लेन्दीवरकान्तिमिन्दुवदनम्" इत्यादि च ।

एतदनन्तरं नित्यानित्यलोकविवेके देव्या पृष्टे श्रीशिव आह—

"शृणु देवि महामाये यन्नित्यं यदनित्यकम् । ब्रह्मादीनाञ्च सर्वेषां भवनानाञ्च पार्वति ।
विनाशोऽस्तीह सर्वेषां विना तद्भवनं तयोः ।।"२८६।। इति ।

पूर्वोक्तयोः श्रीभगवन्महादेव्यो रित्यर्थः । तस्मात् "या यथा भुवि वर्त्तन्ते" इति न्यायाच्च स्वतन्त्र एव द्वारका-मथुरा-गोकुलात्मकः श्रीकृष्णलोकः स्वयं-भगवतो विहारास्पदत्वेन भवति

असंख्य गोपगोपीके द्वारा सर्वतः समलङ्कृत है । वह पापरहित है, प्रलयवर्जित है, मनोहर है, एवं षड् ऊर्म्मिवर्जित है ।२८२।

उसके मध्य में तोरणान्वित मणिमय मण्डप है, तन्मध्य में गरुड़ोद्वाहि महामणिमय सिंहासन है ।२८३।

कल्प वृक्ष के द्वारा समुद्भासित रत्न भूधर के मस्तक में रमोपास्य परमानन्द परं महः का ध्यान करे ।२८४।

रम्य वृन्दावन में सतत मोहन परायण गोपकन्या सहस्रावृत वल्लवीवल्लभ श्रीकृष्ण का स्मरण करे ।२८५।

पद्यावली में वर्णित है । ४६)

"फुल्लेन्दीवरकान्तिमिन्दुवदनं बर्हावतंसप्रियं श्रीवत्साङ्कमुदारकौस्तुभधरं पीताम्बरं सुन्दरं ।
गोपीनां नयनोत्पलार्चिततनुं गोगोपसङ्घावृतं गोविन्दं कलवेणुवादनपरं दिव्याङ्गभूषं भजे ।।

प्रफुल्ल इन्दीवर के समान कान्ति, बर्हावतंस प्रिय, श्रीवत्साङ्क कौस्तुभयुक्त, पीताम्बर के द्वारा सुन्दर, गोपिओं के नयनोत्पल के द्वारा अर्च्चित तनु, गो गोप सङ्घावृत कलवेणुवादनरत दिव्याङ्ग भूषण समलङ्कृत श्री गोविन्द का भजन करें ।

इस के अनन्तर नित्यानित्य लोक विषयक परिज्ञान हेतु देवी के प्रश्नोत्तर में श्रीशिव कहे थे—

हे देवि ! हे महामाये ! नित्य एवं अनित्य लोक का विवरण श्रवण करें, हे पार्वति ! ब्रह्मादि प्रभृति के समस्त भवनों का विनाश है, किन्तु श्रीराधा कृष्ण समस्त भवनों का विनाश नहीं है ।२८६।

"तयोः" शब्द का अर्थ है,—पूर्वोक्त मृत्युञ्जय तन्त्र में वर्णित श्रीभगवान् श्रीकृष्ण एवं महादेवी स्वरूप--श्रीराधा, उन दोनों के भवनसमूह अविनाशी हैं ।२८६।

अतएव पूर्वोक्त स्कन्द पुराण के वचन में वर्णित है,—पृथिवी में जो सब भगवत् पुरी विराजित हैं, श्रीवैकुण्ठ में भी उक्त पुरीसमूह अविकल रूपमें अवस्थित हैं । उसके बाद उक्त आगमवचन के द्वारा प्रतीत हुआ कि—श्रीकृष्ण लोक, निखिल भगवल्लोक के उपरि भाग में विराजित है । सुतरां द्वारका, मथुरा गोकुलात्मक श्रीकृष्ण लोक, स्वयं भगवान् के विहारास्पद रूपमें सर्वोपरि विराजित हैं, यह शास्त्र वचनों से प्रमाणित हुआ ।

अतएव श्रीवृन्दावन—जिसका अपर नाम-श्रीगोकुल है, वह सर्वोपरि विराजित होकर श्रीगोलोक नाम से प्रसिद्ध है, अर्थात् पृथिवी में विराजमान श्रीवृन्दावन का जो प्रकाश निखिल वैकुण्ठ के उपरि भाग

सर्वोपरीति सिद्धम् । अतएव वृन्दावन-गोकुलमेव सर्वोपरि विराजमानं गोलोकत्वेन प्रसिद्धम् । ब्रह्मसंहितायाम् (५।१) "ईश्वरः परमः कृष्णः" इत्युपक्रम्य (ब्र० सं० ५।१-६)—

"सहस्रपत्रं कमलं गोकुलाख्यं महत्पदम् । तत् कर्णिकारं तद्धाम तदनन्तांश-सम्भवम् ॥२८७॥
कर्णिकारं महद्यन्त्रं षट्कोणं वज्रकीलकम् । षडङ्ग-षट् पदीस्थानं प्रकृत्या पुरुषेण च ॥२८८॥
प्रेमानन्द-महानन्दरसेनावस्थितं हि यत् । ज्योतीरूपेण मनुना कामवीजेन सङ्गतम् ॥२८९॥
तत्किञ्जल्कं तदंशानां तत्पत्राणि श्रियामपि ॥२९०॥
चतुरस्रं तत्परितः श्वेतद्वीपाख्यमद्भुतम् । चतुरस्रं चतुर्मूर्त्तेश्चतुर्धाम चतुष्कृतम् ॥२९१॥
चतुर्भिः पुरुषार्थैश्च चतुर्भिर्हेतुभिर्वृतम् । शूलैर्दशभिरानद्धमूर्द्ध्वाधो दिग्विदिक्षु च ॥२९२॥
अष्टभिर्निधिभिर्जुष्टमष्टभिः सिद्धिभिस्तथा । मनुरूपैश्च दशभिर्दिक्पालैः परितो वृतम् ॥२९३॥
श्यामैर्गौरैश्च रक्तैश्च शुक्लैश्च पार्षदर्षभैः । शोभितं शक्तिभिस्ताभिरद्भुताभिः समन्ततः ॥'२९४॥ इति ।

तत्राग्रे ब्रह्मस्तवे (ब्र० सं० ५।२९)—"चिन्तामणिप्रकरसद्मसु कल्पवृक्ष-लक्षावृतेषु सुरभीरभिपालयन्तम्" इत्युपक्रम्य (ब्र० सं० ५।४३)—

में अवस्थित है, वह ही श्रीगोलोक है ।

ब्रह्म संहिता के ५।१ श्लोक में वर्णित है—

"ईश्वरः परमः कृष्णः सच्चिदानन्द विग्रहः ।
अनादिरादि र्गोविन्दः सर्व कारण कारणम् ॥"

श्रीकृष्ण, परम ईश्वर हैं, सच्चिदानन्द विग्रह हैं, अर्थात् उनकी श्रीमूर्त्ति, नित्य ज्ञानानन्दस्वरूप है, आप स्वयं अनादि हैं, अतः समग्र तत्त्वों में अनादि हैं, आप सब के मूल हैं, आपके पहले अपर कोई तत्त्व नहीं हैं, आपका अपर नाम श्रीगोविन्द हैं, आप अनन्त जगत् कारणों के समस्त कारणों के मूल कारण स्वरूप हैं । इस कथन के द्वारा प्रारम्भ कर २-५ श्लोक के द्वारा उनके धाम का विस्तृत वर्णन किये हैं ।

महा भगवान् श्रीकृष्णका गोकुल नामक धाम का प्रतिपादन करते हैं,—उक्त स्थान-सहस्रदल कमल सदृश है, उक्त कमल की कर्णिका ही उनका धाम है । अनन्त का अंश से ही उक्त गोकुल नामक धाम सतत आविर्भूत है ।

उक्त कर्णिका हीरक—कीलक शोभित षट् कोण महद् यन्त्र स्वरूप है । उक्त षट् कोण में षट् पदी श्रीमदष्टादशाक्षर मन्त्र विन्यस्त है । उक्त कर्णिका,-प्रेमानन्द जनित जो महानन्द रस है, तदात्मक प्रकृति पुरुष कर्त्तृक अधिष्ठित है, एवं ज्योति रूप काम वीज का स्थान है ।

उक्त सहस्रदल कमल का किञ्जल्क,-श्रीकृष्ण के अंश स्वरूप स्वजाति गोप वृन्द का निवास स्थान है, कमल पत्र, श्रीगोपीवृन्द का निवास स्थान है ।

श्रीगोकुल के चतुर्दिक में श्वेत द्वीप नामक एक अत्यद्भुत धाम है, उक्त श्वेत द्वीप चतुर्भाग में विभक्त है । एवं चतुर्दिक में वासुदेव, सङ्कर्षण, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध के चतुर्धाम है, वह चतुर्विध पुरुषार्थ एवं चतुर्विध पुरुषार्थ साधन के द्वारा पूजित हैं, ऊर्द्ध्व अधः प्रभृति दिक् विदिक् अर्थात् दशदिक् दशशूल के द्वारा आनद्ध हैं, पद्म, महापद्म, मकर, कच्छप मुकुन्द, नील, नन्द एवं शङ्ख रूप अष्टनिधि एवं अणिमा-महिमा लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशिता, वशित्व एवं कामावशायिता रूप अष्ट सिद्धि से सेवित है, मन्त्र स्वरूप इन्द्रादि इन्द्र, अग्नि, यम, निर्ऋत, वरुण, मरुत, कुवेर, ईश, ब्रह्म अनन्त, रूप दशदिक् पाल कर्त्तृक परि रक्षित है एवं श्याम गौर, रक्त, शुक्ल वर्ण पार्षद वृन्द के द्वारा परिवृत तथा सर्वदिक् अत्याश्चर्य्य शक्ति समूह से सुशोभित हैं ।२८७। ।२९४।

"गोलोकनाम्नि निजधाम्नि तले च तस्य, देवी-महेश-हरि-धामसु तत्र तत्र।
ते ते प्रभावनिचया विहिताश्च येन, गोविन्दमादिपुरुषं तमहं भजामि॥" २६५॥ इति।

व्याख्यामाह—सहस्राणि पत्राणि यत्र तत् कमलं चिन्तामणिमयं पद्मं तद्रूपम्। तच्च महत् सर्वोत्कृष्टं पदं महतो महाभगवतो वा पदं श्रीमहावैकुण्ठरूपमित्यर्थः। तत्तु नानाप्रकारमित्याशङ्क्य प्रकारविशेषत्वेन निश्चिनोति—गोकुलाख्यमिति। गोकुलमित्याख्या रूढ़िर्यस्य तत् गोगोपावासरूपमित्यर्थः, 'रूढ़िर्योगमपहरति' इति न्यायेन तस्यैव प्रतीतेः। तत एतदनुगुणत्वेनैवोत्तरग्रन्थोऽपि व्याख्येयः। तस्य श्रीकृष्णस्य धाम श्रीनन्दयशोदादिभिः सह वासयोग्यं महान्तःपुरम्। तस्य स्वरूपमाह—तदिति। अनन्तस्य श्रीबलदेवस्यांशात् सम्भवो नित्याविर्भावो यस्य तत्। तथा तन्त्रेणैतदपि बोध्यते। अनन्तोऽंशो यस्य तस्य श्रीबलदेवस्यापि सम्भवो निवासो यत्र तदिति। सर्वमन्त्रगणसेवितस्य श्रीमदष्टादशाक्षराख्य-महामन्त्रराजस्य बहुपीठस्य मुख्यं पीठमिदमेवेत्याह—'कर्णिकारम्' इति द्वयेन। 'महद्यन्त्रम्' इति यत्प्रतिकृतिरेव सर्वत्र यन्त्रत्वेन पूजार्थं लिख्यत इत्यर्थः। यन्त्रत्वमेव दर्शयति—

अनन्तर आदि गुरु श्रीकृष्ण से त्रयीविद्या प्राप्तकर श्रीकृष्ण की स्तुति श्रीब्रह्माने की उसका प्रथम श्लोक यह है—चिन्तामणि प्रकट सद्मसु कल्पवृक्षलक्षावृतेषु सुरभि रभिपालयन्तम् लक्ष्मीसहस्रशत सम्भ्रम सेव्य मानम् गोविन्दमादि पुरुषं तमहं भजामि।५।२६।

श्रीकृष्ण धाम चिन्तामणि निर्मित गृह समूह से सुशोभित हैं, लक्ष लक्ष कल्प वृक्ष समावृत हैं, उक्त गोकुल नामक धाम में जो सुरभि पालनरत हैं, जिनकी सेवा शत शत ब्रज लक्ष्मी गण आदर पूर्वक करती रहती हैं, उन आदि पुरुष श्रीगोविन्द देवका भजन मैं करता हूँ।५।२६। ५।४३ में उक्त हैं—

गोलोकनाम्नि निजधाम्नि तले च तस्य देवी महेश हरिधामसु तेषु तेषु,
ते ते प्रभावनिचया बिहिताश्चयेन गोविन्दमादिपुरुषं तमहं भजामि।"

श्रीवृन्दावन का अभिन्न प्रकाश स्वरूप श्रीगोलोक धाम के क्रमशः निम्नदेश में हरिधाम, महेश्वर धाम, एवं देवीधाम बिलसित हैं, उक्त धाम समूह में एवं निजधाम में शास्त्र विहित प्रभाव का प्रकाश जो निरन्तर करते रहते हैं, मैं उन आदि पुरुष श्रीगोविन्द देव का भजन करता हूँ।

अनन्तर 'सहस्र पत्र कमलं' इत्यादि श्लोक समूह की व्याख्या करते हैं। 'सहस्र पत्रं कमलं' सहस्र पत्र दल जिसमें हैं, इस प्रकार कमलहै। वह पद्म चिन्तामणिमय है, चिन्तामणि-सर्वाभीष्ट पूरक मणि है। श्रीवृन्दावन की भूमि चिन्तामणिमय है, उक्त भूमि को आश्रय करने से अखिल वाञ्छा पूर्त्ति होती है।

वह महत् पद है, अर्थात् सर्वोत्कृष्ट स्थान है, अथवा महत् महा भगवान् का पद—स्थान श्रीमहा-वैकुण्ठ रूप है। महावैकुण्ठ अनेक प्रकार होने से विशेष रूपसे निश्चय करके कहते हैं, 'गोकुलाख्यं' 'गोकुल' यह आख्या ख्याति है, जिस की, अर्थात् गोकुलनाम से प्रसिद्ध गो गोपावास है। इस प्रकार अर्थ-- गोकुल शब्दकी रूढ़ि वृत्ति से हुआ है, मुख्य लक्षणागुण भेद से शब्द वृत्ति त्रिविध हैं, मुख्यावृत्ति रूढ़ योग भेद से द्विविधा है, रूढ़ स्वरूप जाति एवं गुण के द्वारा निर्देशार्ह वस्तु में संज्ञा संज्ञि सङ्केत से प्रवर्त्तित होती है, उदाहरण –'डित्थः, गौः, शुक्लः' योग—एतत्त्रिविध वृत्ति प्रतिपादित पदार्थ का प्रकृति प्रत्ययार्थ के योग से होता है। यथा—'पङ्कजं, औपगवः, पाचकः।'

मण्डप शब्द का यौगिकवृत्ति से अर्थ है 'मण्डपायी' रूढ़ि वृत्तिसे देवगृह। मण्डप शब्दका रुढ़ि वृत्ति

षट्कोणा अभ्यन्तरे यस्य तत् 'वज्रकीजकम्', कर्णिकारे वीजरूपहीरककीलकशोभितम्। षट्कोणत्वे प्रयोजनमाह—षट् अङ्गानि यस्याः सा या षट्पदी श्रीमदष्टादशाक्षरी तस्याः स्थानम्। प्रकृतिर्मन्त्रस्य स्वरूपं स्वयमेव श्रीकृष्णः, कारणरूपत्वात्, पुरुषश्च स एव तदधिष्ठातृदेवतारूपः ताभ्यामवस्थितमधिष्ठितम्। ऋष्यादि-स्मरणे हि तथा प्रसिद्धम्। किञ्च, द्वयोरपि विशेषणं प्रेमेति। प्रेमरूपा ये आनन्दा महानन्दरसास्तत्परिपाकभेदास्तदात्मकेन, तथा ज्योतीरूपेण स्वप्रकाशेन मनुना मन्त्ररूपेण च कामबीजेनावस्थितमिति मूलमन्त्रान्तर्गतत्वेऽपि पृथगुक्तिः कुत्रचित् स्वातन्त्र्यापेक्षया। तदेवं तद्धामोक्त्वा तदावरणान्याह—तदिति। तस्य कर्णिकारस्य किञ्जल्कं किञ्जल्कास्तद्दृग्नाभ्यन्तरवलय इत्यर्थः। तदंशानां तस्मिन्नंशो दायो विद्यते येषां तेषां सजातीयानां धामेत्यर्थः। गोकुलाख्यमित्युक्तेरेव तेषां तज्जातीयत्वमेवोक्तं श्रीशुकेन च (भा० १०।३६।१५)—

"एवं ककुद्मिनं हत्वा स्तूयमानः स्वजातिभिः।
विवेश गोष्ठं सबलो गोपीनां नयनोत्सवः॥"२८६॥ इति।

लब्ध अर्थ प्रसिद्ध है। गोकुल शब्द का योग वृत्ति प्रतिपादित अर्थ—गोसमूह है, किन्तु गो गोपावास रूप स्थान विशेष रूप अर्थ का लाभ रूढ़ि वृत्ति से होता है, अतएव रूढ़ि वृत्ति प्रतिपादित गोकुल शब्द का अपर अर्थ करना उचित नहीं है।

अतएव इस श्लोक के आनुगत्य से ही ब्रह्मसंहितोक्त श्लोक समूह की व्याख्या होगी, अर्थात् उक्त श्लोक समूह का तात्पर्य भी गो गोपावासरूप गोकुल में पर्य्यवसित होगा। (तद्धाम) श्रीकृष्ण का धाम,-श्रीनन्द यशोदा के सहित निवास योग्य महाअन्तःपुर।

गोकुल का स्वरूप वर्णन करते हैं, 'तदनन्तांश सम्भवम्' श्रीगोकुल—अनन्त श्रीबलदेव के अंश से सम्भूत है, अर्थात् श्रीबलदेव के अंशसे श्रीगोकुल का नित्याविर्भाव है। उभयार्थ प्रकाशक रूप तन्त्ररीति से प्रतीत होता है कि—अनन्त-अंश है जिनका, इस प्रकार श्रीबलदेवका निवास स्थान ही श्रीगोकुल नाम से प्रसिद्ध है। अर्थात् उक्त गोकुल भूमि, श्रीकृष्ण बलराम की विहार भूमि है।

निखिल मन्त्र गण सेवित श्रीदृमष्टादशाक्षर महामन्त्र राजके अनेक योग पीठ विद्यमान होने से भी, 'कर्णिकारं महद्यन्त्रं' श्लोक द्वय के द्वारा श्रीकृष्ण का मुख्य उपवेशनस्थान रूप योग पीठक वर्णन करते हैं, सहस्र दलाकृति कमल तुल्य गोकुल का कर्णिकार महद् यन्त्र है, अर्थात् जिनकी प्रतिकृति सवत्र मन्त्र रूप में लिखित है, उनकी आकृति उक्त रूप ही है, यन्त्रत्व का प्रदर्शन करते हैं, वह षट् कोण है, अर्थात् जिसके अभ्यन्तर में षट् कोण हैं, इस प्रकार यन्त्र उक्त षट् कोण कर्णिकार वज्र कीलक—हीरक कीलक द्वारा शोभित है, स्तम्भ को कीलक कहते हैं, "गवां गात्र कण्डुयनार्थं गोष्ठे निखातः स्तम्भः यत्र, बद्धा गौ र्दुह्यते वा"। गो समूह के गात्र कण्डुयन निमित्त, अथवा गो दोहन निमित्त गोष्ठ में प्रथित काष्ठ दण्ड को खूँटाको कीलक कहते हैं। षट् कोण को सार्थक करते हैं, षड़ङ्ग-षट्पदीस्थ नं' षट संख्यक अङ्ग पद है जिस का वह षट् पदी—श्रीमदष्टादशाक्षर मन्त्र, उसका स्थान। 'प्रकृत्या पुरुषेण च' पद की व्याख्या करते हैं, प्रकृतिः, मन्त्र का स्वरूप,—उक्त मन्त्रका कारण स्वरूप श्रीकृष्ण ही हैं। अतएव अष्टादशाक्षर मन्त्रकी प्रकृति श्री-कृष्ण हैं, उक्तमन्त्र देवता-श्रीकृष्ण ही हैं, अतः पुरुष श्रीकृष्ण हैं, अर्थात् जिस से मन्त्र का आविर्भाव होता है, उसे प्रकृति कहते हैं, जो मन्त्र का देवता है, अर्थात् मन्त्र का प्रतिपाद्य अथवा उपास्य है, वह मन्त्र का

तस्य कमलस्य पत्राणि श्रियां तत्प्रेयसीनां श्रीराधादीनामुपवनरूपाणि धामानीत्यर्थः। अत्र पत्राणामुच्छ्रितप्रान्तानां मूलसन्धिषु वर्त्मानि, अग्रिमसन्धिषु गोष्ठानि ज्ञेयानि। अखण्ड-कमलस्य गोकुलाख्यत्वात् तथैव समावेशाच्च। अथ गोकुलावरणान्याह—'चतुरस्रम्' इति। तस्य गोकुलस्य बहिः सर्वतश्चतुरस्रं चतुष्कोणात्मकं स्थानं श्वेतद्वीपाख्यम्। तदंशे गोकुलमिति नामविशेषाभावात्। किन्तु चतुरस्राभ्यन्तरमण्डलं वृन्दावनाख्यं बहिर्मण्डलं केवलं श्वेतद्वीपाख्यं ज्ञेयम्। गोलोक इति यत्पर्य्यायः। तदेतदुपलक्षणं गोलोकाख्यञ्चेत्यर्थः।

पुरुष होता है, यह शास्त्र नियम है। श्रीकृष्ण,—श्रीमदष्टादशाक्षर मन्त्र की प्रकृति एवं पुरुष हैं। गोकुलाख्य सहस्रदल कमल, उभय का ही अधिष्ठान है, प्रकृति पुरुष उभय का विशेषण,-'प्रेमानन्द महानन्द रसेन' प्रेम रूप जो आनन्द—महानन्द रस, प्रेमानन्द समूह ही महानन्दरस राशि है, अर्थात् प्रेमानन्द का परिपाक विशेष है। उस महानन्द रस स्वरूप में भी ज्योति रूप है, अर्थात् स्व प्रकाश मन्त्ररूप में एवं कामवीज में प्रकृति पुरुष रूप श्रीकृष्ण अवस्थित हैं।

काम वीज, मूल मन्त्रका अन्तर्भुक्त ही है, तथापि अर्थ वैशिष्ट्य हेतु उसका पृथक् उल्लेख हुआ है, अष्टादशाक्षर मन्त्र में उसका पृथक् उल्लेख उक्त वैशिष्ट्य हेतु हुआ है। स्थल विशेष में पृथक् उल्लेख भी है, उसका कारण वीजमन्त्र स्वतन्त्र है।

श्रीकृष्ण धाम वर्णन के अनन्तर उक्त धाम का आवरण को कहते हैं, 'तत् किञ्जल्कम्' उक्त कर्णिकार का किञ्जल्क अर्थात् कर्णिकार संलग्न अभ्यन्तर वलय। तदंश-अर्थात् श्रीकृष्ण जिनके अंश दाय-विद्यमान हैं, ऐसा सजातीय गोपगणों का स्थान-धाम-वासस्थान। गोपगण-श्रीकृष्ण के सजाति हैं, उसका उल्लेख श्रीशुकदेवने किया है, भा० १०।३६।१५—

> एवं ककुद्मिनं हत्वा स्तुयमानः स्व जातिभिः।
> विवेश गोष्ठं सबलो गोपीनां नयनोत्सवः॥

वृष रूपी अरिष्टासुर को बध करने के पश्चात् सजाति कर्त्तृक स्तूयमान, गोपीगण का नयनानंद श्रीकृष्ण, श्रीबलदेव के सहित गोष्ठ में प्रविष्ट हुये थे।

उक्त कमल के पत्र समूह में महालक्ष्मी स्वरूपिणी श्रीकृष्ण प्रेयसी श्रीराधा प्रभृति के उपवन फल पुष्पोद्यान रूप धाम समूह हैं। उच्छ्रित पत्र समूह के प्रान्त भाग के मूल सन्धि समूह में मार्ग समूह हैं एवं अग्रिमसन्धि में गोष्ठ समूह की स्थिति है। कारण,—अखण्ड कमल का ही गोकुल नाम है, अतएव गोकुलस्थ निखिल सामग्रीओं का समावेश भी उक्त कमल के विभिन्न स्थानों में है।

अनन्तर "चतुरस्र" रूप से वर्णित गोकुल के आवरण का वर्णन करते हैं, गोकुल के बाहर चतुरस्र-अर्थात् चतुष्कोणात्मक स्थलका नाम श्वेत द्वीप है। कारण,-उक्त अंश विशेष में गोकुल नाम का प्रयोग नहीं होता है। किन्तु 'चतुरस्र'के अभ्यन्तर मण्डल, वृन्दावन नामसे विख्यात है, एवं बहिर्मण्डल, श्वेतद्वीप नामसे प्रसिद्ध है। अनुसन्धान पूर्वक इस को जानना आवश्यक है।

जिसका—पर्य्याय वाचि शब्द गोलोक है, गोकुल जिसके अभ्यन्तर में है, एवम्भूत स्थान का नाम श्रीवृन्दावन है-इस प्रकार निर्देश नहीं हुआ है, यह उपलक्षण है, अर्थात् गोलोक आख्या से भी विभूषित है। क्रोड़ीकृत समस्त बहिर्मण्डल को गोलोक एवं श्वेतद्वीप नाम से जानना होगा।

तात्पर्य्य यह है कि—गो एवं गोपावास रूप सहस्र दल कमल का नाम श्रीगोकुल अथवा श्रीवृन्दावन है, एवं उक्त गोकुल का बहिर्मण्डल चतुष्कोणात्मक स्थान, एवं अभ्यन्तरस्थ रूप गोकुल—उभय समष्टिका

यद्यपि गोकुलेऽपि श्वेतद्वीपत्वमस्त्येव, तदवान्तरभूमिमयत्वात्, तथापि विशेषनाम्नाम्नातत्वात् तेनैव तत्र प्रतीयत इति तथोक्तम्; किन्तु चतुरस्रेऽप्यन्तर्मण्डलं श्रीवृन्दावनाख्यं ज्ञेयम्, वृहद्वामन-स्वायम्भुवागमयोस्तथा दृष्टत्वात्। चतुर्मूर्त्तेश्चतुर्व्यूहस्य श्रीवासुदेवादिचतुष्टयस्य चतुष्कृतं चतुर्द्धा विभक्तं चतुर्धाम। किन्तु देवलीलत्वात्तदुपरिव्योमयानस्था एव ते ज्ञेयाः। हेतुभिः पुरुषार्थ-साधनैः मनुरूपैः स्वस्वमन्त्रात्मकैरिन्द्रादिभिः। श्यामैरिति चतुर्भिर्वेदैरित्यर्थः; (भा० १०।२८।१८) "कृष्णञ्च तत्र च्छन्दोभिः स्तूयमानं सुविस्मिताः" इति श्रीदशमोक्तेः। शक्तिभिरिति विमलादिभिरित्यर्थः। इयञ्च वृहद्वामनपुराणप्रसिद्धिः। यथा श्रीभगवति श्रुतीनां प्रार्थनापूर्वकानि पद्यानि—

'आनन्दरूपमिति यद्विदन्ति हि पुराविदः। तद्रूपं दर्शयास्माकं यदि देयो वरो हि नः ॥२९७॥
श्रुत्वैतद्दर्शयामास स्वं लोकं प्रकृतेः परम्। केवलानुभवानन्दमात्रमक्षरमव्ययम् ॥२९८॥
यत्र वृन्दावनं नाम वनं कामदुघैर्द्रुमैः। मनोरमनिकुञ्जाढ्यं सर्व्वर्त्तुसुखसंयुतम् ॥२९९॥
यत्र गोवर्द्धनो नाम सुनिर्झरदरीयुतः। रत्नधातुमयः श्रीमान् सुपक्षिगणसंकुलः ॥३००॥
यत्र निर्म्मलपानीया कालिन्दी सरितां वरा। रत्नबद्धोभयतटा हंसपद्मादिसङ्कुला ॥३०१॥
शश्वद्रासरसोन्मत्तं यत्र गोपीकदम्बकम्। तत्कदम्बकमध्यस्थः किशोराकृतिरच्युतः॥'' ३०२॥ इति।

नाम गोलोक है।

यद्यपि गोकुल में श्वेत द्वीपत्व है ही, कारण उसके अभ्यन्तर भूमिमय वह है, तथापि विशेष नाम के द्वारा वह परिचित है, अतएव पृथक पृथक् शब्दों से उक्त धाम का वर्णन हुआ है। किन्तु चतुरस्रात्मक स्थान में भी जो अन्तर्मण्डल है—उस का ही नाम श्रीवृन्दावन है।

वृहद्वामन पुराण एवं स्वायम्भुव गम में वर्णित प्रमाणों के द्वारा ही उस प्रकार निर्णय हुआ है।

गोलोक के बाहर में जो चतुष्कोण स्थान है, वह चतुर्धा विभक्त है, उस में क्रमणः श्रीवासुदेव, सङ्कर्षण, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध-मूर्त्ति चतुष्टय के धाम हैं। श्रीवासुदेवादि देवलील होने के कारण—धाम चतुष्टय के उपरिभाग में व्योमयान में वे सब अवस्थित होते हैं।

उक्त चतुष्कोण स्थान—धर्म, अर्थ, काम, मोक्षरूप चतुर्विध-एवं उक्त पुरुषार्थ वस्तु समूह को प्राप्त करने के उपाय समूह द्वारा व्याप्त हैं। उसके चतुर्दिक में मन्त्र रूपी—अर्थात् निज निज मन्त्रात्मक इन्द्रादि दिक्पाल गण अवस्थित हैं। एवं श्याम गौर, रक्त, शुक्ल—वर्णात्मक मूर्त्तिमान् ऋक् साम, यजुः, अथर्व वेद के द्वारा सुशोभित है। मूर्तिमान् वेदादि का वर्णन भा० १०।२८।१८ में इस प्रकार है—

'कृष्णञ्च तत्र च्छन्दोभिः स्तूयमानं सुविस्मिता इति।'

श्रीशुकदेव कहे थे—'उक्त श्रीगोलोक में मूर्त्तिमान् वेदगण कर्त्तृक स्तूयमान श्रीकृष्ण का दर्शन कर गोपगण अतिशय विस्मित हुये थे।' शक्तिभिः—शब्द से विमला, उत्कर्षिणी, ज्ञाना, क्रिया, योग, प्रह्वी, सत्या, ईशाना अनुग्रह रूप शक्ति समूह को जानना होगा, उक्त शक्ति समूह के द्वारा उक्त गोलोक धाम सुशोभित है।

श्रीकृष्ण लोक की ईदृशी स्थिति वार्त्ता वृहद्वामन पुराण में प्रसिद्ध है,—श्रीभगवान् के निकट प्रार्थना पूर्वक श्रुति समूह का कथन यह है—"यदि हम सव वर प्राप्त करने के योग्य हैं, तो पूर्वतन तत्त्व विद्गण जिन को आनन्द रूप जानते हैं, उस रूप का प्रदर्शन आप करें।' यह सुनकर प्रभुने प्रकृत के

एतदनुसारेण श्रीहरिवंशवचनमप्येवं व्याख्येयम् । तद् यथाह शक्रः—

"स्वर्गादूर्द्ध्वं ब्रह्मलोको ब्रह्मर्षिगणसेवितः। तत्र सोमगतिश्चैव ज्योतिषाञ्च महात्मनाम् ॥३०३॥
तस्योपरि गवां लोकः साध्यास्तं पालयन्ति हि । स हि सर्व्वगतः कृष्ण महाकाशगतो महान् ॥३०४॥
उपर्य्युपरि तत्रापि गतिस्तव तपोमयी। यां न विद्मो वयं सर्व्वे पृच्छन्तोऽपि पितामहम् ॥३०५॥
गतिः शमदमाढ्यानां स्वर्गः सुकृतकर्म्मणाम् । ब्राह्म्ये तपसि युक्तानां ब्रह्मलोकः परा गतिः ।
गवामेव तु गोलोको दुरारोहा हि सा गतिः ॥"३०६॥
स तु लोकस्त्वया कृष्ण सीदमानः कृतात्मना । धृतो धृतिमता वीर निघ्नतोपद्रवान् गवाम् ॥'३०७॥ इति ।

अस्यार्थः—'स्वर्ग'-शब्देन (भा० २।५।४२)—

"भूर्लोकः कल्पितः पद्भ्यां भुवर्लोकोऽस्य नाभितः ।
स्वर्लोकः कल्पितो मूर्ध्ना इति वा लोककल्पना ॥"३०८॥

इति द्वितीयोक्तानुसारेण स्वर्लोकमारभ्य सत्यलोकपर्य्यन्तं लोकपञ्चकमुच्यते। तस्मादूर्द्ध्वमुपरि

परस्थित निज लोक का दर्शन कराया। वह केवल अनुभवानन्द स्वरूप एवं ब्रह्म ज्योति के अभ्यन्तर में विराजित है, जहाँ कल्प वृक्षपूर्ण निकुञ्ज शोभित सर्वर्त्तु सुखावह श्रीवृन्दावन नामक वन है। उत्तम निर्झर युक्त एवं गह्वर समन्वित रत्नधातुमय शोभा सम्पन्न उत्तम पक्षिवृन्द सङ्कुल गोवर्द्धनगिरि है, निर्मल सलिला, रत्नबद्धोभयतटा हंस-पद्म प्रभृति द्वारा सुशोभिता नदी श्रेष्ठा कालिन्दी प्रवाहिता है, निरन्तर रास रसोन्मत्त गोपी मण्डली, एवं गोपीमण्डली के मध्यस्थल में किशोराकृति अच्युत विराजित हैं। २९७-३०२।

ब्रह्म संहिता एवं वृहद् वामन पुराण के वर्णनानुसार श्रीकृष्ण लोक की विराजमानता सर्वलोकोपरिभाग में है। अतएव उस वर्णन के अनुसार ही श्रीहरिवंशस्थ वचन समूह की व्याख्या करना आवश्यक है, इन्द्र ने कहा—'ब्रह्मर्षिगण सेवित ब्रह्मलोक,--स्वर्ग लोक के ऊर्द्ध्व भाग में विराजित है। वहाँ महात्मा ज्योतिगण की एवं सोमकी गति विद्यमान है, उसके उपरिभाग में गोगण का लोक है, उसका पालन साध्यगण करते हैं।

हे कृष्ण ! वह लोक-सर्वगत, महाकाशगत, एवं महान् है। सर्वोपरि विराजमान स्थान में भी आप की तपोमयी गति है। पितामह ब्रह्मा के निकट भी जिज्ञासु होकर हम सब उसको जानने में सक्षम नहीं हुये हैं।

शमदमादि सम्पद् युक्त सुकृत कर्मानुष्ठानरत व्यक्तिगण-स्वर्गगमन करते हैं, ब्राह्म्य तपोयुक्त व्यक्ति गण की ब्रह्म लोक प्राप्ति होती है, किन्तु गो गण की लोकगति—दुरारोहा है, वह गोलोक है। हे कृष्ण ! हे वीर ! गो गण के विघ्ननाश कर्त्ता कृतात्मा धृतिमान् आप हैं, आप के द्वारा उक्त व्यथित लोक की रक्षा होती है। (३०३--३०७)

श्लोक समूह का अर्थ इस प्रकार है—

भा० २।५।४२ के वर्णनानुसार--जानना होगा—"इनके चरण युगल के द्वारा भूर्लोक नाभिद्वारा भुवर्लोक, मस्तक के द्वारा स्वर्गलोक कल्पित है, इस प्रकार लोक की कल्पना है।" यहाँ के स्वर्ग शब्द से स्वर्ग लोक से आरम्भ कर सत्य लोक पर्य्यन्त लोक पञ्चक को जानना होगा। पृथिवी लोक, अन्तरीक्ष लोक, स्वर्ग लोक, महर्लोक, जन लोक, तपो लोक, सत्य लोक—उपर्य्युपरि वर्त्तमान सप्त लोक हैं, अतल, वितल, सुतल; रसातल, तलातल, महातल, पाताल, सप्तलोक अधोऽधः विद्यमान हैं, लोक समष्टि चतुर्दश

ब्रह्मलोको ब्रह्मात्मको लोको वैकुण्ठाख्यः, सच्चिदानन्दरूपत्वात्, ब्रह्मणो भगवतो लोक इति वा, (भा०१०।२८।१७) "ददृशुर्ब्रह्मणो लोकं यत्राक्रूरोऽध्यगात् पुरा" इति श्रीदशमात् । एवं द्वितीये (भा० २।५।३९) "मूर्द्धभिः सत्यलोकस्तु ब्रह्मलोकः सनातनः" इति टीका च--"ब्रह्मलोको वैकुण्ठाख्यः, सनातनो नित्यः, न तु सृज्यप्रपञ्चान्तर्वर्त्तीत्यर्थः" इत्येषा । ब्रह्माणि मूर्त्तिमन्तो वेदाः, ऋषयश्च श्रीनारदादयः, गणाश्च श्रीगरुड़विष्वक्सेनादयः, तैर्निषेवितः । एवं नित्याश्रितानुक्त्वा तद्गमनाधिकारिण आह । तत्र ब्रह्मलोके उमया सह वर्त्तत इति सोमः श्रीशिवस्तस्य गतिः,(भा० ४।२४।२९)

"स्वधर्म्मनिष्ठः शतजन्मभिः पुमान्, विरिञ्चतामेति ततः परंहि माम् ।
अव्याकृतं भागवतोऽथ वैष्णवं, पदं यथाहं विबुधाः कलात्यये ।।" ३०८।।

इति चतुर्थे श्रीरुद्रगीतात्; सोमेति 'सुपां सुलुक' इत्यादिना षष्ठ्या लुक् छान्दसः । तत उत्तरत्रापि गतिपदान्वयः । ज्योतिर्ब्रह्म तदैकात्म्यभावानां मुक्तानामित्यर्थः । न तु

भुवन हैं । उसके मध्य में स्वर्गादि लोक पञ्चक स्वर्ग शब्द से अभिहित हैं । उक्त स्वर्ग शब्दाभिहित लोक पञ्चक के उपरिभाग में स्थित ब्रह्मलोक है । उक्त लोक ब्रह्मात्मक होने के कारण सच्चिदानन्दात्मक है । उसका अपर नाम वैकुण्ठ है । किंवा ब्रह्म लोक शब्द का अर्थ—ब्रह्म भगवान् उनका लोक ब्रह्म लोक है ।

भा० १०।२८।१७ में वर्णित है, "ददृशु ब्रह्मणो लोकं यत्र क्रुरोऽध्यगात् पुरा " जहाँ पर अक्रूर स्तव किए थे, वहाँ व्रजवासि गोपगण ब्रह्मलोक दर्शन किए थे ।" इस प्रकार भा० २।५।३९ में उक्त है,—मूर्द्धभिः सत्य लोकस्तु ब्रह्मलोकः सनातनः । स्वामिकृत टीका ब्रह्मोलोक वैकुण्ठाख्य सनातन—नित्य है, किन्तु प्रपञ्चान्तर्वर्त्ती सृज्य पदार्थ के समान अनित्य नहीं है ।।

ब्रह्माणि—मूर्त्तिमन्त वेद समूह, उक्त ब्रह्मलोक ऋषि गण द्वारा संवृत है । ब्रह्म-मूर्त्तिमान् वेद समूह, ऋषि—नारदादि, गण-गरुड़ विष्वक्सेन प्रभृति के द्वारा, इन सबों से संवृत—निषेवित हैं । इस प्रकार निरन्तर निवास रत व्यक्ति गण का संवाद कहने के पश्चात् गमनाधिकार अर्जन पूर्वक जो लोक वहाँ पर जाते हैं, उन सब का उल्लेख करते हैं । उमा—पार्वति, उनके सहित-सोम-श्रीशिव-वहाँ पर जा सकते हैं ।

भा० ४।२४।२९ में उक्त है ।

"स्वधर्मनिष्ठः शतजन्मभिः पुमान् विरिञ्चतामेति ततः परं हि माम् ।
अव्याकृतं भागवतोऽथ वैष्णवं, पदं यथाहं विबुधाः कलात्यये ।।"

स्वधर्म निष्ठ व्यक्तिगण शतजन्म स्व धर्मानुष्ठान करने पर विरिञ्चिलोक प्राप्त करते हैं, उस से अधिक पुण्य अर्जित होने से शिव लोक को प्राप्त करते हैं, भागवत गण—देहान्त होने पर प्रपञ्चातीत वैष्णव लोक प्राप्त करते हैं । जिस प्रकार मैं रुद्र होकर आधिकारिक देववत् वर्त्तमान हूँ । आधिकारिक देवगण कलात्यय होने से अर्थात् अधिकार समाप्त होने से लिङ्गभङ्ग के पश्चात् उक्त स्थान को प्राप्त करते हैं ।

रुद्र गीत में यह कथन है । 'सोमगति' पद में सोमस्यगतिः, षष्ठी विभक्ति का लोप—'सुपां सुलुक' सूत्र से हुआ है । छन्दः के अनुरोध से वैसा हुआ है । ब्रह्म लोक में गमनाधिकारी का विवरण वर्णित होने के कारण 'पद पर' के सहित 'गति' शब्द का भी अन्वय करना होगा । 'ज्योतिः' शब्द का अर्थ 'ब्रह्म' है, उन ब्रह्म के सहित जिन्होंने एकात्मभाव को प्राप्त किया है । उस प्रकार मुक्तगण वहाँ जा सकते हैं ।

तादृशानामपि सर्व्वेषामेवेत्याह--महात्मनां महाशयानां मोक्षनिरादरतया भजतां श्रीसनकादितुल्यानामित्यर्थः (भा० ६।१४।५) —

"मुक्तानामपि सिद्धानां नारायणपरायणः।
सुदुर्लभः प्रशान्तात्मा कोटिष्वपि महामुने ।।" ३१०।।

इत्यादौ, (गी० ६।४७)—

"योगिनामपि सर्व्वेषां मद्गतेनान्तरात्मना।
श्रद्धावान् भजते यो मां स मे युक्ततमो मतः।।" ३११।।

इत्यादावपि तेष्वेव महत्त्वपर्य्यवसानात्। तस्य च ब्रह्मलोकस्योपरि सर्व्वोद्ध्वप्रदेशे गवां लोकः श्रीगोलोक इत्यर्थः। तत्र श्रीगोलोकं साध्या अस्माकं प्रापञ्चिकदेवानां प्रसादनीया मूलरूपा नित्यतदीयदेवगणाः पालयन्ति, तत्र दिक्पालत्वेनावरणरूपा दर्श्यन्ते, (ऋग्वेद० १०।९०।१६) "ते ह नाकं महिमानः सचन्तः; यत्र पूर्व्वे साध्याः सन्ति देवाः" इति श्रुतेः,

उक्त मुक्त वर्ग समूह का गमनाधिकार वहाँ पर है ऐसा नहीं, किन्तु 'महात्मनां' महाशयगण वहाँ पर जाते हैं, अर्थात् मोक्ष को अनादर पूर्वक भक्त्यनुष्ठान के द्वारा जो लोक श्रीकृष्ण भजन करते हैं, सनकादि तुल्य व्यक्ति गण ही वहाँ के गमनाधिकारी हैं। भा० ६।१४।५ में वर्णित है "मुक्तोनामपि सिद्धानां नारायण परायणः, सुदुर्लभः प्रशान्तात्मा कोटिष्वपि महामुने" हे महामुने ! असंख्य मुक्त एवं सिद्ध गणों के मध्य में भी नारायण परायण प्रशान्तात्मा मुनिगण अत्यन्त दुर्लभ हैं। अर्थात् असंख्य जीवन्मुक्त एवं सिद्धमुक्तगणों के मध्य में नारायण परायण व्यक्ति सुदुर्लभ है। भा० १०।९।२१ में उक्त है, 'नायं सुखापो भगवान्' भगवान् गोपिकासुत को मुक्त गण उपादेय नहीं मानते हैं। भा० ५।६।१८ में वर्णित है 'मुक्ति ददाति कर्हिचित् स्म न भक्ति योगम्" भगवान् मुक्ति दान करते हैं, किन्तु भक्ति दान सहसा नहीं करते हैं कारण वे लोक प्रशान्तात्मा हैं, जिनकी प्रकृष्ट भगवत्तत्त्वनिष्ठा वरिष्ठा है।

भगवान् ने भा० ११।१९।३६ में शमो मन्निष्ठता बुद्धे' कहा है।

मुझ में निष्ठा प्राप्त बुद्धि का नाम ही 'शम' है। यहाँ मुक्तानां—शब्द से जानना होगा कि—प्राकृत शरीरस्थ होकर भी उसमें अभिमान शून्य व्यक्तिगण हैं। सिद्ध शब्दसे जानना होगा, जिन्होंने सालोकादि लाभ किया है, इस प्रकार कोटि कोटि व्यक्तियों के मध्य में नारायण सेवा मात्राकाङ्क्षी व्यक्ति सुदुर्लभ है। कारण वह प्रशान्तात्मा है, अर्थात् सर्वोपद्रवरहित है। गीता के ६।४७ में उक्त है—

'योगिनामपि सर्वेषां मद्गतेनान्तरात्मना
श्रद्धावान् भजते यो मां समे युक्ततमो मतः।'

समस्त योगिगणों के मध्य में श्रद्धा पूर्वक मद् गतचित्त होकर जो व्यक्ति मेरा भजन करता है, वह योगि श्रेष्ठ है। वह ही मेरा अभिमत है। उक्त वाक्य समूह पर्य्यालोचन से प्रतीत होता है कि—जो व्यक्ति मोक्ष को तिरस्कार कर श्रीकृष्ण भजन करते हैं, वे ही महान् हैं।

उस ब्रह्म लोक के उपरिभाग में अर्थात् सर्वोद्ध्व प्रदेश में गोसमूह का लोक श्रीगोलोक है। 'साध्यास्तंपालयन्ति हि' वाक्य का अर्थ करते हैं, वह गोलोक—हम सब प्रापञ्चिक इन्द्रादि देवगण का प्रसादनीय मूल रूप है।

"तत्र पूर्व्वे ये च साध्या विश्वेदेवाः सनातनाः। ते ह नाकं महिमानः सचन्तः शुभदर्शनाः ॥" ३१२॥

इति महावैकुण्ठवर्णने पाद्मोत्तरखण्डाच्च। यद्वा, (भा० १०।१४।३४) "तद्भूरिभाग्यमिह जन्म किमप्यटव्यां यद्गोकुलेऽपि" इत्याद्युक्त्यनुसारेण तद्विधपरमभक्तानामपि साध्यास्तादृशसिद्धिप्राप्तये प्रसादनीयाः श्रीगोपगोपीप्रभृतयः, तं पालयन्ति, अधिकृत्य भुञ्जन्ति, हि प्रसिद्धौ, स श्रीगोलोकः सर्वगतः श्रीकृष्णवत् सर्वप्रापञ्चिकाप्रापञ्चिक-वस्तुव्यापकः। अतएव महान् भगवद्रूप एव, (कठ० २।१।४) "महान्तं विभुमात्मानम्" इति श्रुतेः। तत्र हेतुः--

अर्थात् ब्रह्माण्डस्थ दिक् पालगण—जीव तत्त्व होते हैं। वे सब साधन द्वारा देवत्व प्राप्त करते हैं, श्रीगोलोकस्थ दिक् पाल गण नित्यसिद्ध हैं अर्थात् भगवत् परिकर हैं।

जीव जब साधन के बलसे देव स्वरूप प्राप्त कर प्रापञ्चिक दिक् पाल होता है, तब श्रीगोलोकस्थ दिक् पालगणों की शक्ति—प्रापञ्चिक दिक् पाल में सञ्चारित होती है, उक्त शक्ति समन्वित होकर निजाधिकार रूप दिक् पालत्वकार्य्य निर्वाह प्राकृत दिक् पालगण करते हैं, इस अभिप्राय से ही इन्द्र ने कहा है श्रीगोलोक के दिक् पाल गण हमारे प्रसादनीय हैं।

श्रीगोलोक सम्बन्धीय देवगण ही श्रीगोलोक का पालन करते हैं, तत्रत्य दिक्पाल होने के कारण वे सब श्रीगोलोक के आवरण रूप में स्थित होते हैं। इस विषय में श्रुति प्रमाण इस प्रकार है—"तत्र पूर्वे ये च साध्या विश्वेदेवाः सनातनाः। तेह नाकं महिमानः सचन्तः शुभदर्शनाः।"

"पूर्व सिद्ध महिमान्वित देवगण—दुःखास्पृष्ट सुखमय श्रीकृष्ण स्थानकी सेवा करके अवस्थित हैं।' पाद्मोत्तर खण्ड में भी वर्णित है—नित्यसिद्ध—उपासना द्वारा प्रसादनीय, सनातन विग्रह, शुभदर्शन विश्वदेवगण महिमान्वित होकर श्रीगोलोक की सेवा करते हैं।" श्रीमद् भागवत के १०।१४।३४ में वर्णित है। "तद् भूरि भाग्यमिह जन्म किमप्यटव्यां यद् गोकुलेऽपि" इस ब्रह्मा की उक्ति के अनुसार 'साध्य' शब्द से श्रीगोप गोपीगण का बोध ही होता है. श्रीब्रह्माने श्रीकृष्ण को कहा है—"हे भगवन्! परमेष्ठि जन्म प्राप्त कर मैं अपने को अधन्य मानता हूँ, उस दिन मैं अपने को कृतार्थ मानूँगा, जिस दिन इस गोकुल के गभीर अरण्य में जिस किसी प्रकार तृण गुल्मादि जन्म मेरा होगा, उस से मैं किसी व्रजवासि की चरणरेणु से अभिषिक्त हो जाऊँगा।" उक्त प्रार्थना के अनुसार प्रतीत होता है—व्रजके गोप गोपीगण—ब्रह्मादि देवगणों के आराध्य हैं, वे सब ही गोकुल रक्षक हैं, सुतरां गोकुल के पालन कारी साध्यगण व्रजवासी गोपगोपी हैं।

'तं पालयन्ति' गोलोक का पालन करते हैं, अर्थात् व्रजवासी गोपगोपीगण श्रीगोलोक को अधिकार कर भजन करते हैं, 'हि' शब्द प्रसिद्धार्थक है,– "स हि सर्वगतः" वह गोलोक सर्वगत है, श्रीकृष्णके समान प्रापञ्चिक अप्रापञ्चिक निखिल वस्तु को प्राप्त कर अवस्थित है। अतएव सर्व व्यापकता हेतु यह श्रीगोलोक 'महान्' है। अर्थात् श्रीभगवत् स्वरूप से अभिन्न हैं, 'महान्' शब्द भगवत् वाचक है—उसका प्रमाण-यह श्रुति है—"महान्तं विभुमात्मानं मत्वाधीरो न शोचति" (कठ द्वितीय वल्ली २२)

महान् विभु आत्मा को जानकर सुधी व्यक्ति कदापि दुःख प्राप्त नहीं करता है। यहाँ पर महान् शब्द से श्रीभगवान् अभिहित हुये हैं।

श्रीगोलोक भगवत् स्वरूप से अभिन्न है, उसका कारण निर्देश करते हैं, वह महाकाश—परव्योम नाम से विख्यात है। गोलोक का विशेषण 'ब्रह्म' है, स्वर्गादूर्द्ध्वं ब्रह्म लोक कहा गया है। उसका अर्थ यह है, जो ब्रह्म है, वह ही लोक है, उससे श्रीकृष्ण लोक की विभुता एवं भगवत् स्वरूपता सिद्ध होती है। महाकाश शब्दसे भी श्रीगोलोक की भगवत् स्वरूपता सुव्यक्त होती है। कारण महाकाश शब्द से भगवान्

महाकाशः परमव्योमाख्यं ब्रह्मविशेषणलाभात् (ब्र० सू० १।१।२२) 'आकाशस्तल्लिङ्गात्" इति न्यायप्रसिद्धेश्च, तद्गतः, ब्रह्माकारोदयानन्तरमेव वैकुण्ठप्राप्तेः, यथा श्रीगोपानां वैकुण्ठ-दर्शने तैरेव व्याख्यातम्। यथा वा श्रीमदजामिलस्य वैकुण्ठगमनम्, यद्वा, महाकाशः परम-व्योमाख्यो महावैकुण्ठस्तद्गतस्तदूर्द्ध्वभागे स्थितः। एवं उपर्य्युपरि सर्वोपर्य्यपि विराजमाने तत्र श्रीगोलोकेऽपि तव गतिः। नानारूपेण वैकुण्ठादौ क्रीड़तस्तव तत्रापि श्रीगोविन्दरूपेण

श्रीगोलोक की भगवत् स्वरूपता सुव्यक्त होती है, कारण, आकाश शब्द से भगवान् का ही बोध होता है, ब्रह्म सूत्र १।१।२२ 'आकाशस्तल्लिङ्गात्' में सुमीमांसित हुआ है।

सर्वाणि ह वा इमानि भूतानि आकाशादेव समुत्पद्यन्ते, आकाशं प्रत्यन्तं यान्त्याकाशः, परायण मिति—दृश्यमान भूत प्रपञ्च आकाश से उत्पन्न है, आकाश में लीन होता है, एवं आकाश में ही अवस्थित है, श्रुत्युक्त आकाश शब्द से प्रसिद्ध भूताकाश का ग्रहण होगा अथवा ब्रह्म का ? उत्तर में कहते हैं-"ब्रह्मैव स न वियत्। कुतः तल्लिङ्गात्। सर्वभूतोत्पादनत्वादि लक्षण ब्रह्मलिङ्गादित्यर्थः।' एतदुक्तं भवति। सर्वाणीत्यसङ्कुचित सर्व शब्दाद्वियत् सहित सर्वभूतोत्पत्ति हेतुत्वमवगतम्। न च वियत् पक्षे सम्भवेत् स्वस्य स्व हेतुत्वाभावात्। आकाशादेव—इत्येवकारेण हेत्वन्तरञ्च निरस्तम्। एतदपि नतत्पक्षे। मृदादेर्घटादि हेतोर्दृष्टत्वात्। ब्रह्म पक्षे तु सङ्गतिमत् तस्यैव सर्वशक्तिमतः सर्व स्वरूपत्वात्। यद्यप्याकाश शब्दस्तत्र रूढ़ स्तथापि श्रौत रूढ़ितो ब्रह्मणि प्रयुज्यते, बलिष्ठत्वादिति।

आकाश ब्रह्म हैं, कारण, ब्रह्म ही सर्वभूतोत्पत्ति, लय, स्थिति का स्थान है। सुतरां श्रीकृष्ण लोक को महाकाश कहने से वह भगवत् स्वरूप ही है। तद्गतः—महाकाशगतः। श्लोक में उक्त है—"महाकाशो गतो महान्" महान्—भगवत् स्वरूप, श्रीकृष्ण लोक—महाकाशगत—अर्थात् महाकाश प्राप्त। पहले कहा गया है, महाकाश—शब्द का अर्थ—ब्रह्म है। "तद् गतः" ब्रह्माकारोदय के पश्चात् वैकुण्ठ लोक प्राप्ति होती है, तज्जन्य श्रीकृष्ण लोक को महाकाशगत कहा गया है, ब्रह्माकारोदय के पश्चात् वैकुण्ठ प्राप्ति होती है, वह प्रसङ्ग—गोपगणों के वैकुण्ठ दर्शन प्रसङ्ग में श्रीधर स्वामिपाद की टीका में है, इस का अपर दृष्टान्त श्रीमद् अजामिल का वैकुण्ठ दर्शन है। भा० १०।२८।१५ में उक्त है।

"सत्यं ज्ञानमनन्तं यद् ब्रह्म ज्योतिः सनातनम्।
यद्धि पश्यन्ति मुनयो गुणपाये समाहिताः।"

स्वामि टीका—"देहादि पिहितानां दर्शनमशक्यमिति प्रथमं देहादि व्यतिरिक्तं ब्रह्म स्वरूपं दर्शयामास। तदाह—सत्यमिति-सत्यं अबाध्यं। ज्ञानं अजड़म्, अनन्तं अपरिच्छिन्नं, ज्योतिः, स्व प्रकाशं। सनातनं—शश्वत् सिद्धं ब्रह्म-गुणापाये—गुणापोहे—ज्ञानिनो यत् पश्यन्ति, तत् कृपयैव दर्शयामास॥" देहादि में आच्छन्न बुद्धि विशिष्ट व्यक्ति भगवद्धामदर्शन में असमर्थ है, इस को दर्शाने के निमित्त देहादि व्यतिरिक्त ब्रह्म स्वरूप को दिखाये थे।

विष्णुदूतगण के सङ्ग प्रभाव से अजामिल का निर्वेद उपस्थित होने पर पुत्रादि को परित्याग पूर्वक अजामिल गङ्गातीर में उपस्थित हुये थे। वहाँ एक स्थान में उपवेशनकर योग धारणा किये थे। अनन्तर देह सङ्ग से मुक्त होकर समाधि के द्वारा अनुभवात्मक भगवत् स्वरूप में सत्तामात्र ब्रह्म में मनो-योग किये थे।

अनन्तर—यर्ह्युपारत धीस्तस्मिन्नद्राक्षीत् पुरुषान् पुरः।
उपलभ्योपलब्धान् प्रागववन्दे शिरसा द्विजः॥

ब्रह्म में बुद्धि स्थैर्य्य लाभ के पश्चात् अजामिल ने पूर्व दृष्ट पुरुष विष्णुदूतगण को अवनत मस्तक

क्रीड़ा विद्यत इत्यर्थः । अतएव सा च गतिः साधारणी न भवति, किन्तु तपोमयी अनवच्छिन्नैश्वर्य्यमयी, 'परमं यो महत्तपः' इत्यत्र सहस्रनामभाष्येऽपि तपः-शब्देन तथैव व्याख्यातम् । अतएव ब्रह्मादिदुर्व्वितर्क्यत्वमप्याह— यामिति । अधुना तस्य गोलोकेत्याख्या-बीजमभिव्यञ्जयति— गतिरिति । ब्राह्मये ब्रह्मलोकप्रापके तपसि विष्णुविषयकमनः प्रणिधाने युक्तानां रतचित्तानां प्रेमभक्तानामित्यर्थः । ब्रह्मलोको वैकुण्ठलोकः, परा प्रकृत्यतीता, गवाम्

के द्वारा प्रणाम किया ।

पश्चात्—हित्वा कलेवरं तीर्थे गङ्गायां दर्शनादनु ।
सद्यः स्वरूपं जगृहे भगवत् पार्श्ववर्त्तिनाम् ॥

अनन्तर गङ्गामें देह त्याग पूर्वक सद्यः भगवत् पार्षद स्वरूप प्राप्त किया । अतः पर—

'साकं विहायसा विप्रो महापुरुषकिङ्करैः ।
हैमं विमानमारुह्य ययौ यत्र श्रियः पतिः ॥'

महापुरुष श्रीहरि के किङ्करगण के सहित सुवर्ण मण्डित रथ में आरोहण पूर्वक जहाँ श्रीपति विराजित हैं, वहाँ उपस्थित हो गया । इस में ब्रह्म साक्षात्कार के बाद श्रीभगवद्धाम प्राप्त की कथा सुस्पष्ट रूप से वर्णित है ।

अथवा,—महाकाश,—शब्द से परमव्योम नामक महावैकुण्ठ को जानना होगा, तद् गतः-उक्त वैकुण्ठ के ऊर्द्धवभाग में अवस्थित । "उपर्य्युपरि तत्रापि गतिस्तव तपोमयी"इस प्रकार उपर्य्युपरि सर्वोपरि भाग में अवस्थित होने पर भी श्रीगोलोक में ही आप की गति—अवस्थिति है । हे कृष्ण । विभिन्न रूप में आप वैकुण्ठ प्रभृति में क्रीड़ा करते रहते हैं, आपकी क्रीड़ा श्रीगोलोक में भी श्रीगोविन्द रूप में विद्यमान है । अतएव उक्त गति साधारणी नहीं है, किन्तु तपोमयी है, अर्थात् अनवच्छिन्न ऐश्वर्य्यमयी है । 'तपः' शब्द का अर्थ—ऐश्वर्य्य है, इस में आश्चर्य्य कुछ नहीं है । श्रीआचार्य शङ्कर ने विष्णुनामस्तोत्रस्थ 'तपः' का अर्थ ऐश्वर्य ही किया है । "परमं यो महत्तेजः परमं यो महत्तपः ।
परमं यो महद्ब्रह्म परमं यः परायणम् ॥"

श्रीयुधिष्ठिर का प्रश्न यह था—भूतसमूह की परमागति कौन है ? उत्तर में श्रीभीष्मदेव ने कहा,-जो परम महत्तेज, जो परम महत्तप, एवं जो सब का एकमात्र आश्रय हैं; वह देवाधिदेव ही सर्व भूतों की परमा गति हैं । आचार्य श्रीशङ्कर कृत टीका—"तपत्यत्यैश्वर्य्यमनवच्छिन्नमिति महत्त्वं । एष सर्वेश्वर इत्यादि श्रुतेः ।" यहाँ 'तपः' शब्द का अनवच्छिन्न ऐश्वर्य्य अर्थ किया गया है ।

अनन्तर "यां न विद्मो वयं सर्वे पृच्छन्तोऽपि पितामहम्" वाक्य का अर्थ करते हैं, उक्त गति अनवच्छिन्न ऐश्वर्य्यमयी होने के कारण—ब्रह्मादि का भी बोधगम्य नहीं है । इस को व्यक्त करने के निमित्त कहा है—पितामह को जिज्ञासा कर के भी आप की तपोमयी गति—अर्थात् क्रीड़ा को जानने में असमर्थ हूँ ।

सम्प्रति श्रीकृष्ण लोक गोलोक नाम से प्रसिद्ध है, उसका कारण को कहते हैं—"गतिः शमदमाढ्यानां" शमदमादि युक्त पुण्यात्मा व्यक्ति गण स्वर्ग लोक गमन करते हैं, ब्राह्मय तपस्यायुक्त व्यक्तिगण ब्रह्म लोक प्राप्त करते हैं, किन्तु गो गणों का लोक— दूरारोह है, इस वाक्य का अर्थ यह है,—ब्राह्मये-ब्रह्म धाम प्रापक,—तपस्या—विष्णु विषयक मनोऽभिनिवेशयुक्त चित्त वृत्ति विशिष्ट प्रेमवान् भक्तगण - श्रीहरि में अभिनिविष्ट चित्त होकर ब्रह्म लोक में—वैकुण्ठ लोक में—परा—प्रकृत्यतीता गति प्राप्त करते

(भा० १०।३५।२५) "मोचयन् व्रजगवां दिनतापम्" इत्युक्तानुसारेण तत्रैव 'निघ्नतोपद्रवान् गवाम्' इत्युक्तया च। गोकुलवासिमात्राणां स्वतस्तद्भावभावितानाञ्च साधनवशेनेत्यर्थः। अतएव तद्भावस्यासुलभत्वात् दुरारोहा। तदेवं गोलोकं वर्णयित्वा तस्य गोकुलेन सहाभेदमाह—स त्विति। स तु स एव लोको गोलोको धृतो रक्षितो गोवर्द्धनोद्धरणेन। यथा मृत्युञ्जयतन्त्रे—

"एकदा सान्तरीक्षाच्च वैकुण्ठं स्वेच्छया भुवि। गोकुलत्वेन संस्थाप्य गोपीमयमहोत्सवा।
भक्तिरूपा सतां भक्तिमुत्पादितवती भृशम् ॥"३१३॥ इति।

हैं। गो समूहों का लोक होने के कारण—श्रीकृष्ण लोक का नाम गोलोक है। गो समूह का निवास हेतु श्रीगोलोक ख्याति उक्तलोक की होने पर भी वहाँ पर गोप गोपी प्रभृति की अवस्थिति है, उस को दर्शाने के निमित्त भा० १०।३५।२५ पद्य को लिखते हैं—'मुदित वक्त्र उपयाति दुरन्तं।
मोचयन् व्रजगवां दिनतापम् ॥'

प्रफुल्ल वदन श्रीकृष्ण,—व्रजस्थ हम सब का दिवस गत—श्रीकृष्ण विरह जनित-तापोपशम करने के निमित्त सम्मुख में आ रहे हैं। इस श्लोक की टीका में श्रीस्वामि पाद ने 'व्रज गवां' का अर्थ—अस्माकम्' 'हम सब का' तापापनोदन किया है। एवं श्रीहरिवंशोक्त "निघ्नतोपद्रवान् गवां" उक्ति के अनुसार निखिल गोलोक वासियों की स्थिति—सर्वोद्धर्व लोक में है।

"निघ्नतोपद्रवान् गवाम्" वाक्य गोवर्द्धन धारण लीलाका स्मारक है, व्रजवासिगण की रक्षा करने के निमित्त गोवर्द्धन धारण श्रीकृष्णने किया था, केवल गोरक्षा के निमित्त नहीं। सुतरां 'गवां' पदसे निखिल गोलोक वासियों का बोध होता है। स्वतः गोलोकवासियों के भावविभावित जनगण भी गोलोक गमन करते हैं।

अतएव गोलोक वासी भगवत् परिकर गण, एवं तादृश भाव सम्पन्न व्यक्ति गण की स्थिति गोलोक में होती है। उक्त गोकुल जातीय भाव अति दुर्लभ होने के कारण—अन्य व्यक्ति का एवं वैकुण्ठ पर्य्यन्त गमनाधिकारी व्यक्ति का वह गोलोक सुदुर्ल्लभ है। अतएव दुरारोहा कहा गया है।

स्वतस्तद् भाव भावित कहने का अभिप्राय यह है कि—रागानुगीय भक्त गण की श्रीव्रजगति होती है, इष्टे स्वारसिकीरागः परमाविष्टता भवेत् तन्मयी या भवेद् भक्तिः सात्र रागात्मिकोदिता, तदनुगता भक्ति ही रागानुगा है, विधिमार्ग भजन से व्रज में श्रीकृष्ण प्राप्ति नहीं होती है। "गाढ़ लौल्यैकलभ्या" सुतीव्र लालसा से ही व्रजभावानुगत्य होता है। स्वतस्तद् भावभावित पद के द्वारा उसकी सूचना हुई है। रागानुगा मार्गानुरत साधक गण ही व्रज प्राप्ति के अधिकारी हैं। व्रज वासियों के भाव माधुर्य्य श्रवण से जिनके चित्त में व्रजभाव प्राप्त करने का लोभोदय होता है, वे सब जन व्रजजनानुगत्य से श्रीकृष्ण भजन करते हैं। अर्थात् निजाभीष्ट श्रीकृष्ण की तादृश परिकर गण के सहित जो लीला होती है, उस के श्रवण कीर्त्तन से चित्त, व्रज परिकर गण के भाव से आक्रान्त होता है। अतएव व्रजवासियों के भावसे चित्त विभावित होने के निमित्त लोभ ही एक मात्र हेतु है, वह लोभ स्वतः उत्पन्न होता है। लोभोत्पत्ति के निमित्त अपर कर्त्तृक उपदेश की अपेक्षा नहीं है। इस को ही 'स्वतस्तद् भावभावित' शब्दसे कहा गया है।

स्वर्गस्थागङ्गा का मर्त्यलोक में अवतरण के समान ही यदृच्छा क्रम से भक्त के हृदयानुसरण से प्रेमाविर्भाव होता है। जगत् में धारणा यह है कि—जीव हृदय में पत्नी पुत्र के प्रति प्रीति रूप में प्रेम नित्य सिद्ध है, साधन के द्वारा उस प्रेम को श्रीकृष्ण में स्थापन करना ही कृष्ण प्रेम है। इस प्रकार सिद्धान्त

अत्र शब्दसाम्यभ्रमप्रतीतार्थान्तरे 'स्वर्गादूर्द्ध्वं ब्रह्मलोकः'' इत्ययुक्तम् । लोक त्रयमतिक्रम्योक्तेः । तथा सोमगतिरित्यादिकं न सम्भवति, यतो ध्रुवलोकादधस्तादेव चन्द्रसूर्य्यादीनां गतिर्महर्लोकेऽपि न वर्त्तते । तथाऽवरसाध्यगणानां तुच्छत्वात् सत्यलोकस्यापि पालनं नोपयुज्यते, कुतस्तदुपरिलोकस्य श्रीगोलोकाख्यस्य तथा सर्व्वगतत्वं चासम्भाव्यं स्यात् ? अतएव तत्रापि तव गतिरित्यपि शब्दो विस्मये प्रयुक्तः । 'यां न विद्मः' इत्यादिकञ्च, अन्यथा तथोक्तिर्न सम्भवति,--स्वेषां ब्रह्मणश्च तदज्ञानज्ञापनात् । तस्मात् प्राकृतगोलोकादन्य एवासौ सनातनो गोलोको ब्रह्मसंहितावत् श्रीहरिवंशेऽपि परोक्षवादेन निरूपितः । एवञ्च नारदपञ्चरात्रे विजयाख्याने—

भ्रमात्मक है । स्त्री पुत्र प्रीति मायिक रजोधर्म है, श्रीकृष्ण प्रेम शुद्ध सत्वात्मक चिन्मय वस्तु है । जहाँ प्रेम है, वहाँ श्रीकृष्ण का आविर्भाव है । ऐसा होने से जीव का कृष्ण वैमुख्य होता ही नहीं भगवदवतार होना एव लोकशिक्षार्थ शास्त्र प्रणयन भी व्यर्थ होता ।

कृष्ण प्रेम को जो लोक पुरुषार्थ मानते हैं, वे सब प्रेमभक्त नाम से अभिहित होते हैं, प्रेम प्राप्ति ही जिनका लक्ष्य है कृष्ण प्राप्ति नहीं, वे सब प्रेमभक्त होते हैं, कारण—कृष्ण प्राप्ति पुरुषार्थ में कृष्ण प्राप्ति की निश्चयता नहीं है, किन्तु श्रीकृष्ण प्रेम प्राप्ति पुरुषार्थ से श्रीकृष्ण प्राप्ति सुनिश्चित है । 'भक्तिवशः पुरुषः' श्रीभगवान् भक्तिवश हैं । अतएव भगवद् भक्त वर्ग से प्रेम भक्तका अधिकार अत्यधिक है । तादृश प्रेमभक्त व्यक्ति व्रज प्रेम लाभ न करने पर व्रज प्राप्ति उनकी नहीं होती है ।

प्रेमका आलम्बन, विषय एवं आश्रय भेद से द्विविध हैं । श्रीभगवान् विषय हैं, भक्त आश्रय हैं । जो व्यक्ति--जिस भगवत् स्वरूप के प्रेम को साध्य मानकर भजन करता है । वह उक्त भगवद् धाम प्राप्त करने का अधिकारी होता है । श्रीव्रजेन्द्रनन्दन जिनका प्रेम का विषय हैं, वे सब ही व्रजवासी होने के अधिकारी हैं । अपर व्यक्ति व्रज प्राप्ति का अधिकारी नहीं हैं । व्रज परिकर एवं उनके अनुगत जन व्यतीत अपर के पक्ष में व्रज लाभ सम्भव नहीं है । वैकुण्ठ नाथ के भक्त की कथा दूर है । वैकुण्ठ पार्षद—तथा वैकुण्ठेश्वरी का वृन्दावन लीला में प्रवेशाधिकार नहीं है । तज्जन्य ही कहा गया है कि गोलोक गति-अपर के पक्ष में दुरारोहा है ।

उक्त रूप से श्री गोलोक की वर्णना करने के पश्चात् पृथिवीस्थ गोकुल वृन्दावन की वर्णना उस के सहित अभिन्न रूप से करते हैं, ''सतु लोकः'' 'तु' शब्द का अर्थ यहाँ 'एव' है । वह लोक तुम से धृत हुआ है । अर्थात् रक्षित है, पृथिवी में प्रकाशित श्रीवृन्दावन में ही कुपित इन्द्र का उपद्रव हुआ था, गोवर्द्धन धारण भी उस उपद्रव से व्रजवासियों की रक्षा हेतु हुआ था । वैकुण्ठोर्द्ध्वस्थित गोलोक में कुपित इन्द्र का उपद्रव होना सम्भव नहीं है । उक्त लोक रक्षा की जो कथा है, वह वैकुण्ठोर्द्ध्व गोलोक एवं पृथिवी में प्रकाशमान श्रीगोकुल को अभिन्न मानकर ही है ।

सुतरां श्रीगोकुल का उपद्रव को गोलोक का उपद्रव मानकर वर्णन से दोष नहीं होता है ।

श्रीगोकुल एवं गोलोक की अभिन्नता के सम्बन्ध में प्रमाणान्तर का उपन्यास करते हैं । मृत्युञ्जय तन्त्र में वर्णित है, ''एकदिन स्वेच्छाक्रम से अन्तरीक्ष से श्रीवैकुण्ठ को पृथिवी मण्डल में श्रीगोकुल रूप में स्थापन कर गोपीमय महोत्सवा भक्ति रूपा योगमायाने साधुगण के हृदयमें अतिशय भक्ति उत्पन्न किया ।

श्रीहरिवंशोद्धृत वचन समूह का अर्थान्तर करने पर आश्चर्य भक्ति होने की सम्भावना नहीं है, उस प्रकार व्याख्या न होने से दुरपनीय दोष होगा । प्रथमतः स्वर्गादूर्द्ध्व ब्रह्म लोकः का यथाश्रुत अर्थ ही

"तत् सर्व्वोपरि गोलोके तत्र लोकोपरि स्वयम् । विहरेत् परमानन्दी गोविन्दोऽतुलनायकः ।।" ३१४।।

एवञ्चोक्तं मोक्षधर्म्मे नारायणीये तथा स्कान्दे च—

"एवं बहुविधं रूपैश्चरामीह वसुन्धराम् । ब्रह्मलोकञ्च कौन्तेय गोलोकञ्च सनातनम् ।।" ३१५।। इति ।

तदेवं सर्व्वोपरि श्रीकृष्णलोकोऽस्तीति सिद्धम् । स च लोकस्तत्तल्लीलापरिकर-भेदेनांशभेदात् द्वारका-मथुरा-गोकुलाख्यस्थानत्रयात्मक इति निर्णीतम् । अन्यत्र तु भुवि प्रसिद्धान्येव तत्तदाख्यानि स्थानानि तद्रूपत्वेन श्रूयन्ते । तेषामपि वैकुण्ठान्तरवत् प्रपञ्चातीतत्व-नित्यत्वालौकिकरूपत्व-भगवन्नित्यास्पदत्व-कथनात् । तत्र द्वारकायास्तत्त-द्विष्णुपुराणादिवचनैरुदाहरिष्यते । इयञ्च श्रुतिरुदाहरणीया—

असिद्ध है । स्वर्ग शब्द से स्वर्ग लोक से सत्य लोक पर्य्यन्त लोक पञ्चक अर्थ न करने पर केवल स्वर्ग लोक ही अर्थ होगा । इस प्रकार ब्रह्म लोक शब्द से वैकुण्ठ लोक अर्थ न करने पर सत्य लोक अर्थ होगा । उस से 'स्वर्गादूद्धर्वं ब्रह्म लोकः' स्वर्ग के ऊद्धर्व में ब्रह्म लोक है, कथन असङ्गत होगा । स्वर्ग के वाद महर्ल्लोक, उसके वाद जनलोक पश्चात् तपोलोक अनन्तर सत्यलोक ब्रह्मलोक है ।

स्वर्ग के वाद लोकत्रय को अतिक्रम करके ही ब्रह्म लोक की स्थिति है । किन्तु हरिवंश वचन से बोध होता है कि—स्वर्ग के ऊद्धर्व में ही ब्रह्म लोक है ।

सोमगति—शब्द का अर्थ—उमासहित वर्त्तमान सोम श्रीशिव हैं, इस प्रकार अर्थ न करने पर सोम शब्द का प्रसिद्ध अर्थ चन्द्र है, किन्तु चन्द्र की गति वैकुण्ठ में नहीं है । यह असम्भव है । चन्द्र सूर्य्यादि ज्योतिष्कगण ध्रुव लोक के अधोभाग में अवस्थित हैं, महर्ल्लोक में भी उन सब की गति नहीं है, महर्ल्लोक के ऊद्धर्वभाग में श्रीवैकुण्ठ अवस्थित है, वहाँपर चन्द्र की गति की सम्भावना कहाँ है ।

साध्य शब्द से गोलोक के दिक् पाल अथवा तत्रत्य परिकर अर्थ न करने पर—साध्य—गण देवता द्वादश संख्यक रुद्रानुचर का बोध होगा । अग्नि पुराण में उक्त है ।

मनोमन्ता तथा प्राणो नरोऽपानश्च वीर्य्यवान्
"विनिर्मयोनयश्चैव दंसो नारायणो वृषः ।
प्रभुश्चैते समाख्याताः साध्यद्वादश पूर्बिकाः ।।"

मन, मन्ता, प्राण, नर, अपान वीर्य्यवान्, विनिर्मय, नय, दंस, नारायण, वृष एवं प्रभु—द्वादश-साध्य हैं ।

उक्त साध्यगण, सामान्य देवता विशेष होते हैं, उन सब के द्वारा सत्यलोक को पालन वार्त्ता ही असम्भव है, श्रीगोलोक की पालन वार्त्ता तो दूरवर्त्ती है । विशेष कथा यह है कि—उक्त देवता के द्वारा उक्त पालन कर्म स्वीकार करने पर गोलोक की 'सहि सर्वगतः' रूपमें सर्व व्यापकता है, उसकी हानि होगी, सामान्या देवताधिकृत स्थान—कैसे सर्व गत होगा ? अतएव श्रीगोलोक की सर्वोद्धर्व में स्थिति को निश्चय कर इन्द्र कहे थे,—'तत्रापि तवगतिः' 'उस में भी आप की गति' यह अतीव आश्चर्य्य का विषय है ! यहाँ पर आप शब्द विस्मयार्थ में प्रयुक्त हुआ है ।

गो गण का लोक—शब्द से गोलोक को यदि प्राकृत गोलोक अर्थात् सुरभी लोक कहा जाय, तो—"यां न विद्मः' इत्यादि वाच्य असंलग्न होगा । कारण इन्द्रने कहा था, 'हम सब उस गोलोक के वृत्तान्त को नहीं जानते हैं ।' पितामह को जिज्ञासा करके भी जानने में असमर्थ हैं । अतएव ब्रह्मा भी गोलोक वृत्तान्त से अपरिचित हैं । प्राकृत गोलोक का वृत्तान्त इन्द्र एवं ब्रह्मा अवगत हैं । श्रीकृष्ण विहार भूमि,

"अन्तः समुद्रे मनसा चरन्तं, ब्रह्मान्वविन्दन्दशहोतारमर्णे।
समुद्रेऽन्तः कवयो विचक्षते, मरीचीनां पदमन्विच्छन्ति वेधसः ॥" ३१६॥ इत्याद्या ;

अत्र श्रीमथुरायाः प्रपञ्चातीतत्वं यथा वाराहे-"अन्यैव काचित् सा सृष्टिर्विधातुर्व्यतिरेकिणी" इति। नित्यत्वमपि यथा पाद्मे पातालखण्डे—"ऋषिर्माथुरनामात्र तपः कुर्व्वति शाश्वते" इति। अत्र मथुरामण्डले शाश्वते नित्ये कुर्व्वति करोति। अलौकिकरूपत्वं यथा आदिवाराहे-

"भूर्भुवःस्वस्तले नापि न पातालतलेऽमलम्। नोद्धर्वलोके मया दृष्टं तादृक् क्षेत्रं वसुन्धरे॥" ३१७॥ इति

श्रीभगवन्नित्यास्पदत्वं यथा—"अहोऽतिधन्या मथुरा यत्र सन्निहितो हरिः" इति। न च वक्तव्यमुपासनास्थानमेवेदम्। यत आदिवाराहे—

"मथुरायाः परं क्षेत्रं त्रैलोक्ये न हि विद्यते। तस्यां वसाम्यहं देवि मथुरायान्तु सर्व्वदा॥" ३१८॥ इति।

गोलोक—प्राकृत गोलोक अर्थात् सुरभिलोक होता, तब इन्द्र - 'यां न विद्मः' नहीं कहते। सुतरां प्राकृत गोलोक से सनातन गोलोक रूपस्थान भिन्न है। ब्रह्म संहिता में सुस्पष्ट रूप से जिस गोलोक की वर्णना है, श्रीहरिवंशोक्त गोलोक वर्णन भी परोक्षवाद से तदनुरूप ही है।

उस प्रकार श्रीनारद पञ्चरात्रस्थ विजयाख्यान में उक्त है—"सर्वोपरि गोलोक तत्र लोकोपरि स्वयम्। विहरेत् परमानन्दो गोविन्दोऽतुलनायकः" सर्वोपरि विराजमान गोलोक में गोपीकुल नायक-परमानन्दी श्रीगोविन्द स्वयं सर्वदा विहार करते हैं।"

उस प्रकार वर्णना है—मोक्ष धर्मस्थ नारायणीय में एवं स्कन्द पुराण में "एवं बहुविधै रूपैश्चरामीह वसुन्धराम् ब्रह्मलोकञ्च कौन्तेय गोलोकञ्च सनातनम्।"

हे कौन्तेय! इस प्रकार विविध रूप धारण पूर्वक मैं पृथिवी में, ब्रह्म लोक में एवं सनातन गोलोक में विचरण करता हूँ।'

अतएव श्रीकृष्ण लोक सर्वोपरि विराजित है। यह सिद्ध हुआ। वह लोक—विभिन्न लीला एवं परिकर भेद से अंश भेद हेतु द्वारका, मथुरा एवं गोकुल नामक निर्णीत स्थान त्रयात्मक है।

पृथिवी में प्रकाशित धाम समूह का अप्राकृतत्व है। सर्वोपरि विराजित श्रीकृष्ण लोक भिन्न अन्यत्र पृथिवी में श्रीगोकुल-मथुरा, द्वारका नाम से विख्यात जो सब धाम हैं, वे सब धाम भी स्वरूप एवं आकृति से प्रपञ्चातीत धाम के सदृश ही हैं। कारण वे सब धाम भी श्रीवैकुण्ठ के समान प्रपञ्चातीत, नित्य, अलौकिक रूप एवं श्रीभगवान् के नित्य विहरण स्थल रूप में निर्णीत हैं। तन्मध्य में श्रीद्वारका का प्रपञ्चातीतत्वादि का वर्णन स्कन्द पुराणीय प्रह्लाद संहितादि में सुस्पष्ट है।

"श्रुति का उदाहरण यह है—"जो समुद्र सलिल के मध्य में यथेष्ट विचरण करते हैं, जो दशेन्द्रिय विषय समूह के होतृ स्वरूप हैं, उनको ब्रह्म जानें। विधातृ पुरुषगण समुद्रमध्यस्थित जीव गणों का परमाश्रयरूप जिस स्थान लाभ का अभिलाष करते हैं। प्राज्ञगण उस प्रकार कहते हैं। श्रीमध्वभाष्योदाहृता श्रुति है। श्रीमथुरा का प्रपञ्चातीतत्व का वर्णन वराह पुराण में उक्त है,—'ब्रह्माण्डस्थ वस्तु समूह की सृष्टि ब्रह्मा करते हैं, किन्तु मथुरा की सृष्टि ब्रह्मा व्यतीत है, वह सृष्टि अन्यविध है।"

नित्यत्व का वर्णन पद्म पुराणीय पातालखण्ड में है, 'माथुर नामक ऋषि-मथुरा नामक स्थान में शाश्वत तपस्या करते हैं। 'शाश्वत' शब्द का अर्थ—नित्य है। 'कुर्वति' प्रयोग, आर्ष है। लौकिक व्याकरण सम्मत पद 'करोति' है, जहाँपर माथुर ऋषि नित्य तपस्या करते रहते हैं, उस स्थान की नित्यता के सम्बन्ध में संशय नहीं हो सकता है।

तत्र वासस्यैव कण्ठोक्तिः। अत्रेदृशं श्रीवराहदेववाक्यमंशांशिनोरैक्यविवक्षयैव, न तु तस्यैवासौ निवासः, श्रीकृष्णक्षेत्रत्वेनैव प्रसिद्धेः। तथैव पातालखण्डे–"अहो मधुपुरी धन्या यत्र तिष्ठति कंसहा" इति। वायुपुराणे तु स्वयं साक्षादेवेत्युक्तम्—

"चत्वारिंशद्योजनानां ततस्तु मथुरा स्मृता। यत्र देवो हरिः साक्षात् स्वयं तिष्ठति सर्व्वदा॥"३१६॥ इति अत्र 'साक्षात्'-शब्देन सूक्ष्मरूपता, 'स्वयं'-शब्देन श्रीमत्प्रतिमारूपता च निषिद्धा। तत इति पूर्व्वोक्तात् पुष्कराख्यतीर्थादित्यर्थः। 'मथुरायाः परं क्षेत्रम्' इत्यनेन वाराहवचनेन पूर्व्वमेव

अलौकिक रूपत्व का वर्णन आदि वाराह में है—'हे वसुन्धरे! 'भू भुवः स्वः' तीन लोकों के मध्य में एवं पाताल – ऊर्द्ध्वलोक में कहीं पर मथुरा के समान निर्मल क्षेत्र नहीं है।"

श्रीभगवान् का नित्यलीलास्पदत्व का वर्णन वहाँ पर इस प्रकार है--अर्थात् श्रीभगवान् जहाँ पर नित्य विराजित हैं, उसका वर्णन—'अहो! आश्चर्य्य का विषय है। मथुरा अति धन्या है, जहाँ श्रीहरि सर्वदा नित्य सन्निहित हैं। अर्थात् तल्लोकवासिगण के निकट श्रीहरि नित्य अवस्थित हैं।'

यह केवल उपासनास्थान ही नहीं है, अर्थात् भक्तगण—यहाँपर केवल उपासना के निमित्त ही रहते हैं, उपासना के पश्चात् स्थान त्याग पूर्वक अभीप्सित स्थान पर चले जाते हैं, भगवत् प्राप्ति अन्यत्र होती है—ऐसा नहीं। आदि वाराह में वर्णित है--पृथिवीस्थ मथुरा में श्रीकृष्ण नित्य विराजित हैं, उपासना फल लाभ के समय—उपासक उपासनाक्षेत्र मथुरा में ही उपास्य का लाभकर सकते हैं, यदि मथुरा को उपासना क्षेत्र कहा जाय तो कहना होगा कि—श्रीकृष्ण मथुरा में नित्य विराजित नहीं हैं, केवल अवतार काल में रहते हैं। अनन्तर सर्वदा श्रीगोलोक में रहते हैं। वर्त्तमान में अथवा आविर्भाव के पूर्व मथुरा में भगवान् नहीं रहते हैं। स्थान माहात्म्य से उपासनासिद्धि सत्वर होती है। इस प्रकार धारणा भ्रम विजृम्भित है। कारण वराह पुराण में श्रीवराह देवने स्वयं ही कहा है—"हे देवि! मथुरा से श्रेष्ठ स्थान त्रिलोक के मध्य में द्वितीय नहीं है। मैं सर्वदा श्रीमथुरा में निवास करता हूँ।" इस कथन से मठुरा में श्रीभगवान् की नित्य स्थिति घोषित हुई है।

संशय हो सकता है—यह उक्ति वराह देवकी है, वराह देवकी नित्य स्थिति मथुरा में हो सकती है, किन्तु वराह देव की उक्ति से श्रीकृष्ण की नित्यस्थिति मथुरा में कैसे प्रमाणित होगी? उत्तर में कहते हैं-

श्रीवराह देव की उक्ति—अंशांशी की ऐक्यविवक्षा से हुई है। अर्थात् अंशांशी को स्वरूप गत अभेद विवक्षा से उस प्रकार कथन हुआ है। श्रीभगवान् स्वरूप ऐश्वर्य्य एवं माधुर्य्य पूर्ण तत्त्व विशेष है। स्वरूप परमानन्द है, निखिल भगवत् स्वरूप तत्स्वरूप में परमानन्द पूर्ण हैं, किन्तु स्थान, लीला, परिकर ऐश्वर्य्य एवं माधुर्य्य भेद से विभिन्न भगवत् स्वरूप में पार्थक्य विद्यमान है।

वस्तुतः श्रीवराह देव की लीलाभूमि मथुरा नहीं है, श्रीकृष्ण लीलाभूमि रूप में मथुरा की प्रसिद्धि है, उसका वर्णन—पद्म पुराण के पाताल खण्ड में है—"अहो मधुपुरी धन्या अत्र तिष्ठति कंसहा" अहो! मथुरा ही धन्या है, जहाँ श्रीकृष्ण नित्य अवस्थित हैं।

वायु पुराण में कथित है—"पूर्व वर्णित पुष्कर तीर्थक्षेत्र से चालीस योजन दूर में मथुरा पुरी विराजित है। वहाँ पर साक्षात् क्रीड़ाशील श्रीकंसारि स्वयं सर्वदा अवस्थित हैं। "यत्र देवो हरिः साक्षात् स्वयं तिष्ठति सर्वदा" श्लोक स्थित साक्षात् शब्द से सूक्ष्म रूप में अन्तर्हित होकर, एवं स्वयं शब्द से श्रीमत् प्रतिमारूपमें अवस्थिति का निर्णय निरस्त हुआ है, अतएव मथुरा में श्रीकृष्ण-, लीलामय सच्चिदानन्द विग्रह रूप में निरन्तर विराजमान हैं। इसका निर्देश उक्त प्रमाण से हुआ। अतएव मथुरा केवल उपासना स्थान ही

तिष्ठतीत्यपि निरस्तम् । अत्र श्रीगोपालतापनीश्रुतिश्च (गो० ता० उ० २६)—"स होवाच तं हि नारारणो देवः सकाम्या मेरोः शृङ्गे यथा सप्त पूर्य्यो भवन्ति तथा सकाम्या निष्काम्याश्च भूगोलचक्रे सप्त पूर्य्यो भवन्ति। तासां मध्ये साक्षात् ब्रह्मगोपालपुरी हि" इति; (गो० ता० उ० ३०) "सकाम्या निष्काम्या देवानां सर्व्वेषां भूतानां भवन्ति। यथा हि वै सरसि पद्मं तिष्ठति, तथा भूम्यां तिष्ठतीति चक्रेण रक्षिता हि वै मथुरा तस्माद्-गोपालपुरी हि भवति। वृहद्वृहद्वनं मधोर्मधुवनम्" इत्यादिका। पुनश्च एतैरावृता पुरी भवति, तत्र तेष्वेव गहनेष्वेवमित्यादिका। तथा (गो० ता० उ० ३४-३५)—"द्वे वने स्तः

नहीं है, अपितु परम प्राप्य स्थान ही है। श्लोकस्थ "ततः" शब्द का अर्थ पूर्वोक्त पुष्कर तीर्थ से। आदि वाराह में उक्त है--मथुरायाः परं क्षेत्रम्" इस प्रमाण से मथुरापुरी में ही निरन्तर श्रीकृष्ण विराजित हैं। इससे उपासनास्थानादि रूप विरुद्ध कल्पना निरस्त हुई है।

श्रीकृष्ण की नित्य साक्षात् स्थिति के सम्बन्ध में श्रीगोपाल तापनी श्रुति इस प्रकार है--श्रीनारायण श्रीब्रह्मा को कहे थे—"हे विधातः! जिस प्रकार सुमेरु शृङ्ग में काम फलदा सप्त पुरी विद्यमान हैं, उस प्रकार भू मण्डल में मोक्षदा, भोगदा अयोध्या, मथुरा, माया, काशी, काञ्चि अवन्ती एवं द्वारका ये सप्तपुरी हैं। तन्मध्य में गोपाल पुरी मथुरा, साक्षात् ब्रह्म स्वरूपा है। देवगण एवं सर्व प्राणि निकर के पक्ष में यह श्रीमथुरा सकाम्या एवं निष्काम्या भी है, अर्थात् कामना पूर्वक यदि कोई यहाँ निवास करता है तो, उस की वासना पूर्त्ति होती है, अधिकन्तु अवाञ्छित श्रीकृष्ण प्रेमलाभ भी होता है। जो लोक--निष्काम भावसे निवास करते हैं, वे लोक श्रीकृष्ण प्रेम सेवा प्राप्त करते हैं।

जिस प्रकार सरोवर के मध्य में पद्म अवस्थित है, अथच जल लिप्त नहीं होता है, तद्रूप इस भूमि में साक्षात् ब्रह्म श्रीगोपाल पुरी श्रीमथुरा सुदर्शन चक्र के द्वारा रक्षित होकर प्रापञ्चिक दोष मुक्त है। अति वृहद्वन (१) मधुदैत्य सम्बन्धीय मधुवन (२) तालवृक्ष अवस्थित हेतु तालवन (३) कामदेव की स्थिति हेतु काम्यवन (४) बहुलानाम्नी श्रीहरिप्रिया का निवास स्थान हेतु बहुलावन (५) कुमुद स्थिति हेतु कुमुदवन (६)खदिर स्थिति हेतु खदिरवन (७) भद्र--श्रीबलभद्र का विहार स्थल भद्रवन (८) भाण्डीर वट की स्थिति हेतु भाण्डीर वन (९) श्रीलक्ष्मी अवस्थान हेतु श्रीवन (१०) लोह नामक असुर का सिद्धि स्थान लोहवन (११) लीलाख्य महाशक्ति की प्रादुर्भाव विशेष रूपा वृन्दा का वन (१२) यह द्वादश वन के द्वारा आवृता पुरी मथुरा नाम से सुप्रसिद्धा है।

मथुरा समीपस्थ द्वादशवन में देवता, मनुष्य, गन्धर्व, नाग, किन्नरगण, निरन्तर नृत्य गीत करते हैं। द्वादशवन में वरुण, सूर्य्य, वेदान्त, भानु, इन्द्र, रवि, गमस्तिमान् यम, हिरण्यरेता, दिवाकर मित्र एवं विष्णु रूप द्वादशादित्य, एकादश रुद्र—(वीरभद्र, शम्भु, गिरीश, अजैकपाद, अहिब्रध्न, पिनाकी, दिक्पति स्थाणु, भग, भुवनाधीश्वर एवं कपाली) अष्टवसु, भव, (धर अथवा धव) ध्रुव, सोम, विष्णु (अह) अनल, अनिल, प्रभूष (प्रत्यूष) प्रभव (प्रभास) गङ्गासे उत्पन्न ये अष्ट गण देवता, सप्तमुनि—कश्यप, अत्रि, भरद्वाज, विश्वामित्र, गौतम, जमदग्नि एवं वशिष्ठ, पञ्च विनायक—मोद, प्रमोद, आमोद, सुमुख एवं दुर्मुख, अष्टलिङ्ग—वीरेश्वर, रुद्रेश्वर, अम्बिकेश्वर, गणेश्वर, नीलकण्ठेश्वर, विश्वेश्वर, गोपीश्वर, एवं भद्रेश्वर तथा अपर चतुर्विंशति लिङ्ग हैं,

उक्त कानन में कृष्णवन एवं भद्रवन नामक वनद्वय हैं। उक्त वनद्वय के मध्य में ही द्वादश वन समूह हैं। तन्मध्य में कतिपय वन पुण्यात्मक, कतिपय पुण्यतम, हैं, किन्तु समस्त वन में ही देवगण; नित्य

कृष्णवनं भद्रवनम्, तयोरन्तर्द्वादश वनानि पुण्यानि पुण्यतमानि तेष्वेव देवास्तिष्ठन्ति सिद्धाः सिद्धिं प्राप्ताः। तत्र रामस्य राममूर्त्तिः" इत्यादिका। तदप्येते श्लोकाः (गो०ता०उ० ३९-४०)-

"प्राप्य मथुरां पुरीं रम्यां सदा ब्रह्मादिसेविताम्। शङ्खचक्रगदाशार्ङ्गरक्षितां मुषलादिभिः॥३२०॥
यत्रासौ संस्थितः कृष्णस्त्रिभिः शक्त्या समाहितः।
रामानिरुद्धप्रद्युम्नै रुक्मिण्या सहितो विभुः॥'३२१॥ इति।

किं तस्य स्थानमिति श्रीगान्धर्व्याः प्रश्नस्योत्तरमिदम्। एवमेव श्रीरघुनाथस्याप्ययोध्यायां श्रूयते। यथा स्कान्दायोध्यामाहात्म्ये स्वर्गद्वारमुद्दिश्य—

"चतुर्द्धा च तनुं कृत्वा देवदेवो हरिः स्वयम्। अत्रैव रमते नित्यं भ्रातृभिः सह राघवः॥'७२२॥ इति।

अतएव "यत्र यत्र हरेः स्थानं वैकुण्ठं तद्विदुर्बुधाः" इत्यनुसारेण महाभगवतः स्थानत्वात् महावैकुण्ठ एवासौ, यतो वैकुण्ठात्तस्य गरीयस्त्वं श्रूयते, यथा पातालखण्डे—

"एवं सप्तपुरीणान्तु सर्व्वोत्कृष्टन्तु माथुरम्। श्रूयतां महिमा देवि वैकुण्ठो भुवनोत्तमः॥३२३॥ इति।

आदिवाराहे—

यहाँ यदुवर परिषत् विशेषण के द्वारा इस प्रकार बोध होता है,—'लोहितउष्णीषधारि व्यक्ति विचरण कर रहे हैं, "इस प्रकार कहने से जिस प्रकार लोहित उष्णीष विशिष्ट रूप में विचरण का बोध होता है, उस प्रकार यदुवर परिषत् विशिष्ट रूप में श्रीकृष्ण की जय कीर्त्तित है।

यहाँ यदुवर शब्द से श्रीवसुदेव प्रभृति के समान श्रीव्रजराज एवं तदीय भ्रातृवर्ग का ग्रहण भी होगा। कारण—वे सब भी यदु वंशोत्पन्न हैं। श्रीमन्मध्वाचार्य चरण ने भी भारत तात्पर्य्य में ब्रह्मा का कथन कहकर लिखा है,

"तस्मै वरः स मया संनिसृष्टः, स चास नन्दाख्य उतास्य भार्य्या।
नाम्ना यशोदा स च शूरतात्, सुतस्य वैश्या प्रभवस्य गोपः॥"

"द्रोण एवं वसु को मैंने वर प्रदान किया था। वह द्रोण--नन्द नामसे, तदीय पत्नी—यशोदानाम से ख्यात हैं। नन्द, वैश्या सम्भूत—शूरतात पुत्र का पुत्र गोप हैं।' इसका अभिप्राय यह—यदु वंशीय देवमीढ़ की दो पत्नी थीं, एक क्षत्रिया, अपर वैश्या, शूर—क्षत्रिया से उत्पन्न हुआ था, एवं पर्ज्जन्य—वैश्य गर्भ सम्भूत है, 'मातृवत् वर्ण सङ्कर' न्याय से पर्ज्जन्य का वैश्यत्व हुआ, और आप गोप जाति के हुये। श्रीनन्द, उक्त पर्ज्जन्य के पुत्र हैं, श्रीवसुदेव,—शूर के पुत्र हैं, एतज्जन्य श्रीवसुदेव श्रीव्रजराज को 'भ्रातः' शब्द से बारम्बार सम्बोधन करते हैं। उक्तरूप से उनके वंश पर्य्याय को अङ्गीकार करने पर सम्बोधन का अर्थ स्वाभाविक प्रतीत होता है।

श्रीशुकदेव भी श्रीनन्द को श्रीवसुदेव के भ्राता कहे हैं। "वसुदेव उपश्रुत्य भ्रातरं नन्दमागतम्॥ श्रीवसुदेव ने सुना कि—'भ्राता नन्द का आगमन हुआ है," भा० १०।५।२० के श्रीमन्मुनीन्द्र वचनके अनुसार निर्णीत हुआ कि श्रीनन्द—यदु वंशसम्भूत हैं। यह उपलक्षण है, श्रीव्रजराज के भ्रातृ वर्ग भी यदुवंशस्थ हैं। श्रीबलदेव व्रजराज प्रभृति को यदुवंशान्तर्भुक्त रूप में कहे हैं। स्कन्द पुराण के मथुराखण्ड में वर्णित है— "इन्द्र वृष्टि निवारण के द्वारा यादवों की रक्षा की गई।" "जहाँपर यदुवैरिइन्द्र के द्वारा भगवान् कृष्ण अभिषिक्त हुये थे" यादवों के हित के निमित्त मैंने गिरिवर का धारण किया।" इस प्रकार अन्यत्र भी वर्णित है।

अतएव श्रीमदानकदुन्दुभिना तस्मिन् भ्रातरिति मुहुः सम्बोधनमविलष्टार्थं भवति, (भा० १०।५।२०) "भ्रातरं नन्दमागतम्"इति श्रीमन्मुनीन्द्रवचनञ्च । तदेतदप्युपलक्षणं तद्भ्रातॄणाम् । यथा स्कान्दे मथुराखण्डे—"रक्षिता यादवाः सर्वे इन्द्रवृष्टिनिवारणात् ।" इति, यत्राभिषिक्तो भगवान्मघोना यदुवैरिणा" इति च, "यादवानां हितार्थाय धृतो गिरिवरो मया"इति चान्यत्र । यथा च यादवमध्यपातित्वेनैव तेषु निर्द्धारणमयं श्रीरामवचनं श्रीहरिवंशे "यादवेष्वपि सर्व्वेषु भवन्तो मम बान्धवाः" इति । सप्तम्या ह्यस्य जातावेव निर्द्धारण-मुच्यते, पुरुषेषु क्षत्रियः शूरतम इतिवत् । विजातीयत्वे तु श्रौघ्नेभ्यो माथुरा आढ्यतमा इतिवत् यादवेभ्योऽपि सर्व्वेभ्य इत्येवोच्येतेति ज्ञेयम् । अत्र जयतीत्यत्र लोडर्थत्वं न सङ्गच्छते, सदैवोत्कर्षानन्त्यमिते तस्मिन्नाशीर्व्वादानवकाशात् । तदवकाशे वा आशीर्व्वादविषयस्य तदानीमाशीर्व्वादक-कृतानुवादविशेषविशिष्टतयैव स्थितेरवगमात् प्रतिपिपादयिषितं तादृशत्वेनैव तात्कालिकत्वमागच्छत्येव । यथा धार्म्मिकसभ्योऽयं राजा वर्द्धतामिति । तदेवं (भा० २।४।२०)"पतिर्गतिश्चान्धकवृष्णिसात्वताम्" इत्यत्राप्यनुसन्धेयम् । अनेन यदुवराणामपि

श्रीहरिवंश में श्रीबलराम का कथन इस प्रकार है—"समस्त यादवों के मध्य में आप सब मेरा बान्धव हैं ।" मूल श्लोक में "यादवेष्वपिसर्वेसु" जाति निर्द्धारणार्थ में सप्तमी विभक्ति का प्रयोग हुआ है । जिस प्रकार प्रयोग होता है—'पुरुषेषु क्षत्रियः शूर इतिवत्" पुरुषगण के मध्य में क्षत्रिय शूर है । यह निर्द्धारण यदि विजातीयस्थल में होता तब सप्तमी विभक्ति न होकर पञ्चमी विभक्ति होती—यथा— "श्रौघ्नेभ्यो माथुरा ह्याढ्यतमा इतिवत् यादवेभ्योऽपि सर्वेभ्यो' इत्येवोच्येतेति ज्ञेयम्" श्रौघ्नदेश निवासी से मथुरावासिगण प्रचुरधनशाली हैं, यहाँ भी समस्त यादवों से आपसब मेरा बान्धव हैं। इस प्रकार कथन होता ।

'जयति जन निवासः" श्लोक में 'जयति' क्रिया का प्रयोग हुआ है, कतिपय व्यक्ति, लोड़, अर्थ में लिट्' वर्त्तमान में अच्युत का प्रयोग मानते हैं, यह समीचीन नहीं हैं, यहाँ आशीर्वाद अर्थ में लोट् का प्रयोग हो सकता है, किन्तु जो सर्बदा अनन्तोत्कर्ष में विराजित हैं, उन में आशीर्वाद का अवसर है ही नहीं । अतएव लोट्का प्रयोग नहीं हो सकता है, जिसका अभाव है,आशीर्वाद के द्वारा उस का अभाव की पूर्त्ति की जाती है । स्वतः अनन्त उत्कर्ष प्राप्त व्यक्ति को आशीर्वाद के द्वारा पूर्ण करने की प्रचेष्टा असार्थक है, किन्तु आशीर्वाद का विषय जो श्रीकृष्ण हैं, उनकी, आशीर्वाद कृतानुवाद रूप में अर्थात् देवकी नन्दन—यदुवर परिषत्, सुस्मित श्रीमुखादि स्वरूप में आशीर्वाद करते समय अवस्थिति सुस्पष्ट है, एतज्जन्य प्रतिपाद्य विषय श्रीकृष्ण-श्रीकृष्ण परिकर, एवं तदीय धाम की अवस्थिति तात् कालिक,—अर्थात् श्रीशुकोक्ति के समय है ।

जिस प्रकार 'धार्मिक सभ्योऽयं राजा वर्द्धताम्' 'धार्मिक सभ्यसह राजा अभ्युदय मण्डित हो' कहने से आशीर्वाद के समय, धार्मिक मण्डली के सहित राजा की स्थिति वाञ्छनीय है, यहाँ पर 'जयति' क्रिया आशीर्वाद अर्थ में प्रयुक्त होने पर उस से देवकी नन्दनादि रूप में श्रीकृष्ण की नित्यस्थिति सिद्ध होती है । यादव वर्ग के सहित श्रीकृष्ण की नित्यस्थिति को सूचित करना ही श्रीशुक देवका अभिमत है। उस का प्रकाश— भा० २।४।२० "पतिर्गतिश्चान्धकवृष्णिसात्वताम्" पद्य में हुआ है । 'यादव गण के पति, गति श्रीकृष्ण मेरे प्रति प्रसन्न हों ।' यह शुकोक्ति है ।

'यदुवर परिषत् श्रीकृष्ण की जय घोषणा होने से, श्रीकृष्ण के सहित यादववर्ग का जय कीर्त्तन

जयो विवक्षितः। नन्वेवं तथा विहरणशीलश्चेत् पुनः कथमिव देवकीजन्मवादोऽभूत ? तत्राह-स्वैर्दोर्भिर्दोर्भ्यां चतुर्भिश्चतुर्भुजैरधर्म्मं तद्बहुलमसुरराजवृन्दमस्यन् निहन्तुम्। लक्षणहेत्वोः क्रियायाः शतृप्रत्ययविधानात्। तदर्थमेव लोकेऽपि तथा प्रकटीभूत इत्यर्थः। किंवा किं कुर्व्वन् जयति ? स्वैः कालत्रयगतैरपि भक्तैरेव दोर्भिरिव दोर्भिस्तद्द्वारा अधर्म्मं जगद्गतं पाप्मानम्, अस्यन् नाशयन्नेव, तदुक्तम् (भा० ११।१४।२४) "मद्भक्तियुक्तो भुवनं पुनाति" इति। पुनः किमर्थं देवकीजन्मवादः ? तत्राह—स्थिरचरवृजिनघ्नो निजाभिव्यक्त्या निखिलजीवानां दुःखहन्ता तदर्थमेवेत्यर्थः। तदुक्तम् (भा० १०।२९।१६) "यत एतद्विमुच्यते" इति। किंवा

करना ही श्रीशुक का अभिप्राय है, यह प्रतीत होता है। यहाँ जिज्ञासा हो सकती है कि—श्रीकृष्ण, यदि उक्तरूप में नित्य विहरण शील हैं, तब, देवकी नन्दन रूप में कथन-'देवकी से जन्म' यह प्रसिद्ध वचनोल्लेख कैसे सम्भव होगा ?

उत्तर में कहते हैं, "स्वैर्दोर्भि र्दोर्भ्यां" भुजयुगल के द्वारा, एवं भुज चतुष्टय के द्वारा अधर्म, अर्थात् बहुल असुर स्वभावाक्रान्त राजन्यवृन्द की हत्या करने के निमित्त मनुष्य लोक में भी देवकी नन्दन रूपमें प्रकट होते हैं। भुजद्वय का व्रजमें प्रकट करतेहैं, एवं मथुरा द्वारकामें भुज चतुष्टय का प्रदर्शन करतेहैं, असुर संहार उक्त रूप से होता है। द्वारका मथुरा में चतुर्व्यूह वासुदेव रूप में प्रकट हैं, अतएव उनका चतुर्भुज रूप में वर्णन हुआ है।

पक्षान्तर में अर्थ करते हैं—अथवा—किस कार्य्य करके श्रीकृष्ण उत्कर्ष मण्डित हैं ? उत्तर में कहते हैं, स्वैर्दोर्भिः' कालत्रय गत भक्तवृन्द उनके बाहु स्वरूप हैं। उन सब के द्वारा जगत गत पापराशि को विनष्ट करके जय युक्त हो रहे हैं। भक्त वृन्दकी पापराशि कोविनष्ट करतेहैं,-उसका वर्णन भा० ११।१४।२० "मद् भक्ति युक्तो भुवनं पुनाति" में है, श्रीकृष्णोक्ति यह है—हे उद्धव ! मुझ में प्रेम भक्ति सम्पन्न भक्तगण-भुवन को पवित्र करते हैं।

पुनः किस निमित्त देवकी से जन्म ग्रहण ख्याति हुई ? उत्तर—"स्थिरचर वृजिनघ्नः" निज अभिव्यक्ति के द्वारा स्थावर जङ्गम प्रभृति सांसारिक जीव समूह का दुःखापनोदनकरते हैं। तज्जन्य आप देवकी देवी से आविर्भूत हुये थे। श्रीकृष्ण स्थावर जङ्गमादि का दुःख नाश करते हैं—उसका वर्णन भा० १०।२९।१६ श्रीशुकोक्ति में है—

"न चैवं विस्मयः कार्य्यो भवता भगवत्यजे।
योगेश्वरेश्वरे कृष्णे यत एतद्विमुच्यते ॥

हे राजन् ! व्रजदेवी गण, श्रीकृष्ण में तन्मय होकर सद्य गुणमय देह त्याग किये थे, योगेश्वरगण के ईश्वर भगवान् अज श्रीकृष्ण के इस कार्य्य में विस्मय का अवकाश नहीं है। श्रीकृष्ण से स्थावरादि की भी मुक्ति होती है।

बृहत् क्रमसन्दर्भ—"एवं क्रोधावेशं विहाय शिष्य वात्सल्याद् उपदिशति—न चैवमित्य दि। पुनरेवं विस्मयो न च कार्य्यः। नैवं कार्य्य इत्यर्थः। भवता श्रीकृष्ण प्रभावज्ञानां पौत्रेण, कुत्र ? कृष्णे, अन्यत्र वरं सन्देहः क्रियताम्। कीदृशे ? अजे स्वप्रकाशे, भगवत्यचिन्त्य परमैश्वर्य्ये, योगेश्वराणां अपीश्वरे,—कर्त्तुमकर्त्तुमन्यथा कर्त्तुं समर्थे। एतेन तस्मिन् ब्रह्म ज्ञानेनापि न किञ्चिद् भवति, कान्त ज्ञानेनापि तदङ्ग सङ्ग मङ्गलत्वं भवतीत्यन्यथा—कर्त्तृत्वे योगेश्वरेश्वरता, यत एतत्तरु गुल्मादिकमपि विमुच्यत, इति, मुक्ति कर्त्तृत्वे

कथम्भूतो जयति ? व्रज पुरवासिनां स्थावरजङ्गमानां निजचरणवियोगदुःखहन्ता सन् । नित्यविहारे प्रमाणमाह—जननिवासः, 'जन' शब्दोऽत्र स्वजनवाचकः, (भा० ३।२९।१३) 'सालोक्य'—इत्यादि-पद्ये जना इतिवत् । स्वजनहृदये तत्तद्विहारित्वेन सर्व्वदैवावभासमान इत्यर्थः । सर्व्वप्रमाणचयचूड़ामणिभूतो विद्वदनुभवएवात्र प्रमाणमिति भावः । स्वयन्तु किं कुर्व्वन् जयति ? व्रजवनितानां मथुरा-द्वारकापुरवनितानाञ्च कामलक्षणो यो देवः स्वयमेव तद्रूपस्तं वर्द्धयन् सदैवोद्दीपयन् । अत्र तदीय-हृदयस्थ-काम-तदधिदेवयोरभेदविवक्षा, तादृश-तद्भावस्य तद्वदेव परमार्थताबोधनाय श्रीकृष्णस्फूर्त्तिमयस्य तादृशभावस्याप्राकृतत्वात् परमानन्दपरमकाष्ठारूपत्वाच्च । श्रीकृष्णस्य कामरूपोपासना चागमे व्यक्तास्ति, "वनिता

योगेश्वरेश्वरता, अभक्तानां कृतार्थता करणे-अकर्त्तृत्वे, योगेश्वरेश्वरता"। अप्रकट लीला आविष्कार करने पर श्रीकृष्ण की कारुण्यादि शक्ति समूह सुप्त प्राय रहती हैं । प्रकट लीला में उक्त शक्ति समूह का परिपूर्ण विकास होता है, उस समय सिद्ध असिद्ध एवं सिद्ध भक्त वृन्द को स्वीय कारुण्य शक्ति के द्वारा निज चरण सन्निधान में आकर्षण करते हैं । कारुण्य की सुप्रचुर अभिव्यक्ति के कारण प्रकट लीला के समय श्रीकृष्ण से स्थावर प्रभृति की भी मुक्ति होती है,

उक्त श्लोक में साधन सिद्धा गोपीगण के मध्य में कतिपय गुणमय देह त्याग हुआ था, नित्यसिद्ध गोपिओं का गुणमय देह सम्पर्क नहीं है, प्रकट लीलामें प्रापञ्चिक एवं अप्रापञ्चिक का मिश्रण हेतु साधन सिद्धागोपिओं का गुणमय देह सम्पर्क होना सम्भव है । अथवा पत्यादि की वञ्चना हेतु योगमाया प्रभाव के द्वारा तत् कालीन आगन्तुक जो गुणमय देह, उसका त्याग गोपियों ने किया था । अथवा किस प्रकार से जय युक्त होते हैं ? कहते हैं,—यदुपुर एवं व्रजवासी स्थावरजङ्गम समूह का निज चरण दुःख हर्ता होकर श्रीकृष्ण जययुक्त हैं । उनसब के सहित नित्य विहरण व्यतीत उनसब का उक्त विच्छेद विरह दुःख नाश होना सम्भव नहीं है । नित्य विहरण में प्रमाण प्रदर्शन करते हैं ।—'जन निवासः" यहाँ जन शब्द स्वजन वाचक है । भा० ३।२९।१३ में उक्त है—

"सालोक्य सार्ष्टि—सारूप्य सामीप्यैकत्वमप्युत ।

दीयमानं न गृह्णन्ति विना मत्सेवनं जनाः ।' मदीय जन गण को सालोक्य (एकत्र वास) सार्ष्टि-- (तुल्यऐश्वर्य्य) सामीप्य—(निकट वर्त्तिता)सारूप्य—(समानरूपता) किंवा-एकत्व (सायुज्य) मुक्ति प्रदानेच्छु होने पर भी वे सब मेरी सेवा व्यतीत अपर कुछ भी ग्रहण नहीं करते हैं ।" इस श्लोक में जन शब्द का अर्थ—भगवान का निज जन है । भक्त भिन्न अपर जन निज जन नहीं होता है । एवं अपर को मुक्ति प्रदान हेतु आग्रह शील भी नहीं होते हैं । उस प्रकार ही जन निवास पदस्थ जन शब्द से निज भक्त के हृदय में सपरिकर द्वारका मथुरा वृन्दावन विहारि रूप में विराजित हैं, इस प्रकार अर्थ बोध होता है । इस प्रकार व्याख्या में प्रमाण क्या है ?

उत्तर में कहते हैं—निखिल प्रमाण समूह की चूड़ामणि स्वरूप विद्वदनुभव ही यहाँपर एकमात्र प्रमाण है ।

जिस कार्य्य के द्वारा श्रीकृष्ण सर्वोत्कर्ष मण्डित हैं, उसका प्रदर्शन हुआ । सम्प्रति श्रीकृष्ण स्वयं किसरीति से जय युक्त हैं ? उस को दर्शाते हैं,-व्रजवनिता एवं मथुरा द्वारका पुरवनिता वृन्द का कामलक्षण जो देव, श्रीकृष्ण, स्वयं ही तद्रूप में विराजमान हैं । काम देव का कार्य्य निर्वाह श्रीकृष्ण ही करते हैं । काम

जनितात्यर्थानुरागायाञ्च योषिति" इति नामलिङ्गानुशासनम् । व्रजेति श्रेष्ठेचन पूर्व्वनिपातः। अतएव पूर्व्वं मेरुदेव्यां सुदेवीति संज्ञावत् देवकी-शब्देन श्रीयशोदा च व्याख्येया—

"द्वे नाम्नी नन्दभार्य्याया यशोदा देवकीति च । अतः सख्यमभूत्तस्या देवक्या शौरिजायया ॥"३५६॥

इति स्कान्दवचनात् । तदेवं त्रिष्वपि नित्यविहारित्वं सिद्धम् ॥ श्रीशुकः ॥

११६। अथ यदुक्तं श्रीवृन्दावनस्यैव प्रकाशविशेषे गोलोकत्वम्, तत्र प्रापञ्चिकलोक-प्रकटलीलावकाशत्वेनावभासमान-प्रकाशो गोलोक इति समर्थनीयम् । प्रकटलीलायां तस्मिस्तच्छब्दप्रयोगादर्शनात् भेदांशश्रवणाच्च। प्रकटाप्रकटतया लीलाभेदश्चाग्रे दर्शयितव्यः। तदेवं वृन्दावन एव तस्य गोलोकाख्यप्रकाशस्य दर्शनेनाभिव्यनक्ति, (भा० १०।२८।११-१८)—

रूपी श्रीकृष्ण सर्वदा अपने को उद्दीप्त करके जय युक्त हैं। यहाँपर व्रजपुर वनिता गणका हृदयस्थ काम एवं उस काम का अधिष्ठातृ देवता को अभेदमान कर कहा गया है। कारण, व्रजपुर वनिता गण का वर्द्धन शील जो कामभाव है, वह भी श्रीकृष्ण के समान परमार्थ पदार्थ है।

उसका प्रकाश करने के निमित्त कहा है—श्रीकृष्ण स्फूर्त्तिमय तादृश भाव अप्राकृत है, लौकिक नहीं है, एवं परमानन्द परम काष्ठा रूप है। उक्त श्लोक में ही श्रीकृष्ण को कामदेव रूप में कहा गया है, यह नहीं, अपितु,—आगम में श्रीकृष्ण की उपासना कामदेव रूप में ही है।

अत्रत्य श्लोकस्थ 'वनिता' शब्द से श्रीकृष्ण में अनुरागवती वृन्दावन—मथुरा—द्वारकास्थ रमणी वृन्द का बोध होता है। नामलिङ्गानुशासन में वर्णित है—जिस रमणी का अतिशय अनुराग कान्त के प्रति है—उस को 'वनिता' कहते हैं। व्रजरमणी वृन्द का श्रेष्ठत्व प्रतिपादन हेतु कहते हैं—'व्रजपुर वनिता' यहाँ व्रज शब्द का पूर्व निपात हुआ है।

अतएव वृन्दावन, मथुरा, द्वारका धाम में श्रीकृष्ण की नित्य स्थिति होने से उक्त (जयति जन निवास) श्लोक में श्रीकृष्ण को देवकी नन्दन शब्द से कहा गया है। यहाँ 'देवकी' शब्द से केवल वसुदेव पत्नी का बोध ही नहीं होता है अपितु श्रीनन्द पत्नी यशोदा का बोध भी होता है। जिस प्रकार श्रीऋषभदेव जननी 'मेरुदेवी का नाम 'सुदेवी' है, उस प्रकार श्रीयशोदा का अपर नाम देवकी है।

स्कन्द पुराण में वर्णित है, "द्वेनाम्नी नन्द भार्य्याया यशोदा देवकीति च, अतः सख्यमभूत्तस्या देवक्या शौरिजायया।" नन्दभार्य्या यशोदा के नामद्वय 'यशोदा देवकी' थे, नामसाम्य हेतु यशोदा का वसुदेवपत्नी देवकी के सहित सख्य भाव हुआ था। अतएव 'जयति जन निवासः' श्लोक के द्वारा श्रीवृन्दावन, मथुरा द्वारका धाम में श्रीकृष्ण की नित्य विहरण परायणता सुनिश्चित रूप से प्रति पादित हुई। प्रकरण प्रवक्ता श्रीशुक हैं—(११५)

अनन्तर श्रीगोलोक तत्त्व का वर्णन करते हैं,—इतः प्राक् श्रीवृन्दावन का प्रकाश विशेष को ही गोलोक कहा गया है। अनन्तर उक्त गोलोक का तत्त्व वर्णन करते हैं। वृन्दावनीय लीला के स्थिति स्थान दो हैं—वृन्दावन एवं गोलोक। वृन्दावन में प्रकट एवं अप्रकट रूप लीलाद्वय की स्थिति है, और गोलोक में केवल अप्रकट लीलाकी स्थिति है। सुतरां जो लीला प्रापञ्चिक जगत् में अभिव्यक्त नहीं होती है। उस लीला का अभिव्यक्ति स्थान गोलोक है। कारण,—प्रकट लीलास्थल श्रीवृन्दावन में 'गोलोक' शब्द का प्रयोग दृष्ट होता है, एवं गोलोक एवं गोकुल का भेद भी कियदंश में श्रुत है। प्रकट एवं अप्रकट रूप लीलाद्वय का भेद वर्णन अग्रिम ग्रन्थ में करेंगे। वृन्दावन का प्रकाश विशेष ही गोलोक है, तज्जन्य

(११६) "नन्दस्त्वतीन्द्रियं दृष्ट्वा लोकपालमहोदयम् ।
कृष्णे च सन्नतिं तेषां ज्ञातिभ्यो विस्मितोऽब्रवीत् ॥३६०॥
ते चौत्सुक्यधियो राजन् मत्वा गोपास्तमीश्वरम् ।
अपि नः स्वगतिं सूक्ष्मामुपाधास्यदधीश्वरः ॥३६१॥
इति स्वानां स भगवान् विज्ञायाखिलदृक् स्वयम् ।
सङ्कल्पसिद्धये तेषां कृपयैतदचिन्तयत् ॥३६२॥
जनो वै लोक एतस्मिन्नविद्याकामकर्म्मभिः ।
उच्चावचासु गतिषु न वेद स्वां गतिं भ्रमन् ॥३६३॥
इति सञ्चिन्त्य भगवान् महाकारुणिको विभुः ।
दर्शयामास लोकं स्वं गोपानां तमसः परम् ॥३६४॥

श्रीवृन्दावन में ही उक्त गोलोकाख्य प्रकाश दृष्ट हुआ है । श्रीमद् भागवत के १०।२८।११ १८ में इसका सुविशद् वर्णन है—

"नन्द महाराज, लोक पाल वरुण का अदृष्टपूर्व ऐश्वर्य्य एवं वरुण लोकनिवासि जनगण की श्रीकृष्ण के प्रति सम्यक् प्रणति दर्शन कर अत्यन्त विस्मित होकर ज्ञाति वृन्दको कहे थे—"हे राजन् ! उक्त गोप समूह श्रीकृष्ण को ईश्वर मानकर समुत्सुकचित्त से सोच रहे थे—'भगवान् अवश्य ही हमारी सूक्ष्मा गति को दिखलायेंगे।' सर्वज्ञ भगवान्—ज्ञातिवर्ग के सङ्कल्प को जानकर उनसब की सङ्कल्पसिद्धि के निमित्त कृपा पूर्वक स्वयं इस प्रकार चिन्ता किये थे,—जनगण—अविद्या काम कर्म के द्वारा देव एवं तिर्य्यगादि नाना शरीर में भ्रमण करते रहते हैं, किन्तु निज गति को नहीं जानते हैं।

महाकारुणिक विभु भगवान् इस प्रकार चिन्ता करके प्रकृति के परस्थित गोपगण के निज लोक का दर्शन कर ये थे। मुनिगण—गुणक्षय होने से जिस का दर्शन करते हैं, जो सत्य, ज्ञान, अनन्त ज्योतिर्म्मय ब्रह्म स्वरूप है, गोपगण उस को देखे थे। श्री अक्रूर जहाँपर ब्रह्म दर्शन किये थे—श्रीकृष्ण के द्वारा गोपगण वहाँपर नीत होकर उस ब्रह्महृद में निमज्जित एवं उद्धृत होकर ब्रह्मरूप दर्शन किये थे। श्रीकृष्ण वहाँपर मूर्त्तिमान् वेद समूह के द्वारा स्तुत हो रहे थे, यह देखकर गोपगण परम विस्मित एवं परमानन्द निर्वृत हुये थे।

उक्त श्लोक समूह का अर्थ इस प्रकार है—अतीन्द्रिय—अदृष्ट पूर्व, लोकपाल—वरुण, स्वगति—निजधाम, सूक्ष्मा—दुर्ज्ञेया, उपाधा यत्-उपधास्यति, हम सब को उसधाम प्राप्त करायेंगे। जन—व्रजवासी श्रीकृष्ण के निजजन, एतस्मिन्—प्रापञ्चिक लोक में, अविद्या—देहादि में अहंबुद्धि, काम्यकर्म द्वारा कृता उच्चावचा गति, देव तिर्य्यक् जन्म।

गोपवृन्द का सङ्कल्प को जानकर श्रीकृष्ण विचार कर रहे थे,—मेरा परिकर यह गोपगण हैं, प्रापञ्चिक लोक में अविद्या द्वारा रचित देवादि तिर्य्यक् पर्य्यन्त विभिन्न शरीर में अवस्थित जीव गण के सहित अपना कुछ भी विशेष नहीं है इस प्रकार भ्रम में पड़कर निज अवस्था को जानने में अक्षम हैं।

यद्यपि इस भ्रम के प्रति लीलाशक्ति ही कारण है, तथापि व्रजवासि स्वजन वृन्द को कुछ समय के निमित्त सर्व विलक्षणा गति दिखाऊँगा, एवं भ्रम विदूरित करूँगा। भा० ३।२९।१३ में वर्णित "सालोक्य सार्ष्टि—' इत्यादि पद्योक्त जन शब्दवत् यहाँपर भी 'जनो वै' शब्द का अर्थ भी निजजन है।

सत्यं ज्ञानमनन्तं यद्ब्रह्म ज्योतिः सनातनम् ।
यद्धि पश्यन्ति मुनयो गुणापाये समाहिताः ॥६६५॥
ते तु ब्रह्महृदं नीता मग्नाः कृष्णेन चोद्धृताः ।
ददृशुर्ब्रह्मणो लोकं यत्राक्रूरोऽध्यगात् पुरा ॥३६६॥
नन्दादयस्तु तं दृष्ट्वा परमानन्द-निर्वृता ।
कृष्णञ्च तत्र छन्दोभिः स्तूयमानं सुविस्मिताः ॥"३६७॥

अतीन्द्रियमदृष्टपूर्व्वम्, लोकपालो वरुणः, स्वगतिं स्वधाम, सूक्ष्मां दुर्ज्ञेयाम्, उपाधारयत् उपधारयति; नोऽस्मान् प्रति प्रापयिष्यतीति सङ्कल्पितवन्त इत्यर्थः । जन इति 'जन'—शब्देनात्र तदीयस्वजन एवोच्यते, (भा० ३।२९।१३) "सालोक्य-सार्ष्टि-" इत्यादि-पद्ये जना इतिवत् । अत्रैते मत्सेवनं विना प्राप्यमाण-सालोक्यादि-परित्यागेन तत्सेवैकवाञ्छाव्रताः साधका एवेति लभ्यते । 'न वेद स्वां गतिम्' इत्यत्र तु श्रीभगवता तस्मिन् लोके स्वीयत्व-तदीयत्वयोरेकत्वमननेन स्वाभेद एव प्रतिपादित इति परम एवासौ तदीय-स्वजनः। अतएव (भा० १०।२५।१८)—

जहाँपर मेरीसेवा नहीं है, उस प्रकार स लोक्य को भी मदीय जन गण नहीं चाहते हैं, कारण—उन सब की मदीय सेवामें ही निष्ठा एवं महत्त्व है। 'न वेद स्वां गतिं भ्रमन्" यहाँ पर श्रीभगवान्—उस लोक में स्वीयत्व तदीयत्व को एक मानाहै, स्वाभेद ही वहाँ प्रतिपादित हुआहै । अतएव गोपगण उनके परम स्वजन हैं। भा० १०।२५।१८ में स्वयं भगवान् ने ही कहा है,—' व्रजवासिजन गण मेरा आश्रित हैं, मैं ही रक्षक हूँ, मेरा ही वे सब निज जन हैं, अतएव मैं व्रज की रक्षा करूँगा, गोपाये—रक्षिष्यामि । किञ्च सोऽयं में मया व्रतो नियमः सङ्कल्पो वा आहितो धृतः' इत्यर्थः । स्वामिपादः। क्रमसन्दर्भकार के मतमें—गोपाये—इति वर्त्तमान प्रयोगेन स्वाभाविकत्वं व्यञ्जयति । मैं ने यह व्रतधारण किया है। व्रत, नियम, संकल्प यह ही मेरा है । 'गोपाये' वर्त्तमान प्रयोग से स्वाभाविकता व्यञ्जित हुई है !

स्वयं भगवान् ने कहा है व्रजवासिजनगण मत् परिग्रह हैं। मत् परिग्रह शब्द से प्रतीति होता है, व्रज वासि जनगण श्रीकृष्ण के ही परिकर हैं, मच्छरण शब्द से भी क्रमप्राप्त बहुव्रीहिके द्वारा श्रीकृष्ण का निज परिकरत्व सिद्ध हुआ है। सोऽयं में व्रतः" इस के द्वारा रक्षा करना व्रत श्रीकृष्ण का सुनिश्चित है, सूचित हुआ है । अतएव जन शब्द से निज परिकर व्रजवासि जनका लाभ हुआ है, अतः करुणापूर्वक उन सबको गोलोक दर्शन उक्त रूप से कराए थे । किन्तु अपर के प्रति उस प्रकार करुणा नहीं होती है । "स्वां गतिं" शब्द से सामानाधिकरण्य प्रकटित हुआ है, किन्तु उस पदद्वय के द्वारा वस्तु द्वयकी प्रतीति नहीं हुई है । "स्वगतिं" सूक्ष्मां" पूर्वोक्त कथन से भी उक्तार्थ का बोध ही होता है । अतएव उभय वाक्य से ही उन का निज लोक दर्शन प्रसङ्ग लाभ ही हुआ है । निज लोक गोलोक का कहना अभीप्सित होने पर वह लोक सर्व साधारण जनगण का प्राप्य नहीं है अतएव 'जन' शब्द विशिष्ट जन—अर्थात् परिकर जन गण का ग्रहण होता है, उनसब का स्थान ही गोलोक है ।

पद व्याख्या उस प्रकार होने पर सरलार्थ इस प्रकार है– जनगण व्रजवासी हैं, और मेरा परम स्वजन हैं। इस जगत में प्रापञ्चिक लोक में अविद्या के द्वारा निर्मित उच्चनीच शरीर रूप गति—देव--

"तस्मान्मच्छरणं गोष्ठं मन्नाथं मत्परिग्रहम् ।
गोपाये स्वात्मयोगेन सोऽयं मे व्रत आहितः ।।"३६८।।

इति स्वयमेव भगवता मत्परिग्रहमित्यनेन स्वस्मिंस्तत्परिकरतामच्छरणमित्यादिक्रम-प्राप्त-बहुव्रीहिणा दर्शिता, 'सोऽयं मे व्रतः' इत्यनेन स्वस्य तद्गोपनव्रतता च । तदेवं व्रज-वासिजन एव लब्धे तं प्रत्येव करुणया दर्शितवान्, न त्वन्यान् 'स्वां गतिम्' इति सामानाधिकरण्य एव व्यक्ते, न तु ताभ्यां पदाभ्यां वस्तुद्वयमुच्यते । स्वगतिं सूक्ष्मामिति पूर्वोक्तमपि तथा । तस्मात्तल्लोकदर्शनमेवोभयत्र विवक्षितम् । विवक्षिते च तल्लोके स तु जनमात्रस्य स्वगतिर्न भवतीति च जन-शब्देन तद्विशेष एव व्याख्यातः । तदेवं सत्यमर्थः— जनोऽसौ व्रजवासी मम परमस्वजनः । एतस्मिन् प्रापञ्चिकलोके अविद्यादिभिः कृता या उच्चावचा

तिर्य्यग् प्रभृति हैं, उस के सहित निज शरीर का तुल्य बोध होने से ही निज गति की उपलब्धि उन सब की नहीं हुई ।

अनन्तर सर्वोत्तम प्रेम भक्ति के द्वारा मेरा दर्शन होता है, इसमें भ्रम की सम्भावना ही नहीं है । सर्वोत्तम पदार्थ मैं हूँ ।

परम भक्ति योग के द्वारा मुझ को जानने के बाद पुनर्वार भ्रम की सम्भावना ही नहीं होती है, तथापि तत्तत् लीला रस पोषण निबन्धन मदीय लीलाशक्ति भ्रमादि की कल्पना करती रहती है । किन्तु वह भ्रम अविद्या विजृम्भित नहीं हैं । भा० १०।११।५८ में उक्त है

"इति नन्दादयो गोपाः कृष्ण राम कथां मुदा
कुर्वन्तो रममाणाश्च नाविदन् भववेदनाम् ।।

"नन्दादि गोपगण, आनन्द से रामकृष्ण के चरित कथा में रत होकर सांसारिक क्लेश को जान नहीं पाये थे ।" अतएव उन सब की प्राकृत कर्माधीन जीववत् गति की सम्भावना ही नहीं है । भा० १०।१४।३५ में ब्रह्माने भी कहा है—

"एषां घोष निवासिनामुत भवान् किं देव रातेति न
श्चेतोविश्वफलात् फलं त्वदपरं कुत्राप्ययन् मुह्यति ।
सद्वेषादिव पूतनापि सकुला त्वामेव देवापिता
यद्धामार्थ सुहृत् प्रियात्मतनय प्राण शयास्त्वत् कृते ।।"

टीका—'अपि च किं वर्ण्यते कृतार्थत्वमेतेषां येषां भक्त्या भवानपि ऋणीवास्ते' ननु किं दातुम-समर्थोऽहं येन ऋणी स्याम् ? अत आह—उत अपि,—भवानपि, एषां कुत्रापि, किं विश्वफलात् सर्व-फलात्मकात् त्वत् त्वत्तः, परं राता दास्यतीति, न श्चेतः, अयत् सर्वत्र गच्छत्—विचारयत् मुह्यति ।

ननु मामेव दत्वानृणः स्यामिति चेन्नहि नहि, सद्वेषादिव,—सतां भक्तानां यो वेषः, तदनुकरण-मात्रेण पापिष्ठा पूतनापि तामेवापिता प्रापिता । तर्हि तत् सम्बन्धिनामपि दास्यामीति चेत्—तत्राह सकुलेति । बकासुराघासुर सहिता । एषामपि तावदेव चेदपर्य्याप्तमित्याह यदिति,—येषां धामादय स्त्वत्कृते त्वदर्थ मेवेत्यर्थः ।।"

किन्तु भगवन् ! मेरा एक महान् संशय है, उसका अपनोदन आप भी करने में अक्षम हैं । उस को

गतयो देवतिर्य्यगादयस्तासु स्वां गतिं भ्रमन् ताभिस्तुल्यतया जानन् तामेव स्वां गतिं न वेदेत्यर्थः। ततो मामपि सर्व्वोत्तमतया प्रेमभक्त्या सर्व्वोत्तमतया द्रष्टुरेतस्य यद्यपि तत्तल्लीलारसपोषाय मदीयलीलाशक्तैयव भ्रमादिकं कल्पितम्, न पुनरविद्यादिभिः (भा० १०।११।५८—)

"इति नन्दादयो गोपाः कृष्णरामकथां मुदा।
कुर्व्वन्तो रममाणाश्च नाविन्दन् भववेदनाम् ॥"३६६॥ इति।

(भा० १०।१४।३५) "यद्धामार्थसुहृत् प्रियात्मतनय–प्राणाशयास्त्वत्कृते" इत्यादि; तथाप्येतस्येच्छानुसारेण क्षणकतिपयमेतदीयां सर्वविलक्षणां स्वां गतिं दर्शयन् तदपनेष्यामीति भावः। वैलक्षण्यं त्वग्रे व्यञ्जनीयम्। गोपानां स्वं लोकं श्रीगोलोकम्। यः खलु "गोपीगोपैरसंख्यातैः सर्व्वतः समलङ्कृतम्" इति मृत्युञ्जयतन्त्रे वर्णितम्, तथा—

प्रकाश कर कहते हैं—हे देव! यह सब घोषनिवासीयों को, उत विस्मयार्थ में प्रयुक्त है। भवान्—आप विश्व से श्रेष्ठ हैं, आप से अपर कौन वस्तु देय है? यह ही संशय सङ्कट है, इस में मेरा मन निपतित है। इसमें संशय ही क्या है,मैं अपने को दे सकता हूँ। अतः देयवस्तु को न देखकर चित्तमोह प्राप्त करना व्यर्थ है? अपने को देंगे, इस प्रकार कहना अपाण्डित्य पूर्ण है, कारण सद्वेषादिव—सती माता, उनके वेष के समान वेष से ही, किन्तु उनके वेष से नहीं, स्तन्यद नकर मातृ गति को प्राप्त किया, ऐसा नहीं, किन्तु हत्या करने के निमित्त स्तन दान किया। मातृ वेषाभासमात्र से ही पूतना ने आप को प्राप्त कर लिया है; उन में भी निज गोष्ठी के सहित—वक अघ के सहित सद्गति को प्राप्त किया। इन सब को यदि आत्मदान करते हैं, आप में योग्यायोग्य विचार नहीं है, अतः पाण्डित्य हीनता ही आती है।

अपने से अधिक अपर कोई वस्तु है ही नहीं, अतः अपर क्या देय है, चिन्ताकर मेरा चित्त संदिहान है। ब्रह्मन्! तुम संशय न करो। इन सब को समुचित जो देना है, वह मैंने दिया ही है। ब्रह्मा के वाक्य से ही सरस्वती ने सिद्धान्त कर दिया है—श्रीकृष्ण के सुख के निमित्त धाम प्रभृति का अर्पण इन्होंने किया है, यह ही सिद्धान्त है। पूतना प्रभृति को सायुज्य प्रदान किया, व्रजवासिओं को सायुज्य से परम दुर्लभ प्रेम प्रदान किया है। इस से मुझ में अपाण्डित्यदोष का अवसर नहीं हुआ। इस से प्रति पादित हुआ, व्रज वासिओं की कभी भी न जीववत् साधारणी गति नहीं रही। तथापि श्रीकृष्णकी इच्छाके अनुसार क्षण कतिपय इन सबको सर्व विलक्षण गति को दर्शन कराकर उसको अपसारित करेंगे,इस प्रकार अभिप्राय श्रीकृष्ण का था। इस से ही उक्त प्रसङ्ग का समारम्भ हुआ था। विलक्षणस्थिति की कथा का वर्णन अग्रिम ग्रन्थ में करेंगे।

गोपगण के निज लोक का नाम ही श्रीगोलोक है। जो लोक असंख्य गोप गोपी प्रभृति के द्वारा सर्वतः समलङ्कृत है। इस प्रकार वर्णन ही मृत्युञ्जय तन्त्र में है।

उस प्रकार वर्णन नारद पुराण के विजयोपाख्यान में भी है—पद्म की आकृति युक्त धाम है, उत्तम गोपुर के द्वारा शोभित है "असंख्य नायिकावृन्द मण्डलीबद्ध रूप में अवस्थित हैं। महाशक्ति सम्पन्न रामादि गोपगण पुरके चतुर्दिक में अवस्थित हैं।" ब्रह्म संहिता के ५।२६ में वर्णित है—गोलोक के गृह समूह—चिन्तामणि समूह के द्वारा निर्मित हैं, वन समूह—कल्पवृक्षमय हैं। इत्यादि रूप में बहु वैभव के

"पद्माकृतिपुरीद्वारि लक्षमण्डलनायिकाः । रामादयस्तु गोपालाश्चतुर्दिक्षु महेश्वराः ।।"३७०।।

इति नारदपञ्चरात्रे विजयाख्याने वर्णितः । (ब्र०सं० ५।२९) "चिन्तामणि-प्रकरसद्म-" इत्यादिना ब्रह्मसंहितादिषु वर्णित-व्यक्तवैभवातिक्रान्त-प्रपञ्चाप्रपञ्चलोकमहोदयस्तमेवेत्यर्थः। तमसः प्रकृतेः परं प्रपञ्चानभिव्यक्तत्वात्तदीयेनाप्यसङ्कुरम् । अतएव सच्चिदानन्दरूप एवासौ लोक इत्याह—सत्यमिति । सत्यादिरूपं यद्ब्रह्म, यच्च मुनयो गुणात्यये पश्यन्ति, तदेव स्वरूप शक्तिवृत्तिविशेषप्राकट्यविशेषेण सत्यादिरूपाव्यभिचारिणं गोलोकरूपं दर्शयामासेति पूर्व्वेणान्वयः । यथान्यत्रापि वैकुण्ठे भगवत्सन्दर्भोदाहृतं पाद्मादिवचनं ब्रह्माभिन्नतावाचित्वेन दर्शितं तद्वत् । अथ श्रीवृन्दावने च तादृशदर्शनं कतमदेशस्थितानां तेषां जातमित्यपेक्षायामाह-ब्रह्महृदमक्रूरतीर्थं श्रीकृष्णेन नीताः पुनश्च तदाज्ञयैव मग्नाः, पुनश्च तस्मात्तीर्थात् श्रीकृष्णेनैवोद्धृताः, उद्धृत्य वृन्दावनमध्यदेशमानीतास्तस्मिन्नेव नराकृतिपरब्रह्मणः श्रीकृष्णस्य लोकं गोलोकाख्यं ददृशुः । कोऽसौ ब्रह्महृदः ? तत्राह—यत्रेति । पुरेत्येतत्प्रसङ्गाद्भाविकाल इत्यर्थः, "पुरा पुराणे निकटे प्रबन्धातीतभाविषु" इति कोषकाराः । अध्यगादस्तौदधिगतवानिति वा । सर्व्वत्रैव श्रीवृन्दावने यद्यपि तत्प्रकाशविशेषोऽसौ गोलोको दर्शयितुं शक्यः

द्वारा वरुण का प्राकृत वैभव पराभूत हुआ है, उक्त गोलोक ही उनका निजधाम है । 'तमसः-प्रकृतेः परम्' वह तमः—अर्थात् प्रकृत्यस्पृष्ट है, प्रपञ्च में अवतरित न होने से प्रपञ्च में अभिव्यक्त नहीं होता है। अतएव यह लोक—सच्चिदानन्द स्वरूप है । एतज्जन्य कहा गया है—'सत्यं ज्ञानं इत्यादि ।

सत्यादि रूप जो ब्रह्म हैं, गुणातीत अवस्था में मुनिगण जिस का अनुभव करते हैं, वह ब्रह्म हैं, स्वरूप शक्ति की वृत्ति विशेष के द्वारा सत्यादि स्वरूप में व्यतिक्रम उपस्थित न करके ही गोलोक रूप में अभिव्यक्त हैं ।

सत्यज्ञान आनन्द अनन्त ब्रह्म में शक्ति क्रिया नहीं है अतः अनभिव्यक्त स्वरूप-निरवयव कहते हैं। वह ब्रह्म—स्वरूप शक्ति क्रिया विशेष से सावयव श्रीगोलोक नामसे अभिहित हैं । श्रीकृष्ण, गोपगणको उक्त धाम दर्शन कराने के निमित्त कृतसङ्कल्प थे ।

भगवत् सन्दर्भ में पद्म पुराणीय वचन समूह के द्वारा दर्शाया गया है कि अन्यान्य वैकुण्ठ भी ब्रह्मसे अभिन्न हैं, श्रीगोलोक के सम्बन्ध में उस प्रकार समझना होगा ।

अनन्तर श्रीवृन्दावन के किसस्थान में गोपों ने श्रीगोलोक दर्शन किया था उसका वर्णन करते हैं—ब्रह्महृद में-अपर नाम अक्रूरतीर्थ है, श्रीकृष्ण कर्त्तृक नीत होकर श्रीकृष्ण की आज्ञा से ही उसमें आप सब निमग्न हुये थे. पुनर्व्वार उस तीर्थ से श्रीकृष्ण ने ही उनसब को उठाया, उठाकर श्रीवृन्दावन के मध्यदेश में ले आये थे, वहाँपर ही नराकृति परब्रह्म श्रीकृष्ण का लोक गोलोक का दर्शन उन्होंने किया ।

वह ब्रह्महृद कौन है ? उत्तर में कहते हैं, जिस ब्रह्म हृद में श्रीअक्रूर इस प्रसङ्ग के पूर्व में श्रीकृष्ण का स्तव किये थे । उस ब्रह्महृद में ही गोपों ने गोलोक दर्शन किया था ।

इस कल्प में श्रीअक्रूर का ब्रह्म दर्शन के पहले ही गोपों ने श्रीगोलोक का दर्शन उस ब्रह्महृद में किया था । पुरा—पहले, कहने का अभिप्राय यह है कि—पूर्ववर्त्तिकल्प में भी श्रीअक्रूरने इस ब्रह्महृद में उसबार के समान ब्रह्म दर्शन किये थे । उसका स्मारक पूर्व वाचक पुरा शब्द का प्रयोग हुआ है । पुराशब्द

स्यात्तथापि तत्तीर्थमाहात्म्य-ज्ञापनार्थं विनोदार्थमेव वा तत्र तेषां नयनादिकमिति ज्ञेयम् । नन्दादय इति कर्त्रन्तरानिर्द्देशाच्छन्दोभिरेव मूर्त्तैः कर्त्तृभिः, तदभिज्ञापनार्थं तज्जन्मादि-लीलया स्तूयमानम् । अन्तरङ्गाः परिकरास्तु पूर्व्वदर्शितरीत्या गो गोपादय एव । अतएव कृष्णं यथा ददृशुस्तथा तत्परिकरान्तराणां दर्शनानुक्तेस्तत्र क एव तत्र परिकरा इत्यभि-व्यज्यते । त एव च पूर्वदर्शित—मृत्युञ्जयादि-तन्त्र-हरिवंशवचनानुसारेण प्रकटाप्रकटप्रकाश गततया द्विधाभूताः सम्प्रत्यप्रकटप्रकाशप्रवेशे सत्येकरूपा एव जाता इति न पृथग्दृष्टाः । यदा तत्प्रकाशभेदो भवति, तदा तत्तल्लीलारसपोषाय तेषु प्रकाशेषु तत्तल्लीलाशक्तिरेवाभि-मानभेदं परस्परमननुसन्धानञ्च प्रायः सम्पादयतीति गम्यते, उदाहरिष्यते चाग्रे । अतएवोक्तं

का अर्थ कोषकारके मत में—पुराण, निकट, प्रसङ्ग के अतीत काल, एवं भविष्य अर्थ है । अध्यगात्—अस्तौत्—अधिगतवान्—स्तुति की, एवं उत्तमरूप से जाना ।

यद्यपि समस्त श्रीवृन्दावन नामक स्थान में ही श्रीवृन्दावन का प्रकाश विशेष रूप उक्त गोलोक का प्रदर्शन सम्भव है, तथापि अक्रूर तीर्थ का माहात्म्य विशेष प्रकट करने के निमित्त अथवा आमोद विशेष प्रकटन हेतु गोपगण को उक्त ह्रदमें निमज्जित करके उक्त गोलोक दर्शन कराये थे । 'नन्दादयस्तु तं दृष्ट्वा उक्ति से दर्शन कर्त्ता प्रसिद्ध नन्दादि ही थे, अपर व्यक्ति नहीं, "छन्द" अर्थात् वेदगण निज मूर्त्ति में स्थित होकर श्रीकृष्ण का स्तव किये थे । श्रीकृष्ण स्वरूप को विशेष रूप से प्रकट करने के निमित्त सुप्रसिद्ध श्रीकृष्ण की जन्मादि लीला का वर्णन करते हुये स्तुति किये थे । इस प्रकार श्रीकृष्ण को नन्दादि गोपगण देखे थे । श्रीकृष्ण के अन्तरङ्ग परिकरगण पूर्व दर्शित रीति से गो गोपगण ही हैं । अतएव श्रीकृष्णको आप सबोंने जिस प्रकार देखा था, अपर परिकर वर्ग का दर्शन प्रसङ्ग यहाँपर उल्लिखित नहीं है, अतएव श्रीकृष्ण जिन परिकर गण के सहित अर्थात् गो गोपगण के सहित निरन्तर अवस्थित होते हैं, उन सब परिकर समन्वित श्रीकृष्ण का दर्शन गोपगणोंने किया था । सु प्रसिद्ध नन्दादि गोपगण ही श्रीकृष्ण के परिकर थे—अपर कोई परिकर नहीं थे—इसका विवरण मृत्युञ्जय तन्त्र एवं हरिवंशोक्त कथन के अनुसार-एक ही परिकर प्रकट अप्रकट प्रकाश भेदसे द्विविध होने परभी सम्प्रति अप्रकट प्रकाशमें प्रवेश हेतु उभय प्रकाश एक रूप ही हुये थे—तज्जन्य पृथक दर्शन नहीं हुआ अर्थात् श्रीमद् भागवत की उक्ति के अनुसार गोपगण—उक्त धाम में श्रीकृष्ण दर्शन किये थे । किन्तु तदीय परिकरों का उल्लेख नहीं है । सुतरां गोलोक एवं गोकुल में परिकर एकविध ही है । सुतरां व्रजलीला एवं गोलोक लीला में श्रीकृष्ण के समान तदीय परिकर वृन्द का प्रकाश भेद होता है । अर्थात् श्रीकृष्ण जिस प्रकार एक प्रकाश में श्रीवृन्दावन में, अपर प्रकाश में श्रीगोलोक में विहार करते हैं, उनके परिकर वृन्द भी ठीक उस प्रकार एक प्रकाश में श्रीवृन्दावन में एवं अपर प्रकाश में श्रीगोलोक में अवस्थित हैं । जिस समय प्रकाश भेद होता है, उस समय उभय धामगत विविध लीलारस पोषण निबन्धन लीलाशक्ति परिकर वृन्दों में अभिमान भेद सम्पन्न करती है, इससे पारस्परिक अनुसन्धान भी नहीं रहता है ।

जिस प्रकार गोलोक में एक श्रीनन्द है, गोकुल में भी उस प्रकार श्रीनन्द है, उभय धाम गत श्रीनन्द जानते हैं, मैं ही नन्द हूँ । अपर किसी स्थान में नन्द नामक कोई नहीं है । अग्रिम ग्रन्थ में इसका विशेष विवरण प्रस्तुत करेंगे ।

अतएव कहा गया है—" न वेदं स्वां गतिं भ्रमन्' गोपगण भ्रमवशतः निजगति अवगत नहीं हैं ।

:न वेद स्वां गतिं भ्रमन्' इति । तथा च सतीदानीं श्रीव्रजवासिनां कथञ्चिज्जातया तादृश्येच्छया तेभ्यस्तेषामेव तादृशलोकप्रकाशविशेषादिकं दर्शितमिति गम्यते । न च प्रकाशान्तरमसम्भावनीयम् । परमेश्वरत्वेन तच्च श्रीविग्रह-परिकर-धाम-लीलादीनां युगपदेकत्राप्यनन्तविधवैभवप्रकाशशीलत्वात् । तत्र स्वां गतिमिति तदीयतानिर्द्देशो गोपानां स्वं लोकमिति षष्ठी-स्वशब्दयोर्निर्द्देशः, कृष्णमिति साक्षात्तन्निर्द्देशश्च वैकुण्ठान्तरं व्यवच्छिद्य श्रीगोलोकमेव प्रतिपादयति । अतएव तेषां तद्दर्शनात् परमानन्दनिर्वृतत्वं सुविस्मितत्वमपि युक्तमुक्तम् । तस्यैव पूर्णत्वात्तथा तेषां पुत्रादिरूपेणोदयाच्च । तदेवमुक्तोऽर्थः समञ्जस एव ।। श्रीशुकः ।।

११७। एवं श्रीद्वारकादीनां तस्य नित्यधामत्वं सिद्धम् । अथ तत्र के तावदस्यपरिकराः ? उच्यते—पुर्य्योर्यादवादयो वृन्दावने गोपादयश्चेति,-श्रीकृष्णस्य द्वारकादिनित्यधामत्वेन तेषां स्वतः सिद्धेः, तद्रूपत्वे परिकरान्तराणामयुक्तत्वादश्रवणाच्च । तत्परिकरत्वेनैवाराधनादि-वाक्यानि दर्शितानि दर्शयितव्यानि च अतएवोक्तं पाद्मे कार्त्तिक-माहात्म्ये श्रीकृष्णसत्यभामा संवादे—

तज्जन्य व्रजवासिगण—निजगति दर्शनेच्छु होने से श्रीकृष्ण उनसब के प्रकाश विशेषादि का प्रदर्शन किये थे । इस प्रकार जानना होगा ।

इस प्रकाशान्तर का सङ्घटन होना असम्भव नहीं है । श्रीकृष्ण-परमेश्वर हैं । उनके श्रीविग्रह, धाम, परिकर, लीला प्रभृति एक है । समयमें एकही स्थान में अनन्त प्रकार वैभव प्रकाश करने में आप सक्षम हैं ।

श्रीकृष्ण, गोपवृन्द को जिस लोक का प्रदर्शन किये थे, वह लोक वैकुण्ठान्तर गत गोलोक नहीं हैं, इसका प्रकाश "स्वां गतिं' गोपानां स्वं लोकं" "कृष्णञ्च" प्रयोगत्रय से ही हुआ है । "स्वां गतिं' कहने पर उक्त लोक की तदीयता निर्द्दिष्ट हुई है । उक्त लोक गोपवृन्द का निज धाम है । "गोपानां" यहाँ षष्ठी विभक्ति प्रयोग है, उस से उक्त धाम के सहित गोपगण का सम्बन्ध, एवं स्वं शब्द से वहाँ पर गोपगणों का अधिकार सूचित हुआ है । 'कृष्ण' शब्द से प्रतीत होता है, उक्त लोक में श्रीकृष्ण साक्षात् रूप में अवस्थित हैं । अतएव वह वैकुण्ठ विशेष नहीं है । वैकुण्ठ में श्रीनारायण विविधरूप में विहार करते हैं, श्रीकृष्ण नहीं । गोपवृन्द भी वैकुण्ठ में नहीं रहते हैं । उनसब का निवास स्थान गोलोक एवं गोकुल हैं, यह वार्त्ता सुप्रसिद्ध है ।

अतएव गोलोक को देखकर परमानन्दित होना एवं परम विस्मित होना समीचीन है । कारण—पूर्ण—भगवान् श्रीकृष्ण का धाम होनेसे श्रीगोलोक, स्वरूप गत ऐश्वर्य्य एवं माधुर्य्य से परिपूर्ण है । गोपवृन्द ने समझा—हम सब इस धाम में रहेंगे । यहाँपर प्राण कोटि प्रतिम श्रीकृष्ण हमारे पुत्र रूप में अवस्थित होंगे—यह ही परमानन्द का विषय है । अपर कथा यह है कि—उन सब के पुत्र रूपमें अवस्थित श्रीकृष्ण ही मूर्तिमान् वेद गण कर्त्तृक स्तुत हो रहे हैं—यह ही अतीव विस्मयावह है ।

सुतरां उपरि उक्त अर्थ समूह सुसङ्गत ही हैं । प्रवक्ता श्रीशुक हैं—११६।।

श्रीद्वारका श्रीमथुरा, श्रीवृन्दावन—श्रीकृष्ण के नित्य धामहैं, श्रीकृष्ण, उक्त धाम में सतत विराजित हैं, इस प्रकार नित्य धामत्व का निरूपण के अनन्तर उक्त धामत्रय में उनके परिकर कतिविध हैं ? इस

"एते हि यादवाः सर्व्वे मद्गणा एव भामिनि । सर्व्वदा मत्प्रिया देवि मत्तुल्यगुणशालिनः ।।"३७१।। इति ।

एवकारान्न देवादयः। श्रीहरिवंशेऽप्यनिरुद्धान्वेषणे तादृशत्वमेवोक्तमक्रूरेण (विष्णु-प० १२१।५७)—"देवानाञ्च हितार्थाय वयं याता मनुष्यताम्" इति । श्रीमथुरायां त्ववतारावसरेऽनभिव्यक्ता अपि निगूढ़तया केचित्तस्यामेव वर्त्तमानाः श्रूयन्ते, यथा श्रीगोपालोत्तरतापन्याम् (उ० ४०)—

"यत्रासौ संस्थितः कृष्णस्त्रिभिः शक्त्या समाहितः ।
रामानिरुद्धप्रद्युम्नै रुक्मिण्या सहितो विभुः ।।"३७२।। इति ।

श्रीवृन्दावने तैः सदा विहारश्च, यथा पाद्मपातालखण्डे श्रीयमुनामुद्दिश्य—

"अहो अभाग्यं लोकस्य न पीतं यमुनाजलम् । गोगोपगोपिकासङ्गे यत्र क्रीड़ति कंसहा ।।"३७३।। इति ।

स्कान्दे तु—

"वत्सैर्वत्सतरीभिश्च सदा क्रीड़ति माधवः । वृन्दावनान्तरगतः सरामो बालकैर्वृतः ।।" ३७४।। इति ।

न तु प्रकटलीलागतेभ्य एते भिन्नाः, 'एते हि यादवाः सर्व्वे' इत्यनुसारात् । तथाहि पाद्म-निर्माणखण्डे च श्रीभगवद्वाक्यम्—

प्रकार जिज्ञासा का उदय होने से परिकरनिकर का निरूपण करते हैं। पुरी में अर्थात् द्वारका मथुरा में यादवादि श्रीकृष्ण के परिकर हैं।" एवं श्रीवृन्दावन में श्रीगोप गोपी प्रभृति उनके परिकर हैं। कारण-द्वारका, मथुरा, वृन्दावन-यादव, एवं गोपगोपी प्रभृति का नित्य धाम—स्वतः सिद्ध है। श्रीकृष्णस्वरूप का यादव गण एवं गोप गोपी गण व्यतीत अपर परिकर की वार्त्ता अयुक्त है। शास्त्रादि में अन्यविध परिकर का वर्णन नहीं है। श्रीकृष्ण के परिकर रूप में यादवादि का एवं गोप गोपी वृन्द का वर्णन पूर्व में हुआ है, उत्तर ग्रन्थ में भी होगा।

अतएव पद्मपुराण के कार्त्तिक माहात्म्य में वर्णित है, कृष्ण सत्यभामा का संवाद उस प्रकार है—हे भामिनि! यह यादवगण, मदीय निजजन हैं, हे देवि! ये सब सर्वदा मत् प्रिय हैं, 'एवं' मेरे तुल्य गुण शाली हैं। 'मद्गणा एव' कथन से 'एव' कार के द्वारा देवादि का निरास हुआ है। अर्थात् देवगण, श्रीकृष्ण के परिकर नहीं हैं, केवल यादव गण ही तदीय परिकर हैं, यह निर्णय हुआ—।

श्रीहरिवंश में भी अनिरुद्धान्वेषण प्रसङ्ग में श्रीकृष्ण परिकर रूप में यादवगण का वर्णन श्रीअक्रूर ने किया है। "देव निकर के हितसाधन के निमित्त हम सब मनुष्य होकर आविर्भूत हुए हैं।" इस प्रकार यादवगण द्वारका के परिकर हैं।

श्रीमथुरा में आविर्भाव के समय अर्थात् प्रकट लीला अवसर में जो सब परिकर आविर्भूत हुये थे, उनमें से कोई कोई वहाँपर निगूढ़ रूप से विराजित थे। अर्थात् प्रकट लीला में भी मथुरा के कतिपय परिकर अप्रकट भावसे अर्थात् जन नयनगोचर न होकर अवस्थान करते हैं, इस प्रकार सुनने में आता है। यथा—गोपाल तापनी के उत्तर विभाग में वर्णित है—'मथुरा में विभु श्रीकृष्ण, राम, अनिरुद्ध प्रद्युम्न एवं शक्ति श्रीरुक्मिणी के सहित अवस्थित हैं, इस प्रमाण के अनुसार प्रकट लीलाके समय मथुरा में अनिरुद्धादि की अवस्थिति की वार्त्ता अप्रसिद्ध होने परभी मानव नेत्र के अगोचर में सर्वदा वे सब अवस्थित हैं। यादववर्ग—मथुरा के परिकर हैं। उस प्रकार श्रीवृन्दावन के प्रकट अप्रकट प्रकाश में उभय लीला में ही गोपादि ही श्रीकृष्ण के परिकर हैं। पद्म पुराण के पाताल खण्ड में श्रीयमुना को उद्देश्य कर कहा गया है-अहो!

"नित्यां मे मथुरां विद्धि वनं वृन्दावनं तथा। यमुनां गोपकन्याश्च तथा गोपालबालकान्।
ममावतारो नित्योऽयमत्र मा संशयं कृथाः ॥"३७५॥ इति।

अतस्तानेवोद्दिश्य श्रुतौ च, तत्र ऋक्षु (१।१५४।६)—"तां वां वास्तून्युश्मसि गमध्यै यत्र गावो भूरिशृङ्गा अयासः। अत्राह तदुरुगायस्य वृष्णः परमं पदमवभाति भूरि" इति। व्याख्यातञ्च—"तां तानि वां युवयोः कृष्णरामयोर्वास्तूनि लीलास्थानानि गमध्यै गन्तु उश्मसि कामयामहे। तानि किं विशिष्टानि? यत्र येषु भूरिशृङ्गा महाशृङ्ग्यो गावो वसन्ति, यथोपनिषदि 'भूम'-वाक्ये धर्म्मिपरेण 'भूम'-शब्देन महिष्ठमेवोच्यते, न तु बहुतरमिति, यूथदृष्टैयव वा भूरिशृङ्गा बहुशृङ्ग्यो बहुशुभलक्षणा इति वा, अयासः शुभाः, "अयः शुभावहो विधिः" इत्यस्य देवास इतिवत् जसन्तं पदमिदम्। अत्र भूमौ तल्लोकवेदप्रसिद्धं श्रीगोकुलाख्यमुरुगायस्य स्वयं भगवतो वृष्णः सर्व्वकामदुघचरणारविन्दस्य परमं प्रपञ्चातीतं पदं स्थानं 'भूरि' बहुधा अवभातीत्याह— वेद इति। यजुःसु माध्यन्दिनीयास्तु या ते धामान्युश्मसीत्यादौ विष्णोः परमं पदमवभाति भूरीत्यन्ते पठन्ति। पाद्मोत्तरखण्डे

लोको का अभाग्य कैसा है, जिसने यमुना जलपान नहीं किया है, जहाँ गो गोप गोपिका के सहित कंसहा श्रीकृष्ण निरन्तर क्रीड़ा करते रहते हैं। इस प्रकार अनेक वर्णन हैं। स्कन्द पुराण में उक्त है—

'वत्स वत्सतरी गण के सहित माधव सर्वदा वृन्दावन में राम एवं बालक वृन्द के सहित सर्वदा क्रीड़ा रत हैं।" इस प्रकार विविध वर्णन उपलब्ध हैं। किन्तु उक्त परिकर वृन्द प्रकट लीला गत परिकर से भिन्न नहीं हैं।

'एने हि यादवाः सर्वे मद्गणा एव भामिनि।
सर्वदा मत् प्रिया देवि! मत्तुल्य गुण शालिनः॥

श्रीकृष्ण मुख वचन से ही प्रतीत होता है कि—प्रकट अप्रकट गत परिकर एक प्रकार ही है। भिन्न भिन्न नहीं हैं। पद्म पुराण के निर्माण खण्ड में भगवद्वाक्य यह है—

"मेरी मथुरा को नित्य जानना, वृन्दावन नामक वन, यमुना, गोप कन्या, एवं गोप बालक गण को भी तद्रूप नित्य ही जानना चाहिये। मथुरा एवं वृन्दावन में मेरा नित्य अवतार है—इस विषय में कुछ भी संशय नहीं है।

अतएव गोप प्रभृति को लक्ष्य करके ही नित्यता कही गई है। श्रुति में वर्णित है—(ऋग्वेद) "राम कृष्ण के लीलास्थान समूह को प्राप्त करने के निमित्त कामना करता हूँ।" उक्त लीलास्थान समूह कीदृश हैं? वहाँ पर भूरि शृङ्ग विशिष्ट गो समूह निवास करते हैं, यहाँ 'भूरिशृङ्गी—' शब्दका अर्थ – महाशृङ्गी है, जिस प्रकार उपनिषत् का भूम शब्द धर्मिपर है, तत् द्वारा महिष्ठ 'वृहत्' अर्थ प्रकाशित होता है, बहुतर अर्थ का बोध नहीं होता है, यहाँ पर भी तद्रूप भूरि शब्द का बहुतर अर्थ नहीं होगा। किन्तु महिष्ठ अर्थ होगा।

अथवा 'भूरि' शब्द का 'बहुतर' अर्थ स्वीकार करके भी अनुरूप अर्थ हो सकता है, गो यूथ के प्रति दृष्टि रखकर (बहुतर शृङ्गी) अर्थ हो सकता है, यूथ में अनेक धेनुविद्यमान हैं, उन सब के अनेक शृङ्ग हैं। गो समूह किस प्रकार हैं?—'अयास' शुभ लक्षण युक्त हैं। 'अत्र' इस भूमि में लोकवेद प्रसिद्ध श्रीगोलोक नामक स्थान है, वह स्थान 'उरुगाय' स्वयं भगवान् जो कृष्ण हैं-अर्थात् जिनके श्रीचरण कमल सर्वाभिलाष

यत्त्वियं श्रुतिः परव्योमप्रस्तावे उदाहृता, तत् खलु परमव्योम-गोलोकयोरेकतापत्त्यपेक्षयेति मन्तव्यम्। 'गो'-शब्दस्य सास्नादिमत्येव प्रचुर प्रयोगेण झटित्यर्थप्रतीतेः, श्रीगोलोकस्य ब्रह्म-संहिता-हरिवंश-मोक्षधर्म्मादिषु प्रसिद्धत्वाच्च। अथर्व्वसु च श्रीगोपालतापन्याम् (उ० २७)-"जन्मजराभ्यां भिन्नः स्थाणुरयमच्छेद्योऽयं योऽसौ सौर्य्ये तिष्ठति, योऽसौ गोषु तिष्ठति, योऽसौ गाः पालयति, योऽसौ गोपेषु तिष्ठति" इत्यादि। सौर्य्ये इति सौरी यमुना तस्या अदूरभवे देशे श्रीवृन्दावन इत्यर्थः। सहस्रनामसु यामुन इत्यत्र हि तथा व्याख्यातं भाष्यकृद्भिः। आगमे च—"सकललोकमङ्गलो नन्दगोपतनयो देवता" इति। तदीयपरममहामन्त्र-गतऋष्यादिषु तदीयाराध्यत्वेन तस्य स्मरणम्। तदेवमुभयेषामपि नित्यपार्षदत्वे सिद्धे यत्तु शस्त्राघातक्षत-

पूरक है। उनका 'परम' प्रपञ्चातीत 'पद' स्थान बहुविध रूप में प्रकाशित है—यह विवरण ऋग्वेद में है। यजुर्वेद की माध्यन्दनीय श्रुति में उक्त है—"उस धाम की कामना करता हूँ। जो विष्णु का परम धाम है एवं बहुधा प्रकाशमान है।

यद्यपि पाद्मोत्तर खण्ड में यह श्रुति परव्योम प्रतिपादक रूपमें उल्लिखित है, तथापि परव्योम एवं श्रीगोलोक में ऐक्य को मानकर ही परव्योम प्रस्ताव में उक्त श्रुति उल्लिखित है। कारण यह है कि गोशब्द का गलकम्बल विशिष्ट पशुमें भूरि प्रयोग दृष्ट होने से तादृश प्रणाली से ही सत्वर अर्थ की प्रतीति होती है, विशेष कर—ब्रह्मसंहिता—हरिवंश मोक्ष धर्म प्रभृति में श्रीगोलोक का वर्णन उक्त रूप में ही प्रसिद्ध है। अथर्ववेदीय श्रीगोपाल तापनी श्रुति में वर्णित है—

"जो जन्म जरा रहित हैं, त्रिकाल स्थायी, अपक्षय शून्य हैं, जो सूर्य्य मण्डल में अवस्थित हैं। गो समूह में अवस्थित हैं। जो गो पालन रत हैं, जो गोपगण के मध्य में अवस्थित हैं। "इत्यादि। उक्त श्रुतिसे सुस्पष्ट प्रमाणित हुआ है कि गोपादि के सहित श्रीकृष्ण श्रीवृन्दावन में नित्य अवस्थित हैं। उक्त श्रुतस्थ "सौर्य" पद का अर्थ है—सौरी—यमुना, उसके अदूरवर्त्तिदेश श्रीवृन्दावन में श्रीकृष्ण अवस्थित हैं। सहस्र नाम की व्याख्या में श्रद्धेय भाष्यकार आचार्य शङ्कर ने कहा है-"यामुन-यमुना के अदूरवर्त्ती देशमें स्थित।'

आगम में भी वर्णित है—"सकल लोकमङ्गलो नन्द गोप तनयो देवता" इति। तदीय परम महामन्त्र गत ऋष्यादि में तदीय आराध्य रूप में ही श्रीकृष्ण का स्मरण हुआ है।

उक्त प्रमाण समूह से प्रतिपन्न हुआ है कि—यादव वर्ग एवं गोपवर्ग- श्रीकृष्ण के नित्य परिकर हैं। ऐसा होने पर भी यादवगण, शत्रुकृत शस्त्राघात से क्षत हुये थे, गोपगण कालियह्रद के विषजल पान से मूर्च्छित हुये थे, श्रीवसुदेव-उद्धव तत्त्व जिज्ञासु हुये थे, कुरुक्षेत्र में श्रीवसुदेव-समागत मुनिवृन्द के निकट संसार निस्तारोपाय जिज्ञासा किये थे।—इस प्रकार संशयास्पदविषयों का समाधान यह है कि—उक्त प्रसङ्ग समूह का विस्तार नर लीला का पोषक रूप से ही किया गया है, अर्थात् श्रीभगवान् श्रीकृष्ण जिस प्रकार नरलीला के अभिप्राय से विविध मनुष्यवत् चेष्टा करते हैं, उनके परिकर वृन्द भी उनके नरलीलाके सहायक हैं अतः सबने भी मनुष्योचित व्यवहार का प्रदर्शन किया है। उसका प्रकृष्ट उदाहरण भा० १०।५४।४२ श्रीरुक्मिणी के प्रति श्रीबलदेव वाक्य में है—'तवेयं विषमाबुद्धिः सर्वभूतेषुदुर्हृदाम्। यन्मन्यसे सदाभद्रं सुहृदां भद्रमज्ञवत्॥

टीका—"पुनर्देवीं प्रत्याह--तवेयमिति। सर्वभूतेषु दुर्हृदाम्, अहितानां भ्रातृणाम्--अज्ञवद् यद्भद्रं मन्यसे इच्छसि, इयं तव विषमा असमीचीना बुद्धिः: कुतः? यत स्तदेव सुभद्रामभद्रमिति। यद्वाभूतेषु-

विषपानमूर्च्छातत्त्वबुभुत्सासंसारनिस्तारोपदेशास्पदत्वादिकं श्रूयते, तद्भगवत इव नरलीलौपयिकतया प्रपञ्चितमिति मन्तव्यम् । तथा (भा० १०।५४।४२) —"तवेयं विषमा बुद्धिः" इत्यादिकम् साक्षात् श्रीरुक्मिणीं प्रति श्रीबलदेववाक्ये, यच्च श्रीमदुद्धवमुद्दिश्य (भा० ३।२।३)— "स कथं सेवया तस्यकालेन जरसं गतः"इत्युक्तम्,तदपि चिरकालसेवातात्पर्य्यकमेव । (भा० १४।४५।१६) "तत्र प्रवयसोऽप्यासन् युवानोऽतिबलौजसः" इति विरोधात् । क्वचिच्च प्रकटलीलायाः प्रापञ्चिकलोकमिश्रत्वाद्यथार्थमेव तदादिकम् । यथा (भा० १०।५७।२१) शतधन्ववधादौ । उभयेषां विभागश्च श्रीदशमान्ते दृश्यते (भा० १०।९०।४३-४४,४५)—

दुर्हृदामपि स्व सुहृदां भद्रमेव दण्डरूपं मुण्डनम् अभद्रं यन्मन्यसे तवेयं विषमा बुद्धिः । अथवा सर्वभूतेषु मध्ये दुर्हृदां शिशुपालादीनामभद्रं सुहृदि भद्रञ्च यन्मन्यसे तवेयं विषमा बुद्धिः समा न भवति । अज्ञवत् अज्ञानामिव ।"

बलदेव कहे थे—"तुम अज्ञके समान—सर्वजन अहितकारी भ्रातृवर्ग की हित चिन्ता करती रहती हो, यह तुम्हारी असमीचीना बुद्धि है । कारण—उस प्रकार चिन्ता तुम्हारे भ्रातृ वर्ग के निमित्त अशुभकरी है ।" श्रीरुक्मिणी का भगवद्द्रोही भ्राता रुक्मी के प्रति रुक्मिणी की सहानुभूति को देखकर बलदेव उस प्रकार कहे थे । श्रीकृष्ण प्रेयसी रुक्मिणी देवी का—प्राणीमात्र के प्रति अनिष्टकारी के प्रति सहानुभूति प्रकाश नहीं हो सकता है । तादृश व्यक्ति में भ्रातृत्वबुद्धि, एवं तज्जनित हितानुसन्धान केवल नरलीला की मुग्धता है, अज्ञता नहीं है । भा० ३।२।३ में उद्धव को लक्ष्य कर कहा गया है—"सकथं सेवया तस्य कालेन जरसं गतः । हे राजन् ! शैशवावधि श्रीकृष्णसेवा करते करते कालक्रम से वृद्धत्व प्राप्त उद्धव,—श्रीविदुर कर्त्तृक जिज्ञासित होकर प्रत्युत्तर प्रदान में अक्षम हुये थे । कारण-आप निजप्रभु श्रीकृष्ण की विरहोत्कण्ठा से अत्यन्त अधीर हो गये थे ।" यहाँपर वृद्धत्व प्राप्ति की जो कथा है—वह कालकृत वार्द्धक्य सूचना के निमित्त नहीं है । किन्तु आप चिरकाल श्रीकृष्ण सेवा किये थे, उसको सूचित करने के निमित्त ही कहा गया है । भा० १०।४५।१६ में वर्णित है—

"तत्र प्रवयसोऽप्यासन् युवानो ऽतिबलौजसः
पिबन्तोऽक्षैर्मुकुन्दस्य मुखाम्भोजसुधां मुहुः ॥

महाराज ! कंसभयसे भीत होकर यदु, वृष्णि, अन्धक, मधु, कुकुर, प्रभृति वंशोद्भव व्यक्तिगण अन्यत्र चले गये थे । श्रीकृष्ण पुनर्वार उन सब को आनयन पूर्वक वित्त प्रदान करतः स्व स्व गृह में स्थापन किये थे । उन सब के मध्य में वृद्ध व्यक्ति गण भी श्रीकृष्ण मुखाम्भोजमधु को नयन के द्वारा पान कर अतिशय बलसम्पन्न युवा के समान सम्पन्न हुये थे ।'

श्रीकृष्ण दर्शन करके वयोवृद्ध यादवगण यदि युवक हो सकते हैं,—तब शैशवावधि श्रीकृष्ण सेवा परायण श्रीउद्धव का वृद्धत्व होना कैसे सम्भव होगा ? पक्षान्तर में - प्रकट लीला में प्रापञ्चिक लोक मिश्रण हेतु स्थल विशेष में मनुष्य के समान यथार्थ अज्ञता भी दृष्ट होती है । जिस प्रकार शतधन्वा वध प्रभृति हैं— श्रीअक्रूर,—शतधन्वा के सहित मिलित होकर श्रीसत्यभामा के पिता को हत्या करने का उपदेश प्रदान किये थे । यहाँ अक्रूर की दुःसङ्ग जनित दुरभिसन्धि की कल्पना नहीं की जा सकती है,किन्तु प्रापञ्चिक लोक मिश्रण हेतु उस प्रकार संघटित हुआ था ।

दशमस्कन्ध के अन्त में ९०।४३।४४-४५ श्लोक में यादवों का आविर्भाव वर्णित है-देव एवं असुर के

"देवासुराहवहता दैतेया ये सुदारुणाः ।
ते चोत्पन्ना मनुष्येषु प्रजा दृप्ता बवाधिरे ॥३७६॥
तन्निग्रहाय हरिणा प्रोक्ता देवा यदोः कुले ।
अवतीर्णा कुलशतं तेषामेकाधिकं नृप ॥३७७॥
ये चानुर्वर्त्तिनस्तस्य ववृधुः सर्व्वयादवाः ॥"३७८॥

इत्यनुवर्त्तिनां पृथङ्‌निर्द्देशात् । अन्तरङ्गानां भगवत्साधारण्यन्तु यादवानुद्दिश्योक्तम्—'मत्तुल्य-गुणशालिनः' इति, गोपानुद्दिश्य च—'गोपैः समानगुणशीलवयोविलासवेशैश्च' इति, पाद्मनिर्माणखण्डे—"गोपाला मुनयः सर्व्वे वैकुण्ठानन्दमूर्त्तयः" इति । यतो यो वैकुण्ठः श्रीभगवान्, स इवानन्दमूर्त्तयस्ते, ततस्तत्-परमभक्तत्वादेव मुनय इत्युच्यते, न तु मुन्यवतारत्वादिति ज्ञेयम् ।(भा० १०।१३।३६) "नैते सुरेशा ऋषतो न वैते" इत्यादिकं श्रीबलदेववाक्यञ्च भगवदाविर्भावलक्षण-गोपादीनां (भा० १०।१३।३७) "केयं वा कुत आयाता

संग्राम में निहत सुदारुण दैत्यगण मनुष्य लोक में राजन्य होकर उत्पन्न हुये थे, एवं प्रजापीड़न में रत थे। उक्त आसुरिक स्वभाव सम्पन्न नृपति वृन्द को संहार करने के निमित्त श्रीहरि के आदेश से देवगण यदुकुल में उत्पन्न हुये थे। अतएव यादव गण द्विविध हैं, देवरूपी, एवं नित्य पार्षद । यदुकुल में अवतीर्ण देवगण की संख्या अपरिमेय हैं। उस का विवरण १०।९०।४३-४४ श्लोक में है।

नित्य पार्षदगण की संख्या उक्त देव कुलोत्पन्न यादवों से अत्यधिक है। किन्तु भगवान् की इच्छाधीन है। उसका विवरण १०।९०।४५ में है, नित्य पार्षद यादवगण का अभ्युदय सर्वाधिक था। कारण वे सब भगवत् अनुवर्त्ती नित्य पार्षद थे" अभ्युदय एवं प्रभुत्व में वे सब अत्यधिक थे, किन्तु संख्या विषय में भगवान् हरि ही साक्षी है—अर्थात् साक्षात् द्रष्टा श्रीहरि ही थे—अपर कोई नहीं।

१०।९०।४५ में वर्णित है—ये च अनुवर्त्तिनस्तस्यववृधुः सर्वयादवाः" अतएव यादव गण-अनुवर्त्ती—नित्यपार्षद एवं सामयिक अवतार समय में लब्ध जन्मा यादव गण हैं। अनुवर्त्तिनां—शब्द प्रयोग से ही उभय में भेद सुस्पष्ट हुआ। अन्तरङ्ग भक्तगण की श्रीभगवत् तुल्य धर्मता का वर्णन यादवगण को लक्ष्य करके पद्म पुराण में उक्त है—

"मत्तुल्यगुण शालिनः" ये सब मेरे समान गुण शाली हैं। भगवत्तुल्य धर्मता के सम्बन्ध में उक्त है—'गोपैः समान गुण शीलवयो विलासवेशैश्च" समान गुण शील वयस बेष विशिष्ट गोपगण के सहित श्रीकृष्ण विहार करते हैं। पद्म पुराण के निर्म्माण खण्ड में लिखित है—गोप समूह—मुनि हैं—कारण वे सब वैकुण्ठानन्द मूर्त्ति हैं। अर्थात् वैकुण्ठ भगवान् जिस प्रकार आनन्द मूर्त्ति हैं, तदीय परिकर गोप समूह भी उस प्रकार आनन्द मूर्त्ति हैं। श्रीभगवान् के परमभक्त होने के कारण गोपगण—आनन्द मूर्त्ति हैं,—अतएव गोपगण को मुनि कहा गया है। मुनि गण का अवतार होने के कारण उन सब को मुनि नहीं कहा गया है।

भा० १०।१३।३९ में श्रीबलदेव ने कहा है—'नैते सुरेशा ऋषयो न चैते, त्वमेव भासीश भिदाश्रयेऽपि' गोपगण एवं वत्स समूह—देवता एवं ऋषि नहीं हैं, भेदाश्रय होने पर भी तुम ही सब के मध्य में प्रकाशित हो रहे हो। अर्थात् ब्रह्मा कर्त्तृक श्रीकृष्ण के सखा गोप बालक एवं वत्सगण अपहृत होने से श्रीकृष्ण निज

देवी वा नार्य्युतासुरी" इत्यादि-प्राप्तमन्यत्वमेव निषेधति, न तु पूर्व्वेषाञ्च तद्विदधाति, कल्पनागौरवादिति ज्ञेयम्,– (भा० १०।१२।११) "इत्थं सतां ब्रह्मसुखानुभूत्या" इत्यादेः, (भा० १०।१४।३४) "तद्भूरिभाग्यम्" इत्यादेश्च। युक्तञ्चैषां तद्सादृश्यम्, (भा० ६।३।१७) –

स्वरूप से ही गोपादि प्रकाश कर उन सब के सहित क्रीड़ा करते थे। तज्जन्य श्रीबलराम ने कहा—तुम ही प्रकाशित हो। इस वाक्य से निर्णय हुआ कि—गोपगण श्रीकृष्ण के आविर्भाव विशेष हैं। भा १०।१४।३४ में कथित है—

"केयं वा कुत आयाता दैवी वा नार्य्युतासुरी
प्रायो मायान्तु मे भर्त्तुर्नान्या मेऽपि विमोहिनी।'

इस श्लोक में गोपगण—श्रीकृष्ण माया द्वारा रचित हैं, इस प्रकार धारणा निरस्ता हुई है। जो सब वत्स वत्सपालक ब्रह्मा की माया द्वारा अभिभूत थे, वे सब मुनि एवं देवांश सम्भूत हैं एवं श्रीकृष्ण जो सब वत्स बालक आविर्भूत किये थे—वे सब मुनि एवं देवता के अंश सम्भूत नहीं हैं—इस प्रकार निर्द्धारण नहीं हुआ है। उस प्रकार निर्द्धारण करने से कल्पना गौरव होगा।

भा० १०।१२।११ में कहा गया है—'इत्थंसतां ब्रह्मसुखानुभूत्या, दास्यं गतानां पर दैवतेन, मायाश्रितानां नर दारकेण सार्द्धंविजह्रुः कृतपुण्यपुञ्जाः।

वृहत् क्रमसन्दर्भः—एवं भगवता सह क्रीड़ती व्रजबालानाम् प्रशंसन्नाह—इत्थं सतामित्यादि। मायाश्रितानां मायया कैतवेन आश्रितानां निष्कैतवानां सतामुत्तमानां दास्यं गतानां भक्तानां मध्ये कृतपुण्य पुञ्जाः, कृतं कारितं पुण्यपुञ्जं यैः, अर्थविद्रष्टृणां श्रोतृणाञ्च, ते गोपबाला नरदारकेण-नरदारकाकारेण तेन कृष्णेन सममित्थं विजह्रुः। कीदृशेन ? ब्रह्मसुखानुभूत्या ब्रह्मसुखानुस्वरूपेण, अथवा, एकदेश-स्त्रीत्वाद् स्वमत्यं पुरुषायेतिवत् पुंलिङ्गेऽपि स्त्रीवद्रूपम्। नरदारकाकृतिना ब्रह्मानन्दज्ञानेन–भा० ७।१०।४८, ७।१५।७५ गूढ़ं परं ब्रह्म मनुष्यलिङ्गम् इत्याद्युक्तेः। पुनः कीदृशेन ? पर दैवतेन-सार्द्धं विजह्रुः। ब्रह्मसुखानुभूत्येति करणे तृतीया। तत्र विहारे तेषां य आनन्द आसीत्,सैव ब्रह्मसुखानुभूति स्तया। विशेषणे वा तृतीया। कीदृशेन नरदारकेण ? 'नॄ विक्षेपे' नरोविक्षेपः, तस्य दारकेण—खण्डकेन।

अथवा, सतां ज्ञानिनां ब्रह्मसुखानुभूत्या,, तेऽपि तद्व्यतिरिक्तमन्यद् ब्रह्मेति न जानन्तीत्यर्थः। दास्यं गतानां परदैवतेन-परमेश्वरेण पूर्ववन्मायाश्रितानां रागिणां नरदारकेण-विक्षेपखण्डकेनपरमनिवृत्तिकारिणां नरबालकपक्षेऽनुत्कर्षादि चमत्कारः॥'

श्रीभगवान् के सहित क्रीड़ारत व्रजबालकों की प्रशंसा करते हैं। इत्थं सतां वाक्य के द्वारा। कैतव पूर्वक आश्रित—एवं निष्कैतव भाव से आश्रित—सज्जनों के मध्य में दास्य भावाश्रित भक्तगण के मध्यमें जो सब अतिशय पुण्यशाली हैं, जिन्होंने उत्तम पदार्थों को जाना है एवं श्रवण भी किया है--इस प्रकार गोपबालक गण-नरबालकाकृति नराकृति परब्रह्म श्रीकृष्णके सहित क्रीड़ा करते हैं। कीदृशेन-ब्रह्मसुखानुभूति स्वरूप के सहित। नरदारकाकृति ब्रह्मानन्द ज्ञान के सहित क्रीड़ा करते रहते हैं, भा० ७।१०।४८, ७।१५।७५ में उक्त है—"गूढ़ परं ब्रह्म मनुष्यलिङ्गम्" पुनः कीदृशेन ? परदैवत रूप के सहित– परोपदेवताधिदेवके सहित, अथवा परदैवत के सहित क्रीड़ा करते हैं, ब्रह्मसुखानुभूत्या– करण में तृतीया है, श्रीकृष्ण के सहित विहार में जो आनन्द है, वह ही ब्रह्म सुखानुभूति है, उसके सहित ही क्रीड़ा करते रहते हैं। किस प्रकार नरदारक के सहित क्रीड़ा करते रहते हैं ? नॄ विक्षेपार्थकधातु है– नरो विक्षेपः– उस को जो खण्डन करते हैं, अथवा सतां—ज्ञानि गणकी जो ब्रह्म सुखानुभूतिहै—उसके सहित, ज्ञानिगण– भी उससे अतिरिक्त कोई ब्रह्म हैं—इस प्रकार नहीं जानते हैं। दास्य प्राप्त जनगण के परदैवत—परमेश्वर के सहित क्रीड़ा करते रहते हैं। पूर्ववत् मायाश्रित रागियों का विक्षेपापनोदनकारी के सहित क्रीड़ा करते हैं, एवं परम निवृत्ति कारियों

"तस्यात्मतन्त्रस्य हरेरधीशितुः, परस्य मायाधिपतेर्महात्मनः।
प्रायेण दूता इह वै मनोहरा,—श्चरन्ति तद्रूपगुणस्वभावाः॥"३७८॥

इति श्रीयमवाक्याद्यनुगतत्वात्, दृष्टञ्च यथा प्रथमे (भा० १।११।११)—"प्राविशत् पुरम्' इत्यारभ्य (भा० १।११।१२) "मधुभोजदशार्हार्ह-कुकुरान्धकवृष्णिभिः। आत्मतुल्यबलैर्गुप्ताम्"

के निमित्त नरबालक अर्थ करने पर उत्कर्ष की सम्भावना नहीं है, एवं चमत्कार भी नहीं है।

भा० १०।१४।३४ में श्रीब्रह्माने कहा भी है—

"तद् भूरिभाग्यमिह जन्म किमप्यटव्यां यद् गोकुलेऽपि कतमाङ्घ्रि रजोभिषेकम्।
यज्जीवितन्तु निखिलं भगवान् मुकुन्द स्त्वद्यापि यत् पदरजः श्रुतिमृग्यमेव॥"

टीका—अतो मया प्रार्थितं तदस्तु मे नाथ स भूरिभाग इतियत् तदेतदेवेत्याह तत्रापि अटव्यां यत्, तत्रापि गोकुले यत्। अहो सत्यलोकं विहाय अत्र जन्मनि जाते को लाभोऽत आह--अपि कतमाङ्घ्रि--रजोऽभिषेकमिति। गोकुलवासिनां मध्येऽपि कतमस्य यस्य कस्याप्यङ्घ्रि रजसा अभिषेको यस्मिस्तत्। ननु कुतो गोकुलवासिन एव धन्यास्तत्राह यदिति। येषां जीवितं निखिलं भगवान् मुकुन्दः, मुकुन्दपरमेव जीवन मित्यर्थः। दुर्लभतामाह--अद्यापीति। श्रुतिमृग्यं वेदैरपि मृग्यत एव नतु दृश्यत इत्यर्थः॥

दावहदित्यत्रायं प्रयोगः। स च छन्दसि व्यवहितश्चेति न्यायेन आ सम्यगुदावहत् योज्यम्,।"

सर्वापेक्षा आश्चर्य्य विषय यह है कि—युगपत् पृथक् पृथक् वपु के द्वारा एक ही समय में ष्ट सहस्र स्त्रियों का पाणिग्रहण कृष्णने किया। प्रेमानुरूप प्रत्येक गृह में पृथक् पृथक् आविर्भूत होकर विवाह कार्य्य सम्पन्न आपने किया था। कायव्यूह की शक्ति नारदादि में है, अतः काय व्यूह होने से विस्मय की बात नहीं होगी, पृथक् प्रकाश होने से ही विस्मय हुआ। पृथक् पृथक् प्रकाश में पृथक् पृथक् क्रिया का अधिष्ठान होना मुनियों के पक्ष में असम्भव है तज्जन्य ही विस्मयव चो 'चित्रम्' शब्द का प्रयोग हुआ है।

'प्रकाश' को स्थल विशेष में आत्म शब्द से एवं रूपादि शब्द से कहते हैं। जिस प्रकार भा० १०।४७।२९ में प्रयोग है, भवतीनां वियोगो में नहि सर्वात्मना क्वचित्" यहाँ आत्म शब्द का प्रयोग हुआ है। अन्यत्र— भा० १०।३३।१९ में कृत्वा तावन्तमात्मानम्' श्लोक में 'आत्म' शब्द का प्रयोग प्रकाशार्थ में हुआ है। भा० १०।५९।४२ 'तावद्रूपधरोऽव्ययः" यहाँ प्रकाशार्थ में रूप शब्द का प्रयोग हुआ है।
भा० ११।३०।४० "कृष्णेनेच्छा शरीरिणा' यहाँ शरीर शब्द से उल्लेख हुआ है।

प्रकाश रूप विभिन्न क्रिया का अधिष्ठान होता है, लीलारस पोषण निबन्धन उक्त प्रकाश समूह में अभिमानभेद एवं पारस्परिक अनुसन्धानाभाव भी रहता है, यह व्यवस्था स्वेच्छा से स्वीकृत है।

श्रीकृष्ण के परिकर वर्ग भी स्वरूप शक्तिमय हैं, अतः वे सब भी निज निज प्रकाश रूप प्रकटन में समर्थ हैं। उन सब का प्रकाश भेद का उदाहरण उक्त विवाहावसर में है, जिस समय षोड़शसहस्र राज कन्या का विवाह श्रीकृष्णने किया, उस समय देवकी प्रभृति में भी प्रकाश मूर्त्ति का आविर्भाव हुआ था। "चित्रम्" इत्यादि श्लोक की टीका में स्वामिपादने लिखा है कि—अनेन देवक्यादि बन्धुजनसमागमोऽपि प्रति गृहं यौगपद्येन सूचिता" इस से युगपत् प्रतिगृह में देवक्यादि बन्धुजन का समागम सूचित होता है।
कृष्ण में परिकर वर्ग में प्रकाश भेद से अभिमानभेद एवं क्रिया भेद भी होता है, उस का दृष्टान्त श्रीनारद दृष्ट योगमाया वैभव में है। भा० १०।६९।२० में उक्त है—

"दीव्यन्तमक्षैस्तत्रापि प्रियया चोद्धवेन च।
पूजितः परया भक्त्या प्रत्युत्थानासनादिभिः॥" ४४३॥ इति।

श्रीनारद ने देखा,—श्रीकृष्ण—प्रिया एवं उद्धव के सहित पाशा क्रीड़ा में रत हैं, वहाँ आप प्रत्युत्थान आसनादि द्वारा पूजित हुये थे। भा० १०।६९।२७ में वर्णित है,—"मन्त्रयन्तञ्च कस्मिंश्चिन्मन्त्रिभि-श्चोद्धवादिभिः" उद्धवादि मन्त्रिगण के सहित कहींपर मन्त्रणारत थे। उक्त श्लोक द्वय में प्रकाश भेद से

तत्रान्यत्र (भा० १०।६९।२७)—"मन्त्रयन्तञ्च कस्मिंश्चिन्मन्त्रिभिश्चोद्धवादिभिः" इति। अत्र भावभेदादभिमानभेदो लक्ष्यते। अयमेव तदवस्थोऽहमत्रास्मीति। एवं षोड़श सहस्र विवाहे कुत्रचित् श्रीकृष्णसमक्षं माङ्गलिकं कर्म्म कुर्व्वत्या देवक्यास्तद्दर्शनसुख भवति। तत्परोक्षन्तु तद्दर्शनोत्कण्ठेति। तथा योगमायावैभवदर्शन एव क्वचिदुद्धवेन संयोगः क्वचिद्वियोग इति विचित्रता। तदेवं तत्र प्रकाशभेदे सति तद्भेदेनाभिमानक्रियाभेदे च स्थिते तदानीं वृन्दावनप्रकाशविशेषे स्थितेन श्रीकृष्णस्याप्रकटप्रकाशेन तासामप्रकट-प्रकाशात्मिकानां संयोगः, तत्प्रकाशविशेषे प्राक्स्थितेन सम्प्रति मथुरां गतेन तत्प्रकटप्रकाशेन प्रकटप्रकाशात्मिकानां तासां वियोग इति व्यवतिष्ठते। एतेन तदानीं प्रकाशद्वयेनैव स्वीकृतेन स्थानत्रयेऽपि सपरिकर-श्रीकृष्णनित्यावस्थायितावाक्यमनुपहत स्यात्। प्रकटलीलायामन्यत्र सपरिकरस्य तस्य कदाचिद्गमनेऽपि प्रकाशान्तरेणावस्थानादिति। तस्मात् साधूक्तम् (भा० १०।४७।२९)—"भवतीनां वियोगो मे" इत्यादि। सेयञ्च नित्यसंयोगिता परमरहस्येति ब्रह्मज्ञानसादृश्यभङ्ग्या समाच्छाद्यैवोपदिष्टा। दृश्यते चान्यत्रापि रहस्योपदेशेऽर्थान्तर-समाच्छन्नोक्तिः। यथा महाभारते जतुगृहं गच्छतः पाण्डवान् प्रति विदुरस्य, यथा वा षष्ठे हर्य्यश्वादीन् प्रति श्रीनारदस्य॥

अभिमान भेद है, पाशाक्रीड़ाके समय एवं मन्त्रणा के समय विभिन्नअभिमान क्रियानुरूप दृष्ट होता है।

इस प्रकार षोड़शसहस्र कन्या का पाणिग्रहण उत्सव में कहीं पर कृष्ण के समक्ष में उपस्थिता देवकी देवी माङ्गलिककर्मानुष्ठान के सहित श्रीकृष्णदर्शन कररहीं थीं। किसी स्थान में अदर्शन निबन्धन उत्कण्ठिता थीं। योगमाया वैभवदर्शन में भी कहींपर उद्धव के सहित संयोग एवं कहीं पर वियोग है, इस प्रकार विचित्रता है।

अतएव प्रकाशभेद से अभिमान एवं क्रिया भेद सुसिद्ध है, इस प्रकार नियम सुनिश्चित होने पर वृन्दावनीय प्रकाश विशेष में स्थित श्रीकृष्ण का अप्रकट प्रकाश के सहित अप्रकट प्रकाशात्मिका व्रज सुन्दरी गण के सहित संयोग सुसिद्ध है। एवं श्रीवृन्दावनीय प्रकट प्रकाश में पहले स्थित, वर्त्तमान में मथुरागत श्रीकृष्ण का प्रकट प्रकाश के सहित प्रकट प्रकाशात्मिका व्रजसुन्दरी गण का विच्छेद सुस्पट है। प्रकट लीला के समय प्रकट एवं अप्रकट प्रकाश द्वय का अङ्गीकार करने पर उस से द्वारका मथुरा गोकुल-स्थान त्रय में भी सपरिकर श्रीकृष्ण का नित्यावस्थितिवाक्य अनुपहत 'अव्यर्थ' होता है। कारण, प्रकट लीला में सपरिकर अन्यत्र गमन कारण, प्रकट लीला में सपरिकर अन्यत्र गमन करने पर भी प्रकाशान्तर में अर्थात् अप्रकट प्रकाश में सपरिकर अवस्थित होते हैं। अतएव सर्वोत्तम कथन भा० १०।४७।२९ "भवतीनां वियोग में नहि सर्वात्मना क्वचित्" सकल स्वरूप में मेरे साथ आप सब का विच्छेद नहीं है।" समीचीन है।

नित्य संयोगिता परम निगूढ़ है, तज्जन्य ब्रह्मज्ञ न सादृश्यभङ्गी से अर्थान्तर प्रकाशक वाक्य द्वारा आच्छादित करके श्रीकृष्णने उद्धव के द्वारा उपदेश दिया है। इस प्रकार अर्थान्तर समाच्छन्न करके रहस्योक्ति प्रकाश करने का दृष्टान्त अन्यत्र भी दृष्ट होता है। जिस प्रकार महाभारत में जतुगृह गमनकारि पाण्डव गण के प्रति विदुर का उपदेश है, अथवा भागवत के षष्ठ स्कन्ध में हर्य्यश्वादि के प्रति श्रीनारद का उपदेश है। (१५५)

१५६। तदेवं पुनरपि तथैवोपदिशति (भा० १०।४७।२९)—

(१५६) "यथा भूतानि भूतेषु खं वाय्वग्निर्ज्जलं मही।
तथाहञ्च मनः प्राणबुद्धीन्द्रियगुणाश्रयः॥" ॥४४४॥

यथा खादीनि कारणरूपाणि भूतानि वाय्वादिषु स्वस्वकार्य्यरूपेषु भूतेष्ववस्थितानि। तत्राकाशस्य स्थितिर्वायौ वायोरग्नावित्यादि, तथा भवतीष्वहं वहिरनुपलभ्यमानोऽपि नित्यं तिष्ठाम्येवेत्यर्थः। कथम्भूतोऽहम्? भवतीनां मदेकजीवातूनां मनआद्याश्रयः, अन्यथा निमेषमपि मद्वियोगेन तान्यपि न तिष्ठेयुरिति भावः। यद्वा, किंरूपस्तिष्ठसीत्याकाङ्क्षायामाह—भवतीनां मनआद्याश्रयभूतो यो द्विभुजो श्यामसुन्दरवेणुविनोदिरूपस्तद्रूप एवेति॥

१५७। नन्वित्थं प्रकाशवैचित्री कथं स्यात्, यथा विरहसंयोगयोर्युगपदेवावस्थिति-रित्याशङ्क्याह (भा० १०।४७।३०) —

(१५७) "आत्मन्येवात्मनात्मानं सृजे हन्म्यनुपालये।
आत्ममायानुभावेन भूतेन्द्रियगुणात्मना॥" ४४५॥

आत्मनि अनन्तप्रकाशमये श्रीविग्रहलक्षणे स्वस्मिन् आत्मना स्वयमात्मानं प्रकाशविशेषं

स्वारसिकी अप्रकट लीला का वर्णन करने के निमित्त अर्थान्तर द्वारा आच्छादित करके उद्धव के द्वारा श्रीकृष्ण गोपीगण को उपदेश प्रदान करते हैं। 'यथा भूतानि भूतेषु खं वाय्वग्निर्जलंमही। तथाहञ्च मनः प्राणबुद्धीन्द्रियगुणाश्रयः॥ (भा० १०।४७।२९) आकाश, वायु, अग्नि, जल पृथिवी भूत समूह--भूत समूह में जिस प्रकार अवस्थित हैं, मैं भी उस प्रकार प्राण बुद्धि इन्द्रिय एवं गुण का आश्रय हूँ।

आकाश प्रभृति कारण रूप भूतसमूह निज निज कार्य्य रूप वायु प्रभृति भूत में अवस्थित हैं। उस में आकाश की स्थिति वायु में वायु की स्थिति अग्नि में, अग्नि की स्थिति जल में, जलकी स्थिति पृथिवी में है, उस प्रकार मैं बाहर अनुपलभ्य होने से भी आपसब के निकट नित्य विद्यमान हूँ। दृष्टान्त का अभिप्राय यह है कि—जिस प्रकार आकाश में समीर लुक्कायित है, अनुसन्धित्सा के अभाव से उपलब्ध नहीं होता है, स्थूल दृष्टि से वायु से आकाश की सत्ता पृथक् उपलब्धि होती है, उस प्रकार वाह्य दृष्टि से मैं व्रज से पृथक् रूप में मथुरा में हूँ, किन्तु अन्तर्मना होने से उपलब्ध होगा कि मैं व्रज में अपरजनों के अगोचर में आप सब के निकट ही अवस्थित हूँ। कारण, किस प्रकार मैं हूँ, मदीय जीवातु स्वरूप आस सब में मन प्रभृति आश्रय रूप जो मैं हूँ—मैं ही आप सब में विद्यमान हूँ। अन्यथा मदीय वियोग से आप सब के मनः प्राणादि की रक्षा नहीं होती। अथवा किस प्रकार तुम रहते हो? इस जिज्ञासा के उत्तर में कहते हैं,—आप सब के मनः प्राण प्रभृति का आश्रयभूत जो द्विभुज श्यामसुन्दरवेणुविनोदी रूप है, तद्रूप में ही मैं विद्यमान हूँ॥ (१५६]

'यथा महान्ति भूतेषु खं वाय्वग्निर्जलं मही।
तथाहञ्च मनः प्राणबुद्धीन्द्रियगुणाश्रयः॥"

श्लोक में विरह संयोग की युगपत् स्थिति का वर्णन कर यद् द्वारा वह स्थिति सम्भव होती है, इस प्रकार प्रकाश वैचित्री कैसे हो सकती है? इस आकाङ्क्षा से कहते हैं—भा० १०।४७।३० "आत्मन्येवात्मनात्मानं सृजे हन्म्यनुपालये। आत्म मायानुभावेन भूतेन्द्रिय गुणात्मना।

सृजे अभिव्यञ्जयामि। केन ? निमित्तभूतेन आत्ममायानुभावेन, अचिन्त्याया: स्वरूपशक्तेः प्रभावेण, "स्वरूपभूतया नित्यशक्त्या मायाख्यया युतः" इति मध्वभाष्यधृत-चतुर्वेद-शिखातः। कीदृशेन ? भूतेन्द्रियगुणात्मना भूतानि परमार्थसत्यानि यानि कर्मेन्द्रियाणि, ये च गुणा रूपरसादयस्तेषामात्मना प्रकाशकेनेत्यर्थः। बुद्धीन्द्रियेति पाठे आत्मनेत्यस्य विशेषणम्। बुद्धयोऽन्तःकरणानि, इन्द्रियाणि वहिःकरणानि, गुणा रूपादयस्तानि सर्व्वाण्यपि आत्मा स्वरूपं यत्र तेनेति। तदेवमाविर्भूय अनु पश्चात् कदापि हन्मि, ततोऽन्यत्र गच्छामि, हन — हिंसा-गत्योः। कदाप्यनु तत्पश्चात् पुनः पालये, स्वयमागत्य पालयामि, निजविरह दूनानिति शेषः। एतत् कारणन्तु (भा० १०।४७।३४) "यत्त्वहं भवतीनां वै" इत्यादौ वक्ष्यते। हन्तेरर्थान्तरे त्रयाणामेककर्म्मकर्त्तृत्वेऽपि तमात्मानं प्रकाशं कदाचित्तिरोधापयामि। तस्मात्तं प्रकाशमाकृष्य प्रकाशवैविध्यमेकीकरोमीत्यर्थः। एवमेव दशमसप्ततितमाध्याये स्वामिभिरपि व्याख्यातम्, (भा० टी० १०।७०।१७)— "एवं सर्व्वगृहेभ्यः पृथक् पृथङ्निर्गत्यानन्तरमेक एव सुधर्म्मां प्राविशत्" इति। तथा च मध्वभाष्यधृतं पाद्मवचनम्—

"आत्ममायानुभाव के द्वारा भूतेन्द्रिय गुणात्मा मैं आत्मा में आत्मा की सृष्टि करता हूँ नाश एवं पालन भी करता हूँ। आत्मनि—अनन्त प्रकाशमय श्रीविग्रह लक्षण में,—निज में, स्वयं आत्मा की निज प्रकाश विशेष की, सृष्टि करता हूँ,—अभिव्यक्त करता हूँ। किस प्रकार से ? उसको कहते हैं——

निमित्तभूतेन—आत्ममायानुभाव— अचिन्त्य स्वरूप शक्ति का प्रभाव से ही निज को अभिव्यञ्जित करता हूँ। श्रीभगवान्—"स्वरूप भूतया नित्यशक्त्यामायाख्यया युतः" स्वरूप भूत मायाख्या नित्यशक्ति युक्त हैं, मध्व भाष्यधृत चतुर्वेद शिखा में उस प्रकार वर्णित है।,

कीदृश स्वरूप शक्ति के द्वारा सृष्टि की जाती है ? उसको कहते हैं,—भूतेन्द्रियगुणात्मना,— भूतेन्द्रिय गुणात्माभूत—परमार्थ सत्य स्वरूप जो मेरा इन्द्रिय, रूप, रसादि गुण समूह, एवं उसका प्रकाशक स्वरूप, तद् द्वारा सृष्ट्यादि करता रहता हूँ। भूतेन्द्रिय के स्थान में 'बुद्धीन्द्रिय' पाठ ग्रन्थान्तर में दृष्ट है, उसको आत्मना पद का विशेषण जानना होगा। बुद्धि— मनः, बुद्धि, अहङ्कार, चित्त नामक अन्तः करण, इन्द्रिय चक्षुरादि वहिरिन्द्रिय, गुण—रूप प्रभृति, तत् समुदय—आत्मा,—स्वरूप जिस में हैं। अर्थात् जिस के अन्तरिन्द्रिय वहिरिन्द्रिय प्रभृति—साधारण जीवके समान स्वरूपातिरिक्त नहीं है— किन्तु स्वरूप भूत ही है। इस प्रकार स्वयं के द्वारा प्रकाश रूप सृजन करता हूँ।

प्रकाशमूर्त्ति में आविर्भूत होकर—समय विशेष में उसका हनन करता हूँ। अर्थात् अन्यत्र गमन करता हूँ। हन् धातु का प्रसिद्ध अर्थ—हिंसा गति है। सुतरां यहाँ गमन अर्थ सङ्गत है, तत् पश्चात् कभी पालन करता हूँ, अर्थात् स्वयं आकर निज विरह व्यथित जनगण की रक्षा करता हूँ। स्थानान्तर गमन, एवं पालन क्यों करते हैं ? कारण का कथन भा० १०।४७।३४ में "यत्त्वहं भवतीनां वै" में करेंगे।

हन् धातु का गति अर्थ न करने पर हिंसानाश अर्थ होगा, उससे सृष्टि, हनन, पालन रूप क्रियात्रय का एक 'स्वयं' कर्म होने से भी स्वयं को—अर्थात् प्रकाश रूपको समय विशेष में तिरोहित करता हूँ। अर्थात् प्रकाशरूप का आकर्षण लीलास्थान से करके विविध प्रकाश को एकीभूत करता हूँ। इस प्रकार अर्थ जानना होगा। दशमस्कन्ध ७०।१७ में स्वामि पाद ने भी उस प्रकार व्याख्या की है, "एवंसर्वगृहेभ्यः

"स देवो बहुधा भूत्वा निर्गुणः पुरुषोत्तमः। एकीभूय पुनः शेते निर्दोषो हरिरादिकृत्" ४४६॥ इति श्रुतिश्च शङ्करभाष्यधृता—"स एकधा भवति द्विधा भवति" इत्याद्या। तदनन्तरं पुनरपि तमात्मानं पालये पुनरभिव्यज्य निजप्रेष्ठजनैः सह क्रीड़या सम्भूतानन्दं करोमीत्यर्थः। एवं हन्तिरश्लीलोऽपि स्ववियोगिजनविषयक-कारुण्यकृतभावान्तरेण स्वयमेव प्रयुक्त इति न दोष आशङ्क्यः, (भा० ३।१६।६) "छिन्द्यां स्वबाहुमपि वः प्रतिकूलवृत्तिम्" इतिवत्॥

१५८। ननु प्रकटमेव मथुरायां विक्रीड़सि, तर्ह्यत्राप्यधुना विक्रीड़सीत्यत्रास्माकं सम्भावना कथं जायतामित्याशङ्क्य तासामेवानुभवं प्रमाणयति, (भा० १०।४७।३१)२

(१५८) "आत्मा ज्ञानमयः शुद्धो व्यतिरिक्तोऽगुणान्वयः।
सुषुप्ति-स्वप्न-जाग्रद्भिर्मनोवृत्तिभिरीयते॥" ४४७॥

पृथक् पृथङ्निर्गत्यानन्तरमेक एव सुधर्मां प्राविशत्" इस प्रकार सकल गृह से पृथक् पृथक् रूप से निर्गत होकर श्रीकृष्ण, एक रूप में ही सुधर्मा सभा में प्रविष्ट हुये थे।" उस प्रकार ही मध्वभाष्यधृत पाद्मवचन भी है। 'वह निर्गुण, निर्दोष, लीलामय देव आदि कर्त्ता पुरुषोत्तम श्रीहरि, अनेक होकर क्रीड़ा करते हैं, पुनर्वार एकीभूत होकर शयन करते हैं, इस विषय में शङ्कर भाष्य धृत श्रुति प्रमाण भी इस प्रकार है—

"स एकधाभवति द्विधा भवति त्रिधा भवति"

"श्रीहरि—एकधा होते हैं, द्विधा होते हैं, त्रिधा होते हैं।" तदनन्तर पुनर्वार निज का पालन करता हूँ। अर्थात् पुनर्वार प्रकाश रूप में अभिव्यक्त होकर निज प्रिय जनके सहित क्रीड़ा के द्वारा सम्भूत आनन्द का उपभोग करता हूँ। इस प्रकार व्याख्या करने पर हन् धातु का अर्थ 'हनन' अश्लील होने पर भी निज वियोग कातर जनगण के प्रति कारुण्य हेतु भावान्तर का वशवर्त्ती होकर श्रीकृष्णने स्वयं के प्रति उस प्रकार प्रयोग किया है, सुतरां उससे दोषापत्ति नहीं है। निजजन प्रिय रूप का अन्तर्द्धान कर प्रियजन को दुःखी करता हूँ। उससे मैं क्या सुखी रहता हूँ। वे सब जिस प्रकार दुःखी होते हैं मैं भी उस प्रकार दुःखी होता हूँ। निज जन दुःखद रूप का नाश करने से दोष नहीं होता है। भा० ३।१६।६ में लौकिक रीति का वर्णन किया है, छिन्द्यां स्वबाहुमपि वः प्रति कूलवृत्तिम्" निज बाहु भी यदि प्रति कूल आचरण करता है, तो उस को भी छेदन करूँगा" जिस प्रकार प्रयोग होता है, उस प्रकार ही प्रस्तुत स्थल में जानना होगा। (१५७)

उद्धव को वृन्दावन प्रेरण समय में श्रीकृष्ण, मथुरा में प्रकट थे, उस समय श्रीवृन्दावन में श्रीकृष्ण की विहार वार्त्ता को सुनने से स्वतः जिज्ञासा होगी कि,—मथुरा में प्रकट विहार के समय वृन्दावन में प्रकट विहार की सम्भावना कहाँ है? इस प्रकार आशङ्का कर व्रजसुन्दरी गण के अनुभव के द्वारा उनसब के सहित उस समय व्रज विहार को प्रमाणित करते हैं—(भा० १०।४७।३१) "आत्मा ज्ञानमयः शुद्धो व्यतिरिक्तो गुणान्वयः। सुषुप्तिस्वप्नजाग्रद्भि र्मनोवृत्तिभिरीयते॥"

ज्ञानमय, शुद्ध, व्यतिरिक्त, गुणान्वय आत्मा, सषुप्तिस्वप्न जाग्रत अवस्था में मनोवृत्ति के द्वारा अनुभूत होता है। पूर्वश्लोक में अप्रकट प्रकाश में व्रजसुन्दरीगण के सहितस्थिति वर्णित है, प्रस्तुत श्लोक में पक्षान्तर अवलम्बनपूर्वक कहते हैं, अप्रकट लीला में विच्छेदाभाव तो है ही किन्तु प्रकट लीला में भी आप सब के सहित मेरा विच्छेद नहीं है, उसका अनुसन्धान आपसब करें। 'आत्माज्ञानमय,' श्लोक के द्वारा उस विवरण को कहते हैं, श्लोकार्थ इस प्रकार है। यहाँ आत्मा शब्द से अस्मदर्थ को जानना होगा,

यद्वा, आस्तां तावदप्रकटलीलायां मद्वियोगाभाववार्त्ता, प्रकटलीलायामपि तथानुसन्धीयता- मित्याहआत्मा ज्ञानमय इत्यादि। अर्थश्चायम्--आत्मशब्दोऽस्मिन्नस्मच्छब्दार्थपरस्ततश्च आत्माहं श्रीकृष्णलक्षणो भवतीनां सुषुप्त्याविलक्षणाभिर्मनोवृत्तिभिरीयतेऽनुभूयत एव। कीदृशः? ज्ञानमयो नानाविद्याविदग्धः, शुद्धो दोषरहितः। विगतोऽतिरिक्तो यस्मादिति वा विशेषेणातिरिक्त इति वा व्यतिरिक्तः सर्व्वोत्तमः। गुणान्वयः सर्व्वगुणशाली, स च स्फूर्त्तिरूपो ऽयमनुभवः कदाचित् साक्षात्कारद्वारापि कल्पत इति चिरकालविरहेऽपि तासां सन्धुक्षण- कारणं ज्ञेयम्। अत्र सुषुप्तेऽपि तत्स्फूर्त्तिनिर्द्देशः सर्व्वदैव स्फुरामीतिमात्रतात्पर्य्यकः। यद्वा, तत्र तासां स्वप्नजाग्रतोरनन्यवृत्तित्वं सिद्धमेव। वृत्त्यन्तरासम्भवात्तु श्रीकृष्णसमाधिलक्षणे सुषुप्तेऽपि तस्मिन्नेव--स्वप्नजाग्रद्गतानां वृत्तिवैचित्रीणां तदनुभाविताभात्रावशेषतया प्रवेशो भवति। तदुत्तरकाले प्राकृतैः "सुखमहमस्वाप्सम्" इतिवत्ताभिः स एवानुसन्धीयत इति तथोक्तम्। तथाहि गारुड़े--

"जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तेषु योगस्थस्य च योगिनः। या काचिन्मनसो वृत्तिः सा भवत्यच्युताश्रया॥" ४४८॥ इति

उससे मैं श्रीकृष्ण लक्षण प्रियतम हूँ, आप के सुषुप्त्यादि लक्षण विशिष्ट मनोवृत्ति समूह के द्वारा अनुभूत हूँ। कैसे? ज्ञानमय—नाना विद्याविदग्ध हूँ। शुद्ध दोष रहित हूँ, व्यतिरिक्त—विगत अतिरिक्त—सर्वोत्तम हूँ। अथवा,—विशेष रूपसे जो अतिरिक्त है, वह व्यतिरिक्त—सर्वोत्तम है, गुणान्वय—सर्वगुण शाली हूँ।

अतएव स्फूर्त्ति रूप अनुभव ही समय विशेष में साक्षात् कर रूप में प्रतिभात होगा। इस प्रकार आश्वास वाणी व्रज सुन्दरीगण के चिरकाल विरह में भी सन्धुक्षण का कारण है, अर्थात् उत्साह वर्द्धक है।

यद्यपि सुषुप्ति अवस्था में आत्माव्यतीत अपर किसी की स्फूर्त्ति नहीं होती है, तथापि यहाँ व्रजसुन्दरी गण की सुषुप्ति अवस्था में भी श्रीकृष्ण स्फूर्त्ति का निर्देश होने पर विदित हुआ कि—श्रीकृष्ण सर्वदा स्फूर्त्ति प्राप्त होते हैं।

अथवा,—व्रजसुन्दरीगण का श्रीकृष्ण विषयक अनन्य वृत्तित्व जाग्रत् स्वप्न अवस्था में तो है ही, किन्तु जिस अवस्था में अन्तरिन्द्रिय वहिरिन्द्रिय की वृत्ति सम्भावना ही नहीं है, श्रीकृष्ण समाधि लक्षण उक्त सुषुप्ति में भी जाग्रत गतवृत्ति समूह की वृत्ति वैचित्री श्रीकृष्णानुभाविताभात्र ही रहती है। वह अवशेष रूप में श्रीकृष्ण में प्रविष्ट होती है।

अर्थात् सुषुप्ति अवस्था में किसी वृत्ति की सम्भावना नहीं है। किन्तु व्रजसुन्दरी गण की जाग्रत अवस्था में जो श्रीकृष्ण स्फूर्त्ति है, उसका अनुभव—सुषुप्ति अवस्था में भी विद्यमान रहता है। प्राकृत जन की सुषुप्ति का अनुसन्धान तदुत्तर काल में "सुखमहमस्वाप्सम्" होता है, मैं सुख पूर्वक निद्रित था' इस वाक्य के द्वारा प्रकाश होता है। किन्तु व्रजसुन्दरीगण—श्रीकृष्ण समाधि लक्षण सुषुप्ति में जिस श्रीकृष्णानुभवको प्राप्त करती है, इस प्रकार ही उनसब का अनुसन्धान होता है। इसका कथन ही उत्तर वाक्य में अर्थान्तराच्छादित के द्वारा हुआ है। गरुड़ पुराण में उक्त है—भक्त गण के जाग्रदादि अवस्थाश्रये में वृत्ति समूह श्रीभगवान् को आश्रय कर रहती हैं। 'जाग्रत् स्वप्न सुषुप्तेषु योगस्थस्य च योगिनः। या काचिन्मनसोवृत्तिः सा भवत्यच्युताश्रया॥"

जाग्रत् स्वप्न सुषुप्ति अवस्था में योगस्थ योगिगण की मनोवृत्ति—अच्युताश्रित होकर रहती है। (४४८)

१५९। ननु तथाप्यस्माकं विरह एव सर्व्वोपमर्द्दकः स्फुरतिः, किं कुर्म्म इत्याशङ्क्य, हन्त यदि मद्वियोगिताभिमानिमनोवृत्तिं कथमपि रोद्धुं शक्नुथ, तदास्वत एव नित्य-सयोगित्वमुदेष्यतीत्येवमुपदेशेन वक्तुं योगशास्त्रप्रक्रियामाह द्वाभ्याम् (भा० १०।४०।३२)—

(१५९) "येनेन्द्रियार्थान् ध्यायेत मृषा स्वप्नवदुत्थितः।
तन्निरुन्ध्यादिन्द्रियाणि विनिद्रः प्रत्यपद्यत॥" ४४९॥

उत्थितः पुमान् यथा मिथ्याभूतमेव स्वप्नं ध्यायति, एवं बाधितानपीन्द्रियार्थान् शब्दादीन् येन मनसा ध्यायेत चिन्तयेत्, ध्यायंश्च येनेन्द्रियाणि प्रत्यपद्यत प्राप, तन्मनो विनिद्रोऽनलसः सन् निरुन्ध्यात् नियच्छेदिति। यद्यपि स्वप्नादिवत्तद्विरहस्तासु नाज्ञानाध्यस्तः, प्रकटलीलायां तस्याप्राप्तेस्तासामेवानुभवसिद्धत्वात्, तथाप्यप्रकटलीलायां नित्यसंयोगमनुसन्धापयितुं तस्य तादृशत्वेनैवोपदेशो भगवता योग्य इति तथोक्तम्। एकांशेऽपि संयोगे वियोगो नास्त्येवेति वा॥

१६०। तं मनोनिरोधमेव स्तौति (भा० १०।४७।३३)—

तुम तो कह रहे हो, 'सर्वावस्था में मेरा अनुभव तुम सब को होता है" तथापि सर्वोपमर्दक विरह की ही स्फुर्त्ति हमारी होती है, क्या करें? इस प्रकार कथन, शङ्काकर करते हैं,हन्त! यदि वियोगाभिमान मनोवृत्ति को अवरुद्ध करने में अक्षम हो, तब स्वतः ही नित्य संयोगित्व का उदय होगा। उपदेश द्वारा इस प्रकार कहने के निमित्त श्लोक द्वयसे योग शास्त्र की प्रक्रिया को कहते हैं, (भा १०।४७।३०) येनेन्द्रियार्थान् ध्यायेतमृषा स्वप्नवदुत्थितः। तन्निरुन्ध्यादिन्द्रियाणि विनिद्रः प्रत्यपद्यत॥"

"सुप्तोत्थित पुरुष जिस प्रकार मिथ्या भूत स्वप्न की चिन्ता करता है, इन्द्रियार्थ शब्द प्रभृति के द्वारा उस प्रकार चिन्ता करता है, एवं ध्यान करता है उस को प्राप्त करता है, अनलस होकर उस मनको निरोध करे।"

सुप्तोत्थित पुरुष जिस प्रकार मिथ्या भूतस्वप्न का ध्यान करता है, इस प्रकार बाधित अप्राप्त इन्द्रियार्थ शब्दादि की चिन्ता भी करता है, चिन्ता करते करते इन्द्रिय समूह उसे प्राप्त भी कर लेते हैं, मन की द्वारा जिस की चिन्ता होती है, उस की प्राप्ति भी होती है, जिस मनके द्वारा चिन्ता एवं प्राप्ति होती है, विनिद्र-- अनलस होकर उस मन को निरुद्ध अर्थात् संयत करे।

यद्यपि स्वप्नवत् व्रजसुन्दरीगण का श्रीकृष्ण विरह अज्ञानाध्यस्त नहीं है, तथापि प्रकट लीला में श्रीकृष्ण की अप्राप्ति हेतु, अप्रकट लीला में उनका अनुभवसिद्ध जो नित्य संयोग है, उसका अनुसन्धान कराने के निमित्त अज्ञानाध्यस्त के समान उपदेश प्रदान करना श्रीभगवान् के पक्ष में योग्य है। "परोक्षञ्च ममप्रियम्" गुप्त विषय को आच्छादित करके कहने से सुधीगण सुखी होते हैं, भगवान् तो परोक्षप्रिय हैं ही, विशेषतः प्रियजनके निकट अभीप्सित विषय को इङ्गित से व्यक्त करने से रसावह होता है। रसिक शेखर श्रीकृष्ण उसरीति में सुविदग्ध हैं, अतः प्रेयसीवर्ग के निकट अर्थान्तर समाच्छादित वाक्य से संवाद अतीव रसावह है, तज्जन्य श्रीग्रन्थकार ने कहा "तस्य तादृशत्वेनैवोपदेशो भगवतो योग्य" तादृश रूप में उपदेश दान—भगवान् के पक्ष में योग्य है। तज्जन्य ही श्रीकृष्णानुभव को स्वप्नवत् उल्लेख किया गया है।

अथवा,—एकांश में संयोग होने पर भी विच्छेद नहीं हो सकता है, तज्जन्य ही उस प्रकार वर्णना की गई है। (१५९)

भा० १०।४७।३३ में मनोनिरोध का वर्णन करते हैं—"एतदन्तः समाम्नायो योगः साङ्ख्यं

(१६०) "एतदन्तः समाम्नायो योगः साङ्ख्यं मनीषिणाम् ।
त्यागस्तपो दमः सत्यं समुद्रान्ता इवापगाः ।।" ४५०।।

एष मनोनिरोधोऽन्तः समाप्तिः फलं यस्य सः । समाम्नायो वेदः, स तत्र पर्य्यवस्यतीत्यर्थः । मार्गभेदेऽप्येकत्र पर्य्यवसाने दृष्टान्तः—समुद्रान्ता आपगा नद्य इवेति । यस्मात् सर्व्वैरेव वेदादिविद्भिः प्रशस्यते मनोनिरोधस्तस्माद्यूयमपि मद्वियोगाभिमानि-मनोवृत्तिं निरुन्ध्वेति पद्यद्वयेन ध्वनितम् ।।

१६१। ननु, अहो यदि त्वद्विरहेण वयमतिदुःखिता इत्यतः कृपालुचित्त एव त्वमस्मभ्यं निज-प्राप्तिसाधनमुपदिशसि, तर्हि स्वयं किमु प्रकटमेव नायासि,तस्मात् कैतवमेवेदं तव कृपालुत्व-

मनीषिणाम्' त्यागस्तपो दमः सत्यं समुद्रान्ता इवापगाः ।।"

मनो निरोध व्यतीत विक्षिप्त चित्त से सन्निकृष्ट वस्तु की उपलब्धि नहीं होती है, तज्जन्य श्रीकृष्ण अप्रकट प्रकाश में व्रजसुन्दरीगण के सान्निध्य में विराजित होने से भी प्रकट लीलागत विरह विक्षेप हेतु वे सब उपलब्धि करने में अक्षम हैं, यहाँपर मनोनिरोध ही नित्यसंयोगिता उपलब्धि का एक मात्र उपाय है, इस को व्यक्त करने के निमित्त मनो निरोध की प्रशंसा करते हैं,—जिस प्रकार नदी समूह सागर में मिलित हैं, उस प्रकार मनोनिरोध ही मनीषिगण के पक्ष में समाम्नाय है, अर्थात् वेद, अष्टाङ्ग साङ्ख्य आत्मानात्मविवेक, सन्न्यास, स्वधर्म, इन्द्रिय दमन एवं सत्य, सब के अन्तस्वरूप—अर्थात् वेदादि का तात्पर्य्य इस में ही पर्य्यवसित है, ।

टीका—तावताच कृतार्थो भवतीत्याह एतदन्त इति । एष मनोनिरोधः अन्तः समाप्ति फलं यस्य सः । समाम्नायो वेदः स तत्र पर्य्यवस्यतीत्यर्थः, योगोऽष्टाङ्गः । साङ्ख्यमात्मानात्मविवेकः । त्यागः—सन्न्यासः, । तपः—स्वधर्मः, दमः—इन्द्रियदमनम् । मार्ग भेदेऽप्येकत्र पर्य्यवसाने दृष्टान्तः, समुद्रान्ता आपगा नद्य इवेति ।।

"एतदन्तः" पदका अर्थ—"एष मनोनिरोधः अन्तः समाप्तिफलं यस्य सः"– यह मनोनिरोध अन्तः समाप्ति फले है, जिसका, वह समाम्नाय वेद है, वह वेद मनोनिरोध में पर्य्यवसित है, वेद , साङ्ख्य प्रभृति विभिन्न साधन पन्थका एकत्र पर्य्यवसान का दृष्टान्त—जिस प्रकार विभिन्न स्थान से समागत नदी समह का सागर सम्मिलन है । अर्थात् विविधदिक् वाहिनी नदी समूह जिस प्रकार सागर में मिलित होती हैं—उस प्रकार विविध साधन मनोनिरोध में पर्य्यवसित है । समस्त साधनों का एकमात्र फल है उपास्य में मनोनिरोध ।

पर्य्यवसान—फल रूपता निबन्धन अर्थात् निखिल साधन का फल मनोनिरोध में पर्य्यवसित होने के कारण—वेद विद् गण मनोनिरोध की प्रशंसा करते हैं । अतः तुम सब विच्छेदाभिमानिनी मनोवृत्ति का निरोध करो, पद्य द्वय के द्वारा यह ध्वनित हुआ । मनोनिरोध से अभीष्ट नित्यसंयोग की उपलब्धि होगी । यह ही तात्पर्य्य है । (१६०)

अहो ! विरह से हम सब अति दुःखिता हैं, अतः तुम कृपालुचित्त हो, प्राप्ति साधन का उपदेश देते रहते हो, तब क्यों स्वयं प्रकट रूप में नहीं आते हो ? इस से प्रतीत होता है कि—तुम्हारी कृपालुता कपट मात्र ही है, व्रजदेवीयों के मनोभाव को जानकर भा० १०।४७।३४ में कहते हैं—"यत्वहं भवतीनां दूरेदर्त्ते प्रियोदृशाम् । मनसः सन्निकर्षार्थं मदनुध्यान काम्यया" ।

मित्याशङ्क्याह (भा० १०।४७।३४)--

(१६१) " यत्त्वहं भवतीनां वै दूरे वर्त्ते प्रियो दृशाम् ।
मनसः सन्निकर्षार्थं मदनुध्यानकाम्यया ।।" ४५१ ।।

साम्प्रतं भवतीनां दृशां प्रियोऽप्यहं यद्दूरे वर्त्ते, तद्भवतीनां मदनुध्यानेच्छया यो मनसः सन्निकर्षस्तदर्थं मम भवन्निकटस्थितौ मदर्थं भवतीनां दृश्येवावेशः स्यात्, भवद्दूरे तु मनस्येवेति तत्र मम सन्निकर्षः स्यादित्येतदर्थः ।।

१६२। तदेतन्निदर्शयति (भा० १०।४७।३५)—

(१६२) "यथा दूरचरे प्रेष्ठे मन आविश्य वर्त्तते ।
स्त्रीणाञ्च न तथा चेतः सन्निकृष्टेऽक्षिगोचरे ।।"४५२।।

'च'–कारात् स्त्रीषु प्रेष्ठस्य च ।।

१६३। मनःसन्निकर्षे किं स्यात्, शीघ्रमेव लब्धो भविष्यामीति ज्ञायतामित्याह (भा०१०।४७।३६)

(१६३) "मय्यावेश्य मनः कृष्णे विमुक्ताशेषवृत्ति यत् ।
अनुस्मरन्त्यो मां नित्यमचिरान्मामुपैष्यथ ।।" ४५३।।

टीका– ननु किमन्यानिवास्मान् आत्म विद्यया प्रलोभयसि ? वयन्तु सर्व सुन्दर सकल गुणालङ्कृतेन त्वया विरहं नैव सहाम इति चेदत आह यत्त्वहमिति । दृशां दूरे यद् वर्त्ते, तन्मदनुध्यानार्थम् " तच्चध्यानं मनसः सन्निकर्षार्थमिति । मैं तुम्हारे लोचन लोभनीय हूँ प्रिय हूँ, दूर में रह रहा हूँ । वह केवल नियत मेरा ध्यान हो तज्जन्य, अर्थात् मनका सन्निकर्ष सम्पादन करने के निमित्त ही दूर में रहता हूँ ।(१६१)

उदाहरण के द्वारा उसको पुष्ट करते हैं—(भा० १०।४७।३५)

"यथा दूरचरे प्रेष्ठे मन आविश्य वर्त्तते ।
स्त्रीणाञ्च न तथा चेत सन्निकृष्टे ऽक्षिगोचरे ।।"

टीका—एतदुपपादयति त्रयेण । यथा दूरचरे इति ।। ३५।३६। मैं तुम सब का लोचन लोभनीय हूँ, मेरा दर्शन भिन्न अपर किसो से सुखी नहीं होती हो। प्रिय दूर में रहने से मन का सन्निकर्ष जिस प्रकार होता है, उस प्रकार सन्निकट में रहने से नहीं होता है । प्रिय के निकट में शरीर से रहने की अपेक्षा मन से आविष्ट होकर रहना सर्वाधिक आनन्द कर है । तज्जन्य मैं प्रिय होकर दूर में रहता हूँ ।

दूरवर्त्ती प्रियतम के प्रति स्त्रीगण का चित्त जिस प्रकार आविष्ट होता है । निकटवर्त्ती नयन गोचर प्रियतम के प्रति उस प्रकार मन निविष्ट नहीं होता है ।

श्लोकस्थित 'स्त्रीणाञ्च' "स्त्रीगण का भी" पदस्थ 'च' कार के द्वारा बोध होता है कि—स्त्रीगण का मन जिस प्रकार पुरुष में आविष्ट होता है, पुरुषगण का मन भी उस प्रकार स्त्रीगण में आविष्ट होता है। इसमे सूचित हुआ कि—व्रजसुन्दरीगण के समान श्रीकृष्ण का चित्त भी व्रजसुन्दरीगण में आविष्ट है । (१६२)

मनः सन्निकर्ष से क्या होगा ? उत्तर में कहते हैं, मेरी प्राप्ति सत्वर होगी, इसको जानना होगा । भा० १०।४७।३६ में कहते हैं—"मय्यावेश्य मनः कृष्णे विमुक्ताशेष वृत्तियत् । अनुस्मरन्त्यो मां नित्यमचिरान्मामुपैष्यथ ।।"

विमुक्ता अशेषा विरह–तत्कारणभावनारूपा वृत्तयो येन तन्मनो मयि कृष्णरूपे आवेश्य मां कृष्णरूपमेवानुस्मरन्त्यो मां कृष्णरूपमेवाचिरादेव समीप एवैष्यथ,अनन्यवेद्यतया प्राप्स्यथ ॥

१६४। तर्हि कथं प्रकटमेव नागच्छसि ? तत्राह—तस्य झटिति प्राप्तेर्वृन्दावन एव लीलान्तरनित्यास्तितायाश्च प्रतीत्यर्थं निदर्शनमप्याह (भा० १०।४७।३७)–

((१६४) "या मया क्रीड़ता रात्र्यां वनेऽस्मिन् व्रज आस्थिताः ।
अलब्धरासाः कल्याण्यो मापुर्मद्वीर्य्यचिन्तया ॥" ४५४॥

तद्वहि विघ्नवञ्चनार्थमित्यर्थः। ता हि तत्रात्रिप्रकटरासमात्रमलब्धवत्योऽप्यस्मिन् वृन्दावन एव सर्व्वविघ्नास्पृष्टाः प्रकटविचित्रक्रीड़ानिधानं मामापुरेवेति । तथा च वासनाभाष्यधृतं मार्कण्डेयवचनम्—

"तदानीमेव ताः प्राप्ताः श्रीमन्तं भक्तवत्सलम् । ध्यानतः परमानन्दं कृष्णं गोकुलनायिकाः ॥" ४५५ ।इति

अशेष वृत्ति रहित मन को मुझ कृष्ण में आविष्ट कर नियत बारम्बार स्मरण करते करते मुझ को प्राप्त करोगी ।

विमुक्त अशेष वृत्ति—जिस मनसे विरह एवं विरह के कारण रूप चिन्तन, तदात्मिका आवेश बुद्धि, विमुक्त—अर्थात् विदूरित हुई है, उस मन को मुझ कृष्ण में आविष्ट करके कृष्णरूप मुझ को अचिर कालमें ही प्राप्त करोगी, अनन्य वेद्य रूप में प्राप्त करोगी, अर्थात् प्रिय प्रिया का निगूढ़ सम्मिलन् अपर का अगोचर है, उस प्रकार ही मुझ को प्राप्त करोगी, वह मैं एतादृश सन्निकट में रहूँगा, जिस को कोई भी व्यक्ति स्वतन्त्ररूप से जान न सकेगा। सर्वथा तुम सब का होकर ही रहूँगा। (१६३)

यदि अचिर काल में ही प्राप्ति सम्भावना है, तो क्यों नहीं प्रकट रूप से सामने आते हो ? उत्तर में कहते हैं, झटिति प्राप्ति तो है ही, श्रीवृन्दावन में ही जो अप्रकट रूप लीलान्तर है वह नित्य है, उसको सूचित करने के निमित्त कहते हैं। (भा० १०।४७।३७)

"या मया क्रीड़ता रात्र्यां वनेऽस्मिन् व्रज आस्थिताः ।
अलब्धरासाः कल्याण्यो मापुर्मद्वीर्य्यचिन्तया ॥

"उपेष्ययेति माधुर्य्य मात्रमिति चेदत आह या इति । हे कल्याण्य स्व भर्तृभिः प्रतिबद्धा या वने क्रीड़ता मया सह अलब्ध क्रीड़ास्तास्तदैव मा माम् आपुः प्रापुः । (१६३)

हे कल्याणी वृन्द ! इस वृन्दावन में रास लीला के समय, जो सब अबला निज निज भर्त्ता के द्वारा अवरुद्धा हुई थीं, वे सब मेरे सहित रास क्रीड़ा में सम्मिलित होने में अक्षम रहीं। वे सब मेरा प्रभाव चिन्तन के द्वारा मुझ को प्राप्त कर चुकी थीं, रास लीलावसर में पत्यादि विरोधिजनों को वञ्चना करने के निमित्त जिस प्रकार व्रजसुन्दरी गण की रास प्राप्ति में विघ्न उपस्थित किया गया था, उस प्रकार ही यहाँपर वहिर्विघ्न वञ्चना के निमित्त, मैं प्रकट रूप में व्रजागमन नहीं करता हूँ।

अर्थात् प्रकट रूप में यदि मैं व्रज में आता हूँ, तो जरासन्ध का आक्रमण व्रज वासियों के प्रति होगा, कारण व्रजवासिगण को मेरा स्वजन मान कर क्लेश प्रदान वह करेगा। वर्त्तमान में वाह्यिक औदासीन्य को देखकर उस की धारणा होगी कि—व्रजवासी के प्रति श्रीकृष्ण की समवेदना नहीं है, अतएव व्रजवासी को क्लेश देकर कृष्ण को उद्विग्न नहीं किया जा सकता है। जरासन्ध प्रभृति दुष्ट राजन्य वृन्द उस प्रकार धारणा से ही अत्याचार से विरत हैं। मैं विरोधिजनगण को प्रतारित करने के निमित्त ही व्रज में नहीं आ रहा हूँ।

तत्रापि हे कल्याण्यः, सशरीरा इति तद्वद्देह—त्यागेन भवतीनां मत्प्राप्तिर्नस्यात्, किन्त्वनेनैव देहेन मत्प्राप्तिः स्यादिति भावः। तस्मात्तासां व्रजे प्राकट्येनानुपलम्भात्तथा (भा० १०।८२।४४ "मयि भक्तिर्हि भूतानाम्" इत्यादि—वक्ष्यमाणानुसारेण मार्कण्डेयवचनानुसारेण च तदीयाभीप्सितरूपविलासस्यैव मम प्राप्तेः सिद्धत्वाञ्च विद्यत एव प्रकटाया अस्या लीलायाः पृथक् तस्मिन्नन्या लीला, तस्याञ्च ममेव युष्माकमपि स्थितिरध्यवसीयताम्। यामेव लीलां मदीयव्रजागमनासकृत्प्रतिज्ञानुसारेण शीघ्रमेव यदुपुर्य्याः सकाशात् भवत्—प्रेमयन्त्रिततया समागत्याहं सर्व्वसमञ्जसतया भवतीनां तत्तद्विघ्ननिवारणपूर्व्वकं सर्व्वेभ्य एव व्रजवासिभ्यः सततं दर्शयिष्यामीति भावः। अस्मिन्निति निर्द्देशात्तदानीमपि स्वस्य वृन्दावनस्थत्वं सूचयति। प्रकरणेऽस्मिन्निदमुक्तं भवति। न ह्यत्र तासामध्यात्मविद्या श्रेयस्करी भवति, (भा० ११।२०।३१)

पत्यादि के द्वारा अवरुद्धा व्रजललनागण, श्रीमद् भागवत्में वर्णित रास रजनी में अनुष्ठित रासलीला में सम्मिलित हो न सकीं। किन्तु इस वृन्दावन में ही सर्व विघ्नास्पृष्टा प्रकट विचित्र क्रीड़ा निधान रूप मुझ को उन्होंने प्राप्त किया है। वासनाभाष्यधृत मार्कण्डेय वचन इस विषय में उत्कृष्ट प्रमाण है,—

"तदानीमेव ताः प्राप्ताः श्रीमन्तं भक्त वत्सलम्।
ध्यानतः परमानन्दं कृष्णं गोकुलनायिकाः॥

जो सब गोपाल नायिकाने रास रजनी में श्रीकृष्ण को प्राप्त कर न सका, उन सबने उस रास रजनी में ही भक्त वत्सल श्रीमान् परमानन्द कृष्ण को प्राप्त किया।" उस में भी कल्याणी, सर्व विघ्न रहिता थीं वे सब निर्विघ्न से मुझ कृष्ण को प्राप्त कर चुकी थीं।

अलब्ध रासा गोपीवृन्द के गुणमय देह त्याग के सम्बन्ध में दो प्रकार अर्थ ही सकते हैं, प्रथम—साधक सहचरी गोपीगण का गुणमय देह त्याग के द्वारा सच्चिदानन्द मय देह से अप्रकट रास में प्रवेश, द्वितीय—पत्यादि वञ्चना जन्य तत्काल में योगमाया कल्पित गुण मयदेह में प्रविष्ट होकर उसका त्याग। प्रथमार्थ में देहान्तर के द्वारा, एवं द्वितीयार्थ में सशरीर से ही रासलीला प्राप्ति की वार्त्ता है। उन सब के शरीर त्यागादि मायिक है, इस प्रकार कथन का तात्पर्य्य को जानना होगा। सशरीरा इति—उक्त प्रसङ्ग में वर्णित गोपीगण की देहत्याग के द्वारा रास लीला प्राप्तिके समान आप सब की मेरी प्राप्ति देहत्याग के द्वारा नहीं होगी। किन्तु वर्त्तमान देहसे ही मत्प्राप्ति होगी। उक्त कथन का भावार्थ यह ही है।

अनन्तर नित्य संयोगमयी लीलाका वर्णन करते हैं—अतएव अलब्धरासा व्रजसुन्दरी गण की प्रकट लीला में श्रीकृष्ण प्राप्ति नहीं हुई। अथच भा० १०।८२।४४ में वर्णित है—

"मयि भक्तिर्हि भूतानाममृतत्वाय कल्पते।
दिष्ट्या यदासीन्मत्स्नेहो भवतीनां मदापनः॥

टीका—"अपि च अतिभद्रमिदं यदुत भवतीनां मद्वियोगेन मत्प्रेमातिशयो जातः। इत्याह मयीति। मयि भक्तिमात्रमेव तावदमृतत्वाय कल्पत इति। यदुत भवतीनां मत् स्नेह आसीत् तद् दृष्ट्या अति भद्रम्। कुतः? मदापनो मत्प्रापण इति॥" मेरे प्रति जो भक्ति है, उससे निखिल प्राणी, अमृतत्व 'नित्य पार्षदत्व प्राप्त कर सकते हैं, मेरे प्रति आप सब का स्नेह है, यह अतीव मङ्गलकर है, कारण यह स्नेह—मत् प्राप्ति साधक है, अर्थात् इस स्नेह से आप सब मुझ को प्राप्त करोगी।

"मयि भक्तिर्हि" प्रमाण से श्रीकृष्ण प्राप्ति की अनिवार्य्यतासिद्ध होती है। एवं मार्कण्डेय वचन से

तस्मान्मद्भक्तियुक्तस्य योगिनो वै मदात्मनः ।
न ज्ञानं न च वैराग्यं प्रायः श्रेयो भवेदिह ॥" ४५६॥

इति श्रीभगवता, (भा० १०।१४।३) "ज्ञाने प्रयासमुदपास्य नमन्त एव, जीवन्ति" इति ब्रह्मणा च साधारणभक्तानामप्यनुपादेयत्वेनोक्तत्वात् । न च तच्छ्रवणेन तासां विरहज्वाला शाम्यति । तं श्यामं मनोहरं विना साधारणभक्तानामपि (भा० ६।१७।२८) "स्वर्गापवर्ग—

'तदानीमेव ताः प्राप्ताः श्रीमन्तं भक्तवत्सलम्, ध्यानतः परमानन्दं कृष्णं गोकुलनायिकाः'। प्राप्ति सवाद सुस्पष्ट है । उससे भी उन सब के अभीप्सित रूप विलास विशिष्ट श्रीकृष्ण प्राप्ति सिद्ध होती है । सुतरां प्रकट लीला व्यतीत अन्यलीला अर्थात् अप्रकट लीला की विद्यमानता यथावस्थित वृन्दावन में ही सुसिद्ध है । उक्त अप्रकट लीला में जिस प्रकार मैं रहता हूँ,, उस प्रकार आप सब भी रहती हैं । यह वृत्तान्त सुनिश्चित है । जिस लीला की बात मैं ने की है, उसको लक्ष्य करके मैंने व्रज में पुनरागमन की प्रतिज्ञा बारम्बार की है, तदनुसार तुम सब के प्रेम यन्त्रित रूप में यदुपुरी से सत्वर सम्यक् रूप से व्रजागमन कर समस्त व्रजवासी को दर्शन भी कराऊँगा । 'प्रेमयन्त्रित रूप से कहने का अभिप्राय यह है कि—यन्त्रचालित पदार्थ जिस प्रकार यन्त्र शक्ति से परिचालित होता है, उस प्रकार व्रजसुन्दरी गण के प्रेम से वशीभूत होकर ही श्रीकृष्ण का व्रजगमन होगा । समागत्य—अर्थात् सम्यक् रूप से आकर कहने का तात्पर्य्य यह है—श्रीकृष्ण—इस वार प्रत्यागमन कर पुनर्वार यहाँ से नहीं जायेंगे । अर्थात् निरन्तर व्रजमें ही रहेंगे ।

उक्त श्लोकस्थ "मदापनः" कहने का अभिप्राय यह है— मैं प्रेमवश हूँ, प्रेम के ऊपर मेरा स्वातन्त्र्य नहीं चलता है, मैं जहाँ भी रहूँ, प्रेम मुझ को बल पूर्वक तुम सब का सान्निध्य प्राप्त करा देता है, मैं प्रति दिन आगमन कर समक्ष में रहता हूँ, विचित्र लीलाविनोद भी करता हूँ, किन्तु तुम सब उसे स्फूर्त्ति मानती हीं । अस्मिन्—वनेऽस्मिन्—इस प्रकार निर्देश के कारण मथुरा में अवस्थान के समय भी एवं यहाँ से उद्धव के द्वारा संवाद प्रेरण के समय भी श्रीकृष्ण की वृन्दावन में स्थिति सूचित हो रही है । उद्धव प्रेरण प्रकरण में ही अप्रकट लीला में श्रीकृष्ण की नित्यस्थिति श्रीवृन्दावन में उक्त है । व्रजसुन्दरी वृन्द को अध्यात्म शिक्षा दान नहीं किया गया है, । व्रजाङ्गनागणों के निकट अध्यात्म विद्या श्रेयस्करी नहीं है, कारण, वृन्दावन में शुष्क अध्यात्म विद्या का समादर नहीं है, केवल प्रेम का ही परम आदर है ।

अथवा परिहास प्रसङ्ग में रसिकेन्द्रशिरोमणि श्रीकृष्ण का परम विदग्ध गोपललना गण के समक्ष में अध्यात्म प्रसङ्ग अर्थान्तर युक्त होकर उपयोगी सिद्ध होने से भी विरहार्त्त गोपी गण के सान्त्वना प्रसङ्ग में उक्त अध्यात्म विद्या श्रेयस्करी नहीं है, कारण— भगवान् ने भा० ११।२०।३१ में स्वयं ही कहा है—

"तस्मान्मद्भक्तियुक्तस्य योगिनो वै मदात्मनः ।
न ज्ञानं न च वैराग्यं प्रायः श्रेयो भवेदिह ।।"

भक्तिमें अपर किसी प्रकार साधन की अपेक्षा नहीं रहती है । मदीय भक्ति युक्त मद्गत चित्त योगिगण के पक्ष में इस जगत् में कर्म योग की बात ही क्या है, ज्ञान—वैराग्य भी श्रेयकर नहीं है ।

ब्रह्माने भी भा० १०।१४।४ में कहा है—

ज्ञाने प्रयास मुदपास्य नमन्त एव
जीवन्ति सन्मुखरितां भवदीय वार्त्ताम् ।
स्थानेस्थिताः श्रुतिगतां तनु वाङ्मनोभि
र्ये प्रायशोऽजितो जितोऽप्यसि तैस्त्रिलोक्याम् ।।

नरकेष्वपि तुल्यार्थदर्शिनः" इत्युक्त-दिशा (भा० ३।१५।४८) "नात्यन्तिकं विगणयन्त्यपि ते प्रसादम्" इत्याद्युक्त–दिशा च हेयरूपत्वेनैवानुभवात् । तासान्तु स्वरसस्य परमविरोध्येव तज्ज्ञानम् । पूर्वञ्च (भा० १०।४७।२८) "श्रूयतां प्रियसन्देशो भवतीनां सुखावहः" इत्येवोक्तम् । अतएवोक्तं तासामेवाभिप्रायकथने श्रीस्वामिभिरपि (भा० दी० १०।४७।३४) —"ननु किमन्यानिवास्मानात्मविद्यया प्रलोभयसि ? वयन्तु सर्व्वसुन्दर--सर्व्वगुणालङ्करणेन त्वया

जो लोक—स्वरूपानुसन्धानात्मक ज्ञान लाभ हेतु किञ्चिन्मात्र भी प्रयास न करके साधु सन्निधान में अव्यग्रचित्त से अवस्थित होकर उन सब के द्वारा प्रकटित भवतीय वार्त्ता– स्वभावतः ही कर्णकुहर में प्रविष्ट होती है, काय वाक्य मन के द्वारा सत्कार पूर्वक कथा को अवलम्बन भी करते हैं, त्रिलोक में आप अजित होने पर भी उन सब के द्वारा आप जित होते हैं । अर्थात् अन्य के समक्ष में दुष्प्राप्य होने पर भी वे लोक आप को अनायास प्राप्त कर लेते हैं। श्रीकृष्ण वाक्य एवं ब्रह्मा के वाक्य से सुस्पष्ट हुआ है, साधारण भक्तगण के पक्ष में भी अध्यात्मविद्या अनुपादेय है । सुतरां व्रजसुन्दरी गण के पक्ष में अध्यात्म विद्या सर्वथा अनुपादेय ही होगी इस के विषय में अधिक कहना निष्प्रयोजन है । विशेषतः वे सब श्रीकृष्ण विरहानल से दग्ध हो रही थीं, उस समय अध्यात्म ज्ञान के द्वारा उक्त ज्वाला प्रशमित नहीं हो सकती है।

मनोहरश्याम सुन्दर के विना—अध्यात्म विद्यासाधारण भक्त गण के निकट अतिशय तुच्छ पदार्थ है, उस का प्रकाश वक्ष्यमाण श्लोक द्वय में हुआ है । भा० ६।१७।१८ उक्त है—

नारायण पराः सर्वे न कुतश्चन बिभ्यति ।
स्वर्गापवर्ग नरकेष्वपि तुल्यार्थ दर्शिनः ।।

नारायण परायण व्यक्तिगण—किसी से भीत नहीं होते हैं, स्वर्ग, अपवर्ग, एवं नरक को आप सब तुल्य कार्य्यकारि रूप में देखते हैं, अर्थात् उनसब का विश्वास यह है कि—स्वर्ग, अपवर्ग, अथवा नरक, के मध्य में किसी एक में आवेश होनेपर विशुद्ध भक्ति– आस्वादन में वञ्चित होना पड़ता है ।

भा० ३।१५।४८ में उक्त है—

"नात्यन्तिकं विगणयन्त्यपि ते प्रसादं किमवन्यदर्पित भयं भ्रुव उन्नयैस्ते
ये ऽङ्ग त्वदङ्घ्रि शरणा भवतः कथायाः कीर्त्तन्यतीर्थ यशसः कुशला रसज्ञाः ।।"

चतुःसन श्रीवैकुण्ठ देवको कहे थे,—"प्रभो ! आप का यशः, परम रमणीय हेतु कीर्त्तनीय है, अतिशय पवित्र हेतु—तीर्थ स्वरूप है । जो लोक आप के चरणों में शरणापन्न हैं, भवत् कथा रसज्ञ हैं, वे सब आप का आत्यन्तिक प्रसाद रूप मुक्ति का समादर नहीं करते हैं, ।
इन्द्रादि पद की वार्त्ता तो दूर है, कारण उक्त पद समूह में सर्वदा भय विद्यमान है ।

अध्यात्म विद्या परम प्रेमवती व्रजसुन्दरी गण के समक्ष में केवल अति तुच्छ ही नहीं है, अपितु—निजरस विरोधी भी है, आध्यात्मिक चर्च्चा शान्त भक्तगण के निकट कथञ्चित् उपयोगी होने से भी मधुर रसाश्रित भक्त गणके पक्ष में रस विघातक है ।

इस के पहले उद्धवने भा० १०।४७।२८ में कहा भी है,—

"श्रूयतां प्रियसन्देशो भवतीनां सुखावहः ।
यमादायागतो भद्रा अहं भर्त्तु रहस्करः ।।"

" हे भद्रागण ! आप का प्रिय सन्देश श्रवण करें। वह अतिशय सुखावह है । मैं आप के भर्त्ता श्रीकृष्ण का समस्त कार्य्य ही सम्पन्न करता हूँ ।" गोपाङ्गनागण का प्रिय अध्यात्म विद्या नहीं है, केवल

विरहं नैव सहामहे" इति। तस्माद्विदुरादेरिव कूटोक्तिरियमित्युक्त एवार्थो भवत्यन्तरङ्गः। स च श्रीयुधिष्ठिरादेरिव तासामेव गम्य इति ॥ श्रीभगवान् व्रजदेवीः ॥

१६५। पूर्वव्याख्यानुसारेणैवाह (भा० १०।४७।३८)—

(१६५) "एवं प्रियतमादिष्टमाकर्ण्य व्रजयोषितः।
ता ऊचुरुद्धवं प्रीतास्तत्सन्देशागतस्मृतीः॥" ४५७॥

तत्सन्देशेन आगता स्मृतिर्नित्यसंयोगानुसन्धानरूपा यासां तादृश्यः; अतएव प्रीताः। इतः परं कदाचिदप्रकटलीलानुभवे सति तासां सन्तोषः प्रकटलीला–दर्शनन्तरतु विरह एवेति भावद्वैतं लक्ष्यते॥

१६६ तत्र सन्तोषमाह (भा० १०।४७।५३)—

(१६६) "ततस्ताः कृष्णसन्देशैर्व्यपेत–विरहज्वराः।
उद्धवं पूजयाञ्चक्रुर्ज्ञात्वात्मानमधोक्षजम्॥" ४५८॥

कृष्णसङ्ग प्राप्ति संवाद ही प्रियसन्देश है, उसका कथन उक्त श्लोक द्वारा हुआ है। व्रजसुन्दरी गण के अभिप्राय को प्रकट करते हुये श्रीस्वामि पादने कहा है।

भा० १०।४७।३४—"यत्त्वहं भवतीनां वै दूरेवर्त्ते प्रियोदृशाम्। मनसः सन्निकर्षार्थं मदनुध्यानकाम्यया।
टीका ननु किमन्यानिवास्मान् आत्मविद्यया प्रलोभयसि? वयन्तु सर्वसुन्दर सर्वगुणालङ्कृतेन त्वया विरहं नैव सहाम इति चेदत आह यत्त्वहमिति। दृशां दूरे यद् वर्त्ते तद् मदनुध्यानार्थम्। तच्च ध्यानं मनसः सन्निकर्षार्थम्॥"

"तुम क्या दूसरे को जिस प्रकार आत्मविद्या के द्वारा प्रलुब्ध करते हो, वैसे हम सब को आत्म-विद्या के द्वारा प्रलुब्ध करना चाहते हो? किन्तु हम सब सर्वसुन्दर सर्वगुणालङ्कृत तुम्हारे विरह सहन करने में अक्षम हैं। सुतरां श्रीकृष्णने उद्धव के द्वारा जो संवाद प्रेरण किया था, वह आत्म विद्योपदेशच्छल से कूटोक्ति के द्वारा अप्रकट लीला में नित्य स्थिति का ज्ञापक है। यह प्रसङ्ग—विदूर कर्त्तृक जतुगृह वार्त्ता प्रेरण के समान है। उक्त वाक्यार्थ को केवल युधिष्ठिर ही जानने में समर्थ थे, उस प्रकार व्रजसुन्दरीगण भी उक्त समागत सन्देश का अर्थ अवगत हुई थीं। सुतरां श्लोक समूह का जो अर्थ किया गया है, वह अर्थ अन्तरङ्ग है। व्रजदेवीगण को श्रीभगवान् कहे थे। (१६४)

अप्रकट प्रकाश में नित्यस्थिति रूप व्याख्या के अनुसार श्रीशुक कहे थे—(भा० १०।४७।३८)

"एवं प्रियतमादिष्टमाकर्ण्य व्रजयोषितः।
ता ऊचुरुद्धवं प्रीतास्तत सन्देश गतस्मृतीः॥"

उक्त संवाद से ही व्रजाङ्गनागण प्रीत हो गई थीं। प्रियतम के संवाद से उनसब की स्मृति जग गई। इस के बाद-कदाचित् 'उद्धव गमनके पश्चात्, कभी अप्रकट लीलानुभव होने से आप सब सन्तुष्ट होती, थीं, एवं प्रकट लीला दर्शन से विरह उपस्थित होता था। इस प्रकार भावद्वैत परिलक्षित होता है।१६५।

भा० १०।४७।५३ में श्रीशुक देव उन सब का सन्तोष को सुव्यक्त कर रहे हैं।

"ततस्ताः कृष्ण सन्देशै र्व्यपेतविरहज्वराः।
उद्धवं पूजयाञ्चक्रु र्ज्ञात्वात्मानमधोक्षजम्॥"

यथा तेन सन्दिष्टं तथैवात्मानमनुभूयाधोक्षजञ्चानुभूयेत्यर्थः ।। श्रीशुकः ।।

१६७। स्वविरहं व्यञ्जयन्ति (भा १०।४७।४४) —

(१६७) "अप्येष्यतीह दाशार्हस्तप्ताः स्वकृतया शुचा ।
सञ्जीवयन् नु गात्रैर्यथेन्द्रो वनमम्बुदैः ।।" ४५९।।

स्वनिमित्तेन शोकेन तप्ताः, नोऽस्मान् गात्रैः करस्पर्शादिभिः सञ्जीवयन् किं नु इहैष्यतीति ।। श्रीव्रजदेव्य उद्धवम् ।।

१६८। एवं यथा श्रीमदुद्धवद्वारोपदिष्टं तथा कुरुक्षेत्रयात्रायामपि ताः प्रति स्वयमुपदिष्टम् (भा० १०।८२।४१)

"अपि स्मरथ नः सख्यः स्वानामर्थचिकीर्षया ।
गतांश्चिरायितान् शत्रुपक्ष-क्षपणचेतसः ।।" ४६०।।

श्रीकृष्ण कर्त्तृक प्रेरित संवाद के द्वारा जिनसब का विरह ज्वर अपगत हुआ था, वे सब व्रजसुन्दरी गणने निज को एवं अच्युत को अवगत होकर उद्धव की पूजा की थी।

अप्रकट लीला में नित्य संयोग रूप स्थिति का संवाद जिस प्रकार श्रीकृष्णने भेजा था, गोपिकाओंने उस प्रकार स्वयं को एवं श्रीकृष्ण को अनुभव भी किया। अर्थात् अप्रकट लीला में श्रीकृष्ण के सहित वे सब नित्यावस्थित हैं,इस प्रकार अनुभव होने पर उन सबका सन्तोष हुआ था। प्रवक्ता श्रीशुक हैं।(१६६)

निज विरह को व्यक्त करते हुये गोपिकाओंने उद्धव को कही, भा० १०।४७।४४

"अप्येष्यतीह दाशार्हस्तप्ताः स्वकृतया शुचा ।
सञ्जीवयन् नु नो गात्रैर्यथेन्द्रो वनमम्बुदैः ।।"

श्रीकृष्ण के निमित्त हम सब शोक सन्तप्त हैं। इन्द्र जिस प्रकार वारि वर्षण के द्वारा निदाघतप्त को सञ्जीवित करते हैं, उस प्रकार निज कर स्पर्श के द्वारा हम सब को सञ्जीवित करने के निमित्त क्या कृष्ण यहाँपर आयेंगे ?

निदाघ तप्त वन जिस प्रकार वारि वर्षण से ही सञ्जीवित होता हैं केवल गर्जन से नहीं, उस प्रकार केवल संवाद प्रेरण से ही हम सब का सन्ताप विदूरित नहीं होगा, वन के पक्ष में वारि वर्षण के समान, कृष्णसङ्ग हमसब के पक्ष में एकान्त वाञ्छनीय है, गोपीवाक्य का यह तात्पर्य्य है।

श्रीव्रजदेवी गण उद्धव को बोली थीं। (१६७)

उद्धव के द्वारा जिस प्रकार उपदेश प्रदान आपने किया था, उस प्रकार उपदेश प्रदान कुरुक्षेत्र यात्रा में स्वयं ही किया। भा० १०।८२।४१ "अपि स्मरण नः सख्यः स्वानामर्थ चिकीर्षया गतांश्चिरायितान् शत्रुपक्ष क्षपण चेतसः ।"

टीका—चिरायितान् विलम्बितान्। अत्र हेतुः। शरणां पक्षस्य क्षपणे चेतो येषां तान्।

वृहत् क्रमसन्दर्भ—अपीत्यादि। हे सख्यः ! यद्यपि कठिनत्वात् स्मृति योग्योऽहं न भवामि, तथापि निज सौजन्यात् किं स्मरथ ? स्मरणायोग्यत्वे हेतुमाह—स्वानामित्यादि। स्वानां ज्ञातीनां प्रयोजन चिकीर्षया गतान्, तत्रापि चिरायितान्। तत्र हेतुः, शत्रु पक्षेत्यादि। अतो ज्ञाति प्रयोजन शत्रु बधादि वहिरङ्गकार्य्य होतोर्भवतीनामासङ्ग स्त्यक्त इति प्रेम निरपेक्षोऽहं स्मर्त्तुमयोग्य एवेति वाक्यार्थः'।

यद्यपि मैं अति कठिन हृदय का हूँ। अतः स्मृति योग्य भी नहीं हूँ। तथापि क्या निज सौजन्य से

इत्यनेन स्वागमन--विलम्बे कारणं विज्ञाप्य पुनश्च (भा० १०।८२।४४)—

"मयि भक्तिर्हि भूतानाममृतत्वाय कल्पते ।
दिष्ट्या यदासीन्मत्स्नेहो भवतीनां मदापनः ।।" ४६१।।

इत्यनेन तासां स्वप्राप्तिमवश्य भाविनी प्रोच्य तत्रापि तासां कालविलम्बाक्षमत्वं विलोक्य झटिति सान्त्वनार्थमुद्धवद्वारा प्रहितचरसन्देशवदेव स्वेन नित्यसंयोगमुपदिशति (भा० १०।८२।४५-४६) —

(१६८) "अहं हि सर्व्वभूतानामादिरन्तोऽन्तरं वहिः ।
भौतिकानां यथा खं वार्भूर्वायुर्ज्योतिरङ्गनाः ।।४६२।।
एवं ह्येतानि भूतानि भूतेष्वात्मात्मना ततः ।
उभयं मय्यथ परे पश्यताभातमक्षरे ।।" ४६३।।

स्मरण करती रहती हीं । कारण ज्ञाति गणों का प्रयोजन के कारण ही विलम्ब हुआ । क्योंकि शत्रुपक्ष को विनष्ट करना पड़ा । अतः ज्ञाति प्रयोजन शत्रुबधादि तो वहिरङ्ग कार्य्य है, तज्जन्य मैंने आप सब की आसक्ति को छोड़ा, प्रेम निरपेक्ष होने के कारण मैं सर्वथा स्मरणायोग्य हूँ । इस प्रकार सत्वर व्रजागमन न होने में कारण को विज्ञापित करके पुनर्वार भा० १०।८२।४४ में कहा—"मयि भक्तिर्हि भूतानाममृतत्वाय कल्पते दिष्टचा यदासीत् मत्स्नेहो भवतीनां मदापनः" बृहत् क्रमसन्दर्भ—

ननु भूतानामेव खल्वियं व्यवस्था, नतु भवदुपरि दैवाधिकारः, नहि वयं भूतात्मानः "इत्याशङ्क्याह- "मयि भक्तिर्हि" इत्यादि । मयि श्रीकृष्णे भगवति भूतानां प्राणिनां भक्तिरमृतत्वाय मोक्षाय कल्पते, मोक्षाकाङ्क्षिणां भक्ते र्मोक्षदत्वाङ्गीकृतेः । भवतीनां भूतमित्राणां पुनर्मय्यियत् स्नेह आसीत् तद् दिष्ट्या भाग्येनैव । कीदृशः ? मदापनः, मां प्रियत्वेन प्रापयतीति तथा । भक्तिस्नेहयोरयं विशेषः, भक्तिः कदाचि न्मोक्ष मपि प्रापयतीति, स्नेहस्तु मामेव, अतो मत् प्राप्ति र्वः शाश्वती ।

साधारण प्राणियों के पक्ष में दैव दुर्विपाक हो सकता है, किन्तु आप के ऊपर दैवाधिकार तो नहीं है, आप कर्माधीन नहीं, आप का अधीन कर्मादि हैं । हम सब भी भूतात्मा नहीं हैं, इस प्रकार संशय कर कहते हैं, भगवान् श्रीकृष्ण रूप मुझ में प्राणियों की भक्ति,—मोक्ष प्रदान करती है, कारण— मोक्ष की आकाङ्क्षा से भक्ति कहने पर भक्ति मोक्षदेती है, मेरे प्रति—जो स्नेह हुआ है, वह तो भाग्य से ही हुआ, है, क्योंकि वह स्नेह मुझ को प्रियरूप से प्राप्त करायेगा । भक्ति एवं स्नेह में विशेष अन्तर है, भक्ति-- कदाचित् मोक्ष भी प्रदान करती है, किन्तु स्नेह, मुझ को प्राप्त कराता है, अतएव मेरी प्राप्ति नित्य सुनिश्चित ही है ।

उक्त वचनों के द्वारा निज प्राप्ति हेतु सुनिश्चित तथ्य कहने पर भी व्रजाङ्गना गण विलम्ब सहन में असमर्थ थीं, यह देखकर झटिति सान्त्वनानिबन्धन उद्धव के द्वारा सन्देश प्रेरण के छल से निज नित्य संयोग का उपदेश प्रदान करते हैं । भा० १०।८२।४५-४६

"अहं हि सर्वभूतानामादिरन्तोऽन्तरं वहिः ।
भौतिकानां यथा एवं वा र्भूर्वायुर्ज्योतिरङ्गनाः ।
एवं ह्येतानि भूतानि भूतेष्वात्मात्मना ततः ।
उभयं मय्यथ परे पश्यताभातमक्षरे ।।"

यथाहमहङ्कारो भूतादिः सर्वेषां भूतानां खादीनामाद्यन्तादिरूपः। अहङ्कारान्तर्गतान्येव खादीनीत्यर्थः। यथा च खादीनि भूतानि भौतिकानां शरावसैन्धवादीनामाद्यन्तरूपाणि खादीनामन्तर्गतान्येव तानीत्यर्थः, एवमेतानि प्रकटलीलायामनुभूयमानानि युष्माकं ममतास्पदानि भूतानि परमार्थसत्यवस्तूनि श्रीवृन्दावनादीनि भूतेष्वप्रकटलीलागतेषु परमार्थ-सत्यवस्तुषु वर्त्तन्ते। युष्माकं प्रकटलीलाभिमान्यहन्तास्पदमात्मा चाप्रकटलीलाभिमान्य-हन्तास्पदेनात्मना ततो व्याप्तः। एवमिदन्ताहन्तास्पदं यदुभयं तच्च पुनः परे प्रकटमत्र दृश्यमानेऽपि तस्यां वृन्दाटव्यां विहरमाणेऽक्षरे नित्यमेव युष्मत्साङ्गानि मयि आश्रयरूपे आभातं विराजमानं पश्यतेति। तस्मात् प्रकाशभेदादेव तत्तद्वैस्त्वादिभेद--व्यपदेशो विरह-संयोग-व्यवस्था चेतीदमत्रापि व्यक्तम्॥

वृहत् क्रमसन्दर्भ—ननु तथापि नैतादृशं काठिन्यमुचितमित्याशङ्क्याह अहं हीत्यादि। अहं सर्व--भूतानामादिरन्तश्च, यथा तथान्तरं हृदये च वहिश्च। भौतिकानां यथा खमादीनि अन्तर्वहिश्च, अतो भौतिक विग्रहाणां भवतीनां यदन्तर्वहिरपि भवेयम्, तत् किं चित्रम्? तेन भवतीभिः सह मेविरह एव नास्ति॥४५

एतदेव पुनर्द्रढ़यति—एव मित्यादि। एवम्भूतेषु—भौतिकेषु यथा भूतानि महाभूतानि, तथात्मा जीव आत्मना परमात्मना सह भूतेषु तत आतत उभयमात्मपरमात्मरूपं द्वयं परे परात् परे मय्यक्षरे दृश्यमान रूपत्वेनाव्यये आभान्तं पश्यत॥४६॥

हे अङ्गनावृन्द! अहङ्कार जिस प्रकार समस्त भूतों के आदि अन्त एवं अन्तर बाहर में है, क्षिति--अप--तेज मरुत् व्योमरूप पञ्च भूत जिस प्रकार भौतिक पदार्थ में विद्यमान हैं, उभय ही आत्मा द्वारा व्याप्त हैं, तदुभय पर, अक्षर रूप मुझ में विराजित हैं, उस का दर्शन करो।

सन्दर्भस्थ श्लोक व्याख्या। जिस प्रकार अहं--अहङ्कार, भूतादि—आकाशादि भूत समूह के आद्यन्त, अन्तर्वहिस्वरूप है, अर्थात् आकाशादि भूतसमूह अहङ्कार में अन्तर्भुक्त हैं। जिस प्रकार आकाशादि भूत भौतिक पदार्थ—शराव सैन्धवादि के आद्यन्त, अन्तर बाहर स्वरूप हैं, अर्थात् वे सब आकाशादि में अन्तर्भूत हैं। उस प्रकार प्रकट लीला में अनुभूय मान तुम्हारे ममतास्पद भूत समूह—परमार्थ सत्य वस्तु श्रीवृन्दावन प्रभृति, भूत समूह में—अप्रकट लीलागत परमार्थ सत्य वस्तु श्रीवृन्दावनादि में विद्यमान हैं। तुम्हारे प्रकट लीलाभिमानी अहन्तास्पद आत्मा, अप्रकट लीलाभिमानी अहन्तास्पद आत्माद्वारा व्याप्त है। इस प्रकार इदन्तास्पद—अहन्तास्पद वस्तु द्वय, दृश्यमान प्रकट प्रकाशमय वृन्दावन में विहरमाण हैं। अक्षर--नित्य ही तुम सब के सङ्गी है। आश्रय स्वरूप मुझ में उसका दर्शन करो।

'यह वृन्दावन मेरा है' इस प्रकार ज्ञान होने के कारण—श्रीवृन्दावन को ममतास्पद कहा गया है। तत्रस्य यावतीय वस्तु नित्य हैं, तज्जन्य परमार्थ सत्यवस्तु रूप में निर्दिष्ट हुये हैं। श्रीवृन्दावन के प्रकट प्रकाश में जो सब वस्तु दृष्ट हैं, वे सब अप्रकट प्रकाशगत वस्तु समूह से पृथक् नहीं हैं। ममत्वास्पद श्रीवृन्दावन को ही इदन्तास्पदरूप में कहा गया है, अस्मद् शब्द वाच्य अहन्तास्पद है। इदम् शब्द का वाच्य—इदन्तास्पद है।

व्रजसुन्दरीगण भी प्रकट अप्रकट उभय प्रकाश में विराजित होने पर भी उन सब के आत्मा दो नहीं हैं। श्रीवृन्दावन के उभय प्रकाश, एवं व्रजसुन्दरी गण के उभय स्थान गत प्रकाश, श्रीकृष्ण को आश्रय कर अवस्थित हैं' यहाँ श्रीकृष्ण--आश्रय तत्त्व हैं, एवं श्रीवृन्दावन श्रीवृन्दावनस्थ व्रजसुन्दरी प्रभृति आश्रित तत्त्व

१६९। श्रीभगवच्छिक्षानुरूपमेव श्रीऋषिरुवाच (भा० १०।८२।४७)

(१६९) "अध्यात्मशिक्षया गोप्य एवं कृष्णेन शिक्षिताः।
तदनुस्मरणध्वस्त--जीवकोषास्तमध्यगन् ॥" ४६४॥

अध्यात्मशिक्षया तदुपदेशेनात्मानं श्रीकृष्णमधिकृत्य या शिक्षा तया वा, तथाविधं यदुपदिष्टं तदनुस्मरणेन नित्यसिद्धाप्रकटलीलायाः पुनरनुसन्धानेन ध्वस्तस्त्यक्तप्रायो जीवकोषः प्रपञ्चस्तत्र प्राकट्याभिनिवेशो याभिस्ताः। तं स्वयमुपदिष्टनित्यसंयुक्तरूपं श्रीकृष्णमध्यगन् प्रणिहितवत्यः। अत्रापि पूर्व्वदर्शित–श्रुतिपुराणादिगत–नित्यतावाक्यम् (भा० १०।८२।४४)

हैं। आश्रित तत्त्व आश्रय को छोड़कर अवस्थित नहीं होता है। सुतरां वृन्दावन एवं व्रजसुन्दरी प्रभृति के सहित श्रीकृष्ण का विच्छेद होना असम्भव है। यह ही उपरोक्त श्लोकद्वय का सारार्थ है। (१६८)

श्रीवृन्दावन एक है, परिकर एक हैं, श्रीकृष्ण एक हैं, अतएव प्रकट अप्रकट उभय लीला में ही व्रजसुन्दरीगण समान रूप में विद्यमान हैं, सुतरां प्रकाश भेद हेतु ही उभय लीलागत श्रीवृन्दावन एवं श्रीवृन्दावनस्थ वस्तु समूह के मध्य में भेद व्यवहार एवं परिकर वर्ग की विरह संयोग व्यवस्था है, अर्थात् जिस समय प्रकट प्रकाश में विरह, उस समय अप्रकट प्रकाश में संयोग विद्यमान है, यह विवरण यहाँपर सुस्पष्ट है। श्रीभगवान् की इच्छा के अनुरूप कथन श्रीशुक देवने भी किया है— (भा० १०।८२।४७—

'अध्यात्मशिक्षया गोप्य एवं कृष्णेन शिक्षिताः।
तदनुस्मरणध्वस्त--जीवकोषास्तमध्यगन् ॥"४६४॥

श्रीकृष्ण के द्वारा उपदिष्ट अध्यात्म शिक्षाके द्वारा गोपीगण शिक्षिता होकर उक्त शिक्षानुसरण से जीव कोष को त्यागकर श्रीकृष्ण को ज्ञात हो गई थीं।

वृहत् क्रमसन्दर्भ—अध्यात्मशिक्षयेत्यादि। आत्मानमधि—अध्यात्मम् समृद्धिर्थेऽर्थः, अध्यात्मं या शिक्षा तया कृष्णेन शिक्षिता गोप्यस्तं कृष्णमध्यगन् प्राप्तवत्यः पुनस्तद् विश्लेषो यथा न भवति, तथा स्थिता इत्यर्थः। भा० १०।४७।३६ "अचिरान्मामवाप्स्यथ" इत्युद्धव द्वारा यदादिष्टम्, तस्यैवायं प्रपञ्चः। कीदृश्यः? तदनुस्मरणेन ध्वस्त जीव भावो यासाम्। एतास्तु मुनिरूपा इति बोद्धव्यम्।

अध्यात्म शिक्षा—भा० १०।८२।४५--४६ में उक्त "अहं हि सर्व भूतानामादिरन्तोऽन्तरं वहिः" श्लोकोक्त उपदेश, किं वा, आत्मा श्रीकृष्ण, स्वयं को लक्ष्यकर जो शिक्षा प्रदान किये हैं, तद् द्वारा जो उपदेश, प्राप्त है, उसका अनुस्मरण—नित्य सिद्ध अप्रकट लीला का बारम्बार अनुसन्धान, उसके द्वारा ध्वस्त—त्यक्त प्राय जीव कोष—प्रापञ्चिक जगत्, उक्त प्रपञ्च में व्यक्त प्रकट लीला का अभिनिवेश को जिन्होंने परित्याग किया है। उन सब गोपीगण,— तं— उन श्रीकृष्ण को जिन्होंने नित्य संयोग का उपदेश दिया है, जान गई थीं, अर्थात् उन नित्य प्रिय श्रीकृष्ण में मनोनिवेश कर चुकी थीं। श्रीकृष्ण की चिच्छक्ति रूपिणी अघटन घटन पटीयसी योग माया लीला सम्पादन करती है, विस्मृति एवं स्मृति सम्पादन भी करती है, विस्मृति से भगवत्तत्त्व में लीलास्वादन अतीव होता है, अतएव व्रजसुन्दरीगण की प्रकट लीलागत तीव्र विरहोत्कण्ठा से अप्रकट लीलागत नित्य संयोग स्थिति की विस्मृति हो गई थी। श्रीकृष्ण से उपदेश प्राप्त होने के पश्चात् स्थिति का पुनः पुनः अनुसन्धान कर उपलब्धि भी हुई, विस्मृति की गाढ़ता हेतु अनुस्मरण—बारम्बार स्मरण की प्रयोजनीयता हुई।

भा० १०।८२।४७ अध्यात्म शिक्षया एवं कृष्णेन शिक्षिता तदनुस्मरण ध्वस्त जीव कोषास्तमध्यगन् ॥' श्लोक का अर्थान्तर अर्थात् यथाश्रुत अर्थ "श्रीकृष्ण के द्वारा आत्मतत्त्वोपदेश प्राप्त कर गोपीगण, बारम्बार

"मयि भक्तिर्हि" इति फलभेदवाक्यञ्च (भा० ११।२०।३१) "न ज्ञानं न च वैराग्यम्" इत्याद्य-युक्तताव्यञ्जि--वाक्यञ्चानुसन्धाय परोक्षवादार्थप्रयुक्तमर्थान्तरं न प्रमेयम् ॥

१७०। अथ ज्ञानरूपं प्रकटार्थमस्वीकुर्वाणा नित्यलीलारूपं रहस्यार्थं स्वीकुर्वाणा अपि पूर्ववत् पुनश्च प्रकटलीलाभिनिवेशेन विरहभीताः परमदैन्योत्तरमेवं प्रार्थयामासुरित्याह (भा० १०।८२।४८)—

(१७०) "आहुश्च ते नलिननाभ पदारविन्दं
योगेश्वरैर्हृदि विचिन्त्यमगाधबोधैः।
संसारकूपपतितोत्तरणावलम्बं
गेहं जुषामपि मनस्युदियात् सदा नः ॥" ४६५॥

उपदेश का स्मरण कर जीव कोष—जीवोपाधि को परित्याग पूर्वक श्रीकृष्ण को अवगत हो गई थीं," करना उचित नहीं है। कारण—पूर्व प्रदर्शित श्रुति पुराणादिगत वचन समूह के द्वारा गोपीवृन्द की नित्यता प्रतिपादित हुई है। भा० १०।८२।४४ "मयि भक्तिर्हि भूतानाम्" श्लोक में फलभेद का कथन हुआ है, अर्थात् व्रजसुन्दरीगण के प्रेमका फल श्रीकृष्ण प्राप्ति ही है, स्वरूप ज्ञान प्राप्ति नहीं है। प्रदर्शित हुआ है। भा० ११। २०।३१ "न ज्ञानं न च वैराग्यम् प्रायः श्रेयो भवेदिह" श्लोक प्रदर्शित हुआ है कि—गोपी गण के प्रति स्वरूप तत्त्वावबोधक ज्ञानोपदेश निष्प्रयोजन है। असङ्गत भी है। व्यर्थ भी है।

उक्त वाक्य समूह का अनुसन्धान करने पर प्रतीत होता है कि—परोक्षवाद प्रयुक्त अर्थान्तर प्रामाणिक नहीं है। कारण—उक्त अर्थान्तर नित्यलीलारूप रहस्यार्थ का गोपन करने के निमित्त ही विन्यस्त हुआ है। (१६९)

अनन्तर मुक्तिप्रद स्वरूपावबोधक ज्ञान रूप प्रकटार्थ को अस्वीकार कर नित्य लीलारूप रहस्यार्थ को स्वीकार करने पर भी गोपीगण, पूर्व के समान—पुनर्वार प्रकटलीलाभिनिवेश हेतु विच्छेद से भीत होकर परमदैन्य प्रकाश के सहित कर रही हैं। (भा० १०।८२।४८)

"आहुश्च ते नलिननाभ पदारविन्द योगेश्वरै र्हृदि विचिन्त्य मगाधबोधैः।
संसार कूप पतितोत्तरणावलम्बं गेहं जुषामपि मनस्युदियात् सदा नः ॥"

हे पद्मनाभ! अगाध ज्ञान सम्पन्न योगेश्वर कर्त्तृक हृदय में चिन्तनीय, संसार कूप में निपतित जनों के उद्धार निबन्धन एक मात्र अवलम्बनीय तुम्हारे चरण कमल युगल हमारे मन में सदा उदित हों॥

वृहत् क्रमसन्दर्भ आहुश्चेत्यादि। हे नलिननाभ! ते तव चरणार विन्दं सदा जुषां नोस्माकं मनसि उदियात्, अर्थात् तब मनसि तव मन एव नो गृहं स्यादित्यर्थः। तत्रैव यथा सदा वसाम इति प्रसाद क्रियतामितिविनयोक्तिः, कीदृशं पदारविन्दम्? योगेश्वरै र्हृदि विचिन्त्यम्, नतु साक्षाल्लब्धम्, संसार कूप पतितानां जनानां उत्तरणाय अवलम्बम्। तव मनसि चेदस्माकं गृहं जातम्, तदा नः किं नाभूदिति वाक्यार्थः॥

कहती हैं—हे नलिननाभ! तुम्हारे चरणारविन्द—जिस की प्रीति पूर्वक सेवा हम सब करती रहती हैं, हमारे मनमें उदित हो, अर्थात् तुम्हारा मन ही हम सब का घर बन गया। तुम्हारे मन रूपी घर में सदा हम सब का निवास हो ऐसा प्रसाद प्रदान करो, यह विनयोक्ति है। पदारविन्द कीदृश है? हृदय में योगेश्वर के चिन्तनीय है, साक्षात् प्राप्य नहीं है, एवं संसार कूप में पतित जन गण को उद्धारक्षम है।

आस्तां तावद्दुर्विधिहतानामस्माकं तद्दर्शनगन्धवार्त्तापि, हे नलिननाभ ! ते तव पदारविन्दं त्वदुपदेशानुसारेणास्माकं मनस्यप्युदियात् । ननु किमिवात्रासम्भाव्यम् ? तत्राहुः-योगेश्वरैरेव हृदि विचिन्त्यम्, न त्वस्माभिस्तत्स्मरणारम्भ एव मूर्च्छागामिनीभिः । तदुक्तमुद्धवं प्रति स्वयं भगवता (भा० १०।४६।५) —

"मयि ताः प्रेयसां प्रेष्ठे दूरस्थे गोकुलस्त्रियः ।
स्मरन्त्योऽङ्ग विमुह्यन्ति विरहौत्कण्ठ्यविह्वलाः ।।" ४६६।।

इति भावः । तदेवोपपादयन्ति— अगाधबोधैः साक्षाद्दर्शनेऽप्यक्षुभितबुद्धिभिः, न त्वस्माभिरिव तद्दर्शनेच्छया मूर्च्छादिना क्षुभितबुद्धिभिः । चरणस्यारविन्दतारूपकञ्च, तत्स्पर्शेनैव दाहशान्तिर्भवति, न तु स्मरणेनेति ज्ञापयन्ति । ननु तथा निदिध्यासनमेव योगेश्वराणां संसार दुःखमिव भवतीनां विरहदुःखं दूरीकृत्य तदुदयं करिष्यतीत्याशङ्क्याहुः— संसारकूप-पतितानामेवोत्तरणावलम्बम्, न त्वस्माकं विरह-सिन्धुनिमग्नानाम् । तच्चिन्तनारम्भे दुःख

तुम्हारा मन यदि हमारे घर हो जाता है, तब हम सब के पक्ष में अलभ्य क्या रहेगा यह वाक्यार्थ है ।

निष्ठुर विधाता के कोप से सर्वनाश हो गया है, दर्शन गन्ध वार्त्ता तो दूर है, हत भागिनी हम सब की उसकी आशा भी नहीं है ।

हे नलिननाभ ! तुम्हारे चरण कमल तुम्हारे उपदेश के अनुसार हमारे मन में उदित हो, यह क्या असम्भव मानने की बात है ? इस प्रकार मानसिक संशय के उत्तर में कहती हैं, सत्य ही है । योगेश्वर गण के हृदय में ही तुम्हारे चरण कमल चिन्तनीय है, हमारे पक्ष में वह असम्भव है, स्मरण के आरम्भ में ही मूर्च्छा आ जाती है, यह अतिरञ्जित क्या नहीं है, उद्धव के प्रति श्रीकृष्ण ने उन सब की अवस्था का वर्णन किया है, ।" भा० १०।४६।५

"मयि ताः प्रेयसां प्रेष्ठे दूरस्थे गोकुलस्त्रियः ।
स्मरन्त्योऽङ्ग विमुह्यन्ति विरहौत्कण्ठ्य विह्वलाः ।।

"हे उद्धव ! यावतीय प्रियवस्तुओं में मैं अतिशय प्रिय हूँ । मैं दूर में अवस्थित होने के कारण,— विरहोत्कण्ठाविह्वला गोकुल ललना गण मेरा स्मरणारम्भ में ही मूर्च्छिता हो जाती हैं ।" श्रीकृष्ण विषय में स्वीय अक्षमता को प्रतिपन्न करने के उद्देश्य से कहती हैं, "अगाधबोधः" अगाध ज्ञान सम्पन्न योगिगण, साक्षात् दर्शन से भी अक्षुभित चित्त होते हैं, वे सब तुम्हारे चरण चिन्तन के अधिकारी हैं, हम सब की बुद्धि तो दर्शन की इच्छा मात्र से ही क्षुब्धा हो जाती है, अतः वे सब योगिगण स्मरण कर सकते हैं । चरण को कमल रूप में रूपक करने का अभिप्राय यह है—चरण स्पर्श से ही विरह ताप प्रशमित होता है, स्मरण से ताप प्रशमित नहीं होता है—इस को ज्ञापन करने के निमित्त चरण को अरविन्द रूपक से रूपायित किया गया है । शङ्का यदि ऐसी हो, कि—चरण चिन्तन के द्वारा योगिगण की संसार दुःख निवृत्ति के समान, तुम्हारे विरह दुःख उपशम पूर्वक मनोमध्य में चरण उदित होगा ? इस के उत्तर में कहती हैं— "संसार कूपपतितोत्तरणावलम्बं" जो लोक—संसार कूप में निपतित हैं, उसके निमित्त चरण— उद्धार का उपाय है, किन्तु हम सब तुम्हारे विच्छेद समुद्र में निमग्न हैं, वह चरण—विरह समुद्र से उत्तोरणोपाय नहीं हो सकता है, अर्थात् कूप में निमज्जित व्यक्ति रज्जु अवलम्बन से उठ सकता है, समुद्र में निमज्जित व्यक्ति के निमित्त अर्णवपोत की आवश्यकता होती है । तुम प्रिय हो, प्रिय विच्छेद दुःख से संसार दुःख

वृन्दैरेवानुभूयमानत्वादिति भावः । नन्वधुनैवात्रागत्य मुहुर्मां साक्षादेवानुभवत, तत्राहुः—गेहं जुषां परगृहिणीनामस्वाधीनानामित्यर्थः । यद्वा, 'गेहं जुषां' इति तव सङ्गतिश्च त्वत्पूर्व-सङ्गमविलासधाम्नि तत्तदस्मत्कामदुघे स्वाभाविकास्मत्प्रीतिनिलये निजगृहे श्रीगोकुल एव भवतु, न तु द्वारकादाविति स्वमनोरथविशेषेण तस्मिन्नेव प्रीतिमतीनामित्यर्थः, "यः कौमारहरः स एव हि वरः" इत्यादिवत् । तस्मादस्माकं मनसि भवच्चरणचिन्तनसामर्थ्या-भावात् स्वयमागमनस्यासामर्थ्यादनभिरुचेर्वा साक्षादेव श्रीवृन्दावन एव यद्यागच्छसि, तदैव निस्तार इति भावः । तमेतमेव भाव श्रीभगवानङ्गीचकार । यथोक्तमेतदनन्तरम् (भा० १०।८३।१

"तथानुगृह्य भगवान् गोपीनां स गुरुर्गतिः ।
युधिष्ठिरमथापृच्छत् सर्व्वांश्च सुहृदोऽव्ययम् ॥" ४६७॥ इति । श्रीशुकः ।

अति तुच्छ है, चरण चिन्तन के द्वारा वह विदूरित नहीं हो सकती है । किन्तु साक्षात् दर्शन स्पर्शनभिन्न विच्छेद दुःख प्रशमित नहीं हो सकता है । कारण, चरण चिन्तन के प्रारम्भ में ही दुःख वृद्धि का अनुभव होता है । उक्त कथन का अभिप्राय यह ही है । तुम सब सम्प्रति यहाँपर आकर पुनः पुनः साक्षात् सम्बन्ध का अनुभव करो, इस कथन के उत्तर में कहती हैं—"गेहं जुषां" हम सब पर गृहिणी हैं, अस्वाधीना हैं, उस रीती से आकर निर्बाध दर्शन स्पर्शन का सु अवसर हम सब का नहीं है । गृह सेविनी "गृहं जुषां" पद का अर्थ से सन्तुष्ट न होकर अन्य अर्थ करते है—तुम्हारा सङ्ग, पूर्व सङ्गम विलासधाम, सर्वाभीष्ट प्रपूरक, स्वभावतः हमारे प्रीति निकेतन निजगृह—गोकुल मे ही हो, किन्तु द्वारकादि में नहीं ।

श्रीकृष्ण सङ्ग विषयमें व्रजललनावृन्द की विशेष कुछ मनोवाञ्छा है, उसकी पूर्त्ति, गोकुल में सङ्ग लाभ से ही हो सकती है, तज्जन्य गोकुल में प्रीतिमती वे सब हैं ।

इस प्रकार कथन दृष्टान्त अन्यत्र भी उपलब्ध है,—काव्य प्रकाश में उक्त है—

"यः कौमार हरः स एव हि वरस्ताएवचैत्रक्षपा
स्ते चोन्मीलित मालतीसुरभयः प्रौढ़ा कदम्बानिलाः ।
सा चैवास्मि तथापि तत्र सुरतव्यापारलीलाविधौ,
रेवारोधसि वेतसीतरु तले चेतः समुत्कण्ठते ॥"

नायिका सखी को कहती है—"जो कौमार हर—अर्थात् पति है, वह मेरा अभिमत है । कुमारीमूढ़वान् कुमारः कौमारस्तत् कुमारेणोढ़ास च कौमारी । अत्रद्वयं साधु' 'हरिनामामृत व्याकरणे तद्धित प्रकरणम्, वह चैव रजनी—मधुयामिनी, वह मालती कुसुमगन्ध वह कदम्बसमीरण, मैं भी वही हूँ, तथापि मेरा चित्त, सुरतव्यापार विषय में रेवातीरवर्त्ती वेतसी तरु तलदेश के निमित्त समुत्कण्ठित हो रहा है, अर्थात् उक्त स्थानाभिलाषी है ।

अतएव हमारे मन में चरण चिन्तनाभाव हेतु, स्वयं समीपागमन की असामर्थ्य अथवा अनभिरुचि के कारण, साक्षात् सम्बन्धसे ही यदि तुम्हारा आगमन श्रीवृन्दावन में ही होता है, तब हम सब का निस्तार होगा । यह तात्पर्य्य है उस भाव का अङ्गीकार ही श्रीभगवान् ने किया था ।

उसके अनन्तर भा० १०।८३।१ में कहा है—

"तथानुगृह्य भगवान् गोपीनां स गुरुर्गति :
युधिष्ठिरमथापृच्छत् सर्व्वांश्च सुहृदोऽव्ययम् ॥

१७१। तदेवं स्वारसिक्यप्रकटलीला दर्शिता । तथा प्रकटाप्रकटलीले द्वेऽप्यर्थविशेषेणाह (भा० १०।३३।३५)

(१७१) "गोपीनां तत्पतीनाञ्च सर्व्वेषामपि देहिनाम् ॥
योऽन्तश्चरति सोऽध्यक्ष एष क्रीड़नदेहभाक् ॥"४६८॥

अन्तरन्तःस्थितमप्रकटं यथा स्यात्तथा गोपीनां तत्पतीनाञ्च मायया प्रकटलीलायां तत्

वैष्णवतोषणी—एवं श्रीगोपीनां प्रथमदिन गतं सम्भाषणमुपसंहरन् तेनान्यदिन गतमपि प्रकारान्तरं लक्षयन् तासां यथाऽसौ स्वयमेव गुरुस्तथा स्वयमेवफलमिति बोधयित्वा पूर्वोपदेश तात्पर्य्यं व्यञ्जयंस्ततो गौणत्वेनैव श्रीयुधिष्ठिरादि सम्भाषणमपिप्रस्तौति--तथेति । तथा तेन तासां गुरुरपदेश्यो गतिश्च गम्यो नित्य प्राप्यः । अथ तदनन्तर मेवेति तावत् कालं तद्विधानामप्यस्फूर्त्तेः, अपृच्छत्—एतत्पूर्वं तेषां प्रश्नमपि न कृतवान्, किमुतान्यदित्यर्थः एवं तासां प्रेष्ठत्व बोधनार्थमेव तदनुवादः क्रियत इतिभावः । अव्ययं व्ययाभावं हानिराहित्यं कुशलमिति यावत् ॥

इस प्रकार गोपियों के सहित प्रथम दिवस का सम्भाषण का उपसंहार कर अपरदिन गत विवरण का वर्णन करते हैं, कारण व्रजललना गण के स्वयं उपदेष्टा एवं गति भी हैं, पूर्वोपदेश का तात्पर्य्य को कह कर गौण रूप में श्रीयुधिष्ठिरादि के सहित सम्भाषण का वर्णन करते हैं। गोपियों की प्रार्थना के अनुसार गोपी को अनुगृहीत कर अपर प्रसङ्ग का उत्थापन किये थे। गोपिओं का उपदेष्टा गति गम्य नित्य प्राप्य आप हैं। उस समय अपर व्यक्तिओं की स्फूर्त्ति नहीं हुई थी। अतः गोपी प्रसङ्ग के पहले उन सब को पूच्छा भी नहीं, अतएव गोपी का प्रेष्ठत्वस्थापन हेतु उसका अनुवाद किया गया है। अव्यय शब्द का अर्थ है, व्ययाभाव हानि राहित्य—कुशल। प्रकरण प्रवक्ता श्रीशुक हैं ॥१७०॥

उक्त रीति से सारसिकी अप्रकट लीला का प्रदर्शन हुआ। अनन्तर प्रकट अप्रकट लीलाद्वयका वर्णन भी श्रीशुकदेव अर्थ विशेष के द्वारा करते हैं। भा० १०।३३।३५

"गोपीनां तत्पतीनाञ्च सर्वेषामपि देहिनाम् ।
योऽन्तश्चरति सोऽध्यक्ष एष क्रीड़नदेहभाक् ॥"

"जो गोपीगण के एवं उनके पति समूह के तथा निखिल देही वृन्द के अन्तश्चारी एवं अध्यक्ष हैं, आप ही लीलामय विग्रह श्रीकृष्ण हैं। स्वामिपाद ने कहा—क्रीड़नदेहभाक्—क्रीड़नेनदेहभाक्। लीला के निमित्त देह धारी हैं। श्रीकृष्णस्तादृश क्रीड़ा साधनं देहं भजते नित्यमेवाश्रयति ॥ श्रीजीवचरण। श्रीकृष्ण तादृश क्रीड़ा साधन देह को नित्य ही आश्रय कर रहते हैं।

वृहत्क्रमसन्दर्भ—अन्यच्च गोपाङ्गनास्तस्य क्रीड़ा पाञ्चालिका इव क्रीड़ा देह निर्विशेषास्तस्य भजनमस्य नहि वहिरङ्गलीलैव अन्तर्यामिता त्वस्य वहिरङ्गलीलैवेत्याह—गोपीनामित्यादि। स एष श्रीकृष्णः—क्रीड़न देहभाक्—क्रीड़नदेहा व्रजदेव्य स्ता भजतीति स्वरूप निर्द्देश। ताच्छील्ये क्विप्। अध्यक्षः साक्षात् प्रत्यक्ष इति यावत्। यो नारायणरूपेणैव गोपीनां तत् पतीनाञ्च सर्वदेहिनाञ्चान्तश्चरतीति अन्तर्य्यामी। गोपीनां पतयः पत्याभासास्तेषां सर्वेषामपि देहिनाञ्च। नतु गोपीनां सर्वसाधारणं नान्तर्य्यामि वत्त्वम्, आनन्द विग्रहत्वात्। एतेनास्य व्रजाङ्गनाभिः सह क्रीड़नं स्वरूप विहार एव, न धर्मं व्यतिक्रम इति भावः।'"

गोपाङ्गनागण श्रीकृष्ण की क्रीड़ा पाञ्चालिका के समान क्रीड़ा देह निर्विशेष है, प्रत्येक देहा तवर्त्ती होकर रहता तो वहिरङ्ग लीला के द्वारा सम्पन्न होता है, अन्तर्य्यामीलीला, किन्तु वहिरङ्गलीला ही है।

पतित्वेन प्रतीतानां क्रीड़नदेहभाक् सन् तेषामेव गोकुलयुवराजतया अध्यक्षश्च सन् यश्चरति क्रीड़ति, स एष प्रकटलीलागतोऽपि भूत्वा सर्वेषां विश्ववर्त्तिनां देहिनामपि क्रीड़नदेहभाक् सन्, तेषां पालकत्वेनाध्यक्षोऽपि सन् चरति। तस्मादनादित एव ताभिः क्रीड़ाशालित्वेन सिद्धत्वात्तच्छक्ति रूपाणां तासां सङ्गमे वस्तुत एव परदारतादोषोऽपि नास्ति। ततस्तेषां तत्पतित्वञ्च (भा० १०।३३।३७) "नासूयन् खलु कृष्णाय" इत्यादि--वक्ष्यमाणदिशा तेषां

उसको कहते हैं, गोपीनां तत् पतीनाञ्च श्लोक के द्वारा, वह श्रीकृष्ण—क्रीड़नदेहभाक् हैं, व्रजदेवीगण क्रीड़नदेहा हैं, उन सब का भजन करते हैं, इस से स्वरूप का निर्देश हुआ। स्वभाव को द्योतित करने के निमित्त क्विप् प्रत्यय हुआ है। अध्यक्ष—अर्थात् साक्षात् प्रत्यक्ष हैं। जो नारायण रूप में ही गोपी एवं उन के पतिओं के तथा समस्त देहिओं के अन्तर्य्यामी हैं, गोपीगण के पति—पत्याभास हैं, उन सब देहिओं के अन्तर में निवास करते हैं। किन्तु गोपीओं के सर्व साधारण्य से अन्तर्य्यामी आप नहीं हैं, कारण— वे सब आनन्द विग्रह के हैं। इस से प्रतिपन्न होता है कि—व्रजाङ्गनागण के सहित श्रीकृष्ण की क्रीड़ा—स्वरूप विहार ही है, अतएव धर्म व्यतिक्रम नहीं हुआ है।

अन्तः—अन्तस्थित अप्रकट रूप में गोपीगण एवं उनके पतिगणके अर्थात् पतिम्मन्यगोपगणके सहित क्रीड़ा के निमित्त देह धारी हैं—नित्य सच्चिदानन्द विग्रह श्रीकृष्ण रूप में प्रकाशमान हैं। एवं गोकुल युवराज रूप में पतिम्मन्य गोपगण के अध्यक्ष होकर विचरण करते हैं, अर्थात् क्रीड़ा करते हैं।

श्रीकृष्ण प्रकट लीलागत होकर भी विश्ववर्त्ती निखिल देह धारीगण के सहित क्रीड़ा के निमित्त देहधारी हैं, एवं सब का पालक रूप में अध्यक्ष होकर विचरण करते हैं। सुतरां अनादि काल से ही श्रीकृष्ण गोपीगण के सहित क्रीड़ाशील हैं, अतएव श्रीकृष्ण की अन्तरङ्गा शक्ति रूप गोपीगण के सहित सङ्गम से पर दारतादोष नहीं होता है।

पतिम्मन्य—अनित्य आनुष्ठानिक सम्पर्क के द्वारा गोपगण मानते हैं, हम सब गोपी गण के पति हैं। वास्तविक वे सब पति नहीं हैं, आनुष्ठानिक सम्बन्ध अतिनगण्य है, सामयिक रूप से भोग्य सामग्री रक्षार्थ भङ्गुर उपाय मात्र है। गोपी जनवल्लभ श्रीकृष्ण ही गोपीगण के प्राणबन्धु एवं प्राण पति हैं, ममत्व का सम्पर्क ही नित्य सम्पर्क है, अतएव—आनुष्ठानिक पतिभावापन्नगोपगण को पतिम्मन्य कहा गया है। गौतमीयतन्त्र में उक्त है—अनेक जन्म सिद्धानां गोपीनां पतिरेव वा। श्रीकृष्ण ही गोपी गण के पतिरूप निर्दिष्ट हैं। अद्वय ज्ञानतत्त्व विभु सर्वस्वीयशक्तिसमन्वित श्रीकृष्ण हैं, गोपीगण-उनकी अन्तरङ्गा ज्ञानानन्द रूपा भक्ति शक्ति हैं, द्वितीय वस्तु की स्थिति है नहीं, अग्नि एवं उनकी दाहिका शक्ति के समान निरन्तर एकी भावापन्न अथच लीलार्थ पृथक् प्रतिभात होते हैं, अतएव गोपीगण श्रीकृष्ण की प्रेयसी हैं, पत्नी नहीं हैं, नित्य दाम्पत्य है, अर्थात् मधुर भावाक्रान्त हैं, चिच्छक्ति लीला सम्पादनार्थ अर्थात् लोक शिक्षार्थ परदार भ्रमोत्पादन करती है, परतत्त्व में स्वरूप विस्मृत होने से लीला एवं सुखास्वादन होता है, जीव में स्वरूपविस्मृत होने से दुःख होता है। उक्त भ्रान्ति को यथार्थ मानलेने पर भी दोष नहीं होता है। कारण, श्रीकृष्ण, निखिल प्राणियों का अन्तर्य्यामी हैं, सुतरां गोपीगण का भी अन्तर्य्यामी हैं, श्रीकृष्ण सतत हृदय विहारी हैं, अतएव श्रीकृष्ण के सहित सङ्गम में किसी प्रकार दोषापत्ति नहीं है।

अनादि काल से ही श्रीकृष्ण—अन्तरङ्गा शक्तिभूता गोपीगण के सहित निरन्तर क्रीड़ा शील हैं, तज्जन्य आनुष्ठानिक सम्बन्धाक्रान्त गोपगण का पतित्व—प्रातीतिक मात्र ही है, किन्तु दैहिक सम्पर्कान्वित नहीं है, इसका प्रतिपादन भा० १०।३३।३७ नासूयन् खलु कृष्णाय मोहितास्तस्यमायया मन्यमानाः

तासाञ्च प्रातीतिकमात्रम्, न तु दैहिकम् । तादृशप्रतीतिसम्पादनञ्च तासामुत्कण्ठावर्द्धन-पूर्व्वकतया सर्व्वोत्तरनिर्व्विघ्ननित्यसङ्गपोषार्थमिति तत्प्रकरणसिद्धान्तस्य पराकाष्ठा दर्शिता । श्रीशुकः ।

१७२। एवं तत्तल्लीलाभेदेनैवैकस्यापि तत्तत्स्थानस्य प्रकाशभेदः श्रीविग्रहवत्, तदुक्तं श्रुत्या—"वृष्णः परमं पदमवभाति भूरि" इति । तत्र त्वितरलीलान्तःपातिभिः प्रायश इतरलीलावकाशविशेषो नोपलभ्यते, दृश्यते च प्रकटलीलायामप्यसङ्कुरीभावेनैव विचित्रावकाशत्वम् । यथा द्वादशयोजनमात्रप्रमितायामेव द्वारकान्तःपुर्य्यां क्रोशद्वयप्रमित-गृहकोटिप्रभृतिवस्तूनि, यथा स्वल्पे गोवर्द्धनगर्त्ते सदसंख्यगोकुलप्रवेशः, यथा ब्रह्मणा दृष्टा वृन्दावनस्य स्ववृक्षतृणपक्षाद्यवकाशता ब्रह्माण्डाद्यनन्तवस्त्ववकाशता च, यथा च श्रीनारद-

स्वान् स्वान् दारान् व्रजौकसः" में है, व्रजवासिगण कृष्णके प्रति दोषारोपण नहीं किये थे, कारण वे सब श्रीकृष्ण की माया से मुग्ध होकर निजनिज पार्श्व में श्रीकृष्ण माया सम्पादित निज निज धर्म पत्नी को अवस्थित देखे थे । प्रश्न हो सकता है—कि—इस प्रकार द्राविड़ प्राणायाम से प्रयोजन ही क्या रहा, जन साधारण की बुद्धि चकराजाती है, विवाह ऋजु उपाय है, उस को सब लोक सरलता से जानते हैं ? उत्तर में कहते हैं—

तादृश प्रतीति सम्पादनञ्च तासामुत्कण्ठा पोषार्थमिति तत् प्रकरणस्य पराकाष्ठा दर्शिता" इति पाठः" व्रजसुन्दरी गण का उत्कण्ठा पोषण के निमित्त उक्त प्रतीति का सम्पादन हुआ है । यह ही पर बधूत्व प्रकरण घटित सिद्धान्त की पराकाष्ठा है । परबधू प्रकरण में उसका प्रदर्शन होगा ।

प्रवक्ता श्रीशुक हैं ।(१७१)

श्रीकृष्ण के श्रीविग्रह के समान एक लीला स्थान का भी प्रकाश भेद है । परिदृश्यमान श्रीवृन्दावनादि में प्रकट एवं अप्रकट उभय लीला ही विद्यमान है, एक ही श्रीकृष्ण, जिस प्रकार लीलार्थ विविध प्रकाश का आविष्कार करते हैं । उस प्रकार एक ही धाम का भी लीलाधिष्ठान के निमित्त प्रकाश भेद होता है । श्रुति में लिखित है—"वृष्णः परमं पदमवभाति भूरि" 'सर्वाभीष्ट प्रदाता श्रीहरिका परमस्थान बहुधा प्रकाशित होते है ।' प्रकाश भेद होने पर भी पृथक् पृथक् लीलास्थान के द्वारा अपर लीलास्थान आक्रान्त नहीं होता हैं । अतएव एक लीला में अभिनिविष्ट जनगण का अनुसन्धान अपर लीलास्थल का नहीं रहता है । प्रकट लीला में भी असङ्कुरीभाव से अमिश्रित भावसे लीलासमूह का संघटन हो सकता है, धाम समूह में इस प्रकार विचित्र अवकाश विद्यमान है । जिस प्रकार द्वादश योजन परिमित द्वारकान्तः पुर में क्रोशद्वय परिमित गृह कोटी प्रभृति का समावेश है । जिस प्रकार स्वल्प परिमित गोवर्द्धन गर्त्त में असंख्य गोकुल का प्रवेश हुआ था। जिस प्रकार ब्रह्म मोहन लीला में ब्रह्मा ने देखा,— श्रीवृन्दावन के वृक्ष—तृण पक्ष्यादि का अवस्थान यथायथ रूप से होने पर भी उस में ब्रह्माण्ड प्रभृति अनन्त वस्तु का समावेश हुआ है । अपर दृष्टान्त यह है—श्रीनारद दृष्ट योग माया वैभव में समकाल में ही प्रातः कालीय, माध्याह्निक, एवं सायन्तनीय लीलाका समावेश है ।

धाम समूह का प्रकाश भेद, विचित्र लीलासमूह सम्पादनार्थ होता है,अधुना यहाँ पर श्रीवृन्दावन के प्रकाश भेद समूह का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं । तन्मध्य में अप्रकट लीलानुगत प्रकाश भेद का वर्णन रुद्रयामल के रुद्रगौरी संवाद में इस प्रकार है । "हे अधरमधु सुवचः ! हे गौरि ! श्रीवृन्दावन के प्रत्येक

दृष्टयोगमायावैभवे समकालमेव द्वारकायां प्रातस्त्य--माध्याह्निक--सायन्तन--लीला इत्यादि तदेवं वृन्दावनस्य तावत् प्रकाशभेद उदाह्रियते । तत्राप्रकटलीलानुगतो यथा यामले रुद्रगौरी-संवादे—

"वीथ्यां वीथ्यां निवासोऽधरमधुसुवचस्तत्र सन्तानकाना,--मेके राकेन्दुकोटचातपविशदकरास्तेषु चैके कमन्ते रामे रात्रेर्विरामे समुदित-तपनद्योतिसिन्धूपमेया, रत्नाङ्गानां सुवर्णाचितमुकुररुचस्तेभ्य एके द्रुमेन्द्राः ।४६९

यत् कुसुमं यदा मृग्यं यत् फलञ्च वरानने । तत्तदैव प्रसूयन्ते वृन्दावनसुरद्रुमाः ।।" ४७०।।

अर्थश्च,—हे अधरमधुसुवचः, अधरमधुतुल्यानि सुवचांसि यस्यास्तथाभूते, हे गौरि ! तत्र श्रीवृन्दावने रत्नाङ्गानां सन्तानकानां मध्ये एके द्रुमेन्द्रा राकेन्दुकोटचातपविशदकराः, हे रामे ! तेषु च सन्तानकेषु एके रात्रेर्विरामे समुदिततपनद्योतिसिन्धूपमेयाः, कमन्ते विराजन्ते, तेभ्यस्तानप्यतिक्रम्य एके कमन्ते । कथम्भूताः ? सुवर्णाचित-मुकुररुच इति । अत्र च यदा यत् कुसुमं मृग्यं भवति, यदा च यत् फलं मृग्यं भवति, तदैव तद्वृन्दावनसुरद्रुमाः प्रसूयन्त इति । एवं ब्रह्मसंहितायामप्यादिपुरुषगोविन्दस्तोत्र एव (ब्र० सं० ५।५६)—

वीथि में अर्थात् प्रत्येकमार्ग में रत्नमय कल्प वृक्षसमूह अवस्थित हैं, उसके मध्य में कतिपय वृक्ष श्रेष्ठ पूर्ण चन्द्र कोटि किरण के समान समुज्ज्वल हैं, हे रामे ! कतिपय वृक्ष निशावसान में समुदित सूर्य्य द्युतिराशि तुल्य द्युति विशिष्ट हैं, अपर कतिपय वृक्ष,—उक्त वृक्षसमूह से भी दीप्तिशाली हैं, उक्त वृक्ष समूह की द्युति सुवर्ण रचित मुकुल के समान है । हे वरानने ! जो कुसुम, जो फल को प्राप्त करने की इच्छा जब होती है, उस समय ही श्रीवृन्दावन के कल्पवृक्ष समूह प्रदान करते हैं । वे सब सन्तान, सन्तानक हरिचन्दनादि नाम से प्रख्यात हैं ।

ब्रह्मसंहिता के श्रीगोविन्द स्तोत्र में वर्णित है—श्रीवृन्दावन में लक्ष्मीगण—कान्ता, परम पुरुष--कान्त, वृक्षसमूह—कल्पतरु, भूमि चिन्तामणि गणमयी, जल—अमृत, कथा—गान गमन—नृत्य, वंशी—प्रियसखी, ज्योति—आस्वाद्य--अप्राकृत चिदानन्द, सुरभीसमूह से सुमहान् क्षीर समुद्र प्रवाहित है, निमेषार्द्ध समय भी अतीत नहीं होता है, उसका अपर नाम श्वेत द्वीप है, मैं उसका भजन करता हूँ । इस जगत् के कतिपय व्यक्ति—उसको गोलोक नाम से जानते हैं ।

ब्रह्मसंहितोक्त श्लोकों का अर्थ यह है । धाम, सच्चिदानन्द मय है, निज दीप्ति से समुद्भासित है, तथापि, लौकिक लीलामाधुर्य निर्वाह के निमित्त वहाँपर अविनश्वर सूर्य्यादि ज्योति विराजित हैं, महाप्रलय में ब्रह्माण्ड विध्वस्त होने पर भी वहाँ पर अविनश्वर सूर्य्य देदीप्यमान रहते हैं । गोलोक वासिगण के आस्वाद्य समुदयवस्तु—चिदानन्द रूप—परम तत्त्ववस्तु है । प्राकृत वस्तु नहीं है ।

चन्द्र सूर्य्य की विलक्षण स्थिति का वर्णन,—गौतमीय तन्त्र में है । "समानोदित चन्द्रार्कम्" यह श्रीवृन्दावन का विशेष है । प्रति रजनी में श्रीवृन्दावन में पूर्णचन्द्र उदित होता है, तज्जन्य—'समानोदित चन्द्र' कहा गया है, 'यत्रापि' पद स्थित अपि शब्द का अन्वय 'भजे श्वेतद्वीपं" श्लोक के सहित होगा । अर्थात् श्रीब्रह्माने पहले कहा है—"आदि पुरुषं गोविन्दं अहम् भजामि" आदि पुरुष गोविन्द का मैं भजन करता हूँ । अनन्तर आपने कहा—'भजे श्वेतद्वीपम्" श्वेत द्वीप का भजन करता हूँ । उस से बोध होता है कि—श्रीगोविन्द एवं श्रीगोविन्द धाम उभय ही समरूप में भजनीय हैं ।

गोलोक के अधिवासिवर्ग—श्रीकृष्ण लीलाआविष्ट होने के कारण किसी का समयानुसन्धान नहीं

"श्रियः कान्ताः कान्तः परमपुरुषः कल्पतरवो, द्रुमा भूमिश्चिन्तामणिगणमयी तोयममृतम् ।
कथा गानं नाट्यं गमनमपि वंशी प्रियसखी, चिदानन्दं ज्योतिः परमपि तदास्वाद्यमपि च ।४७१
स यत्र क्षीराब्धिः सरति सुरभीभ्यश्च सुमहान्, निमेषार्द्धाख्यो वा व्रजति न हि यत्रापि समयः ।
भजे श्वेतद्वीपं तमहमिह गोलोकमिति यं, विदन्तस्ते सन्तः क्षितिविरलचाराः कतिपये ।।"४७२

ज्योतिर्लौकिकलीलामाधुर्य्याय महाप्रलयेऽप्यनश्वरसूर्य्यादिरूपं यत्तत्र वर्त्तते, तथा तेषामास्वाद्यमपि यत्किञ्चित्तत् सर्व्वं चिदानन्दरूपं परमपि परमतत्त्वमेव, न तु प्राकृतम् । चन्द्रार्कयोः स्थितिश्च तत्र विलक्षणत्वेनैव गौतमीये तन्त्रे कथिता "समानोदितचन्द्रार्कम्" इति हि तत्र वृन्दावनविशेषणम् । समानत्वञ्च रात्रौ रात्रौ राकाचन्द्रमयत्वादिति । अपि चेति परेणान्वयः । रसावेशेन तदज्ञानादेव समयो न व्रजतीत्युक्तम् । अन्यथा पौर्व्वापर्य्याभावे

रहता है, तज्जन्य कहा गया है—'समयो न व्रजति" समय नहीं जाता है । अन्यथा यदि वहाँपर काल का परिवर्त्तन न हो तो, पौर्वापर्य्य भाग से चेष्टात्मिका लीला को स्वरूप हानि होगी । जिस प्रकार— प्रभात कालीन लीला, जागरण, मुख प्रक्षालन प्रभृति हैं, आसङ्गव में गोष्ठ गमन प्रभृति हैं । समय का आवर्त्तन न होने से विभिन्न कालोचित लीलाका निर्वाह होना असम्भव है । किन्तु आवर्त्तन कालानुसार न होकर लीलानुसार होता है । इसका वर्णन इसके पहले हुआ है ।

श्वेतद्वीप—श्वेत—शुभ्र, दोष रहित, द्वीप—द्वीप जिस प्रकार समुद्र मध्य में अवस्थित होकर अन्यत्र आसक्तिशून्य होता है, उस प्रकार है, अर्थात्—निखिलस्थानों से श्रेष्ठ है । श्रुति में वर्णित है—सरोवर में जिस प्रकार पद्म अवस्थित होता है, तद्रूप पार्थिव सम्पर्क शून्य होकर गोलोक—पृथिवी में अवस्थित है। यथा श्रुति गोपाल तापनी की है । ब्रह्म संहितोक्त ब्रह्मस्तव की आदि में कथित है—"चिन्तामणि प्रकट सद्मसु कल्पवृक्ष लक्षावृतेषु" चिन्तामणि समूह के द्वारा निर्मित गृह समूह हैं । यह वर्णना—अप्रकट प्रकाश की है ।

नारद पञ्चरात्रस्थ श्रुति विद्या संवाद में वर्णित है—"अनन्तर श्वेतद्वीप की शोभा वर्णित हो रही है, उसके चतुर्दिक् विदिक्, ऊद्धर्व, एवं अधः—दशदिक् में दशदिक्पाल—अवस्थित हैं, क्षीरामृत समुद्र वहाँ पर है । महा वृन्दावन एवं केलिवृन्दावन समूह विराजित हैं ।

वहाँ के वृक्षसमूह—कल्पसमूह हैं, भूमि—चिन्तामणिमयी है, लक्ष संख्यक—क्रीड़ा विहङ्ग, विविध सुरभीयूथ, विभिन्ना चित्र विचित्र—रासमण्डल भूमि, केलि निकुञ्ज समूह, एवं बहुविध सौख्यस्थल वहाँ पर शोभित हैं । अहो ! प्राचीरछत्रस्थित रत्न समूह फण के समान शोभित हैं, प्राचीर समूह के शिरोरत्न समूह की अतुलद्युति—ब्रह्म के समान सुदीप्त हैं, उस शोभाका वर्णन करने में कौन व्यक्ति सक्षम हैं ? ।"

इस प्रकार श्रीवृन्दावन का अप्रकट लीलानुगत प्रकाश ही गोलोक है, इस की व्याख्या की गई है । वहाँपर अप्रकट लीलागत,—स्वारसिकी—मन्त्रमयी द्विविध उपासना के मध्य में मन्त्रोपासना मयी में किञ्चिद्विलक्षणता है । वह तत्तत् मन्त्र ध्यान में प्रति नियत लीलास्थल सन्निवेश रूप है ! जिस प्रकार श्रीगोपालतापनी में उक्त है—

"गोविन्दं सच्चिदानन्दविग्रहम्" अपर स्कन्द पुराणोक्त श्रीनारद वाक्य है । "जिस वृन्दावन में पवित्र श्रीगोविन्द मन्दिर है । उनके सेवकवृन्द समाकीर्ण स्थान में मैं अवस्थित हूँ । हे नृप ! वह वृन्दावन पृथिवी में गोविन्द वैकुण्ठ है । जहाँपर श्रीगोविन्द सेवाभिलाषिणी वृन्दा प्रभृति भृत्यवृन्द अवस्थित हैं ।

अनन्तर प्रकट लीलानुगत प्रकाश का वर्णन करता हूँ, उस की प्रसिद्धि—विष्णु पुराण—हरिवंश

सति चेष्टात्मिकाया लीलायाः स्वरूपहानिः स्यात्। श्वेतं शुभ्रं दोषरहितमित्यर्थः, द्वीपं तदिवान्यासङ्गशून्यं सर्व्वतः परमित्यर्थः, तदुक्तं श्रुत्या (गो० ता० उ० ३०)—"यथा हि सरसि पद्मं तिष्ठति तथा भूम्यां तिष्ठति" इति। किञ्च, ब्रह्मसंहितायामेव तत्स्तवादौ (ब्र० सं० ५।२९)—"चिन्तामणिप्रकरसद्मसु कल्पवृक्षलक्षावृतेषु" इति। एवं पञ्चरात्रादौ श्रुतिविद्यासंवादे—

"ततः श्वेतमहाद्वीपश्चतुर्दिक्षु विदिक्षु च। अधश्चोर्द्ध्वे च दिङ्नाथास्तेयं क्षीरामृतार्णवः।४७३।
महावृन्दावनं तत्र केलिवृन्दावनानि च। वृक्षाः सुर द्रुमाश्चैव चिन्तामणिमयी स्थली।४७४।
क्रीड़ाविहङ्गलक्षञ्च सुरभीनामनेकशः। नानाचित्रविचित्रश्रीर समण्डलभूमयः।४७५।
केलिकुञ्जनिकुञ्जानि नानासौख्यस्थलानि च। प्राचीन छत्ररत्नानि फणा शेषस्य भान्त्यहो ॥४७६॥
यच्छिरोरत्नवृन्दानामतुलद्युतिवैभवम्। ब्रह्मैव राजते तत्र रूपं को वक्तुमर्हति ॥"४७७॥ इति।

प्रभृति में है, वह इस प्रकार है—वह प्रसिद्ध यह प्रकाश—अस्मद् दृश्यमान वर्त्तमान प्रकाश में प्रकट प्रकाश आविर्भूत होता है, तज्जन्य 'एषः' पद के द्वारा साक्षान्निर्दिष्ट है। प्रकट लीला के समय, जिनका भाग्योदय हुआ था ऐसे प्राकृत जनने भी उसको देखा था, सम्प्रति उक्त प्रकाश का अंश विशेष का दर्शन हम सब भी करते रहते हैं। अस्मद् दृश्यमान प्रकाश में, प्राकृत प्रदेशके समान जो कुछ दृष्ट होता है, वह भी श्रीभगवान् के समान स्वेच्छा क्रमसे लौकिक लीला विशेष निबन्धन है। इस प्रकार ही जानना होगा। अर्थात् श्रीभगवान् जिस प्रकार स्वेच्छाक्रम से लौकिक लीला को अङ्गीकार कर लौकिक चेष्टा को प्रकट करते हैं, श्रीधामसमूह भी उस प्रकार नर लोक में प्राकट्य के कारण लौकिक लीलाविशेष को अङ्गीकार कर जागतिक प्रदेश विशेष की रीति को प्रकट करते हैं। श्रीभगवद्धमसमूह प्रपञ्चातीत गुणादि सम्पन्न हैं। श्रुति स्मृति में इसका यथेष्ट वर्णन समुपलब्ध हैं। तज्जन्य आदि वाराह में उक्त है—

"जो लोक मथुरा में निवास करते हैं वे सब निश्चय ही विष्णु रूप हैं,अज्ञगण उन सब को देख नहीं पाते हैं, ज्ञान चक्षु विशिष्ट व्यक्तिगण उन सब का दर्शन करते हैं।"

लीलाभेद से धाम का प्रकाश भेद होता है, उसका वर्णन मौलिक प्रमाण स्वरूप श्रीमद् भागवत भा० १०।२८।१२ के।

"ते चौत्सुक्यधियो राजन् मत्वा गोपास्तमीश्वरम्"

में श्रीवृन्दावन के अप्रकट प्रकाशानुगत प्रकाश विषय का वर्णन है।

इन्द्रमदविभञ्जन गोवर्द्धनोद्धरण लीला दर्शन से विस्मित गोपगण को परम विस्मय कर वरुण स्तुत्यात्मक लीला का प्रदर्शन करते हैं—"ते तादृश—तन्नित्यपरिकरा अपि प्रेम विशेषेण गोपाः केवल तद्बान्धव गोपत्वाभिमानिनः, अत औत्सुक्यधियः, लोकपाल मात्रस्य तादृशं लोकादि वैभवमस्य वास्मदीय रूपस्याप्यधीश्वरस्य कीदृशं स्यात्? इत्युत्कण्ठित धियः, अतः स्वगति शब्देनात्र स्व स्थानमित्येव लभ्यते, नतु ब्रह्माख्या। सूक्ष्मामित्यनेन च न सा प्रोच्यते। स्वगतिमित्यस्यैव विशेषणत्वेन प्रतीतेः शब्द बुद्धि कर्मणां विरम्य व्यापाराभाव इति न्यायाविरोधादस्यैव पुनरावृत्तिश्च नस्यादिति, सूक्ष्मां दुर्ज्ञेयां, तदेवमेषां तादृश स्वगतिदिदृक्षा च तत् प्रेम्णैव अधीश्वरता ज्ञानेऽपि स्वाभाविक पुत्रतादिविज्ञानानुपमर्दात् ॥ (वैष्णव तोषणी)

गोपगण नित्य परिकर हैं, किन्तु प्रेम विशेष के द्वारा बान्धव अभिमान के कारण उत्सुकतातिशय्याक्रान्त हो गई थे। लोक पालादि वैभव का अधीश्वर एवं हम सब का अधीश्वर का वैभव कैसा होगा?

इत्थं श्रीवृन्दावनस्याप्रकटलीलानुगतप्रकाश एव गोलोक इति व्याख्यातम् । तत्राप्रकटलीलाया द्वैविध्ये मन्त्रोपासनामय्यां किञ्चिद्विलक्षणः, स च तत्तन्मन्त्रेषु यथादर्शित–प्रतिनियत--लीलास्थल सन्निवेशः, यथा पूर्व्वतापन्यां दर्शितम्, यथा च स्कान्दे श्रीनारदवाक्यम्–

"यस्मिन् वृन्दावने पुण्यं गोविन्दस्य निकेतनम् । तत्सेवक-समकीर्णं तत्रैव स्थीयते मया ।४७८।
भुवि गोविन्दवैकुण्ठं यस्मिन् वृन्दावने नृप । यत्र वृन्दादयो भृत्याः सन्ति गोविन्दलालसाः ।"४७९।

अथ प्रकटलीलानुगतः प्रकाशः श्रीविष्णुपुराण-हरिवंशादौ प्रसिद्धः । स एष एव प्रकाशस्तदानीं प्राकृतैरपि कैश्चिद्भाग्यविशेषोदयवद्भिर्ददृशे, सम्प्रत्यस्माभिरपि तदंशो दृश्यते । अत्र तु यत् प्राकृतप्रदेश इव रीतयोऽवलोक्यन्ते, तत्तु भगवतीव स्वेच्छया लौकिकलीलाविशेषाङ्गीकार–निबन्धनमिति ज्ञेयम् । श्रीभगवद्धाम्नां तेषां सर्व्वथा प्रपञ्चातीतत्वादिगुणैः श्रुति–स्मृतिभ्यां कृतप्रमाणत्वात् । अतएवोक्तमादिवाराहे—

देखने के इच्छुक थे । अतएव स्वगति शब्द के द्वारा यहाँ स्वस्थान का लाभ ही होता है । किन्तु ब्रह्म का नहीं । "सूक्ष्मां" पद के द्वारा ब्रह्माख्याशक्ति का बोध नहीं होता है, वह स्वगति का विशेषण है, 'शब्द बुद्धि कर्मणां विरम्य व्यापाराभाव: "नियम से पुनरावृत्ति नहीं होगी, अतः "सूक्ष्मां" का अर्थ—"दुर्ज्ञेयां" है । उस प्रकार निज गति दर्शनेच्छा उन सब की हुई—प्रेम के द्वारा अधीश्वरता ज्ञान होने पर भी स्वाभाविक पुत्रतादि विज्ञान उपमर्दित नहीं होता ।

प्रकट लीलानुगत प्रकाश विशेष के सम्बन्ध में भा० १०।१५।५ में उल्लेख है—

"अहो अमी देव वरामरार्चितं पादाम्बुजं ते सुमनः फलार्हणम् ।
नमन्त्युपादाय शिखाभिरात्मन स्तमोऽपहत्यै तरु जन्म यत् कृतम् ।।"

श्रीकृष्ण—श्रीबलराम को कहे थे—हे देववर ! तमोनाश के निमित्त जिसने तरु जन्म प्रकटन किया है । वे सब वृन्दावनस्थ वृक्षसमूह— फल फूल उपहार प्रदानपूर्वक शिखा समूह के द्वारा अमरार्चित आपके चरणारविन्द में प्रणाम कर रहे हैं ।

श्लोकार्थ—वृक्षगण,—निज फल फूल रूप पूजोपहार ग्रहण कर निज शिखा समूह के द्वारा भवदीय चरण कमलों में प्रणति अर्पण कर रहे हैं । श्रोता एवं द्रष्टाका तमोनाश हेतु जिन्होंने तरु जन्मको अङ्गीकार किया है ।

अर्थात् वृन्दावनस्थ वृक्ष समूह की वार्त्ता श्रवण करने से अथवा वृक्ष समूह को देखने से संसारिजनगण का तमोनाश होगा, एतज्जन्य ही जिन्होंने वृक्ष जन्म ग्रहण किया है । वे सब उक्त रूप से श्रीबलराम के चरण कमलों में प्रणति अर्पण कर रहे हैं । अथवा—यत् कृतम्—यहाँपर तृतीयः तत् पुरुष समास है, उससे अर्थ होता है कि—"येन सुमनाः फलार्हणे नतरुजन्मकृतम् । तत् सुमनः फलार्हणं उपादाय ते पदाम्बुजं नमन्ति " यद् द्वारा कृत् यत् कृत्—तरुजन्म, अर्थात् श्रीभगवच्चरणों में फूल फल अर्पण करके ही तरुजन्मलाभ किये हैं । सम्प्रति पुनर्वार भवदीय चरणों में वे सब स्वीय कुसुमादि अर्पण पूर्वक प्रणति कर रहे हैं ।

बृहत् क्रमसन्दर्भ ।। अथ वृन्दावनस्य सर्वादिरलौकिकतां स्व सेवा परायणताञ्च दर्शयितुं स्वमहिमकथने स्वस्यानौचित्यमिति बलदेव व्यपदेशेनैव तस्य वृन्दावन सर्वादिरात्मविषयां रतिं भगवान् प्रपञ्चयति-अहो

"वसन्ति मथुरायां ये विष्णुरूपा हि ते खलु। अज्ञानास्तान्न पश्यन्ति पश्यन्ति ज्ञानचक्षुषः।।"४८०।।

तदेतन्मूलप्रमाणेऽप्यप्रकटलीलानुगतः प्रकाशः श्रीवृन्दावनस्य (भा० १०।२८।१२) "ते चौत्सुक्यधियौ राजन् मत्वा गोपास्तमीश्वरम्" इत्यादौ दर्शित एव। प्रकटलीलानुगतो यथा (भा० १०।१५।५)—

(१७२) "अहो अमी देववरामरार्च्चितं, पादाम्बुजं ते सुमनःफलार्हणम्।
नमन्त्युपादाय शिखाभिरात्मन,-स्तमोऽपहत्यै तरुजन्म यत्कृतम्।।"४८१।। इत्यादि

आत्मनः सुमनः फलरूपमर्हणमुपादायात्मन एव शिखाभिर्नमन्ति, यद् यैः; शृण्वतां पश्यताञ्च संसारिणां तमोऽपहत्यै तरुजन्मैतत्कृतमित्यादि, यत्कृतमिति तृतीयातत्पुरुषो वा।।

श्रीभगवान् श्रीबलदेवम्।।

१७३। यथा च (भा० १०।१३।५९--६०)—

(१७३) "सपद्येवाभितः पश्यन् दिशोऽपश्यत् पुरःस्थितम्।
वृन्दावनं जनाजीव्यद्रुमाकीर्णं समाप्रियम्।।४८२।।
यत्र नैसर्गदुर्व्वैराः सहासन् नृमृगादयः।
मित्राणीवाजितावास-द्रुतरुट् तर्षकादिकम्।।" ४८३।। इत्यादि।

अमी इत्यादि।

(४र्थ श्लोक)"स्मयन्निवाहाग्रजमादिपुरुषः" इति पूर्व श्लोक पठितेन आदि पुरुष शब्देन स्वस्याग्रजवत्त्वा भावात् अग्रजवत्त्वं स्वयमेव स्वीकृतमित्यायातम्। अतः स्मयन्निव प्रहास पूर्वमिवेति स्वाश्रयस्याराध्यत्वस्य तत्रारोपोऽवगन्तव्यः। एवमेव धीरोदात्त नायक लक्षणं यदात्मश्लाघापराङ्मुखता, तेनात्रस्मच्छब्द प्रयोगे कर्त्तव्ये युष्मच्छब्द प्रयोगः। तथाहि अहो आश्चर्य्ये, स्मयन्निवाहाग्रजमादि पुरुषइति यदाह, तस्य विवृतिम्। अहो आश्चर्य्यम्, हे देववर! ते तव पादाम्बुजमयी तरवः सुमनः फलार्हणमादाय शिखाभि र्नमन्ति। न फल भरेणाभी नम्राः, अपि तु प्रणाम चिकीर्षैव नम्रशिरस इत्यर्थः! अमी इति के ते इत्याशाङ्क्याह—यत् यैस्तरु जन्नभि स्तमोऽपहत्यै द्रष्टॄणां तमो नाशायात्मनस्तरु जन्म कृतं गृहीतम्। कीदृशं तरुजन्म? अमरार्च्चितम्, अमरै र्ब्रह्मादिभि रर्य्यार्चितं स्पृहणीयम्—(भा० १०।१४।३४)"किमप्यटव्याम्" इत्युक्तेः। एतेन वृन्दावनतरूणां परम भाग्यवत्त्वमायातम्।।

श्रीभगवान् श्रीबलदेवको कहे थे।।१७२।।

प्रकट लीलानुगत प्रकाश के सम्बन्ध में अन्य प्रमाण,--भा० १०।१३।५९-६० में हैं—

"सपद्येवाभितः पश्यन् दिशोऽपश्यत् पुरः स्थितम्।
वृन्दावनं जनाजीव्य द्रुमाकीर्णं समाप्रियम्।।
यत्र निसर्ग दुर्वैराः सहासन् नृ मृगादयः।
मित्राणीवाजितावास द्रुतरुट् तर्षकादिकम्।।"

ब्रह्माने समस्त दिक् निरीक्षण कर सहसा सम्मुख में देखा— जनगण के जीविका निर्वाहोपयोगी बहु वृक्ष समाकीर्ण समाप्रिय वृन्दावन विराजित है, जिस में स्वभावतः परस्पर दुर्निवार शत्रुता विशिष्ट मनुष्य पशु प्रभृति प्राणि गण—मित्र के समान निवास कर रहे हैं। एवं उक्त भगवन्निवास भूमि से क्रोध लोभादि

समानामात्मारामाणामपि, समस्य 'मा'—सहचरस्य श्रीभगवतोऽपि वा, आ सर्व्वतोभावेन सर्व्वांशेनैव प्रियमिति तत्रासदंशत्वं निषिध्य सर्व्वतोऽप्यानन्दातिशयप्रदत्वं दर्शितम् । श्रीशुकः

१७४। तदेवं श्रीकृष्णस्य नित्यलीलास्पदत्वेन तान्येव स्थानानि दर्शितानि । तच्चावधारणं श्रीकृष्णस्य विभुत्वे सति व्यभिचारि स्यात् । तत्र समाधीयते—तेषां स्थानानां नित्यतल्लीलास्पदत्वेन श्रूयमाणत्वात्तदाधारशक्तिलक्षणस्वरूपविभूतित्वमवगम्यते, (छा० ७।२४।१)

विदूरित हुये हैं। समाप्रिय—शब्द का अर्थ है—आत्मारामगणों का प्रिय, अथवा सम—सहचर वृन्द का तथा श्रीभगवान् का आ—सर्वतो भावेन—सर्वांश में प्रिय, समाप्रिय है।

इस श्लोक से श्रीवृन्दावन में मायिक अंशत्वका निषेध कर सर्वापेक्षा प्रचुर आनन्द प्रदत्व प्रतिपादन किया है, कारण,—मायिक अंश, आत्मारामगण का तथा श्रीभगवान् का प्रिय नहीं हो सकता है। श्रीवृन्दावन, सर्वांश में उन सब का प्रिय होने से सर्वांश से ही श्रीवृन्दावन अप्राकृत परमानन्दमय है।

वृहत् क्रमसन्दर्भ—न केवलं तदेवाचष्ट, स्वरूपस्थं वृन्दावनञ्च ददर्शेत्याह—सपदीत्यादि । अभितः सर्वादिशः पश्यन् पुनः स्थितं वृन्दावनमपश्यत्, पुरःस्थितमपि या या दिशः पश्यति, तासु तास्वेव पश्यतीत्यर्थः । वृन्दावनमपिव्यापकेन ददर्श ।

अथवा, पुरो वृन्दावन दर्शनयोग्यता नासीत्, पश्चादेवाहङ्कारहतो ददर्श । कीदृशम् ? जनाजीव्य-द्रुमीकीर्णम्, जनाजीव्यद्रुमाः कल्पद्रुमाः । स ब्रह्मा माशोभा तस्याः प्रियं दयितम्,—तस्यास्तत्रैवानुगतत्वात् । मा लक्ष्मी र्वा तस्या आप्रियं—सम्यक् प्रीतिस्थानम्, वैकुण्ठादपि मनोहरत्वात् । आत्मना सहेत्यनेनैव वान्वेतव्यम् । या यादिशः पश्यति, तासु तास्वात्मना सह वृन्दावनं ददर्शेति वृन्दावनस्य व्यापकत्वम् । अतः तृतीये भगवता ब्रह्माणं यत् प्रत्युक्तम् भा० ३।९।३१ 'तत आत्मनि लोके च भक्तियुक्तः समाहितः । द्रष्टासि मां ततं ब्रह्मन् मयि लोकांस्त्वमात्मनः ।" इति तस्येदमुदाहरणं व्याख्यातञ्च तत्रैव तथा । (५९।६०)

केवल वैभव को ही ब्रह्माने नहीं देखा, अपितु स्वरूपस्थ श्रीवृन्दावन को भी देखा था। उसको कहते हैं—सपदीत्यादि श्लोक के द्वारा। अभितः—समस्त दिकों को देखते देखते सम्मुख में स्थित श्रीवृन्दावन को देखा था पुरःस्थित होने पर भी जिस जिस दिक् को देखा उस उस दिक् में भी श्रीवृन्दावन को देखा, व्यापक रूपसे श्रीवृन्दावन को देखा था।

अथवा, पहले वृन्दावन दर्शन योग्यता नहीं थी, पश्चात् अहङ्कार विनष्ट होने से श्रीवृन्दावन को देखा। वह वृन्दावन किस प्रकार है ? जनाजीव्य द्रुमाकीर्णम्, जनाजीव्यद्रुमसमूह—कल्पद्रुम समूह उससे व्याप्त, ब्रह्माने शोभा समूह का एक मात्र दयितस्वरूप लक्ष्मी को देखा, लक्ष्मी वहाँ अनुगत रूप से स्थित रहीं, मा—लक्ष्मी—उनका आ—सम्यक् प्रिय—प्रीतिस्थान रूप वृन्दावन को देखा, वह वृन्दावन—वैकुण्ठ से भी मनोहर है, आत्मा के सहित ही देखा, वाक्य को इस प्रकार सम्बन्धान्वित करना विधेय है। जिस जिस दिक को देखा, उस में आत्मा के सहित ही श्रीवृन्दावन को देखा, कारण—वृन्दावन व्यापक है। अतएव तृतीय स्कन्ध में वर्णित है—"भक्ति युक्तः समाहितः सन् आत्मनि स्वस्मिन् लोके च मां ततं व्याप्य स्थितं द्रष्टासि द्रक्ष्यसि। आत्मनो जीवांश्च।" भक्ति युक्त समाहित होकर ब्रह्मा तुम, निजलोक में व्यापक रूप में मैं अवस्थित हूँ देखोगे, एवं आत्मा-जीव समूह को भी देखोगे।

प्रवक्ता श्रीशुक हैं ॥१७३॥

सम्प्रति प्रकट अप्रकट लीला का समन्वय करते हैं। श्रीकृष्ण के नित्य लीला स्थान श्रीद्वारका, मथुरा, श्रीवृन्दावन का वर्णन हुआ है। किन्तु उस अवधारण अर्थात् निश्चयता का व्यभिचार सुस्पष्ट है,

"स भगवः कस्मिन् प्रतिष्ठित इति स्वे महिम्नि" इति श्रुतेः, (गो० ता० उ० २६) "साक्षाद्-ब्रह्मगोपालपुरी" इत्यादेश्च । ततस्तत्रैवाव्यवधानेन तस्य लीला; अन्येषां प्राकृतत्वान्न साक्षात्तस्य स्पर्शोऽपि सम्भवति, धारणशक्तिस्तु नतराम् । यत्र क्वचिद्वा प्रकटलीलायां तद्गमनादिकं श्रूयते, तदपि तेषामाधारशक्तिरूपाणां स्थानानामावेशादेव मन्तव्यम् । वैकुण्ठान्तरस्य त्वप्राकृतत्वेऽपि श्रीकृष्णविलासास्पदताकर--निजयोग्यताविशेषाभावान्न तादृशत्वमिति ज्ञेयम् । अथाप्रकट-प्रकटलीलयोः समन्वयस्त्वेवं विवेचनीयः—तत्र यद्यपि तस्य मन्त्रोपासनामय्यप्रकटलीलायां बाल्यादिकमपि वर्त्तते, तथापि स्वारसिकलीलामय--किशोराकारस्यैव मुख्यत्वात्तमाश्रित्यैव सर्व्वं प्रवर्त्तत इति प्रकटलीलापि तमाश्रित्यैव

श्रीकृष्ण का विभुत्व निबन्धन व्यभिचार होता है, अर्थात् जब श्रीकृष्ण धामत्रय में लीला करते हैं, श्रीकृष्ण का विभुत्व स्थापन करने पर उक्त निश्चलता का व्यभिचार होता है । कारण, विभुवस्तु कुत्रापि सीमाबद्ध होकर नहीं रहती है, वह सर्वव्यापी है । अधुना विभु होने पर भी निर्दिष्ट स्थान में नित्य शील हैं, उसका विरोध भञ्जन पूर्वक समाधान करते हैं ।

उक्त स्थान समूह नित्य लीलास्पद है, अतएव—उक्त धाम समूह श्रीकृष्ण की आधार शक्ति लक्षण स्वरूप विभूति हैं । कारण श्रुति में वर्णित है—(छा० ७।२४।१) 'स भगवः कस्मिन् प्रतिष्ठित इति स्वेमहिम्नि" हे भगवन् ! भूमाख्य श्रीहरि कहाँपर अवस्थित हैं ? आप निज विभूति में अवस्थित हैं ।

गोपाल तापनी में वर्णित हैं—"साक्षाद् ब्रह्म गोपाल पुरी" गोपालपुरी साक्षात् ब्रह्म हैं । अतएव उक्त धाम समूह में श्रीकृष्ण अव्यवधान से अविच्छेद से लीला करते हैं, प्राकृत हेतु पृथिव्यादि स्थान में उनकी साक्षात् स्पर्श सम्भवना भी नहीं है । धारण करने की शक्ति तो सुतरां ही नहीं है, प्रकट लीला में अन्यत्र गमन की वार्त्ता जो प्रसिद्ध है, उस समय भी आधार शक्ति रूप स्थान समूह का आवेश हेतु उनका वहाँ गमन सम्भव होता है । अर्थात् जिस समय श्रीकृष्ण का गमन द्वारका मिथिला में हुआ था उस समय द्वारका धाम मिथिला में आविष्ट हुआ था । इस प्रकार रीति का अनुसरण सर्वत्र करना विधेय है ।

वन वैकुण्ठ श्रीवृन्दावन को छोड़कर अपर वैकुण्ठादि अप्राकृत होने से भी श्रीकृष्ण की लीलास्पदता की योग्यता उन में नहीं है, उक्त वैकुण्ठ समूह द्वारकादि के समान श्रीकृष्ण लीलास्पद नहीं हो सकते हैं । अर्थात् श्री वैकुण्ठ भी श्रीकृष्ण लीला का योग्य स्थान नहीं है । अनन्तर अप्रकट -प्रकट लीला का समन्वय करते हैं,—

यद्यपि अप्रकट लीला में श्रीभगवान् के बाल्यादि भाव भी है, तथापि किशोराकृति का ही मुख्यत्व हेतु उस आकृति को अवलम्बन कर निखिल लीला प्रवर्त्तित होती है, एवं प्रकट लीला भी अप्रकट स्थित किशोराकृति को अवलम्बनकर प्रकाशित होती है । लीला समन्वय में यह ही वक्तव्य है ।

अथवा, द्वारका, मथुरा, वृन्दावन, युगपत् एक ही किशोराकृति श्रीकृष्णाख्य भगवान्, श्रीवसुदेव नन्दन, एवं व्रजराज नन्दन रूप में प्रापञ्चिक लोक के अगोचर में नित्य लीलायमान हैं । सन्दर्भस्थ पाठ इस प्रकार है—'द्वारकायामपि मथुरायामपि वृन्दावनेऽपि" सर्वत्र 'अपि' शब्द का प्रयोग हुआ है । उसका तात्पर्य्य यह है--किशोराकृति श्रीकृष्ण,द्वारकामें भी हैं,मथुरा में भी हैं, एवं वृन्दावनमें भी हैं । समुच्चयार्थ में अपि शब्द का प्रयोग हुआ है ।

अनन्तर प्रकट लीला में अवतरण का वर्णन करते हैं—(भा० १।८।२०)

वक्तव्या। यद्वा, द्वारकायामपि मथुरायामपि वृन्दावनेऽपि युगपदेक एव किशोराकृतिः श्रीकृष्णाख्यो भगवान् श्रीमदानकदुन्दुभि–श्रीव्रजराज–नन्दनरूपेण प्रापञ्चिकलोकाप्रकटं नित्यमेव लीलायमान आस्ते। अथ कदाचित् (भा० १।८।२०) "भक्तियोगविधानार्थं कथं पश्येम हि स्त्रियः" इत्याद्युक्तदिशा सत्यप्यानुषङ्गिके भारहरणादिके कार्य्ये स्वेषामानन्दचमत्कार पोषायैव लोकेऽस्मिंस्तद्रीतिसहयोगचमत्कारिणीर्निजजन्मबाल्य–पौगण्ड–कैशोरात्मिका लौकिकलीलाः प्रकटयंस्तदर्थं प्रथमत एवावतारित–श्रीमदानकदुन्दुभिगृहे तद्विध–यदुवृन्द–सम्बलिते स्वयमेव बालरूपेण प्रकटीभवति। अथ च तत्र तत्र स्थाने वचनजातसिद्धनिज–नित्यावस्थित–कैशोरादिविलास–सम्पादनाय तैरेव प्रकाशान्तरेणाप्रकटमपि स्थितैः परिकरैः साकं निजप्रकाशान्तरेणाप्रकटमपि विहरत्येव। अथ श्रीमदानकदुन्दुभिगृहेऽवतीर्य्य च तद्वदेव

तथा परमहंसानां मुनीनाममलात्मनाम्।
भक्ति योगविधानार्थं कथं पश्येम हि स्त्रियः॥

टीका—परमहंसानां—आत्मानात्मविवेकिनां, ततोमुनीनां—मननशीलानां अपि, ततश्चमलात्मनां—निवृत्तरागादीनां अपि, तथा तेन निजमहिम्ना न लक्ष्यसे। ततो भक्तियोगं विधातुं त्वां वयं स्त्रियः कथं हि पश्येम। यद्वा परमहंसानामपि भक्तियोग विधानार्थं त्वाम् आत्मारामान् मुनीनपि अचिन्त्य निज गुणैराकृष्य भक्तियोगं विधातुं कारयितुं अवतीर्णमित्यर्थः॥

क्रमसन्दर्भ—"तथेति तथा च सतीत्यर्थः। अमलात्मनां मुनीनां मध्ये ये परमहंसा आत्मारामास्तेषां स प्रेम सम्पादन प्रयोजनकं त्वाम् ॥" अमलात्मा मुनिगण के मध्य में जो सब परमहंस—आत्माराम हैं, उन सब को भक्ति योग प्रदान हेतु तुम (श्रीकृष्ण) अवतीर्ण हो॥ हम सब स्त्री जाती तुम्हारा दर्शन कैसे कर सकूँगी ?

कुन्तिदेवीके वाक्यानुसार भूभार हरणादि कार्य्य आनुषङ्गिक होने पर भी कदाचित् परिकर वर्ग का आनन्दचमत्कार पोषणार्थ इस जगत् में लौकिकरीति संयोग से अपूर्वनिजजन्म, बाल्य, पौगण्ड एवं कैशोरात्मक लौकिक लीला प्रकटन करते हैं, लौकिक लीला सम्पादन हेतु प्रथम अवतारित श्रीवसुदेवगृह में जो तत्तुल्य यदुवृन्द सम्बलित हैं, उस गृह में स्वयं बालक रूप में प्रकटित होते हैं। एवं बाल्य, पौगण्ड, कैशोरात्मिका लीला का प्रकटन क्रमशः करते हैं। पूर्वोद्धृत वचनानुसार द्वारकादि धाम में निज नित्यावस्थित कैशोरादि विलास सम्पादन हेतु अप्रकट प्रकाश में अवस्थित यादवादि के सहित निज प्रकाशान्तर के द्वारा नित्य विहार करते हैं।

अनन्तर श्रीवसुदेवगृह में अवतीर्ण होकर श्रीवसुदेव के समान अप्रकट प्रकाश में अवस्थित होकर व्रज के सहित जो प्रकाशित हैं, उन व्रजराज के गृह में भी आगमन किये हैं।

व्रजराज के हृदय में अनादिसिद्धा जो कृष्ण विषयिणी वात्सल्य माधुरी विद्यमान हैं, कृष्ण जन्म ग्रहण कर आनन्द प्रदान कर रहे हैं, बालक 'घुटरून चलरहा है। कृष्ण रिङ्गण लीला कर रहे हैं, पौगण्ड कृष्ण विशेषरूप से क्रीड़ा कर रहे हैं। इत्यादि विलास विशेष समूह के द्वारा उक्त वात्सल्य माधुरी को बारम्बार नवीभूत करने के निमित्त ही व्रज राज गृह में समागत होते हैं।

वहाँपर अवस्थित होकर निखिल माधुरी शिरोमणि मञ्जरी कैशोर पर्य्यन्त बाल्य केलि लक्ष्मी को उल्लसित एवं गोकुल जन गण की अन्तरिन्द्रिय बहिरिन्द्रिय को निज निरतिशय वशीभूत कर पुनर्वार

प्रकाशान्तरेणाप्रकटमपि स्थित्यैव स्वयं प्रकटीभूतस्य सव्रज—श्रीव्रजराजस्य गृहेऽपि तदीयामनादित एव सिद्धां स्ववात्सल्यमाधुरीं जातोऽयं नन्दयति, बालोऽयं रिङ्गति, पौगण्डोऽयं विक्रीड़तीत्यादिस्वविलासविशेषैः पुनः पुनर्नवीकर्त्तुं समायाति। तत्र च सकलमाधुरी-शिरोमणिमञ्जरीमाकैशोरबाल्यकेलि-लक्ष्मीमुल्लास्य गोकुलजनान्नितरामात्मवशीकृतान्त-र्बहिरिन्द्रियानापाद्य पुनरपि तेषां समधिकामपि प्रेमर्द्धिं सम्वर्द्धयन् श्रीमदानकदुन्दुभिप्रभृतीनपि नन्दयन् भूभारराजन्यसङ्घमपि संहरन् मथुरां याति। ततश्च द्वारकाख्यं स्वधामविशेषं प्रकाशयितुं समुद्रं गत्वा तत्तल्लीलामाधुरीं परिवेषयति। अथ सिद्धासु निजापेक्षितासु तत्तल्लीलासु च तत्र तत्र नित्यसिद्धमप्रकटत्वमेवोरीकृत्य तावप्रकटौ लीलाप्रकाशौ प्रकटाभ्यां लीलाप्रकाशाभ्यामेकीकृत्य तथाविध-तत्तन्निजवृन्दमप्रत्यूहमेवानन्दयतीति। अत्र च पूर्णकैशोर-व्यापिन्येव व्रजे प्रकटलीला ज्ञेया, (भा० १०।४४।८) "क्व चातिसुकुमाराङ्गौ किशोरौ नाप्तयौवनौ" इति।

(भा० १०।४५।३) —"नास्मत्तो युवयोस्तात नित्योत्कण्ठितयोरपि।
बाल्यपौगण्डकैशोराः पुत्राभ्यामभवन् क्वचित्॥"४८४॥ इति,

व्रजजन की परमकाष्ठाप्राप्त प्रेम सम्पत्ति को सम्बर्द्धित करके अर्थात् संयोग वियोगात्मक रीति से-वियोगान्त में आस्वादन परमाकाष्ठा को स्थापित कर, श्रीवसुदेवादि को आनन्दित करने के निमित्त एवं भूभार हरणार्थ राजन्य वर्ग को विनष्ट करने के निमित्त मथुरा प्रस्थान करते हैं। तत् पश्चात् द्वारका नामक निजधाम विशेष को प्रकट करने के निमित्त समुद्र गमन कर द्वारका की प्रसिद्ध लीला माधुरी का परिवेशन करते हैं।

अनन्तर निजापेक्षित प्रसिद्ध लीला समूह सिद्ध होने पर द्वारकादि में नित्यसिद्ध अप्रकट लीला अङ्गीकार पूर्वक उक्त अप्रकटलीला एवं अप्रकट प्रकाशगत प्रकट लीलाको प्रकट प्रकाशगत लीला के सहित एकीभूत करते हैं। एवं अप्रकट एवं प्रकट लीलागत यादव गोपादि परिकर वृन्द को निर्विघ्न से आनन्दित करते हैं।

अनन्तर व्रजस्थ प्रकट लीला का वर्णन करते हैं— उक्त लीलाक्रम से व्रज में प्रकट लीला श्रीकृष्ण की पूर्ण कैशोर व्यापिणी है। उसका वर्णन भा० १०।४४।८ में हैं—

क्व वज्रसार सर्वाङ्गौ मल्लौ शैलेन्द्र सन्मतौ।
क्वचाति सुकुमाराङ्गौ किशोरौ नाप्तयौवनौ॥

टीका—बलाबलवद् युद्धतां प्रपञ्चयति पञ्चभिः व। केति। वज्रसाराणि—वज्रवत् कठिनानि सर्वाण्यङ्गानि ययोस्तौ।

कंसरङ्गस्थलगत श्रीकृष्ण बलराम को मल्ल क्रीड़ारत देखकर रमणीगण की उक्ति इस प्रकार है।

"मल्लद्वय के सर्वावयव वज्रसार के समान कठिन है, देह पर्वत तुल्य प्रकाण्ड है, और राम कृष्ण--अतिसुकुमाराङ्ग अप्राप्त यौवन— किशोरद्वय कहाँ हैं? उस मल्लों के सहित इन दोनों का मल्लयुद्ध क्या योग्य है?"

(भा० १०।४१।२७)—"मनांसि तासामरविन्दलोचनः, प्रगल्भलीलाहसितावलोकनैः ।
जहार मत्तद्विरदेन्द्रविक्रमो, दृशां ददच्छ्रीरमणात्मनोत्सवम् ।।" ४८५।।

इत्यपि हि श्रूयते । अतएव भा० ३।२।२६) "एकादश समास्तत्र गूढ़ार्च्चिः सबलोऽवसत्" इत्यनेनैकादशभिरेव समाभिस्तस्य पूर्ण कैशोरत्वं ज्ञेयम्, (भा० १०।८।२६) —

"कालेनाल्पेन राजर्षे रामः कृष्णश्च गोकुले ।
अघृष्टजानुभिः पद्भिर्विचक्रमतुरोजसा ।।" ४८६।।

इत्यादेः । 'गूढ़ार्च्चिः' इति यथा गूढ़ार्च्चिः कुत्राप्यग्निं प्राप्तं प्राप्तमिन्धनं दहति, तथा गोपलीलाया गूढ़प्रभाव एव सन् प्राप्तं प्राप्तमसुरं दहन्नित्यर्थः । एकादशपर्य्यन्तं गूढ़ार्च्चिः, ततः परं पञ्चदशपर्य्यन्तं प्रकटार्च्चिरिति साध्याहारं व्याख्यानन्त्वघटमानञ्च । एकादशाभ्यन्तरे तत्तत्प्रभावस्य मध्ये मध्ये प्रसृतत्वात् । तदेवं स्थिते लीलाद्वयसमन्वये त्वप्रकटलीलैकान्त-भावसमन्वय श्चैवमनुसन्धेयः । प्रथमं श्रीवृन्दावने ततो द्वारका-मथुरयोरिति । सर्व्वप्रकट-लीलापर्य्यवसाने युगपदेव हि द्वारका-मथुरयोर्लीलाद्वयैक्यम् । मथुराप्रकटलीलाया एव

(भा० १०।४५।३) "नास्मत्तो युवयो स्तात नित्योत्कण्ठितयोरपि,
बाल्य पौगण्ड कैशोराः पुत्राभ्यामभवन् क्वचित् ।।"

बलदेव के सहित श्रीकृष्ण,—वसुदेवदेवकी के निकट उपस्थित होकर कहे थे,—"हम दोनों के निमित्त आप नित्य उत्कण्ठित थे, हम दोनों आपके पुत्र हैं, हमारी बाल्य पौगण्ड कैशोर अवस्था हेतु सुख प्राप्त आप नहीं हुये हैं ।

(भा० १०।४१।२७) "मनांसि तासामरविन्दलोचनः प्रगल्भ लीलाहसितावलोकनैः ।
जहारमत्तद्विरदेन्द्रविक्रमो दृशां ददच्छ्रीरमणात्मनोत्सवम् ।।"

मत्त गजेन्द्रतुल्यविक्रमशाली कमल लोचन श्रीकृष्ण, रमारमणवपु के द्वारा मथुरा नागरी वृन्द के मनोहरण पूर्वक नयनोत्सव सम्पन्न किये थे ।

अतएव भा० ३।२।२६ में उक्त है—

"एकादश समास्तत्र गूढ़ार्चिः सबलो ऽवसत् ।।

एकादश वत्सरपर्य्यन्त निगूढ़ प्रभाव श्रीकृष्ण, बलराम के सहित व्रजमें निवास किये थे । उक्त श्लोक का क्रम सन्दर्भ एकादशेति,—तावतैव पूर्ण कैशोरत्वात्तथोक्तम्, (भा० १०।८।२६) "कालेनाल्पेन राजर्षे" इत्यादि । (भा० १०।४४।८) "क्वचाति सुकुमाराङ्गौ किशोरौ नाप्तयौवनौ" इत्यादि । (भा० १०।४५।३) "बाल्य पौगण्ड कैशोराः पुत्राभ्यामभवन् क्वचित् । इत्यादिभ्यः गूढ़ार्च्चिरिति । यथा गूढ़ार्च्चिः कुत्राप्यग्निः प्राप्तमिन्धनं वहति, तथा गोपलीलया गूढ़प्रभावएवसन् प्राप्तं प्राप्तं असुर वृन्दं दहन्नित्यर्थः । एकादश पर्य्यन्तं गूढ़ार्च्चिः, ततः परं पञ्चदश पर्य्यन्तं प्रकटार्च्चिरिति साध्याहारं व्याख्यानं त्वघटमानञ्च, एकादशाभ्यन्तरे तत्तत् प्रभावस्य मध्ये मध्ये प्रसृतत्वात्, तावतैव पूर्ण कैशोरत्वात्तथोक्तम् ।।

एकादशवर्ष आयु में ही श्रीकृष्ण का पूर्ण कैशोर हुआ था, अतएव "एकादशसमास्तत्र गूढ़ार्च्चिः सबलोऽवसत्" इस प्रकार कहा है । हे राजर्षे ! अल्पकाल में ही रिङ्गण लीला किये थे ।

द्वारकामनुगमनात् । अतएव रुक्मिणीप्रभृतीनां मथुरायामप्यप्रकटप्रकाशः श्रूयते । वृन्दावने त्वियं प्रक्रिया विशिष्य लिख्यते । तत्र प्रथमं श्रीवृन्दावनवासिनां तस्य प्राणकोटिनिर्म्मञ्छनीय दर्शनलेशस्य विरहः ततः श्रीमदुद्धवद्वारा सान्त्वनम् । पुनश्च पूर्व्ववदेव तेषां महाव्याकुलतायामुदित्वर्य्यां श्रीबलदेवद्वारापि तथैव समाधानम् । अथ पुनरपि परमोत्कण्ठाकोटिविस्फुट-हृदयानां सूर्य्योपरागव्रज्याव्याजया तदवलोकनकाम्यया कुरुक्षेत्रगतानां तेषां घर्म्मान्ते बालचातकानामिव निजाङ्ग-नवघनसंघावलोकदानेन तादृशसंलापमन्द्रगर्जितेन च पुनर्जीवन-सञ्चारणम् । अथ दिनकतिपयसहवासादिना च तानतिक्षीणतरानन्नेन दुर्भिक्षदुःखितानिव सन्तर्प्य तैः सह निजविहारविशेषाणामेकमेव रम्यमास्पदं श्रीवृन्दावनं प्रत्येव पूर्ववत् सम्भावितया निजागमनाश्वासवचनरचनया प्रस्थानम् । सूर्य्योपरागयात्रा त्वियं दूरतः प्रस्तुतापि कंसबधान्नातिबहुसंवत्सरानन्तरा शिशुपाल-शाल्व-दन्तवक्रबधात् प्रागेव ज्ञेया । श्रीबलदेवतीर्थयात्रा हि दुर्य्योधनबधैककालीना । तस्मिन् तस्यां कुरुक्षेत्रमागते खलु दुर्य्योधनवधः ।

"कालेनाल्पेन राजर्षे रामः कृष्णश्चगोकुले ।
अघृष्ट जानुभिः पद्भिर्विचक्रमतु रञ्जसा ।। (भा० १०।४४।८)

में कथित है—अति सुकुमाराङ्ग किशोरद्वय अप्राप्त यौवन अवस्था के हैं, एवं मल्लगण अति दुर्द्धर्ष हैं।

भा० १०।४५।३ में लिखित है, बाल्य पौगण्ड एवं कैशोर काल पुत्रद्वय का अति वाहित हुये हैं।

मूल में 'गूढ़ार्च्चि' शब्द का प्रयोग है,—उसका अर्थ यह है—जिस प्रकार निगूढ़ अग्नि, इन्धन प्राप्त होने पर दहन करते हैं, उस प्रकार प्राप्त असुर वृन्द को विनष्ट कर श्रीकृष्ण अवस्थित हैं।

कतिपय व्यक्ति के मत में एकादश पर्य्यन्त गूढ़ार्चिच, उसके वाद—पञ्चदश पर्य्यन्त प्रकटार्च्चि है, इस प्रकार अध्याहार पूर्वक व्याख्या असलग्न है, कारण—एकादश के मध्य में ही उक्त प्रभाव का विस्तार हुआ था। उस समय ही पूर्ण कैशोर था, अतएव "एकादश समास्तत्र गूढ़ार्चिच सबलोऽवसत्" कहा गया है।

भा० १०।४५।३ में बलदेव के सहित श्रीकृष्ण—वसुदेव देवकी के निकट उपस्थित होकर कहे थे। हम दोनों के निमित्त आप नित्योत्कण्ठित थे, हमारी बाल्य पौगण्ड कैशोर अवस्था हेतु आप का सुख लाभ नहीं हुआ।

भा० १०।४१।२७ में उक्त है—मत्तगजेन्द्रतुल्य विक्रमशाली कमल लोचन श्रीकृष्ण, रमा रमण वपुके द्वारा मथुरा नागरीयों के नयनोत्सव सम्पन्न कर मनोहर किये थे।

अतएव भा० ३।२।२६ के एकादश समास्तत्र गूढ़ार्चिः सबलोऽवसत्" वचनानुसार एकादश वर्ष में ही पूर्ण कैशोर हुआ था। उक्त वाक्य का अर्थ इस प्रकार हो सकता है—

"एकादश वर्ष में ही गूढ़ प्रभाव प्रकट हुआ। अथवा एकादश वर्ष में ही श्रीकृष्ण की पूर्ण कैशोरत्व प्राप्ति हुई थी। अक्रूर के वाक्य में सुस्पष्ट उल्लेख है—श्रीकृष्ण एकादश वर्ष पर्य्यन्त ही व्रज में थे।

"किशोरौ श्यामल श्वेतौ श्रीनिकेतौ बृहद्भुजौ ।
सुमुखौ सुन्दरवरौ बालद्विरदविक्रमौ ।"

वास्तवि की स्थिति वैसी होने से प्रकट अप्रकट लीलाद्वय समन्वय निबन्धन इस प्रकार अनुसन्धान करना विधेय है। अर्थात् अप्रकटलीलैकीभाव समय का अनुसन्धान करना कर्त्तव्य होगा।

सा च सूर्य्योपरागयात्रायाः पूर्व्वं पठिता । सूर्य्योपरागयात्रा च श्रीभीष्म–द्रोण–दुर्य्योधनाद्यागमनमयीति । तत्रायं क्रमः—प्रथमं सूर्य्योपरागयात्रा, ततः श्रीयुधिष्ठिरसभा, ततः शिशुपालबधः, ततः कुरुपाण्डव-द्यूतम्, तदैव शाल्वबधो वनपर्व्वणि प्रसिद्धः । दन्तवक्र-बधश्च ततः, ततः पाण्डवानां वनगमनम्, ततः श्रीबलदेवस्य तीर्थयात्रा, ततो दुर्य्योधनबधः इति तस्मादुपरागयात्रा कंसबधान्नातिकालविलम्बेनाभवदिति लक्ष्यते । यत्तु तस्यामेव (भा० १०।८२।६) "आस्तेऽनिरुद्धो रक्षायां कृतवर्म्मा च यूथपः" इति, तदपि श्रीप्रद्युम्नानि-रुद्धयोरल्पकालादेव यौवनप्राप्त्या सम्भवति । यथोक्तम् (भा० १०।५५।६) "नातिदीर्घेण कालेन स कार्ष्णी रूढ़यौवनः" इति । अथवानिरुद्धनामा कश्चित् श्रीकृष्णनन्दन एव, यो दशमान्ते-ऽष्टादशमहारथमध्ये गणितः । तथैव च व्याख्यातं तत्र तैरिति । अतः कुरुक्षेत्रयात्रायामेव श्रीमदानकदुन्दुभिना श्रीकुन्तीदेवीं प्रत्युक्तम् (भा० १०।८२।२१) –

"कंसप्रतापिताः सर्व्वे वयं याता दिशो दश ।
एतर्ह्येव पुनः स्थानं दैवेनासादिताः स्वसः ॥"४८७॥ इति ।

प्रथम,—श्रीवृन्दावन में, तत् पश्चात् द्वारका मथुरा की प्रकट लीला का पर्य्यवसान होने से एकसाथ ही द्वारका मथुरा लीलाद्वय की ऐक्य प्राप्ति होती है । मथुरा की प्रकट लीला द्वारका का अनुगमन करती है । एतज्जन्य रुक्मिणी प्रभृति द्वारका परिकरों की मथुरास्थ अप्रकट प्रकाश में स्थिति वर्णित हैं ।

किन्तु वृन्दावन में उक्त लीलाद्वय की ऐक्यप्रक्रिया का वर्णन विशेष रूप से हो रहा है । प्रथम श्रीवृन्दावन वासिगण, जिनका दर्शन लेश का निर्म्मञ्छन प्राण कोटि के द्वारा करते हैं,उन सब व्रज वासियों का श्रीकृष्ण विरह, तत् पश्चात् श्रीउद्धव सान्त्वना दुर्निवार पूर्व के समान महा व्याकुलता उपस्थित होने पर बलदेव के द्वारा सान्त्वना प्रदान पूर्वक समाधान हुआ है ।

अनन्तर श्रीकृष्ण प्राप्ति उत्कण्ठा द्वारा जिन सब के हृदय विस्फुटित हो रहे थे उन व्रज वासिगण सूर्य्योपराग छल से श्रीकृष्ण दर्शनाभिलाषी होकर कुरुक्षेत्र गमन करने पर— ग्रीष्मावसान में मेघ जिस प्रकार चातक को सञ्जीवित करता है, उस प्रकार व्रज वासिगण को निजाङ्ग नवमेघराशिका दर्शन दान एवं तादृश संलाप मन्द्र गर्जन द्वारा पुन र्जीवित किये थे ।

अनन्तर कियद्दिन सहवासादि के द्वारा अतिशय क्षीणतर दुर्भिक्ष प्रपीड़ित जनको तृप्त करने के समान व्रजवासिगण को तृप्त किये थे ।

तत् पश्चात् उनसब के सहित निज विविध विहार विशेष का एक मात्र रम्यस्थान श्रीवृन्दावन के प्रति पूर्व के समान सम्भावित निज आगमन आश्वासवचन रचना पूर्वक उन सब को प्रेरण किये थे ।

यह सूर्य्योपराग यात्रा व्यवधान में वर्णित होने पर भी कंस बध के बाद कतिपय वत्सर के मध्य में ही हुई थी । अर्थात् कंस बध के पश्चात् एवं शिशुपाल दन्तवक्र बध के पूर्व में कुरुक्षेत्र यात्रा संघटित हुई थी ।

श्रीबलदेव की तीर्थयात्रा एवं दुर्योधन बध सम काल में संघटित हुआ था । श्रीबलदेव तीर्थ पर्य्यटन करते करते कुरुक्षेत्र में उपस्थित होने पर दुर्योधन बध हुआ ।

श्रीमद् भागवत में श्रीबलदेव की तीर्थ यात्रा का वणन सूर्य्योपराग यात्रा के पूर्व में हुआ है, अथच

अतः प्रथमदर्शनादेव द्रौपदी–श्रीकृष्णमहिषीणां परस्परविवाहप्रश्नोऽपि सङ्गच्छते। अत्र (भा० १०।४६।३४) "आगमिष्यत्यदीर्घेण" इत्यादिकमपि पद्यं सहायं भवेत्। प्रकृतमनुसरामः।

सूर्य्योपराग यात्रा में श्रीभीष्म द्रोण दुर्य्योधनादि की उपस्थिति है। यहाँपर असामञ्जस्य विद्यमान है। सुतरां क्रम इस प्रकार है- प्रथम,—सूर्य्योपराग यात्रा तत् पश्चात्—श्रीयुधिष्ठिर की सभा, उस में शिशु पाल बध, अनन्तर कुरु पाण्डव पाशा क्रीड़ा, उस में शाल्व बध, उसका वर्णन, महाभारत के वन पर्व में सुप्रसिद्ध है। अनन्तर दन्त वक्र बध, अनन्तर पाण्डवों का वन गमन, अतः पर श्री बलदेव की तीर्थ यात्रा, तत् पश्चात् दुर्य्योधन बध।

सुतरां सूर्य्योपराग यात्रा,—कंस बध के अधिक काल के पश्चात् नहीं हुई है।

भा० १०।८२।६ में वर्णित है—" गद प्रद्युम्न साम्बाद्याः सुचन्द्रशुकसारणैः।
आस्तेऽनिरुद्ध रक्षायां कृतवर्माच यूथपः॥

"गद प्रद्युम्न साम्ब एवं सुचन्द्र शुक सारण के सहित अनिरुद्ध, द्वारका पुरी की रक्षा कर रहे थे। एवं कृतवर्मा सैन्यरक्षा में नियुक्त थे। कंस बध के पश्चात् कुरुक्षेत्र यात्रा होने से श्रीकृष्ण पौत्र श्रीअनिरुद्ध की पुररक्षा के निमित्त नियुक्ति कैसे सम्भव होगी? समाधान में कहते हैं—भा० १०.५५।६ में वर्णित हैं— "नातिदीर्घेण कालेन स कार्ष्णी रूढ़ यौवनः" अनतिदीर्घ काल में कृष्णनन्दन प्रद्युम्न यौवनारूढ़ हुये थे। अतएव पुररक्षा कर्त्तृत्व—श्रीप्रद्युम्न अनिरुद्ध का अल्पकाल में यौवन प्राप्त होने से सम्भव है,

अथवा- अनिरुद्ध नामक एक श्रीकृष्णनन्दन था, जिस का वर्णन दशमस्कन्ध के अन्तिम में अष्टादश महारथ के मध्य में है।

" तेषामुद्दाम वीर्य्याणामष्टादश महारथः।" भा० १०।६०।३२
आसन्नुदार यशसस्तेषां नामानि मे शृणु।
प्रद्युम्नानिरुद्धश्च दीप्तिमान् भानुरेवच।
साम्बो मधुर्बृहद् भानुश्चित्र भानुर्वृकोऽरुणः।
पुष्करो वेद बाहुश्च श्रुतदेवः सुन दनः।
चित्रबाहु विरूपश्च कविर्न्यग्रोध एवच।
एतेषामपि राजेन्द्र तनूजानां मधुद्विषः।
प्रद्युम्न आसीत् प्रथमः पितृवद् रुक्मिणीसुतः॥

टीका—एवमष्टोत्तरशताधिक षोड़श सहस्र महिषीणां पुत्रा लक्ष मेकमशीत्युत्तरैकषष्टि सहस्राणि च भवन्ति। अनिरुद्ध श्चेति। अतः पुत्राणां मध्ये सप्त दशैव महारथा ज्ञेयाः। अथवा, अनिरुद्ध नामापि कश्चित् पुत्र एवेति श्रीधर स्वामिपाद ने भी अनिरुद्ध को पुत्र रूप से ही कहा है।

कुरुक्षेत्र यात्रा कंस बध के अनति काल में हुई थी, तज्जन्य ही कुरुक्षेत्र यात्रा में श्रीवसुदेव कुन्ती को कहे थे, "हे भगिनि! हम सब कंस कर्त्तृक प्रतापित होकर विभिन्न दिक् में चले गये थे, दैव क्रम से सम्प्रति यहाँपर मिलित हुये हैं" अतएव प्रथम दर्शन हेतु द्रौपदी एवं श्रीकृष्ण महिषी वृन्द के सहित पारस्परिक विवाह प्रश्न भी सङ्गत होता है।

कारण—राजसूय यज्ञोपलक्ष्य में श्रीकृष्ण महिषीगण के सहित इन्द्रप्रस्थ गये थे। उस समय द्रौपदी के सहित महिषीवृन्द की मिलन वर्णना भा० १०।७१ अध्याय में है—

"श्वश्र्वा सञ्चोदिता कृष्णा कृष्णपत्नीश्च सर्वशः।
आनर्च्च रुक्मिणी सत्यां भद्रां जाम्बवतीं तथा।

अथ वृन्दावनं प्रस्थापितानामपि तेषां पुनरपि निजादर्शनेन महासन्तापवृद्धिमतीवोत्कण्ठाभिः श्रीगोविन्दः सस्मार । यामेव साक्षाद्दृष्टवान् परमोत्कण्ठः श्रीमदुद्धवः । तामवसरं लब्ध्वा प्रस्तावान्तरे गायन्ति (भा० १०।७१।९) —

'गायन्ति ते विशदकर्म्म गृहेषु देव्यो, राज्ञां स्वशत्रुबधमात्मविमोक्षणञ्च ।
गोप्यश्च कुञ्जरपतेर्जनकात्मजायां, पित्रोश्च लब्धशरणा मुनयो वयञ्च ।।''१८८

इति व्यञ्जयामास । ततश्च राजसूयसमाप्त्यनन्तरं शाल्व-दन्तवक्रबधान्ते झटिति स्वयं गोकुलमेवाजगाम । तथा च पाद्मोत्तरखण्डे गद्य-पद्यानि—''अथ शिशुपालं निहतं श्रुत्वा

कालिन्दी मित्रवृन्दाञ्च शैब्यां नाग्नजितीं तथा ।।

श्वश्रू कुन्ती कर्त्तृक प्रेरित होकर द्रौपदीने श्रीकृष्ण की पत्नी वर्ग—रुक्मणी, सत्य भामा, भद्रा, जाम्बवती, कालिन्दी, मित्रवृन्दा, शैब्या, नाग्नजिती'' की अर्च्चना की'' यह वृत्तान्त कुरक्षेत्र यात्रा प्रस्ताव रूप अध्याय के पूर्व अध्याय में वर्णित है । यदि कुरुक्षेत्र यात्रा कंस बध के बाद नहीं होती तो, एवं राजसूय यज्ञ को पूर्ववर्त्ती नहीं होती तो—यज्ञोपलक्ष्य में अनेक दिन एक अवस्थान के पश्चात् कुरक्षेत्र में पुनर्मिलन होने पर—विवाह प्रश्न सङ्गत नहीं होता ।

यहाँपर (भा० १०।४६।३४) ''आगमिष्यत्यदीर्घकालेन व्रजमच्युतः ।
प्रियं विधास्यते पित्रो र्भगवान् सात्वतां पतिः ।।''

श्रीउद्धव व्रजराज को कहे थे—''भगवान् श्रीकृष्ण अदीर्घ काल के पश्चात् व्रजागमन करेंगे । सात्वतां पति भगवान्—माता पिता प्रभृति आप सब का प्रिय विधान करेंगे'' यह श्लोक भी सहायक होगा । प्रसङ्ग क्रम से आगत प्रकरण की आलोचना करने के पश्चात् लीलाद्वय का समन्वयात्मक प्रस्तुत विषय का अनुसरण करते हैं,—

अनन्तर—कुरुक्षेत्र से सान्त्वना प्रदान पूर्वक वृन्दावन में प्रेरण करने के पश्चात् भी श्रीकृष्ण का अदर्शनहेतु व्रजवासिगण की महासन्तापवृद्धि हुई थी । श्रीकृष्ण,—अत्यन्तोत्कण्ठा के सहित ही उसका स्मरण किये थे ।

श्रीउद्धव—व्रजदेवी गण की विरह सन्ताप वृद्धि का दर्शन किये थे । किन्तु श्रीराधा के निषेध से दृष्ट अवस्था का वर्णन करने में साहसी नहीं हुये । कारण—उक्त वृत्तान्त श्रवण से श्रीकृष्ण—अत्यन्त सन्तप्त हो जायेंगे, अथच निवेदन न करके रहना भी श्रीउद्धव के पक्ष असम्भव था, अतएव अवसर में निवेदन करने के निमित्त श्रीमान् उद्धव परमोत् कण्ठितथे । परमोत्कण्ठ श्रीमदुद्धव—व्रजवासिगण की सन्तापवृद्धि को देखकर श्रीकृष्ण के समीप में उसका वर्णन भी किये थे, श्रीकृष्ण, उसका स्मरण किये थे ।

राजसूय यज्ञ में गमन प्रस्ताव रूप अवसर प्राप्त कर प्रस्तावान्तर में अर्थात् जरासन्ध'बध मन्त्रणा के समय—श्रीउद्धव—वक्ष्यमाण श्लोक के द्वारा सन्ताप वृद्धि को व्यञ्जित किये थे । भा० १०।७१।९ में वर्णित है—''गायन्ती ते विशद कर्म गृहेषु देव्यो,
राज्ञां स्वशत्रुबधमात्मविमोक्षणञ्च ।
गोप्यश्च कुञ्जरपते र्जनकात्मजायाः
पित्रोश्च लब्धशरणा मुनयो वयञ्च ।।''

''जरासन्ध कर्त्तृक,—अवरुद्ध राजन्यवृन्द की महिषीवृन्द निज गृह में निज शत्रु जरासन्ध का

दन्तवक्रः कृष्णेन योद्धुं मथुरामाजगाम । कृष्णस्तु तच्छ्रुत्वा रथमारुह्य तेन योद्धुं मथुरामाययौ । तयोर्दन्तवक्रवासुदेवयोरहोरात्रं मथुराद्वारे संग्रामः समवर्त्तत । कृष्णस्तु गदया तं जघान । स तु चूर्णितसर्व्वाङ्गो वज्रनिर्भिन्नो महीधर इव गतासुरवनीतले पपात । सोऽपि हरेः सारूप्येण योगिगम्यं नित्यानन्दसुखदं शाश्वतं परमं पदमवाप । इत्थं जय-विजयौ सनकादिशापव्याजेन केवलं भगवतो लीलार्थं संसृताववतीर्य्य जन्मत्रयेऽपि तेनैव निहतौ जन्मत्रयावसाने मुक्तिमवाप्तौ । कृष्णोऽपि तं हत्वा यमुनामुत्तीर्य्य नन्दव्रजं गत्वा सोत्कण्ठौ पितरावभिवाद्याश्वास्य ताभ्यां साश्रुकण्ठमालिङ्गितः सकलगोपवृद्धान् प्रणम्याश्वास्य बहुवस्त्राभरणादिभिस्तत्रस्थान् सर्व्वान् सन्तर्पयामास ।

कालिन्द्याः पुलिने रम्ये पुण्यवृक्षसमाचिते । गोपनारीभिरनिशं क्रीड़यामास केशवः ॥४८९॥
रम्यकेलिसुखेनैव गोपवेशधरः प्रभुः । बहुप्रेमरसेनात्र मासद्वयमुवास ह ॥' ४९०॥ इति ।

अत्रेदं ज्ञेयम्,—दन्तवक्रस्य मथुरायामागमनं राजसूयानन्तरमिन्द्रप्रस्थे श्रीकृष्णावस्थानं ज्ञात्वा जरासन्ध--बधार्थं श्रीमदुद्धवयुक्तिच्छायामवलम्ब्य गदाकुशलम्मन्यत्वेनैकाकिनं द्वन्द्वयुद्धाय तमाह्वयितुं तदर्थमेव तद्राष्ट्रं तदुपद्रावयितुञ्च । पुनश्च द्वारकागतं तं श्रुत्वा

निधन एवं निज पति को मुक्ति प्रदान रूप तुम्हारे विशद कर्म का गान करती रहती हैं । गोपीगण भी गान करती हैं । शरणापन्न मुनिगण, हम सब भक्त वृन्द गजराज का, सीता का, एवं वसुदेव देवकी का शत्रु बध एवं मुक्ति प्रदान रूप तुम्हारा विशद कर्म का गान करते हैं ।

राजमहिषीवृन्द, सन्ताप लालन पालन समय में "वत्स ! रोदन न करो, श्रीकृष्ण सत्वर जरासन्ध के द्वारा तुम्हारे पिता को उद्धार करेंगे' इस प्रकार विशद कर्म का गान करती हैं ।

अर्थात् गोपीगण—महा सन्तप्तचित्त से तुम्हारे द्वारा सम्पादित शङ्खचूड़ बध एवं निज मुक्ति रूप विशद कर्म का गान जिस प्रकार करती हैं, राज महिषी वृन्द भी उस प्रकार व्याकुल चित्त से तुम्हारे विशद कर्म का गान करती हैं । तुम निष्ठुर हो, गोपीगण अति सन्तप्त हृदय से तुम्हारे कर्म समूह का गान करती रहती हैं, तुम उसका स्मरण क्यों नहीं करते हो ! इस प्रकार तिरस्कारार्थ वाक्य प्रयोग हुआ है ।

श्रीव्रज से प्रत्यावर्त्तन करने के पश्चात् ही अवसर प्राप्त होने से ही श्रीउद्धव, व्रजवासियों का दुःख स्मरण कराते थे । उक्त श्लोक में प्रसङ्ग क्रम से गजेन्द्र मुक्ति, एवं उसका शत्रु—ग्राह का निधन, सीता की मुक्ति, शत्रु रावण का निधन, माता पिता की मुक्ति, शत्रु कंस का निधन,—वर्णित है ।

श्रीकृष्ण का पुनर्वार व्रजागमन ।

श्रीउद्धव के परामर्श क्रम से राजसूय यज्ञ में गमन करने के पश्चात् राजसूय यज्ञ समापन के अनन्तर शाल्व दन्तवक्र के पश्चात् सत्वर स्वयं गोकुल गमन किये थे । पाद्मोत्तरखण्ड में उक्त तात्पर्य्य प्रकाशक गद्य पद्य का उल्लेख है ।

"अनन्तर शिशु पाल निहत हुआ है, सुनकर दन्त वक्र श्रीकृष्ण के सहित युक्त करने के निमित्त मथुरा चले आये थे । संवाद प्राप्तकर श्रीकृष्ण भी रथारोहण पूर्वक मथुरा आगये । मथुरा द्वार में दन्तवक्र के सहित अहोरात्रगदायुद्ध वासुदेव का हुआ । श्रीकृष्णने उसे गदाप्रहार से बध किया । गदाप्रहार से दन्तवक्र शरीर चूर्ण विचूर्ण हो गया था, वज्राहत पर्वत के समान वह भूतल में निपतित हुआ था । दन्तवकने भी

प्रस्थितस्य मथुराद्द्वारगतेन तेन सङ्गमः। यत् स्थानमद्यापि द्वारकादिग्गतं दतिहेति नाम प्रसिद्धं वर्त्तते। सर्व्वमेतच्च श्रीनारदस्य श्रीभगवद्रथस्य च मनोजवत्वात् सम्भवति। अतः श्रीभागवतेनापि विरोधो नास्तीत्यलं कल्पभेद-कल्पनया। अतएव झटिति तस्य शाल्वबध-श्रवणमपि तत्रोक्तं सम्पद्यते। तथा श्रीकृष्णस्य गोकुलागमनञ्च श्रीभागवतसम्मतमेव (भा १०।३९।३५)

"तास्तथा तप्यतीर्वीक्ष्य स्वप्रस्थाने यदूत्तमः।
सान्त्वयामास सप्रेमैरायास्य इति दौत्यकैः॥" ४८१॥ इति,

(भा० १०।४५।२३)— "यात यूयं व्रजं तात वयञ्च स्नेहदुःखितान्।
ज्ञातीन् वो द्रष्टुमेष्यामो विधाय सुहृदां सुखम्॥" ४८२॥ इति।

हरिका सारूप्य लाभकर योगि जनागम्य नित्यानन्द सुखद शाश्वत परम पद को प्राप्त किया।

इस प्रकार जय विजय, सनकादि का शापच्छल से केवल भगवान् की लीला निमित्त भूतल में अवतीर्ण होकर तीन जन्म में ही तत् कर्त्तृक निहत हुये थे। जन्मत्रय अतीत होने से जय विजय मुक्ति प्राप्त किये थे।

कृष्ण दन्त वक्र निहत होने के पश्चात् यमुना पार होकर नन्द व्रज में प्रविष्ट हुये थे। वहाँ उत्कण्ठित चित्त माता पिता को प्रणाम एवं आश्वास प्रदान किये थे। माता पिताने, अश्रुप्लावित कण्ठ से श्रीकृष्ण को आलिङ्गन किया, श्रीकृष्ण, गोप समूह को यथायोग्य प्रणाम कर आश्वास प्रदान पूर्वक बहुवस्त्राभरणादि के द्वारा व्रजवासिवर्ग को सुतृप्त किये थे।

पुण्यवृक्ष समन्वित रमणीय कालिन्दी पुलिन में गोपनारीगण के सहित श्रीकृष्ण दिवानिशि क्रीड़ा किये थे। गोप वेशधर प्रभु,—रम्य केलि सुख से प्रेमरस से वृन्दावन में मासद्वय अवस्थान किये थे।

मासद्वय अवस्थान प्रसङ्ग से यह अर्थ नहीं होता है कि—पुनर्वार व्रजवासियों के सहित श्रीकृष्ण का विरह हुआ था। कारण मास द्वय के बाद व्रजलीला का अप्रकट हुआ। सुतरां पुनर्वार विच्छेद की सम्भावना ही नहीं रही।

"गोपवेश धरः प्रभुः" वर्णन है, इस से इस प्रकार अर्थ नहीं होगा, कि—राजवेश ही कृष्ण का नित्य वेश है, एवं गोप वेश आगन्तुक है, राजवेश में युद्ध एवं राजसूय यज्ञ में अंश ग्रहण, द्वारका लीलादि होते हैं। गोप वेश—वृन्दावनीय वेश है, श्रीवृन्दावन का अचिन्त्य प्रभाव से श्रीकृष्ण गोप वेश विभूषित हुये थे। कारण—श्रीकृष्ण के वसन भूषण प्रभृति स्वरूपातिरिक्त नहीं हैं। वृन्दावन में श्रीकृष्ण का गोपाभिमान है, एवं पुरीद्वय में क्षत्रियाभिमान है। स्वरूप में जिस समय जो अभिमान होता है, उस समय आप अभिमानानुरूप वेश से सुसज्जित होते हैं।

यहाँपर ज्ञातव्य यह है कि—श्रीकृष्ण को द्वन्द्व युद्ध में आह्वान करने के निमित्त ही दन्तवक्र का मथुरा गमन है। जिस समय श्रीकृष्ण राजसूययज्ञ सम्पादन पूर्वक इन्द्रप्रस्थ में अवस्थान कर रहे थे। उस समय दन्तवक्रने समझा था, श्रीकृष्ण, गदायुद्ध में अपटु हैं, कारण—जरासंध वध के समय श्रीउद्धवने कहा था भीमसेन के द्वारा गदायुद्ध से जरासन्ध बध करना समुचित होगा। इस से प्रतीत होता है कि—श्रीकृष्ण, गदायुद्ध में अनिपुण हैं।

इस समय उपद्रव सुरु करने पर श्रीकृष्ण युद्ध करने के निमित्त निश्चय ही आयेंगे, मैं गदायुद्ध में

(भा० १०।४६।३५,३४)—"हत्वा कंसं रङ्गमध्ये प्रतीपं सर्व्वसात्वताम् ।
यदाह वः समागत्य कृष्णः सत्यं करोति तत् ॥" ४६३॥
आगमिष्यत्यदीर्घेण कालेन व्रजमच्युतः ।
प्रियं विधास्यते पित्रोर्भगवान् सात्वतां पतिः ॥" ४६४॥

इति च तस्य श्रीमुखेन भक्तजनमुखेन च बहुशः सङ्कल्पानामन्यथानुपपत्तेः, (मैत्रा० १।१) "सत्यसङ्कल्पः" इति श्रुतिः, (भा० १०।३३।३१) "ईश्वराणां वचः सत्यम्" इति स्वयं श्रीभागवतञ्च । न केवलमेतावदेव कारणम्, तस्य व्रजागमनमपि स्फुटमेवाहुः (भा० १।११।६)

(१७४) "यर्ह्यम्बुजाक्षापससार भो भवान्, कुरून् मधून् वाथ सुहृद्दिदृक्षया" इति । अत्र मधून् मथुरां वेति व्याख्याय तदानीं तन्मण्डले सुहृदो व्रजस्था एव प्रकटा इति

निपुण हूँ, अनायास उसे जीत लूँगा । सम्प्रति अवसर है, श्रीकृष्ण एकाकी है, यदुवीर गण कुशस्थली चले गये हैं । यह मानकर मथुरा में उपद्रव करना प्रारम्भ किया था ।

श्रीकृष्ण—अनिष्ट दर्शन कर द्वारका प्रस्थान कर शाल्व एवं सौभ को संहार किये थे । देवर्षिके मुख से दन्त वक्रने सुना कि—श्रीकृष्ण द्वारका गये हैं । दन्त वक्र भी युद्ध करने के निमित्त मथुरा से द्वारका चला गया । देवर्षि नारद ने श्रीकृष्ण को कहा कि—दन्त वक्र मथुरा में उपद्रव कर रहा है । श्रीकृष्ण, रथारोहण पूर्वक मथुरा गमन करने पर मथुरा द्वार में दन्तवक्र के सहित मिलन हुआ । वह स्थान अद्यापि 'दतिहा' नाम से प्रसिद्ध है । वह द्वारका दिक् में अवस्थित है ।

यहाँ संशय हो सकता है कि—श्रीनारद का द्वारका से मथुरा, एवं मथुरा से द्वारका जाना कैसे सम्भव है, जिस से श्रीकृष्ण का मथुरा आगमन एवं दन्तवक्रका मथुरा से द्वारका गमनारम्भ सम्भव हुआ ? श्रीनारद एवं भगवद्रथका मनोमयत्व हेतु सब सम्भव हैं, अर्थात् सङ्कल्प मात्रसे ही यह सब सम्पन्न होते हैं । इस प्रकार दन्तवक्र बध के सम्बन्ध में श्रीमद् भागवत के सहित पाद्मोत्तर खण्डका विरोध नहीं है । सुतरां कल्पभेदीय वर्णना मानकर समाधान करना निरर्थक है, एक कल्प लीला में ही सु समाधान होता है । कारण,—श्रीमद् भागवत वर्णित शाल्ववध वृत्तान्त मनोमय गतिशाली श्रीनारद के मुख से तत् क्षणात् दन्त वक्र सुना था, यह प्रतिपन्न होता है, दन्तवक्र बध सम्बन्ध में पाद्मोत्तर खण्ड के सहित श्रीमद् भागवत का जिस प्रकार मतद्वैध नहीं है, उस प्रकार श्रीकृष्ण का व्रजगमन प्रसङ्ग भी श्रीमद् भागवत सम्मत है । उस का प्रमाण—भा० १०।३९।३५ में है—

"तास्तथा तप्यतीर्वीक्ष्य स्वप्रस्थाने यदूत्तमः ।
सान्त्वयामास सप्रेमैरायास्य इति दौत्यकैः ॥"

यदूत्तम श्रीकृष्ण—निज मथुरा प्रस्थान से व्रजसुन्दरीगण को सन्तापित देखकर 'मैं आऊँगा" सप्रेम दौत्य के द्वारा बारम्बार इस प्रकार संवाद प्रेरण पूर्वक सान्त्वना प्रदान किये थे ।

भा० १०।४५।२३ में उक्त है—

"यात यूयं व्रजं तात वयञ्च स्नेहदुःखितान् ।
ज्ञातीन् वो द्रष्टुमेष्यामो विधाय सुहृदां सुखम् ॥"

श्रीकृष्ण, व्रजराज को कहे थे,—"हे तात ! आप सब सम्प्रति व्रज गमन करें । हम सुहृद गण को सुखी करके स्नेह दुःखित ज्ञाति स्वरूप आप सब को देखने के निमित्त आयेंगे । भा० १०।४६।३५-३४—

तैरप्यभिमतम् । (भा० १०।५०।५१) "तत्र योगप्रभावेन नीत्वा सर्व्वजनं हरिः" इत्यत्र सर्व्व-शब्दात् (भा० १०।६५।१)—

"बलभद्रः कुरुश्रेष्ठ भगवान् रथमास्थितः ।
सुहृद्दिदृक्षुरुत्कण्ठः प्रययौ नन्दगोकुलम् ।।"४६५।।

इत्यत्र प्रसिद्धत्वात् ।। द्वारकावासिनः श्रीभगवन्तम् ।।

१७५। तदेतदागमनं दन्तवक्रबधानन्तरमेव श्रीभागवत-सम्मतम्, यतः (भा० १०।४५।२३) "ज्ञातीन् वो द्रष्टुमेष्यामो विधाय सुहृदां सुखम्" इति कंसबधान्ते(भा० १०।८२।४१)—

में श्रीउद्धव ने श्रीव्रजराज को कहा, "श्रीकृष्ण, रङ्गस्थल में समस्त सात्वतगण का शत्रु कंस को मारकर आप के निकट उपस्थित होकर जो कहे थे, उस को सत्य करेंगे।" "भगवान् श्रीकृष्ण,—अ दीर्घ काल के पश्चात् व्रजागमन करेंगे। एवं सात्वत पति श्रीकृष्ण आप सब को सुखी करेंगे।"

इस प्रकार श्रीकृष्ण के निज मुख से एवं भक्त मुख से बहुशः पुनर्वार व्रजागमन सङ्कल्प को व्यक्त किये थे,उसका अन्यथा नहीं हो सकता। कारण,—श्रुति-कहती है-ईश्वर सत्य सङ्कल्प हैं। भा० १०।३३।३१ में भी उक्त है—"ईश्वराणां वचः सत्यम्" ईश्वर गण के वाक्य सत्य होते हैं।

केवल युक्ति प्रतिभा के द्वारा श्रीकृष्ण का व्रजागमन स्थापन नहीं हो रहा है, अपितु—व्रजागमन वृत्तान्त सुस्पष्ट रूप से भा० १।११।९ में उक्त है—

"यर्ह्यम्बुजाक्षापससार भो भवान्, कुरून् मधून् वाथ सुहृद्दिदृक्षया" ।।

द्वारकावासिगण श्रीकृष्ण को कहे थे,—"हे कमल नयन! जब आप सुहृद् दर्शन करने के निमित्त 'कुरु—एवं मधु' गमन करते हैं।" उक्त श्लोकस्थ मधून् शब्द से मथुरा अर्थ करने पर तदानीं मथुरा मण्डल में सुहृद् व्रजवासिगण ही प्रकट रूप में विद्यमान थे। श्रीधर स्वामिपाद का यह अभिमत है। कारण,—भा० १०।५०।५७ में वर्णित है—

"तत्र योग प्रभावेण नीत्वा सर्वजनं हरिः" यहाँ सर्व सब्द का प्रयोग है, मथुरा निवासी सब को श्रीहरि योग प्रभाव से द्वारका ले गये थे" इस से बोध होता है,—उस समय मथुरा वासी कोई नहीं थे। व्रजवासिगण—मथुरा मण्डल में निवास कर रहे थे।

भा० १०।६५।१ में द्वारकावासिगण की उक्ति-से-प्रमाणित है कि श्रीकृष्ण पुनर्वार व्रज में आये थे।

"बलभद्रः कुरुश्रेष्ठ भगवान् रथमास्थितः ।
सुहृद्दिदृक्षुरुत्कण्ठः प्रययौ नन्दगोकुलम् ।।"

'हे कुरुश्रेष्ठ! भगवान् बलभद्र—उत्कण्ठित होकर सुहृत् गण को देखने के निमित्त नन्द गोकुल को रथ से गये थे।" यहाँ पर पुनर्व्रजागमन वृत्तान्त सु प्रसिद्ध है।

द्वारका वासिगण श्रीभगवान् को कहे थे। (१७४)

द्वारका वासिगण के वचनानुसार दन्तवक्र बध के अनन्तर श्रीकृष्ण का पुनर्वार व्रजागमन हुआ था, यह श्रीमद् भागवत सम्मत है। भा० १०।४५।२३ में उक्त है—"ज्ञातीन् वो द्रष्टुमेष्यामो विधाय सुहृदां सुखम्" कारण,—कंस बध के बाद श्रीकृष्ण ने कहा "सुहृद् गण को सुखी करने के निमित्त आप सब ज्ञाति वर्ग को देखने के निमित्त आऊँगा।"

कुरुक्षेत्र यात्रा में कहे थे—(भा० १०।८२।४१)

"अपि स्मरथ नः सख्यः स्वानामर्थचिकीर्षया ।
गतांश्चिरायितान् शत्रुपक्ष-क्षपणचेतसः ॥"४८६॥

इति कुरुक्षेत्रयात्रायाञ्च श्रीभगवद्वाक्येन तदनागमने दन्तवक्रबधान्तं तच्छत्रुपक्षक्षपण-लक्षणं सुखदानमेवापेक्षितमासीत् । तदेवं मासद्वयं प्रकटं क्रीड़ित्वा श्रीकृष्णोऽपि तानात्म-विरहार्त्तिभयपीड़ितानवधाय पुनरेवं माभूदिति भूभारहरणादिप्रयोजनरूपेण निज प्रयजन-सङ्गमान्तरायेण सम्बलितप्रायां प्रकटलीलां तल्लीलावहिरङ्गणापरेण जनेन दुर्व्वेद्यतया तदन्तराय सम्भावनालेशरहितया तया निजसन्ततात्रकटलीलयैकीकृत्य पूर्व्वोक्ताप्रकटलीलावकाशरूपं श्रीवृन्दावनस्यैव प्रकाशविशेषं तेभ्यः (भा० १०।२८।१८) "कृष्णञ्च तत्र छन्दोभिः स्तूयमानम्" इत्याद्युक्तदिशा स्वेन नाथेन सनाथं श्रीगोलोकाख्यं पदमाविर्भावयामास, एकेन प्रकाशेन द्वारवतीञ्च जगामेति । तथा पाद्मोत्तरखण्ड एव तदनन्तरं गद्यम्—"अथ तत्रस्था नन्दादयः

"हे सखी गण ! यादवों को सुखी करने के निमित्त शत्रु विनाश कार्य्य में आसक्त होना पड़ा, उस से आज कल कर व्रजागमन में विलम्ब हो गया । उस से अप्रसन्नता कर कार्य्य हुआ है, अपराधी जनका क्या स्मरण योग्य न होने पर भी निज गुण से स्मरण करते रहते हो ?" भा० १०।८२।४१ में श्रीभगवद् वाक्यानुसार बोध होता है कि— कुरुक्षेत्र यात्रा के समय पर्य्यन्त पुनर्व्रजागमन नहीं हुआ था । उस समय भी दन्तवक्र बध पर्य्यन्त शत्रु पक्ष विनाश रूप बन्धु वर्ग को सुख प्रदान करना अपेक्षित था । दन्तवक्र बध के पश्चात् वह अवसर आया, अन्तराय समूह विदूरित होने पर व्रजागमन हुआ था । कारण श्रीकृष्ण अक्रूर एवं कुब्जा के घर में जायेंगे" कहे थे । कंस को बध करने के पश्चात् उक्त प्रतिज्ञा पालन करना सम्भव होने पर क्या व्रजागमन प्रतिज्ञा पालन में आप असमर्थ होंगे ? ।

अप्रकट प्रकाश में प्रवेश—व्रजागमन पूर्वक मासद्वय प्रकट विहार करने पर भी व्रजवासिगण को विरहार्त्ति भय से प्रपीड़ित देखकर पुनर्वार विच्छेद की सम्भावना नहीं, तज्जन्य उन सब के निकट श्रीगोकुलाख्य निजपद श्रीवृन्दावन का अप्रकट प्रकाश का आविर्भाव किये थे । कारण प्रकट लीला प्रायशः निजप्रियजन के सहित मिलन का अन्तरायस्वरूप है, प्रकट लीला में भूभार हरणादि प्रयोजन रहता है, अप्रकट लीला, किन्तु वहिरङ्ग जनगण के पक्ष में अज्ञेय है, अतः अप्रकट लीला में उक्त अन्तराय की सम्भावना है ही नहीं । एतज्जन्य ही निज प्रकट लीला को निज नित्य अप्रकट लीला के सहित एकीभूत किये थे । एवं पूर्वोक्त अप्रकट लीला का अवकाश (स्थितिस्थान) रूप श्रीवृन्दावन का प्रकाश विशेष का आविष्कार किये थे । अर्थात् भा० १०।२८।१८के वर्णनानुसार स्वरूप वैभव विमण्डित गोकुल नामक स्थान जो श्रीकृष्ण का निजस्थान है, श्रीगोकुल वासि गण के निकट प्रकाश किये थे ।

अनन्तर श्रीकृष्ण, स्वयं व्रजवासि वृन्द के सहित श्रीवृन्दावन में निवास करने लगे थे, अपर एक प्रकाश से द्वारका गमन किये थे ।

पद्म पुराण के उत्तर खण्ड में पूर्वोक्त व्रजागमन प्रसङ्ग के पश्चात् तद्रूप वर्णन है । वह गद्य यह है,-

अनन्तर उक्त स्थानस्थित नन्दादि सर्वजन पुत्र दार सहित, एवं पशु पक्षी मृग प्रभृति, वासुदेव प्रसाद से दिव्य रूप धारण कर विमानारोहण पूर्वक परम वैकुण्ठ लोक प्राप्त किये थे । नन्दादि व्रजवासि समूह को विरह व्याधि रहित निज स्थान प्रदान पूर्वक स्वर्ग में देवगण कर्त्तृक स्तूयमान श्रीकृष्ण द्वारका में प्रविष्ट हुये थे ।

सर्व्वे जनाः पुत्रदारसहिताः पशुपक्षिमृगादयश्च वासुदेव-प्रसादेन दिव्यरूपधरा विमानारूढ़ाः परमं वैकुण्ठलोकमवापुरिति । कृष्णस्तु नन्दगोपव्रजौकसां सर्व्वेषां परमं निरामयं स्वपदं दत्त्वा दिवि देवगणैः संस्तूयमानो द्वारवतीं विवेश" इति च । इत्थं माथुरहरिवंशेऽपि प्रसिद्धिरस्तीति श्रूयते । अत्र 'नन्दादयः पुत्रदारसहिताः' इत्यनेन पुत्राः श्रीकृष्णादयः, दाराः श्रीयशोदादय इति लब्धे पुत्रादिरूपैरेव श्रीकृष्णादिभिः सह तत्प्राप्तेः कथनात् प्रकाशान्तरेण तत्र तेषां स्थितिश्च तैरपि नावगतेति लभ्यते । 'वासुदेवप्रसादेन' इति वसुदेवादागतस्य तस्याकस्मादागमनरूपेण परमप्रसादेन दिव्यरूपधरा तदानन्दोत्फुल्लतया पूर्व्वतोऽप्याश्चर्य्य-रूपाविर्भावं गता इत्यर्थः । 'विमानमारूढ़ाः' इति गोलोकस्यसर्व्वोपरिस्थितिदृष्ट्यपेक्षया, वस्तुतस्त्वयमभिसन्धिः । 'कृष्णोऽपि तं हत्वा यमुनामुत्तीर्य्य' इति गद्यानुसारेण यमुनाया

इस प्रकार माथुर हरिवंश में भी प्रसिद्ध है, यहाँपर 'नन्दादि पुत्रदार सहिताः" पद का प्रयोग है। यहाँ पुत्र शब्द से श्रीकृष्ण प्रभृति को जानना होगा। अर्थात् नन्दादि शब्द से तत् भ्रातृ वर्ग एवं तत्तुल्य गोपवर्ग हैं, श्रीकृष्ण प्रभृति शब्द से श्रीकृष्ण, एवं तदीय पितृव्य पुत्र, तथा अन्यान्य गोप कुमार को जानना होगा। दारा—श्रीयशोदा प्रभृति। ऐसा होने पर पुत्रादि रूप श्रीकृष्ण के सहित परम वैकुण्ठ लोक—श्रीवृन्दावन का अप्रकट प्रकाश—प्राप्ति कथन हेतु, उसके पहले भी प्रकाशान्तर में उन सब की वहाँपर स्थिति, श्रीनन्दादि अवगत नहीं थे। इस प्रकार बोध होता है। वासुदेव प्रसादेन—श्रीकृष्ण का अकस्मात् आगमनरूप परम प्रसाद से, दिव्य रूप धारण—श्रीकृष्ण सङ्गलाभ से आनन्दोत्फुल्लता हेतु—पूर्व से भी आश्चर्य्य रूप से आविर्भाव की प्राप्ति हुई। "विमानारूढ़ाः" रथ में आरोहणकर गोलोक की सर्वोपरि स्थिति की अपेक्षा से ही कहा गया है। अर्थात् गोलोक सर्वोपरि विराजमान है, वहाँ गमन हेतु रथारोहण की आवश्यकता है, तज्जन्य रथारोहण की कथा वर्णित है।

वस्तुतः पाद्मोत्तर खण्ड के स्थल विशेष की अभिसन्धि इस प्रकार है,—"कृष्ण भी दन्तवक्र को बध कर यमुना पार होकर' इत्यादि गद्य के अनुसार यमुना के उत्तरतीर में ही व्रज—गोष्ठ गोपावास रूप व्रज की स्थिति सुस्पष्ट है।

व्रजवासिगण—कृष्ण शून्य वृन्दावन दर्शन में अक्षम होकर वृन्दावन परित्याग पूर्वक यमुना के उत्तर तीर में निवास किये थे। तज्जन्य व्रज की स्थिति वहाँपर कही गई है। यह विवरण कुरुक्षेत्र यात्रा के पश्चात्वर्त्ती है। विमान शिरोमणि--निज रथके द्वारा दक्षिण तीर में गमन पूर्वक—श्रीवृन्दावन में ही इतः प्राक् प्रदर्शित गोलोक रूप श्रीवृन्दावन के प्रकाश विशेष में ले जाने को ही वैकुण्ठ प्राप्ति कहते हैं। "अक्केचेन्मधुविन्देत किमर्थं पर्वतं व्रजेत्" इस नियम से उस प्रकार अर्थ समीचीन है, समीपार्थ वाची अव्यय अक्क शब्द है। अर्थात् वृन्दावन स्थित वृन्दावन का अप्रकट प्रकाश में जाना ही यदि परम वैकुण्ठ-गोलोक प्राप्ति सिद्ध है, तब सर्वोर्द्धस्थान में जाकर गोलोक प्राप्ति के निमित्त अभ्यास करने की आवश्यकता क्या है। भा० १०।२८।१४ में "नवेद स्वांगति भ्रमन्" इस प्रकार कहने के समय यह लोक ही व्रजवासि गण की एकमात्र गति है" इसकी चिन्ता श्रीकृष्ण ने की। अर्थात् प्रकट लीला का अवसान होने पर श्रीवृन्दावन का अप्रकट प्रकाश में व्रजपरिकरके सहित विहार करेंगे, इसको सुव्यक्त किये थे श्रीमद्भागवत के १०।२८।१४ में। गोलोक प्रदर्शन लीलाके समय ही श्रीकृष्ण का सङ्कल्प था। सुतरां वृन्दावन में निगूढ़ प्रवेश ही समीचीन है। यहाँपर वृन्दावन में नित्य लीला विषयक वाक्य समूह प्रमाण हैं। इस प्रकार

उत्तरपार एव व्रजावासस्तदानीमित्यवगम्यते, स च तेषां वृन्दावनदर्शनाक्षमतयैव, तत्-परित्यागेन तत्र गतत्वात् । ततश्च विमानशिरोमणिना स्वेनैव रथेन पुनस्तस्या दक्षिणपार-प्रापणपूर्व्वकं श्रीमद्गोपेभ्यः श्रीवृन्दावन एव पूर्व्वं गोलोकतया दर्शिते तत्प्रकाशविशेष एव निगूढ़ निवेशनं वैकुण्ठावाप्तिरिति, "अवके चेन्मधु विन्देत किमर्थं पर्व्वतं" व्रजेत्" इति न्यायात्, समीपार्थेऽव्ययमवके-शब्दः । (भा० १०।२८।१४) "न वेद स्वां गतिं भ्रमन्" इति वदता श्रीभगवता तेषां गतित्वेनापि विभावितोऽसौ । तस्माद्वृन्दावने निगूढ़प्रवेश एव समञ्जसः । अत्र वृन्दावननित्यलीलावाक्यवृन्दञ्चादिव स्यादिति प्रमाणम् । एवमेव श्रीगर्गवाक्यं कृतार्थं स्यात्, (भा० १०।८।१६)—

"एष वः श्रेय आधास्यद्गोपगोकुलनन्दनः ।
अनेन सर्व्वदुर्गाणि यूयमञ्जस्तरिष्यथ ॥" ४६७॥ इति ।

अथ गद्यान्ते 'द्वारवतीं विवेश' इति च शाल्वबधार्थं निर्गतैः श्रीभगवत्प्रत्यागमनं प्रतीक्ष्यमाणै र्यादवैः सहैवेति श्रीभागवतवदेव लभ्यते, तं विना स्वयं गृहप्रवेशानौचित्यात्, (भा० १०।१४।४३) 'क्षणार्द्धं मेनिरेऽर्भकाः' इत्यादिवदल्पकालभावनाच्च । तदेवं पुनः श्रीगोकुलागमनाभिप्रायेणैव श्रीवृन्दावननाथोपासनामन्त्रे निहत-कंसत्वेन तद्विशेषणं दत्तम् ।

(भा० १०।८।१६) एष वः श्रेय आधास्यद् गोप गोकुलनन्दनः ।
अनेन सर्व दुर्गाणि यूय मञ्जतरिष्यथ ॥"

वैष्णव तोषणी—गोपान् गोकुल शब्देन तत्रत्यांश्च सर्वानेव नन्दयति हर्षयतीति तथा स इति तस्य स्वभाव उक्तः । शीलार्थे प्रत्ययात् । कर्मणापि वो युष्माकं वृज जनानां सर्वेषामेव श्रेय ऐहिकामुष्मिक मङ्गल माधास्यति । तथा अनेन कृष्णेन हेतुना सर्वाणि दुर्गाणि कंसाद्युपद्रवान् अञ्जोऽनायासेन तरिष्यथ ।

बालक श्रीकृष्ण—गोप एवं गोकुलस्थ जन समूह को आनन्दित करेगा, कारण—श्रीकृष्ण का स्वभाव ही उस प्रकार है, कर्माचरण के द्वारा भी वृजवासियों का ऐहिकामुष्मिक मङ्गल विधान करेगा । आप सब इस बालक का प्रभाव से ही कंसादि के उपद्रवों से सुख पूर्वक मुक्त हो जायेंगे ।

पद्मपुराण के गद्यान्त में वर्णित है—"द्वारवतीं विवेशः" देवगण कर्त्तृक स्तूयमान श्रीकृष्ण द्वारका में प्रविष्ट हुये थे । इस से प्रतीत होता है कि—शाल्व बधार्थ निर्गत श्रीभगवत् प्रत्यागमन प्रतीक्ष्यमाण यादवगण के सहित ही श्रीकृष्ण, द्वारका में प्रविष्ट हुये थे । यह वर्णन श्रीमद् भागवतीय दन्तवक्र बधान्त में द्वारका प्रवेश वर्णन का अनुरूप है । श्रीकृष्ण को छोड़कर परिकर वर्ग का गृह प्रवेश अनुचित है, तज्जन्य श्रीकृष्ण की अपेक्षा यादवगण कर रहे थे । अथवा भा० १०।१४।४३ में वर्णित "क्षणार्द्धं मेनिरे अर्भकाः" ब्रह्माकी माया शयन में शायित गोपबालकगण, एक वत्सर काल को क्षणार्द्धकालवत् माने थे, उस प्रकार शाल्व बधार्थ निष्क्रान्त श्रीकृष्ण मासद्वय के पश्चात् प्रत्यागमन करने पर भी उक्त समय को अत्यल्प काल यादवगण माने थे । सुतरां यादव गण के सहित पुर प्रवेश श्रीकृष्ण का असङ्गत नहीं है ।

श्रीकृष्ण का पुनरागमन गोकुल में हुआ था, इस अभिप्राय से ही श्रीवृन्दावन नाथोपासनामन्त्र में कंसान्तकारी' विशेषण श्रीकृष्ण शब्दमें प्रदत्त हुआ है । बौधायनकी उक्ति में है—"गोविन्दं मनसा ध्यायेद् गवांमध्ये स्थितं शुभम्" "धेनुवृन्द के मध्य में अवस्थित शुभ स्वरूप श्रीगोविन्द का ध्यान मनसा करें" ।

यथा बौधायनोक्ते—"गोविन्दं मनसा ध्यायेद्गवां मध्ये स्थितं शुभम्" इति ध्यानानन्तरम्, "गोविन्द गोपीजनवल्लभेश, कंसासुरघ्न त्रिदशेन्द्रवन्द्य" इत्यादि। अन्यत्र च तत्र—"गोविन्द गोपीजनवल्लभेश, विध्वस्तकंस" इत्यादि। एवमेव गौतमीये श्रीमद्दशाक्षरोपासनायां वैश्य-विशेषगोपाललीलाय तस्मै यज्ञसूत्रसमर्पणं विहितम्,—"यज्ञसूत्रं ततो दद्यादथवा स्वर्ण-निर्म्मितम्" इति। इत्थमेव पुनः प्राप्त्यभिप्रायेणोक्तम् (भा० १०।४७।३६)—"अनुस्मरन्त्यो मां नित्यमचिरान्मामुपैष्यथ" इति (भा० १०।८२।४४) "दिष्ट्या यदासीन्मत्स्नेहो भवतीनां मदापनः" इति; (भा० १०।८३।१) "अथानुगृह्य भगवान् गोपीनां स गुरुर्गतिः" इति च। तथैव, (भा० ११।१२।८) "केवलेन हि भावेन" इत्यादिपद्यद्वय-कृतेन साधकचरीणां श्रीगोपीनां

अनन्तर होमानुष्ठान गोविन्द प्रीत्यर्थ करे। इत्यादि वाक्य के पश्चात् उक्त है—हे गोविन्द! हे गोपीजन वल्लभेश। कंसासुरघ्न! त्रिदशेन्द्रवन्द्य! इत्यादि। अन्यत्र भी वर्णित है,—'हे गोविन्द! हे गोपीजन वल्लभ! हे ईश! हे विध्वंस कंस! इत्यादि।

इस प्रकार ही गौतमीयतन्त्र में श्रीमद् दशाक्षरोपासना में वैश्य विशेष गोलोक लीला कृष्ण के प्रति यज्ञ सूत्र समर्पण भी विहित है।। "यज्ञसूत्रं ततोदद्यादथवा स्वर्ण निर्मितम् इति,।

इस प्रकार पुनः प्राप्ति के अभिप्रायानुसार ही श्रीकृष्ण ने भा० १०।४३।३६ में कहा है—"अनुस्मरन्त्यो मां नित्यमचिरान् मामुपैष्यथ" "निरन्तर स्मरण कारिणी तुम सब हो, अतः मुझ को सत्वर प्राप्त करोगी" भा० १०।८२।४४ "दिष्ट्या यदासीन्मत्स्नेहो भवतीनां मदापनः" सौभाग्य की बात यह है कि मेरे प्रति तुम सब का जो स्नेह है, वह स्नेह ही मेरी प्राप्ति का साधक है।"

भा० १०।८३।१ में श्रीशुकदेवने भी कहा—

> "अथानुगृह्य भगवान् गोपीनां स गुरुर्गतिः।
> युधिष्ठिरमथापृच्छत् सर्वांश्च सुहृदोऽव्ययः।।"

अनन्तर गोपीगण के गति एवं गुरु भगवान् अव्यय श्रीकृष्ण,—उन सब के प्रति अनुग्रह करके युधिष्ठिर एवं सकल सुहृद् गण को कुशल वार्त्ता पूछे थे।" श्लोकस्थ 'गति' पदका अर्थ—नित्य—प्राप्य है। उस प्रकार ही—भा० ११।१२।८-९ में उक्त है—

> "केवलेन हि भावेन गोप्यो गावो नगा मृगाः।
> येऽन्ये मूढ़धियो नागाः सिद्धा मामीयुरञ्जसा।
> यं न योगेन साङ्ख्येन दान व्रत तपोऽध्वरैः।
> व्याख्या स्वाध्याय सन्न्यासैः प्राप्नुयाद् यत्नवानपि।"

टीका—'तत्र वृत्रादीनां भवतु नाम कथञ्चित् साधनान्तरं गोपी प्रभृतिनान्तु नान्यदस्तीत्याह केवलेनेति। सत्सङ्ग लब्धेन केवलेनैव भावेन प्रीत्या। अगाः यमलार्ज्जुनादयः, नागाः—कालियादयः। यद्वा—तदानीन्तनानां सर्वतरु गुल्मलतादीनामपि भगवति भावोऽस्तीति गम्यते। तदुक्तं भगवतैव। अहो अमी देववरामरार्च्चितं पादाम्बुजं ते सुमनः फलार्हणम्। नमन्त्युपादाय शिखाभिरात्मन स्तमोपहत्यै तरुजन्म यत् कृतमित्यादि। सिद्धाः कृतार्थाः सन्त ईयुः प्रापुः।"८।

"स्व प्राप्तेर्दुर्लभतामाह—यमिति। योगादिभिः कृत प्रयत्नोऽपि यं न प्राप्नुयात् तं मामीयुरिति पूर्वेणान्वयः। अत्र च प्रथम या गोप्यः पश्चादयो वा श्रीकृष्णेन सह सङ्गतास्ते सन्तस्तत् सङ्गोऽन्येषां

प्रथम-तत्प्राप्ति प्रस्तावेन नित्यप्रेयसीनामपि तन्महावियोगानन्तरप्राप्तिं तस्य वियोगस्यातीतत्वनिर्द्देशाद्द्रढ़यति द्वाभ्याम् (भा० ११।१२।१०--११)—

(१७५) "रामेण सार्द्धं मथुरां प्रणीते, श्वाफल्किना मय्यनुरक्तचित्ताः।
विगाढ़भावेन न मे वियोग,--तीव्राधयोऽन्यं ददृशुः सुखाय ॥४६८॥

तास्ताः क्षपाः प्रेष्ठतमेन नीता, मयैव वृन्दावनगोचरेण।
क्षणार्द्धवत्ताः पुनरङ्ग तासां, हीना मया कल्पसमा बभुवुः ॥" ४६६॥

अत्र विगाढ़भावेन वियोगतीव्राधयः सत्यो मत्तोऽन्यं निजसख्यादिकमपि न सुखाय ददृशुः। ततश्चाधुना तु सुखाय पश्यन्तीति वियोगो नास्तीत्यर्थः। एवं तास्ताः क्षपा मया

सत्सङ्गस्तेन च तेषां भक्तिरिति ज्ञातव्यम्।"६

श्रीकृष्ण उद्धव को कहे थे,—योग,सांख्य, दान, व्रत, तपः यज्ञ, शास्त्र व्याख्या, वेदपाठ एवं सन्यास द्वारा अति यत्नवान् व्यक्ति भी मुझ को प्राप्त कर नहीं सकते हैं। केवल भक्ति के द्वारा गोपीगण गोगण, यमलार्ज्जुनादि वृक्षगण, मृगगण, कालीय प्रभृति नागगण एवं अन्यान्य मूढ़ बुद्धि व्यक्तिगण मुझ को अनायास प्राप्त किये हैं।

उक्त श्लोक द्वय में साधकचरी गोपीगण की श्रीकृष्ण प्राप्ति का प्रस्ताव होने से नित्य प्रेयसीगण की भी श्रीकृष्ण प्राप्ति तदीय विच्छेद के पश्चात हुई है, यह प्रतीति होता है। उक्त तीव्र विच्छेद को अतीत कालीनत्व निर्देश करके दृढ़ता के सहित श्लोक द्वय कहे थे—(भा० ११।१२।१०—११)

"रामेण सार्द्धं मथुरां प्रणीते, श्वाफल्किना मय्यनुरक्तचित्ताः।
विगाढ़ भावेन न मे वियोग, तीव्राधयोऽन्यं ददृशुः सुखाय।"
तास्ताः क्षपा, प्रेष्ठतमेन नीता, मयैव वृन्दावन गोचरेण।
क्षणार्द्धवत्ताः पुनरङ्ग तासां, हीना मया कल्पसमा बभूवुः।"

"जिस समय अक्रुर बलदेव के सहित मुझ को लेकर मथुरा आये थे, उस समय, अनुरक्तचित्त गोपीगण, प्रगाढ़ प्रेमवशतः तीव्र विच्छेद दुःख से कातर होकर अपर किसी वस्तु को भी सुख हेतु रूप में अनुभव नहीं किये। वृन्दावन में अवस्थान के समय प्रियतम मेरे सहित जो सब रजनी रासादि विचित्र विलास के सहित अति वाहित हुई थीं, वे सब रजनी क्षणार्द्ध तुल्य हुई थीं, किन्तु विच्छेद रजनी समूह कल्पसम हुई थीं।

यहाँपर प्रगाढ़ प्रेम वशतः तीव्र विच्छेद पीड़ासे कातर होकर व्रज देवी वृन्दने मुझ कृष्ण को छोड़कर सखीगण को भी सुख हेतु रूप में अनुभव नहीं किया। अनन्तर सम्प्रति सुख हेतु रूप से देखा है। इस प्रकार अर्थ करना होगा। कारण,—सम्प्रति वियोग नहीं है।

श्रीउद्धव के निकट कथन समय में यदि वियोग रहता तो "ददृशुः" नहीं देखा है, अतीत कालीन अधोक्षज लकार का प्रयोग नहीं होता, वर्त्तमान—'अच्युत' लकार का प्रयोग होता। इस रीति से ही जानना होगा कि मदीय विच्छेद युक्त रजनी समूह कल्पसम हुई थीं, सम्प्रति उस प्रकार नहीं है, सुतरां विच्छेद नहीं है। अन्यन्या—यहाँपर भी(बभूवुः) अतीत निर्देश न करके वर्त्तमान क्रिया का ही प्रयोग करते।

उसके पहले भा० १०।४६।५-६ में उद्धव के प्रति आपने कहा भी है—

हीनाः सत्यः कल्पसमा बभुवुः । अधुना तु तादृश्यो न भवन्तीति नास्त्येव वियोग इत्यर्थः ।

पूर्व्वं त्वेतमेवोद्धवं प्रति—(भा० १०।४६।५-६)

"मयि ताः प्रेयसां प्रेष्ठे दूरस्थे गोकुलस्त्रियः ।
स्मरन्त्योऽङ्ग विमुह्यन्ति विरहौत्कण्ठ्यविह्वलाः ॥५००॥
धारयन्त्यतिकृच्छ्रेण प्रायः प्राणान् कथञ्चन ।
प्रत्यागमनसन्देशैर्वल्लव्यो मे मदात्मिकाः ॥"५०१॥

इत्यत्र वर्त्तमानप्रयोग एव कृत इति सोऽयमर्थः स्पष्ट एव प्रतिपत्तव्यः ॥

१७६। ततश्च प्रकटाप्रकटलीलयोः पृथक्त्वा-प्रतिपत्त्यैवाप्रकटभावमापद्य स्वनाम-रूपयोरेव ताः स्थिता इत्याह भा० ११।१२।१२) —

(१७६) "ता नाविदन्मय्यनुषङ्गबद्ध,-धियः स्वमात्मानमदस्तथेदम् ।
यथा समाधौ मुनयोऽब्धितोये, नद्यः प्रविष्टा इव नाम-रूपे ।'५०२।

तास्तथाभूता विरहौत्कण्ठ्यातिशयेनाभिव्यक्त-दुर्धरमहाभावाः सत्यः, तथा (भा० १०।४६।३४)

"मयि ताः प्रेयसां प्रेष्ठे दूरस्थे गोकुलस्त्रियः ।
स्मरन्त्योऽङ्ग विमुह्यन्ति विरहौत्कण्ठ्य विह्वलाः ॥
धारयन्त्यति कृच्छ्रेण प्रायः प्राणान् कथञ्चन ।
प्रत्यागमन सन्देशैं वल्लव्यो मे मदात्मिकाः ॥

टीका—तासां वियोगाधिं दर्शयति द्वयेन, मयिता इति । वियोगेन यदौत्कण्ठ्यं तेन विह्वलाः परवशाः ।५। गोकुलान्निर्गमनसमये शीघ्रमागमिष्यामीति ये प्रत्यागमनसन्देशास्तैः, मे मदीया वल्लव्यो गोप्यः मदात्मिका इति । तासामात्मा यदि स्वदेहे स्यात् तर्हि विरह तापेन दह्येतैव तस्य मयि वर्त्तमानत्वात् कथञ्चिज्जीवतीति भावः ॥

परम प्रियतम मैं दूर में अवस्थित होने से हे अङ्ग ! गोकुल स्त्रीगण विरहोत्कण्ठा से विह्वल होकर मुग्ध हो रही हैं, गोपीगण मदात्मिका हैं, अतः अति कष्ट से प्राणधारण कर रही हैं, कारण—गोकुल से निर्गत होने के समय मैंने कहा था,—'मैं सत्वर आऊँगा" इस प्रत्यागमन सन्देश से ही प्राण धारण कर रही हैं । उक्त वाक्य में "स्मरन्ति" विमुह्यन्ति "धारयन्ति" वर्त्तमान प्रयोग ही किया है। अतएव पुनरागमन अर्थ सुस्पष्ट ही है । (१७५)

अतएव प्रकट एवं अप्रकट लीलाद्वय की पृथक्त्व अप्रतिपत्ति हेतु,—अर्थात् प्रकट अप्रकट लीलाद्वय को पृथक् प्रमाणित करना असम्भव होने के कारण, अप्रकट भाव प्राप्ति पूर्वक निज निज नाम रूप में ही वे सब स्थित हैं । भा० ११।१२।१३ में उसका वर्णन करते हैं—

"नाविदन् मय्यनुषङ्ग बद्ध, धियः स्वमात्मानमदस्तथेदम् ।
यथा समाधौ मुनयोऽब्धितोये, नद्यः प्रविष्टा इव नामरूपे ॥"

समाधि के समय मुनिगण—जिस प्रकार नाम रूप को नहीं जानते हैं, उस प्रकार मुझ में आसक्त बुद्धि सम्पन्न गोपीगण, स्व, आत्मा, वह, नहीं जानती हैं । यद्रूप, समुद्र सलिल में नदी समूह प्रविष्ट होती हैं, तद्रूप, वे सब, नाम रूप में प्रायः प्रविष्टा हैं ।

"आगमिष्यत्यदीर्घेण कालेन व्रजमच्युतः" इति भगवदुक्तानुसारेण (भा० १।११।९) "यर्ह्यम्बुजाक्षापससार भो भवान्, कुरून्मधून् वा" इति द्वारकावासि-प्रजावचनानुसारेण च कदाचित्तासां दर्शनार्थं गते मयि लब्धो योऽनुषङ्गो महामोदन भावाभिव्यक्तिकारी पुनः संयोगस्तेन बद्धा धीर्यासां तथाभूताः सत्यः स्वं ममतास्पदमात्मानमहङ्कारास्पदञ्च अदोऽप्रकटलीलानुगतत्वेनाभिमतं वा तथेदं प्रकटलीलानुगतत्वेनाभिमतं वा यथा स्यात्तथा तदानीं नाविदन् किन्तु द्वयोरैक्येनैवाविदुरित्यर्थः। प्रकटाप्रकटतया भिन्नं प्रकाशद्वयमभिमानद्वयं लीलाद्वयञ्चाभेदेनैवाजानन्निति विवक्षितम्। ततश्च नाम च रूपञ्च तस्मिन् तत्तन्नामरूपात्मन्यप्रकटप्रकाश

श्लोक की व्याख्या इस प्रकार है—तादृश महाभाव जनित विरहोत्कण्ठा का आतिशय्य वशतः अभिव्यक्त महाभाव का वेग सम्वरण करना गोपीगण के पक्ष में अतीव कठिन था। कारण उसका स्वरूप यह है—"अनुरागः स्वसंवेद्यदशां प्राप्य प्रकाशितः। यावदाश्रयवृत्तिश्चेद्भाव इत्यभिधीयते" (उज्ज्वलनीलमणि) यदि अनुराग, यावदाश्रय वृत्ति होकर निजद्वारा सम्वेदन योग्य दशा प्राप्त होकर प्रकाशित होता है, तब उसको भाव कहा जाता है। स्थल विशेष में इस भाव ही महाभावशब्द से अभिहित होता है।

"मोहनः स द्वयोर्यत्र सात्त्विकोद्दीप्तसौष्ठवम्" (उज्ज्वल) जिस अधिरूढ़ महाभाव में नायक नायिका के सात्त्विक भाव समूह उदित होते हैं, उस को मोहन कहते हैं। मिलन दशा में मोदन का आविर्भाव होता है।

अनन्तर समय विशेष में अर्थात् (भा० १०।४६।३४) "आगमिष्यत्यदीर्घेण कालेन व्रजमच्युतः" अति सत्वर व्रज में अच्युत का आगमन होगा।" इस प्रकार भगवदुक्ति के अनुसार, (भा० १।११।९) 'यर्ह्यम्बुजाक्षापससार भो भवान्, कुरून् मधून् वा" "हे अरविन्दलोचन! जब आप सुहृद् वर्ग को देखने के निमित्त कुरुक्षेत्र एवं मथुरा जाते थे।" द्वारकावासि प्रजावृन्द के वचनानुसार कदाचित् उन सब को देखने के निमित्त जाते थे, उस समय जो अनुषङ्ग—महामोदन भाव का अभिव्यक्तिकारी पुनः संयोग हुआ था, उस से बद्ध बुद्धि जिनकी है, उस प्रकार होकर, स्व—ममतास्पद, आत्मा—अहङ्कारास्पद, 'वह' अप्रकट लीलानुगत रूप में सम्मत, तद्रूप 'यह' प्रकट लीलानुगत रूप में सम्मत जिस से होता है, उस प्रकार से बोध उन सब का नहीं था। किन्तु उभय का बोध अभिन्न रूप से हुआ था। प्रकट अप्रकट रूप पृथक् प्रकाशद्वय, पृथक् अभिमान द्वय, एवं पृथक् लीलाद्वय को वे सब अपृथक् रूपसे जान गई थी यह ही कहने का तात्पर्य्य है।

अनन्तर, नाम एवं रूप—उस में (नामरूप में) उस उस नामरूप विशिष्ट स्वरूप में—अप्रकट प्रकाश विशेष में प्रविष्ट प्राप्त हैं, किन्तु प्रविष्ट नहीं हैं। कारण,—उभय वस्तु—प्रकट लीला गत, एवं अप्रकट लीलागत—नामरूप—अभिन्न हैं, भिन्न वस्तु द्वय का ही एक में अपर का प्रवेश होता है। अप्रकट लीला में जो नित्य प्रेयसी हैं, प्रकट लीला में भी वे सब ही नित्य प्रेयसी हैं, सुतरां प्रकट लीलागत प्रेयसी गण का प्रवेश अप्रकट लीलागत प्रेयसी गण में होना सम्भव नहीं है। उभय ही एक हैं। लीला द्वय के ऐक्य के समय प्रतीत होता है मानों प्रकट लीलागत प्रेयसी वर्ग अप्रकट गत प्रेयसी वर्ग में अर्थात् उनके नाम रूप में प्रविष्ट हो गई हैं।

नामरूपे—(नाम च रूपञ्च, तस्मिन् इति नाम रूपे) नाम एवं रूप—उस में, समाहार द्वन्द्वसमास निष्पन्न पद नाम रूपे है।

विशेषे प्रविष्टा इव न तु प्रविष्टाः, वस्त्वभेदादित्यर्थः। नामरूप इति समाहारः। तत्र प्रकटाप्रकटलीलागतयोर्नामरूपयोरभेदे दृष्टान्तः—'यथा समाधौ मनयः इति। समाधिरत्र शुद्धजीवस्येति गम्यम्। तयोर्लीलयोर्भेदावेदने दृष्टान्तः—यथाब्धितोये नद्य इति। यथा नद्यः पृथिवीगतामब्धितोयगताञ्च स्वस्थितिं भेदेन न विन्दन्ति, किन्तूभयस्यामपि स्थितौ समुद्रतोयानुगतावेवाविशन्ति, तथा मदनुषङ्गे सति प्रकटामप्रकटाञ्च लीलास्थितिं ताश्च भेदेन न

दृष्टान्त वाक्य में मुनिगण की समाधि की कथा कही गई है। वह समाधि शुद्ध जीवकी है, अर्थात् निर्विकल्प समाधि है। अशुद्ध जीव की समाधि सविकल्प होती है, उक्त समाधि भङ्ग होने से वासना-विक्षेप उपस्थित होता है, एवं ध्यान, ध्येय, ध्याता की उपलब्धि होती है। तज्जन्य लीलाद्वयैक्य का दृष्टान्त वह नहीं हो सकती है। प्रकट अप्रकट रूप लीलाद्वय का अभेद ज्ञापन का दृष्टान्त,— समुद्र सलिल में जिस प्रकार नदी प्रविष्ट होती है।" नदी, जिस प्रकार पृथिवी गता एवं सागर सलिल गता निज स्थिति को पृथक् भाव से प्राप्त नहीं करती है, किन्तु उभय स्थान में स्थित होने पर भी समुद्र सलिल की अनुगति में प्रविष्ट होती है, उस प्रकार मेरा (श्रीकृष्ण का) अनुषङ्ग लाभ से व्रज सुन्दरी गण,— प्रकट अप्रकट लीलास्थिति को भिन्न रूप से नहीं जानती हैं, किन्तु मुझ में आविष्ट होती हैं।

दृष्टान्त एकदेश का बोधक होता है, सर्वांश का नहीं, अतः यह लीलाद्वय का अभेद वेदनांश में है, अर्थात् लीलाद्वय का भेद ज्ञान नहीं रहता है, उस अंश में दृष्टान्त है। सब विषय ही अज्ञात हैं, इस अंश में उक्त दृष्टान्त प्रयुक्त नहीं हुआ है। जिस प्रकार सुखोन्मत्त लोक की बहु नृत्यादि स्वच्छन्द चेष्टापरिलक्षित होती हैं, उस प्रकार पूर्णकाम श्रीभगवान् की विचित्र सृष्टि कार्य्य में किसी प्रकार फलाभिसन्धि नहीं है। केवललीलार्थ ही उनकी प्रवृत्ति होती है। वेदान्त सूत्र (१।१।३३)

'लोकवत्तु लीला कैवल्यम्" इसका दृष्टान्त है। जिस प्रकार लीलासुखमग्न श्रीभगवान् का अन्यानुसन्धान निषिद्ध होकर लीलावेश से ही सृष्ट्यादि विचित्र कार्य्य सम्पादन वर्णित है, उस प्रकार श्रीकृष्णाविष्टा व्रज सुन्दरी गण का भी अन्य लीला भेदादि अनुसन्धान राहित्य को जानना होगा। व्रज सुन्दरीगण,—श्रीकृष्णसङ्ग सुख में ही निमग्ना हैं। यह सिद्ध होने पर प्रकटा प्रकट उभय लीला में ही गोपी गण की श्रीकृष्ण प्राप्ति के निमित्त कारण एकमात्र भाव ही है। उस को दर्शाया गया है।

(ब्र० सू० २।१।३३) लोकवत्तु लीला कैवल्यम्" का गोविन्द भाष्य,-स्वार्था परार्था प्रवृत्ति लोक में विख्यात है, स्वार्था प्रवृत्ति पूर्णकाम भगवान् के पक्ष में सम्भव नहीं है, श्रुति विरुद्ध है। परार्था प्रवृत्ति भी नहीं हो सकती है, समर्थ व्यक्ति—परानुग्रह हेतु प्रवृत्त होते हैं, किन्तु जन्ममरणादि विविध यातना प्रदान हेतु प्रवृत्ति नहीं होती है। प्रयोजन के बिना प्रवृत्ति भी नहीं होती है, सर्वज्ञ श्रुति व्याघात दोष होगा। इस प्रकार कथन का समाधान हेतु कहते हैं, 'लोकवत्तु लीला कैवल्यम्" "शङ्काच्छेदाय 'तु' शब्दः, परि पूर्णस्यापि विचित्र सृष्टौ प्रवृत्ति र्लीलैव केवला, नतु फलानुसन्धि पूर्विका। अत्र दृष्टान्तः—लोकेति। षष्ठ्यन्ताद्वतिः। लोकस्य सुखोन्मत्तस्य यथा सुखोद्रेकात् फलनिरपेक्षा नृत्यादि लीला दृश्यते तथेश्वरस्य। तस्मात् स्वरूपानन्द स्वाभाविक्येव लीला। "देवस्यैव स्वभावोऽयं आप्तकामस्य कास्पृहेति" मण्डूक श्रुतेः। "सृष्ट्यादिकं हरि नैव प्रयोजनमपेक्ष्य तु। कुरुते केवलानन्दात् यथा मत्तस्य नर्त्तनम्। पूर्णानन्दस्य तस्येह प्रयोजनमतिः कुतः मुक्ता अप्याप्तकामाः स्युः किमु तस्याखिलात्मनः।" इति स्मरणाच्च। न चात्र दृष्टान्तेनासार्वज्ञं प्रसक्तम्। विना फलानुसन्धिमानन्दोद्रेकेण लीलायत इत्येतावत् स्वीकारात्। उच्छ्वास प्रश्वास दृष्टान्तेऽपि सुषुप्त्यादौ तदापत्तेः। राज दृष्टान्तस्तु तत्तत् क्रीड़ा सम्भूतस्य सुखस्य

विदुः, किन्तु मय्येवाविविशुरित्यर्थः। दृष्टान्तस्त्वयं लीलाभेदावेदनांश एव, न तु सर्व्वावेदनांशे, (ब्र० सं० २।१।३३) "लोकवत्तु लीलाकैवल्यम्" इतिवत्। तदेवं प्रकटाप्रकटलीलयोर्द्वयोरपि तासां स्वप्राप्तौ भाव एव कारणं दर्शितम्॥

१७७। ततश्चाप्रकटलीलायां प्रविष्टा अपि यद्विशेषणाधिक्येन तं प्रापुस्तद्दर्शयन्नप्यनुवदति। (भा० ११।१२।१३)—

(१७७) "मत्कामा रमणं जारमस्वरूपविदोऽबलाः।
ब्रह्म मां परमं प्रापुः सङ्गाच्छतसहस्रशः॥" ५०३॥

अयमर्थः—यथा "भीष्ममुदारं दर्शनीयं कटं करोति" इत्यत्र क्रिया खलु विशेष्यस्य कृतिं प्रत्याययन्ती विशेषणानामपि प्रत्याययति। कटं करोति तञ्च भीष्ममित्यादि-रीत्या, तथात्रापि

फलत्वाञ्चोपात्तः॥ ३३॥

लौकिक व्यक्ति के समान सृष्ट्यर्थ ब्रह्म की प्रवृत्ति लीलार्थ कहनी होगी। शङ्कानिरासार्थ सूत्रस्थ 'तु' शब्द है। परिपूर्ण ब्रह्म की सृष्ट्यर्थ प्रवृत्ति केवल लीलार्थ है, वह प्रवृत्ति फलानुसन्धान पूर्वका नहीं है, इस में दृष्टान्त—सुखोन्मत्तव्यक्ति सुखोद्रेक के कारण—फलानुसन्धान विरत होकर नृत्यादि करता है, उस प्रकार परमेश्वर भी लीलार्थ सृष्ट्यादि करते हैं, अतएव उनकी यह लीला स्वरूपानन्दमयी स्वाभाविकी है। माण्डूक्य श्रुति में उक्त है—"परमेश्वर की लीला समूह स्वाभाविकी हैं। आप्त काम की स्पृहा नहीं होती है। स्मृति में वर्णित है—

"जिस प्रकार मनुष्य आनन्दाधिक्य से नृत्य करता है, परमेश्वर भी उस प्रकार लीला करते हैं। जब ईश्वर,—पूर्णानन्द हैं, तब उनका प्रयोजन ही क्या है? मुक्त व्यक्तिगण ही आप्तकाम होते हैं, अखिलात्मा परमेश्वर सुतरां निस्पृह हैं। मत्तता दृष्टान्त से ईश्वर में असार्वज्ञ्य दोष नहीं होगा। फलानु सन्धान के बिना केवल आनन्दोद्रेक से कार्य्य करने पर उक्त दोष नहीं होगा। उच्छ्वास प्रश्वास दृष्टान्त प्रयुक्त नहीं होगा, कारण—उस में ज्ञानाभाव है, राज दृष्टान्त भी त्याज्य है, कारण—उस में सुख का फलत्व है। ३३। (१७६)

धाम, परिकर, स्वरूप, नाम, एवं भाव की एकता के कारण—प्रकट लीला के अवसान में लीलाद्वय का ऐक्य सुप्रसिद्ध है। उक्त अप्रकट लीला में प्रविष्ट गोपी गण ने जिस प्रकार विशेषण आधिक्य से श्रीकृष्ण को प्राप्त किया था, उस को दर्शाने के निमित्त श्रीकृष्ण प्राप्ति प्रसङ्ग का उत्थापन करते हैं। भा० ११।११।१३ में वर्णित है—

"मत्कामा रमणं जारमस्वरूपविदोऽबलाः।
ब्रह्म मां परमं प्रापुः सङ्गाच्छतसहस्रशः॥

मत् स्वरूपाज्ञानवती मत् कामा अबलागण ने जाररूप में प्रतीत रमण परम ब्रह्म मुझ श्रीकृष्ण को प्राप्त किया। उनके सङ्ग से अपर शत सहस्र जन भी मुझ को प्राप्त किये हैं।

प्रस्तुत प्रकरण की व्याख्या—श्रीजीव गोस्वामी चरण ने तत्त्वांश को प्राधान्य देकर की है, कारण—लीलांश प्राधान्य से व्याख्या करने पर समाजिक जनगण की सहसा प्रतीति नहीं होगी। पूर्व अनुच्छेद में लीला, स्वरूप, धाम, परिकर प्रकटा प्रकट प्रकाशगत भाव प्रभृति की अभिन्नता का प्रति पादन आपने किया है, श्लोक की व्याख्या करते हैं—श्लोक का अर्थ इस प्रकार है। अर्थात् श्लोकोक्त 'रमणं जारं' इत्यादि वाक्य का अर्थ इस प्रकार होगा। जिस प्रकार 'भीष्ममुदारं दर्शनीयं कटं करोति"

प्रतीयते, विशेष्यञ्चात्र ब्रह्मैव, सर्व्वविशेषणाश्रयणीय-परमवस्तुतया तेषु विशेषणेषु तस्या-भेदेनानुगमात्, (छा० ६।२।१) "एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म" इति श्रुतेः। परममित्यादीनि तु विशेषणानि तदभिन्नत्वेऽपि प्रतिस्वं भेदकत्वात्, (छा० ७।२६।२) "स एकधा भवति द्विधा भवति" इत्यादि श्रुतेः। तदेवं स्थिते क्रमोऽप्यत्रार्थिक एव गृह्यते, (भा० १०।२४।२६) "पच्यन्तां विविधाः पाकाः" इत्यादौ "सर्व्वदोहश्च गृह्यताम्" इतिवत् "अग्निहोत्रं जुहोति यवागूं पचति" इत्यादिवच्च। ततश्च एवं पूर्व्वोक्तरीत्या ता अबला ब्रह्म प्रापुः' तच्च परमं भगवद्रूपं प्रापुः, "परमं यो महद्ब्रह्म" इति सहस्रनामस्तोत्रात्, (वि० पु० ६।७।७५) "शुभाश्रयः

भयङ्कर प्रशस्त दर्शन योग्य कट प्रस्तुत कर रहा है, इस वाक्य में करोति क्रिया, विशेष्य रूप कट की प्रस्तुति प्रतीति सम्पन्न कर युगपत् विशेषण—'भीष्मं उदारं दर्शनीयं' भयङ्कर, प्रशस्त, दर्शनीय, पदत्रय की प्रस्तुति का प्रत्यय भी कराती है, अर्थात् जो कट प्रस्तुत किया जा रहा है, वह कीदृश है ? वह भयङ्कर इत्यादि रूप है। उस प्रकार यहाँपर श्रीकृष्ण ने कहा—

गोपीगण ब्रह्म को प्राप्त किये हैं, उक्त वाक्य में ब्रह्म ही विशेष्य हैं, सर्व विशेषण का आश्रय भूत होने के कारण, एवं परमवस्तु होने से उक्त विशेषणों के मध्य में उक्त शब्द का प्रत्यय अभेद रूप से ही होता है। जिस प्रकार छान्दोग्य उपनिषत् में उक्त है—"एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म" ही अद्वितीय ब्रह्म हैं। 'परमम्" इत्यादि विशेषण—विशेष्याभिन्न होने पर भी अर्थाधिक्य वशतः भेदक हुआ है, जिस प्रकार छान्दोग्य श्रुति है—'स एकधा भवति द्विधा भवति' वह एक प्रकार होता है, दो प्रकार होता है। उस प्रकार स्थिति होनेपर पाठ क्रम से अर्थ क्रम बलवान् है, इस नियम से आर्थिक पाठ ही ग्रहणीय है। जिस प्रकार भा० १०।२४।२६ में उक्त है—"पच्यन्तां विविधाः पाकाः॥

"सर्व दोहश्च गृह्यताम्" उस प्रकार प्रकृतस्थ में भी जानना होगा। उक्त श्लोक की वैष्णव तोषणी-"महेन्द्रयागादप्ययं मखोविशेषतः सम्पाद्य इत्याशयेन तद्विधिविशेषमुपदिशति—पच्यन्तामिति चतुर्भिः। पाकाः पचनीया, अन्नव्यञ्जनादयः। सूपा व्यञ्जनानि, आदि शब्देन गृहीतानामपि संयावादीनां पृथगुक्तिः प्राचुर्य्यापेक्षया। सर्वदोहस्य विवरणं, यथा हरिवंशे—"त्रिरात्रञ्चैव सन्दोहः सर्वघोषस्य गृह्यताम्॥ अन्यत्तः। तत्र श्रुत्या आद्यन्त शब्दश्रवणानुरूपमित्यर्थः। दोहस्य— दुग्धस्य अर्थतः प्रयोजनं अर्थवशात् प्रथमत इत्यर्थः। स्वामिटीका—सूपं—मौद्गम्। पायसं केवले पयसि पक्वम्। संयावादयो गोधूमादि विक्रियाः। क्रमश्चसूपपायसयोः श्रुत्या दोहस्यार्थतो, अन्येषां पाठतः॥ अग्निहोत्रं जुहोति—यवागूं पचति' इस प्रयोग के समान ही पाठ क्रम से अर्थ क्रम ग्रहणीय है।

अतएव पूर्वोक्त रीति से श्रीकृष्ण ने कहा—अबला गोपीगण ने ब्रह्मा को प्राप्त किया है, इस वाक्य में प्राप्ति का वैशिष्ट्य व्यञ्जित हुआ है, प्राप्त वस्तु की प्राप्ति क्या है ? वस्तु प्राप्ति द्विविध है, अप्राप्त वस्तु की प्राप्ति, ह्यतवस्तु की प्राप्ति।

यहाँ नित्य प्रेयसी व्रजसुन्दरी गण की कृष्ण प्राप्ति की कथा वर्णित है, गोपीगण की कृष्ण प्राप्ति इस के पहले नहीं हुई है, अथवा प्राप्त वस्तु का अपहरण हुआ है, ऐसा नहीं। अप्रकट लीला में श्रीकृष्ण के सहित नित्य संयोग का वर्णन इस के पहले हुआ है, 'स्नेहोमद पनः" शब्द से प्रकाश है कि "भक्ति वशः पुरुषः" श्रीकृष्ण, भक्ति पूर्ण हृदय सतत रहते हैं। कभी कृष्ण वियोग नहीं होता है। स्थिति वैसी होने पर सम्प्रति प्राप्ति की कथा असंगत होती है ?

स्वचित्तस्य सर्व्वगस्य तथात्मनः" इति विष्णुपुराणाच्च। तादृशं तञ्च मां कृष्णाख्यमेव प्रापुः, "नराकृति परं ब्रह्म" इति पुराणवर्गात्, (गी० १४।२७) "ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाहम्" इति श्रीगीतोपनिषद्भ्यः। तद्रूपस्यैव स्वस्य प्राप्तिस्तासु स्वयमेव श्रीभगवता प्रोक्ता (भा० १०।४७।३६)

"मय्यावेश्य मनः कृष्णे विमुक्ताशेषवृत्ति यत्।
अनुस्मरन्त्यो मां नित्यमचिरान्मामुपैष्यथ॥" ५०४॥ इति,

प्रेम की पराकाष्ठा जो महाभाव है, उस में श्रीव्रजसुन्दरीगण सतत विराजित हैं, अतएव उनके पक्ष में श्रीकृष्ण वियोग नहीं हो सकता है एवं श्रीकृष्ण के सहित भी उन सब का वियोग होना सर्वथा असम्भव है, श्रीकृष्ण प्रेमवश हैं, पूर्व ग्रन्थ में इस का प्रतिपादन हुआ है। ऐसा होने पर श्रीकृष्ण प्राप्ति की सुप्रसिद्ध कथा क्यों हुई? सुप्रसिद्ध कृष्ण विच्छेद वर्णना का अपलाप भी कैसे हो सकता है?

उत्तर में वक्तव्य यह है कि— प्रियके हृदय में प्रिय का विच्छेद कभी नहीं होता है। प्रेम का कार्य्य प्रियतम का अनवरत अनुभव होना, प्रेम इस अनुभव से प्रेमी को वञ्चित नहीं करता है, अतएव अवस्था ऐसी होती है—"बाहिरे विष ज्वालाहय, भीतरे आनन्दमय" उक्त अनुभव— बाह्य आभ्यन्तर भेद से द्विविध हैं। संयोग वियोग में प्रेम की स्थिति होती है, संयोगावस्थामें बहिरिन्द्रिय द्वारा प्रियानुभव होता है, वियोगावस्था में अन्तरिन्द्रिय में प्रियानुभव विद्यमान होता है।

"चित्त काड़ि तोमा हैते विषये चाहि लागाइते
यत्न करि नारि काड़िवारे।
चाहि यारे छाड़िते सेइ शुआ आछे चित्ते
कोन रीति ना पारि छाड़िते। (चै० च० मध्य--१७)

उक्त प्रमाण से अप्राप्त अथवा हृतवस्तु श्रीकृष्ण नहीं है। किन्तु रसास्वादनाभिलाष से प्रातीतिक वियोग हुआ था। वहिः प्रकट रूप में पुनः प्राप्ति हुई थी। अथवा—अन्तरानुभव वस्तु— ब्रह्म हैं, वियोगावस्था में ब्रह्मवत् मानसानुभवगोचरीभूत जो श्रीकृष्ण थे, वह श्रीकृष्ण वहिः प्रकट रूप में प्राप्त हुये थे, इस प्रकार उक्त कथन का तात्पर्य्य भी हो सकता है।

वह किस प्रकार है? "परमं भगवद्रूपं प्रापुः" परम भगवद्रूप है, वह किस प्रकार है? श्रीकृष्ण नाम से विख्यात स्वयं भगवान् स्वरूप में हूँ, उन्होंने उक्त स्वरूप मुझ को ही प्राप्त किया है। सहस्र नाम स्तोत्र में उक्त है—"परमं यो महद्ब्रह्म" विष्णु पुराण में लिखित है--"शुभाश्रयः स्वचित्तस्य सर्वगस्य तथात्मनः" उस प्रकार श्रीकृष्ण को ही उन्होंने प्राप्त किया, कारण---मैं नराकृति परम ब्रह्म हूँ। पुराण समूह में लिखित है—"नराकृति परं ब्रह्म"। गीता में (१४।२७) उक्त है—ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाहम्" उक्त नराकृति पर ब्रह्म रूप निज स्वरूप श्रीकृष्ण की प्राप्ति उनसब की हुई थी, उसका कथन स्वयं भगवान् ने ही भा० १०।४७।३६ में किया है,—

"मय्यावेश्य मनः कृष्णे विमुक्ताशेषवृत्तियत्।
अनुस्मरन्त्यो मां नित्यमचिरान्मामुपैष्यथ।"

बृहत् क्रमसन्दर्भ। "नन्वेतावन्तं कालं किमस्माकं मनः सन्निकर्षो नासीत्, त्वयि दूरस्थ एव स जात स्तदा ज्ञातम्, पुनरस्माकं साक्षान्न भविष्यतीति कृत्वा प्रतारणा एव भवता क्रियते, इत्याशङ्क्याह— मय्यावेश्येत्यादि मयि कृष्णे मन आवेश्य विधूताशेष वृत्ति यथा स्यात्तथा, यन्मामनुस्मरन्त्यो नित्यमवाप्स्यत-- अवाप्नुवन्, विभक्ति विपरिणामः, तदचिरात् चिरमततीति चिरात्, तच्चिरकालं न भविष्यति, साक्षात्

(भा० १०।८२।४४)—"मयि भक्तिर्हि भूतानाममृतत्वाय कल्पते ।
दिष्ट्या यदासीन्मत्स्नेहो भवतीनां मदापनः ।।" ५०५।।

इति च । अथ तादृशञ्च मां भावविशेषसम्बलितमेव प्रापुरित्याह (भा० ११।१२।१३) "मत्कामा रमणं जारमस्वरूपविदः" इति 'रमण'-शब्देनात्र पतिरेवोच्यते, 'नन्दन'-शब्देन पुत्र इव रूढ्या यौगिकत्वबाधात् । यथा 'मित्रानन्दन'-शब्देन मित्रापुत्र एवोच्यते, न तु मित्रापतिः, मित्रारमण'--शब्देन च मित्रापतिः, न तु मित्रापुत्रः, तद्वदत्रापि । कोषमते च 'रमण'-शब्दः पत्यावेव रूढ़, "पटोलमूले रमणं स्यात्तथा रमणः प्रिये" इति विश्वप्रकाशात् । स्त्रीजाति-सम्बन्धे सति 'रमण'--शब्दवत् 'प्रिय'-शब्देन पतिरेवोच्यते, तथैव प्रसिद्धेः, "धवः प्रियः

संयोगएव सम्प्रति भविष्यतीत्यर्थः । आन्तरेण संयोगेन नित्यमधुना मालम्भन्त एव भवत्यः, किन्तु त्वरितं साक्षात् संयोगश्च भविष्यती वाक्यार्थः ।।"

क्या अभीतक हम सब का मनः संयोग नहीं था ? तुम दूर में रहने से ही मनः संयोग हुआ ? पुनर्वार साक्षात् कार नहीं होगा, इस प्रकार प्रतारणा कर रहे हो, इस प्रकार अभिप्राय को जानकर कहते हैं, मुझ कृष्ण में मनः आविष्ट होने पर अशेष वृत्ति विधूत हो गई हैं, अनुस्मरण जब होता है, तब नित्य प्राप्ति सुनिश्चित है, विभक्ति विपरिणाम के द्वारा अर्थ हुआ है । वह प्राप्ति अचिरात् है, चिरमतीति—चिरात् उक्त प्राप्ति हेतु विलम्ब नहीं होगा, सम्प्रति ही साक्षात् संयोग होगा, यह अभिप्राय है । आन्तर का संयोग तो नित्य ही है, किन्तु सत्वर साक्षात् संयोग भी होगा । यह वाक्यार्थ है । भा० १०।८२।४४ में उक्त है —

"मयि भक्ति हि भूतानाममृतत्वाय कल्पते ।
दिष्ट्या यदासीन्मत् स्नेहो भवतीनां मदापनः ।।"

बृहत् क्रमसन्दर्भ—ननु भूतानामेव खल्वियं व्यवस्था, ननु भवदुपरि दैवाधिकारः, नापि वयं भूतात्मान इत्याशङ्क्याह—मयि भक्तिर्हीत्यादि । मयि श्रीकृष्णे भगवति भूतानां प्राणिनां भक्तिः अमृतत्वाय मोक्षाय कल्पते, मोक्षाकाङ्क्षिणां भक्तेः मोक्षदत्वाङ्गीकृतेः । भवतीनां भूतमित्राणां पुनर्मयि यत् स्नेह आसीत्, तद् दिष्ट्या भाग्येनैव । कीदृशः ? मदापनः, मां प्रियत्वेन प्रापयतीति तथा । भक्ति स्नेहयोरयं विशेष—भक्तिः कदाचिन्मोक्षमपि प्रापयतीति, स्नेहस्तु मामेव, अतो मत् प्राप्तिर्वः शाश्वती ।

दैवाधीन प्राप्ति तप्राप्ति होती है, यह व्यवस्था तो साधारण कर्माधीन जीवों के पक्ष में है, किन्तु आप के ऊपर दैवाधिकार तो है ही नहीं, हम सब भी भूतात्मा नहीं हैं । इस प्रकार आशङ्का कर कहते हैं,- मयि भक्ति हि । मैं श्रीकृष्ण रूप भगवान् हूँ । मुझ में भक्ति—मोक्ष प्रद है, मोक्षाभिलाषी की मुक्ति होती है, किन्तु भूतानुकम्पापरि पूरित स्वरूप आप सब की मेरे प्रति जो स्नेह हुआ है, वह स्नेह भाग्य से ही हुआ है । वह कैसा है ? मदापन है, स्नेह मुझ को प्रियरूप में प्राप्त करायेगा । भक्ति एवं स्नेह में यह विशेष है—भक्ति कदाचित् मोक्षद होती है, स्नेह किन्तु मुझ को प्राप्त कराता है । अतः मेरी प्राप्ति तुम सब के पक्ष में शाश्वती है ।

अनन्तर उक्त प्रकार भाव सम्वलित मुझ को ही उन्होंने प्राप्त किया है । उस को भा० ११।१२।१३ में कहा है—

पतिर्भर्त्ता" इत्यमरकोषाच्च। पतित्वं तूद्वाहेन कन्यायाः स्वीकारित्वमिति लोक एव, भगवति तु स्वभावेनापि दृश्यते, परमव्योमाधिपस्य महालक्ष्मीपतित्वं ह्यनादिसिद्धमिति। 'जार'-शब्देन सर्व्वत्रोपपतिरेवोच्यते,—"जारस्तूपपतिः समौ" इत्यमरकोषात्। उपपतित्वञ्चा-धर्म्मेण प्रतीयमानत्वम्, यथोपधर्म्मत्वमधर्म्मे धर्म्मायमानत्वमिति, उभयत्रापि वेदविरुद्धत्वात्। तदेव "जारः पाप-पतिः समौ" इति त्रिकाण्डशेषः। ततश्च जारत्वं रमणे नास्ति, रमणत्वञ्च जारे नास्ति, धर्म्मोपधर्म्मयोरिव द्रव्यस्य स्वामिचौरयोरिव च विरुद्ध-वस्तुत्वादिति स्थिते"ब्रह्म मां परमम्" इतिवन्नैकाधिकरणत्वं जारत्व-रमणत्वयोः सम्भवति।

"मत् कामा रमणं जारमस्वरूप विदोऽबलाः।
ब्रह्म मां परमं प्रापुः सङ्गाच्छत सहस्रशः॥"

यहाँ 'रमण' शब्द से पति का बोध ही होता है, "नन्दन" शब्द से जिस रूढ़ि वृत्ति से पुत्र का ही बोध होता है, किन्तु आनन्द रूप यौगिक अर्थ लब्ध पति का बोध नहीं होता है, रूढ़ि वृत्ति यौगिक वृत्ति का बाधक है। जिस प्रकार "मित्रानन्दन" शब्द से मित्रापुत्र का बोध होता है, किन्तु मित्रापति का बोध नहीं होता है उस प्रकार 'मित्रारमण' शब्द से मित्रा पुत्र का बोध नहीं होता है, उस प्रकार ही यहाँपर अर्थ बोध करना होगा। विश्वप्रकाश कोष कार के मत में 'रमण शब्द पति में ही रूढ़ है, "पटोलमूले रमणं स्यात् तथा रमणः प्रिये" स्त्री जाति के सम्बन्ध में 'रमण' शब्द जिस प्रकार पति का बोधक हैं, उस प्रकार उसके सम्बन्ध में 'प्रिय' शब्द भी पति का ही बोधक है, प्रसिद्धि उस प्रकार ही है। "धवः प्रियः पति भर्त्ता" अमर कोष कार की उक्ति है।

किन्तु लोक में ही पतित्व का व्यवहार—उद्वाह विधि से कन्या का स्वीकार करने पर होता है, भगवान् में स्वभाव सिद्ध रूप से भी ही होता है। परम व्योमाधिपति का महालक्ष्मी पतित्व अनादि सिद्ध ही है। आनुष्ठानिक नहीं है।

'जार' शब्द से सर्वत्र उपपति का बोध होता है। अमरकोष कार के मत में जार एवं उपपति समानार्थक है, उपपतित्व अधर्म में धर्म भान होने से ही होता है, जिस प्रकार अधर्म में धर्म भान होने से उपधर्म शब्द का प्रयोग होता है। उप धर्म—एवं उपपति— वेद विरुद्ध होने के कारण धर्म नहीं है, मनो विलसित धर्म है। त्रिकाण्ड शेष में भी लिखित है—'जारः पाप पतिः समौ जार एवं पाप पति समानार्थ वाचक है। अतएव जारत्व रमण में नहीं है, रमणत्व भी जार में नहीं है, धर्म एवं उपधर्म—'धर्मरूप से प्रतीय माने का जिस प्रकार एकत्र समावेश नहीं होता है, द्रव्य का स्वामी, एवं चौर का एकत्र समावेश नहीं होता है, कारण—वे सब विरुद्ध धर्म हैं। उस प्रकार परम ब्रह्म—'मुझ को' प्राप्त किये हैं, 'ब्रह्म मां परमम्' जिस प्रकार अविरुद्ध धर्म होने के कारण एकाधिकरणत्व है, उस प्रकार—'जारत्व एवं रमणत्व' का विरुद्ध धर्म होने के कारण एकत्र अवस्थान असम्भव है।

तज्जन्य प्राणाधिकारिणी गोपाङ्गना के कृष्ण सम्बन्ध का समाधान करते हुये जार एवं रमण विशेषण वाचक शब्दद्वय प्रयोग के द्वारा अर्थाधिक्य को दर्शाते हैं, अक्षराधिक्य से अर्थाधिक्य होता हैं, जार कहने से ही रमण का बोध होता है, तथापि रमण शब्द का प्रयोग किया गया, वह अधिक पद होगा। किन्तु उभय पद को सार्थक करना आवश्यक है, अतएव प्रयत्न के द्वारा उपपादन होने से वह प्रातीतिक होता है। निज स्वरूप शक्ति योग माया के द्वारा आत्मविस्मृति सम्पादन करवाकर नित्य पति होकर भी उपपति हुये हैं,

तस्मादधिकारिणीनां तासां विशेषणभेदेन तद्द्वयं समादधत् तदर्थञ्चैकस्य वास्तवत्वमन्यस्य त्ववास्तवत्वं दर्शयति—'मत्कामा रमणम्'इति'जारमस्वरूपविदः'इत्याभ्यां तत्र जारत्वस्यैव प्रातीतिकमात्रत्वादवास्तवत्वं स्वामिभिरङ्गीकृतं नान्यस्य, "जारबुद्धिवेद्यमपि" इत्युक्तत्वात्। स्थापयिष्यते च तदिदमस्माभिरुत्तरत्र। ततश्चायमर्थः— स्वरूपं मन्नित्यप्रेयसी-रूपत्वमजानन्त्यो जन्मादिलीलाशक्त्या विस्मरन्त्यो मां जारं प्रापुः धर्म्मविरुद्धतया प्रतीतावपि रागातिशयेन जारतयापि स्वीकृतं प्रापुरित्यर्थः। तथा तत्प्राप्तावपि 'मत्कामाः' इति, (भा० १०।२९।३२) "यत् पत्यपत्यसुहृदामनुवृत्तिरङ्ग" इत्यादिरीत्या मयि कामोऽभिलाष-विशेषः-कथमन्यत्र पतित्वं स्वप्नवद्विलीयेत, श्रीकृष्ण एव पतित्वं जाग्रद्वदाविर्भवेदित्येवरूपो

एवं रसिक शेखर श्रीकृष्ण, रसास्वादन परिपाटी विशेष का विस्तार किये हैं,। प्रयत्न निष्पन्न हेतु जारत्व अवास्तव है, रमणत्व वास्तव है, इसका प्रदर्शन 'मत् कामा रमणं जारं' श्लोक में हुआ है। अर्थात् रमणत्व वास्तव है, जारत्व—अवास्तव है। 'मत् कामारमणम्' 'जारमस्वरूपविदः' वाक्य द्वय के द्वारा ही वास्तव अवास्तव अर्थ प्रतीत हुआ है। जारत्व ही प्रातीतिक होने के कारण अवास्तव है, अर्थात् 'योगमाया मुपाश्रितः" रीति से अघटन घटन पटीयसी निज चिच्छक्ति के द्वारा उस प्रकार जारभावीय परिवेश का सृजन किया गया था, वह असमोर्द्ध्व आस्वादन कौतुक के निमित्त ही हुआ था,अतएव आवास्तव है, स्वामि पादने भी 'जार बुद्ध्यापि सङ्गता' की टीका में 'जार बुद्धि वेद्यमपि' कह कर जार भाव को अवास्तव कहा हैं। इस के बाद अग्रिम ग्रन्थ में निपुणता पूर्वक उसका प्रदर्शन भी करेंगे। अतएव 'रमणं जारं मां प्रापुः" वाक्य का यह ही अर्थ है।

पयः" "पुत्रगण को स्तनपान करा रही थीं" ऐसा नहीं कहे थे। अतएव भा० १०।२९।६ में उक्त "मातरः पितरः पुत्राः" भ्रातरः पतयश्च वः" भातृगण, पितृगण पुत्रगण, भ्रातृगण, पतिगण, तुम सब का अनुसंधान कर रहे हैं, " यह वाक्य श्रीकृष्ण का परिहास पूर्वक है, उससे ही रस सम्पादित होता है, यदि वास्तविक पुत्रादि होते तो यह उक्ति रस व्याघातक होती । कारण, इसके पश्चात् ही रास लीला में उन सब को अङ्गीकार करना था, समय समय पर व्रजाङ्गना गण, पतिम्मन्य गोपगण में अर्थात् व्यवहारिक पतिवर्ग में पति शब्द का प्रयोग किये हैं। वह व्यवहारिक लोक व्यवहार का अनुकरण से ही है। पारमार्थिक दृष्टि से अर्थात् अन्तर्दृष्टि से नहीं हुआ है। उस का प्रतिपादन उन्होंने भा० १०।२९।३२ में किया है—

> "यत् पत्यपत्य सुहृदामनुवृत्तिरङ्ग
> स्त्रीणां स्वधर्म इति धर्म विदा त्वयोक्तम् ।
> अस्त्वेवमेतदुपदेश पदे त्वयीशे
> प्रेष्ठो भवांस्तनुभृतां किल बन्धुरात्मा ॥"

हे प्रभो ! आप सर्वश्रेष्ठ धर्मवेत्ता हैं, आपने जो कुछ कहा है—"पति पुत्र सुहृद् गण की अनुवृत्ति करना ही नारीगण का स्वधर्म है," वह उपदेश, निखिल उपदेश का विषयीभूत ईश्वर स्वरूप आप हैं, आप में विनियोग हो, कारण, आप तो निखिल देहधारीओं का आत्मा हैं, प्रियतम हैं, एवं बन्धु भी हैं। उक्त श्लोक में गोपीगणोंने पारमार्थिक पति का प्रकाश सुस्पष्ट रूप से किया है। अर्थात् व्यवहारिक लौकिक आनुष्ठानिक पतिसंज्ञित व्यक्तियों में पतित्वादि का व्यवहार आत्मास्वरूप आपका अधिष्ठान से ही होता है, आत्मा अन्तर्हित होने से वह व्यवहारिक कान्त वीभत्सरसाश्रय शव नाम से अभिहित होता है, सुतरां अपर में पतित्वादि धर्म वहिरङ्ग दृष्टि से गौण प्रयोग से सिद्ध है, आप में पतित्वादि धर्म अन्तर्दृष्टि से स्वतः सिद्ध है। जिन्होंने स्वतः सिद्ध पतिरूप में आप को प्राप्त नहीं किया है, उसने ही अपर का भजन किया है। हम सबने स्वतः सिद्ध प्रियरूप आप को प्राप्त किया है। हम सब आपकी अनुवृत्ति करने में कृत सङ्कल्प हैं। आप को छोड़कर अपर की अनुवृत्ति करने से आप का उपदेश व्यर्थ होगा, उक्त उपदेश सफल करने के निमित्त ही हम सब आप की सेवाभिलाषिणी हैं।

उसके पश्चात् श्रीकृष्णने उद्धव को कहा—(भा० १०।४६।४)

> "मामेवं दयितं प्रेष्ठमात्मानं मनसा गताः"

गोपी गणने मुझ को प्रिय, प्रियतम, एवं आत्मा रूप में मान लिया है। भगवान् गोपीगण के अन्तः स्थल में प्रविष्ट होकर उन सब का मानसिक भाव का प्रकाश उक्त श्लोक से किये हैं। भा० १० ४७ ४७ में "परं सौख्यं हि नैरास्यं स्वैरिण्यप्याह पिङ्गला" गोपिका ने कही—पिङ्गला की बात ही ठीक है, आशा हि परमं दुःखं, नैरास्यं परमं सुखम्" कृष्ण की आशा ही दुःखित करती है, तब वैसा ही करो, आशा छोड़ो,

इत्यादौ "दामोदराधरसुधामपि गोपिकानां, भुङ्क्ते स्वयम्" इत्यनेन, (भा० १०।४७।२१) "अपि वत मधुपुर्य्यामार्य्यपुत्रोऽधुनास्ते" इत्यनेन च ताभिः स्वयमुक्तेश्च। तत एतदुक्तं भवति रास पञ्चाध्याय्याम् (भा० १०।३३।७) "नासूयन् खलु कृष्णाय" इत्युक्तदिशा (गो० ता० उ० २३) "स वो हि स्वामी भवति" इति ताः प्रति तापनीस्थित--दुर्व्वाससो वाक्यवत्, (भा० १०।३३।३७) "कृष्णबध्वः" इत्युक्तरीत्या च, याः खलु (भा० १०।२९।१) "योगमायामुपाश्रितः" इति

आशा छोड़ी नहीं जाती, जानती हूँ। तथापि छोड़ना असम्भव है, आशा दुर्वारा है, दुरत्यया है। इस से उन्होंने कृष्णक निष्ठता को सुव्यक्त किया है। भा० १०।२१।९ वेणुगीत में उक्त है—"हे गोपीगण! वेणु ने कैसा अनिर्वचनीय पुण्य किया है। कारण, यह वेणु केवल गोपी भोग्य श्रीकृष्ण अधरामृत का यथेष्ट पानकर रही है।" "दामोदराधरसुधामपि गोपिकानां, भुङ्क्ते स्वयम्" श्लोक में श्रीकृष्ण अधरामृत में अपना ही एकमात्र अधिकार सूचित कर श्रीकृष्ण में पतिभावना सुव्यक्त हुई है। भा० १०।४७।२१ में तो उन्होने स्वयं ही कहा है—'अपिवत मधुपुर्य्यामार्य्यपुत्रोऽधुनास्ते ।।

उक्त विचारसमूह का प्रदर्शन के अनन्तर गोपीकृष्ण का सम्बन्ध रहस्य का वर्णन करते हैं। गोपीगण श्रीकृष्ण की नित्य प्रेयसी हैं, आनुष्ठानिक भार्य्या नहीं हैं। उन सबका परकीयात्व—श्रीकृष्णेच्छारूपिणी चिच्छक्ति योगमाया द्वारा संघटित है। योगमाया सम्पादित सम्बन्ध सम्पन्न गोपीगण के सहित ही श्रीकृष्ण की रासलीला सम्पन्ना हुई थी। उक्त विषय का परिज्ञान केवल योगमाया का था, श्रीकृष्ण, गोपिकाप्रभृति अपर किसी का नहीं था। योगमाया कल्पित गोपीगण की वार्त्ता भा० १०।३३।३७ स्थ रासलीला में है। "नासूयन् खलु कृष्णाय मोहितास्तस्यमायया" गोपगण— योगमाया कल्पित छाया रूपा गोपी को गृह में अवस्थित देखकर कृष्ण में दोषारोपण नहीं करते थे।

नित्य प्रेयसी गोपीगण की वार्त्ता गोपाल तापनी उ० २३ में इस प्रकार है—'वह श्रीकृष्ण तुम सबके स्वामी हैं" इस उक्ति के समान रासपञ्चाध्यायी में 'कृष्णबध्वः" श्रीकृष्ण बधूवर्ग" सुव्यक्त है।

पतिम्मन्य गोपगण को प्रतारित करके श्रीकृष्ण के समीप में प्रेयसीगण को आनयन करतः रासादि लीला निर्वाह हेतु श्रीभगवान् कर्त्तृक नियुक्त होकर योगमाया ने ही उस प्रकार कल्पितागोपियों का प्रकाश किया है। सुतरां प्रकट काल में स्वतः परतः प्रच्छन्ना द्विविधा गोपिका थीं। योगमाया कल्पिता गोपिकागण स्वतः प्रच्छन्ना थीं। वे सब प्रयोजनानुसार व्यक्त होती थीं, यथार्थ श्रीकृष्ण प्रेयसीवर्ग—परतः प्रच्छन्ना थीं। इन सबकी वास्तविकी सत्ता थी। अपर गोपवृन्द के सहित विवाहादि व्यवहार समय में योगमाया इन सबको आवृतकर रखती थी। योगमाया देवी का प्रभाव से ही प्रापित मर्य्यादा (पातिव्रत्य रक्षण) एवं उत्कण्ठा के द्वारा गोपीगण के द्वारा पालित रसतरु परिपुष्ट होने के पश्चात् पर्य्यावसान में निरुपद्रव पूर्ण महासुख रूप फलास्वादन के निमित्त (अर्थात् प्रकट लीला में लोकशिक्षा के निमित्त रूपकाभिनय करना आवश्यक होता है, अप्रकट लीला में उसकी आवश्यकता नहीं है, केवल प्रिया के सहित निरवधि अवस्थान है। जिस प्रकार रङ्गमञ्चस्थ नट, एवं गृहाभ्यन्तरस्थ नट की रीति है, उस प्रकार)।

मुनि का कथन एवं आकाशवाणी प्रभृति को अवलम्बन कर अथवा स्वयं ही आविर्भूत होकर गोकुलवासिगण को सुविश्वस्त किये थे। अनन्तर नित्य प्रेयसीगण योगमाया के द्वारा अनावृत होकर मुझको ही रमण रूप में प्राप्त किये थे। भा० १०।३३।३७ में उक्त "नासूयन् खलु कृष्णाय मोहितास्तस्यमायया" श्रीकृष्ण के प्रति असूया परिहार के निमित्त माया का कल्पित गोपीगण निज-निज पतिसान्निध्य को प्राप्त

श्रवणात्तत्तदर्थभगवन्नियुक्तयोगमायाकल्पिताकल्पिततया योगमायैकविदितं स्वतः परतश्च प्रच्छन्नं द्विविधायमाना आसन्, तास्तु पश्चाद्योगमाययैव देव्या प्रापिताभ्यां मर्य्यादोत्कलिकाभ्यां स्वपालितस्य रसपोषतरोः पर्य्यवसान-निरुपद्रवमहासुखप्राप्तिरूपाय फलाय मुन्याकाशवाण्यादिकं द्वारीकृत्य वा स्वयमेव प्रकटीभूय वा श्रीगोकुलवासिनः प्रति तथैव व्यक्तीकृताः स्वरूपेण मामेव रमणं प्रापुः (भा० १०।३३।३७) **"नासूयन् खलु" इत्याद्युक्ता-**

किये थे। यह ही, भगवदुक्त—"मत् कामारमणं जारमस्वरूपोविदोऽबलाः। ब्रह्ममां परमं प्रापुः सङ्गाच्छत सहस्रशः॥ श्लोक का भगवदभिमत है।

यहाँ पर संशय हो सकता है कि—माया कल्पिता गोपीगण का परिणाम क्या है? कहते हैं, संज्ञा एवं छाया नामक सूर्य्यपत्नी के समान ही सुव्यक्त परिणाम है, इस प्रकार कल्पना का समाधान रीति सर्वत्र ही एक रूप है।

अर्थात् समय विशेष में परिचायक छाया अथवा संज्ञा उद्भूत होकर व्यक्ति विशेष का परिचायक होती है, किन्तु उसकी स्वतन्त्र सत्ता नहीं रहती है, मौलिक संज्ञा एवं मूल शरीर का प्रकाश होने पर उससे भी समधिक व्यवहार निष्पन्न एवं आनन्द होता है। तद्रूप योगमाया रूप कृष्णेच्छा कल्पित गोपीगण—श्रीकृष्ण प्रेयसीवर्ग का प्रतिनिधि रूप में आविर्भूत होकर कार्य्यनिर्वाहक थीं, स्वतन्त्र सत्ता उन सबकी नहीं है। व्रजवासिगण उन सबको देखते थे, किन्तु व्यवहारोपयोगिता उन सबमें नहीं रही। जिस प्रकार यादुकर के द्वारा उद्भावित रसगोल्ला, एवं वास्तविक रसगोल्ला है, तद्रूप जानना होगा।

इस प्रकार कल्पना करने से ही मातापिता प्रभृति का अभीष्ट सिद्ध होता है, इस जगत् में विवाह को ही एक मात्र अभीष्ट, पिता माता प्रभृति मानते हैं। कारण, पुत्र कन्या उत्पन्न होने से विवाह के द्वारा ही वात्सल्य पूर्ण होता है।

ब्रह्मा की उक्ति में व्रजवासी का लक्षण है—धाम, अर्थ, प्रिय, आत्म, तनय, प्राण, आश्रय - कृष्ण के निमित्त ही होते हैं। अतएव व्रजदेवीगण के मात -पिता श्रीकृष्ण को ही निज-निज कन्या दान करने में स्वाभाविक समुत्सुक थे। दैववश से अन्यत्र गोपगण के सहित निज-निज कन्याओं का विवाह होने से उन सबके मन में अस्वस्ति थी, विवाहित कन्याओं का सम्प्रदान श्रीकृष्ण को करने का सुयोग प्राप्त कर वे सब श्रीराधादि कन्यागण का सम्प्रदान श्रीकृष्ण को करके सफल मनोरथ हुये थे। गोपाल चम्पू ग्रन्थ में काव्य रीति से इस विवाह रीति का आस्वादन आपने किया है। श्रीराधा प्रभृति का विवाह अपर गोप के सहित सर्वविदित रूप से हुआ था, किन्तु वह विवाह योगमाया कृत रहा, उसको प्रमाणित करने के निमित्त आकाशवाणी, दुर्वासा की वाणी एवं योगमाया का आविर्भाव, अग्निपरीक्षा की कल्पना की गई है।

विवाह संस्कारापन्नजनगण की रुचि श्रीकृष्ण-लीला में स्थापन हेतु अनादि शृङ्गाररस-मूर्त्ति श्रीराधाकृष्ण में विविध कल्पना की गई है। नभोवाणी, योगमाया का कथन, संज्ञा छाया रीति, अग्नि-परीक्षा एवं वात्सल्य की विश्रान्ति विवाह में इत्यादि का निर्वाह प्रधान रूप से हुआ है। सम्प्रति उज्ज्वल नीलमणि नायकभेद २० श्लोक में धृत भरतमुनि का वचन उट्टङ्कन पूर्वक समाधान करते हैं। भरतमुनि राधाकृष्ण में परकीयात्व मानते हैं, उनका कथन है, 'रस परिपाटी प्रदर्शन हेतु निज प्रेयसी वर्ग को अवतारित कर क्रीड़ाभिनय करने के कारण, श्रीराधाकृष्ण में परोढ़ात्व दूषण नहीं है, अपितु भूषण है।" कारण, रसास्वादन की पराकाष्ठा दाम्पत्य में नहीं है, किन्तु परकीयात्व में ही है, इसमें बहु बाधा है, प्रच्छन्न कामुकता है, एवं पारस्परिक मिलन की दुर्लभता है, अतएव निरन्तर उत्कण्ठा तन्मयता स्वेतरविषय वितृष्णा एवं

सूयापरिहारस्य सम्यक्त्वाय तत्कल्पितास्तु स्वस्वपतिमित्येव श्रीभगवन्मतम् । दृश्यते च, संज्ञाच्छायादिवत् कल्पनाया व्यक्तत्वमेव परिणामः सर्व्वत्र । तदित्थमेव मातापित्रादीनाम-भीष्टं सिध्यति, तस्मिन्नेव तेषां वात्सल्यस्य विश्रान्तेः । न च दाम्पत्ये प्रकटे (उ० नी० नायकभेद० २०श-श्लोक-धृत-भरतमुनिवचनम्)

बहु वार्य्यते यतः खलु, यत्र प्रच्छन्नकामुकत्वञ्च ।
या च मिथो दुर्लभता, सा परमा मन्मथस्य रतिः ।।" ५३२।।

इति भरतानुसृत-निवारणाद्यभावाद्रसनिष्पत्तिर्न स्यादिति वाच्यम् । तस्य निवारणं खलु न भयदानेन भवेत् सर्व्वातिशायि–सामर्थ्यात्, किन्तु लज्जादानेनैव । लज्जा च कुलीनकुमाराणां स्वस्त्रीगतरहस्यविहारविशेषस्य परेणानुमितावपि जायते, किमुत—

'यत्र ह्रीः श्रीः स्थिता तत्र यत्र श्रीस्तत्र सन्नतिः ।
सन्नतिर्ह्रीस्तथा श्रीश्च नित्यं कृष्णे महात्मनि ।।" ५३३।।

इति हरिवंशाद्युक्तानुसारेण परमलज्जादिगुणनिधानस्य व्रजे नववयः श्रीलतामेवाभि-व्यञ्जतस्तस्य सिद्धे च लज्जालुत्वे स्वयमेव निवारणादित्रयं सिध्यति । किन्तु लज्जा द्विविधा-

आनुकूल्य सेवन माहात्म्य के कारण परकीया में ही रसोत्कर्ष है, यह श्रीराधाकृष्ण विषयक परकीया में ही है, अन्यत्र रसाभास है, नरकपात है, यहाँ एक शक्तिमत्तत्त्व ही लोकशिक्षार्थ विभिन्न सपरिकर अभिनय-भूमिका प्रवर्त्तन करते हैं ।

किन्तु पूर्वोक्त रीति विवाहाभिलाषीगण को सुखी करने के निमित्त गन्धर्व विवाह, अनुष्ठानिक विवाह, प्रेम विवाह प्रभृति का अनुष्ठान होने से भी पुनर्वार प्रकट दाम्पत्य को दर्शाया गया है ।

उक्त जायापती रूप में राधा कृष्ण रुक्मिणी वासुदेववत् स्थित होने से 'बहु वार्य्यते यतः खलु, यत्र प्रच्छन्न कामुकत्वञ्च । याच मिथो दुर्लभता, स परमा मन्मथस्य रतिः ।।"

इस प्रकार रीत्यनुसृत भरतमुनि सम्मत रसनिष्पत्ति नहीं होगी । दाम्पत्य में पुत्रोत्पादन हेतु क्रीत दासी का ग्रहण होता है, उसमें व्यञ्जना वृत्ति की आवश्यकता नहीं होती है, समाज काम भोग के निमित्त निर्दिष्ट कर देता है । अतः उक्त लक्षण प्राप्तावसर दाम्पत्य में नहीं है । दाम्पत्य में भी उक्त लक्षण घट सकता है, उसका उपपादन करते हैं । दाम्पत्य में निर्भय स्वीयत्व सम्बन्ध होता है, अतएव भयदान के द्वारा अभिगमन का निवारण नहीं होता है, किन्तु लज्जादान के द्वारा होता है । कुलीन कुमारों को लज्जा होती है, यदि निज स्त्रीगत रहस्य विलास का परिज्ञान अन्य का होता है तो । श्रीकृष्ण के विषय में तो कहा नहीं जा सकता है, श्रीकृष्ण ही एकमात्र सुचरित्र गुण में अनुपम हैं, श्रीहरि वंश में श्रीकृष्ण को लक्ष्य कर वर्णित है, 'यत्र ह्रीः श्रीः स्थिता तत्र यत्र श्रीस्तत्र सन्नतिः ।
सन्नति ह्रीस्तथा श्रीश्च नित्यं कृष्णे महात्मनि ।।"

जहाँ पर लज्जा है, वहाँ पर ही लक्ष्मी है, जहाँ लक्ष्मी है, वहाँ नम्रता है, किन्तु कृष्ण में नित्य रूप में सन्नति ह्री एवं श्री विराजित हैं, कारण श्रीकृष्ण ही महात्मा हैं । अतएव परमलज्जादि गुण निधान श्रीकृष्ण का व्रज में कैशोर अवस्था प्रकटित होने पर स्वयं ही श्रीकृष्ण लज्जालु थे, अतएव स्वाभाविक रूप में निवारणादि त्रय की सिद्धि होती है ।

सङ्गोप्य न्याय्यकर्म्मणि सङ्कोचमात्रकरी, अन्याय्यकर्म्मणि न्यक्कारकरी च । तत्र पूर्व्वा—व्याजान्तराच्छन्ना नातिविरोधिनी, उत्तरा यशः प्रियेण तेन कृतेऽपि व्याजे तस्यानुमितिश्चेद् द्विगुणीभूय विरोधिनी । तदेवं सति (पद्म-पु० उ० ६४ अ०) "गोपनारीभिरनिशं क्रीड़यामास केशवः" इति श्रुतानिशक्रीड़ा पारदार्य्ये सर्व्वथा न सम्भवति, स्वदारत्वे तु तासामसंख्यानां स्वस्वरूपपत्यप्राप्तया जातपरमदुःखानां गुरुभिरपि सम्मतः सान्त्वनादिरूपो य आवश्यकधर्म्मस्तद्विधव्याजेन सम्भवति । यच्च (पद्म-पु० उ० ६४ अ०)—

किन्तु लज्जा द्विविधा होती है—प्रथमा, न्याय्यकर्म में गोपनात्मिका सङ्कोच मात्र करी है, द्वितीया, अन्याय्यकर्म में धिक्कार रूपा है । प्रथमा लज्जा—छल के द्वारा आच्छन्ना होने से अति विरोधिनी नहीं है, किन्तु उत्तरा लज्जा—द्विगुणी रूप में विरोधिनी है, कारण, यशःप्रिय व्यक्ति के पक्ष में छल पूर्वक सेवन करने पर भी अनुमित होने से अधिक लज्जा होती है, श्रीकृष्ण तो प्रसिद्ध सुशील हैं । स्थिति वैसी होने पर भी पद्मपुराण की उक्ति है—"गोपनारीभिरनिशं क्रीड़यामास केशवः" गोपपत्नीवृन्द के सहित केशव ने दिनों रात क्रीड़ा की" । यहाँ वर्णित अनवरत क्रीड़ा का सम्पादन परदार होने से सम्भव नहीं होगा, किन्तु निज धर्मपत्नी होने से ही सम्भव होगा, कारण वह उक्त कर्म में समाज बन्धन के द्वारा निर्भयता के साथ विनियुक्त है । तथापि यशोदानन्दन कृष्ण एक हैं, और पत्नी रूपिणी गोपाङ्गनागण भी असंख्य रहीं, सबके पति श्रीकृष्ण ही हैं । समान वयोरूपाभाव के कारण—अन्यत्र गोपियों का परिणय हुआ ही नहीं, अतः श्रीकृष्ण को सबने कन्या सम्प्रदान कर दिया था, किन्तु समस्या होती है, पत्नी अभिगमन की । 'भोग में रोग भय' की रीति से श्रीकृष्ण को सब निवारण करते थे । हिताकाङ्क्षी व्यक्तिगण, अतिशय स्त्री प्रसङ्ग से श्रीकृष्ण का स्वास्थ्य भङ्ग होकर कुछ न हो जाय । गुरुवर्ग के निषेध के कारण असंख्य पत्नीगण दुःखित तो रहती थीं, कृष्ण के पक्ष में भी स्वदार गमन धर्म एवं आवश्यक कर्म होने पर भी सम्पन्न करना थोड़ा कठिन पड़ता था, इस प्रकार से भरतमुनि कृत बहु निवारणा की सार्थकता होती है ।

पद्मपुराण में वर्णित भी है—गोपवेशधर प्रभु, मनोरम केलि-सुख से एवं विविध प्रेम-रस-प्रद रूप से मास द्वय व्रज में निवास किये थे । यह पद्य सुस्पष्ट अभिप्राय परिवेषक है, समस्त गोपाङ्गनाओं मनोरमत्व एवं बहु प्रेम-रस-प्रद स्वरूप का स्वस्वरूप पति कृष्ण में ही सम्भव है ।

कहा जा सकता कि—पद्मपुराण के वचन में "गोपनारिभिः" "गोपनारियों के सहित" शब्द का उल्लेख है, और वह गोपनारी शब्द से स्वरसतः परदारत्व का ही बोध होता है ? इस प्रकार कथन समीचीन नहीं है, भा० ३।२१।२८ में देवहूति को लक्ष्यकर कहा गया है— "सा त्वा ब्रह्मन्नृपवधूः" कर्दम के प्रति भगवदुक्ति जाति को लक्ष्य कर है, अतएव 'गोपनारीभिः" यहाँ जाति पर गोप शब्द है । "औपपत्य में ही निवारण दि का सद्भाव से रस होता है," यह भरतमुनि का कथन, उसका निर्वाह दाम्पत्य में भी होता है । रत्नावली नाटिका में उसका प्रदर्शन हुआ है । कारण—कविगण, शृङ्गार नामक मुख्य रस में परोढ़ा नायिका को वर्जन करते हैं, किन्तु 'न कृष्णे रसनिर्य्यास स्वादार्थमवतारिणि' रस निर्य्यास आस्वादन निबन्धन स्वप्रेयसीवर्ग के सहित अवतीर्ण कृष्ण में 'औपपत्य' दोषावह नहीं है ।" अतएव स्वरूपशक्तिरूपिणी अघटनघटनपटीयसी योगमाया के द्वारा सुष्ठु सम्पादित नित्य पतित्व में उपपतित्व भावपरायण व्रजाङ्गना गण की श्रीकृष्ण प्राप्ति रमण रूप में हुई । कारण जारत्व वहिरङ्ग धर्म है, अन्तरङ्ग धर्म—केवल रमणत्व ही है । स्थिति वैसी होने के कारण ही—"मत्कामा रमणं जारं, मत्स्वरूपोऽविदोऽबलाः । ब्रह्म मां परमं प्रापुः सङ्गाच्छतसहस्रशः ।।" (भा० ११।१२।१२) टीका—'एवं ताः अबलाः केवलं मत्कामा अस्वरूपविदः स्वरूपन्तु न जानन्ति, तथापि सत्सङ्गाज्जारं ब्रह्म, जारबुद्धि वेद्यमपि ब्रह्मस्वरूपमेव मां परमं प्रापुरित्यर्थः ।'

"रम्यकेलिसुखेनैव गोपवेशधरः प्रभुः। बहुप्रेमरसेनात्र मासद्वयमुवास ह ॥" ५३४॥

इत्येतत् पद्यं तदनन्तरं तत्र च सर्व्वेषां मनोरमत्वं बहुप्रेमरसप्रदत्वञ्च इत्थमेव सङ्गच्छत इति। न च गोपनारीभिरिति परदारत्वं शब्दलब्धम्। देवहूत्यां (भा० ३।२१।२८) "सा त्वा ब्रह्मन्नृपबधूः" इति कर्द्दमं प्रति भगवद्वाक्यवज्जात्यपेक्षयापि सम्भवात्,न च निवारणादिभिरौपपत्यमेव भरतमतं रत्नावलीनाटिकायां जातिचरितादिवद्दाम्पत्येऽपि सम्भवात्, (उ० नी० नायिकाभेद-प्र० ३) "नेष्टा यदङ्गिनि रसे कविभिः परोढ़ा" इति विरोधात्। तदेवं गूढ़तया मायया प्रतीतानां रमणतया तस्य प्राप्तौ "मत्कामा रमणम्" इति पद्यं योजितम्। (भा० १०।२२।४ "नन्दगोपसुतं देवि पतिं मे कुरु ते नमः" इति कृतजपानां कुमारीत्वेनैव प्रसिद्धानां परासामपि

मेरा स्वरूप को वे सब नहीं जानती थीं, मुझको जार-उपपति जानती थीं, तथापि मत्कामा अबलागण जारबुद्धि वेद्य होने पर भी परम ब्रह्म मुझको रमण रूप में प्राप्त कर चुकीं। उन सबके सङ्ग से अपरापर शतसहस्र व्यक्ति की भी उस प्रकार प्राप्ति हुई। इस प्रकार उक्त पद्य की योजना यथावत् हुई।
भा० १०।२२।४ में उक्त—

"कात्यायनि महामाये महायोगिन्यधिश्वरि।
नन्दगोपसुतं देवि! पतिं ते कुरुते नमः॥"

बृहत् क्रमसन्दर्भ

"अथोढ़ानामनुरागं वर्णयित्वा अनूढ़ानामनुरागचेष्टामाह, हेमन्ते प्रथमे मासीत्यादि। हेमन्ते ऋतौ, प्रथमे मासि, मार्गशीर्षे, अनयैव लीलया मासोऽप्यसौ तस्य प्रिय आसीत्। अतएव वक्ष्यति (भा० ११।१६।२७) "मासानां मार्गशीर्षोऽस्मि" इत्यादि। कात्यायन्यर्चन व्रतमित्यस्यायं भावः। वयं कन्यकाः, पितृभ्रातृसङ्कोचाद् दूत्यन्तरं कर्त्तुं न शक्यते। तादृश्यः प्रौढ़ा वयस्या अपि न सन्ति, सन्तु वा तासु स्वानुरागं प्रकटयितुं न शक्यते। ताश्च कन्यकानामस्माकमनुरागः कात्यायन्यैव दूती भावेन चेत् सफलीक्रियते, तदैव स्यादिति दूतीत्वेन त्वामाराधयितुं तद्व्रतमारब्धम्, नतु तत् प्रसादलिप्सया, स्वतः सिद्धत्वात्। सिद्धत्वेनावतीर्णा अप्यग्रिमवयस्य तादृश स्वभावतया स्वतः प्राकट्ये ग्राम्यतापत्तेः, परकृतसाहाय्य मौचित्येनैवोपरुन्धन्ति ॥२-३॥

व्रताचरणे स्वकृतमेव मन्त्रं जपन्तः प्रार्थयन्ते—कात्यायनीत्यादि। हे देवि! कात्यायनि! ते तुभ्यं नमः। ननु किमर्थोऽयं नमस्कारः? तत्राह—नन्दगोपसुतं पतिं मे कुरु कारय। प्रत्येकमन्त्र पाठादेकवचनम्।

अथवा, प्रतिवशादभिन्नता वा। ननु दुर्घटोऽयमर्थः, कथमस्मच्छक्त्या भवितुमर्हति? तत्राह महायोगिनि, महायोगो भक्तियोगः स विद्यते यस्या इति तथा। सा त्वं परमवैष्णवी। तथा च 'धन्यासि कृत पुण्यासि विष्णुभक्तासि पार्वती' इति श्रीरुद्रवाक्यम्। तेन तत् प्रसादादेवायमर्थः, सुघटः। एवं चेदनयैवोपासनया किमहंपरितुष्टा भवानीत्याशङ्क्याह—हे अधिश्वरि! ईश्वराणामधिके, त्वं सर्वेश्वरी, तव किमस्मद् वित्तबहुवित्तसाध्योपचारैः ॥४-५॥

अन्यत्र विवाहित गोपाङ्गनागण का श्रीकृष्णानुराग का वर्णन भा० १०।२१। में करने के पश्चात् भा० १०।२२ में कन्यकागण का अनुराग वर्णन करते हैं। यह व्रत श्रीकृष्णेच्छा प्रेरित चिच्छक्तिरूपिणी कात्यायनी का था, श्रीकृष्ण प्रसन्नता उन सबमें स्वतः सिद्ध रही, अन्यालम्बन से ग्राम्यता-दोष प्रसङ्ग ही होगा।

सङ्कल्पसिद्धिरेव श्रीभगवता कृता, तत्रैव हि स्वयमङ्गीकृतम् (भा० १०।२२।२७)—"यातावला व्रजं सिद्धाः" इति। तदेतत्पक्षेऽपि पूर्व्ववदेव गुप्तपतित्वाज्जारमिव जारमिति सङ्गमनीयम्। तस्माच्च श्रीगोपालोत्तरतापन्यां ताः प्रति दुर्व्वाससा यदुक्तं तदेव निगमनीयम् (गो० ता० उ० २३)—"जन्मजराभ्यां भिन्नः स्थाणुरयम्" इत्यादौ "स वो हि स्वामी भवति" इति ॥

श्रीभगवान् उद्धवम् ॥

१७८। पूर्व्वोक्त एवाप्रकटलीलाप्रवेश—प्रकटलीलाविष्काररूपोऽर्थस्तदनन्तरप्रश्नोत्तराभ्यामप्यभिपेतोऽस्ति। प्रश्नस्तावत् श्रीउद्धव उवाच (भा० ११।१२।१६)—

व्रताचरण में मन्त्र जप का प्रदर्शन करते हैं, हे देवि ! हे कात्यायनि, हे महामाये, हे महायोगिनि, हे अधिश्वरि ! नन्द गोपसुतं पतिं मे कुरु, कारय', इस प्रकार मन्त्र जप परायणा कुमारीगण की इष्टसिद्धि हुई थी। तद्भिन्न अपर व्रजाङ्गनागण की सङ्कल्प-सिद्धि भी भगवान् श्रीकृष्ण द्वारा हुई। वहाँ पर हि श्रीभगवान् ने अङ्गीकार वचन को कहा था।

भा० १०।२२।२७ में उक्त है—

यातावला व्रजं सिद्धा मयेमा रंस्यथ क्षपाः।
यदुद्दिश्य व्रतमिदं चेरुरार्य्यार्चनं सतीः ॥

"हे सती अबलागणः जिस उद्देश्य से व्रताचरण, एवं कात्यायनी अर्चन, तुम सबने किया है, वह अभीष्ट सिद्ध होगा। तुम सब सिद्ध मनोरथ हो, सम्प्रति व्रज में जाओ, आगामिनी रजनी में मेरे साथ विहार होगा"। इस श्लोक में 'सिद्धाः' सिद्ध हो, एवं 'मया रंस्यथ' मेरे साथ विहार होगा, पदद्वय ये अङ्गीकार सूचित हुआ है।

अतएव श्रीव्रजसुन्दरीवृन्द की अवशेष में रमणरूप में श्रीकृष्ण प्राप्ति सुसङ्गत है। कारण, कात्यायनी व्रतपरायणा कुमारीगण की अभीष्टसिद्धि—"हे देवि ! पति रूप में नन्द गोप पुत्र को प्रदान करो" इस मन्त्र जप से हुई, तो अनिन्द्यभाववती व्रजललनावृन्द की भी सङ्कल्पसिद्धि अवश्य होगी। कारण, श्रीकृष्ण स्वयं कात्यायनी रूप में देवी होते हैं, अनुष्ठान का प्रेरणकर्त्ता भी स्वयं होते हैं, स्वयं सन्तुष्ट होकर यदि सब कुछ करते हैं, तब व्रजललनागण की प्राप्ति रमण रूप में क्यों नहीं करायेंगे।

इस पक्ष में भी प्रथम तो गुप्त पति होने के कारण—श्रीकृष्ण, जारप्राय थे, कारण, स्वयं श्रीकृष्ण ही स्वरूपाभिन्न प्रियावर्ग को अवतारितकर नित्य सम्बन्ध विस्मृत करवाकर कौतुकमयी लीला करते हैं। इस प्रकार "मत्कामा रमणं जारं" श्लोक में उल्लिखित जार पदार्थ का समन्वय करना कर्त्तव्य है। अतएव गोपालोत्तर तापनी में श्रीदुर्वासा ने जो कुछ कहा था उसका समन्वय भी करना आवश्यक है, "जन्म जरा से अतीत श्रीकृष्ण अचल एवं अविनश्वर हैं, वह ही तुम सबका स्वामी है।

श्रीभगवान् कृष्ण उद्धव को कहे थे—॥१७७॥

इतः प्राक् कथित हुआ है कि श्रीकृष्ण कुछ काल भूतल में सपरिकर प्रकट विहार करने के पश्चात् सपरिकर अप्रकट लीला में प्रवेश करते हैं, उसमें प्रकट लीलागत स्वरूप रूप धाम परिकर लीला एवं भावादि एक प्रकार हैं, किसी अंश में भिन्नता नहीं है। इस प्रकार ही अप्रकट लीला से प्रकट लीला का आविष्कार होता है। इसमें भिन्नता नहीं है। श्रीजीवगोस्वामिपाद का यह मत है। उसका यथावत् प्रतिपादन श्रीकृष्ण ने उद्धव के सहित प्रश्नोत्तर में किया है।

(१७८) "संशयः शृण्वतो वाचं तव योगेश्वरेश्वर।
न निवर्त्तत आत्मस्थो येन भ्राम्यति मे मनः ॥" ५३५॥

तव वाचं शृण्वतोऽवधारयतोऽपि ममात्मस्थः संशयो मयोदितेष्ववहित इत्यादिकाध्याय-त्रयगतमहावाक्यार्थपर्य्यालोचनासामर्थ्यं न निवर्त्तते। कुतः? येन यतो मनो भ्राम्यति। (भा० ११।१२।१०) "रामेण सार्द्धं मथुरां प्रणीते" इत्यादिकं तव वचनं श्रुत्वा हन्त तासामनेन सङ्गमः कुत्र कथं विद्यत इति चिन्तया न स्वस्थं वर्त्तत इत्यर्थः ॥

भा० ११।१२।१६ में उक्त है— "संशयः शृण्वतो वाचं तव योगेश्वरेश्वरः।
न निवर्त्तत आत्मस्थो येन भ्राम्यति मे मनः ॥"

प्रश्नोत्तर में प्रकट अप्रकटगत लीला द्वय की ऐक्य परिपाटी सुव्यक्त है। प्रश्न—श्रीउद्धव ने कहा—यह प्रश्न— "मत्कामारमणं जारमस्वरूपोविदोऽबलाः ब्रह्म मां परमं प्रापुः सङ्गाच्छत सहस्रशः" श्रीकृष्णोक्ति श्रवण के बाद हुआ।

'हे योगेश्वर! मैं आपका वचन सुन रहा हूँ, किन्तु, मेरा हृदयस्थ संशयापोनोदन नहीं हो रहा है। उससे मेरा मन भ्राम्यमाण हो रहा है।

उक्त श्लोकार्थ इस प्रकार है—तुम्हारा वाक्य मनोयोग के सहित सुनने पर भी मेरा हृदयस्थित संशय विदूरित नहीं हो रहा है। अर्थात्—"मयोदितेष्ववहितः" इत्यादि श्लोक से आरम्भ कर १०, ११, १२, तीन अध्यायों में वर्णित महावाक्य की अर्थपर्य्यालोचना करने की असामर्थ्य विदूरित नहीं हो रही है, क्योंकि संशय विदूरित नहीं हो रहा है। उसको भी मैं कहता हूँ—"रामेण सार्द्धं मथुरां प्रणीते श्वाफल्किना मय्यनुरक्तचित्ताः। विगाढ़ भावेन न मे वियोग तीव्राधयोऽन्यं ददृशुः सुखाय। तास्ताः क्षपाः प्रेष्ठ तमेन नीता मयैव वृन्दावनगोचरेण। क्षणार्द्धवत्ताः पुनरङ्ग तासां हीना मया कल्पसमा बभूवुः ॥

उक्त श्लोकद्वय में श्रीकृष्ण विच्छेद के अनन्तर प्रेयसीवृन्द की श्रीकृष्ण प्राप्ति किस रीति से हुई उसका विशद वर्णन है।

"अक्रूर जब बलदेव के साथ मुझको मथुरा ले आये थे, तब मुझमें अनुरक्तचित्त गोपीगण प्रगाढ़ प्रेमवशतः तीव्र विच्छेद दुःख से कातर होकर अपर किसी वस्तु को सुखहेतु नहीं मानती थीं। वृन्दावन में अवस्थान के समय प्रियतम मेरे साथ जो सब रजनी रासादि विचित्र विलास द्वारा अतिवाहित हुई थीं, वे सब रजनी क्षणार्द्धतुल्य हुई थीं, एवं मत् विच्छेद रजनी समूह कल्प समूह हुई थी।

यहाँ प्रगाढ़प्रेमवशतः तीव्र विच्छेद पीड़ा से कातर होकर व्रजदेवीगण मुझ कृष्ण को छोड़कर सखी-गण को भी सुखकर नहीं मानती थीं, अधुना सुखरूप देख रही हैं। कारण, उद्धव के सहित वाक्यालाप के समय यदि विच्छेद वर्त्तमान होता तो "ददृशुः" अतीत क्रिया का निर्देश न कर वर्त्तमान क्रिया का प्रयोग करते। सुतरां विच्छेद रजनीसमूह कल्पसम हुई थीं, सम्प्रति उस प्रकार नहीं हैं, सुतरां विच्छेद नहीं है, अन्यथा 'बभूवुः' अतीत क्रिया का निर्देश न कर वर्त्तमान क्रिया का प्रयोग ही करते। तज्जन्य प्रकट अप्रकट लीलाद्वय की अप्रतिपत्ति हेतु—अर्थात् उभय लीला का स्थापन विभिन्न रूप में करना असम्भव होने से ही अप्रकट भाव प्राप्ति पूर्वक निज-निज यथावस्थित नामरूप में वे सब अवस्थित हैं, उसमें दृष्टान्त नदी जिस प्रकार समुद्र में नामरूप को छोड़कर मिलती है, समाधि में मुनिगण जिस प्रकार परमात्मा के सहित मिलते हैं नामरूप को छोड़कर।"

उक्त वियोग विधुरा व्रजसुन्दरीगण के सहित श्रीकृष्ण का सङ्गम कहाँ किस प्रकार से विद्यमान है, इसकी समन्वय चिन्ता से मेरा मन अस्थिर है। उक्त संशय प्रकाशक वाक्य का यह प्राञ्जल अर्थ है ॥१७८॥

१७९। अथोत्तरम्—तत्र तस्य संशयमपनेतुं द्वाभ्यां तावत्तच्चित्तं स्वस्थयन् श्रीभगवानुवाच भा० ११।१२।१७)

(१७९) "स एष जीवो विवरप्रसूतिः, प्राणेन घोषेण गुहां प्रविष्टः।
मनोमयं सूक्ष्ममुपेत्य रूपं, मात्रा स्वरो वर्ण इति स्थविष्ठः ॥" ५३६॥

स एष मल्लक्षणो जीवो जगतां जीवनहेतुः, विशेषतो व्रजस्य जीवनहेतुर्वापि परमेश्वरः प्राणेन मत्प्राणतुल्येन घोषेण व्रजेन सह विवरप्रसूतिर्विवरादप्रकटलीलातः प्रसूतिः प्रकटलीलायामभिव्यक्तिर्यस्य तथाभूतः सन् पुनर्गुहामप्रकटलीलायामेव प्रविष्टः। कीदृशः सन्, किं कृत्वा? मात्रा मम चक्षुरादीनि, स्वरो भाषागानादीनि वर्णो रूपम्, इति इत्थं स्थविष्ठः स्वपरिजनानां प्रकट एव सन्। वहिरङ्गभक्तानामन्येषां सूक्ष्ममज्ञेयं मनोमयं कथञ्चिन्मनस्येव गम्यं यद्रूपं प्रकाशस्तदुपेत्य ॥

अनन्तर उक्त प्रश्न का उत्तर—उक्त अध्याय में श्रीउद्धव का संशय अपनोदन निबन्धन श्लोकद्वय के द्वारा उनके चित्त को प्रकृतिस्थ 'निरुद्विग्न' कर श्रीकृष्ण कहे थे—(भा० ११।१२।१७)—

स एष जीवो विवर प्रसूतिः, प्राणेन घोषेण गुहांप्रविष्टः।
मनोमयं सूक्ष्ममुपेत्य रूपं मात्रा स्वरो वर्ण इति स्थविष्टः ॥

विवर प्रसूति रूप में वह जीव प्राण तुल्य घोष के सहित गुहा में प्रविष्ट हुआ है, उस समय वह रूप, मात्रा, स्वर एवं वर्ण विशिष्ट स्थविष्ठ एवं मनोमय सूक्ष्मावस्था को प्राप्त किया है।

व्रजसुन्दरीवृन्द का प्राणकोटि प्रियतम तुम्हारे सम्मुख में विद्यमान मैं हूँ श्रीकृष्ण, श्रीकृष्णरूप जीव, जगत् के जीवन हेतु हैं, किम्बा विशेष रूप से व्रजवासी के जीवनहेतु हैं, वह परमेश्वर हैं। विशेष रूप से कहने का तात्पर्य यह है कि—जीवन रक्षा के अनेक उपाय हैं, उसमें से किसी एक को वर्जन करने पर भी जीवन रक्षा होती है, किन्तु जो विशेष उपाय है, उसको छोड़ा नहीं जा सकता है। श्रीकृष्ण को छोड़कर व्रजवासीगण जीवित रह नहीं सकते हैं, तज्जन्य ही श्रीकृष्ण व्रजवासीगण के जीवन हेतु हैं।

मेरा प्राणतुल्य घोष व्रज के सहित, विवर—अप्रकट लीला से, प्रसूति—प्रकट लीला में अभिव्यक्ति जिसका है, तादृश रूप में, पुनर्वार गुहा—अप्रकट लीला में प्रविष्ट होता हूँ।

किस रूप में एवं कैसे उसका सम्पादन करते हैं—उसको कहते हैं मात्रा—मेरी चक्षु प्रभृति इन्द्रिय-समूह, स्वर—भाषा एवं गान प्रभृति, वर्ण—रूप, उक्त समुदय समन्वित स्थविष्ठ—निज परिजनगण के निकट प्रकट रूप, अपर व्यक्तिगण के निकट सूक्ष्म, एवं वहिरङ्ग भक्तगण के निकट मनोमय—कथञ्चिद्रूप में मनोमध्य में स्फूर्त्ति प्राप्त हो सकता है। इस प्रकार रूप की जो अभिव्यक्ति—उस रूप में उक्त लीला सम्पादनकारी मैं हूँ।

सारार्थ यह है कि—श्रीकृष्ण ने कहा—मैं विशेष रूप से व्रजवासीवृन्द का जीवन स्वरूप हूँ। व्रज भी मेरा जीवनतुल्य है, व्रज के सहित मेरा विच्छेद कभी भी नहीं हो सकता है। मैं व्रज के सहित अप्रकट लीला से प्रकट लीला में आविर्भूत होता हूँ, एवं उन सबके सहित ही अप्रकट लीला में प्रवेश करता हूँ। प्रकट लीला में जिस रूप में विहार करता हूँ, अप्रकट लीला में अविकल उस रूप में ही प्रवेश करता हूँ। उस समय मेरी इन्द्रिय का व्यतिक्रम नहीं होता है, एवं भाषा रूप प्रभृति का भी व्यतिक्रम नहीं होता है। अप्रकट लीला में प्रविष्ट होने पर भी उक्त लीलास्थित परिकरगण के सहित अविकल प्रकट लीला विलसित रूप में ही विहार करता हूँ। उस समय वहिरङ्ग जनगण मुझको देख नहीं पाते, किन्तु साधन परायण जनगण के चित्त में कभी-कभी उस रूप की स्फूर्त्ति होती है ॥१७९॥

१८० । प्रकटलीलाविष्कारञ्च सदृष्टान्तं स्पष्टयति (भा० ११।११।१८)—

(१८०) "यथानलः खेऽनिलबन्धुरुष्मा, बलेन दारुण्यधिमथ्यमानः ।
अणुः प्रजातो हविषा समेध्यते, तथैव मे व्यक्तिरियं हि वाणी ॥" ५३७॥

दृष्टान्तोऽयं गर्भगतादिक्रमेणाविर्भावमात्रांशे । तृतीयेऽपि तदुक्तं श्रीमदुद्धवेनैव (भा० ३।२।१५)— "अजोऽपि जातो भगवान् यथाग्निः" इति; व्यक्तिराविर्भावः ; हि यस्मादियं स्वरहस्यैकविज्ञस्य ममैव वाणी । नात्रासम्भावना विधेयेत्यर्थः । ततश्चानन्तरं वक्ष्यमाण (भा० ११।१२।१९)

अनन्तर दृष्टान्त के सहित सुस्पष्ट रूप से प्रकटलीलाविष्कार का वर्णन करते हैं । (भा० ११।१२।१८)

"यथानलः खेऽनिलबन्धुरुष्मा, बलेनदारुण्यधिमन्यमानः ।
अणुः प्रजातो हविषा समेध्यते, तथैव मे व्यक्तिरियं हि वाणी ।"

जिस प्रकार आकाश में उष्मा रूप में व्यक्त अग्नि काष्ठ में स्थित होती है, अधिक मन्थन से वायु की सहायता से वह सूक्ष्मस्फुलिङ्ग रूप में उद्भूत होता है, उसके बाद घृत संयोग से परिवर्द्धित होता है, उस रूप में ही मेरी व्यक्ति, अभिव्यक्ति है— यह ही मेरी वाणी है ।

एकदेशी दृष्टान्त है, गर्भादि क्रम से आविर्भाव मात्रांश में यह दृष्टान्त प्रयुक्त हुआ है । तृतीय स्कन्ध में (३।२।१५) इस प्रकार आविर्भाव का विवरण श्रीउद्धव महाशय ने कहा है । "अजोऽपि जातो भगवान् यथाग्निः" श्रीभगवान् काष्ठस्थित अग्नि के समान जन्म ग्रहण करते हैं । व्यक्ति शब्द का अर्थ आविर्भाव है, श्रीकृष्ण का कहने का तात्पर्य्य यह है—मेरा आविर्भाव का वृत्तान्त का कथन जो मैंने किया है, वह ही यथार्थ है । कारण, यह ही मेरी वाणी है, अर्थात् इसका रहस्य को मैं ही जानता हूँ, कोई भी नहीं जानते हैं । सुतरां लीलारहस्य के सम्बन्ध में जो कुछ मैंने कहा है, उसमें असम्भावना की आशङ्का नहीं है ।

इसके परवर्त्ती श्लोक का अनुसन्धान करना आवश्यक है । (भा० ११।१२।१९)—

"एवंगदिः कर्मगतिर्विसर्गो घ्राणोरसोदृक्स्पर्शः श्रुतिश्च ।
सङ्कल्प विज्ञानमथाभिमानः सूत्रं रजः सत्त्वतमोविकारः ॥"

वाक्य, कर्म, गति, विसर्ग, घ्राण, रसन, दर्शन, स्पर्शन, श्रवण, सङ्कल्प, विज्ञान, अभिमान, सूत्र, रजः, सत्त्व, तमः गुणत्रय विकार की जिस प्रकार अभिव्यक्ति होती है, अर्थात् वाक्पाणि, पाद, पायूदरस्थ रूप कर्मेन्द्रिय का कार्य्य क्रमशः— वाक्य, कर्म, गमन, विसर्ग (मलमूत्रादि विसर्जन), नासिका, जिह्वा, चक्षु, त्वक कर्ण, पञ्च ज्ञानेन्द्रिय कार्य्य- क्रमशः घ्राण, रसन, दर्शन, स्पर्श, श्रवण है । मन का कार्य्य— सङ्कल्प, बुद्धि– चित्त का विज्ञान कार्य्य, अहङ्कार का कार्य्य— अभिमान, प्रधान का कार्य्य—सूत्र, एवं गुणत्रय का कार्य्य—विकार प्रपञ्च है ।

जिस प्रकार इन्द्रियसमूह से इन्द्रिय वृत्तिसमूह की अभिव्यक्ति होती है, प्रधान से सूत्र की एवं गुणत्रय से प्रपञ्च की अभिव्यक्ति होती है, उस प्रकार अप्रकट प्रकाश से प्रकटलीला की अभिव्यक्ति होती है । यह ही श्लोक का अभिप्राय है । पूर्वोक्त संशय दूरीकरणार्थ ही प्रस्तुत श्लोक की व्याख्या करना कर्त्तव्य है । भा० ११।१२।१८ में उक्त श्लोक में कथित "तथैव मे व्यक्तिरियं हि वाणी" एवं भा० ११।१२।१९ श्लोक में उक्त "गदिः" शब्द का प्रयोग अर्थभेद प्रयुक्त हुआ है, श्लोकोक्त 'गदिः' शब्द का अर्थ— लौकिक भाषण को भी जानना होगा । अर्थात् मनुष्यवाणी की भी उत्पत्ति है, यह जानना होगा ।

'वाणी' एवं 'गदिः' शब्द का एक अर्थ होने पर भी यहाँ अर्थ पार्थक्य है । पूर्व श्लोकस्थ 'वाणी'

"एवं गदिः" इत्यादिग्रन्थस्तु संशयापनोदने-व्याख्येयः। एवं पूर्व्वोक्तवाक्यद्वयस्यैवार्थभेदेन गदिर्लौकिकं भाषणमपि ज्ञेयम्। तस्याप्युत्पत्तिर्ज्ञेयेत्यर्थः। स च सतात्पर्य्यकोऽर्थष्टीकायामेव दृश्य इति ॥ श्रीशुकः ॥

१८१। तदेवं श्रीमद्भागवते पुनर्व्रजागमनादिरूपोऽयमर्थो बहुधा लब्धोऽपि पाद्मोत्तर-खण्डवद्यन्न स्पष्टतया वर्णितः, तत् खलु निजेष्टदेवतत्त्वस्य वहिर्मुखान् प्रत्याच्छादनेच्छया अन्तर्मुखान् प्रत्युत्कण्ठावर्द्धनेच्छयेति गम्यते। यत एवोक्तम् (भा० ११।२१।३५)—"परोक्षवादा ऋषयः परोक्षन्तु मम प्रियम्" इति।

शब्द का अर्थ—श्रीभगवान् का वाक्य है। प्रस्तुत श्लोक में 'गदिः' शब्द का अर्थ—मनुष्य वाक्य है। अर्थात् मनुष्य का वाक्य जिस प्रकार वागिन्द्रिय से अभिव्यक्त होता है, श्रीकृष्ण भी उस प्रकार अप्रकट प्रकाश से प्रपञ्च में अभिव्यक्त होते हैं। सदृष्टान्त श्रीकृष्ण ने उक्ताभिप्राय को प्रकट किया है।

श्लोकद्वयस्थ 'वाणी' एवं 'गदिः' शब्दद्वय का तात्पर्य्य के सहित अर्थ पार्थक्य का उल्लेख स्वामि-टीका में है।

"अव्यक्तस्य सतः सूक्ष्ममध्यमक्रमेणाभिव्यक्तौ दृष्टान्तः यथेति। यथा अग्निः रवे उष्मा अव्यक्तोष्म रूपः दारुण्यधिकं मथ्यमानोऽनिल सहायः सन् अणुः सूक्ष्म विस्फुलिङ्गादि रूपो भवति। पुनः प्रकृष्टोजातो हविषा संवर्द्धते तथैवेयं वाणी मम अभिव्यक्तिः ॥१७॥

उक्तां वाग् वृत्तिमुपसंहरन् इतरेन्द्रिय वृत्तिष्वतिदिशति एवं गतिर्गदनं भाषणं मे व्यक्तिरित्युपसंहारः। कर्म—हस्तयोर्वृत्तिः, गतिः पाद"योः, विसर्गः—पायूपस्थयोरिति कर्मेन्द्रियानाम्। घ्राणोऽवघ्राणं रसो रसनं, दृक दर्शनं, स्पर्शः—स्पर्शनं, श्रुतिः—श्रवणमिति—ज्ञानेन्द्रियाणाम्। सङ्कल्पो मनसः, विज्ञानं—बुद्धिचित्तयोः, अभिमानोऽहङ्कारस्य सूत्रं प्रधानस्य सत्त्वरजस्तमसांविकारो अधिदेवादिस्त्रिविधः प्रपञ्च मे व्यक्तिरिति पूर्वेणान्वयः ॥१६॥

प्रवक्ता श्रीशुक हैं ॥१८०॥

संशय हो सकता है कि—पाद्मोत्तर खण्ड में जिस प्रकार श्रीकृष्ण का व्रज में प्रत्यागमन वर्णन सुस्पष्ट रूप से है, उस प्रकार वर्णन सुस्पष्ट रूप से श्रीमद्भागवत में क्यों नहीं हुआ? प्रश्न का समाधान करते हैं—वर्णनकर्त्ता श्रीशुकदेव ने श्रीकृष्ण वहिर्मुख जनगण के निकट आच्छादन करने की इच्छा से एवं अन्तर्मुखी व्यक्तिगण की कृष्ण विषयक उत्कण्ठा वर्द्धनहेतु श्रीकृष्ण का पुनर्व्रजागमन का सुस्पष्ट वर्णन नहीं किया है। इस प्रकार लीला वर्णन रीति श्रीकृष्णानुमोदित है। भा० ११।२१।३५ में श्रीकृष्ण ने स्वयं ही कहा है—

"वेदा ब्रह्मात्मविषयास्त्रिकाण्ड विषया इमे।
परोक्षवादा ऋषयः परोक्षञ्च ममप्रियम्।

वेदसमूह कर्मकाण्ड, देवताकाण्ड, एवं ब्रह्मकाण्डात्मक काण्डत्रय का वर्णन करते हैं, उसमें ब्रह्मात्म विषय भी वर्णित है। मन्त्रद्रष्टा ऋषिगण परोक्षवादी हैं, परोक्ष ही मेरा प्रिय है।

टीका—"तदेवं वेदानां प्रवृत्ति परत्वं निराकृत्य प्रकृतं निवृत्त परत्वमेव उपसंहरति वेदा इति। कर्मब्रह्म देवता काण्ड विषया इमे वेदा ब्रह्मात्म विषयाः ब्रह्मैवात्मा न संसारीत्येतत् पराः। तत् परत्वा प्रतीतौ च फल श्रुतिरियं नृणां न श्रेयो रोचनां परम्। श्रेयो विवक्षया प्रोक्तं यथा भैसज्यरोचनमित्युक्तमेव कारण मनुस्मारयतिपरोक्षेति। ऋषयो मन्त्रास्तद् द्रष्टारो वा। तत् किमिति। यतः परोक्षमेव—मम च

यदेतत्तु मया क्षुद्रतरेण तरलायितम् । क्षमतां तत् क्षमाशीलः श्रीमान् गोकुलवल्लभः ॥५३८॥

तदेतच्च श्रील-वृन्दावने लीलाद्वयस्य मिलनं सावसरमेव प्रस्तुतम्; द्वारकायान्तु प्रसिद्धमेव । तत्र मौषलादिलीला मायिक्येवेति पूर्व्वमेव दर्शितम् । वस्तुतस्तु द्वारकायामेव सपरिकरस्य श्रीभगवतो निगूढ़तया स्थितिः । यादवानाञ्च नित्यपरिकरत्वात्तत्त्यागेन स्वयं भगवत एवान्तर्द्धाने तैरतिक्षोभेणोन्मत्तचेष्टैरुपमर्द्दिता पृथिव्येव नश्येदिति प्रथमं तेषामन्तर्द्धापनम् । अतएवोक्तम् (भा० ।११।१।३)—

"भूभारराजपृतना यदुभिर्निरस्य, गुप्तैः स्वबाहुभिरचिन्तयदप्रमेयः ।
मन्येऽवनेर्ननु गतोऽप्यगतं हि भारं, यद्यादवं कुलमहो अविषह्यमास्ते ॥" ५३९॥ इति ।

प्रियम् । अयं भावः । शुद्धान्तःकरणैरेव एतद्बोद्धव्यं नान्यैरनधिकारिभिः वृथाकर्म परित्यागेन भ्रंशप्रसङ्गा-दिति ।

वेदोक्त उपदेशसमूह—सांसारिक विषय में संलिप्त कराने के निमित्त नहीं हुये हैं, किन्तु स्वाभाविक संस्कार प्राप्त आसक्ति से निवृत्त कराने के निमित्त हैं, कर्म, ब्रह्मदेवात्मक काण्डत्रय रूप में विभक्त वेद ब्रह्मात्मक विषयक हैं, सांसारिक विषय पर नहीं है, निवृत्ति पर वेद का अनुभव क्यों नहीं होता है ? कारण को कहते हैं— रोचकता में रुचि संसारी को अधिक होती है, किन्तु औषधि सेवन का फल रोगारोग्य है, किन्तु सम्पुटस्थ मिष्टता का आस्वादन नहीं है, उस प्रकार ही फलश्रुति को जानना होगा इस प्रकार गूढ़ रीति को क्यों अपनाते हैं ? कहते हैं, मन्त्रद्रष्टा ऋषिगण, परोक्षप्रिय होते हैं, ऐसा क्यों ? मेरा परोक्ष ही प्रिय है । तात्पर्य्य यह है—शुद्धान्तःकरण सम्पन्न व्यक्तिगण इसको जान सकेंगे, विषयासक्त व्यक्तिगण का बोध नहीं होगा । अतएव अनधिकारी व्यक्तिगण ईश्वरानुशासन से कर्मानुष्ठान करें, अनधिकार वशतः कर्म त्याग करने पर अवश्य पतन होगा ।

अतएव श्रीमद्भागवत में पारकीय लीला का ही वर्णन है, कारण, श्रीकृष्ण का वह अतीव आस्वाद-नीय है, श्रीकृष्ण प्रसन्नता हेतु श्रीशुकदेव ने भी उसका वर्णन अस्पष्टरूप से ही किया, किन्तु सन्दर्भकर्त्ता श्रीजीवगोस्वामि रूप में उसका वर्णन सुस्पष्ट करके श्रीकृष्ण का अप्रसन्नताभाजन अवश्य बनूँगा । अतएव भीतचित्त से प्रार्थना करता हूँ—

'यदे तत् मया क्षुद्रतरेण तरलायितम् ।
क्षमतां तत्क्षमाशीलः श्रीमान् गोकुलवल्लभः ।"

मैं अतिशय क्षुद्रतर हूँ किन्तु गाढ़तम विषय को तरल कियाहूँ, तज्जन्य क्षमाशील श्रीमान् गोकुलवल्लभ मुझको क्षमा करेंगे ।

उट्टङ्कित प्रमाणसमूह से प्रतीत होता है कि श्रीमद्भागवत में प्रकटाप्रकट लीला का मिलन सुस्पष्ट रूप में वर्णित न होने पर भी अवसर क्रम से स्थान स्थान में वर्णित है । द्वारका में लीलाद्वय का मिलन सुप्रसिद्ध ही है । द्वारका में अनुष्ठित मौषलादि लीलासमूह मायिक हैं, उसका प्रदर्शन पूर्वग्रन्थ में हुआ है ।

वस्तुतः, सपरिकर श्रीकृष्ण, द्वारका में निगूढ़ रूप में सदा अवस्थित हैं, किन्तु मौषललीलाच्छल से यदुगण को अन्तर्हित करने का कारण यह है—यादवगण श्रीकृष्ण के अतिशय प्रेमवान् नित्य परिकर हैं । उन सबको परित्याग कर श्रीकृष्ण, यदि स्वयं अन्तर्द्धान करते हैं, तो श्रीकृष्ण विरह दुःख से अत्यन्त दुःखी होकर उन्मत्तप्राय वे सब हो जायेंगे, उससे पृथिवी विनष्ट होगी । एतज्जन्य प्रथम यदुगण को अन्तर्द्धान कराया गया है । अतएव श्रीशुकदेव ने भा० ११।१।३ में कहा है—

अत्र तेषामधार्म्मिकतया तु पृथिवीभारत्वं न मन्तव्यम्, (भा० ११।१।१८)—

"ब्रह्मण्यानां वदान्यानां नित्यं वृद्धोपसेविनाम्।
विप्रशापः कथमभूद्वृष्णीनां कृष्णचेतसाम् ॥" ५४०॥ इत्यादौ,

(भा० १०।९०।४६)—"शय्यासनाटनालाप-क्रीड़ास्नानादिकर्मसु।
न विदुः सन्तमात्मानं वृष्णयः कृष्णचेतसः ॥" ५४१॥

इत्यादौ च परमसाधुत्वप्रसिद्धेः। पृथ्वा भारश्च व्यक्तिबाहुल्यमात्रेण नेष्यते, पर्व्वत-समुद्रादीनामनन्तानां विद्यमानत्वात्। तथा (भा० ११।७।५) "न वस्तव्यम्" इत्यादि-भगवद्वाक्यस्य तात्पर्य्यमिदम्। माययापि यदूनां तादृशत्वदर्शनं ममानन्दवैभवधाम्नि मदीयजनसुखदमद्विलासैकनिधौ द्वारकायां नोचितम्, प्रभासे तु तत्तद्योगादुचितमिति। तथा (भा० ११।६।३४)

"भूभारराज भृतना यदुभिर्निरस्य, गुप्तैः स्वबाहुभिरन्ति यदप्रमेयः।
मन्येऽवनेर्ननु गतोऽप्यगतं हि भारं, यद् यादव कुलमहो अविषह्यमास्ते।"

"अप्रमेय श्रीकृष्ण, स्वीय बाहुबल से परिरक्षित यादवगण के द्वारा पृथिवी के भार स्वरूप ससैन्य राजन्यवृन्द को विनष्ट करने के पश्चात् चिन्ता किये थे—अहो! पृथिवी का भार विनष्ट होकर भी विनष्ट नहीं हुआ है, कारण, दुर्दमनीय यदुकुल अद्यापि विद्यमान है।

अधार्मिकगण ही पृथिवी के भारस्वरूप होते हैं, इस श्रेणी मुक्त यादवगण नहीं हैं, कारण, भा० ११।१।१८ में उक्त है— "ब्रह्मण्यानां वदान्यानां नित्यं वृद्धोपसेविनाम्।
विप्रशापः कथमभूद् वृष्णीनां कृष्णचेतसाम्।"

(भा० १०।९०।४६) "शय्यासनाटनालाप क्रीड़ास्नानादिकर्मसु।
न विदुः सन्तमात्मानं वृष्णयः कृष्णचेतसः।"

यदुगण परम धार्मिक थे, निम्नोक्त विवरण ही उसका द्योतक है। परीक्षित् महाराज ने कहा—ब्राह्मण भक्ति वर्जित, अदाता, ज्ञानवृद्धगण की सेवा रहित, श्रीकृष्ण बहिर्मुख व्यक्तिगण—शापग्रस्त होते हैं, किन्तु ब्राह्मण भक्त, दानशील, नित्य वृद्धसेवापरायण एवं कृष्णगत चित्त यदुगण कैसे ब्रह्मशापग्रस्त हुये?

श्रीकृष्णगत चित्त कृष्णगण शयन, उपवेशन, गमन, आलाप, स्नान भोजनादि में व्यापृत होने पर भी निज को स्वतन्त्र नहीं मानते थे। अर्थात् वे सब निरन्तर भगवत् प्रेरणा से ही समस्त कार्य्य निर्वाह करते थे, स्वयं कुछ भी नहीं करते थे, एवं अनुसन्धान करने में भी वे सब असमर्थ थे। कारण, जिस चित्त से अनुसन्धान होता है, वह चित्त श्रीकृष्ण में निबद्ध था। उक्त श्लोक द्वय के द्वारा यदुगण की परम धार्मिकता स्थापित हुई है।

संख्या आधिक्य वशतः यदुगण पृथिवी के भार थे, यह भी नहीं हो सकता है, पृथिवी में असंख्य पर्वत समुद्र वर्त्तमान हैं, उसको पृथिवी का भार नहीं कहा जाता है।

भा० ११।७।५ में वर्णित है— "न वस्तव्यं त्वयैवेह मयात्यक्ते महीतले।
जनोऽधर्मरुचिर्भद्र भविष्यति कलौयुगे।"

"न वस्तव्यमिहास्माभि जिजीविषुभिरार्य्यकाः।
प्रभासं सुमहत् पुण्यं यास्यामोऽद्यैव माचिरम्।" ११।६।३४

श्रीकृष्ण यदुवृद्धगण को कहे थे—यदि जीवित रहने की इच्छा हो तो, यहाँ रहना उचित नहीं है, आज ही महापुण्य तीर्थ प्रभास को जायेंगे, विलम्ब नहीं करेंगे।"

"जिजीविषुभिः" इत्युक्त्वा (भा० ११।६।३८) "वृजिनानि तरिष्यामः" इति चोक्त्वा वस्तुतस्तु तेषां तादृशत्वं न भविष्यतीत्येवोक्तम्। तत्र "अस्माभिः" इति "वयम्" इति चोक्त्वा स्वेनैक्यसूचनया स्वात्मवदन्यथाभावत्वमेकगतित्वञ्च व्यञ्जितमिति।

तदेवं स्थिते तैः साकं श्रीभगवतो द्वारकायामेव नित्यां स्थितिमाह (भा० ११।३१।२३-२४)—

"द्वारकां हरिणा त्यक्तां समुद्रोऽप्लावयत् क्षणात्।
वर्ज्जयित्वा महाराज श्रीमद्भगवदालयम् ॥५४२॥
नित्यं सन्निहितस्तत्र भगवान् मधुसूदनः
स्मृत्याशेषाशुभहरं सर्व्वमङ्गलमङ्गलम् ॥"५४३॥

मौषललीला मायिक होने से, द्वारका में उपद्रव की आशङ्का नहीं हो सकती है, श्रीकृष्ण की उक्ति में आशङ्का का विवरण है। उत्तर यह है—यदुकुल ध्वंस वृत्तान्त का प्रदर्शन यद्यपि मायिक था, तथापि श्रीकृष्ण की धारणा थी-आनन्द वैभवधाम, जन प्राण का सुखद एवं मेरा विलास निकेतन है। वह द्वारका है, उसमें यदुकुल ध्वंस--मायिक होने पर भी अनुष्ठान उचित नहीं है। प्रभास—आनन्द वैभवधाम भी नहीं है। निज-जन-गण सुखद भी नहीं है, एवं मेरा विलास निकेतन भी नहीं है। अतएव प्रभास में ही मायिक-यदुवंश-ध्वंस लीला प्रदर्शन समुचित होगा। भा० ११।६।३४ में वर्णित "जिजीविषुभिः" जीवित रहने का अभिलाषी हो तो, एवं भा० ११।६।३८ में उक्त है—

तेषु दानानि पात्रेषु श्रद्धयोप्त्वा महान्ति वै।
वृजिनानि तरिष्यामो दानैर्नौभिरिवार्णवम् ॥

सत्पात्र रूप ब्राह्मण वर्ग को दान प्रदान कर नौका द्वारा समुद्रोत्तरण के समान पापराशि से उत्तीर्ण हो जाऊँगा।" यहाँ "वृजिनानि तरिष्यामः" "पापराशि से उत्तीर्ण हो जाऊँगा" कहने से प्रतीत होता है कि यदुकुल का ध्वंस नहीं होगा। अर्थात् 'जीवित रहने का अभिलाषी' कहने पर बोध होता है कि, प्रभास गमन से विनाश की आशंका नहीं है। 'पापराशि से उत्तीर्ण हो जाऊँगा' कहने से प्रतीत होता है कि, स्थान प्रभाव से यदुगण भी ब्रह्मशाप-मुक्त हो जायेंगे। अतएव यदुवृन्द का वास्तविक विनाश असम्भव है।

एवं प्रभास गमन प्रस्ताव में उक्त है कि—'न वस्तव्यमित्यस्माभिः' इस श्लोक में 'अस्माभिः' 'हम सबके द्वारा कहा गया है।

"वयञ्च तस्मिन्नाप्लुत्य तर्पयित्वा पितॄन् सुरान्।
भोजयित्वोशिजो विप्रान् नानागुणवतान्धसा ॥"

हम सब उक्त तीर्थ में स्नानपूर्वक पितृदेव तर्पण कर विप्रवृन्द को विविध गुण सम्पन्न अन्न भोजन करायेंगे। यहाँ 'वयञ्च' 'हम सब' कहकर श्रीकृष्ण ने स्वयं के सहित यदुगण का ऐक्य सूचित किया है। उससे स्वयं के समान यदुगण में जन्मादि षड्विकार नहीं हैं, सूचित हुआ है, एवं गतित्व भी सूचित हुआ है।

इस प्रकार स्थिर होने से यदुवर्ग के सहित श्रीकृष्ण की द्वारका में नित्यस्थिति सुव्यक्त हुई है। (भा० ११।३१।२३-२४) द्वारकां हरिणा त्यक्तां समुद्रोऽप्लावयत् क्षणात्।
वर्ज्जयित्वा महाराज श्रीमद्भगवदालयम् ॥
नित्यं सन्निहितस्तत्र भगवान् मधुसूदनः।
स्मृत्याशेषाशुभहरं सर्व्वमङ्गलमङ्गलम् ॥

"हे महाराज! श्रीकृष्ण परित्यक्त भगवदालय को छोड़कर द्वारका को तत्काल समुद्र ने आप्लावित

लोकदृष्टयैव हरिणा त्यक्तामत्यक्तामिति वा नित्यं सन्निहित इति वा वक्ष्यमाणात्। ततश्चोभयथाप्याप्लावनं परितो जलेन परिखावदावरणम्। तज्जलमज्जनञ्च समुद्रेणैव श्रीभगवदाज्ञया त्यक्तभूमिलक्षणस्य हस्तिनापुरप्रस्थापित-वहिर्जनगृहाद्यधिष्ठानवहिरावरणस्यैव। तथा रचनं विश्वकर्म्मणा तस्यैव प्रकटलीलायाः प्रापञ्चिकमिश्रत्वात्। अतः सुधर्म्मादीनां स्वर्गादागमनञ्च युज्यते। अप्रकटलीलायां ततोऽपि दिव्यतरं सभान्तरादिकमपि स्यात्, श्रीमान् यादवादिगृहवृन्दलक्षणशोभोपशोभावान् यो भगवदालयस्तं वर्जयित्वा तदेतमद्यापि समुद्रमध्ये कदाचिदसौ दूरतः किञ्चिद्दृश्यत इति तत्रत्यानां महती प्रसिद्धिः। अत्र महाराजेति सम्बोधनं दृष्टान्तगर्भम्; यद्वा, महान्तो राजानो यादवलक्षणा यत्र तथाभूतं श्रीमत्तदालयं श्रीकृष्णनित्यधामस्वरूपं द्वारकापुरम्। न केवलं पुरमात्रास्तित्वम्, तत्र च श्रीमति भगवदालये मधुसूदनः श्रीकृष्णो नित्यमेव सन्निहितः; अर्थात्तु तत्रत्यानाम्। किंवान् तत्र सन्निहितः?

किया था। कारण, उस आलय में भगवान् मधुसूदन नित्य सन्निहित हैं, उसका स्मरण करने से निखिल अशुभ विनष्ट होते हैं, भगवद्धाम, सर्वमङ्गलस्वरूप है।

लोक दृष्टि से श्रीहरि कर्तृक त्यक्ता, अथवा अत्यक्तवा अर्थ करना विधेय है। कारण, इसके बाद वर्णित है—वहाँ मधुसूदन नित्य सन्निहित हैं। उभय अर्थ में प्लावन का बोध होता है। भगवदालय के चतुर्दिक में परिखा के समान जलावरण को जलमज्जन कहा गया है। जहाँ जलमग्न हुआ था वहाँ वहिरङ्ग लोकों की आवास भूमि थी, भगवदाज्ञा से तत्रत्यजनवृन्द को हस्तिनापुर ले जाया गया था। अनन्तर श्रीकृष्ण कर्तृक परित्यक्त उक्त स्थान समुद्र के द्वारा प्लावित हुआ। सुतरां द्वारका का वहिरावरण ही जलमग्न हुआ था, यह स्थान विश्वकर्मा रचित था, श्रीद्वारकाधाम नित्य है, प्रकट लीला में प्रापञ्चिक मिश्रण की व्यवस्था है, अतः विश्वकर्मा के द्वारा उक्त वहिरावरण की रचना हुई थी। प्रकट लीलावसान में वहिरावरण जलमग्न होने पर भी नित्यधाम की हानि नहीं होती है, उसका निर्माण उस रूप से हुआ था।

अतएव प्रकट लीला में प्रापञ्चिक मिश्रण व्यवस्था स्वीकृत होने के कारण, स्वर्ग से सुधर्मासभा का आगमन सम्भव है। अप्रकट लीला में उक्त सभा से भी दिव्यतर अन्य सभा प्रभृति विद्यमान है।

'श्रीमद्भगवदालय' शब्द से श्रीमान् यादवादि गृहवृन्द लक्षण, शोभोपशोभावान् जो भगवदालय है, उसको छोड़कर समुद्र ने प्लावित किया था। तज्जन्य अद्यापि समय समय में समुद्र मध्य में द्वारकापुरी का किञ्चिदंश दृष्ट होता है। उक्त प्रदेशवासिगण के मध्य में महती प्रसिद्धि रूप में उक्त वृत्तान्त है।

भा० ११।३१।२३ में उक्त "वर्जयित्वा महाराज श्रीमद्भगवतालयम्" श्लोक 'महाराज' पद दृष्टान्त गर्भ विशेषण है, अर्थात् महान् विशेषण। जिस प्रकार राजन्य वर्ग के मध्य में श्रीपरीक्षित् का श्रेष्ठत्वसूचक है, उस प्रकार श्रीमान् विशेषण भी भगवदालय का निरतिशय शोभाशालित्व का प्रकाशक है।

अथवा, महाराज पद, श्रीमद्भगवदालय का विशेषण है। कर्मधारय समास में उभय का एकपदी भाव हुआ है। महान् यादववर्ग लक्षण राजन्यवृन्द जहाँ हैं, उस प्रकार उनका आलय है, अर्थात् श्रीकृष्ण का नित्यधाम रूप द्वारकापुर है।

केवल द्वारकापुर ही अवस्थित है, यह नहीं किन्तु उक्त श्रीभगवदालय में मधुसूदन श्रीकृष्ण नित्य ही सन्निहित हैं, अथात् धामवासिगण के सान्निध्य में नित्य अवस्थित श्रीकृष्ण हैं। तत्रत्य सामग्रीसमूह की भी

भगवान् यादवादिलक्षणाखिलनिजैश्वर्य्यवानेव । तदालयमेव विशिनष्टि—स्मृत्येति । साक्षादधुना व्यक्त-दद्दर्शनाभावात् स्मृत्येत्युक्तम् । यः स्वयमेवम्भूतस्तस्य त्वन्यथा सम्भावितत्वमपि नास्तोति भावः । एवमेव श्रीविष्णुपुराणे (५।६-११)—

"प्लावयामास तां शून्यां द्वारकाञ्च महोदधिः । यदुदेवगृहं त्वेकं नाप्लावयत सागरः ॥५४४॥
नात्याक्रामत्ततो ब्रह्मं स्तदद्यापि महोदधिः । नित्यं सन्निहितस्तत्र भगवान् केशवो यतः ॥५४५॥
तदतीव महापुण्यं सर्व्वपापप्रणाशनम् । विष्णुक्रीड़ान्वितं स्थानं दृष्ट्वा पापात् प्रमुच्यते ॥"५४६॥ इति

तथैव श्रीहरिवंशे यादवान् प्रतीन्द्रप्रेषितस्य नारदस्य वाक्यम् (विष्णु-प० १०२।३२)—

"कृष्णो भोगवतीं रम्यामृषिकान्तां महायशाः । द्वारकामात्मसात् कृत्वा समुद्रं गमयिष्यति ॥"५४७॥

इत्यत्र 'आत्मसात् कृत्वा' इति, न तु त्यक्त्वेति ॥ श्रीशुकः ॥

१८२। तदेवमप्रकट-प्रकटलीलयोः समन्वयो दर्शितः । एते एव पाद्मोत्तरखण्डे भोगलीला-शब्दाभ्यामुच्येते—"भोगो नित्यस्थितिस्तस्य लीलां संहरते कदा" इत्यादिना यां कदाचित्

नित्यता है, कारण, अनित्य वस्तु के सहित सम्पर्क श्रीकृष्ण का नहीं है । अनित्य वस्तु का नित्य सान्निध्य भी असम्भव है । मधुसूदन भगवान् वहाँ नित्य विराजित हैं, अर्थात् यादवादि लक्षण अखिलैश्वर्य्यवान् हैं । भगवदालय का विशेष वर्णन करते हैं । (भा० ११।३१।२४) "स्मृत्याशेषाशुभहरं सर्वमङ्गलमङ्गलम्" जिसका स्मरण से निखिल अशुभ विनष्ट होते हैं, वह द्वारका सर्वमङ्गलमङ्गल स्वरूप है । साक्षाद् व्यक्त रूप से सम्प्रति दर्शन न होने के कारण ही 'स्मृत्या' स्मरण करने से कहा गया है । उक्त श्रीमद्भगवदालय उस प्रकार नित्य है, उसके सम्बन्ध में अन्य रूप कल्पना नहीं की जा सकती है, अर्थात् धाम विनष्ट होता है, इस प्रकार कल्पना की सम्भावना नहीं है, श्रीमद्भागवतोक्त श्लोक का यह ही भावार्थ है ।

श्रीविष्णुपुराण में भी उस प्रकार वर्णन है । "शून्या द्वारकापुरी को समुद्र ने प्लावित किया, किन्तु यदुदेव गृह को प्लावित नहीं किया । हे ब्रह्मन् ! वहाँ भगवान् केशव नित्य सन्निहित हैं, तज्जन्य महासागर अद्यापि उसको आक्रमण करने में असमर्थ है । अतिशय पवित्र सर्व पाप प्रणाशन उस श्रीविष्णु क्रीड़ान्वित स्थान का दर्शन करने से मानव समस्त पापों से मुक्त होता है । (५४४-५४६)

उस प्रकार श्रीहरिवंश में यादवों के प्रति इन्द्र प्रेषित नारद का वाक्य भी लिखित है । "महायशाः कृष्ण, रम्या ऋषिकान्ता भोगवती द्वारका को आत्मसात् कर समुद्रस्थ करेंगे ।" यहाँ पर 'आत्मसात् कृत्वा' कहा गया है, किन्तु 'त्यक्त्वा' परित्याग कर, इस प्रकार नहीं कहा है । प्रवक्ता श्रीशुक हैं ।।१८१।।

उक्त रीति से प्रकट अप्रकट लीला का समन्वय प्रदर्शित हुआ । प्रकटाप्रकट लीलाद्वय का वर्णन पाद्मोत्तर खण्ड में भोग एवं लीला शब्द से हुआ है । "भोगोनित्यस्थितिस्तस्य लीलां संहरते कदा" भगवान् की नित्य स्थिति को भोग कहते हैं, एवं समय विशेष में उपसंहार योग्य को लीला कहते हैं । अर्थात् नित्य प्रवाहमयी लीला योग शब्द वाच्य है, एवं समय विशेष में अवसान प्राप्त को लीला कहते हैं ।

यहाँ पर अवश्य ज्ञातव्य तथ्य यह है कि, प्रकट लीलागत भाव—विरह संयोगादि लीला वैचित्री भरवाही हेतु बलवत्तर है । तज्जन्य प्रकटाप्रकट उभयलीला एकीभावापन्न होने पर भी परिकरवृन्द का प्रकट लीलागत भावमय अभिमान निश्चय ही अनुवर्त्तित होता है । मूलस्थ 'अनुवर्त्तन एव' शब्दस्थ अनुवर्त्तमान शब्द का अर्थ अनुवृत्ति विशिष्ट है ।

संहरते सा लीलेत्यर्थः। तत्र प्रकटलीलागतभावस्य विरह-संयोगादि-लीलावैचित्रीभरवाहित्वेन बलवत्तरत्वादुभयलीलैकीभावानन्तरमपि तन्मयस्तेषामभिमानोऽनुवर्त्तत एव। तत्रैश्वर्य्यज्ञान-सम्बलित-भावानां श्रीयादवानां स तावन्नूनमेवं सम्भवति,—अहो सर्व्वदैवानन्यजीवातूनाम-स्माकमीशिता श्रीकृष्णाख्यो भगवानयं नानालीलामृतनिर्झरैः सान्द्रानन्दचमत्कारमास्वादयितुं यादवशिखामणेर्नित्यमेव पितृभावसमृद्धस्य श्रीमदानकदुन्दुभेर्गृहे स्वजन्मना स्वानस्मान-लञ्चकार। ततश्च साधितास्मदानन्दसत्रप्रधानविविधकार्य्यः परमबान्धवोऽसौ परमेश्वरस्त-त्तद्रूपानेवास्मान् पुनर्ब्रह्माद्यैरपि दुरधिगमे श्रीमथुरानाम्नि श्रीद्वारकानाम्नि वा परमधाम्नि नानामाधुरीधुरीणाभिरात्मलीलाभिरनुशीलित एव विभ्राजित इति। सोऽयमभिमानः श्रीवृन्दावने तु निजनिजसम्बन्धसन्धायकप्रेमैकानुसारिणां श्रीव्रजवासिनां नूनमेवं समुज्जृम्भते। अहो योऽसौ गोकुलकुलभागधेयपुञ्जमञ्जुलप्रकाशो मादृशां दृशां जीवनसञ्चयनिर्म्मञ्छनीय-पादलाञ्छनलेशो वाञ्छातीतसुखसन्तति-सन्तानको महावनव्रज-महाखनिजनि-नीलमणि-राविरासीत्, योऽसौ दुष्टभोजराजविसृष्टैः पूतनादिग्रहसमूहैरुपरक्तोऽपि मुहुरनुकूलेन विधिना तेषां स्वयमेव विनाशपूर्व्वकं चकोरेभ्यश्चन्द्रमा इवास्मभ्यमवतीर्ण एवासीत्, योऽसौ तादृश-तदीयमहागुणगणादेव परितुष्यद्भिर्मुनिदेवैरिव दत्तेन केनापि प्रभावेण मुहुरपि विपद्गणा-दात्मक्लेशमगणयन्नेव नः परित्रातवान्, योऽसौ निजशील-रूपलावण्य-गुणविलासकेलि-विनिगूढसौहृद्यप्रकटनचातुरी-गुम्फितमाधुरीभिरस्मान् सुष्ठु पुष्टांश्चकार, योऽसौ लघुनापि गुणाभासेनास्माकमानन्दसन्दोहमभिविन्दमानो यद्यदपि मादृशामभिलषितं वा तदतीतं वा

श्रीकृष्ण परिकरों के मध्य में श्रीयादवगण ऐश्वर्य्य ज्ञान सम्बलित हैं, उन सबके अभिमान की स्थिति भी निश्चय ही सम्भवपर है। प्रकटाप्रकट लीलाद्वय का ऐक्य साधित होने पर उन सब में अभिमान जिस प्रकार विद्यमान होता है, उसका वर्णन करते हैं। 'अहो! सर्वदा एक मात्र कृष्णगत प्राण हमारे प्रभु श्रीकृष्णाख्य भगवान् विविध लीलामृत निर्झरसमूह द्वारा प्रगाढ़ आनन्द चमत्कार प्राप्ति कराने के निमित्त नित्य पितृमातृ भाव समृद्ध यादव शिखामणि श्रीवसुदेव के गृह में हमारे निज निज अभिमान को वर्द्धित करते हैं। अर्थात् उनके सम्बन्ध में हम सब यादवगण की जो आत्मीय बुद्धि है, श्रीवासुदेव गृह में प्रकट विहार के समय मनुष्योचित चेष्टा के द्वारा तत्सम्बन्धीय पुत्रादि भाव को प्रगाढ़ करते हैं।

अनन्तर हमारे आनन्द सत्रप्रधान विविध कार्य्य साधित होने पर परम बान्धव वह परमेश्वर पुनर्वार ब्रह्मादि का दुरधिगम्य मथुरा एवं द्वारका नामक परमधाम में नाना माधुरी विशिष्ट निज विविध लीला निरत होकर प्रकट लीला में जिस प्रकार विहार करते हैं, उस उस रूप विशिष्ट होकर ही हम सबको उल्लसित करते हैं।'

उल्लिखित अभिप्राय से प्रतीत होता है कि—श्रीयादवगण, श्रीकृष्ण को परमेश्वर मानते हैं किन्तु श्रीकृष्ण के प्रति उन सबकी परम बान्धव बुद्धि भी है। किन्तु व्रजवासिगण, श्रीकृष्ण को प्रभु, सखा, पुत्र, प्राणबन्धु रूप में ही जानते हैं। व्रजवासिगण, उक्त सम्बन्धानुगत प्रेम का ही एक मात्र अनुसरण करते हैं, निज निज प्रेमानुरूप श्रीकृष्णरस में वे सब व्रजवासिगण आविष्ट हैं। श्रीयादवगण के समान श्रीवृन्दावन में

तत्तदपि प्रतिलवमप्याश्चर्य्यभूतं निजमाधुर्य्यवर्य्यमुल्लासितवान्, योऽसौ सकलसाधुजनावनाय विख्यापितयादवसम्बन्धस्तद्द्वारा स्वयमपि च राजन्यासुरसङ्घ-संहरणाय यदुपुरीं प्रस्थितवान्, योऽसौ कार्य्यानुरोधेन तत्रैव चिराय तिष्ठत आत्मनो विप्रयोगेन सन्तप्तबुद्धीनुद्धवादिभिरस्मानसकृदाश्वासयामास, योऽसौ पुनरुत्कण्ठाकोटिसमाकृष्टमूर्त्तिभिरतीर्थव्रज्याव्याजेन कुरुक्षेत्रं प्रगतैरस्माभिः श्वासमात्रावशिष्टैरिवामृतवारिधिरुपलब्धो बभूव, योऽसौ तथाविधानस्मानात्मसन्निधौ मासकतिपयं संवास्य परमस्वजनतया मुधैव कृताभिमानेभ्यो यादवेभ्यो निगूढ़ां कामपि स्नेहमुद्रामस्मासु समुद्घटय्य भवतामेवाहमिति व्यञ्जनया मुहुरेवास्मानभितः सन्धुक्षितवान्, योऽसौ श्रीवृन्दावनमेवास्माकमात्मनोऽपि परमभीष्टमिति निष्टङ्क्य शपथादिना निजझटित्यागमने विस्रभ्य साग्रहमस्मानत्रैव प्रस्थापितवान्, सोऽयमहो अकृतापरकर्त्तव्यशेष

भी श्रीव्रजवासिगण में प्रकट लीलागत भावमय अभिमान—अर्थात् उक्त सम्बन्धानुगत अभिमान निश्चय ही सम्यक् रूप से प्रस्फुटित है।

प्रकट अप्रकट लीला का ऐक्य साधित होने पर श्रीव्रजवासिवृन्द का मनोभाव इस प्रकार होता है— श्रीकृष्ण, गोकुल कुलभाग्य राशि का मञ्जुल प्रकाश हैं, जिनके चरण चिह्न का निर्मञ्छन, हम सब जीवन कोटि के द्वारा करते है, जो कृष्ण, वाञ्छातीत सुख सन्तति का विस्तारक हैं, जो महावन नामक व्रज रूप महाखनि जात नीलमणि के समान आविर्भूत हुये हैं, जो श्रीकृष्ण, दुष्ट कंस प्रेषित पूतनादि ग्रह समूह द्वारा उपरक्त (गृहीत) हुये थे। तथापि विधाता अनुकूल होने से स्वयं उक्त प्रतिकूल असुर समूह विनष्ट हुये थे, एवं श्रीकृष्ण चकोरसमूह के निकट चन्द्र के समान हम सबके समीप में प्रकाशित हुये थे। जो श्रीकृष्ण तादृश तदीय महागुणगण द्वारा परितुष्ट मुनिगण एवं देवगण प्रदत्त किसी अनिर्वचनीय प्रभाव से बारम्बार निज क्लेश को गण्य न कर विपद्राशि से हम सबको उद्धार किये हैं। जो श्रीकृष्ण निज सौशील्य लावण्य रूप गुण विलास केलि समूह में विनिगूढ़ सौहृद्य प्रकटन चातुरी ग्रथित माधुरी राशि के द्वारा हम सबको सुचारु रूप से पुष्ट किये हैं।

हम सबके सामान्य गुणाभास से जो श्रीकृष्ण, प्रचुर आनन्द लाभ पूर्वक हम सबके वाञ्छित एवं वाञ्छातीत जो माधुर्य्य है, उक्त सर्वोत्तम निज माधुर्य्य को उल्लसित प्रतिलव में आश्चर्य्य रूप से किये हैं।

जो श्रीकृष्ण, समस्त साधुजन निबह की रक्षा के निमित्त यादव सम्बन्ध प्रचार पूर्वक तद् द्वारा एवं स्वयं राजन्यवृन्द रूप असुर कुल का संहार हेतु यदुपुरी में प्रस्थान किये हैं।

जो कृष्ण, कार्य्यानुरोध से यदुपुरी में दीर्घकाल निवास करने के पश्चात् विच्छेद कातर हम सबको उद्धवादि द्वारा बारम्बार आश्वासन प्रदान किये थे।

जो श्रीकृष्ण, पुनर्वार उत्कण्ठा कोटि द्वारा समाकृष्ट मूर्त्ति, तदीय विच्छेद दुःख से हम सब अवसन्न थे, चलने की सामर्थ्य हम सब में नहीं रही, किन्तु श्रीकृष्ण दर्शनोत्कण्ठा ही हम सबको बलपूर्वक आकर्षण कर समीपस्थ कर चुकी है। तीर्थ भ्रमणच्छल से कुरुक्षेत्र में समुपस्थित, श्वासमात्रावशिष्ट हम सबके समीप में अमृत वारिधि रूप में उपलब्ध हैं।

जो श्रीकृष्ण, निज सान्निध्य में कतिपय मास हम सबको निज समीप में रखकर, नितान्त निज जन रूप में जिन सबका अभिमान है, उन सबके समीप में निगूढ़ स्नेह चिह्न समुद्घाटन पूर्वक—"मैं आप सबका ही हूँ" इस अभिप्राय को व्यक्त कर बारम्बार हम सबको सर्वतोभावेन उत्साहित किये हैं।

एवास्मान् निजागमनं विना समारब्धप्राणकोटिमोचनव्यवसायानाशङ्क्य झटिति स्वयमेव गोकुलं साम्प्रतमागम्य निजविरहकालव्यालमुखान्निष्कास्य च स्वावलोकनामृतपूरेण सिञ्चन्नेवास्ते। तत्र च प्रतिक्षणमपि नवनवीकृतेनानन्यसाधारणेन केनापि स्नेहसन्दोहमयेन केवलेन निजस्वभावविशेषेण, तत्रापि निजसौन्दर्य्यवर्य्यामृतपूरप्रपाचय-चयनेन, तत्रापि विविधमणिपुष्पादिभूषणपरभागपराभोगेन, तत्रापि विलासमाधुरीधुराविशेषाधानेन, तत्रापि विचित्रगुणगणोल्लासचमत्कारविद्याविनोदेन, तत्रापि गोपालन-गवाकारण-बाल्यतुल्यक्रीड़न-मोहनमन्त्रायितमुरलीवादनादिविभ्रमेण, तत्रापि गोकुलनिर्गमनप्रवेशादिलीलाचातुरी-माधुर्य्याड़म्बरेण, तत्रापि सुहृदां यथायथमनुसन्तर्पणकेलिकलाविशेषप्रकाशित-स्नेहातिशयेना-स्मानुपलालयन्नेवास्ते, येन वयमहो समयगमनागमनमपि सम्भालयितुं न पारयाम इति। एतनुसारेण द्वारकातः समागते श्रीकृष्णे केषाञ्चिद्व्रजवासिनामेव तदानीन्तनमुल्लासवचनम्, (भा० १०।६० ४८)—"जयति जननिवासः" इत्यादिकं श्रीशुकमुखादाविर्भूतमिति व्रजैकान्त-भक्ता व्याचक्षते। अक्लेशेनैवार्थविशेषपरिस्फूर्त्तेः सम्भवति च श्रीभागवतस्य विचित्रार्थत्वम्, विद्वत्कामधेनुरूपत्वात्। तथाहि (भा० १०।६०।४८)—

जो श्रीकृष्ण, श्रीवृन्दावन—हम सबका एवं उनका परमाभीष्ट है, यह निश्चय कर, शपथादि द्वारा सत्वर निज गमन संवाद से आश्वस्त कर आग्रह के सहित हम सबकी श्रीवृन्दावन में प्रेरणा किये थे। अहो! वह श्रीकृष्ण—'उनका आगमन के बिना हम सब प्राण कोटि परित्याग करने में प्रवृत्त हैं। इस आशङ्का से अपर कर्त्तव्य समाप्त न करके ही झटिति स्वयं गोकुल में आकर निज विरह काल सर्प के मुख से हम सबको निष्कासित कर निज दर्शन दान रूप अमृत राशि सिञ्चन कर रहे हैं। उसमें भी प्रतिक्षण में नवनवीकृत अनन्य साधारण स्नेह सन्दोह मय केवल निज स्वभाव विशेष के द्वारा, निज सौन्दर्य्यवर्य्यामृतपूर नदी सञ्चयन के द्वारा, विविध मणि पुष्पादि भूषण प्रभृति सुसम्पत्ति सेवनजनित सर्वोत्तम सुख के द्वारा, अर्थात् विविध कुसुम भूषण, गुञ्जा, शिखिपिच्छ, गोरोचना, प्रभृति श्रीकृष्ण की सम्पत्ति है, अर्थात् सम्पत्ति जिस प्रकार मानव का वैशिष्ट्य व्यक्त करती है, उस प्रकार वृन्दावनीय कुसुम भूषणादि भी श्रीकृष्ण का विशिष्ट लक्षण है। श्रुति में उक्त है—"वनमालिनमीश्वरम्" उक्त वेश से विभूषित होकर श्रीकृष्ण व्रजवासिवृन्द को परम सुखी करते हैं। यह उक्त कथन का तात्पर्य्य है। विलास माधुरी स्थापन के द्वारा, विचित्र गुण-गणोल्लासकारी चमत्कार विद्याविनोद द्वारा, गो-पालन, गो-आह्वान, बाल-क्रीड़ा, मोहन मन्त्रवत् मुरली वादनादि चेष्टा के द्वारा, गोकुल से निर्गमन प्रवेशादि लीला चातुरी माधुर्य्य जनित हर्ष द्वारा, सुहृद्गण के यथायोग्य परितोष साधन, एवं केलि कला विशेष प्रकाशित स्नेहातिशय द्वारा हम सबका अतिशय रूप से प्रतिपालन परायण होकर ही विराजित हैं।

अधुना श्रीकृष्ण, हम सब ईदृश स्नेह विह्वल किये हैं, जिससे हम सब समय का गमनागमनानुसन्धान करने में अक्षम हैं। प्रकटाप्रकट लीलाद्वय का ऐक्य होने पर व्रजवासि निकट का यह ही मनोभाव है।

पूर्वोक्त निर्णयानुसार ही द्वारका से श्रीकृष्ण का व्रजागमन होने पर कतिपय व्रजवासि का उल्लास वचन, "जयति जननिवासः" (भा० १०।६०।४८) इत्यादि श्लोक—श्रीशुक मुख से आविर्भूत हुये हैं। व्रजैकान्त भक्तवृन्द का यह अभिमत है। यह असङ्गत नहीं है। कारण, अक्लेश से ही उस प्रकार अर्थ लाभ होता है। श्रीमद्भागवत भक्तिमान विद्वानगण के निकट कामधेनु सदृश हैं। अर्थात् भावपोषक विविध अर्थ

(१८२) "जयति इत्यादि ।

कोऽपि सोऽयमस्माकं जीवनकोटिप्रियतमो विष्वक्प्रचारेण श्रीवृन्दावनस्यैव विशेषतः स्थावराणां जङ्गमानाञ्च तद्विरहाद्यद्दुःखं तन्निहन्ता जयति सर्व्वोत्कर्षेण वर्त्तते, अर्थात् श्रीवृन्दावन एव ; श्रीवृन्दावनस्य स्थावराणामपि भावो वर्णित एव, (भा० ११।१२।८) "केवलेनैव भावेन" इत्यादिना । केन विशिष्टः ? सुस्मितेन श्रीमुखेन;— एतेन सदातन-मानन्दैकरसत्वम्, स्वेषु सदैव सुप्रसन्नत्वञ्च तस्य प्रकाशितम् । किं कुर्व्वन् ? व्रजरूपं यत् पुरं तत्सम्बन्धिन्यो या वनिता जनितानुरागाः कुलबध्वस्तासां कामदेवं सर्व्वप्रेमानन्दोपरिविराज-मानत्वात्तासां कामस्तु देवः परमदिव्यरूपस्तं वर्द्धयन् । ननु देवक्याः पुत्रोऽयमित्येवं वदन्ति,

प्रदान में समर्थ है । अतएव श्रीमद्भागवत का अर्थ वैचित्र्य सम्भवपर है । व्रजवासी का उल्लासमय वचन, (भा० १०।९०।४८) "जयति जननिवासः" श्लोक की व्याख्या जिस प्रकार हो सकती है, उसका प्रदर्शन श्रीजीव गोस्वामि चरण करते हैं ।

"जयति जननिवासो देवकी जन्मवादो
यदुवर परिषत् स्वैर्दोर्भिरस्यन्नधर्मम् ।
स्थिरचर वृजिनघ्नः सुस्मित श्रीमुखेन
व्रजपुरवनितानां वर्द्धयनकामदेवम् ।।"

"जो निखिल जीवों का एक मात्र आश्रय हैं, जिन्होंने देवकी से जन्म ग्रहण किया है, इस प्रकार ख्याति जिनकी है, यादव श्रेष्ठगण, जिनके परिकर हैं, जिन्होंने स्वीय बाहुसमूह के द्वारा अधर्म निरसन पूर्वक स्थावर जङ्ग का दुःख नाश किया है, जिन्होंने सुस्मित श्रीमुख के द्वारा व्रजपुर वनिता का कामदेव वर्द्धित किया है, वह श्रीकृष्ण, जययुक्त होकर विराजित हैं ।" वह यह हमारे जीवन कोटि प्रियतम, उनका विरह हेतु श्रीवृन्दावन में सर्वव्यापी, विशेषतः तत्रस्य स्थावर जङ्गम का जो दुःख, उसका निरसनकारी होकर सर्वोत्तम रूप में विराजित हैं । अर्थात् श्रीवृन्दावन में श्रीकृष्ण तादृश सर्वोत्तम रूप में विराजित हैं । इससे श्रीकृष्ण के प्रति, श्रीवृन्दावनस्थ स्थावर जङ्गमों की जो प्रीति है, उसका वर्णन हुआ । भा० ११।१२।८ में वर्णित है—

"केवलेन हि भावेन गोप्यो गावो नगा मृगाः"
येऽन्ये मूढ़धियो नागाः सिद्धा मामीयुरञ्जसा"

टीका—तत्र वृक्षादीनां भवतु नाम कथञ्चित् साधनान्तरं गोपीप्रभृतीनान्तु नान्यदस्तीत्याह—केवलेनेति । सत् सङ्गलब्धेन केवलेनैव भावेन प्रीत्या । नगा—यमलार्जुनादयः । यद्वा, तदानीन्तनानां सर्व तरुगुल्मादीनामपि भगवति भावोऽस्तीति गम्यते । तदुक्तं भगवतैव । अहो अतीदेववरामरार्च्चितं पादाम्बुजं ते समनः फलार्हणम् । नमन्त्युपादाय शिखाभिरात्मन, स्तमोऽपहत्यै तरु जन्मयत्कृतमित्यादि । सिद्धाः—कृतार्थाः, सन्तः ईयुः प्रापुः ।।"

निखिल साधन सम्पत्ति हीन होकर भी केवल भाव के द्वारा ही—गोपीगण, धेनुवृन्द, वृक्षलता मृग प्रभृतियों ने साक्षात् रूप से अनायास श्रीकृष्ण को प्राप्त किया । किस प्रकार जययुक्त हैं ? सुस्मित श्रीमुख से सर्वदा विराजमान हैं । इससे परम प्रियतम का सतत आनन्दैकर सत्व एवं व्रजवासिवृन्द के प्रति सर्वदा सुप्रसन्नत्व प्रकाशित हुआ ।

कैसे जययुक्त हैं ? व्रज रूप जो पुर, तत्सम्बन्धी जो वनिता, अति अनुरागवती कुलबधू, उनका

तत् कथं युष्माकमत्रास्मदीयत्वेनाभिमानः ? तत्राहुः—देवक्यां जन्मेति वादो मिथ्यैव लोक-ख्यातिर्यस्य सः। तर्हि कथं वासुदेव इति तस्य नामेत्याशङ्क्याहुः—जननिवासो जनानां स्वजनानामस्माकं निवासत्वादाश्रयत्वादेव तथाभिधीयत इत्यर्थः; स्वजनेष्वस्मासु कृतवास-त्वादेव वा। ततश्चाधिकरणे कर्त्तरि वौणादिको वासुः, स च दीव्यति क्रीड़तीति देवश्च स इति विग्रहः; (भा० १०।८।१४) "प्रागयं वसुदेवस्य" इत्यादिका श्रीगर्गोक्तिरपि नास्माकं भातीति भावः। किमर्थमसौ देवकीजन्मवादोऽभूदित्याकाङ्क्षायामाहुः—यदुवराः परिषत् सहायरूपा यत्र तादृशं यथा स्यात्तथा, स्वैर्दोर्भिर्भुजप्रायैरर्जुनादिभिरधर्म्मं तत्प्रचुरं दुष्टकुलं अस्यन्निहन्तुम्,—

कामदेव, सर्व प्रेमानन्दोपरि विराजमान हेतु उन सबका काम ही देव—परम दिव्य रूप, उसको वर्द्धितकर जययुक्त हैं।

कह सकते हैं—श्रीकृष्ण देवकी पुत्र हैं, लोक प्रसिद्धि भी वैसी है, निज जन रूप से उनको मान लेना तुम सबके पक्ष में कैसे समीचीन होगा ? उत्तर में कहते हैं, देवकी में जन्म हुआ है, यह वाद है, अर्थात् लोकसमाज में इस प्रकार मिथ्या प्रसिद्धि प्रचलित है, तब 'वासुदेव' नाम कैसे होगा ? प्रश्नोत्तर में कहते हैं, जन—निवास हैं, स्वजन हम सब हैं, हम सबका निवास—आश्रय हेतु—उनको वासुदेव कहते हैं। अथवा हम सब स्वजन के मध्य में निवास करते हैं, तज्जन्य आप वासुदेव हैं।

अधिकरण वाच्य में अथवा कर्त्तारि वाच्य में औणादिक प्रत्यय वस+उन योग से वासु—पद निष्पन्न है। दिव् धातु का अर्थ—क्रीड़ा, क्रीड़ा करते हैं तज्जन्य आप देव हैं, जो वासु, वह देव हैं, यह वासुदेव। कर्मधारय समास का न्यास वाक्य है। (भा० १०।८।१४) में उक्त, 'प्रागयं वसुदेवस्य क्वचिज्जातस्तवात्मजः' इस प्रकार गर्गोक्ति भी हमारी तान्यता प्राप्त नहीं है, कारण, श्रीकृष्ण कभी वासुदेवपुत्र हुये थे, इस प्रकार हम सब सोच नहीं सकते हैं। तब 'देवकी+नन्दन' रूप प्रवाह को आपने क्यों अङ्गीकार किया है ? उत्तर में कहते हैं, यदुश्रेष्ठगण-परिषत् अर्थात् जिसके सहायक बनेंगे, तज्जन्य ही आपने 'देवकी से उत्पन्न हुये हैं,' इस प्रवाह को अङ्गीकार किया है। व्रजवासिवृन्द की ध्रुव धारणा है कि—श्रीकृष्ण, यशोदानन्दन ही हैं, अपर किसी का नन्दन नहीं हैं। किन्तु कार्य्योद्धार हेतु यादवगण को सहायक करना आवश्यक है, वह कार्य देवकीनन्दन नाम से परिचित होने से ही होगा, कारण, लोक स्वजाति का समर्थन करते हैं। यदुश्रेष्ठगण से सहायता लेने का प्रयोजन ही क्या रहा ? निजभुज द्वारा, अर्थात् निजभुज रूप अर्जुनादि द्वारा अधर्म—अधर्म बहुल राजन्यवृन्द को विनष्ट करने के निमित्त उन सबकी सहायता की आवश्यकता रही। लक्षण एवं हेतु अर्थ में क्रिया के उत्तर शतृ प्रत्यय होता है, अतः अस्यन् क्रिया का विनाश अर्थ होता है। यहाँ 'हेतु' में शतृप्रत्यय हुआ है। देवकी से जन्म प्रसिद्ध होने से यादवगण एवं उनके कुटुम्बादि अर्जुनादि सहायक बनेंगे; इस प्रकार अनुसन्धान करके अपने को देवकीपुत्र नाम से प्रचार किये थे। अर्थात् उक्त प्रवाद को स्वीकार किये थे। श्रीकृष्ण ने कंस-बध के अनन्तर श्रीव्रजराज को स्वयं ही कहा था, 'सुहृद्गण को सुखी करके ज्ञाति वर्ग आप सबको देखने के निमित्त आयेंगे ? (भा० १०।४५।२३) "ज्ञातीन् वो द्रष्टुमेष्यामो विधाय सुहृदां सुखम्"। श्रीनन्दप्रभृति को 'ज्ञाति' शब्द से एवं श्रीवसुदेवप्रभृति को 'सुहृद' शब्द से उल्लेख करने से स्पष्टतः बोध होता है कि—श्रीकृष्ण, गोप कुल में ही जन्म ग्रहण किये हैं। कारण, जन्म सम्पर्क में ही ज्ञाति शब्द का प्रयोग होता है।

किन्तु संशय यह है कि—उक्त 'जयति जननिवासः" श्लोक में श्रीकृष्ण का विवरण है, इस प्रकार कथन सम्भवपर नहीं है, कारण, विशेष्य पद का स्पष्टतः उल्लेख उक्त श्लोक में है ही नहीं ? समाधान हेतु

लक्षणहेत्वोः क्रियायाः शतृप्रत्ययस्मरणात्। तस्यामात्मजन्मनि ख्यापिते ते ते सहाया भविष्यन्तीत्येवमनुमन्त्रायेत्यर्थः । तथोक्तं कंसबधानन्तरं श्रीकृष्णेन श्रीव्रजेश्वरं प्रति (भा० १०।४५।२३) "ज्ञातीन् वो द्रष्टुमेष्यामो विधाय सुहृदां सुखम्" इति। अत्र विशेषणेनैव श्रीकृष्णरूपं विशेष्यपदमुपस्थाप्यते, साहित्यदर्पणे (६।६) "अयमुदयति मुद्राभञ्जनः पद्मिनीनाम्" इतिवत्॥ श्रीशुकः ॥

१८३ । अथ तेषां तेन परमानन्देन समयाननुसन्धानमप्युक्तम् (ब्र० सं० ५।५६)—व्रजति न हि यत्रापि समयः" इति । अतस्तेषां श्रीकृष्णागमनपरमानन्दमत्तानामद्यैवायमागत इतीव सदा हृदि वर्त्तते । स एष यद्वदप्रकटस्वारसिक्यां प्रकटलीलागतभावप्रवेशस्तथा तद्वैभवरूपासु मन्त्रोपासनामयीष्वपि स्वस्वप्राक्तनतद्भावप्रवेशो ज्ञेयः, गङ्गाया भावस्तदीयह्रदश्रेणीष्वेव ।

कहते हैं, "देवकी जन्मवाद" प्रभृति विशेषण के द्वारा ही विशेष्य पद श्रीकृष्ण का समाकर्षण होता है, जिस प्रकार साहित्य दर्पण—६।६ में लिखित है—"अयमुदयति मुद्राभञ्जनः पद्मिनीनाम्" 'यह पद्मिनीवृन्द का मुद्रा भञ्जनकारी उदित हुआ।' इस वाक्य में पद्म प्रस्फुटनकारी सूर्य्य का नामोल्लेख नहीं है। किन्तु पद्मिनी मुद्राभञ्जन रूप विशेषण के द्वारा विशेष्य का बोध होता है, प्रस्तुत स्थल में भी उस प्रकार जानना होगा।। प्रवक्ता श्रीशुक हैं।।१८२।।

श्रीकृष्ण का पुनर्बार व्रजागमन होने से परमानन्दाप्लुत व्रजवासियों का समयानुसन्धान भी नहीं रहता है, उसका वर्णन ब्रह्मसंहिता ५।५६ में इस प्रकार है, "निमिषार्द्धाख्यो वा व्रजति नहि यत्रापि समयः" अर्थात् "तदावेशेन ते व्रजवासिनः कालमपि न जानन्तीति भावः"। व्रज के परिकर वर्ग निजेष्ट सेवा में इस प्रकार आविष्ट रहते हैं कि समय का अनुसन्धान उन सबका नहीं रहता है। अतएव श्रीकृष्णागमन हेतु परमानन्द मत्त व्रजवासिगण के हृदय में आज ही श्रीकृष्ण का आगमन हुआ है। यह भाव सर्वदा जागरूक है। उसके प्रति लक्ष्य करके ही प्रकट लीलागत भाव विशेष का प्रवेश अप्रकट लीला में होने के कारण, प्रकट अप्रकट लीलाद्वय का ऐक्य वर्णित हुआ है।

अर्थात् अप्रकट लीला से ही प्रकट लीला का प्रकाश, एवं उसमें जब उसका अवसान है, तब प्रकट अप्रकट लीलाद्वय का ऐक्य कथन कैसे सम्भव है? स्वभावतः समागत सन्देह निरसन निबन्धन कहते हैं—प्रकट लीलागत भाव विशेष का प्रवेश, अप्रकट प्रकाश में होने के कारण - प्रकटाप्रकट लीलाद्वय का ऐक्य कथन हुआ है। अप्रकट लीला में परिकर वृन्द श्रीकृष्ण सन्निधान में निरन्तर अवस्थित होने पर भी प्रकट लीलावसान के पश्चात् वे सब मानते हैं, हमारे प्राण कोटि प्रियतम मथुरा गये थे, आज ही आप आये हैं, इस प्रकार कैसे सम्भव होगा? प्रकट प्रकाशगत परिकरवृन्द का वियोगान्त में मिलनानन्दोच्छ्वास, नित्य संयोगजन्य आनन्द को अभिभूत करके निज प्रभाव बिस्तार करता है। अतिक्रान्त समयानुसन्धान उन सबका नहीं रहता। अतएव नित्य ही व्रजवासियों के मन में यह भाव है कि—आज श्रीकृष्ण आये हैं।

अप्रकट लीला में यद्यपि पहले भी अनादिकाल से "श्रीकृष्ण आज ही आये हैं" यह भाव निरन्तर विद्यमान है। तथापि उस भाव नित्य नव नवायमान कर समुद्दीप्त करने के निमित्त बारम्बार अवतीर्ण होते हैं। इस प्रकार जानना होगा।

प्रकट लीलागत भाव का प्रवेश, जिस प्रकार अप्रकट स्वारसिकी लीला में होता है, उस प्रकार स्वारसिकी लीला का वैभव रूपा मन्त्रमयी लीला में भी निज निज प्राक्तन भाव का प्रवेश होता है।

उभयत्राप्यसौ समान एव दर्शितः। पाद्मपातालखण्डे "गोगोपगोपिकासङ्गे यत्र क्रीड़ति कंसहा" इति, "गोविन्द गोपीजनवल्लभेश कंसासुरघ्न" इत्याभ्याम्। एवं यथा स्वारसिक्यामिव मन्त्रमय्यामपि नन्दनन्दनत्वमनुगच्छेदेव; श्रूयते—"सकललोकमङ्गलो नन्दगोपतनयो देवता" इत्यत्र गौतमीयतन्त्रे द्वितीयाध्याये "नन्दनन्दन इत्युक्तः" इत्यत्र च। तदेवं प्रकटलीलागत-भावविशेषस्याप्रकटलीलायां प्रवेशाद्वहिरन्तर्द्धानलीलाद्वितयस्यैवयं वर्णितम्। तत्र यद्यपि पूर्व्वपूर्व्वमपि तादृशभावस्तेषामनादित एवानुवर्त्तते, तथापि तमेव नवनवीकृत्य समुद्दीपयितुं पुनः पुनरवतार इति ज्ञेयम्। तदेवं श्रीकृष्णस्य स्वयंभगवत्त्वं दर्शितम्। तत्रापि श्रीगोकुले तत्प्रकाशातिशयो दृश्यते। स चैश्वर्य्यगतस्तावत् सत्यज्ञानानन्तानन्दमात्रैकरसमूर्त्तिब्रह्माण्ड-कोटीश्वरदर्शनादौ, कारुण्यगतश्च पूतनाया अपि साक्षान्मातृगतिदाने, माधुर्य्यगतश्च (भा० १०।८३।४३)—

"व्रजस्त्रियो यद्वाञ्छन्ति पुलिन्द्यस्तृणवीरुधः।
गावश्चारयतो गोपाः पादस्पर्शं महात्मनः॥" ५४८॥

इति श्रीपट्टमहिषीप्रार्थनादौ। अत्र स्थितेऽपि सर्व्वतोऽपि प्रेमवरीयसीनां तासां तत्पादस्पर्श-

लीलारहस्य में इस प्रकार अभिन्नता को जानना विशेष आवश्यक है। जिस प्रकार गङ्गा की सत्ता गङ्गा की ह्रदश्रेणी में अविच्छिन्न रूप में रहती है, उस प्रकार ही प्रकटलीलागत स्वारसिकी की स्थिति अविच्छिन्न रूप में अप्रकट प्रकाशगत लीला में रहती है। प्रकट एवं अप्रकट लीला में स्वरूप, रूप, स्थान, परिकर, लीला प्रभृति एक रूप ही है, भिन्न भिन्न नहीं हैं। इसका प्रतिपादन इसके पहले हुआ है।

पद्मपुराण के पाताल खण्ड में वर्णित है—"गो गोप गोपिका सङ्गे यत्र क्रीड़ति कंसहा" गो गोप गोपिका के सहित जहाँ कंस निसूदन श्रीकृष्ण निरन्तर क्रीड़ा करते रहते हैं। "गोविन्द गोपीजनवल्लभेश कंसासुरघ्न" हे गोविन्द! हे गोपीजनवल्लभेश! कंसासुरघ्न! इस प्रमाण द्वय से प्रकटाप्रकटगत स्वरूपादि का ऐक्य विहित हुआ है। नन्दनन्दन एक व्यक्ति हैं, स्वारसिकी लीला में जिस प्रकार नन्दनन्दनत्व सम्बन्ध अपरिहार्य्य रूप से है, उस प्रकार ही मन्त्रमयी लीला में भी नन्दनन्दनत्व का अवस्थान होता ही है। सुनने में आता है—"सकल लोकमङ्गलो नन्दगोपतनयो देवता" गौतमीय तन्त्र के द्वितीयाध्याय में लिखित है—"नन्दनन्दन इत्युक्तः"

तज्जन्य प्रकटलीलागत भाव विशेष का प्रवेश अप्रकट लीला में होने के कारण—'वहिरन्तर्द्धानलीला' आविर्भाव एवं तिरोभाव लीलाद्वय का ऐक्य वर्णित हुआ है। उस प्रकार भाव परिकरों में अनादिकाल से विद्यमान होने पर भी उस भाव को नूतन रूप से उद्दीप्त कर आस्वादन करने के निमित्त पुनः पुनः श्रीकृष्ण आविर्भूत होते हैं। अतएव श्रीकृष्ण का स्वयं भगवत्ता प्रतिपादित हुआ। उसमें भी श्रीगोकुल में श्रीकृष्ण की भगवत्ता का असमोर्द्ध्व प्रकाश है। कारण, भगवत्ता का प्रकटन ऐश्वर्य्य एवं माधुर्य्य के द्वारा होता है, ऐश्वर्य्य का प्रकटन व्रज में—सत्यज्ञानानन्तानन्दमात्रैकरसमूर्त्ति ब्रह्माण्ड कोटिश्वर दर्शनादि में हुआ है। माधुर्य्य का प्रकटन (भा० १०।८३।४३)—

"व्रजस्त्रियो यद्वाच्छन्ति पुलिन्द्यस्तृण वीरुधः।
गावश्चारयतो गोपाः पादस्पर्शं महात्मनः॥"

सौभाग्ये तन्माधुर्य्यप्रकाशातिशयवैशिष्ट्याभिप्रायेणैव तथोक्तिः सङ्गच्छते । तथैवोक्तम् (भा० १०।२९।४०)—"त्रैलोक्यसौभगमिदञ्च निरीक्ष्य रूपं, यद्गोद्विजद्रुममृगाः पुलकान्यबिभ्रन्"

श्रीपट्टमहिषीवृन्द की प्रार्थनादि में है—"व्रजस्त्रीगण, पुलिन्दीगण, वृन्दावन के तरलतावृन्द, किंवा गोचारण समय में गोपगण महात्मा श्रीकृष्ण के जिस पादस्पर्श की वाञ्छा करते हैं, हम सबकी वाञ्छा वह ही है।" भा० १०।८३।४३ में श्रीपट्टमहिषीवृन्द की इस प्रार्थना में निखिल भक्तगण से भी प्रेम वरीयसी श्रीमहिषीगण का श्रीकृष्ण-पादस्पर्श सौभाग्य विद्यमान होने पर भी श्रीवृन्दावनविहारी में माधुर्य्यप्रकाश का प्रचुर वैशिष्ट्य को जानकर उन्होंने उस प्रकार प्रार्थना की है। उससे ही उस प्रकार वचन सङ्गत होता है।

वृहत् क्रमसन्दर्भ

ननु कथं नोच्यते, तत्तु सुलभमेव भवतीनाम् । तत् किं कामयामह इत्युच्यते ? तत्राहुः—व्रजस्त्रिय इत्यादि । व्रजस्त्रियो यद्वाञ्छन्ति, यथा व्रजस्त्रियो महात्मनोऽस्य पादस्पर्शं वाञ्छन्ति, तथा वाञ्छाम इत्यर्थः ।

ननु तासां सौभाग्यमन्यदेव, तत् कथमन्यासां भवेदित्याशङ्क्याहुः—पुलिन्द्य इत्यादि । ननु वृन्दावन सम्बन्धात्ता अपि सौभाग्यवत्य इत्याहुः—तृणवीरुधः । तृण वीरुधत् सामान्येनापि तत्रापि भूत्वा तद् वाञ्छामइत्यर्थः । महात्मनः कीदृशस्य ? गावश्चारयतः, गाः पालयतः । सर्वाः कीदृश्यः ? अगोपाः, गोपनं-गोपः, न विद्यते गोपो यासाम्, स्वप्रसिद्धा इत्यर्थः । तेनासां द्वारका विलासाद् वृन्दावन विलसितमेवातिप्रेय इतिमन्तव्यम् ।

हे साध्वि ! हम सब षोड़शसहस्र महिषी वर्ग की कामना साम्राज्य लक्ष्मीभार में नहीं है, स्वाराज्य भोज्यादि में भी नहीं है, श्रीहरिधाम प्राप्ति में भी नहीं है, किन्तु कामना है, इन महात्मा की चरणरज की, वह किस प्रकार है, जो श्रीराधिका कुचकुङ्कुम गन्धाढ्य है, किस निमित्त ? मस्तक के द्वारा वहन करने निमित्त। मस्तक में वहन क्यों नहीं करती हैं, आप सबके समीप में वह अति सुलभ है ? उसकी कामना की आवश्यकता क्या है ? उत्तर में कहती हैं, "व्रजस्त्रियो यद्वाञ्छन्ति पुलिन्द्यस्तृण वीरुधः । गावश्चारयतो गोपाः पादस्पर्शं महात्मनः ।" जिस प्रकार व्रजस्त्रीगण महात्मा श्रीकृष्ण के पादस्पर्श करना चाहती हैं, उस प्रकार हम सब चाहती हैं।

उन सबका सौभाग्य पृथक् है, उस प्रकार सौभाग्य अपर के पक्ष में कैसे सम्भव होगा ? कहती हैं—पुलिन्द्य रमणी होकर भी उस वस्तु को प्राप्त करने की कामना है, वृन्दावन सम्बन्ध में पुलिन्द्य रमणीवृन्द भी सौभाग्यवती हैं ? उत्तर में कहती हैं, सामान्य तृण वीरुध, वृन्दावन में होकर उसकी प्राप्त करने की वाञ्छा है। वह महात्मा किस प्रकार है ? गोपालनकारी हैं। व्रजस्थ रमणीवृन्द कैसी हैं ? अगोपाः, गोपनं गोपः, न विद्यते गोपो यासाम्, जो सब स्वतः प्रसिद्ध हैं। अतएव महिषीवृन्द का द्वारका विलास से श्रीवृन्दावन विलास अति ममत्वास्पद है।

श्रीव्रजसुन्दरीगण की उक्ति में भी श्रीवृन्दावन विहारी का माधुर्य्य प्रकाशातिशय का वैशिष्ट्य सुव्यक्त हुआ है।

"का स्त्र्यङ्ग ते कलपदायत वेणुगीत
सम्मोहितार्य्यचरितान्न चलेत् त्रिलोक्याम् ।
त्रैलोक्य सौभगमिदञ्च निरीक्ष्य रूपं
यद्गोद्विजद्रुम मृगाः पुलकान्यबिभ्रन् ।।" (भा० १०।२९।४०)

इत्यादिषु, अतो लीलागतश्चासौ श्लाघ्यते (भा० १०।८।४७)—"पितरौ नान्वविन्देतां कृष्णोदारार्भकेहितम्" इत्यादिषु। अतस्तदीयानामप्युत्कर्ष उक्तः (भा० १०।११।३६) "वृन्दावनं गोवर्द्धनं यमुनापुलिनानि च" इत्यादौ; ततः परिकराणान्तु सुतराम् (भा० १०।१४।३२) "अहो भाग्यमहो

हे कृष्ण ! दीर्घमूर्च्छनायुक्त कलरवमय तुम्हारे वेणु गीत से सम्मोहित होकर लोकत्रय के मध्य में कौन रमणी निज धर्म से विचलित नहीं होती हैं ? अपितु तुम्हारे त्रैलोक्य सौभग (सौभगं—सौभाग्यं—जनप्रियत्वं सौन्दर्य्यं वा) रूप को देखकर धेनु, मृग, पक्षी एवं वृक्षसमूह पुलक मण्डित हो जाते हैं। त्रैलोक्य शब्द से ऊर्द्ध्व, मध्य, अधः—लोकत्रय के मध्य में जहाँ जितना सौन्दर्य्य है, अर्थात् निखिल भगवत्स्वरूप से आरम्भकर जीवगण पर्य्यन्त जहाँ जितना सौन्दर्य्य है, श्रीवृन्दावनीय श्रीश्यामसुन्दर में उस सौन्दर्य्य का केवल समावेश ही नहीं है, अपितु पराकाष्ठा है।

बृहत् क्रमसन्दर्भ

ननु यद्येवं भवत्यः स्वभाव सिद्धाभिमानिन्यः, तदा कथं मद् वचसामभिप्रायानभिज्ञाः सत्यः किं तत्यथ ? तत्राप्यन्यथा आहुः- का स्त्र्यत्यादि। हे अङ्ग ! ते तव कलपदायत वेणु गीत सम्मोहितासती आर्य्यस्य तव चरिताद्धेतोर्न चलेन्न भ्रमेत्। एवमेव तव भ्रामकं चरितम्, येन त्रिलोक्यां का स्त्री न चलेत् ? सर्वैव चलति। अत्र स्त्रीणां न दूषणम्, तवैवेत्यर्थः। न केवलं तव चरितादेव, इदं रूपं निरीक्ष्य च, यतो रूपाद् गो द्विज द्रुम—मृगा अपि पुलकान्यविभ्रन् पुलकिनोभवन्ति।

लीलागत वैशिष्ट्य- भा० १०।८।४७ में वर्णित है—

"पितरौ नान्वविन्देतां कृष्णोदारार्भकेहितम्"
गायन्त्यद्यापि कवयो यल्लोकशमलापहम्॥"

टीका—"ययोः प्रसन्नोऽवतीर्णस्तौ पितरावपि यं नान्वविन्देतां न प्राप्नुताम्। कृष्णस्योदारं महदर्भकेहितं बाललीलाम् यच्च कवयो गायन्ति तद्योऽविन्दत् स किं श्रेयोऽकरोदिति॥" अर्थात्—मथुरा में श्रीवासुदेवदेवकी जिस लीलामाधुरी आस्वादन करने में असमर्थ थे। श्रीव्रजराज दम्पति उसका सम्यक् आस्वादन किये हैं। इस वाक्य में श्रीगोकुल में प्रकाशमान लीला का वैशिष्ट्य सूचित हुआ है। अतएव श्रीगोकुल में श्रीकृष्ण का प्रकाशातिशय्य हेतु श्रीगोकुलविहारी सम्बन्धीय वस्तुनिचय का उत्कर्ष भी वक्ष्यमाण श्लोक में वर्णित है—(भा० १०।११।३६)

"वृन्दावनं गोवर्द्धनं यमुनापुलिनानि च।
वीक्षासीदुत्तमाप्रीती राम माधवयोर्नृप॥

वैष्णव तोषणी

तच्च वृन्दावनं भेदत्रयात्मकमेव श्रीकृष्णस्यापि परम मनोहरमित्याह वृन्देति। वृन्दावनमिति केवलस्य सौष्ठवम्। गोवर्द्धनं तत्रत्यविशेषाणाम्, उत्तमेति वैकुण्ठाद्यपेक्षया। 'अहो मधुपुरी धन्या वैकुण्ठाच्च गरीयसी' इति प्राप्त तादृश माहात्म्य मधुवन महावनाद्यपेक्षया च, अतएव माधव शब्द-प्रयोगः सर्व लोक रमण हेतोरपि रामस्येत्येव किं वक्तव्यं, तस्याप्यालम्बन रूपस्य सर्व सम्पत्ति देव्याः पत्युरपीत्यर्थः। एवमाश्चर्य्येण प्रहर्षेण चाह—हे नृपेति।"

हे नृप ! वृन्दावन, गोवर्द्धन एवं यमुनापुलिन समूह दर्शन कर राममाधव की उत्तमा प्रीति हुई थी। तदन्तर व्रज-परिकर-वृन्द का उत्कर्ष वक्ष्यमाण श्लोकसमूह में वर्णित है, (भा० १०।१४।३२)—

"अहो भाग्यमहोभाग्यं नन्दगोपव्रजौकसाम्। यन्मित्रं परमानन्दं पूर्णं ब्रह्मसनातनम्॥"

भाग्यम्" इत्यादौ, (भा० १०।१२।११) "इत्थं सताम्" इत्यादौ, (भा० १०।४४।१४) "गोप्यस्तपः

नन्द गोप निवासियों का कैसा आश्चर्य्यजनक भाग्य है। जिनका पूर्णब्रह्म परमानन्द सनातन मित्र हैं। (भा० १०।१२।११) "इत्थं सतां ब्रह्मसुखानुभूत्या दास्यंगतानां परदैवतेन।
मायाश्रितानां नरदारकेन सार्द्धं विजह्रुः कृतपुण्य पुञ्जाः ।।

श्रीकृष्ण, ज्ञानिगण के निकट ब्रह्मसुखानुभूत्ति रूप में, भक्तगण के निकट परम देवता रूप में एवं मायाश्रित व्यक्तिगण के निकट नर-बालक रूप में प्रतीयमान होते हैं, किन्तु गोप-बालकगण उनके सहित साक्षात् विहार करते हैं, अतएव वे सब निश्चय ही तदीय प्रसाद-हेतुस्वरूप सर्वोत्तम कार्य्यानुष्ठान किये थे।

वृहत् क्रमसन्दर्भ

"एवं भगवताऽह क्रीड़तो व्रजबालान् प्रशंसयन्नाह—इत्थं सतामित्यादि। मायाश्रितानां मायया कैतवेनाश्रितानां निष्कैतवानां सतामुत्तमानां दास्यं गतानां भक्तानां मध्ये कृत पुण्य पुञ्जाः, कृतं कारितं पुण्यपुञ्जं यैः, अर्थविद् द्रष्टॄणां श्रोतॄणाञ्च, ते गोपबाला नरदारकेन–नरदारकाकारेण तेन कृष्णेन सममित्थं विजह्रुः। कीदृशेन? ब्रह्म सुखानु भूत्या, ब्रह्म सुखानुस्वरूपेण, अथवा, एकदेशस्त्रीत्वात् स्वमर्त्यं पुरुषायेतिवत् पुंलिङ्गेऽपि स्त्रीवद्रूपम्, नरदारकाकृतिना ब्रह्मानन्द ज्ञानेन—(भा० ७।१०।४८।७।१५।७५) 'गूढ़ं परं ब्रह्म मनुष्यलिङ्गम्" इत्यःद्युक्तेः। पुनः कीदृशेन ? परदेवतेन—देवतानां परोपदेवताधिदेवेन, अथवा, परदैवतेन सार्द्धं विजह्रुः। ब्रह्म सुखानुभूत्येति करणे तृतीया। तत्र विहारे तेषां च आनन्द आसीत्, सैव ब्रह्म सुखानुभूतिस्तया विशेषणे वा तृतीया। कीदृशेन नरदारकेण ? 'नृ विक्षेपे' नरो विक्षेपः, तस्य दारकेण खण्डकेन। अथवा, सतां ज्ञानिनां ब्रह्मसुखानुभूत्या, तेऽपि तदतिरिक्त मन्यद् ब्रह्मेति न जानन्तीत्यर्थः। दास्यं गतानां परदैवतेन—परमेश्वरेण, पूर्ववन्मायाश्रितानां रागिणां नरदारकेण विक्षेपखण्डकेन परम निर्वृतिकारिणां नरबालक पक्षेऽनुत्कर्षादचमत्कारः।।"

भगवान् श्रीकृष्ण के सहित क्रीड़ापरायण गोपबालकों का सौभाग्य वर्णन करते हैं, कपटपूर्वकाश्रित एवं निष्कैतवाश्रत सत्गण के मध्य में जो सद्वृन्द हैं, वे सब दासभक्त होते हैं। उन सबों से भी गोपबालक गण अतिशय पुण्यात्मा हैं, उत्तम वस्तु अभिज्ञ एवं श्रवण परायणों में गोपबालकगण ही श्रेष्ठ हैं। कारण, वे सब गोपबालकगण, नरबालक रूपी श्रीकृष्ण के सहित क्रीड़ा करते रहते हैं। नरबालकाकृति ब्रह्मानन्दज्ञान के सहित ही वे सब क्रीड़ा करते हैं। श्रीकृष्ण को निगूढ़ नराकृति परब्रह्म कहा गया है। वह किस प्रकार है। समस्त देवताओं के अधिदेव हैं, उनके सहित खेलते हैं। अथवा, परदैवत के सहित ही क्रीड़ा करते हैं। 'ब्रह्मसुखानुभूत्या'—कारण में तृतीया विभक्ति है। श्रीकृष्ण के सहित क्रीड़ा में जो आनन्द है, गोपबालकों का वह ही ब्रह्मानन्द है। अथवा विशेषण में तृतीया है। किस प्रकार नरबालक के सहित खेलते हैं ? नृ विक्षेपार्थक है, विक्षेप विनाशक के सहित खेलते हैं। किंवा, ज्ञानिगण ब्रह्मासुखानुभूति व्यतीत अपर को ब्रह्म नहीं मानते हैं। दास्यभावाक्रान्त व्यक्तिगण—परमेश्वर को मानते हैं। मायाश्रित अर्थात् कपटपरायण नश्वर वस्तु में तृष्णातुर व्यक्तिगण नश्वर नरबालक से परमानन्दित होते हैं, उन सबके समक्ष में नराकृति परब्रह्म सुखद नहीं है, रक्षावह भी नहीं हैं, इन नराकृति परब्रह्म श्रीकृष्ण के सहित गोप-बालकगण खेलते हैं। भा० १०।४४।१४ में उक्त है—"गोप्यस्तपः किमचरन् यदमुष्यरूपं।
लावण्यसार मसमोद्र्ध्व मनन्य सिद्धम्।
दृग्भिः पिवन्त्यनुसवाभिनवं दुराप
मेकान्त धाम यशसः श्रिय ऐश्वरस्य ।।"

किमचरन्" इत्यादौ, (भा० १०।८।४६) "नन्दः किमकरोद्ब्रह्मन्" इत्यादौ, (भा० १०।३३।६) तत्रातिशुशुभे ताभिः" इत्यादौ तासु प्रकाशातिशयसीमा दर्शिता। ततः सर्व्वास्वपि तासु

टीका—अहो कष्टम्, अल्पपुण्या वयं यतोऽस्माभिरनवसरे दृष्टोऽयम्। गोप्यस्तु बहुपुण्या इत्याहुस्त्रिभिः गोप्य इति। अमुष्य श्रीकृष्णस्य रूपमङ्गं लावण्येन सारं श्रेष्ठम्। किञ्च असमोद्ध्वं न विद्यते सममूद्ध्वं मधिकञ्च यस्य तत्। तदपि नान्येनाभरणादिना सिद्धं किन्तु स्मृत एव। ऐश्वरस्य—ऐश्वर्य्यस्य च एकान्त धाम, अव्यभिचारि स्थानम्। ईश्वरस्येति पाठे अमुष्य ईश्वरस्येत्यन्वयः। एवम्भूतं नित्यं नवीनं रूपं या नेत्रैः पश्यन्तीति।

गोपिकाओं ने कौनसी तपस्या की, जिससे नवनवायमान असमोद्ध्वं स्वतःसिद्ध लावण्य समूह का एक मात्र आश्रय श्रीकृष्ण के अङ्ग को निज नयनों से वे सब देखती रहती हैं। भा० १०।८।४६ में उक्त है—

"नन्दः किमकरोद्ब्रह्मन् श्रेय एवं महोदयम्। यशोदा च महाभागा पपौ यस्याः स्तन हरिः॥"

टीका—'अति विस्मयेन पृच्छति नन्द इति। महोदयं महानुदयोद्भवो यस्य तत्।" श्रीपरीक्षित् महाराज ने अति विस्मय से पूछा—हे ब्रह्मन्! नन्द ने किस प्रकार सौभाग्यवर्द्धक कार्य्य किया, यशोदा ने भी महाभाग्योचितकार्य्य क्या किया, जिसका स्तन-पान हरि ने किया!

भा० १०।४७।५८ में उक्त है—

"एताः परं तनुभृतो भुवि गोपवध्वो
गोविन्द एवमखिलात्मनि रूढ़ भावाः।
वाञ्छन्ति यद्भवभियो मुनयो वयञ्च
किं ब्रह्म जन्मभिरनन्त कथा रसस्य॥"

टीका—"एताः इति। एताः परं केवलम्, तनुभृतः सफल जन्मानः। रूढ़ भावाः परमप्रेमवत्यः। यदित्यव्ययम्। यं रूढ़ं भावं भवभियो मुमुक्षुवो मुनयो मुक्ता अपि वाञ्छन्ति, वयञ्च भक्ताअपि अतोऽनन्तस्य कथासु रसो रागो यस्य तस्य ब्रह्म जन्मभिर्विप्रसम्बन्धिभिः शौक्र सावित्रयाज्ञिकैस्त्रिभिर्जन्मभिः किं कोऽतिशयः। यत्र तत्र जातः, स एव सर्वोत्तम इत्यर्थः। यद्वा अनन्त कथासुरसोयस्य तस्य ब्रह्मजन्मभिश्चतुर्मुखजन्मभिरपि किमित्यर्थः॥"

पृथिवी में केवल व्रजवासिनी श्रीकृष्णप्रेयसी गोपीगण का देहधारण सफल है। कारण निरुपाधि प्रेमास्पद सर्वावतारी श्रीकृष्ण में आप सब अनिर्वचनीय अद्भुत रूढ़ाख्य महाभावशालिनी हैं। संसार भीरु मुनि, मुक्त एवं श्रीकृष्ण के नित्यसहचर हम सब जिस सर्वोत्तम भाव का अभिलाषी हैं, किन्तु प्राप्त करने में अक्षम हैं। उस महाभाव सम्पत्ति का एक मात्र अधिकारिणी व्रजवधूगण हैं। जिसकी रुचि अपरिसीम माधुर्य्ययुक्त श्रीहरिकथा में नहीं है, उसका ब्रह्मजन्म, अर्थात् ब्राह्मण सम्बन्धीय शौक्र, सावित्र्य एवं याज्ञिक जन्म से क्या लाभ है? अथवा, जिसकी श्रीकृष्ण-कथा में रुचि नहीं है, उसका चतुर्म्मुख ब्रह्मा जन्म से क्या प्रयोजन है? इस प्रकार अनेक श्लोकों के द्वारा श्रीउद्धव ने व्रजवधूगण की सर्वाधिक महिमाख्यापन किया है। उसमें भी भा० १०।३।२२ में वर्णित है—

"तत्राति शुशुमे ताभिर्भगवान् देवकी सुतः।
मध्ये मणीनां हैमानां महामारकतोयथा।"

स्वर्णमणि समूह के मध्य में नीलमणि जिस प्रकार शोभित होती है। रासमण्डल में गोपिकागण कर्तृक आलिङ्गित भगवान् देवकीसुत भी उस प्रकार अतिशय शोभित हुये थे।

(भा० १०।३०।२८) "अनयाराधितो नूनं भगवान् हरिरीश्वरः" इत्यादिभिः प्रेमवरीयस्त्वेन प्रसिद्धायां श्रीराधिकायान्तु किमुतेति ज्ञेयम्। अत्र चेदं तत्त्वम्–द्वितीये सन्दर्भे खलु परमत्वेन श्रीभगवन्तं निरूप्य तस्य शक्तिद्वयी निरूपिता। तत्र प्रथमा श्रीवैष्णवानां श्रीभगवद्वदुपास्या तदीयस्वरूपभूता, यन्मय्येव खलु तस्य सा भगवत्ता। अथ द्वितीया च तेषां जगद्वदुपेक्षणीया मायालक्षणा, यन्मय्येव खलु तस्य जगत्ता। तत्र पूर्व्वस्यां शक्तौ शक्तिमति भगवच्छब्दवल्लक्ष्मीशब्दः प्रयुज्यत इति द्वितीय एव दर्शितम्। ततोऽस्मिन् सन्दर्भे तु श्रीभगवान् श्रीकृष्णाख्य एवेति निर्द्धारिते तदीया स्वरूपशक्तिस्तु किमाख्येति निर्द्धार्य्यम्। तत्र द्वयोरपि पुर्य्योः श्रीमहिष्याख्या ज्ञेया। मथुरायामप्रकटलीलायां श्रुतौ रुक्मिण्याः प्रसिद्धेरन्यासामुपलक्षणात्। श्रीमहिषीणां तदीयस्वरूपशक्तित्वं स्कान्द-प्रभासखण्डे श्रीशिवगौरी-संवादे गोप्यादित्य-माहात्म्ये दृष्टम् (११८।४-५, १०-१६)—

इस श्लोक में गोपीगण के मध्य में श्रीकृष्ण का प्रकाशातिशय की सीमा का प्रदर्शन "अतिशुशुभे" पद से हुआ है। उसके मध्य में अर्थात् समस्त गोपीगणों के मध्य में भा० १०।३०।२८ में वर्णित है—

अनयाराधितो नूनं भगवान् हरिरीश्वरः।
यन्नो विहाय गोविन्दः प्रीतो या मनयद्रहः॥

श्रीरास रजनी में श्रीकृष्णान्वेषणरता गोपीगण कही थीं—"यह रमणी निश्चय ही भगवान् हरि ईश्वर की आराधना की है। कारण, गोविन्द, हम सबको छोड़कर प्रीति के सहित उसको निर्जन में ले गये हैं।" इत्यादि वर्णन के द्वारा प्रेमोत्कर्षवती रूप में जिनकी प्रसिद्धि है, उन श्रीराधिका में ही श्रीकृष्ण का प्रकाशातिशय की चरमसीमा विन्यस्त है, उसका बोध सहजतया होता है।

श्रीकृष्ण-प्रेयसी-वृन्द का स्वरूप—

भगवत् सन्दर्भ नामक द्वितीय सन्दर्भ में श्रीभगवान् का परम तत्त्व रूप से निरूपण करके उनकी शक्तिद्वय का निरूपण किया गया है। तन्मध्ये अन्तरङ्गानामिका प्रथमाशक्ति, श्रीवैष्णववृन्द की श्रीभगवान् के समान ही उपास्या है, एवं वह शक्ति श्रीभगवान् की स्वरूपभूता है। श्रीभगवान् की भगवत्ता भी स्वरूप शक्तिमयी है। वहिरङ्गा नामिका द्वितीया शक्ति, श्रीवैष्णवगण के निकट जगत् के समान उपेक्षणीया है। यह शक्ति माया लक्षणा है। श्रीभगवान् की जगत्ता अर्थात् जगद्रूप में परिणति माया शक्तिमयी है।

एतदुभय के मध्य में शक्तिमान् में जिस प्रकार भगवच्छब्द का प्रयोग होता है पूर्वोक्ता स्वरूपभूता शक्ति में भी उस प्रकार लक्ष्मी शब्द प्रयुक्त होता है। इसका भी विशेष विश्लेषण भगवत् सन्दर्भ नामक द्वितीय सन्दर्भ में हुआ है। श्रीकृष्ण सन्दर्भ नामक प्रस्तुत सन्दर्भ में उक्त श्रीभगवान् श्रीकृष्ण नाम से निर्धारित हुये हैं। सुतरां उनकी स्वरूपशक्ति किस नाम से अभिहिता है, उसका निर्द्धारण करना आवश्यक है। श्रीमथुरा एवं द्वारका में उक्त शक्ति की महिषी आख्या है। प्रकट-लीला में मथुरा में श्रीमहिषीवृन्द की अवस्थिति का उल्लेख न होने पर भी अप्रकट-लीला में तापनीश्रुति में श्रीरुक्मिणी की स्थिति सुप्रसिद्ध है। यह उपलक्षण है, इससे अन्यान्य महिषी वर्ग की उपस्थिति भी स्वीकार्य्य है।

श्रीमहिषीवृन्द तदीय स्वरूपशक्ति हैं, इसका प्रमाण, स्कान्द प्रभासखण्डस्थ श्रीशिव-गौरी-संवाद के गोप्यादित्य माहात्म्य में देखने में आता है। (११८।४-५, १०-१६)

"पुरा कृष्णा महातेजा यदा प्रभासमागतः। सहितो यादवैः सर्व्वैः षट्पञ्चाशत्प्रकोटिभिः ॥५४६॥
षोड़शैव सहस्राणि गोप्यस्तत्र समागताः। लक्षमेकं तथा षष्टिरेते कृष्णसुताः प्रिये ॥" ५५०॥

इत्युपक्रम्य —

"ततो गोप्यो महादेवि विद्या याः षोड़श स्मृताः। तासां नामानि ते वक्ष्ये तानि ह्येकमनाः शृणु ॥५५१॥
लम्बिनी चन्द्रिका कान्ता क्रूरा शान्ता महोदया। भीषणी नन्दिनी शोका सुपूर्व्व-विमल क्षया ॥५५२॥
शुभदा शोभना पुण्या हंसस्यैताः कलाः क्रमात्। हंस एव मतः कृष्णः परमात्मा जनार्द्दनः ॥५५३॥
तस्यैताः शक्तयो देवि षोड़शैव प्रकीर्त्तिताः। चन्द्ररूपी मतः कृष्णः कलारूपास्तु ताः स्मृताः ॥५५४॥
सम्पूर्णमण्डला तासां मालिनी षोड़शी कला। प्रतिपत्तिथिमारभ्य सञ्चरत्यासु चन्द्रमाः ॥५५५॥
षोड़शैव कला यास्तु गोपीरूपा वरानने। एकैकशस्ताः संभिन्नाः सहस्रेण पृथक्पृथक् ॥५५६॥
एवं ते कथितं देवि रहस्यं ज्ञानसम्भवम्। य एवं वेद पुरुषः स ज्ञेयो वैष्णवो बुधैः ॥"५५७॥ इति।

अत्र गोप्यो राज्य इत्यर्थः,—"गोपो भूपेऽपि" इति नामलिङ्गानुशासनात्। लम्बिनी— अवतारशक्तिः; सुपूर्व्वविमला सुविमला; हंसस्येत्यत्र प्राप्तस्य हंस-शब्दस्य वाच्यमाह— हंस एवेति। स च चन्द्ररूपी चन्द्रदृष्टान्तेनोद्देश्य इत्यर्थः। कलारूपा इति ताश्च शक्तयश्चन्द्रस्यामृतेत्यादिकलादृष्टान्तेनोद्देश्या इत्यर्थः। अनुक्तामन्तिमां महाशक्तिमाह— सम्पूर्णेति। सेयन्तु कलासमष्टिरूपा ज्ञेया। दृष्टान्तोपपादनाय चन्द्रस्य तादृशत्वमाह— प्रतिपदिति। आसु

"पूर्व समय में महातेजा श्रीकृष्ण का जब प्रभास आगमन हुआ था, तब उनके सहित छापान्न कोटि यादव एवं षोड़श सहस्र गोपिकाओं का भी आगमन हुआ था। हे प्रिये! एक लक्ष षाट हजार श्रीकृष्ण-पुत्र भी आये थे।" (५४६-५५०)

इस प्रकार उपक्रम कर कहते हैं—"अनन्तर हे महादेवि! विद्या रूपिणी षोड़श गोपिका हैं। उनका नाम मैं कहता हूँ, एकाग्र चित्त से सुनो। (५५१)

लम्बिनी १, चन्द्रिका २, कान्ता ३, क्रूरा ४, शान्ता ५, महोदया ६, भीषणी ७, नन्दिनी ८, शोका ९, सुविमला १०, क्षया ११, शुभदा १२, शोभना १३, पुण्या १४, हंसशीता १५, हंसा १६, परमात्मा हंसस्वरूप श्रीजनार्दन हैं। (५५२-५५३)

हे देवि! उनकी षोड़श शक्ति हैं। श्रीकृष्ण, चन्द्र सदृश हैं, शक्तिसमूह— कलास्वरूपिणी हैं। (५५४) उनके मध्य में सम्पूर्ण मण्डला मालिनी १६ कला हैं। प्रतिपद निशि से आरम्भ कर चन्द्रमा समस्त कला में विचरण करते हैं। (५५५) हे वरानने! गोपीरूपा षोड़श कला की कथा कही गई है, उनके प्रत्येक में पृथक् सहस्र संख्यक भेद हैं। (५५६) हे देवि! मैंने ज्ञानसम्भव रहस्य का वर्णन किया है। जो पुरुष इसको जानता है, पण्डितगण उसको वैष्णव कहते हैं। (५५७)

यहाँ गोपी शब्द का अर्थ राज्ञी है। नामलिङ्गानुशासन में गोप शब्द का 'भूप' अर्थ दृष्ट होता है। उक्त गोप शब्द का लक्ष्मी लिङ्ग में गोपी शब्द होता है। लम्बिनी—अवतार शक्ति है। हंसशीता—यहाँ समागत हंस शब्द का अर्थ करते हैं, "हंसएव जनार्दनः" इत्यादि। अथात् हंसः—श्रीकृष्ण हैं, उनकी शीता, शीतलकारिणी–आनन्ददायिनी हंसशीता है। श्रीकृष्ण, चन्द्र रूप हैं। चन्द्र दृष्टान्त के द्वारा उनको परिचित कराया जाता है। शक्ति समूह, कला रूपा है। अर्थात् चन्द्र की अमृता प्रभृति कला दृष्टान्त से उन सबको परिचित कराया जाता है। दृष्टान्त प्रतिपादन निमित्त श्रीकृष्ण सादृश्य का कथन 'प्रतिपद' इत्यादि श्लोकार्द्ध में हुआ है। अर्थात् चन्द्र जिस प्रकार प्रतिपदादि षोड़श तिथि का भोग करते हैं, श्रीकृष्णचन्द्र भी उस

एततुल्यासु कलासु । विवक्षितमाह—षोड़शैवेति, षोड़शानामेव विद्यारूपत्वादेतदुपदेशस्य ज्ञानसम्भवरहस्यत्वात्, तज्ज्ञानस्य वैष्णवतानुमापकलिङ्गत्वाच्च, क्रूराभीषणीशोकानामपि भगवत्स्वरूपभूतानामेव सतीनाम्, (भा० १०।४३।१७) "मल्लानामशनिः" इतिवत् श्रीकृष्णस्य कठिनत्वप्रत्यायकत्वात्; (भा० १०।४३।१७) "मृत्युर्भोजपतेः" इतिवद्दुर्जनवित्रासकत्वात्; "असतां शास्ता" इतिवत्तदीयशोकहेतुत्वादेव च तत्तन्निरुक्तिरुपपद्यते । यथा प्रकाशैकरूपाया एव सूर्य्यकान्तेरुलूकेषु तमआदिव्यञ्जकतेति । अतः "चन्द्ररूपी मतः कृष्णः कलारूपास्तु ताः स्मृताः" इति स्फुटमेव स्वरूपभूतत्वं दर्शितम् । तदेवं तासां स्वरूपशक्तिभूतत्वे लक्ष्मीत्वं सिध्यत्येव । तदेवमभिप्रेत्य लक्ष्मीत्वमाह (भा० १०।५६।४३)—

प्रकार उक्त षोड़श शक्ति के सहित विहार करते हैं । 'सञ्चरत्यासु' यहाँ के 'आसु' पद से षोड़श शक्ति के तुल्य षोड़श चन्द्र-कला का बोध होता है । अनन्तर षोड़शैव कला इत्यादि श्लोक के द्वारा शक्ति-समूह की कथा वर्णित है । यह षोड़श शक्ति, विद्या रूपा है । यह षोड़श विद्यारूप है, यह उपदेश—ज्ञान सम्भव रहस्य में है । यह शक्ति तत्त्वज्ञान, वैष्णवता का अनुमापक 'लक्षण' है । जो इसको जानता है, पण्डितगण उसको वैष्णव संज्ञा प्रदान करते हैं ।

श्रीकृष्ण में स्वरूप शक्ति रूपा 'क्रूरा, भीषणी, शोका' नामधारिणी की सार्थकता किस प्रकार होती है, उसका वर्णन करते हैं ।

भा० १०।४३।१७ में उक्त है—

"मल्लानामशनि र्नृणां नर वरः स्त्रीणां स्मरो मूर्त्तिमान् ।
गोपानां स्वजनोऽसतां क्षितिभुजां शास्ता स्वपित्रोः शिशुः ।
मृत्युर्भोजपतेर्विराड़विदुषां तत्त्वं परं योगिनां
वृष्णीनां पर देवतेति विदितो रङ्गंगतः साग्रजः ॥"

टीका—"तत्र शृङ्गारादि सर्व रस कदम्बमूर्त्तिर्भगवान् तत्तदभिप्रायानुसारेण बभौ न साकल्येन सर्वेषामित्याह मल्लानामिति । मल्लादीनामज्ञानां द्रष्टॄणाम् अशन्यादिरूपेण दशधा विदितः सन् साग्रजो रङ्गं गत इत्यन्वयः । मल्लादिष्वभिव्यक्ता रसाः क्रमेण—श्लोकेन निबध्यन्ते । रौद्रोऽद्भुतश्च शृङ्गारोहास्यं वीरोदया तथा । भयानकश्च बीभत्सः शान्तः सप्रेमभक्तिकः ॥ अविदुषां विराट् विकलः अपर्य्याप्तो राजत इति तथा । अनेन बीभत्स रस उक्तः, विकलत्वञ्च क्व वज्रसारसर्वाङ्गावित्यादिना वक्ष्यते ।"

मल्लगण के समक्ष में 'वज्र' इस वाक्य में श्रीकृष्ण का काठिन्य, "भोजपति का मृत्युस्वरूप" इस वाक्य में तदीय दुर्ज्जन वित्रासकत्व एवं "असद्गण का शासनकर्त्ता" इस वाक्य से श्रीकृष्ण का शोक हेतुत्व व्यक्ति विशेष के पक्ष में जिस प्रकार प्रतिपन्न होता है, उस प्रकार स्वरूपशक्तिगण की क्रूरा इत्यादि नाम भी उत्पन्न होती है ।

आनन्द रूप शक्ति विशेष भी स्वरूपशक्ति अधिकारी विशेष में क्रूरा इत्यादि रूप में प्रतीत होता है, वह आश्चर्य्यजनक नहीं है । अन्यत्र भी उस प्रकार दृष्टान्त है । जो सूर्य्यरश्मि, यावतीय वस्तु का प्रकाशक है, वह उलूक के निकट अन्धकारादि का प्रकाशक है । अतएव श्रीकृष्ण को चन्द्ररूपी, एवं लम्बिनी प्रभृति शक्तिसमूह को कला रूप में वर्णित करने से स्पष्टतः ही उन सबका स्वरूप शक्तित्व सिद्ध हुआ है । इस अभिप्राय से ही वे सब लक्ष्मी नाम से अभिहित हैं । उसको लक्ष्य करके ही श्रीमद्भागवत १०।५६।४३

(१८३) "गृहेषु तासामनपाय्यतर्ककृ,-न्निरस्तसाम्यातिशयेष्ववस्थितः ।
रेमे रमाभिर्निजकामसंप्लुतो, यथेतरो गार्हकमेधिकांश्चरन् ॥"५५८॥

टीका च—"रमाभिर्लक्ष्म्या अंशभूताभिः" इत्येषा । स्वरूपशक्तित्वादेव रेम इत्युक्तम् । अतएव निजः स्वीयः परमानन्दशक्तिवृत्तिविशेषोदयरूपप्रेमविशेषस्वरूपो यः कामस्तेन संप्लुतो व्याप्त इति ॥ श्रीशुकः ॥

१८४ । इत्थमष्टानां श्रीपट्टमहिषीणान्तु तत्तत्स्वरूपशक्तित्वं कैमुत्येनैव सिध्यति । तत्र श्रीसत्यभामाया भूशक्तिरूपत्वं पाद्मोत्तरखण्डादौ प्रसिद्धम्; श्रीयमुनायाः कृपाशक्तिरूपत्वं स्कान्द यमुनामाहात्म्यादावित्याद्यन्वेषणीयम् । किन्तु श्रीसत्यभामाया हरिवंशादौ सौभाग्यातिशयस्य विख्यातत्वात् प्रेमशक्तिप्रचुरभूशक्तित्वं ज्ञेयम् । स्वयं लक्ष्मीस्तु श्रीरुक्मिणी; (भा० १०।५४।६०)—

"द्वारकायामभूद्राजन् महामोदः पुरौकसाम् ।
रुक्मिण्या रमयोपेतं दृष्ट्वा कृष्णं श्रियः पतिम् ॥"५५९॥

में कहा गया है— "गृहेषु तासांमनपाय्यतर्ककृन्निरस्तस म्यातिशयेष्ववस्थितः ।
रेमे रमाभिर्निजकामसंप्लुतो तथेतरो गार्हमेधिकांश्चरन् ॥"

स्वामी टीका—रमा—लक्ष्मी की अंशभूता । वे सब महिषीवर्ग स्वरूप शक्तिरूपा होने से उन सबके सहित श्रीकृष्ण रमण करते हैं । अतएव श्रीकृष्ण निज स्वीय परमानन्द शक्ति वृत्ति ह्लादिनीसारविशेषोदय रूप प्रेमविशेष स्वरूप जो काम है, तद्द्वारा संप्लुत व्याप्त है । अर्थात् यह काम प्राकृत मनसिज नहीं है । वह अन्नविकार स्वरूप है । किन्तु स्वरूप शक्तिरूप जो निज जन हैं, उन सबमें जो प्रेमविशेष–निविड़–ममत्व—वह ही है । प्रवक्ता श्रीशुक हैं ॥१८३॥

